Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यह पञ्चांग भारत सरकार से रजिस्टर्ड हो चुका है अतः कोई महाशय इसके किसी भी अंश की नकल का साहस न करें रजिस्टर्ड नं०..

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

ज्योतिष ज्ञान प्रचारार्थ आर्य संस्कृति पोषके

ॐ ह्रीं महासरस्वत्यै नमः



ॐ श्री सरस्वत्यैमया दृष्ट्वा वीणापुस्तक धारिणी।
हंसयुक्त विमानूढा विद्या दान ददातु मे।।

राजा शनि

मंत्री चन्द्र

ज्योतिः शास्त्रसमुद्रं प्रमथ्य मति मन्दरगिरिणाथ मया।
लोकस्य लोचनं कर: शास्त्र शशांक: समुत्क्षिप्तः।।

पूर्वाचार्या गन्था गोलमुखा: कृतास्मया शास्त्रम्।
तेन चलोपेन्द्र च प्रयतध्वं कामतः सुजनाः।।

श्री आर्यभट्ट पंचांगम् विद्वद् वृन्द समर्पिते

श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति

भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र के प्रधानाचार्य

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट - पञ्चांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-२०५५ शकः-१९२० सन् १९९८-१९९९ भारतीय गणराज्य संवत् ४९-५०

प्रधान सम्पादक : पं० लक्ष्मी नारायण शर्मा, ज्योतिष वाचस्पति बी. ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य

सम्पादक : धर्मपाल अग्रवाल, २/४५-ए, वैस्ट ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

धर्मसन प्रकाशन नई सड़क दिल्ली-११०००६

मूल्य २०.९५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



दुर्लभ लाल किताब

उर्दू भाषा में छपी असली १९४२ तथा १९५२ के प्राचीन दुर्लभ ग्रन्थों का हुबहू

(उर्दू शब्दों में और हिन्दी लिपि में फोटो कापी)

यह ग्रन्थ जिसका अधिकांश भाग हस्त लिखित

बीमारी का बगैर दवाई भी इलाज है,
मगर मौत का कोई इलाज नहीं-
दुनियावी हिसाब-किताब है
कोई दावा-ए-खुदाई नहीं।
Astrology based on Palmistry
ज्योतिष की
मदद से हाथरेखा के जरिये दुरुस्त
की हुई जन्म कुंडली से जिंदगी
के हालात देखने के लिए

लाल किताब

१९४२ तथा १९५२

शर्मा गिरधारी लाल
साकिन फरवाला, डाकखाना नूरमहल
जिला जालन्धर

यह ग्रन्थ २ (दो) और ३ (तीन) भागों में केवल हमारे पास ही उपलब्ध है

उत्तरी और पश्चिमी भारत के साथ ही पाकिस्तान-अफगानिस्तान आदि मुस्लिम देशों में भी बेहद मशहूर, प्रामाणिक और लोकप्रिय ग्रंथ जो अब दुर्लभ हो चुका है—अपने असली रूप में हमारे पास उपलब्ध है।

इस ग्रन्थ की विशेषता यह है कि प्राचीन भारतीय ऋषियों के मूलभूत ज्योतिष सिद्धान्तों और अरबी ज्योतिष के नवीन अनुसन्धानों का समीकरण करके इसमें ज्योतिष की ऐसी सहज-सरल विधि बताई गई है, जिसके आधार पर ज्योतिष का साधारण जानकार भी चमत्कारी फलादेश कर सकता है। साथ ही जन्म-कुण्डली की ग्रह स्थिति का हस्त रेखाओं के साथ मिलान करने की विधि इसकी निजी विशेषता है, जो संसार के किसी दूसरे ग्रन्थ में नहीं पाई जाती। जिनकी जन्म-कुण्डली नहीं है या गलत है, उनके मकान की कुण्डली बनाकर ग्रह-स्थिति और उसके फलित का मिलान करने की विधि इसकी दूसरी अनोखी विशेषता है। इसमें वर्ष कुण्डली बनाने और वर्षफल निकालने की एक ऐसी सरल अनोखी विधि बताई गई है, जिससे १० मिनट में किसी भी वर्ष की कुण्डली और फलित निकाला जा सकता है—अर्थात् लम्बे-चौड़े गणित की कोई आवश्यकता नहीं रही।

इस बेजोड़ ग्रन्थ की विशेषताएं अनेक हैं, जो आप स्वयं पढ़कर और आजमाकर ही जान सकते हैं। इसीलिए इसके सम्पादन और मुद्रण के बजाए मूल रूप में फोटो स्टेट करवा कर आपको उपलब्ध कराने की व्यवस्था हमने की है। लगभग ३ खण्डों में १७०० पृष्ठों के लिए लागत मात्र मूल्य १८००/- रु. और लगभग २ खण्डों में १२०० पृष्ठों के लिए लागत मात्र मूल्य १५००/- रु., में यह प्राचीन दुर्लभ सम्पूर्ण ग्रन्थ रत्न २ या ३ खण्डों में प्राप्त करने का सुनहरा अवसर आप छोड़ना नहीं चाहेंगे, अतः आज ही अपना अग्रिम आदेश भेजें।

इसका हिन्दी अनुवाद और तुलनात्मक अनुसंधान विद्वान् ज्योतिषियों द्वारा नए रूप-रंग में तैयार किया है। तीन खण्डों में लगभग १७०० पृष्ठों के लिए लागत मूल्य मात्र १८००/- रु. और २ खण्डों में लगभग १२०० पृष्ठों के लिए लागत मूल्य मात्र १५००/- रु. है। अग्रिम बुकिंग करवाने पर ही पुस्तक की फोटो प्रति भेजी जायेगी। अतएव आज ही ५०० रु. भेजकर अपनी प्रति सुरक्षित करायें। डाक व्यय अलग से है। १९४२ का एक भाग तथा १९५२ के दो भाग हैं।

प्राप्ति स्थान: धर्मसन प्रकाशन ३६९६, नई सड़क, दिल्ली ११०००६ दूरभाष : ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

प्राप्ति स्थान: धर्मसन प्रकाशन [illegible], नई सड़क, दिल्ली-११०००६ दूरभाष : ३२६४९८६, ३२८५२३४

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

राजा शनि

मंत्री चन्द्र

[illegible] २८/३८ अक्षांशे केतकी चित्रा-पक्षीयं सार्वदेशिकं धर्मशास्त्र सम्मतम्

श्री आर्यभट्ट-पञ्चांगम् नई दिल्ली

श्री विक्रम सम्वत्-२०५५
शकः- १९२०

सन्-१९९८-९९
भारतीय गणराज्य संवत् ४९-५०

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट-पञ्चांगम्

प्रधान सम्पादक :
पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा, ज्योतिष वाचस्पति
बी. ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र, नई दिल्ली-२८

सम्पादक :
श्री धर्मपाल अग्रवाल
आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र २/४५ए, वैस्ट ऐवन्यू मार्ग,
पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

प्रकाशक :
धर्मसन प्रकाशन

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
❖ पंचांग देखने की विधि	३
❖ वक्तव्य	४
❖ जनमत प्रशंसा पत्र	५-७
❖ महर्षि आर्यभट्ट	८
❖ एक और प्रयास ज्योतिष सेवा के निमित्त	९
❖ व्रत-पर्व, त्यौहार, छुट्टियां, मेंले, उत्सव, जयन्तियां, अमावस्या, संक्रांति आदि	१०-१२
❖ ग्रहण विवरण	१३
❖ ग्रहों का राशि व नक्षत्र संचार	१४-१५
❖ दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र	१६ (२११)
❖ विवाह मुहुर्त, दिव्रागमन, उपनयन, गृहारम्भ मुहुर्त्तादि	१७-२१
❖ त्रिबलशुद्धि कोष्ठक	२२-२३
❖ सवार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, रविपुष्य, गुरुपुष्य योग	२४
❖ ५.३० बजे से अन्य समय के ग्रह स्पष्ट करने की तालिका	२५
❖ दैनिक ग्रह स्पष्ट	२६-३७
❖ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सवत्सर फल श्रवण	३८
❖ अथ सम्वत्सर मध्ये वर्ष राजादि फलम्	३९-४०
❖ शनि की साढ़ेसाती ढैय्या विचार	४०
❖ चैत्रादि १२ मास २४ पक्ष का	४१-६४
❖ दैनिक लग्न सारिणी देखने की विधि, नवांश शोधन, स्मार्त वैष्णव विचार	६५
❖ अंग्रेजी मास के अनुसार भा.स्टै.टा. में दैनिक लग्न सारिणी	६७-७१
❖ जन्म समय, प्रसूति लग्न विचार, गण्डमूल विचार	७२-७६
❖ बाल कष्टावली विवेचन, नक्षत्र कष्टावली विवेचन, अन्य शुभाशुभ योग	७७-८१
❖ अवकहड़ा चक्र विस्तृत	८२-८३
❖ सूर्यादि दान जप, औषधि यंत्र, पतने, छिक्का फल, अंग स्फुरण फल, घात चक्र, अथ ग्रहणां विशोत्तरीय चक्रम्	८४-८६
❖ ग्रहों का वर्ष कुण्डली लग्न व गोचर फल	८७

विषय	पृष्ठ
❖ ग्रह दशा फल	८८
❖ यात्रा में त्याज्य तिथियां	८९
❖ आवश्यक मुहूर्त	९०-९१
❖ यात्रा मुहूर्त, संस्कार मुहूर्त	९२-९४
❖ अथयोगिनी दशाऽन्तर्दशा चक्रमिदम्, प्रश्न विचार	९५-९६
❖ अनुभूत औषधियां	९७
❖ हस्त रेखा विचार, लग्न शुद्धि	९८-९९
❖ ग्रह दृष्टि आदि विवराण चक्र	१००
❖ ग्रहशील चक्र	१०१
❖ प्रमुख नगरों की अक्षांशादि सारिणी	१०२-४
❖ अक्षांशादि सारिणी विदेश	१०५
❖ सूर्य विम्ब, द्रव्यमान वक्री भवन संस्कार युक्त अक्षांश के अनुसार सारिणी	१०६-९
❖ पंचांग परिवर्तन पद्धति, चरान्तर सारिणी	११०
❖ अशौच व्यवस्था	१११
❖ वर्षफल निर्माण, प्राचीन मान, नवीन मान	११२-१३
❖ रवि क्रांति सारिणी, बेलान्तर कोष्ठक	११४
❖ इन्द्रप्रस्थ लग्न सारिणी, दशम लग्न सारिणी	११५
❖ कालहोरा चक्र, केरल प्रश्न चक्र	११६
❖ चन्द्र स्पष्ट सारिणी चक्र	११७
❖ षट् वर्ग सारिणी चक्र	११८
❖ चालन कोष्ठक	११९
❖ वर वधु गुण मेलापक सारिणी	१२०-२१
❖ कुंडली मिलान, मंगली दोष	११२-१३
❖ विवाह संबंधी ज्ञातव्य	१२४-२५
❖ बगला मुखी तंत्र साधना	१२६-२८
❖ अनुभव सिद्ध मंत्र-तंत्र औषिधी प्रयोग, ग्रह शांति	१२९-३१
❖ नव ग्रह शान्ति अनुष्ठान, रोग औषधि	१३१-३२
❖ गयत्री मंत्र, शाबर मंत्र	१३३
❖ सिद्ध अनुभूत वशीकरण मंत्र	१३४
❖ चमत्कारी सिद्धि यंत्र	१३५
❖ रोग निवारक मंत्र	१३६

विषय	पृष्ठ
❖ दरिद्रता नाशक अगूंठी, वशीकरण तन्त्र आदि	१३७
❖ स्वप्न विचार	१३८
❖ अंक विद्या और आपका भाग्य	१३९
❖ रमल प्रश्नोत्तरी, चौघड़ियां मुहूर्त्त	१४०
❖ मानव जीवन पर रत्नों का प्रभाव	१४१
❖ षट्वर्ग फलादेश	१४२
❖ बारह लग्नों व राशियों का फल	१४३-४४
❖ लाल किताब के कुछ अनुभुत योग	१४५
❖ जन्मपत्री निमार्ण एंव दैनिक लग्न सारिणी उदाहरण, इष्ट कालसूर्यादि परिवर्तन पद्धति, रवि क्रांति, अक्षांश रेखांश लग्न	१४६-५२
❖ विंशोत्तरीय दशा गणित	१५३-५६
❖ विंशोत्तरीय दशा पद्धति	१५७-१५८
❖ नक्षत्र चार	१५९
❖ नक्षत्रों के भेद, अवकहड़ा चक्र	१६०
❖ सूर्यादि गणित, चर सारिणी	१६१-६४
❖ लग्न सारिणी अक्षांश १९, २१, २३, २५, २७, २८, २९, ३०, ३१. ३२	१६५-६९
❖ बालक के जन्म समय अरिष्ट योग	१७०
❖ स्त्रियों के तिलादि एवं हस्त रेखा विचार	१७१
❖ ग्रहों के शान्ति हेतु सप्तवार व्रत विधि	१७२
❖ रहस्यमय सर्वाष्ट ग्रह भूमि विचार	१७३
❖ मृत्यु सूचक चिन्ह	१७४-७६
❖ मंगली दोष	१७७
❖ आईये जन्मपत्रिका बनायें	१७८
❖ शाबर मंत्र	१७९
❖ मुखाकृति से भविष्य ज्ञान	१८०
❖ प्रश्न विचार	१८०-८१
❖ लग्न विचार	१८२
❖ हथेली से भविष्य ज्ञान	१८३
❖ नव रत्नों का चमत्कार	१८३-८४
❖ दैनिक शुभाशुभ देखने का चन्द्रकालानल चक्र	१८५-८७

विषय	पृष्ठ
❖ अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष	१८७-८९
❖ शनि का पाया विचार	१९०
❖ संक्रांति नक्षत्र से जन्म नक्षत्र	१९०
❖ ग्रहों के स्वगृह, परोच्च, परमनीच	१९०
❖ मूलत्रिकोणादि विचार	१९०
❖ वैदिक हवन मंत्र व मुहुर्त	१९०
❖ घात-घात के चक्रम	१९१
❖ विवाह में विशेष विषय	१९१
❖ ग्रहों के कारकत्व	१९२
❖ मनुष्य के शरीर में नक्षत्रों की स्थिति	१९२
❖ श्री भैरव भविष्य ज्ञान प्रश्नावली	१९३-१९५
❖ सूक्ष्म दशा सारिणी	१९६-९९
❖ पक्षों का सूक्ष्म रूप	२००-५
❖ द्वादश राशि फल सं. २०५५	२०६-२१०
❖ दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र (शेष)	२११-१२
❖ कुम्भ पर्व हरिद्वार व वृन्दावन	२१३
❖ ग्रहों का शेयर मार्किट पर प्रभाव	२१४
❖ अद्भुत मंत्रों की शक्ति का सिंहावलोकन	२१५
❖ ग्रहों की राशियों की तेजी मन्दी विचार	२१६
❖ व्यापार मार्गदर्शन सं. २०५५ वि.	२१६-१९
❖ सं. २०५५ का सामूहिक व्यापार विमर्श	२२०-२४
❖ व्यापार भविष्य सं. २०५५	२२५-२७
❖ चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव	२२८-२९
❖ ज्योतिषः वैज्ञानिक वरदान	२३०
❖ ज्योतिष महाविद्यालय का उद्देश्य	२३१
❖ लाल किताब व परीक्षा करके देखें	२३१
❖ वास्तु विज्ञान	२३२
❖ वास्तु पुरुष के अनुसार गृह निर्माण	२३३-३५
❖ वास्तु जीवन की सर्वोच्च कसौटी	२३६
❖ मानसिक प्रदूषण	२३७
❖ कलैण्डर २०० वर्ष का	२३८
❖ जब हमारी घड़ियां १२ बजाती हैं	२३८
❖ लाभकारी नवग्रह मंत्र	२३९
❖ यन्त्र मंत्र द्वारा इष्ट सिद्धि	२४०

साज [illegible] -85

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

॥ आर्यभट्ट पंचांग देखने की विधि ॥

१. हमारे "आर्यभट्ट पंचांग" का निर्माण ग्रीनविच (ब्रिटेन) से उत्तर अक्षांश २८°।३८' एवं पूर्व रेखांश ७७°। १२' के आधार पर किया गया है। अतएव इस पंचांग में निर्णीत सूर्योदयास्त भी पूर्वोक्त अक्षांशादि वाले स्थान अर्थात् दिल्ली शहर के हैं।

२. 'आर्यभट्ट पंचांग' के गणित में प्राचीन ज्योतिर्विदों द्वारा प्रमाणित तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 'सूक्ष्म दृक्गणित' एवं चित्रा पक्षीय 'निरयणपद्धति' को ही अपनाया गया है।

३. पक्षवाले सभी पृष्ठों पर दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त भारतीय समयानुसार दिल्ली शहर के हैं। सूर्योदयास्त में किरण-वक्री-भवन संस्कार के कारण वास्तविक क्षितिज वृत्त के उदयास्त में अन्तर आना स्वाभाविक है। अतः प्रत्यक्ष देखने के लिए सूर्योदय में दो मिनट ऋण (-) तथा सूर्यास्त में दो मिनट योग (+) करने की आवश्यकता है।

४. इस पंचाङ्ग में करण सूर्योदय कालीन दिए गए हैं। अग्रिम करण उससे आगे वर्तमान तिथि के अर्धभाग तक जानें।

५. सूर्य, चन्द्रादि ग्रहों का राश्यादि संचार एवं भद्रा-पंचक, ग्रहों के उदय-अस्त, वक्र मार्ग आदि भा. स्टे. टा. में है। जो भारत में सर्वत्र उसी टाइम में होंगे। यह इस पंचांग की विशेषता है।

६. महीनों में अष्टमी-पूर्णिमा एवं अमावस्या के ग्रह स्पष्टों के राश्यादि स्टे.टा. प्रातः ५ घं. ३० मि. के हैं। नीचे उस दिन की गति और वक्री-मार्गी उदय-अस्त व ग्रहों के नक्षत्र चरण दिये हैं। यह स्पष्टों के साथ कुंडली भी उपरोक्त समय की है।

७. लस्टर में A.B.C.D. * आदि चिन्ह दिए गए हैं, उनका मतलब यह है कि मेटर उस लाईन में नहीं आ सका जो चिन्ह यहां लगाया वैसा ही चिन्ह कहीं दूसरी लाइन में लगाकर शेष मैटर लिखा है। नीचे लिखी संकेतवाली को पंचाङ्ग देखने में काम लेने से सम्पूर्ण विषय समझ में आजावेंगे।

८. वार, तिथि, नक्षत्र, योग तथा करणों के साथ सामने दिये गये घटी पल, उनका समाप्तिकाल दर्शाते हैं जोकि स्थानीय सूर्योदय के उपरान्त से माना जाये। उन घटी पलों के घण्टा मिनट बनाकर उसमें पंचांग के स्थानीय सूर्योदय के घण्टा मिनट जोड़ देने से तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल भारतीय स्टैंडर्ड टाइम में ज्ञात हो जायेगा।

९. पाठकों की सुविधा के लिए तिथि नक्षत्रादि के घटी पलों के समाप्ति काल (सूर्योदय संस्कार करके) घण्टा मिनट में भी दे दिये गये हैं जिससे तिथि नक्षत्रादि के समाप्तिकाल को घण्टा मिनट में जानने के लिए कोई परेशानी नहीं हो रही है। सीधे ही तिथ्यादि का समाप्ति काल घंटे मिनट में पढ़ा जा सकता है। जहां २४ लिखा हो वह रात्रि के ठीक १२ बजे समझे जायें। जहां २७।१८ लिखा हो वहां २७ में से २४ घटाकर रात्रि के ३ बजकर १८ मिनट समझे जायें। यह समय भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार सूर्योदय से पहले तक पूर्व तिथि में ही माना जायेगा।

१०. पक्षवाले पृष्ठों पर शुक्ल पक्ष में तिथि के कालम में १५ को पूर्णमासी तथा कृष्णपक्ष में ३० को अमावस समझा जाये। शुक्ल पक्ष को सुदी, कृष्ण पक्ष को वदी भी कहते हैं।

११. रा.मि. पहले कॉलम में दी गई हैं। दिनमान घटी-पलों में दिया गया है। करणों के कालम के पश्चात् दि.मा.घ.प. में दिए गए हैं। उसके पश्चात् सूर्योदयास्त, प्रतिष्ठा, मु. तारीखें फिर अंग्रेजी तारीखें अंग्रेजी अंकों में लिखी हैं।

१२. दैनिक ग्रह स्पष्ट भा.स्टे.टा. प्रातः ५-३० बजे (दिल्ली) के दिए गए हैं। और लग्न का समाप्तिकाल लिखा गया है। अपने अभीष्ट समय पर उनको ग्रह की दैनिक गति का संस्कार त्रैराशिक विधि से करके मार्गी ग्रह में युक्त करने, वक्रीग्रह में से घटाने से इष्ट समय के ग्रह स्पष्ट हो जाते हैं।

१३. तिथि के क्षय के आगे (पक्ष वाले पृष्ठों में) शून्य ० चिन्ह लगाया गया है। तिथि, नक्षत्रादि के आगे ६०-०० घटी लिखा है उस तिथि नक्षत्रादि की वृद्धि समझें।

पंचांग में लिखे शब्दों की संकेतावली (अकारादि क्रम से)

अ. = अश्विनी (नक्षत्र), अतिगंड (योग), अग्नि (पंचक), अगस्त, अप्रैल (मास), अक्टूबर
अनु. = अनुराधा (नक्षत्र)
आ. = आर्द्रा न., आयुष्मान् यो., आपा., आश्विन
अं. = अंश, अंग्रेजी (मास तारीख)
उ. = उदय, उपरान्त
उ.फा. = उत्तरा फाल्गुनी (नक्षत्र)
उ.षा. = उत्तराषाढ़ा (नक्षत्र)
उ.भा. = उत्तरा भाद्रपदा (नक्षत्र)
ऐं. = ऐंन्द्र (योग)
क. = कर्क, कन्या (राशि), कला
का. = कार्तिक (मास)
क्रांति सा. = साम्य (महापात)
कृ. = कृत्तिका (नक्षत्र), कृष्ण पक्ष
कुं. = कुंभ (राशि),
गु. = गुरु (वार), गुरु ग्रह
गु.दा. = गुरु दान से
गो. = गोधूलि (लग्न)
गं. = गंड (योग)
घ. = घटी
घं. = घन्टा
चि. = चित्रा (नक्षत्र)
चै. = चैत्र (मास)
चौ. = चौर (पंचक)
चं. = चन्द्र (सोमवार), चन्द्र ग्रह
ज.=जयन्ती, जनवरी (मास)
ज. = जून (मास)
जु. = जुलाई (मास)
ज्ये. = ज्येष्ठ (मास), ज्येष्ठा (नक्षत्र)
ता. = तारीख
तु. = तुला (राशि)
दि. ल. = दिन में लग्न
ध. = धनु (राशि) धनिष्ठा (नक्षत्र)
धूलिमु. = धूमिमुख (अन्यगोधूलि) लग्न
ध्रु. = ध्रुव (योग)
धृ. = धृति (योग)
नि. = निम्बार्क (संप्रदाय)
नृ. = नृप (पंचक)
प. = परिघ (योग), पल
प्र. = प्रवेश
प्रा. = प्रारम्भ
प्री. = प्रीति (योग)
पु. = पुष्य (नक्षत्र)
पुन. = पुनर्वसु (नक्षत्र)
पू.फा. = पूर्वा फाल्गुनी (नक्षत्र)
पू.षा. = पूर्वाषाढ़ा (नक्षत्र)
पू.भा. = पूर्वाभाद्रपदा (नक्षत्र)
फाल्गु. = फाल्गुन (मास)
ब्र. = ब्रह्म (योग)
वृ. = वृद्धि (योग)
बु. = बुध (वार), बुध ग्रह
भ. = भरणी (नक्षत्र), भद्रा
भाद्र. = भाद्रपद (मास)
म. = मघा (नक्षत्र), मकर (राशि), मई (मास),
मा. = मार्गशीर्ष, माघ, मार्च (मास)
मि. = मिनट, मिथुन राशि (लग्न), मिति
मी. = मीन (राशि)
मु. = मुहूर्त
मू. = मूल (नक्षत्र)
मे. = मेष (राशि) लग्न
मृ. = मृगशिर (नक्षत्र), मृत्यु (पंचक)
र. = रवि (वार), रवि (ग्रह)
रा. = राहु (ग्रह), राष्ट्रीय, राशि
रे. = रेवती (नक्षत्र)
रो. = रोहणी (नक्षत्र), रोग (पंचक)
ल = लग्न
व. = वज्र, वरियान् यो., वाणिज क., वक्र गति
व्र. = व्रत
व्य. = व्यतिपात (योग)
वृ. = वृद्धि (योग), वृष, वृश्चिक (राशि)
व्या. = व्याघात (योग)
वि. = विशा. (नक्षत्र), विष्कुंभ (योग), विकला
वि. मु. = विवाह मुहूर्त
वै. = वैष्णव संप्र., वैधृति यो., वैशाख मास
श. = शनिवार, शनिग्रह, शतभिषा (नक्षत्र)
शि = शिव (योग)
शु. = शुक्रवार, शुक्र ग्रह, शुभ, शुक्ल (योग), शुक्ल (पक्ष)
श्रा. = श्रावण (मास)
सा. = साध्य (योग)
स्वा. = स्वाती (नक्षत्र)
स्मा. = स्मार्त (संप्रदाय)
सि. = सिद्धि (योग), सितम्बर (मास)
सिं. = सिंह (राशि)
सु. = सुकर्मा (योग)
सौ. = सौभाग्य (योग)
ह. = हस्त (नक्षत्र), हर्षण (योग)
हि. = हिन्दी (मास तारीख)

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वक्तव्य

श्री आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना सन् १९८३ में हुई और भारत सरकार से इसका पंजीकरण भी यथाविधि हो चुका है। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन विद्याओं, ज्योतिष गणित, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा विज्ञान, अंक ज्योतिष, रमल ज्योतिष, यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र शास्त्र, स्वरोदय, राजयोग आदि का प्रचार-प्रसार करना है। पहले इन विद्याओं को राज्याश्रय प्राप्त था और हिन्दू राजाओं के राज्य काल में इनकी बहुत उन्नति हुई। परन्तु इस्लामी तथा ईसाई धर्मावलम्बी शासन में हमारी प्राचीन संस्कृति का उत्थान तो क्या उत्तरी भारत में प्राचीन ग्रन्थों तथा इनके आश्रय स्थलों का बलात् संहार किया गया। इसके ज्ञाता विद्वानों की संख्या में दिनोदिन कमी होती गई और विदेशी प्रभाव के फलस्वरूप देशी लोगों का इन विद्याओं पर विश्वास कम होता गया। इसमें स्वार्थी ठग व अज्ञानी ज्योतिषियों के व्यवहार ने भी जनता के मानस में इन विद्याओं के प्रति अविश्वास तथा अरुचि की ही वृद्धि की।

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद धर्म निरपेक्ष संविधान के अन्तर्गत अन्य धर्मों तथा संस्कृतियों के समान हमको अपने प्राचीन लुप्त गौरव संस्कृति तथा महान् विद्याओं को फिर से उजागर करने की स्वतन्त्रता प्राप्त हुई। विशेष रूप से जब विदेशी विद्वानों ने हमारे वेद, पुराण, शास्त्रों, उपनिषदों आदि के अध्ययन के पश्चात् हमारी विद्याओं, कलाओं और दर्शन आदि को प्रकाशित तथा प्रशंसित किया तब हमारे देश वासियों को भी अपने यथार्थ का ज्ञान हुआ और हम भी इनकी खोज, अनुसन्धान, प्रचार-प्रसार की ओर अधिक आकर्षित हुये। इस युग के महापुरुष श्री राम कृष्ण परमहंस देव के जीवन दर्शन को मैक्समूलर तथा रोमारोलां जैसे प्रख्यात विदेशी विद्वानों ने विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया। परमहंस देव के योग्य शिष्य स्वनाम धन्य स्वामी विवेकानन्द जी ने संयुक्त राज्य अमरीका के शिकागो नगर में विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म की विजय पताका फहराई। स्वामी विवेकानन्द जी ने अमरीका, ब्रिटेन, योरोप आदि देशों में घूम-घूम कर हिन्दू धर्म का यथाशक्ति प्रचार किया। तदुपरान्त स्वामी रामतीर्थ जी ने भी विदेशों में यथाशक्ति प्रचार-प्रसार किया। इन महापुरुषों द्वारा स्थापित प्रचार केन्द्र देश-विदेश में आज तक अपना कार्य कर रहे हैं और इनके बताये मार्ग पर चलते हुए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उसके बाद तो अनेकों सन्त महापुरुषों तथा योगियों ने इसी मार्ग का अवलम्बन किया। इन सब प्रयासों के फलस्वरूप देश-विदेश में जन मानस में अपनी प्राचीन विद्याओं के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई।

इस समय अपने देश में बहुत सी संस्थायें हैं जो देश के प्राचीन गौरव, संस्कृति, कला कौशल तथा लुप्त विद्याओं के पुनरुत्थान तथा प्रचार-प्रसार में लगी हुई हैं। ज्योतिष विद्या हमारी प्राचीन विद्याओं में एक मुख्य विद्या है। वैदिक काल से यह चली आ रही है। यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि न तो इसे राज्य से कोई संरक्षण या प्रोत्साहन प्राप्त है और न देश के समान्य वर्ग का सहयोग ही। फिर भी कुछ उत्साही जन अपने सीमित साधनों से इसको अपना उचित स्थान दिलाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उत्तर भारत पर विदेशी बर्बर जातियों के लगातार आक्रमणों के फलस्वरूप हमारे बहुत से मठ, मन्दिरों, पूजा स्थानों के साथ-साथ बहुत से अमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थ नष्ट हो गये। विदेशी प्रभाव से धर्म परिवर्तन से बचे लोगों के मानस पर अपने धर्म ग्रन्थों तथा प्राचीन विद्याओं की ओर रुचि नहीं रही। इस कारणण उत्तर भारत में इस विद्या का सब से अधिक ह्रास हुआ। जबकि दक्षिण भारत में धर्म साहित्य तथा प्राचीन विद्याओं का ज्ञान भण्डार अभी भी बहुत अंशों में सुरक्षित है। उस भू-भाग के कतिपय विद्वान् प्राचीन ग्रंथों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित करने के प्रयत्नों में लगे हुए हैं। उत्तर भारत में विशेष रूप से हिन्दी भाषी जनता को इन विद्याओं का ज्ञान कराने की बहुत आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए देश के केन्द्र राजधानी दिल्ली में कुछ उत्साही जिज्ञासुओं ने आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र को पंजीकृत कराया है। इस केन्द्र ने ज्योतिष प्रेमी सज्ञनों के लिये अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ **''शतक मार्त्तण्ड''** का सम्पादन व प्रकाशन करवाया है।

ज्योतिष शास्त्र आज जिस स्थान पर है, उसको इस स्तर तक पहुंचने में सैकड़ों वर्ष लगे हैं। समय-समय पर जिन विद्वानों ने नई खोजों, आविष्कारों तथा गणित के नियमों द्वारा इसकी प्रगति में सहयोग किया है उनका नाम ज्योतिष इतिहास में सदा अमर रहेगा। ऐसे ही एक महापुरुष ज्योतिष शास्त्र के परम ज्ञाता श्री आर्यभट्ट थे, जिनका जन्म ४७६ ई. में हुआ था। उन्होंने ज्योतिष का प्रसिद्ध ग्रन्थ ''आर्य भटीय'' कुसुमपुर (पटना) में लिखा। इसमें सूर्य और तारागणों के स्थिर होने और पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन है। सूर्य और चन्द्र ग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या है। स्वर और व्यञ्जनों की सहायता से बड़ी-बड़ी संख्याओं की गणना करने की रीति बनाई है। वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल आदि गणित विद्याओं का वर्णन सर्व प्रथम इसी ग्रन्थ में मिलता है। इन्हीं महापुरुष के नाम पर **''आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र''** का नाम रखा गया है। आशा है इनके नाम से प्रोत्साहन पाकर अर्वाचीन विद्वान नये-नये प्रयोग व आविष्कार करने में सफल होंगे।

''शतक मार्त्तण्ड'' जैसे उपयोगी ग्रन्थ का प्रकाशन करने के बाद एक ऐसे पंचांग के प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें ज्योतिषियों के लिए उपयोगी अधिक से अधिक विषय सरल सुलभ भाषा में समाविष्ट किये जा सकें। अतः हमने ''श्री आर्यभट्ट पंचांग'' ज्योतिषियों के लाभार्थ सम्पादन तथा प्रकाशन आरम्भ किया। ज्योतिष प्रेमी सज्ञनों तथा विद्वानों से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे त्रुटियों के लिये क्षमा प्रदान करते हुए अपने सुझाव तथा परामर्शों द्वारा प्रोत्साहन प्रदान करेंगे ताकि अगले अंक में अधिक से अधिक परम उपयोगी विषयों का समावेश किया जा सके।

–सम्पादक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दुर्भाग्य ही है कि न तो इस राज्य से कोई संरक्षण या प्रोत्साहन प्राप्त है और न देश के सम्पन्न वर्ग का सहयोग ही। फिर भी कुछ उत्साही जन अपने सीमित साधनों से इसको अपना उचित

—सम्पादक

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जनमत

"श्री आर्यभट्ट पंचांग" के सम्बन्ध में ज्योतिषाचार्यों, विद्वानों तथा ज्योतिष प्रेमी सज्जनों के अनेकों पत्र पंचांग के सम्पादक, व्यवस्थापक, प्रकाशक तथा अनुसंधान केन्द्रों को प्राप्त हुए। हम उन सभी महानुभावों को उनके आशीर्वचनों, शुभकामनाओं, प्रशस्ति वाक्यों तथा उपयोगी परामर्शों के लिए हार्दिक धन्यवाद समर्पित करते हैं। आपके अधिकांश सुझावों को हमने इस वर्ष के पंचांग में सम्मिलित कर दिया है और हमारा यह प्रयास रहेगा कि पाठकों के उपयोगी सुझावों को यथाशक्ति कार्यरूप में परिणित किया जाये। हमारे पास आए पत्रों में से कुछ विशिष्ट पत्रों के अंश आपकी सूचना के लिए हम यहां उद्धृत कर रहे हैं:-

- **डी. एन. सक्सेना, (आर.ए.एस., से.नि.) जयपुर** से-आपका 'श्री आर्यभट्ट पंचांगम्' अति सुन्दर है। इसमें काफी सामग्री है।
- **पं. द्वारका प्रसाद पाटोदिया (एम.ए., एल.एल.बी., डिप मॉन्ट) किशनगढ़, अजमेर** से-अपने देश की अधिकांश जनता गरीब होने के कारण कम मूल्य का यह प्रामाणिक पंचांग अति शीघ्र ही लोकप्रिय हो जावेगा। व्रतोत्सव, त्यौहार, पर्व आदि का प्रारम्भ में ही संकलित, प्रकाशन का इस पंचांग में वैशिष्ट्य है।
- **महर्षि डा. हरिकृष्ण छँगाणी, (एम.ए., डी.लिट् डी.फिल., पी.एच.डी. (ज्यो.), दैवज्ञ-शिरोमणि, विश्व-ज्यो. सम्राट एवं विविधोपाधि अलंकृत) फलोदी, जोधपुर (राज.)** से-श्री आर्यभट्ट पंचांगम् का गणित शुद्ध व कलेवर आकर्षक है। पंचांग सामान्य पाठकों से लेकर विद्वान् ज्योतिर्विदों के लिए उपादेय व संग्रहणीय है।
- **राजेन्द्र पाल धमीजा (एम.ए., ज्यो. विशारद) सरोजिनी नगर नई दिल्ली** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग वास्तव में सामान्य जन से लेकर विद्वान् ज्योतिषियों तक सभी के लिए पूर्णरूपेण उपयोगी है। सामान्य जानकारी से लेकर शुद्ध गणित व फलित दोनों में परमोपयोगी इस पंचांग का सर्वत्र स्वागत होगा।
- **वैद गुरदास सिंह सिरसा (हरियाणा)** से-आपका पंचांग देखकर दिल बहुत ही हर्ष युक्त होया। भारत में छपने वाले लगभग ९८ पंचांग, जन्त्रियों में से पंचांगों में से अपनी मसाल आप ही है। पंचांग की ज्योतिष सामग्री (लेख) सभी सरल तथा बढ़कर है।
- **शशि मोहन बहल (लब्ध स्वर्ण पदक, तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र सम्राट, तन्त्र महर्षि, तन्त्राचार्य एवं नागरिक अभिनन्दन द्वारा सम्मानित) कृष्ण नगर (जमुनापार), देहली** से-निःसन्देह पंचांग शुद्ध और सुन्दर है। सारगर्भित होना इसकी विशेषता है।
- **मथुर कृष्णमूर्ति शास्त्री ज्यो. विजनन भास्कर) राजा हमुन्दरी (आ. प्र.)** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग संपूर्णतया पठित परिशीलितं च ज्योतिर्विदां जातकशास्त्र प्रवीणानां चोपकारक विषयाः अनेके अत्र निवेशिताः। अतीवामोद आसीत्।
- **बालकृष्ण गुप्ता (ज्योतिष वाचस्पति) राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.)** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग सरल सुबोध भाषा में प्रस्तुत है। ज्योतिष रूपी सागर को गागर में भरने का अथक प्रयास किया गया है, इसके लिए धन्यवाद।
- **श्री परमानन्द शास्त्री तारानगर (चूरू), राजस्थान** से-आप लोगों ने आर्यभट्ट की विस्मृति को फिर से स्मरण कराकर अनुकरणीय कार्य किया है। इसके लिए प्रकाशक जी व संपादक जी दोनों ही बधाई के पात्र हैं।
- **बृज शर्मा सालमपुर पथ प्रतापगण (चितौड़गढ़), राजस्थान** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग को देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। इसकी प्रगति व ऐश्वर्य हेतु मंगल कामना।
- **वसंत वामन विसपुते (ज्योतिर्विद) भुसावल, जिला जलगांव महाराष्ट्र** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग से भी मालूमात जादा रहती है। जानकारी काफी लाभदायक है। ज्योतिष प्रचार प्रसार धर्मसन प्रकाशन में हद से बाहर जानकारी प्रदान की हुयी है।
- **वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक, मेड़ता सिटी (नागौर), राजस्थान** से-गागर में सागर युक्त अतुलित ज्योतिषीय सामग्री की जानकारी देने वाला विश्व में प्रथम पंचांग सर्वजनोपयोगी सूक्ष्म गणित मय त्रिस्कंध ज्योतिष की जानकारी सरलतम विधि से दर्शायी गई है, जो लोकोपयोगी एवं व्यावहारिक भी है।
- **पं. आशा राम शुभकर्ण (ज्योतिषी) तिलक नगर, नई दिल्ली** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग को विधिवत् रूप से तैयार करने में आपका योगदान अति सराहनीय है। आर्यभट्ट पंचांग से ज्योतिष के हर क्षेत्र में हमारी जानकारी में वृद्धि हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस तेजस्वी पंचांग की निरन्तर उन्नति हो।
- **पं. गिरि मोहन गुरु होशंगाबाद, म.प्र.** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग में पंडितों के हितार्थ अनेक अन्य सामग्री देकर गागर में सागर वाली उक्ति चरितार्थ कर दी है।
- **संतोष राम (हस्त रेखा विशेषज्ञ) माडल टाउन, दिल्ली** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग भारतीय ज्योतिष विद्या की प्राचीन परम्परा को बनाये रखने का सराहनीय प्रयास है। पंचांग के प्रकाशन हेतु कोटि-२ साधुवाद।
- **पं. एस.एन. तिवारी (ज्योतिर्विद) हरजिंदर नगर, कानपुर (उ.प्र.)** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग में दी गई जानकारी ज्ञानवर्धक, रोचक एवं सरल है। आपका प्रयास सराहनीय है। हम इसकी अभिवृद्धि की मंगल कामना करते हैं।
- **आर.डी. जोशी (एम.ए., बी कॉम.) भुज कुच, गुजरात** से-श्री आर्यभट्ट पचांगम् बहुत अच्छा है, इसमें ज्योतिष की बहुत सी सामग्री है और सम्पूर्ण है। भारत की सभी भाषाओं में इसका अनुवाद हो तो अच्छा रहेगा, बहुत अच्छा Afforts है।
- **सुजानमल जैन ज्यो. घर रोड इंदौर (म.प्र.)** से-आपके श्री आर्यभट्ट पंचांग के अवलोकन के बाद हमें कोई त्रुटि नहीं लगी, तथा कीमत भी दूसरे पंचांगों के मुकाबले कम है।
- **पं. एन.पी. शुक्ल नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.)** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग निःसंदेह उत्कृष्ट है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

● **राजकुमार रत्नप्रिय शक्तिपुरम, कानपुर (उ.प्र.) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग का तर्त्तमान अति उपयोगी तथा गरिमापूर्ण रूप आप और आपके प्रधान संपादक के संयुक्त प्रयास का मूर्त रूप है।

● **श्री मुखराज सिंह कालागढ़, बिजनौर (उ.प्र.) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग की सामग्री अत्यंत प्रिय है। हम यही कहेंगे कि भगवान् आपके इस कार्य क्षेत्र को और आगे बढ़ायें।

● **पं. शिवचरणलाल शर्मा ज्योतिषी, कुम्भराज, गुना (म.प्र.) से**- श्री आर्यभट्ट पंचाग के माध्यम से ज्योतिष के ज्ञान का प्रसार हो रहा है। यह मानव समाज का ज्योतिर्दीप है। नहीं ज्ञानेन सदृश पवित्रं इह विद्यते।

● **मधुकर मुकुंदराव हिरेइंजीनियर, (ज्योतिष विशारद) खमोर बांद्रे, मुंबई से**:- श्री आर्यभट्ट पंचांग बहुत ही शास्त्र शुद्ध जानकारी देता है। कृपया मेरी शुभकामनाएं स्वीकार करें।

● **किशन लाल उपाध्याय शास्त्री (नव्य व्याकरणाचार्यएम.ए.बी.एड.) सवाई बड़ी चूरू (राजस्थान) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग हर वर्ष की महत्वपूर्ण कृति होती है। क्रमबद्ध होड़ाचक्र (दशा-वर्षों के भोग-भुक्त समय के साथ) इसकी अतुलनीय विशिष्ट विशेषताएं हैं।

● **पं. बालकृष्ण पुरोहित बीकानेर, राजस्थान से**-आर्यभट्ट पंचांग बहुत ही श्रेष्ठ एवं महत्पूर्ण जानकारी देने वाला है। मुझे यह पंचांग अति प्रिय लगा।

● **पं. निरंजन लाल शर्मा तारानगर (चूरू) राजस्थान से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग के सम्पादन में प्रयुक्त विद्वता गागर में सागर भरने की उक्ति को चरितार्थ करती है। श्रेष्ठ प्रकाशन के लिए हृदय से साधुवाद।

● **पं. प्रेमसुख ओझा शास्त्री (एम.ए. संस्कृत, बी. एड.) तारानगर (चूरू), राजस्थान से**- श्री आर्यभट्ट पंचांग की सामग्री बहुत ही उपयुक्त एवं सराहनीय है। गागर में सागर भरने का प्रयास है।

● **श्री चुलेट शास्त्री (ज्यो. सार्दूल, ज्यो. मणीन्द्र, वेदांग ज्यो. शिरोमणि) नागपुर (महाराष्ट्र) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग सामान्य तथा विशिष्ट जनोपयोगी है। सतत् प्रकाशन तथा अभिवृद्धि की कामना है।

● **श्री मधुकर गोविन्द हुपरीकर (ज्योतिर्विद्या भूषण) कोल्हापुर से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग में जो जानकारी है, बहुत ही उपयुक्त है। इसका गणित विभाग शुद्ध व सरल है।

● **ऋषिकेष शास्त्री मोची वाला, सिरसा (हरियाणा) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग अखिल ज्योतिर्विद कुल-कमल के विकास हेतु नवोदित भगवान् भास्कर के तुल्य है। परम-प्रभु पंचांग कर्ता को शतायु प्रदान करें।

● **मदन मोहन परिहार (कवि, लेखक व भविष्य वक्ता) जोधपुर (राजस्थान) से**- श्री आर्यभट्ट पंचांग देश का सर्वोत्तम, हर प्रकार की सूचना सहित, सर्व प्रकार से पूर्ण है। इससे ज्योतिषाचार्यों व जन साधारण को ज्योतिष का सही मार्गदर्शन मिलेगा। मेरी कोटि-कोटि बधाई।

● **अरुण सदाशिव जोशी ज्योतिष भाष्कर, नासिक (महाराष्ट्र) से**- श्री आर्यभट्ट पंचांग के माध्यम से आप जो जन सेवा कर रहे हैं यह प्रशंसनीय है। उपयोगी पंचांग के लिए आप बधाई के पात्र हैं।

● **डा. समरेन्द्र सर्राफ सागर (म.प्र.) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग में तालिकाएं, व्रत, त्यौहारादि ज्योतिष कर्मियों तथा सामान्य पाठक व गृहस्थ को भी उपयोगी बना देता है।

● **इन्दरमल चौधरी (ज्यो. भूषण, ज्यो. मार्तण्ड, ज्यो, दिवाकर, ज्योतिषश्री, दैवज्ञश्री एवं रजत पदक प्राप्त) उदय पुर (राजस्थान) से**- श्री आर्यभट्ट पंचांग की विषय-सामग्री अत्युत्तम व गणित शुद्ध है।

● **डा. लक्ष्मी चन्द्र गुप्ता (तांत्रिक एवं पत्रकार) पीलीभीत (उ.प्र.) से**- पंचांग में ग्रहों का भावानुसार, गोचर फल, वर्षफल, जन्म कुण्डली फल, इसके अतिरिक्त इसकी पाठ्य सामग्री व सारणियां भी कम उपयोगी नहीं हैं।

● **डा. सत्यदेव पांडे एम.ए., ज्यो. महामहोपाध्याय, ज्यो. भूषण, विद्या वाचस्पति, ज्यो. सिद्धान्त भारती, विशारद एवं स्वर्ण पदक प्राप्त) बजोरिया नगर से**-जन्मपत्री बनाने तथा फलादेश करने के लिए प्रामाणिक पंचांग की पूर्ति श्री आर्यभट्ट पंचांग से होती है। हम इसकी भविष्य में अभिवृद्धि की कामना करते हैं।

● **निशिकांत जोशी (ज्यो. शास्त्री) ठाणा (महाराष्ट्र) से**-पंचांग आम जनता तथा ज्योतिषियों को कुण्डली बनाने के लिए उपयुक्त है। पंचांग चन्द्र-सूर्य की तरह चमकता रहे, यही हमारी शुभ कामना है।

● **लेम्भे भालचन्द्र महादेव (एम.ए. साहित्य) विशारद, पुणे (महाराष्ट्र) से**-दैनंदिन घरेलू जीवन में जितनी बातों की आवश्यकता होती है उन सभी का इसमें अन्तर्भाव किया है। ज्योतिर्विदों के लिए तो यह अत्यन्त उपयुक्त देन है।

● **डा. बुधमल शामसुखा डायरेक्टर, मोतीबाग (नई दिल्ली) से**- मुझे अपने दैनिक कार्यों के लिए ऐसे ही पंचांग की जरूरत थी। इस उपयोगी, सुन्दर और जानकारीपूर्ण पंचांग के प्रकाशन के लिए बधाई।

● **डा. भालचन्द्र शंकर शास्त्री (ज्योतिषाचार्य, ज्योतिषालंकर, ज्योतिषतार्थ) लश्कर-ग्वालियर (म. प्र.) से**-पंचांग में मुख्य-मुख्य सभी विषय भर दिये हैं, जैसे गागर में सागर।

● **एम.एस. श्रीवास्तव भोपाल (म.प्र.) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन और मुद्रण बहुत आकर्षक है। जानकारी गागर में सागर स्वरूप है तथा पंचांग संग्रह योग्य है।

● **प्रकाश नाथ चौहान (तंत्र ज्योतिषाचार्य, साहित्य कला सरस्वती, प्राच्य विद्या महामहोपाध्याय, तांत्रिक मार्तण्ड) ब्यावर (राजस्थान) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग में ज्योतिष विषयक भव्य सामग्री देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो गागर में सागर भरने का प्रयास किया गया हो।

● **प्रो. पी.एस. शास्त्री (एम.ए. एम. लिट्., पी.एच.डी., डी. लिट्., तेनाली (आं.प्र) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग सावधानेन अवलोकितं विवेचितं च। अक्षराणाम् अंकानां च अत्यल्प रूपत्वरत् यन्त्रपरिकर साहाय्येनैव पठितव्यमिति मादृशाना मनुभवः। पंचांगे सन्ति बहवो विषया ये नान्यत्र लभ्यन्ते। मम हार्दिकाभिनन्दनानि स्वीकुर्वन्तु।

● **डा. नरेश कुमार प्रभाकर दिलशाद गार्डन, दिल्ली से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग में क्या जानकारियां दी हैं, अति उत्तम।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

हृदय से साधुवाद। बधाई के पात्र हैं। देते हैं। जानकारियां दी हैं, अति उत्तम।
Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

- **डा. आर्यभट्टकलशधरशास्त्री (एम.एस.सी., एम.ए., डी.लिट्., ज्योतिष विद्या वाचस्पति) (काशी), इन्दौर (म.प्र.) से**- इतने उपयोगी सहज बोधगम्य पंचांग के लिए सम्पादक तथा प्रकाशक श्री धर्मपाल जी बधाई के पात्र हैं। पंचांग का भरपूर स्वागत हो, ऐसी मेरी इच्छा है।
- **O.P. Gupta Jyotishacharya from Janakpuri, N. Delhi:-**Through the Panchang I found that the Ephemeris is very useful, informative & handy for all Astrologer.
- **Dr. Sudhir Shah (MD, MA), Gold Medallist, Special Executive Magistrate from Bombay (Maharashtra):-**Quite informative, handy and a good subtication in Aryabhat Panchang. Credit goes to the Editor & Publisher.
- **Prof. Dr. Gopendu Mukhopadhyay (M.A. Ph.D., D.litt. Jyotishtirtha, Jyotishsiddhantashastri) from Burdwan:-** The Panchangam is really unique and informations are praisworthy.
- **Rajendran Nayar Astrologer from Goa:-** I convey my congratulations to the Editor & Publishers of Aryabhatta Panchang to its nice production.
- **M.M. Lal Mehta form Yamuna Nagar (Haryana):-**Your Panchang is very good for astrological purpose. I wish success to this panchang for the coming years.
- **Babul Lal Sinhal (Advocate) from Ballabgarh (Haryana):-**I have gone through the Panchang and found it informative and very useful in our day to day life.
- **S. Padmanatha (Lawer) from Vassco Degama (Goa):-** Aryabhatta Panchang is a worth one. All day to day informations and muhurthas are given in a attractive manner.
- **B.V. Raman (Editor of Astrological Magazine) from Bangalore:-** A practical utility ephemeris for the year Prajotpatti, this compendious ephemeris is bound to be welcomed by Panchang users in the hindi belt.
- **कपिलदेव मिश्र (सा. रत्न. भार रत्न, फेस रीडर, ज्योतिर्विद, मंत्र-तंत्र-यज्ञ विशेषज्ञ) नेवी नगर, कुलाबा-मुम्बई (महाराष्ट्र) से**- श्री आर्यभट्ट पंचांग भारत के कर्मकाण्ड एवं ज्यो. के लिए सहायक है। इसका एक-एक पृष्ठ ज्योतिष जगत् के लिए वरदान साबित होगा।
- **पं. चन्द्रिका प्रसाद बाजपेयी तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग में लिखित ग्रहों की स्थिति, मुहूर्त्त की शुद्धता, ज्योतषि सम्बन्धी विविध जानकारी का संग्रह यहां उपलब्ध अन्य पंचांगों में नहीं मिलता है।
- **पं. बी.पी. शास्त्री (व्या.सा. आचार्य, संस्कृत व्याख्या) शेर विलास कालोनी, जोधपुर (राजस्थान) से**-आपने जब से 'श्री आर्यभट्ट पंचांग' का प्रकाशन आरम्भ किया है तब से उसमें हर वर्ष कुछ न कुछ नवीन विषय देते आ रहे हैं। पंचांग अति सहज व सरल है।
- **जी. राम तुलसीयानी चेम्बर्स, नारीमन पाइन्ट, बम्बई (महाराष्ट्र) से**-'श्री आर्यभट्ट पंचांग' का उपयोग बहुत ही अर्थो में आजकल हो रहा है जिससे उसकी उपयोगिता का वर्णन नहीं किया जा सकता।
- **महर्षि पं. मदन मोहन एस. जोशी (स्वर्ण पदक से विभूषित, ज्योतिषाचार्य, रमलाचार्य) जोधपुर (राजस्थान) से**-श्री आर्यभट्ट पंचांग का सूक्ष्म गणित वास्तव में ज्योतिषियों के गणित भाव हेतु पूर्ण लाभ प्रद साबित हो रहा है। जिस प्रकार महर्षि चण्डू जी ने ग्रह गणित को सूक्ष्म कर प्रकाश फैलाया उसी प्रकार यह भी प्रकाश फैलाता रहे।
- **सुरेन्द्र शर्मा (एम.ए., बी.एड.) प्रीतम पुरा, दिल्ली से**-'श्री आर्यभट्ट पंचांग' को जितनी भी तारीफ की जाए कम है। इसमें जितनी भी जानकारी दी गई है, सर्वश्रेष्ठ है।
- **रामजीलाल शर्मा धाकड़ीपुरा, रतलाम (म.प्र.) से**-आपका 'श्री आर्यभट्ट पंचांग' देखा व काम में लिया, आपका प्रयास व साहित्य सराहनीय है।

निम्नांकित महानुभावों के भी आशीर्वाद तथा शुभ कामना संदेह प्राप्त हुए हैं। हम संस्थान की ओर से उनके आभारी हैं तथा कुछेक के सुझाव एवं शिकायत भरे पत्र भी मिले हैं। संस्थान की ओर से उनका भी उचित जवाब भेजा जायेगा।

- **बुधादित्य भाग्यकल्प ज्यो. कार्यालय,** कानपुर (उ.प्र.)
- **पं. श्यामनन्दन मिश्र** ज्यो. साहित्य आचार्य अजमेर (राजस्थान)
- **अचलेश्वर त्रिपाठी** साहित्य शास्त्री, ब्यावर (राजस्थान)
- **वी.वी. उपाध्याय** उदयपुर (राजस्थान)
- भूपाल सिंह जैन मुजफ्फरनगर, उ.प्र.
- **अजय कुमार सिंहल** गाजियाबाद, उ.प्र.
- **आचार्य हर्षवर्धन** मधुर जांगला, शिमला (हि.प्र.)
- रामकृष्ण सात्या साहेब हिरे ज्योतिर्विशारद, अहमद नगर, महाराष्ट्र
- **आर.ए. परमार** विमल पार्क. नदिआल
- **डा. पुष्पेन्द्र पाठक** केशवपुरा (हिण्डोन), सवाईमाधोपुर
- **मोहन लाल वी. जोगी** गांधी नगर, गुजरात
- **पं. बी.एस. शर्मा** ज्योतिषी, लखनऊ (उ.प्र.)
- **पं. लेखराज द्विवेदी** जोधपुर (राजस्थान)
- **हकीम मोहन लाल मेहता** फरीदाबाद, हरियाणा
- **पं. प्यारे लाल भारद्वाज** गांव नगश, चौरीघाट (हि.प्र.)
- **श्री श्याम कसेरा** एडवोकेट, कटक (उड़ीसा)
- **श्री अवनी वोरा** एम.ए. सम्पादक, कालपुरुष, गौहाटी (आसाम)
- **श्री पं. काशीलाल मिश्र** ज्योतिषाचार्य, खिड़की (पूना)
- **पं. मुरलीधर शर्मा** एस्ट्रोलोजर, जारीपटका (नागपुर)
- **पं. भोलादत्त महतोलिया** रुद्रपुर, नैनीताल (उ.प्र.)
- **ज्यो. वैद्य नवीनीतभाओ जी भाटिया** जलगांव
- **के.सी. शर्मा** शाहदरा (दिल्ली)
- **सुरेश चन्द्र तिवारी** हरिद्वार (उ.प्र.)
- **रवि शर्मा** रानी बाग (दिल्ली)
- **प्रो. जवाहर मुथा** अहमदनगर (महाराष्ट्र)
- **प्रो. आर.सी. दिवाकर** ज्यो. हस्तरेखा विशेषज्ञ, तांत्रिक, ब्यावर (राजस्थान)
- **श्री एस.के. केल्कर** सरस नगर पूना (महाराष्ट्र)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

महर्षि आर्यभट्ट

वराहमिहिर और आर्यभट्ट हमारे प्राचीनतम आचार्यों में से हैं। वराहमिहिर ने प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रन्थ 'वृहत् जातक' की रचना की और आर्यभट्ट प्रथम ने 'आर्यभटीय' ग्रन्थ लिखा। ज्योतिष का क्रमबद्ध इतिहास आर्यभट्ट के समय सेही मिलता है; यद्यपि वेदों के समय से ज्योतिष का ज्ञान आरम्भ हो गया था और ज्योतिष वेद के प्रमुख अंगों में से एक है। तब से आर्यभट्ट के समय तक सूर्यादि ग्रह, काल बोध, ग्रह-नक्षत्र, धूमकेतु, ग्रहण, ग्रहनक्षत्रों की गति स्थिति का ज्ञान, सिद्धान्त, होरा, प्रश्न, शकुन, ज्योतिष आदि का आविष्कार हो गया था। नक्षत्रों की आकृति, स्वरूप, गुण, प्रभाव आदि की परिभाषा, ऋतु, अयन, दिनमान लग्नादि के शुभाशुभ फलों का ज्ञान, राशियों और ग्रहों के स्वरूप, रंग, दिशा, तत्व, धातु आदि का विवेचन, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों की रचना काल तक पूर्णरुप से ज्ञात हो गये थे। ग्रहों की गति, स्थिति, अयनांश, मुहूर्त, शुभाशुभ समय का निर्णय, यथा ज्योतिष के पांचों अंगों-होरा, सिद्धान्त, गणित, संहिता, मुहूर्त, फलित, प्रश्न तथा शकुन शास्त्र की निरन्तर उन्नति होती गई थी।

अन्य शास्त्रों के समान ज्योतिष के आविष्कर्त्ता भी भारतीय ही हैं। योगाभ्यास द्वारा प्राचीन ऋषियों ने अपनी सूक्ष्म प्रज्ञा से शरीर के अन्दर ही समस्त सौर मण्डल के दर्शन किये और आत्म-निरीक्षण से आकाशीय सौर मण्डल की व्याख्या की। अंक विद्या ही इस शास्त्र का आधार है और इसका श्री गणेश भारत में ही हुआ था। प्रचीन भारत में तक्षशिला, नालन्दा आदि स्थानों पर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षण संस्थायें थीं, जहां पर दूर-दूर देशों के विद्यार्थी विद्याध्ययन करने के लिए आते थे और अपने देशों में जाकर इसका प्रचार करते थे। ऋग्वेद तथा शतपथ ब्राह्मण के अध्ययन से पता चलता है कि कम-से-कम २८००० वर्ष पहले भी भारतीयों ने खगोल तथा ज्योतिष-शास्त्र का पूर्ण रूप से मन्थन कर लिया था।

आर्यभट्ट नाम के दो विद्वान् ज्योतिषी हुए हैं। आर्यभट्ट प्रथम का जन्म ईस्वी सन् ४७६ में हुआ था। अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'आर्यभटीय' में इन्होंने सूर्य एवं तारागण के स्थिर होने तथा पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन किया है। इन्होंने पृथ्वी की परिधि ४९६७ योजन बताई है, सूर्य और चन्द्रग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या की है। काल-क्रिया पाद में युग के दो समान भाग करके पूर्व भाग को उत्सर्पिणी तथा उत्तर भाग को अवसर्पिणी संज्ञा दी है तथा प्रत्येक के छः छः भेद बताये हैं। ग्रहों को स्पष्ट करने की विधि बतलाई है। बुध और शुक्र को विलक्षण संस्कार से स्पष्ट करना बताया है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य इन्होंने यह किया कि अंक (संख्या) के द्योतक क, ख, ग आदि वर्णों की कल्पना की और अ, आ, इ, ई आदि स्वर वर्ण तथा क, ख, ग आदि व्यंजन वर्णों को एक-एक संख्या-वाचक अर्थ देकर बड़ी-बड़ी संख्याओं को लिखने की विधि का आविष्कार किया। इसी विधि को बाद में रोमनों ने अंग्रेजी अक्षरों में भी लिया; जैसे-पांच के लिए V, दस के लिए X आदि-आदि।

महर्षि आर्यभट्ट ने क = १, ख = २, ग = ३, घ = ४, ङ = ५, च = ६, छ = ७, ज = ८ इसी प्रकार क्रम से म = २५, य = ३०, र = ४०, ल = ५०, व = ६०, श = ७०, ष = ८०, स = ९०, ह = १००; क = एक, कि = सौ, कु = दस हजार, कृ = दस लाख, क्लृ = दस करोड़, के = दस अरब, कै = दस खरब, को = दस नील, कौ = दस शंख; इसी प्रकार ख = दो, खि = दो सो, खु = बीस हजार आदि-आदि। इसी प्रकार वर्णों द्वारा संख्यायें लिखने की विधि विस्तार से समझायी है। आर्यभट्ट ने अपने विख्यात ग्रन्थ 'आर्यभटीय' की रचना प्राचीन कुसुमपुर में (जो आज का पटना नगर है) रहकर की थी। इस ग्रन्थ के गणित पाद (प्रकरण) में वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल एवं अन्य व्यवहार श्रेणियों का विशद विवेचन किया है।

आर्यभट्ट द्वितीय ब्रह्मगुप्त के बाद, यानि ५९८ ई. के बाद और भास्कराचार्य, जिनका काल १११४ ई. के पहले का है। इन दोनों के मध्य कभी हुए थे। इनका रचित ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' है। इसमें १८ अध्याय हैं, जिनमें पाटी गणित, क्षेत्र व्यवहार तथा बीज गणित भी सम्मिलित है। प्रथम आर्यभट्ट के सिद्धान्तों में इन्होंने कई संशोधन किये। इस ग्रन्थ की परम्परा को बाद के अनेक ज्योतिषियों ने अपनाया। इसी कारण इनका ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इनके जीवन के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है, परन्तु इनकी अपूर्व विद्वता तथा महान पाण्डित्य इनके अनुपम ग्रन्थ से ही ज्ञात हो जाता है। दोनों ही आर्यभट्ट ज्योतिष के महान् विद्वान थे और इसी कारण भारत ने अपने उपग्रह का नाम इनके नाम पर रखा। ये दोनों विद्वान् महान गणितज्ञ थे और आधुनिक वैज्ञानिक उपग्रह प्रणाली आदि उन्हीं के द्वारा बताये गणित को और आगे बढ़ाते हुए आज की उच्च अवस्था तक पहुंची है।

हमने अपनी अनुसंधान संस्था का नामकरण इन्हीं विभूतियों के नाम पर किया है और आशा करते हैं कि इनके आशीर्वाद से हम ज्योतिष विद्या में नई-नई बातों का शोध व आविष्कार करने में सफलता प्राप्त करेंगे और इनके नाम के अनुसार प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। हम ज्योतिष-प्रेमियों से पूर्ण सहयोग की आशा करते हैं और अनुरोध करते हैं कि आप अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

-लक्ष्मी नारायण शर्मा
बी.ए. प्रभाकर, साहित्यरत्न
ज्योतिष वाचस्पति

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

बुध और शुक्र को विलक्षण संस्कार से स्पष्ट करना बताया है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य इन्होंने
Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

एक और प्रयास ज्योतिष सेवा के निमित्त

आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना श्री धर्मपाल जी अग्रवाल के विशेष परिश्रम तथा सहयोग से ही सम्भव हो सकी है। श्री धर्मपाल जी मै. धर्मसन प्रकाशन के वरिष्ठ भागीदार हैं। धर्मसन प्रकाशन गत २०-२२ वर्षों से कतिपय श्रेष्ठ पंचांगों का उच्चस्तर का प्रकाशन करता आ रहा है। विभाजन से पूर्व लाहौर में इनके पूज्य पिताजी की प्रकाशन संस्था मै. मेहरचन्द एण्ड सन्स भी तत्कालीन उच्च-कोटि के हिन्दी, श्री विश्व मार्तण्ड पंचांग तथा उर्दू मेहर आलम आदि जन्त्रियों के प्रकाशक थे। पैतृक व्यवसाय होने के कारण पंचांग प्रकाशन कार्य इनको रक्त में ही उत्तराधिकार स्वरूप मिला। आप अब तक ५० वर्ष का व्यक्तिगत अनुभव भी अर्जित कर चुके हैं।

श्री मार्तण्ड परिवार के उर्दू, पंजाबी, हिन्दी भाषा में प्रकाशित श्री मार्तण्ड आलम जन्त्री (मेहर आलम जन्त्री), शिरोमणि तिथि प्रत्रिका और श्री बटुक पंचांग आदि विभाजन पूर्व श्री मेहरचन्द एण्ड सन्स लाहौर के द्वारा प्रकाशित होते रहे हैं। और आजकल सं. २०४२ से धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं। उपरोक्त पंचांग व जन्त्रियों के प्रकाशन स्तर में गत ४ वर्षों में ही अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सं. २०३३ से श्री विश्वविजय पंचाग का प्रकाशन भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा आरम्भ किया गया और सं. २०४१ तक यह पंचांग इसी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित किया जाता रहा। इन वर्षों में इस पंचांग की लोक प्रियता में जो गुणात्मक वृद्धि हुई उसका श्रेय अधिकांश में इसकी सुचारू प्रकाशन व्यवस्था को ही है। धर्मसन प्रकाशन इस वर्ष से (श्री प्रेमपाल कौशिक जी का) राजधानी पंचांग भी प्रकाशित कर रहा है, गत ४-५ वर्षों से पं. जीयालाल जी के असली पंचांग तथा मशहूर आम जन्त्री हिन्दी, उर्दू और सं. २०३६ (सन् १९७९) से लाहौर के प्रसद्धि पं. देवीदयाल जी के पंचांग दिवाकर, मुफीद आलम जन्त्री हिन्दी, उर्दू प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा उत्तरी भारत के अधिकांश प्रमुख पंचांग भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित होते हैं।

आजकल पंचांग तो काफी संख्या में प्रकाशित हो रहे हैं परन्तु अच्छे स्तर के पंचांगों की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है। इनमें भी दिल्ली के अक्षांश पर आधारित पंचांग तो एकाध ही हैं। कुछ समय पहिले तक ज्योतिष के शास्त्रोक्त ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही उपलब्ध थे और भाषा टीका सहित पुस्तकों की भाषा भी संस्कृत निष्ठ कठिन भाषा ही रहती थी। अभी गत कुछ वर्षों से ज्योतिष शास्त्र पर हिन्दी में पुस्तकों का प्रकाशन आरम्भ हुआ है। जिनके द्वारा सर्वसाधारण में भी ज्योतिष के गूढ़ तत्वों के ज्ञान का प्रचार हुआ है। परन्तु अधिकांश पंचांगों में अभी तक बहुत से विषयों की जानकारी केवल संस्कृत भाषा में अथवा संस्कृत निष्ठ क्लिष्ठ हिन्दी में दी जाती है। इस कारण हिन्दी जानने वाले ज्योतिष प्रेमीजन तो उसे समझ ही नहीं पाते, बहुत से पंडित और ज्योतिषी भी कठिनाई का अनुभव करते हैं। संस्कृत देवभाषा है और हमारा बहुत सा ज्ञान भण्डार इस भाषा में संचित है इसमें कोई भी संदेह नहीं। परन्तु खेद है कि इस भाषा को पढ़ने व जानने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्राचीन संचित ज्ञान भण्डार को सरल सुबोध भाषा में वर्तमान परिपेक्ष्य में हिन्दी भाषी जनता को उपलब्ध कराया जाय। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन आरम्भ किया गया है।

इस पंचांग के सम्पादक पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न ज्योतिष वाचस्पति की ज्योतिष प्रथमा, गणित ज्योतिष प्रथमा गणित, फलित, अंक ज्योतिष, हाथ की रेखाएं, स्वरोदय शिक्षा, राजयोग शिक्षा, मंत्र-तन्त्र साधना और तंत्र विद्या नाम से पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। सौ साल के पंचांग **'शतक मार्तण्ड'** का सम्पादन भी किया है। ज्योतिष प्रेमी सज्ञनों ने उनकी सरल सुबोध भाषा तथा विषय प्रतिपादन शैली की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। इस पंचांग के पाठकों को उनके अध्ययन अनुभव भाषा व शैली का दिग्दर्शन स्थान-२ पर प्राप्त होगा।

श्री आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन कार्य श्री आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र के अन्तर्गत प्रकाशन कार्य के अनुभवी श्री धर्मपाल जी के निर्देशन में ही किया गया है। आशा है ज्योतिष प्रेमी सज्ञन इसके मुद्रण औ साज सज्ञा को सन्तोष जनक पायेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी वर्षों में और भी अधिक उपयोगी सामग्री सम्मिलित करें और पंचांग का स्तर उत्तरोत्तर उत्तम बनाया जाये। इस विषय में आपके सुझाव आमन्त्रित हैं। पंचांग का अभी शैशव काल है। त्रुटियों का रहना स्वाभाविक है। आशा है विद्वज्ञन त्रुटियों को क्षमा करते हुए इन्हें प्रोत्साहित करेंगे ताकि ज्योतिष प्रेमी जनता की वृहत्तर सेवा कर सकें।

आर.एन. पाण्डे
दिल्ली

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्रतोत्सव, अवकाश दिन तथा वर्गीकृत त्यौहारादि सं. २०५५ विक्रमी शाके १९२० सन् १९९८-९९ ई.

गुड़ी पड़वा, वर्षारम्भ, गौतम ज.	२८ मार्च
श्री झूलेलाल जयंती	२९ "
गणगौर पूजा, मत्स्य जयंती	३० "
सौभाग्य तृतीया व्रत	३० "
हयव्रत ५, बैंकों की लेखाबंदी	१ अप्रै.
स्कन्द ६, मेला माईसरखाना	२ "
दुर्गा ८, मेला मनसा देवी	३ "
श्री रामजन्मोत्सव व्रत	५ "
कामदा एकादशी व्रत, हज्ज	७ "
ईद-उल-जुहा (बकरीद)	८ "
श्रीमहावीर जयंती, प्रदोष	९ "
गुड फ्राईडे, मेला देवबन्द (उ.प्र.)	१० "
चैत्री पूर्णिमा, हनुमान जयंती	११ "
मेषादि, वैशाखी, कुंभ पर्व	१४ "
डा. अम्बेडकर जयंती	१४ "
बिगुबिहू, विशु	१५ "
वरूथिनी ११ व्रत	२२-२३ "
बाबू कुंअरसिंह जयंती	२३ "
श्री बल्लभाचार्य जयंती	२३ "
प्रदोष व्रत	२४ "
श्री शुकदेव जयंती	२६ "
देव दामोदर तिथि	२७ "
गुरु अनंगदेव जयंती	२७ "
परशुराम जयंती	२८ "
अक्षया तृतीया, विनायक ४	२९ "
आद्य शंकराचार्य जयंती	३० "
श्रीरामानुजाचार्य जयंती	१ मई
मजदूर दिवस (मई डे)	१ "
श्री गंगा सप्तमी पूजन	२ "
दुर्गा ८, बगलामुखी जयंती	३ "
श्री जानकी जयंती वैष्णव मत	४ "
टैगोर जयंती, मोहनी ११ व्रत	७ "
मुहर्रम (ताजिया)	७ "
प्रदोष व्रत, राधा द्वादशी	८ "
श्री नृसिंह जयंती	९ "
छिन्नमस्ता ज., कूर्म जयंती	१० "
बुद्ध पूर्णिमा, गंगास्नान	११ "
श्री नारद जयंती, वीणा दान	१२ "

वृष संक्रा., श्री मां आनंदमयी ज.	१४ मई
कालाष्टमी, मे. चनानी माताजी	१९ "
अपरा एकादशी व्रत	२२ "
शनि प्रदोष व्रत	२३ "
वट सावित्री व्रतारंभ	२३ "
सोमवती अमावस्या	२५ "
वटसावित्री व्रत समा., बड़ पूजन	२५ "
करवीर व्रत	२६ "
पं. जवाहरलाल पुण्य तिथि	२७ "
रम्भा तीज व्रत	२८ "
श्री प्रताप ज., मेला हल्दीघाटी	२८ "
श्रुति पंचमी (जैन)	३० "
अरण्य ६, विन्ध्यवासिनी पूजा	३१ "
दुर्गाष्टमी, धूमावती जयंती	२ जून
श्री माहेश्वरी नवमी	३ "
गंगादशहरा मेला (हरिद्वार)	४ "
निर्जला ११ व्रत	५ "
चम्पक द्वादशी	६ "
प्रदोष व्रत	७ "
वट सावित्री व्रत (गुजरात) प्रा.	८ "
कबीर ज., वट सावित्री व्रत पूर्ण	१० "
गुरु हरगोबिन्द जयंती	११ "
चेहल्लुम	१६ "
योगिनी ११ व्रत	२० "
प्रदोष व्रत	२१ "
पितृकार्याऽमावस्या	२३ "
शहादते इमाम हसन	२४ "
जगदीश रथयात्रा (उड़ीसा)	२६ "
स्कन्द पंचमी, कुमार षष्ठी व्रत	२९ "
विवस्त सप्तमी	३० "
दुर्गाष्टमी, खरसी पूजा (त्रिपुरा)	२ जुला.
भड्डली ९, मेला क्षीर भवानी	३ "
देवशयनी ११ व्रत	५ "
प्रदोष व्रत, ईद-ए-मिलाद	७ "
चौमासी चौदश	८ "
गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा	९ "
नाग पंचमी (बंगाल व मरु.)	१४ "
मनसा पूजा (बंगाल)	१६ "

कामिका ११ व्रत	१९ जुला.
भौम प्रदोष, केर पूजा (त्रिपुरा)	२१ "
हरियाली अमा., तिलक जयंती	२३ "
नक्त व्रत प्रारंभ	२४ "
हरियाली तीज, सिंधारा	२६ "
वरद् चतुर्थी व्रत	२७ "
नागपंचमी देशाचारे	२८ "
गो. तुलसीदास ज., शीतला ७	३० "
दुर्गाष्टमी, मेला नयनादेवी	३१ "
तिलक पुण्य दिवस	१ अग.
पुत्रदा एकादशी व्रत	४ "
प्रदोष व्रत, ग्यारहवीं शरीफ	५ "
सत्य व्रत पूर्णिमा	७ "
रक्षाबन्धन (राखी)	८ "
कज्जली ३, सातुड़ी तीज	१० "
बहुला ४ व्रत	११ "
रक्षा पंचमी, चन्द्र षष्ठी व्रत	१२ "
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत स्मार्त	१४ "
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत वैष्णव	१५ "
स्वतन्त्रता दिवस	१५ "
गोगा नवमी	१६ "
अजा एकादशी व्रत	१८ "
बीछ बारस बत्स द्वादशी	१९ "
प्रदोष, जैन पर्युषण प्रा.	१९ "
अघोरा चौदश	२० "
पिठोरी अमा. पितृकार्याऽमावस्या	२१ "
मे. सुथरेशाह दिल्ली, पारसी नववर्ष	२२ "
नक्त व्रत समाप्त, वीर जन्मोत्सव	२३ "
मेला रुणीचा (जैसलमेर)	२४ "
हरितालिका ३ व्रत, वराह जयंती	२५ "
गणेश चतुर्थी, पत्थर ४ व्रत	२६ "
ऋषि पंचमी व्रत, जैन संवत्सरी	२७ "
सूर्य षष्ठी, बलदेव छठ	२८ "
मुक्ताभरण, सन्तान सप्तमी	२९ "
राधाष्टमी, दधीचि जयंती	३० "
श्रीचन्द्र नवमी, (उदासीन सम्प्र.)	३१ "
मेला रामदेव (जैसलमेर)	१ सित.
पद्मा ११ व्रत स्मार्त, वैष्णव	२ "

जलझूलनी मेला चार भुजानाथ	२ सितं.
वामन द्वादशी, भुवनेश्वरी ज.	३ "
प्रदोष व्रत, ओणम पर्व	४ "
अनन्त १४ व्रत	५ "
सत्यव्रत, पौष्ठपदी पूर्णिमा	६ "
विश्व साक्षरता दिवस	८ "
विनोबा भावे जन्म दिन	११ "
मातृ नवमी	१४ "
इन्जीनियर्स दिवस	१५ "
इन्दिरा ११ व्रत, कन्या संक्रान्ति	१६ "
विश्वकर्मा पूजा	१७ "
प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि	१८ "
सर्वपितृश्राद्ध व अमावस्या	२० "
नवरात्रा प्रा., अग्रसेन जयंती	२१ "
उपांगललिता पंचमी व्रत	२५ "
महाष्टमी, भद्रकाली जयन्ती	२९ "
महानवमी, शस्त्र पूजा, नवरात्र पूर्ण	३० "
अर्धवार्षिक लेखाबन्दी	३० "
विजया १०, मेला दशहरा	१ अक्टू.
महात्मा गांधी, शास्त्री जयंती	२ "
पापांकुशा ११ व्रत, भरत मिलाप	२ "
कोजागरी व्रत, शरद् पूर्णिमा	५ "
बाल्मीकि जयंती, सत्यव्रत	५ "
करक चतुर्थी व्रत	८ "
पद्म प्रभु जयंती जैन	१० "
अहोई अष्टमी, कालाष्टमी	१२ "
रमा ११ व्रत, गोवत्स पूजा	१६ "
शनि प्रदोष व्रत, धन त्रयोदशी	१७ "
नरक चतुर्दशी, रूप १४	१८ "
दीपावली, लक्ष्मी पूजन	१९ "
अन्नकूट, गोवर्धन पूजा	२० "
भैया दूज, विश्वकर्मा जयंती	२२ "
सौभाग्य पंचमी, ज्ञान पंचमी	२५ "
सूर्य षष्ठी, डाला छठ (बिहार)	२६ "
गोपाष्टमी, बुधाष्टमी	२८ "
अक्षय नवमी, कुष्माण्ड नवमी	२९ "
देव प्रबोधिनी एकादशी व्रत	३१ "
सोम प्रदोष, वैकुण्ठ १४ व्रत	२ नव.

सत्य व्रत, चौमासी चौदश	३ नवं.
कार्तिकी १५, गुरु नानक जयंती	४ "
सौभाग्य सुन्दरी व्रत	६ "
श्री महाकाल भैरवाष्टमी	११ "
उत्पत्ति एकादशी व्रत	१४ "
बाल दिवस	१४ "
सोम प्रदोष, कन्या संक्रान्ति	१६ "
पितृकार्याऽमावस्या	१८ "
एकता दिवस, कमला जयंती	१९ "
गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस	२४ "
स्कन्द षष्ठी, चम्पा षष्ठी	२५ "
मित्र सप्तमी, नरसी मेहता ज.	२६ "
मोक्षदा ११ व्रत, मौनी एकादशी	३० "
व्यजन द्वादशी, प्रदोष व्रत	१ दिस.
सत्यव्रत पूर्णिमा, अन्नपूर्णा ज.	३ "
श्रीदत्तात्रेय जयंती	३ "
शब-ए-बरात	४ "
कालाष्टमी, अष्टका श्राद्ध	११ "
श्री पार्श्वनाथ जयंती	१३ "
सफला एकादशी व्रत	१४ "
प्रदोष व्रत, चन्द्रप्रभु जयंती	१६ "
वकुला अमावस्या (उड़ीसा)	१८ "
श्री गुरु गोविन्दसिंह जयंती	२५ "
क्रिसमस डे (बड़ा दिन)	२५ "
पुत्रदा ११ व्रत	२९ "
प्रदोष व्रत	३० "
सन् १९९९ ई.	
ईसाई नववर्ष प्रा., सत्यव्रत	१ जन.
पौषी पूर्णिमा, शाकम्भरी जय.	२ "
संकष्ट गणेश ४ व्रत	५ "
स्वा. विवेकानन्द, रामानन्दाचार्य ज.	८ "
शाहादते हजरत अली	१० "
लोहड़ी उत्सव (पंजाब)	१३ "
षट्तिला एकादशी व्रत	१३ "
मकर संक्रान्ति, पौंगल	१४ "
प्रदोष व्रत, मेरु त्रयोदशी	१५ "
जुमातुल विदा, मास शिवरात्रि	१५ "
मौनी अमावस्या, मेला हरिद्वार	१७ "

ईदुलफितर (ईद)	२० जन.
तिल चतुर्थी, कुन्द ४, वरद चतुर्थी	२१ "
बसन्त पंचमी, सरस्वती पूजन	२२ "
सुभाषचन्द्र बोस जयंती	२३ "
भानु सप्तमी, रथ सप्तमी	२४ "
महानन्दा नवमी, गणतंत्र दिवस	२६ "
जया एकादशी व्रत	२७-२८ "
लाला लाजपतराय जयंती	२८ "
गुरु हरराय जयन्ती, प्रदोष व्रत	२९ "
महात्मा गांधी पुण्य दिवस	३० "
माघी पूर्णिमा, सत्य व्रत	३१ "
गुरु रविदास जयंती	३१ "
दस्तकार दिवस	२ फर.
१७	६।४७	८।१६	९।४०	११।१६	१३।११	१५।२३	१७।४३	२०। १	२२।१८	०।३८	२।५६	४।५९
१८	६।४३	८।१२	९।३६	११।१२	१३। ७	१५।१९	१७।३९	१९।५७	२२।१४	०।३४	२।५२	४।५५
१९	६।३९	८। ८	९।३२	११। ८	१३। ३	१५।१५	१७।३५	१९।५३	२२।१०	०।३०	२।४८	४।५१
२०	६।३४	८। ३	९।२७	११। ३	१२।५८	१५।१०	१७।३०	१९।४८	२२। ५	०।२५	२।४३	४।४६
२१	६।३०	७।५९	९।२३	१०।५९	१२।५४	१५। ६	१७।२६	१९।४४	२२। १	०।२१	२।३९	४।४२
२२	६।२६	७।५५	९।१९	१०।५५	१२।५०	१५। २	१७।२२	१९।४०	२१।५७	०।१७	२।३५	४।३८
२३	६।२२	७।५१	९।१५	१०।५१	१२।४६	१४।५८	१७।१८	१९।३६	२१।५३	०।१३	२।३१	४।३४
२४	६।१८	७।४७	९।११	१०।४७	१२।४२	१४।५४	१७।१४	१९।३२	२१।४९	०। ९	२।२७	४।३०
२५	६।१४	७।४३	९। ७	१०।४३	१२।३८	१४।५०	१७।१०	१९।२८	२१।४५	०। ५	२।२३	४।२६
२६	६।११	७।४०	९। ४	१०।४०	१२।३५	१४।४७	१७। ७	१९।२५	२१।४२	०। ३	२।२०	४।२३
२७	६। ७	७।३६	९। १	१०।३६	१२।३१	१४।४३	१७। ३	१९।२१	२१।३८	२३।५८	२।१६	४।१९
२८	६। ३	७।३२	८।५६	१०।३२	१२।२७	१४।३९	१६।५९	१९।१७	२१।३४	२३।५४	२।१२	४।१५

ऊपर दिया गया समय प्रत्येक मास में प्रत्येक तारीख में प्रत्येक लग्न के समाप्त होने का समय भारतीय स्टैण्डर्ड समय में घण्टा मिनटों में दिया गया है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ जन्म समय आदि विचार

ज्योतिष शास्त्र वेदों का मुख्य अंग है और षटशास्त्रों में सर्वोत्तम शास्त्र माना गया है। प्राचीन काल से लेकर आज के आधुनिक जैट व कम्प्यूटर युग तक इसकी महत्ता सदा मानी जाती रही है। इसका कारण यही है कि यह प्रत्यक्ष फल बतलाता है। चन्द्र ग्रहण, सर्य ग्रहण का समय, सूर्योदय, चद्रोदय का प्रत्येक स्थान, अक्षांश का समय, ऋतु परिवर्तन आदि अनेक विषय हैं जिनका गणित द्वारा निर्णय इस शास्त्र द्वारा ठीक-ठीक किया जाता है। ऐसा और कोई शास्त्र नहीं है जो भूत, भविष्य, वर्तमान तीनों कालों की बातों को ठीक-ठीक बतला सके। इसीलिये हमारी संस्कृति में इस शास्त्र को सब से ऊँचा स्थान दिया गया है। वेदों के समय से ही यह परम्परा रही कि चाहे सभी वेदों और अन्य शास्त्रों को पढ़ लेने पर जब तक ज्योतिष शास्त्र में पारगत नहीं होता था उसकी विद्या और ज्ञान अधूरा समझा जाता था । ज्योतिष शास्त्र के द्वारा सही भविष्य ज्ञात करने के लिये आवश्यक होता है कि जन्म का ठीक समय ज्ञात हो। आजकल छोटे-छोटे गांवों तक और साधारण से साधारण व्यक्ति के पास घड़ी उपलब्ध है और जन्म का ठीक समय जानना उतना कठिन नहीं रह गया है जितना अब से कुछ समय पहले हुआ करता था। फिर भी बहुत सी ऐसी परिस्थितियां होती हैं जब जन्म का ठीक समय नोट नहीं हो पाता था ज्योतिषी के पास पुरानी पत्री बनने को आती है। और बनवाने वाला लगभग समय बतालाता है। इस कारण ज्योतिष शास्त्र में बहुत सी ऐसी बातें बताई गई हैं जिनकी सहायता से ठीक लग्न का निर्णय करने में सहायता मिलती है। दिन-रात के चौबीस घंटों में बारह लग्न क्षितिज पर निकल जाते हैं और एक लग्न लगभग दो घंटे होता है।कोई लग्न दो घंटे से कुछ कम कोई दो घंटे से कुछ ज्यादा। वर्ष भर की दैनिक लग्न सारणी दिल्ली नगर की पंचांग में दे दी गई है और इस की सहायता से अन्य नगरों में प्रत्येक लग्न का आरम्भ व समाप्ति काल निकालना भी बता दिया गया है। मान लो कोई व्यक्ति आपको बताता है कि बालक का जन्म रात में दिन निकलने से २-३ घंटे पहले हुआ था तो इसी अवस्था में आपको २ या ३ लग्नों में से एक लग्न का निर्णय करना पड़ेगा। तब जिस लग्न की बातें सबसे अधिक मिलें वही सही लग्न समझना चाहिये। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि घड़ी में ठीक समय देख कर ही जन्म समय नोट किया है। परन्तु घड़ी कुछ धीमी-तेज गति से चलने के कारण थोड़ा-बहुत गलत समय भी बता सकती है और संयोग से जन्म समय के आस-पास ही लग्न का समाप्ति काल भी हो तो उस समय भी सही लग्न का निर्णय करने में निम्न जानकारी बहुत सहायक होती है। मान लो १२ नवम्बर रात के २-१५ का जन्म है और उस तारीख को सिंह लग्न २-२० पर समाप्त हो रही हो तो सिंह और कन्या दोनों लग्नों की विशेषताओं पर विचार करके ही आप को निर्णय करना पडेगा।

पितृ परोक्ष ज्ञान—सब से पहले आप पता कीजिये कि बालक के जन्म समय पिता घर पर था या नहीं। घर से यहां तात्पर्य जन्म स्थान से है। जन्म यदि किसी अस्पताल, नर्सिंग होम में हुआ हो तो उस स्थान से है। लग्न पर चन्द्रमा की पूर्ण या अपूर्ण (एक पाद, दो पाद आदि) दृष्टि है तो पिता घर पर ही होना चाहिये। सूर्य आठवां, नौवां, ग्यारहवां या बारहवां है (लग्न से) तो पिता घर पर नहीं होता। लग्न से ८वां, ९वां, ११वें, १२वें भाव में जिस में सूर्य पडा हो वह राशि यदि चर राशि है तो पिता दूसरे देश में होना चाहिये। सूर्य इन भावों में स्थिर राशि का हो तो देश में ही होना चाहिये। सूर्य ८, ९, ११, १२वें में से किसी भी भाव में हो और सूर्य की राशि द्विस्वाभाव राशि हो तो पिता घर की ओर मार्ग में होता है। इन सभी योगों में लग्न पर चन्द्रमा की दृष्टि हो तो पिता घर में ही होता है बाहर नहीं। शनि लग्न में हो या मंगल सातवें स्थान में हो, या बुध-शुक्र चन्द्रमा से दूसरे या बारहवें स्थान में हो अर्थात् बुध-शुक्र में से कोई एक-दूसरे में हो, दूसरा बारहवें स्थान में हो, तो भी पिता को घर पर न होना ही ज्ञात होता है। बुध-शुक्र के इस योग में अंशों से भी विचार होता है। चाहे तीनों एक ही राशि में हों या दो राशियों में परन्तु एक के अंश चन्द्रमा से कम दूसरे के अधिक हों तो भी चन्द्रमा दोनों के मध्य ही समझा जाता है। जैसे चन्द्रमा के किसी राशि में १५ अंश, बुध के ८ अंश और शुक्र के २५ अंश हों तो यह कर्तरी योग बन जाता है।

चिन्ह ज्ञान— बहुधा बालक के शरीर पर आये चिन्ह तिल, भोंरी, लहसन, मसा आदि से भी लग्न का निर्णय करने में सहायता मिलती है। जन्म कुण्डली में लग्न से १, ५, ६, या ९वें स्थान में सूर्य हो तो भुजा में कोई चिन्ह होता है। यदि लग्न में सूर्य और शनि दोनों हों, दूसरे भाव में मंगल और केन्द्र (१, ४, ७, १०) में चन्द्रमा हो तो बालक की छः उँगलियां होती हैं। जो ग्रह बलवान होता है उसी के अनुसार चिन्ह भी आते हैं। सूर्य सिर में, मस्तक पर, चन्द्रमा मुख, मंगल गले में, बुध छाती में, गुरु नाभि व पेट पर, शुक्र पीठ व जांघ पर, शनि, राहु, केतु पेट, होंठ, दांतों पर चिन्ह पैदा करते हैं। सप्तम भाव में गुरु या लग्न में राहु व गुरु दोनों हों और अष्टम में पाप ग्रह शनि, मंगल, राहु आदि हों, या लग्न में शुक्र तथा अष्टम में पाप ग्रह हों तो बांई भुजा पर तिल, मसा, लहसन आदि का चिन्ह होता है। लग्न से ३।६ या ११वें स्थानों में मंगल हो या बारहवें भाव में मंगल-शुक्र दोनों हों तो बांई बगल में तिल आदि चिन्ह होता है। लग्न में शुक्र और सातवें राहु हो तो माथे पर या बांये कान पर चिन्ह होता है। लग्न में मंगल हो, ५।६ स्थानों में शनि हो और ११।१२ में शुक्र हो तो गुदा या लिंग (योनि) के समीप तिल आदि चिन्ह होता है। ५ या ६ठे स्थान में शनि हो, ८वां बुध या लग्न में गुरु और ४था शनि हो तो पेट पर चिन्ह होता है। दूसरा शुक्र, तीसरा मंगल या आठवां सूर्य कमर पर चिन्ह लाता है। चौथा शुक्र या राहु, लग्न में मंगल या शनि बांये पैर पर १२वां गुरु, दूसरा चन्द्रमा, ३, ६, ११वां बुध गुदा के समीप गोल चिन्ह या व्रण आदि उत्पन्न करता है। छठे भाव का स्वामी ग्रह पाप ग्रहों के साथ लग्न या सातवें घर में हो तो शरीर में फोड़े-फुंसी होते हैं। लग्न में मंगल, सप्तम में गुरु या शुक्र हो तो सिर में चोट या फोड़ा-फुंसी का चिन्ह हो सकता है। लग्न में मंगल, शुक्र, चन्द्रमा साथ हो तो दूसरे या छठे वर्ष में सिर में चिन्ह होने की आशंका होती है। मंगल चन्द्र से व्रण और शुक्र चन्द्र से तिल होते हैं।

अन्तरिक्ष जन्म ज्ञान— बालक का जन्म भूमि पर हुआ है या ऊँचे स्थान पर हुआ है? मकान की पहली मंजिल भूमि और दूसरी तथा ऊपर की मंजिलों को अंतरिक्ष कहा जाता है। जन्म लग्न मिथुन, कन्या, धनु या मीन हों तो अन्तरिक्ष या ऊँचे स्थान पर जन्म समझना।

बालक का रोदन ज्ञान—जन्म समय मेष, मिथुन, सिंह, धनु लग्न हों तो बालक ने पैदा होते ही जल्दी रोना आरम्भ कर दिया ऐसा जानना। कन्या, तुला, कुम्भ लग्न हो तो बालक धीरे मन्द स्वर में रोया, अन्य लग्नों में बालक देर से रोया हो ऐसा जानना चाहिये। आप जानते हैं कि जन्म कुंडली में दो कुंडली बनती हैं, एक लग्न कुंडली दूसरी राशि कुंडली। इन में जौन सी ज्यादा बलवान हो उसी का फल कहना चाहिये। लग्न बलवान हो तो लग्न के अनुसार और राशि बलवान हो तो राशि के अनुसार फल कहना चाहिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

लग्नेश लग्न को देखता हो लग्नेश स्वग्रही उच्च मित्र क्षेत्री हो, लग्न को शुभ ग्रह देखता हो तो लग्न बलवान होती है इसी प्रकार राशि भी बलवान होती है।

उपसूतिका ज्ञान—प्रसव के समय मुख्य डाक्टर या डाक्टरनी के अतिरिक्त कितनी नर्सें या अन्य स्त्रियां उस समय उपस्थित थीं इसका ज्ञान करने के लिये यह देखना चाहिये कि लग्न में या लग्नेश के साथ और इनके यानी लग्न के व लग्नेश के दूसरे व १२वें स्थान में जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिकायें जाननी चाहिये। अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य जितने ग्रह हों उतनी संख्या जानना चाहिये। लग्न से सप्तम स्थान तक अदृश्य और सप्तम से लग्न तक दृश्य होता है। अतएव सप्तम से लग्न तक जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिकायें प्रसूतिका माता के पास और लग्न से सप्तम तक जितने ग्रह हों उतनी घर के बाहर होती है। अस्पतालों में जिस कमरे में प्रसव हो उसे मुख्य घर समझना चाहिये। उस कमरे में प्रसव समय पर उपस्थित नर्सें आदि प्रथम कोटि में और जो बाहर आ जा रही हों वह दूसरी कोटि में समझनी चाहिये। गावों में जहाँ प्रसव घर हों वहां आस-पडौस की स्त्रियों की गिनती भी साथ ही की जाती है। उपसूतिकाओं के वर्ण, जाति, आयु का विचार ग्रहों के अनुसार ही करना। उच्च तथा वक्री ग्रहों की संख्या को ३ से गुणा कर के तथा स्वराशि स्वनवांश, स्वद्रेष्काण के ग्रहों को दुगना करके और नीच तथा अस्त ग्रहों की संख्या को आधा करके संख्या ज्ञात करनी होती है।

शिर पाद प्रसव ज्ञान—बच्चे का जन्म सिर से हुआ है या पैर से इसको जानने के लिये देखो कि यदि ३।५।६।७।८।११ राशियों में या इन राशियों के नवांश में जन्म हुआ है तो सिर से प्रसव जानना। यह शीर्षोदय राशियां हैं। इनके अतिरिक्त अन्य १।२।४।६।१० ।१२ पृष्ठोदय राशियां हैं। इनमें या इनके नवांश में जन्म हो तो पैरों से प्रसव जानना। मीन राशि में या मीन के नवांश में जन्म हाथों से होता है। यानी पहले हाथ बाहर आते हैं। पैर पहले बाहर आयें तो पैरों से प्रसव और सिर पहले आये तो सिर से प्रसव कहा जाता है।

सूतिका ग्रह द्वार ज्ञान—सूतिका ग्रह या अस्पताल, नर्सिंग होम आदि के उस कमरे का जिसमें प्रसव हुआ हो द्वार किस दिशा की ओर है इसके ज्ञान के लिए देखो कि केन्द्र में स्थित ग्रह की दिशा कौन सी है। यदि केन्द्र में कई ग्रह हों तो सबसे बलवान ग्रह की दिशा के अनुसार और कोई ग्रह केन्द्र में नहीं हो तो लग्न की राशि की दिशा बताना चहिये।

पुरुष शरीर में सूर्यादि ग्रहों का अधिकार—सिर व मुख प्रदेश में सूर्य का, छाती गले में चन्द्रमा का, पीठ, पेट में मंगल का, हाथ व पैरों में बुध का, कमर व जांघ में गुरु (बृहस्पति) का, जननेन्द्रिय व वृष्णों में शुक्र का, घटने (जानु), पेड़ (ऊरु) में शनि का अधिकार होता है। जन्म समय, प्रश्न समय गोचर में जब-जब यह ग्रह अनिष्ट कारक होते हैं तब-तब अपने अधिकार प्रदेश के अंगों को ही कष्ट पहुंचाते हैं।

मेषादि राशियों का अंग विभाग—मेष राशि का स्थान सिर में, वृष का मुख, मिथुन दोनों भुजायें, कर्क हृदय प्रदेश, सिंह उदर, कन्या कमर, तुला वस्ति (मूत्राशय), वृश्चिक जननेन्द्रियां, धनु दोनों जंघायें, मकर दोनों घुटने, कुम्भ दोनों पिंडलियां और मीन राशि से दोनों पैरों (पादों) का विचार किया जाता है। इसी प्रकार प्रथम भाव लग्न से सिर, दूसरे भाव से मुख, तीसरे से भुजा, चौथे से हृदय, पांचवे से पेट, छठे से कमर, सातवें से बस्ति, आठवें से गुह्येन्द्रिय, नवम से ऊरु, दशम से जानु, ग्यारहवें से जंघा और बारहवें भाव से पैरों का विचार करते हैं। उपरोक्त बारह राशियों अथवा बारह भावों में शुभ-अशुभ ग्रहों की स्थिति दृष्टि आदि से तत्सम्बन्धी अंगों के स्वस्थ या पीड़ित रहने का विचार किया जाता है।

लग्नों के अनुसार प्रत्येक लग्न के अलग-२ लक्षण इस प्रकार होते हैं।

अथ प्रसूति लग्न विचार

मेष—सूतिका गृह—(वह स्थान जहाँ बच्चा पैदा होता है, अस्पताल, नर्सिंग होम, चारपाई, बैड, पलंग जिस पर घर आदि)। इमारत पुरानी, मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर, प्रसविनी माता को लिटाया गया उसका सिर पूर्व दिशा की ओर, माता ने लाल रंग के वस्त्र पहने हुए थे, प्रसव से पहले मीठा भोजन किया था। प्रसव में कष्ट अधिक हुआ, जन्म भूमि पर हुआ (यदि इमारत में कई मंजिलें हों तो सबसे नीचे की मंजिल भूमि की सतह पर समझें) प्रसव बाद बालक अधिक रोया। उपसूतिका १ या ३, बालक के मुख का रंग श्यामता पर, नेत्र भूरे, प्रकृति वात श्लेष्म, कद छोटा, शरीर मजबूत, वाणी चंचल, कष्ट वर्ष ४।११।१६।४४।५८, उपाय गौदान, तुलादान, मृत्युंजय जप आदि, आयु १०० वर्ष।

नोट—कष्ट वर्षों में शरीर कष्ट की आशंका होती है उपाय करने से कष्ट टल जाता है। चन्द्रमा पर बृहस्पति या शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आयु पूर्ण होती है। वैद्यक शास्त्र के अनुसार प्रकृति तीन प्रकार की होती है वात, पित्त, कफ। श्लेष्म कफ को ही कहते हैं।

वृष—माता का सिर दक्षिण में, सूतिक घर नया, द्वार दक्षिण में, माता ने सफेद वस्त्र पहने हुए हों और प्रसव से पहले सूखा साग आदि खाया हो, अधोमुख होकर पैरों से प्रसव, बालक ऊँचे स्वर से रोया, उपसूतिका ३ या ४, दीपक (या बत्ती लाइट) उत्तर में, बालक का रंग गोरा, स्वरूप सुन्दर, प्रकृति रक्त, पित्तकष्ट वर्ष १।२।८।३३।४४।६१, कष्ट निवारण के लिए उपाय अन्नदान, ब्राह्मण भोजन, मृत्युंजय जप आदि। उपरान्त आयु ९० वर्ष। आजकल बच्चा पेट में उल्टा या टेढ़ा हो जाता है तो आपरेशन से प्रसव करते हैं। वह इसी श्रेणी में समझना चाहिए।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में, मकान नया, द्वार पश्चिम में, माता के कपड़े पीले रंग के, प्रसव से पहले नमकीन भोजन किया हो, माता के दाहिने अंग में कोई चिन्ह, जन्म अन्तरिक्ष (छत पर) या ऊपर की मंजिलों में, सिर से प्रसव, रोना उच्च लम्बे स्वर में, उपसूतिका ३ या ५, स्तनों में दूध कम, देर से उतरे, बालक के नेत्र रोग युक्त, प्रकृति बलगमी, स्वभाव चंचल, अग्निमन्द (हाजमा मन्दा), बुद्धि विलक्षण, प्रसव से पहले माता को कुछ ज्वर आदि हुआ हो। कष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५८, उपाय शिवार्चन, मृत्युंजय जप होम आदि। उपरान्त आयु ८६ वर्ष।

कर्क—प्रसव के समय माता का सिर उत्तर में, मकान नया, मकान का या उस कमरे का जिस में प्रसव हुआ हो द्वार उत्तर में, माता ने पुराने सफेद या लाल रंग के वस्त्र पहने हुये हों, पिता क्लेश में परेशानी में हो, प्रसव कष्ट अधिक, माता ने मधुर, शीतल (मीठा ठंडा) भोजन किया हो, भूमि पर जन्म पैर से प्रसव, रोदन शब्द दीर्घ, बालक जोर से रोया, उपसूतिका ४ या ५, बालक के वामांग में चिह्न, बालक का सिर मोटा, आंखें चंचल, प्रकृति, वात, कफ, रंग गोरा, कद लम्बा, शरीर कोमल, कष्ट वर्ष ५। २५। ४०। ४८। ६२ उपाय छायापात्र, तुलादान, मृतसंजीवनी मंत्र का जप। उपरान्त आयु १०० वर्ष।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सिंह—माता का सिर पूर्व में, मकान नया, द्वार पूर्व को, माता के वस्त्र लाल या चित्र-विचित्र भोजन के साथ शाक-भाजी व खट्टी चीज खाई हो, भूमि पर जन्म, रोदन स्वर दीर्घ, उपसूतिका ३ या ५, बालक की पीठ पर चिन्ह, केश घने, नाक लम्बी, कद छोटा, शरीर कोमल, रंग गोरा, हठीला, चंचल, क्रूर स्वभाव, प्रकृति कफ, पित्त। कष्ट कारक वर्ष ५।१३।२८।३६।४८, उपाय सूर्य पूजन, आदित्य हृदय का पाठ, अपूपान्न दान (मीठे माल पूये आदि) उपरान्त आयु ८३ वर्ष।

कन्या—माता का सिर उत्तर, प्रसव स्थान घर के दक्षिण भाग में, पिता घर से बाहर गया हो, छत पर ऊँची जगह पर जन्म, बालक कम रोया, उपसूतिका ४ या ५, भुजा में साधारण भूषण, बालक का रंग गोरा, गले व जांघ में चिन्ह, कष्ट कारक वर्ष ४।१६।२३।३६।५५, उपाय मुदगान्न दान, गोदान, मृत्युंजय जप, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

तुला—माता क सिर पश्चिम में, मकान कुछ नया, प्रसूतिका गृह पश्चिम भाग में, माता के बाल साधारण सफेद, प्रसव कष्ट ज्यादा, पिता क्लेश-परेशानी में, माता ने प्रसव से पहले कुछ खा कर ठंडा पानी पिया हो, घर में कुछ लड़ाई-झगड़ा हुआ हो, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज धीमी, उपसूतिका ३ या ५, वहां एक कन्या भी हो, दीपक हाथ में उठाया हो या लाइट बल्ब ऊंचा लटका हो, बालक का रंग जरदी पर, बदन में फोड़े-फुंसी, शरीर दुबला, कष्ट वर्ष ८।१५।३१।३५।६२।६४, उपाय गोदान, तन्दुल दान, नवग्रह पूजन, होम से शान्ति तदुपरान्त आयु ८५ वर्ष।

वृश्चिक—माता का सिर दक्षिण या उत्तर में, मकान पुराना, द्वार उत्तर में, माता के बाल लाल या जला हुआ, प्रसव कष्ट अधिक साधारण, भोजन, माता कुछ क्रोध में, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज आधी दबी हुई, उपसूतिका ४ या ५, पिता क्लेश परेशानी में, बालक के केश लम्बे, काले पीठ पर चिन्ह, गले में पीड़ा, रंग गौर, श्याम बीच का, प्रकृति रक्त-पित्त, कष्ट वर्ष ११।२८।३८।५२।६२ उपाय तुलादान, मृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

धनु—माता का सिर पूर्व दिशा की ओर, प्रसूति स्थान घर के दक्षिण भाग में, द्वार पूर्व में, मकान नया, माता के वस्त्र लाल या बसन्ती, माता ने पका हुआ भोजन करके जल पिया हो, जन्म ऊंचे स्थान पर या छत पर, रोने का स्वर काफी ऊँचा, उपसूतिका १ या ५, बालक का रंग गोरा, आकृति सुन्दर, नेत्र विशाल, सिर ऊँचा, हृदय पर चिन्ह, कष्ट वर्ष २।१०।१८।३१।३८।४२, उपाय कष्ट वर्षों के आरम्भ मे शिवार्चन, महामृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, तदुपरान्त आयु ८१ वर्ष।

मकर—माता सिर दक्षिण में, मकान पुराना, दरवाजा उत्तर या दक्षिण की ओर, प्रसूति स्थान पश्चिम भाग में, वस्त्र मैले फटे पुराने, माता ने शाक-सब्जी के साथ भोजन कर के ठंडा पानी पिया हो, भूमि पर जन्म, कुछ देर बाद बालक धीरे स्वर से रोया, उपसूतिका १ या ५, बालक के केश घने, नाक मोटी, मस्तक ऊँचा, रंग श्याम, कष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७, उपाय रुद्राभिषेक, स्वर्ण दान, तेल, माषान्न दान, छायापात्र दान, उपरान्त आयु ९५ वर्ष।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम में, मकान का अधिकांश भाग पुराना, प्रसूतिका घर दक्षिण-पश्चिम में, द्वार पूर्वोत्तर में, माता के वस्त्र कुछ काले मैले, पुराने, कम्बल ओढ़ा हो, मामूली कसैला चटपटा भोजन किया हो, पिता घर पर नहीं हो, भूमि पर जन्म के काफी देर बाद बलक थोड़ा सा रोया, उपसूतिका ३ या ४, बालक के होठ मोटे, मस्तक लम्बा, प्रकृति गर्म, कद नाटा, नेत्र में रोग, कष्ट वर्ष २।२८।३३।४८।६४, उपाय तुला दान, महिषि दान, मृत्युंजय जप उपरान्त आयु ९० वर्ष।

मीन—माता का सिर उत्तर में, मकान का कुछ हिस्सा पुराना, प्रसूति गृह उत्तर में, द्वार दक्षिण को, माता के वस्त्र मैले बसन्ती रंग के, पिता घर पर, जन्म ऊंचे स्थान पर, बालक जन्म के बाद देर से रोया, माता ने प्रसव से पहले ठण्डा जल पिया हो, उपसूतिका पहले, पीछे ३ या ५, पलंग का पाया टूटा हुआ, बालक का रंग गोरा, नाक चपटी, आँख भूरी, सिर ऊँचा, बाल कपिल, प्रकृति बलगमी, कष्ट वर्ष १।८।१३।३६।४८, उपरान्त आयु ८३ वर्ष, उपाय मोदकान्न दान, गोदान, ग्रह शान्ति मृत्युंजय जप।

प्रत्येक लग्न के—विषय में जो सूचनायें दी गई हैं वे साधारण, सामान्य रूप से ठीक मिलती हैं। परन्तु ग्रहों के अन्य योगों से उन में अन्तर भी आ सकता है। ग्रह योगों का जो प्रभाव पड़ता है उनके विषय में संक्षेप में इससे पहले विचार किया है उस पर भी ध्यान देना चाहिये। कभी-कभी ऐसा होता है कि जन्म समय के बारे में निश्चित रूप से ठीक सूचना नहीं मिलती और जो समय बताया होता है उस के आस-पास ही लग्न का आरम्भ या समाप्ति काल होता है तब उपरोक्त लक्षणों के आधार पर ही ठीक लग्न का निर्णय करना होता है। जिस लग्न के लक्षण, चिन्ह आदि अधिक मिलें वही लग्न ठीक समझनी चाहिये। इसको और स्पष्ट करने के लिये २-१ उदाहरण देकर समझाना ठीक होगा। मान लो किसी ने बताया कि १२ नवम्बर को रात के बारह बजे के आस-पास का जन्म है। लग्न सारणी में देखने पर ज्ञात हुआ कि १२ नवम्बर को १२ बज कर ३ मिनट तक कर्क लग्न है और उस के बाद सिंह लग्न है। अब आप कर्क और सिंह दोनों लग्नों के लक्षणों, चिन्हों का मिलान कीजिये और जिस लग्न की बातें ज्यादा मिलें वही लग्न निर्धारित कर दीजिये।

बालारिष्ट—जन्म लग्न में चन्द्रमा छठे, आठवें या बारहवें घर में हो और उस पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक के जीवन को संकट होता है। यदि इस प्रकार के चन्द्रमा को शुभ ग्रह देख रहे हों तो संकट टल जाता है। ६।८।१२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उन पर क्रूर ग्रहों या वक्री ग्रहों की दृष्टि हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह न हो, लग्न को या लग्नेश को कोई शुभ ग्रह नहीं देखता हो तो बालक को अल्पायु योग होता है। जिस कुण्डली में पंचम स्थान में सूर्य, मंगल व शनि तीनों हों उस बालक को, उसकी माता को, उसके भाई को, तीनों को ही कष्ट प्रदान करते हैं। १०वां शनि, ६ठा चन्द्रमा और १०वां मंगल, तीनों ग्रहों का इस प्रकार का योग भी बालक तथा माता दोनों को अपार कष्ट प्रदान करता है। लग्न में शनि, आठवां चन्द्रमा, तीसरा बृहस्पति—इस प्रकार से ग्रहों का योग हो तो वह भी बालक को महान कष्ट कारक होता है। अल्पायु योग माना जाता है। बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह हो तो कष्ट ही देता है। परन्तु सूर्य, चन्द्र, शुक्र व राहु हों तो विशेष रूप से अरिष्ट दायक होते हैं। लग्न के १२वें तथा दूसरे भाग में क्रूर ग्रह होने से अशुभ कर्तरी योग बनता है। अर्थात लग्न दुष्ट ग्रहों के बीच में आ जाने से कष्ट दायक हो जाती है। लग्न में दूसरे भाव में, छठे, आठवें, बारहवें भाव में क्रूर ग्रहों का होना अरिष्ट बताता है।

अरिष्ट भंग योग—बुध, बृहस्पति, शुक्र इन शुभ ग्रहों से कोई भी एक, दो या तीनों १।४।७।१० केन्द्र स्थानों में हों या लग्न में गुरु स्वग्रही उच्च क्षेत्री बलवान हो कर पड़ा हो या लग्नेश बलवान् हो कर केन्द्र में हो, या शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो और लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और लग्न शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

हो । इन पांचों योगों में से कोई भी एक या अधिक योग हो तो वह उपरोक्त सभी अरिष्ट योगों, अल्पायु योगों को भंग कर देता है । समाप्त कर देता है ।

माता-पिता को अरिष्ट योग—सूर्य से पिता का तथा चन्द्रमा से माता का विचार किया जाता है । सूर्य के साथ पाप ग्रह बैठे हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ गया हो या सूर्य पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो, अथवा सूर्य से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रह हों और शुभ ग्रह न हों तो पिता को कष्ट दायक होते हैं । इसी प्रकार चन्द्रमा के साथ यह अरिष्ट योग माता को कष्ट कारक होते हैं, जैसे - चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह चन्द्रमा से २।१२वें भाव में पाप ग्रह चन्द्रमा पर पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रहों की स्थिति शुभ ग्रहों की अनुपस्थिति माता को कष्ट देने वाली होती है ।

प्रसव दोष—चैत्र मास में कुतिया प्रसव करे, वैसाख में ऊँटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, आषाढ़ में गधी, श्रावण में घोड़ी, भाद्रपद में गाय, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो तो प्रसूतिका को तथा उसके स्वामी को कष्ट कारक होती है । सभी प्रकार के अरिष्ट योगों की शान्ति के लिये दान, जप, हवन, शान्ति पाठ, पुण्याहवाचन आदि अनुष्ठान करा देना चाहिये ।

त्रिखल दोष—तीन पुत्रों के बाद कन्या अथवा तीन कन्याओं के बाद पुत्र हो तो त्रिखल दोष होता है । यह माता-पिता को कष्ट कारक, धन हानि कारक होता है । इस के लिये त्रिखल शान्ति अनुष्ठान करा देना चाहिये ।

दन्तोत्पत्ति फल—बालक दांतों सहित जन्म ले तो माता-पिता को महा अरिष्ट दोष होता है । प्रथम दांत नीचे की पंक्ति में आना चाहिये, यदि ऊपर की पंक्ति में प्रथम दांत उत्पन्न हो तो मातुल पक्ष को भय दायक होता है । दांत ६ महीने से पहले आना ठीक नहीं होते । प्रथम मास में शरीर कष्ट, द्वितीय में छोटे भाई को, तीसरे में बहन को, चौथे में बड़े भाई को, पांचवें में बड़े बन्धु जनों को कष्ट कारक होते हैं । छठे में बहुत भाग्य शाली, ७वें में पिता को भाग्य वर्धक, ८वें में शरीर पुष्टि कारक, ९वें में धनवान, १० वें में सुखी ११वें में महा सुखी, १२ वें में महा धनी बनाते हैं ।

एक नक्षत्र जात फल—पिता-पुत्र, माता-पुत्र, माता-कन्या, पिता-कन्या या दो भाई एक ही नक्षत्र में जन्में तो दोनों को ही महान् कष्ट दायक माने गये हैं । नक्षत्रों में, चरण में, दया राशि में भेद हो तो कुछ कम कष्ट दायक होते हैं । अरिष्ट निवारण के लिये स्वर्ण दान, शान्ति पाठ, जप, हवन आदि कर्म अवश्य करा देना चाहिये ।

गण्डमूल के नक्षत्र

अश्विनी	अश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं । इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्ट कारक होता है । इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य, वाहनादि का स्वामी भी होता है । शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक पिता को ऐसे बालक का मुख नहीं देखना चाहिये । मूल शान्ति कराने के बाद ही दान, हवन, पूजा आदि करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखें । परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्ट दायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो । २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिये ।

जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहाँ है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है :

मूल निवास चक्र

जन्ममासानुसारेण जन्म लग्नानुसारेण मूल निवास स्थानम् फलम्	वै. ज्ये. मार्ग. फा. २ । ५ । ८ । ११ पाताले शुभम्	चै. श्रा. का. पौ. ३ । ६ । ९ । १२ भूमौ कुलनाशः	आषा. आ. माघ भा. १ । ४ । ७ । १० स्वर्गे शुभम्

नक्षत्रों के चरणों और जन्म समय के अनुसार जो फल होता है वह नीचे के चक्र में दिया है :

अथ मूला-श्लेषा—पाद फल

मूल पाद फल		अश्लेषा पाद फल		समय फल	
चरण	फल	चरण	फलम्	समय	फल
१	पितृ-नाश	१	शांति से शुभ	दिन में	पिता को भय
२	मातृ-नाश	२	धन-नाश	सन्ध्या में	स्व-शरीर भय
३	धन-नाश	३	मातृ-नाश	रात्रि	माता को भय
४	शांति से शुभ	४	पितृ-नाश		

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं । बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं । जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना) उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि । मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें :

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटचः
मूल नाशः	वंश-नाशः	मातृ-क्लेशः	मातुल नाशः	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल-लाभः	अल्पजीवी	फलम्

इसी प्रकर नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगो में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है । यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्ध्नि-फल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि ! बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें । मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये :

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घटचः
राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये :

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे ४ पशुनाश	मुखे ६ धन नाश	कण्ठे ५ धन लाभ	हृदये ५ कुटिला	बाह्वो: ५ धनला.	हस्ते ८ दयाव:	गुह्ये ६ कामिनी	जंघे ४ मातृना.	जानुनि ४ भ्रातृना.	पादे १० वैधव्यं	स्थानं घटय: फलम्

अश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल पुरुष अंगों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिये :

अथ अश्लेषा चक्रम्

शिरसि ५ पुत्रादि	मुखे ७ पितृना.	नेत्रे २ मातृना.	ग्रीवायां ४ स्त्री लाभ	स्कंधे ४ गुरुभक्त	हस्ते ८ बली	हृदये १० आत्महा.	नाभौ ६ भ्रम:	गुदे ७ तपस्वी	पादे ७ धनहा.	स्थान घटय: फलम्

अश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिये ;

अथ अश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

फले १० धनम्	पुष्पे ५ धनम्	दले ६ राजभयम्	शाखायां ७ हानि:	त्वचायां १३ मातृ हानि:	लतायां १२ पितृ हानि:	स्कन्धे ४ अल्पायु:

अश्विनी, मघा, ज्येष्ठा और रेवती नक्षत्रों में जन्मे बालक-बालिका का नक्षत्र के चरण अनुसार फल निम्न तालिका से देखें, मूल व अश्लेषा की इसी प्रकार की तालिका ऊपर दे दी गई हैं।

अश्विनीपाद फल	मघा पाद फल	ज्येष्ठा पाद फल	रेवती पाद फल
१ पिता को भय	१ माता को नेष्ट	१ बड़े भ्राता को नेष्ट	१ राज्य-सम्मान
२ सुख ऐश्वर्य	२ पितृ भय	२ छोटे भ्राता को नेष्ट	२ मंत्रित्व प्राप्ति
३ मन्त्री पद	३ सुख	३ मातृ नाश	३ धन सुख की प्राप्ति
४ राज्य सम्मान	४ धन विद्या प्राप्ति	४ खुद का नाश	४ अनेक कष्ट

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें।

कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिये :

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१ शुभम्	२ पितृ नाश	३ मातृ नाश	४ मातुलनाश	५ कुल हानि:	६ धन हानि:	विभाग: फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें। .

सिनीवाली-कुहू जनन फल

सिनीवाली—अमावस्या की अन्तिम पांच घटियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृष्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिये। यह अन्तिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल—अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जांय तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति विधान अवश्य कराना चाहिये।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिघ योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रान्ति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्याघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महा पात योग), विश्वघस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिये शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिये। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतीपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र, इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अर्ध भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, वार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनको शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री-दासी-गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह ।
सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुन: ॥
एक लिंगौ विनाशाय द्वि लिंगौ मध्यमौ स्मृतौ ।
पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयौ तत्र शान्तिर्विधीयते ॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिये अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बांल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बेर शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवे।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन अरुचि, अंगशोष।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की भंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल बिल्ली और मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० भंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।		ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै ह्रांह्रां ह्रींह्रीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वतः स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर भुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा।	रक्तचंदन रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग साँप की काँचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर भुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चूर्ण एक सेर	भात, १सेर आटे के पूड़े, आध सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।		सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट से दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर से गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियाँ सांयकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना		ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं ह्रूं ह्रूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलि गृह्ण-२ अस्त्र ठः ठः चामुण्डे चण्डिके ठः ठः स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में षट्कारिका	ज्वर, हडफूटन, हँसना, कभी-२ रोना, मोह, मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	कूठ, गुग्गल, राई, हाथीदाँत घृत।	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पुड़ियाँ सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना।		विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप।	रक्तचंदन, ५ रंग की भंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।		विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, अफारा, घृणा।	चंदन, पुष्प, ५ दीपक, रंग की भण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखना।	गोश्रृंग, लहसुन,	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास।	रक्त पुष्प, २५ भण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के चौगुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली, निम्ब पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर, हडफूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद भण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।		ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।
द्वादश दिन मास वर्ष में अबनुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ भण्डी, १३ सतिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य-मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।		ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय२ तापय २ हुं२ हन २दुष्टानां ह्रां हूं फट् स्वाहा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मन्त्र	जप सं०	होम द्रव्य	बलि द्रव्य	करे धारणम्	बन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धि भ्रम	६	१ २ ३ ४ ६ ११ १० २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षुः प्राणंनसरस्वतीवीर्यम् । वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम् ॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नमः ॥	५ सहस्र	खण्डयव घृत	गुडौदन तिल	अपमार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य ।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यमः)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	० ८० ४० ११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यतें पितृमते स्वाहा स्वाहा घर्माय स्वाहा घर्मः पित्रे ॥ ॐ यमाय नमः ॥	१० सहस्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य ।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र स्वर्ण, गोदान
कृत्तिका (अग्निः)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरूशूल	६	६ ११ १६ २८	ॐ अग्निमूर्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् । अपा ँ रेता ँ सिजिन्वति ॥ ॐ अग्नये नमः ॥	१० सहस्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कार्पास मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, बडाघीका, नैवेद्य।	
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७ ६ १८ ३०	ॐ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतः सुरूचोवेनआवः सुबेध्न्या उपमाअस्यविष्ठाः सतश्चयोनिमसतश्चविधः ॥ ॐ ब्रह्मणेनमः ॥	५ सहस्र	तिलाज्य घृतयव	मध्वा-ज्यक्षो शाल्यन्नक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य ।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कन्या भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्रः)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	६ ५ ७ १०	ॐइमन्देवा असपत्न ँ सुबध्वं महतेक्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोऽस्माक ब्राह्मणाना ँ राजा ॥ ॐ चन्द्रमसेनमः ॥	१० सहस्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य ।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	० १८ ० ०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नमः बाहुभ्यामुतते नमः ॥ ॐ रुद्राय नमः ॥	१० सहस्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सचंदना-श्वत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य ।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७ १४ २ २१	ॐ अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्रः विश्वे देवा अदितिः पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॥ ॐ अदिताय नमः ॥	१० सहस्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य ।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५, ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महा कष्ट	७	७ ७ १० २१	ॐ वृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु । यदीदयच्छवसऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् । ॐ वृहस्पतये नमः ॥	१० सहस्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य ।	सुवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्पः)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	० ० ४१ ०	ॐ नमोस्तु सर्प्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनुः ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्प्पेभ्योनमः ॥ ॐ सर्प्पेभ्यो नमः ॥	१० सहस्र	शर्करा घृत	हवि दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य ।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितरः)	शिर पीड़ा, अर्द्धगात्र पीड़ा	२०	१५ ७ १७ २०	ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः । प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्नपितरोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितरः पितरः शुन्धध्वम् ॥ ॐ पितरभ्ये नमः ॥	१० सहस्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्धान	भृंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्टान्न, नैवेद्य ।	वस्त्र, तिल, माष दान
पू. फा. (भग.)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	० १५ ० ३०	ॐ भगप्रणोतर्मगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्नः भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भयप्रनृभिर्नृवनः स्याम ॥ ॐ भगाय नमः ॥	१० सहस्र	कङ्गनी तिल घृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य ।	पित्तल, यवमाषान्न, स्वर्ण गौ दान
उ. फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिरपीड़ा, अतिकष्ट	७	७ १४ ७ ६०	ॐ देवावध्वर्यूश्चागतरथेनसूर्येत्वचा मध्वायणं ँ समंजाये तं प्रत्नया यं वेनश्चित्रं देवानाम् ॥ ॐ अर्यम्णे नमः ॥	१० सहस्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य ।	सुवस्त्र, स्वर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरशूल, अफारा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५ १७ १५ ०	ॐ विभ्राड्वृहन्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दधयज्ञपत्त च विहुतमम् वातजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजाः पुपोषपुरुधा विराजति ॥ ॐ सवित्रे नमः ॥	५ सहस्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य ।	सुवर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११ ६ ६ १६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम् । द्विपदा-छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदधः ॥ ॐ विश्वकर्मणे नमः ॥	१० सहस्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखत्र मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य ।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मन्त्राः	जप सं०	होम द्रव्य	बलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायुः)	नाना कष्ट, ज्वर-पीड़ा	मृ.तु.	६० १७ ३० ०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणो रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये ॥ ॐ वायवे नमः ॥	१० सहस्र	तिल, यव घृत	घृतपायस	जाति मूलम्	चन्दनगन्ध (दमनक पुष्प) अगरु, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य ।	स्वर्ण, रक्तधेनु पक्वान्न
विशाखा (इंद्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५ ० ४ १३	ॐ इन्द्राग्नी आगत ७ँ सुतं गीर्भिर्नमो वरेण्यंम् । अस्यं पातं धियेषिता ॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नमः ॥	१० सहस्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य ।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछायापात्रदान
अनुराधा (मित्रः)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६० १२ ३६ ३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत ७ँ सपर्यंत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायश ७ँ सत् ॥ ॐ मित्रायनमः ॥	१० सहस्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुडमाषान्न	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य ।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्रः)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९ ९ ६ ४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र ७ँ हवे हवे सुहव ७ँ शूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्र ७ँ स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः ॥ ॐ शक्राय नमः ॥	५ सहस्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर-धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य ।	स्वर्ण तिल, नील-वस्त्रदान
मूल (राक्षसः)	मुख तथा उदर-रोग, सन्निपात	७	० ९ १५ ६	ॐ मातेव पुत्र पृथिवी पुरीष्यमणि ७ँ स्वेयोनाव-भाख्षा । तां विश्वै देवऋतुभिः संवदानः प्रजापतिर्वि-श्वकर्मा विमुञ्चतु ॥ ॐ निऋतये नमः ॥	५ सहस्र	कन्दमूल घृत	सहवि माषान्न	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णागरुधूप, माषमिश्रान्न नैवेद्य ।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू. षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	० १५ २४ १०	ॐ अपाघमप किल्विषमपकृत्यामपोरपः । अपाम्मार्ग-त्वमस्मदनदु:स्वप्न्य ७ँ सुव ॥ ॐ अद्भ्यो नमः ॥	५ सहस्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठान्न-हवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचंदनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न नैवेद्य ।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जल कुम्भ गोदान
उ. षा. (विश्वे-देवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३० २४ २९ १६	ॐ विश्वेदेवाः शृणुतेम ७ँ हव मे ये अन्तरिक्षे य उपद्यविष्ठम् । अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मि-न्बर्हिषि मादयध्वम् ॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनमः ॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस तिलाज्य	कर्पास मूलम्	श्वेतचंदनगन्ध, कमलपुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न नैवेद्य ।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णुः)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोष-भय, अतिसार	११	६० २४ ६ ९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा ॥ ॐ विष्णवे नमः ॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रस शाल्यन्न नैवेद्य ।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसवः)	ज्वर-कम्पन, रक्ता-तिसार, मूत्रकृच्छ्र	१५	१५ २ २७ २१	ॐ वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारम् । देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामधुक्षः ॥ ॐ वसुभ्यो नमः ॥	१० सहस्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गराज मूलम्	श्वेतचंदनगन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य ।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुणः)	वात-ज्वर, सन्नि-पात, कष्ट	११०	० ५ ५ ६	ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद ॥ ॐ वरुणाय नमः ॥	१० सहस्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगरुगंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य ।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू. भा. (अजै-कपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	० १२ ५१ १७	ॐ उतनोऽहिर्बुध्न्य शृणोत्वज एकपात्पृथिवी समुद्रः । विश्वेदेवाऽऋतावृधोहुवानास्तुता मंत्राः कविशस्ता अवन्तु ॥ ॐ अजैकपदे नमः ॥	१० सहस्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृङ्गराज मूलम्	केसर चंदनगंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य ।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छाया-पात्रदान
उ. भा. (अहि-र्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१० २० ७ १५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामाहि ७ँ सी नवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय ॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नमः ॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	तिल घृत मुद्ग माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य ।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती (पूषा)	वात, पित्तमय-ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम		१८ १० ९ २०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इहस्मसि ॥ ॐ पूष्णे नमः ॥	५ सहस्र	तिलाज्य तण्डुल	सहवि दध्यन्न	अश्वत्थ मूलम्	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य ।	रजतवस्त्र, पैत्तलपात्रं वृषभ, छायापात्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ :

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह उपरोक्त चक्र में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उससे अरुचि हो जावे को कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन), संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हड़फूटन, (हड्डियों में दर्द अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखें मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आंखें मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी बिहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोथ, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), अफारा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमांच (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के दोनों किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल, काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिला कर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक व सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोबान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहां रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते है), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है—समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़ कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज या कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतू बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नीम के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोश्रृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मन्त्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मन्त्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मन्त्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, इसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं—वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निद्रा-भय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आंखें फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे—तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरु शूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), अफारा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिश रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिये परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में—श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोदन (दही में गुड़ मिला कर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पूये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते हैं)। सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदन (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), घृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नैवेद्य), घृत विल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य—गाय, भैंस का घी होता है। अपूपोदन मोदक

(अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक)। अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा बैंगनी या नीला रंग का होता है,

अन्य शुभाशुभ योग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिनमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का ही होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-२ रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), (फूलों की जातियों, नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है।) यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नेवैद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग-प्रसाद नेवैद्य), कृष्ण अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नेवैद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नेवैद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नेवैद्य। षडरस शाल्यान्न नेवैद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कड़ुवा सब प्रकार के स्वादों से युक्त षटरस होता है।), श्वेतार्क (सफेद आक), शतौषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तैलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पक्वान्न (पकवान), जल कुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छतरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

ट्रेनिंग, व्यापार, अध्ययन, कला, शिल्प, खेल, चित्रकारी, धातु सम्बन्धी, सोना, कांसा, सन्धि, व्यायाम और विवाहादि कार्य बुधवार में करने चाहिए।

गुरुवार में कृत्य—
धर्मक्रिया पौष्टिक कर्म यज्ञ-मांगल्यहेमाम्बर वेश्मयात्राः।
रथाश्वभैषज्यविभूषणाद्य कार्यं विख्यात सुरमन्त्रिणोऽह्नि ।।
धर्मानुष्ठानादि कार्य पौष्टिक यज्ञ विद्या, मांगल्य, सोना, सम्बन्धी गृह कर्म, वस्त्र, यात्रा, रथ आदि सवारी, घोड़ा सम्बन्धी, औषध, आभूषण आदि कार्य गुरुवार में करना चाहिए।

शुक्रवार में कृत्य—
स्त्रीगीतशय्यामणिरत्नगन्ध वस्त्रोत्सवालंकरणादि कर्म।
भूपण्यगोकोश-कृषिक्रियाश्च सिद्धयन्ति शुक्रस्य दिने समस्तम् ।।
स्त्री सम्बन्धी, शय्या, मणि रत्न, सुगन्ध वस्त्र, उत्सव आभूषण, भूमि व्यापार, गोसम्बन्धी, कृषि कर्म, आदि कार्य शुक्रवार में करने से सिद्ध होते हैं।

शनिवार में कृत्य—
लोहाश्मसीसत्रपुशस्त्रदास्य-पापानृतस्तेयविषासवाद्यम्।
गृहप्रवेशो द्विपबन्ध-दीक्षा-स्थिरं च कर्मार्कसुतेऽह्नि कुर्यात् ।।
लोहा, पत्थर, सीसा, रांगा-सम्बन्धी, अस्त्र-शस्त्र, नौकरी, पापकर्म चोरी, मिथ्या, विष सम्बन्धी, आसव, गृह प्रवेश, हाथी को बन्धना, दीक्षा(मन्त्र-ग्रहण) आदि स्थिर कर्म शनिवार में करने चाहिए।

रवि आदि के स्थिरादि संज्ञा—
रविः स्थिरः शीतकरश्चरश्च महीसुतश्चोग्र शशिजश्च मिश्रः।
लघुः सुरेज्यो भृगुजो मृदुश्च शनिश्च तीक्ष्णः कथितो मुनीन्द्रैः ।।
रवि स्थिर, चन्द्र (सोम) चर, मंगल उग्र, बुध मिश्र, गुरु लघु, शुक्र मृदु और शनि तीक्ष्ण है। विशेष—ग्रहों के नामानुसार कार्य ग्रहों के वार में करने से सिद्ध होता है।

शुभ और अशुभ वार—
सोमबुधगुरुसौम्यवासराः सर्वकर्मसु भवन्ति सिद्धिदाः।
भानु-भौम-शनिवासरेषु तु प्रोक्तमेव खलु सिध्यति ।।
सोम, शुक्र, गुरु और बुध ये वार सर्वकार्यों में सिद्धप्रद होते हैं। रवि, मंगल और शनि ये वार-उपरोक्त कार्य में ही प्रशस्त हैं। सब कार्यों में विशेषकर विवाहादि शुभ कार्यों में नहीं।

विशिष्ट वारादि कथन—
वारे प्रोक्तं कालहोरासुतस्य धिष्ण्येऽप्योक्तं स्वामितिथ्यंकेऽस्य।
कुर्याद्दिक्शूलादि चिन्त्यं क्षणेऽपि नैवोल्लंघ्यः परिघश्चापि दण्डः ।।
इससे पूर्व और आगे—वार में जो कार्य विधि या निषेध कहा गया है उस कार्य को उसके (होरा=क्षण) वार में करना चाहिए। तथा जिस नक्षत्र में जो कर्म विधि अथवा निषेध कहा गया है वह उसके स्वामी के मुहूर्त में करना चाहिए। दिक्शूल आदि का विचार क्षणवारादि में करना एवं आगे कहे हुए परिघदण्ड का उल्लंघन क्षण नक्षत्र (मुहूर्त) में नहीं करना चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा मुहूर्त

यात्रा मुहूर्त में चन्द्रमा, योगिनी, कालराहु तथा दिशाशूल का विचार किया जाता है। चन्द्रमा सामने या सीधे हाथ की दिशा में शुभ होता है और राहु, योगिनी तथा दिशाशूल पीठ पीछे या बांये हाथ की तरफ लेना चाहिये। दिशाशूल ले जावै बांये राहु योगिनी पूठ। सन्मुख लेवै चन्द्रमा लावै लक्ष्मी लूट॥

चन्द्रमा मेष, सिंह व धनु का पूर्व में, वृष, कन्या, मकर का दक्षिण में, मिथुन, तुला, कुम्भ का पश्चिम में तथा कर्क, वृश्चिक, मीन का उत्तर दिशा में वास करता है। यात्रा में चन्द्रमा सन्मुख हो तो धन लाभ, सीधे हाथ की तरफ हो तो सुख सम्पदा प्राप्त होती है। बांये हाथ की ओर हो तो धन हानि तथा पीठ पीछे होने पर मृत्यु भय होता है। जैसे यदि आपने पूर्व दिशा की ओर जाना है तो उसदिन चन्द्रमा पूर्व में या दक्षिण में होना चाहिये। अर्थात् मेष, सिंह या धनु का अथवा वृष, कन्या या मकर राशि का होना चाहिये।

सम्मुखे अर्थ लाभाय दक्षिणे सुख सम्पदा। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः॥

दिशाशूल--सोमवार और शनिवार को दिशाशूल पूर्व दिशा में होता है। गुरुवार को दक्षिण में, रविवार व शुक्रवार को पश्चिम दिशा में तथा बुध और मंगल को उत्तर दिशा में होता है। यदि आपको पूर्व दिशा में यात्रा करनी है तो दिशाशूल उत्तर या पश्चिम में होना चाहिये अतएव पूर्व दिशा की यात्रा सोमवार, शुक्रवार तथा गुरुवार को ही की जानी चाहिये।

दिशाशूल चक्रम्



	चन्द्रमा का वास	दिशाशूल	समय शूल
पूर्व दिशा	मेष सिंह धनु	सोम शनि	प्रातः काल
दक्षिण दिशा	वृष कन्या मकर	गुरु	मध्याह्न
पश्चिम दिशा	मिथुन तुला कुम्भ	रवि शुक्र	सन्ध्या काल
उत्तर दिशा	कर्क वृश्चिक मीन	बुध मंगल	अर्धरात्रि

योगिनी वास—प्रतिपदा तथा नवमी तिथियों को योगिनी का वास पूर्व दिशा में होता है। तृतीया व एका. को अग्नि कोण में (पूर्व दक्षिण मध्य) में, पंचमी व त्रयोदशी को दक्षिण में, चतुर्थी व द्वादशी को दक्षिण पश्चिम के मध्य नैऋत्य कोण में, षष्ठी व चतुर्दशी को पश्चिम दिशा में, सप्तमी व पूर्णिमा को पश्चिम उत्तर मध्य वायव्य कोण में, द्वितीया व दशमी को उत्तर दिशा में तथा अष्टमी व अमावस्या को उत्तर व पूर्व के मध्य ईशान कोण में होता है। योगिनी यात्रा समय पर सम्मुख या दक्षिण भाग में नहीं होनी चाहिये। इस प्रकार पूर्व दिशा की यात्रा १।९, ३।११ व ५।१३ तिथियों को नहीं करनी चाहिये।





कालराहु वास--शनिवार को पूर्व में, शुक्र को अग्नि कोण में, गुरुवार को दक्षिण में, बुधवार को नैऋत्य कोण में, मंगलवार को पश्चिम में, सोमवार को वायव्य कोण में तथा रविवार को उत्तर दिशा में होता है। यात्रा वाले दिन कालराहु का वास सम्मुख या दक्षिण भाग में नहीं होना चाहिये। अतएव पूर्व दिशा की यात्रा शनिवार, शुक्रवार या गुरुवार को नहीं की जा सकती।

	योगिनी वास	कालराहु वास
पूर्व दिशा	१।९ तिथ्य	शनिवार
अग्नि कोण	३।११	शुक्र
दक्षिण दिशा	५।१३	गुरु
नैऋत्य कोण	४।१२	बुध
पश्चिम दिशा	६।१४	मंगल
वायव्य कोण	७।१५	सोम
उत्तर दिशा	२।१०	रवि
ईशान कोण	८।३०	—

समय शूल—पूर्व दिशा की यात्रा के लिये प्रातः काल में समय शूल होता है, अर्थात् पूर्व दिशा की यात्रा प्रातः काल नहीं करनी चाहिये। इसी प्रकार दक्षिण के लिए समयशूल मध्याह्न में, पश्चिम के लिये संध्याकाल में और उत्तर के लिये समय शूल मध्य रात्रि के समय होता है। समय शूल के काल में यात्रा नहीं करनी चाहिये।

महत्त्वपूर्ण यात्रा के लिये तो आवश्यक है कि मुहूर्त्त में चन्द्रमा, योगिनी, दिशाशूल, कालराहु, समय शूल सभी बातों का ध्यान रखा जाय। परन्तु यदि आपने आवश्यक कार्यवश यात्रा करनी है और उपर्युक्त मुहूर्त्त तक प्रतीक्षा नहीं कर सकते तो निर्धारित पदार्थ खाकर यात्रा कर सकते हैं। यदि मुहूर्त्त के दिन के कुछ समय पश्चात् यात्रा करना चाहते हैं तो मुहूर्त्त समय पर प्रस्थान कराके इच्छित समय पर यात्रा की जा सकती है। आवश्यक कार्यों में भी जहां तक हो सके अनुकूल चन्द्रमा का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिये। राज्य कार्य सेवा कार्य में मुहूर्त्त नहीं देखा जाता, केवल शूल पदार्थ खाकर ही यात्रा कर सकते हैं। पूर्ण चन्द्र सम्मुख हो तो अन्य दोष नष्ट हो जाते हैं।

[शेष पृष्ठ ९९ पर]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संस्कार प्रकरण

सीमांत मुहूर्त्त विचार

यह सीमांत संस्कार गर्भाधान से छटे और ८वें महीने में होता है, उस महीने का स्वामी बलवान् होना चाहिए। गर्भ से लेकर १० महीने के स्वामियों की संज्ञायें ऐसी हैं, पहले महीने का स्वामी शुक्र, २ भौम, ३ गुरु, ४ सूर्य, ५ चंद्र, ६ शनि, ७ बुध, ८वें का लग्नेश, ६ चन्द्र और १०वें महीने का स्वामी सूर्य होता है। २।३।५।७।१०।११। १३।१५ इन तिथियों में तथा मृ. पुन. पुष्य ह. मू. श्र. नक्षत्रों में सू., मं., बृ. वारों में २।३।५।७।८।११ लग्नों और लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थान में (१।४।७।१०।६।५) में शुक्र ग्रह तथा ३।६।११ स्थान में पाप ग्रह होने पर और लग्न से १।६।८।१२ इन स्थानों में चन्द्रमा न हो, ८वां स्थान शुद्ध हो जन्म लग्न और जन्म राशि से ८वां लग्न न हो तो यह मुहूर्त्त शुभ होता है। स्त्री को चन्द्रमा का बल देखना जरूरी है। गुरु शुक्र के अस्त का दोष इसमें नहीं होता।

स्तनपान मुहूर्त्त—पंचम दिन अथवा भद्रा व्यतिपात वैधृरिक्ता तिथि को त्यागकर शुभ तिथि वार में अ. मृ. पुन. पुष्य हस्त मूल, रे. नक्षत्रों में स्तनपान कराना शुभ है।

प्रसूति स्नान मुहूर्त्त—रिक्ता तिथि को छोड़ कर शुभ तिथि रवि, मं., गुरुवार, अश्वि., रो., मृ. तीनों उत्तरा हस्त, स्वा., अनु., रेव. इन नक्षत्रों में वैधृति, व्यतिपात रहित दिन में प्रसूता स्नान शुभ है।

नामकर्ण मुहूर्त्त विचार

(नारद के वचन में) यह नामकर्ण सूतक के अन्त में अपनी-२ कुल परम्परा के अनुसार करना चाहिए। दैववश सुतकांत में न हो सके तो गुरु-शुक्र के उदय होने पर उत्तरायण में पूर्वाह्न के समय चं. बु. बृ. शु. वारों में २।३।५। ७।१०।११।१३ तिथियों में अश्वि. रो. मृ. पुन. पुष्य उत्तरा ३ ह. चि. स्वा. अनु. श्र. ध. श. रे. नक्षत्रों में स्थिर लग्न २। ५।८।११ में लग्न से १।४।५।७।६।१० स्थान में शुभ ग्रह ३।६। ११।१२ स्थान में पापग्रह तथा ८वां, १२वां स्थान शुद्ध होने पर पिता बालक के दाहिने कान में शास्त्र विधि द्वारा नामकर्ण संस्कार करे, वह जातकर्म सम्पूर्ण व्यवहारों का कारण तथा भाग्य और कीर्ति का कारण होने से व्यतिपात वैधृति, संक्रांति और भद्रादि दोष युक्त समय को छोड़ कर शुभ होता है।

दन्तोत्पत्ति में विचार

कई बालकों के दांत पहले महीने से निकलने लग जाते हैं, उसके प्रत्येक महीने का फल नीचे लिखे चक्र से जान लें।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	मास
स्वयं नाश	भ्रातृ हानि	भगिनि हानि	मातृ हानि	ज्येष्ठ भ्रातृहा.	मित्रजीव	पितृ जीव	पुष्टिकारक	लक्ष्मी प्राप्ति	सौख्य प्राप्ति	सुख प्राप्ति	सुख प्राप्ति	फल

अन्न प्राशन का विचार

नवजात शिशु को छटे महीने से सम मास में तथा कन्या हो तो ५वें महीने से विषम मासों में, २।३।५।७। १०।१३।१५ तिथियों में चं., बु., बृ., शु. वारों में अश्वि., रो., मृ., पुन., पुष्य, उत्तरा. ३, ह., चित्रा, स्वा., अनु., श्र., ध., श., रे. नक्षत्रों में २।३।४।५।६।७।६।११। लग्नों में तथा लग्न से दशवां स्थान शुद्ध होने पर और ७वां, ८वां, ६वां स्थान क्रम से शु., मं. और बुध से वजित होने पर, ६।८ और १२वें स्थान में चन्द्रमा न हो; जन्म लग्न और जन्म राशि से ८वां लग्न न हो पूर्वाह्न के समय, भद्रादि दोष रहित समय में अन्न प्राशन करना शुभ होता है। इस समय बालक के आगे लेखनी, पुस्तक, स्वर्ण, चांदी, पत्थर और बर्तन रखे, बालक पहले जिस वस्तु को पकड़े उसी से बच्चे की आजीविका जानें।

कर्णवेध

चातुर्मास (आषाढ़ शु. ११ से कातिक शुदी ११ तक) चैत्र, पौष जन्म मास, जन्म तिथि नक्षत्र, क्षयतिथि तथा ४।६।१४ तिथि और सम वर्षों को त्याग कर जन्म से १२वें अथवा १६वें दिन अथवा ६।७।८वें मास में या विषम वर्षों में, शुभ वार, अश्वि., मृ., पु., पुष्य, ह., चि., अनु., अभि., श्र., ध., रे. नक्षत्रों में लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध होने पर वृश्चिक, धन, मीन लग्न में और लग्न में गुरु हो तो कर्ण छेदन श्रेष्ठ होता है।

चूड़ाकरण

यह चूड़ाकरण संस्कार गर्भ से वा जन्म से ३।५।७ वर्ष और उत्तरायण में होता है। कन्या हो तो सम वर्षों में होता है। कई एक कुलाचार से प्रथम वर्ष में करते हैं, अथवा यज्ञोपवीत के साथ ही कर लेते हैं। २।३।५।१० ।११ तिथियों में चं., बु., गु., शु. वारों में अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, ह., चि., स्वा., ज्ये., श्रव., ध., श., रेव. नक्षत्रों में २।३।४।६।७।८।१२ लग्नों में और लग्न से ८वां स्थान शुद्ध होने पर शुक्र का लग्न से ८वें होना दोष कारक नहीं होता। जन्म लग्न और जन्म राशि से ८वां लग्न न हो, केन्द्र त्रिकोण स्थान में शुभ ग्रह और ३।६।११ वें पाप ग्रह हों ६।८।१२वें चन्द्रमा न हो, जन्म नक्षत्र और जन्म मास न हों। भद्रा व्यतिपात आदि दोष रहित समय में करने से शुभ होता है। (विशेष विचार) माता गर्भवती हो और गर्भ ५ महीने से अधिक का हो गया हो तो चूड़ाकरण न करें। यदि बालक ५ वर्ष से अधिक हो गया हो तो गर्भवती माता होने पर भी चूड़ाकरण न लेवें, बालक जेठा हो तो जेठ के महीने में चूड़ाकरण न करें।

(वशिष्ट के वचन से)

अक्षरारम्भः

पांचवे वर्ष में और उत्तरायण में बालक से गणेश, विष्णु, लक्ष्मी और सरस्वती का पूजन करवा कर २।३।५। ६।१०।११।१२ तिथियों में, चं., बु., गु., शु. वारों में, अश्वि., आर्द्रा, पुन., पुष्य, ह., चि., स्वा., अनु., श्रव., रेव., नक्षत्रों में, २।३।७।६।१२ लग्नों में, लग्न से आठवां स्थान शुद्ध होने पर, भद्रादि दोष रहित समय में अक्षरारम्भ शुभ होता है।

विद्यारम्भः

उत्तरायण में २।३।४।६।१०।११।१२ तिथियों में, सू., गु., शु., वारों में, अश्वि., मृग., आर्द्रा, पुन., पुष्य, आश्ले., पू. ३. ह., चि., स्वा., मूल, श्रव., ध., श. नक्षत्रों में, २।३।६।६ लग्नों में, लग्न से ८वां स्थान शुद्ध होने पर, व्यतिपात आदि दुष्ट समय को त्याग कर शुभ समय में विद्यारम्भ करना चाहिए।

उपनयनम्

उपनयन संस्कार हो जाने से मनुष्य श्रौत स्मार्त कर्मों का अधिकारी हो जाता है, इस संस्कार के हो जाने

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

 Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

से मनुष्य की देह संस्कृत हो जाती है। इस कर्म में काम्य नित्य और गौण काल के भेद से तीन प्रकार के काल कहे हैं। ब्राह्मणों को ५वें, ८वें, १६वें वर्षों में, क्षत्रियों को ६टे, ११वें और २२वें वर्षों में, वैश्यों को ८वें, १२वें और २४वें वर्षों में काम्य नित्य और गौणकाल कहे हैं। चै., वै., ज्ये., आषा., देवशयनी से पूर्व जानें। माघ और फाल्गुन इन महीनों में, २।३।५।६।१०।११।१२ तिथियों में और कृष्ण पक्ष में, २।३।५ तिथि पर्यन्त, सू., चं., बु., बृ., शु. वारों में, अश्वि., मृ., रो., आर्द्रा, पुन., पुष्य, आश्ले., पू. ३ उत्तरा, ३ हस्त, चि., स्वा., अनु., मू., श्र., ध., श., रे. नक्षत्रों में, २।३।४।५।७।६।१२ लग्नों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थान में शुभ ग्रह हों, ३।६।११वें पापग्रह हों चं., बृ., शु. और लग्न का स्वामी ६।८ और १२वें स्थान में न हो, १।५।८वें स्थान में पापग्रह न हों, वृष और कर्क राशि के बिना चन्द्रमा का लग्न में होना शुभ नहीं होता तथा रोगवान, संक्रांति, भद्रा, व्यतिपात, अनाध्याय प्रदोष अपरान्ह काल और वैधृत्यादि दोषरहित समय में यह संस्कार करना शुभ होता है, शाकेश और वर्णेश बलवान् होना चाहिये, ब्राह्मणों के लिए पुनर्वसु नक्षत्र शुभ नहीं होता। बालक को गुरु, सूर्य और चन्द्रमा का बल अवश्य देखना चाहिए।

सूर्यबल	चन्द्रबल	गुरुबल	ग्रहबल
३।६।१०।११	३।६।७।१०।११ १।२।५।६	२।५।७।६।११	शुभ
१।२।५।७।६	....	१।३।६।१०	पूज्य
४।८।१२	४।८।१२	४।८।१२	निंद्य

उच्च मित्र, स्वराशि में गुरु हो तो नेष्ट गुरु भी ग्राह्य है।

सूर्य वर की राशि से दूसरे, पांचवें और नौवें हों तो १२ प्रविष्टे के उपरान्त अपूजनीय हैं क्योंकि लिखा है— कुमारस्योपनयने विवाहेपुयि रवि बलं ३।६।१०।११ श्रेष्ठः, १।२।५।७।६ पूज्यः, ४।८।१२ निंद्यः, २।५।६ त्रयोदशाहात्परतः शुभः। अन्येव-अनिष्ठ स्थानगे सूर्ये शुभ राशिः पुरोभवेत्। त्रयोदशे दिनं त्यक्त्वा शेस्पयं शुभमादिशेद ॥

शाकेश ज्ञान				वर्णेश ज्ञान			
ऋक्	यजु	साम	अथर्व	ब्राह्मण	क्षत्री	वैश्य	शूद्र
गुरु	शुक्र	भौम	बुध	गु. शु.	सू. भौ.	चन्द्र	बुध

दीक्षा मुहूर्त्त विचार

चै., वै., ज्ये. आषा., श्रा., आश्वि., का., मार्ग., महीनों में २।३।५।७।१०।११।१२।१३ तिथियों में सू., चं., बु., बृ., शु. वारो में रो., ह., चि., स्वा., अनु., उत्तरा ३ इन नक्षत्रों में भद्रादि दोष रहित समय में दीक्षा ग्रहण करना शुभ होता है।

अथ विवाह संस्कार

सब आश्रमों में गृहस्थाश्रम श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि ब्रह्मचर्याश्रम, वाणप्रस्थाश्रम और सन्यासाश्रम इन तीनों आश्रमों का आश्रय स्थान, यही गृहस्थाश्रम है। इसी तरह देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण इन तीनों ऋणों से मुक्त करने वाली तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि देने वाला होने के कारण गृहस्थाश्रम सब आश्रमों से श्रेष्ठ माना गया है। और शेष संस्कार भी विवाह संस्कार पर ही निर्भर हैं, क्योंकि विवाह आदि संस्कार होने के पश्चात् ही गर्भाधान आदि समस्त संस्कार हो सकते हैं। इस कारण भी विवाह संस्कार सर्व प्रधान है। यह संस्कार योग्य समय में होने पर ही स्त्री सुख ऐश्वर्य भोग और उत्तम संतान उत्पन्न करके मनुष्य अपने पितृ ऋण से मुक्त होता है। अतः विवाह संस्कार का निर्णय हमारे ऋषि मुनियों ने अति सूक्ष्मता से किया है कि जिस के अनुसार विवाह नियत करके मनुष्य जीवन को सुखी बना सकता है। परन्तु आजकल के कई लोग बिना मुहूर्त्त को अच्छी तरह विचारे और कुण्डलियों तथा गुणादि का मिलान किये बिना ही विवाह नियत कर लेते हैं जो कि सर्वथा अनुचित है।

कन्या का पिता योग्य आयु के वर का निश्चय कर कन्या की कुण्डली का मिलान कर तथा गुण मिलान करके वाग्दान करे, ताकि नूतन दम्पति अपना जीवन सुखम व्यतीत करें।

मिलान में वर का प्रसिद्ध नाम तथा कन्या का जन्म नाम व कन्या का प्रसिद्ध नाम और वर का जन्म नाम ऐसा विपरीत कदापि न लेवें यह वर-कन्या के लिए हानिप्रद है। या तो दोनों का प्रसिद्ध नाम लेवें या दोनों का जन्म नाम लेवें। विशेषतः दोनों का जन्म नाम ही लेना चाहिए। क्योंकि कहा है—

जन्म राशि विचार

कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्म राशौ बलान्विते ।
अन्यानि शुभ कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥
विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे ।
जन्मराशे प्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत् ॥

नाम राशि विचार

काकिन्यां वर्गशद्धौ च दानेद्युते ज्वरोदये ।
मन्त्र पुनर्भूवरणे नामराशि प्रधानता ॥
देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ।
नाम राशि प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत् ॥

विवाह में द्वादश चन्द्रमा का विचार

[काशी नाथः] अधाने संप्रदाने च विवादे राज विग्रहे। पाणि ग्रह च यात्रायां चन्द्रो द्वादशमः शुभः।

विवाह में वर्ज्य तिथि योग

वैधृति व्यति पाताख्यौ संपूर्णौ वर्जयेच्छभ।
कृष्ण चतुर्दशी शुक्ला प्रतिपद्दर्श संज्ञिकाः। एतः शुभवे कार्येषु वर्जनीयाः प्रयत्नतः ॥

तिथिना त्रितयं वारमेकं स्पृशति यत्र वै। अवमं दद्दिनं ज्ञेयंशुभ कर्म्मसु संत्यजेत्।

वर कन्या की राशि मेलन विचार

वर और कन्या के जन्म नक्षत्र और जन्म राशि में (१) वर्णकूट (२) वश्यकूट (३) ताराकूट (४) योनिकूट (५) ग्रहमैत्रीकूट (६) गणकूट (७) भकूट (८) नाड़ीकूट, इन ८ कूटों द्वारा परस्पर मिलान करें, यदि दोनों का जन्मनाम मालूम न हो तो दोनों के प्रसिद्ध नाम से मिलान करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ योगिनी दशाऽन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

मंगला १			पिंगला २			धान्या ३			भ्रामरी ४			भद्रिका ५			उल्का ६			सिद्धा ७			संकटा ८		
श्र. आर्द्रा चित्रा			व. पुनर्वसु स्वाती			श. पुष्य विशा.			अश्वि. अश्ले अनु. पू. भा.			भर. मघा ज्ये. उ. भा.			कृ. पू. फा. मूल रेव.			रो. उ. फा. पू. षा.			मृग. हस्त उ. षा.		
मा.	१२	चं.	मा.	२४	सू.	मा.	३६	बृ.	मा.	४८	मं.	मा.	६०	बु.	मा.	७२	श.	मा	८४	शु.	मा.	९६	के.
मं.	०	१०	पि.	१	१०	धा.	३	०	भ्रा	५	१०	भ.	८	१०	उ.	१२	०	सि.	१६	१०	सं.	२१	१०
पि.	०	२०	धा.	२	०	भ्रा	४	०	भ.	६	२०	उ.	१०	०	सि.	१४	०	सं.	१८	२०	मं.	२	२०
धा.	१	०	भ्रा	२	२०	भ.	५	०	उ.	८	०	सि.	११	२०	सं.	१६	०	मं.	२	१०	पि.	५	१०
भ्रा	१	१०	भ.	३	१०	उ.	६	०	सि.	९	१०	सं.	१३	१०	मं.	२	०	पि.	४	२०	धा.	८	०
भ.	१	२०	उ.	४	०	सि.	७	०	सं.	१०	२०	मं.	१	२०	पि.	४	०	धा.	७	०	भ्रा	१०	२०
उ.	२	०	सि.	४	२०	सं.	८	०	मं.	१	१०	पि.	३	१०	धा.	६	०	भ्रा	९	१०	भ.	१३	१०
सि.	२	१०	सं.	५	१०	मं.	१	०	पि.	२	२०	धा.	५	०	भ्रा	८	०	भ.	११	२०	उ.	१६	०
सं.	२	२०	मं.	०	२०	पि.	२	०	धा.	४	०	भ्रा	६	२०	भ.	१०	०	उ.	१४	०	सि.	१८	२०

मेषादि राशियों का अंग विभाग—कालपुरुष के शिर में मेष राशि का स्थान है। मुख में वृष राशि का, दोनों भुजाओं में मिथुन राशि का, हृदय में कर्क राशि का, उदर में सिंह राशि का, कमर में कन्या राशि का, वस्ति (मूत्राशय) में तुला राशि का, गुप्तेन्द्रिय में वृश्चिक राशि का, उरु (दोनों जंघाओं) में धनु राशि का, दोनों जानु (घुटनों) में मकर राशि का, पिण्डलियों में कुम्भ राशि का और दोनों पादों में मीन राशि का स्थान है। कई एक आचार्य द्वादश भावों में भी इन अंगों की कल्पना करते हैं। जैसे प्रथम भाव में शिर, द्वितीय भाव में मुख, तृतीय भाव में भुजा, चतुर्थ भाव में हृदय, पंचम भाव में उदर, छठे भाव में कमर, सप्तम भाव में वस्ति, अष्टम भाव में गुप्तेन्द्रिय, नवम भाव में उरु, दशम भाव में जानु, एकादश भाव में जंघा और द्वादश में पादों को जानना। उपर्युक्त मेषादि १२ राशि अथवा लग्नादि द्वादश भाव शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो वह अंग पुष्ट और सुन्दर होता है अथवा पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हों तो वह अंग उपद्रव युक्त होता है। अंगों का विचार करके फलादेश कहना युक्तियुक्त होता है।

योगिनी दशा का विवरण—मंगलादि योगिनी दशाओं के क्रमशः स्वामी चन्द्र, सूर्य, गुरु, मंगल, बुध, शनि और शुक्र होते हैं। संकटा दशा के पूर्वार्ध (१ से ४ वर्ष) तक में राहु और उत्तरार्द्ध (५ से ८ वर्ष) तक में केतु स्वामी होता है।

शुभ दशाएं—मंगला, धान्या, भद्रिका और सिद्धा अशुभ दशाएं—पिंगल, भ्रामरी, उल्का और संकटा जाननी चाहिए।

तीर्थ यात्रा आदि में घात चन्द्र विचार—तीर्थ यात्रा, विवाह, अन्नप्राशन, उपनयन (यज्ञोपवीत) आदि शुभ कार्यों में घात चन्द्र का विचार नहीं होता। घात तिथि, घात वार, घात नक्षत्र इनका अशुभ फल केवल यात्रा में माना गया है, अन्य शुभ कार्यों में कोई दोष नहीं होता।

॥ प्रश्न विचार ॥

अथ नष्ट वस्तु चक्रम् (फल सहित)

संज्ञा	अन्ध	मन्द	मध्य	सुलोचन
नक्षत्र	धनि. पुष्य रोहि. पू.षा. वि. उफा. रे.	मृग. हस्त उषा. अनु. श. आश्ले. अ.	अभि. आर्द्रा म. चि. पू. भा. ज्ये. भर	पुन स्वा. श्र. कृति उभा. मू. पूफा.
दिशा फलम	पूर्वे गतम शीघ्रलाभम्	दक्षिणेगतम यत्नेनलाभः	पश्चिमेगतम् खबर मात्र	उत्तरे गतम न खबर न प्राप्त

अथ नष्ट वस्तु ज्ञानम् :—प्रश्न कालीन तिथि, वार, नक्षत्र और लग्नांक जोड़ में तीन युक्त कर, पांच से भाग दें। १ शेष बचे तो पृथ्वी में, २ बचे तो जल में है मिले नहीं, ३ बचे तो आकाश में है मिलेगी नहीं, ४ बचे तो अग्नि या राज्य खजाने में विलय हो गई, ५ शेष में वस्तु मिले नहीं केवल शोक सन्ताप ही हो।

पशु खोये गये का प्रश्न :—सूर्याश्रित नक्षत्र से पशु (सफेद व लाल) खोये गये दिन दैनिक चान्द्र नक्षत्र तक गिने ९ नक्षत्र तक पशु को जंगल में भ्रमता जाने, ९ से १५ तक स्वस्थान के समीप जानना १५ से २२ तक शीघ्र घर आ जायेगा, २२ से २४ नष्ट प्रायः, २४ से आगे २७ तक नक्षत्र संख्या होने से पशु की मृत्यु हो गई खबर नहीं मिलेगी।

टिप्पणी—काला पशु बकरी भैंस इत्यादि का प्रश्न हो तो शनि जिस नक्षत्र पर चल रहा हो उससे गिनती कर फल ऊपर लिखे अनुसार जानना। यह मेरा स्वयं का अनुभव है शतप्रतिशत सत्य बैठता है।

। मेषादि लग्नोपरि प्रश्न, फल चक्रम् ।

लग्न	मनश्चिन्तित प्रश्नः	रोगिणां प्रश्नः
मेष	मानवीय जीव की चिन्ता	देवी व कुल दोषः
वृषभ	चौपाये जीव पशु की चिन्ता	पितृ अतृप्ति दोषः
मिथुन	गर्भस्थ संतान की चिन्ता	शांकिनी-डांकिनी दोषः
कर्क	व्यवसाय की चिन्ता	भूतं पिशाचादि दोषः
सिंह	नभचर, थलचर जीव	स्वकुलीय मात्र दोषः
कन्या	दाम्पत्य सुखोपयोग चिन्ता	स्वकुलीय देव दोषः
तुला	गुप्त दिये गये धन की चिन्ता	कुपित चण्डिका दोषः
वृश्चिक	दैहिक और भौतिक क्लेश	मृतवत्सा नारि दोषः
धनु	धनोपार्जन की चिन्ता	यक्षिणी व पिशाशिनी दोषः
मकर	शत्रु पर जय-पराजय चिन्ता	स्थान व ग्राम देव दोषः
कुम्भ	स्वकीय जायदाद की चिन्ता	अपुत्री कुलटा स्त्री दोषः
मीन	देव, भूतपिशाचादि की चिन्ता	आकाश गामी वायु प्रकोपः

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

साधक (प्रश्न कर्त्ता) साध्य (जिसके लिए कर रहा है)

साधक के नाम की वर्ग संख्या को दूना कर उसमें साध्य के नाम की वर्ग संख्या जोड़कर ८ का भाग दें शेष साधक के नाम की काकिणी होती है। इसी प्रकार साध्य की वर्ग संख्या दूनी कर उसमें साधक की वर्ग संख्या जोड़ें, ८ का भाग दें, शेष साध्य की काकिणी होती है। दोनों काकिणियों में जिसकी कांकिणी अधिक (धनावशेष) हो वह अर्थप्रद (उत्तम धन देने वाली होती है) अथवा जिसकी कांकिणी अल्प होती है, वह ऋणी होता है।

टिप्पणी—साध्य का तात्पर्य यह है कि प्रश्न कर्त्ता जिस किसी व्यक्ति या किसी स्थान विशेष के विषय में प्रश्न कर रहा हो। साधक स्वयं प्रश्न कर्त्ता होता है। वर्गांक और वर्ग की दिशा का पूरा विवरण इस श्री राजधानी पंचांग के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है।

गर्भिणी :—प्रश्न कालीन लग्न कुण्डली के तृतीय, पंचम, सप्तम, नवम स्थान में पुरुष ग्रह रवि, मंगल और गुरु स्थित हों तो पुत्र हो और इन्हीं स्थानों में अन्य ग्रह पड़े हों तो कन्या उत्पन्न हो। विशेषता:—गर्भिणी ऊर्ध्व मुख प्रश्न करे तो पुत्र, अधोमुख प्रश्न करने से कन्या का जन्म जानना चाहिए।

अंक प्रश्न :—प्रश्न कर्त्ता से १०८ अंक में से कोई भी अंक कहलवाये वह अंक मुख से उच्चारण करे उसमें १२ का भाग दें शेष १।७।६ बचे तो देर से कार्य सिद्ध होगा। ४।५।८।१० शेष में कार्य हानि ११ बचने से कार्य सिद्धि, ३।१२ शेष में कार्य सिद्ध होगा।

स्वरोदय यंत्र राज :—प्रश्न कर्त्ता: अभीष्ठ प्रश्न के यथार्थ फल ज्ञानार्थ मन में अपने इष्ट देवता का स्मरण कर अभूतपूर्व स्वरोदय प्रश्न यंत्र के किसी भी कोष्टक में अपने दहिने हाथ की तर्जनी अंगुली रखे. जिस कोष्टक में अंगुली रखी जाय उसमें लिखित अंक के अनुसार शुभाशुभ फल ज्ञात करें।

टिप्पणी—कोई भी सज्जन उपहास के लिए इस यंत्र का प्रयोग न करें अन्यथा किसी अनिष्ट का उत्तरदायित्व सम्पादक पर नहीं होगा।

अथ विशोत्तरी दशा परिलेख :—वर्तमान समय में सभी विद्वानों ने मनुष्य की पूर्णायु १२० वर्ष मान रखी है। १२० वर्ष को ही सूर्यादि नव ग्रहों में विभक्त किया गया है जैसा कि साथ के चक्र में स्पष्ट है। मनुष्य के जीवन में शुभाशुभ दशाओं का उदय ही प्राणि मात्र के पुनर्जन्मार्जित कर्मों का फल होता है। कृतिकादि २७ नक्षत्रों को त्रिआवृत्ति (सू, चं, भौ, रा, जी, श, बु, के, शु) में बाँटा गया है। अर्थात् किसी व्यक्ति का जन्म नक्षत्र उत्तरा फाल्गुनी है, तो उसका जन्म विशोत्तरी सूर्य ग्रह की महादशा में हुआ है ऐसा जानना चाहिए। (भयात् भभोग बनाने की विधि जातक प्रकरण में देखें।)

दशा का भुक्त भोग्य जानने की विधि :—जन्म नक्षत्र के कुल घट्यादि मान को भभोग (सर्वक्षः) कहते हैं और जन्म समय तक उसी नक्षत्र के गत घट्यादि मान को भयात् (गतक्षः) कहते हैं। भयात् और भभोग की घटियों को पृथक-पृथक ६० से गुणा कर पल बना लें। भयात् के सर्व पलों को दशा के वर्षों से गुणा कर फिर भभोग के सर्व पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष, शेषांक को १२ से गुणा कर फिर भभोग पलों से भाग दें, लब्ध मास, पुनः शेषांक को ३० से गुणा कर भभोग के पलों से भाग दें लब्ध दिन आवेंगे। (इसी प्रकार ६० से गुणा कर भाग करने पर घटी-पल उपलब्ध होंगे) यह दशा के भुक्त वर्षादि होंगे। **नोट** :—इसी प्रकार योगिनी दशा के जानें।

❖ वर्ष फल साधनम् ❖

वर्ष शुभाशुभ फलित हित, जो सम्वत् आमाब्द . जन्मा सम्वत् हीन करि, जो बचें वर्ष शेषाब्द ।।

वर्तमान सम्वत् में से जन्म का सम्वत् घटा दें, जो वर्ष शेष बचें उन्हें शेषाब्द (गताब्द व ध्रुवांक) भी कहते हैं। वर्ष शेषाब्द यानी गत वर्ष संख्यांक तुल्य वर्ष प्रवेश सारणी में जो वारादि अंक प्राप्त हों उन्हें जन्म के वारादि इष्ट काल में जोड़ने से वर्ष प्रवेश का वारादि इष्ट काल होगा। इसी इष्ट परिमित लग्नवत् क्रिया करने से वर्ष लग्न सिद्ध होगा। **नोट**—प्रति वर्ष जन्म तारीख के लगभग ही वर्षेष्ठ सिद्ध होता है।

❖ योगिनी मुद्दा दशा जानने की विधि: ❖

योगिनी	मं	पि	धा	भ्रा	भ	उ	सि	श
मास	०	१	१	१	१	२	२	२
दिन	१०	२०	०	१०	२०	०	१०	२०

शेषाब्द (गताब्द) संख्या में जन्म नक्षत्र संख्या जोड़कर ३ और जोड दें। ८ से भाग दें शेष तुल्य मंगलादि योगिनी दशा जानना अर्थात् वर्षारम्भ में शेषांक तुल्य मुद्दा दशा रही वर्ष कुंडली में प्रधान ग्रह मुंथा: होती है।

दोहा—जन्म लग्न में मुन्था, जन्म समय बलवान।
भोग एक राशीवर्ष, कौशिक वचन प्रमान ।।

जन्म समय में मुन्था: जन्म लग्न में होती है। प्रति वर्ष प्रति एक राशि में भोग करती हुई पुनः (१३) तेरहवें वर्ष में जन्म लग्नांक राशि में मुन्था आ जाती है।

जानने की विधि:—गताब्द संख्यांक में जन्म लग्नांक जोड़कर १२ का भाग दें शेषांक (राशि) में मुन्था लगा दें।

❖ वर्ष मध्ये मुद्दा (गौरी) दशा चक्रम् ❖

ग्रहा	रवि	चन्द्र	मगल	रा	जी	श	बु	के	शु
मा.	०	१	०	१	१	१	१	०	२
दिन	१८	०	२१	२४	१८	२७	२१	२१	०

मुद्दा (गौरी) दशा जानने की विधि:—जन्म नक्षत्र संख्या में गताब्द अर्थात् गत वर्ष संख्या जोड़कर २ घटा दें ६ से भाग करने पर जो शेष बचे उसी नम्बर की दशा वर्षा आरम्भ में होती है। उससे आगे क्रमशः सभी दशायें अपने-अपने निश्चित समयानुसार भोग करती हुई चक्र (वर्ष) पूरा करती हैं।

नोट—यदि शून्य शेष बचे, अर्थात् ६ का भाग पूरा लग जाय तो वर्षारम्भ में शुक्र की दशा जाननीचाहिए। नक्षत्र की गणना अश्विनी आदि मानकर की जाती है।

❖ त्रिराशि पति चक्रम् ❖

राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
दिवा:	र	शु	श	शु	गु	चं	बु	मं	श	मं	गु	चं
रात्रौ	गु	च	बु	मं	र	शु	श	शु	श	मं	गु	चं

दिन में वर्ष प्रवेश हो तो मेषादि राशियों के क्रमशः त्रिराशि पति (स्वामी) सूर्य शुक्र शनि आदि जानना और यदि रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो गुरु चन्द्र बुधादि त्रिराशि पति होते हैं।

कुछ रोगों पर महात्माओं की अनुभूत औषधि

...के कोढ़—इन्द्रायण की जड़ को महीन पीस कर कपड़छान कर लें। ३ माशा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कुछ रोगों पर महात्माओं की अनुभूत औषधें

खांसी—काकड़सिंगी, अतीस, मुलहठी ये तीनों चीजें बराबर लेकर चूर्ण कर लें। शहद से मिलाकर चाटें तो खांसी बन्द हो जाय।

घाव मरहम—तिल का तेल दो तोला, मोम देशी छह माशे, कत्था छह माशे, सिंदूर छह माशे, मुरदासंग छह माशे, छोटी इलायची के बीज छह माशे, सफेदा काशगरी छह माशे इन सब चीजों का मरहम बनाकर लगाने से घाव ठीक हो जाता है।

स्तनों में दूध बढ़ाना—कमलगट्टे की खीर से स्तनों में दूध बढ़ जाता है। (२) बिनौले की गिरी के दो तोले चूर्ण की दूध में खीर बनाकर खाने से स्तनों में दूध बढ़ जाता है।

रक्त प्रदर—नीम का तेल गाय के दूध में पीने से स्त्री का रक्त प्रदर नष्ट हो जाता है।

उन्माद—ईख कुटकी सम भाग दूध और शक्कर मिलाकर नासिका में डालकर नस्य लेने से सब प्रकार के उन्माद नष्ट होते हैं।

गर्भ प्राप्ति—बिजौरे नीबू के बीजों को दूध में पकाकर घी के साथ पीने से स्त्री को गर्भ प्राप्त होता है।

ज्वरातिसार—असगन्ध, दालचीनी, नागरमोथा, बाराहीकन्द, धाय के फूल और कुड़ा इनसे सिद्ध जल क्वाथ चार-पांच दिन में ज्वरातिसार की शान्ति करता है।

अर्श—हरड़ और लहसन चार माशे और हाड़जोड़ आठ माशे, कुछ तेल और नमक मिलाकर लगाने से अर्श रोग का नाश होता है।

बवासीर—अगर बवासीर को जड़ से खोना है तो एक मास तक अन्न नहीं खाना चाहिए। केवल जिमीकन्द का सेवन सुख पूर्वक करने से बवासीर नष्ट होता है।

बिच्छू का जहर—हुलहुल की जड़ बिच्छू काटे मनुष्य को सात बार सुंघाने से बिच्छू का जहर उतर जाता है।

पुराने दस्त—साढ़े चार माशे रीठा को आधा पाव पानी में भिगोकर झाग उठायें। फिर उस पानी को छानकर रोगी को पिला दें। कुछ दिन पिलाने से पुराने दस्त ठीक हो जाते हैं।

जूएं—धतूरे के पत्तों का अर्क कूटकर निकाल लें। इस अर्क को सिर में लगाने से जूएं मर जाते हैं।

आंख दुखना—बबूल के पत्तों को रात के समय कूटकर टिकियां बना लें। इन टिकियों को दुखती आंखों पर रखकर ऊपर से पट्टी बांध कर सो जायं, सुबह तक आंखों की लाली तथा पीड़ा दूर हो जायेगी।

पेट का दर्द—पीपल के दो पत्तों को पीसकर गुड़ में मिलाकर खाने से पेट का दर्द दूर हो जाता है।

गंज—बरगद के पत्तों को अलसी के तेल में भूनकर प्रातः सायं गंज पर मलने से कुछ दिनों में गंजे सिर पर बाल उग आते हैं।

तुतलाना—प्रतिदिन सत्यानाशी की एक नई डाली को तोड़कर जीभ पर लगायें, फिर उसके दूध को उंगली से जीभ पर मलें। कुछ दिन तक यह क्रिया करने से तुतलाना ठीक हो जाता है।

पेट के कीड़े—इन्द्रायण की जड़ को महीन पीस कर कपड़छान कर लें। ३ माशा चूर्ण में १ तोला पुराना गुड़ मिलाकर खूब कूटें फिर गुलाब जल के छींटे देकर नरम करके ६ गोलियां बना लें। प्रतिदिन २ गोली गरम पानी के साथ सेवन करने से पेट के कीड़े नष्ट हो जाते हैं।

दाद—ढाक के बीज तथा कत्था दोनों को बराबर लें, पानी में पीसकर लेप करने से दाद कुछ ही दिनों में ठीक हो जाता है।

मुंह के दाग—तुलसी के पत्तों के रस में नीबू का रस मिलाकर चेहरे पर मलने से झांई, मुंहासे आदि चेहरे के दाग दूर होते हैं।

उदर-विकार—१ पाव गुलाब जल में १ पाव अनारदाना भिगोकर रात भर रख दें, सुबह उसे मलकर छानकर पी जायं। इससे हर प्रकार के उदर-विकार, आधा सीसी तथा नेत्र रोगों को लाभ होता है।

हैजा—ढाई तोला प्याज तथा ७ काली मिर्च को सिल या खरल में डालकर इतना पीसें कि छानने की जरूरत न रहे, फिर उसमें उतना पानी मिला दें जितना रोगी पी सके। इसे पिलाते ही हैजा की घबराहट, प्यास, कै तथा दस्तों को लाभ होता है।

काली खांसी—छोटे बच्चों के गले में लहसुन की कलियों को गूंथकर माला बनाकर पहना देने से ही उनकी काली खांसी ठीक हो जाती है।

जुलाब—ढाई तोला अण्डी का साफ किया हुआ तेल रात्रि के समय दूध के साथ पीने से प्रातः साफ दस्त आता है।

पेचिश—सौंफ ५ तोला, बेलगिरी ५ तोला और मिश्री १० तोला—तीनों को कूट-पीस कर ६-६ माशे चूर्ण को ताजा पानी के साथ सुबह शाम लेने से पेचिश दूर होती है।

प्लीहा—कच्ची मूली का सेवन करना यकृत् तथा पीलिया रोग में लाभ करता है।

मृगी—दो माशे तम्बाकू के पत्तों को एक पाव खोलते हुए पानी में एक घंटे तक डाले रखें। फिर पानी को छानकर आधी छटांक की मात्रा में प्रातः सायं पिलायें। एक सप्ताह के प्रयोग से मृगी रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है।

कण्ठ माला—काशीफल के टुकड़ों को पानी में गर्म करें। उस गर्म पानी के गरारे करने से कण्ठ माला रोग में लाभ होता है।

दाढ़ का दर्द—एक लाल मिर्च को पानी में महीन पीसकर छान लें। उस पानी को थोड़ा-सा गरम करके जिस ओर की दाढ़ में दर्द हो उसके दूसरी ओर के कान में डाल दें तो दाढ़ का दर्द तुरन्त बन्द हो जाता है। इस प्रयोग से कान में दर्द होने लगे तो थोड़ा सा शुद्ध घी गरम करके कान में डाल देना चाहिए तो उससे कान का दर्द दूर हो जाता है।

प्याज, लहसुन, नमक, मिर्च, हल्दी, धनिया, अदरक, घी, शहद, जीरा, पानी, मिट्टी, मट्ठा, दूध, दही, कौड़ी आदि लगभग ७० वस्तुएं ऐसी हैं, जो हर घर में मौजूद रहती हैं और वह अकेली ही, मिन्टों में विभिन्न प्रकार के रोगों में लाभ पहुंचाती हैं। इन वस्तुओं के गुण तथा उपयोगों की जानकारी देने वाली अलग-अलग पुस्तकें हमारे यहां से प्रकाशित हुई हैं। इन पुस्तकों का अध्ययन आप अवश्य करें। इन पुस्तकों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारे यहां से 'घर का वैद्य, ३-५-०० नामक पुस्तक आज ही मंगायें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हस्त-रेखा विचार

हाथ देखने से पहले यह ध्यान रखना आवश्यक है कि पुरुष का दाहिना (सीधा) हाथ तथा स्त्री का बायां (टेढ़ा) हाथ देखना चाहिए। यदि हाथ में मत्स्य-रेखा हो तो धनवान, बहुसंततिवान, बुद्धिमान तथा सुख भोगने वाला होता है। यदि तुला (तराजू), ग्राम, गांव तथा वज्र में कोई चिन्ता चिन्ह हो तो व्यापार में सिद्धी मिलती है। कमल, धनुष, तलवार तथा अष्टकोण में से कोई चिन्ह हो तो धनवान् तथा सुख-समृद्धि से सम्पन्न होता है। त्रिशूल, छत्र, शक्ति वाण, रथ, चक्र और ध्वजा का चिन्ह हो तो राजा या राजा के समान वैभव वाला होता है। गिरि, कंकण, योनि, नर-मुंड आदि चिन्ह हों तो राजा का मन्त्री होता है। सूर्य, चन्द्र, नेत्र, मन्दिर, हाथी, और घोड़ा में से कोई चिन्ह हो तो धनवान् तथा सुखी होता है। यदि अंगूठा के मध्य में यव (जौ) का चिन्ह हो तो वह अपनी उत्पन्न वस्तुओं का भोक्ता तथा सुखी होता है। तर्जनी व मध्यमा उंगलियों में से किसी के बीच में यव (जौ) हो तो वह स्त्री-पुत्र, घर, धन-धान्य से पूर्ण सुखी होता है।



अंगूठे या हाथ में कहीं भी सूप का चिन्ह हो तो अत्यंत दरिद्री होता है। अंगूठे के मूल से लेकर पोंचे के मोड़ तक के उभरे हुए भाग में जितनी रेखाएँ दीख पड़ें, उतने ही भाई-बहिन जानने चाहिए। कनिष्ठा उंगली की जड़ के समीप जितनी रेखाएँ हों, उतने ही विवाह या उतनी ही स्त्रियों का सुख जानें। अंगूठे के पीछे के बीच के मोड़ पर जो तीन रेखाएँ हैं उनमें से एक से बचपन, दूसरी से जवानी तथा तीसरी से बुढ़ापे का सुख-दुःख जानना चाहिये।

भाग्य रेखा—यह रेखा मणिबन्ध (पोंचा) के मूल से लेकर मध्यमा अथवा तर्जनी उंगली के मूल तक जाती है। यदि यह रेखा बीच में कहीं कटी-फटी या खंडित न हो तो व्यक्ति ऐश्वर्यशाली होता है और यदि मध्यमा उंगली के मूल पर समाप्त हो तो उसे सोने के व्यापार से बहुत लाभ होता है। यदि रेखा कटी हो तो ऐसा व्यक्ति निरन्तर अधिक लाभ नहीं कर पाता है। यदि किसी के हाथ में यह रेखा बिल्कुल न हो तो ऐसे व्यक्ति का भाग्य सूर्य रेखा, जीवन रेखा तथा मस्तक रेखाओं की स्थिति से जानना चाहिए।

जीवन-रेखा—यह रेखा तर्जनी उंगली तथा अंगूठे के बीच से मणिबन्ध (पोंचे) की ओर शुक्र-क्षेत्र को घेरती हुई जाती है। यह रेखा सभी हाथों में समान रूप से नहीं होती। यदि यह रेखा स्पष्ट, उठी हुई तथा लम्बाई में पूर्ण हो तो वह व्यक्ति प्राण-शक्ति धारण करने वाला होता है। जिन हाथों स्पष्ट, पतली तथा लम्बाई में पूर्ण रेखा हो तो उनमें प्राण-शक्ति कम ही रहती है। यदि यह रेखा बीच में किसी स्थान पर टूटी हुई हो और साथ ही टूटे हुए स्थान से किसी अन्य रेखा का सम्बन्ध न हो, तो उसी आयु में दुर्घटना घटित होती है। यदि अन्य लक्षण भी इसके द्योतक हों तो मृत्यु जाननी चाहिए। यह रेखा लम्बाई में पूर्ण होती हुई भी अन्य रेखाओं से कट रही हो अथवा स्वयं ही कटी हुई हो तो कष्ट, दुर्घटना, एक्सीडेंट आदि या मृत्यु के समान दुःख होता है।

हृदय-रेखा—कनिष्ठा उंगली के नीचे से चलकर तर्जनी या मध्यमा उंगली के नीचे के क्षेत्र तक जाने वाली रेखा हृदय रेखा कहलाती है। भारतीय विद्वान् इस रेखा को आयु-रेखा भी कहते हैं। परन्तु पाश्चात्य विद्वानों के मत में यह हृदय-रेखा है इस रेखा से मन, हृदय तथा प्रेम-सम्बन्ध के बारे में देखा जाता है। यदि यह रेखा तर्जनी उंगली के प्रथम पर्व तक चली आये तो ऐसे व्यक्ति का प्रेम-सम्बन्ध समाज में चर्चा का विषय बन जाता है।

यदि यह रेखा मध्यमा उंगली तक जाए तो ऐसा व्यक्ति छल-कपट का व्यवहार करने वाला, स्वार्थी, आत्मलोलुप, धूर्त, कपटी तथा आडम्बर-प्रिय होता है। ऐसे व्यक्ति अपने प्रेमी को भी धोखा देने में नहीं चूकते। इन्हीं कारणों से इन्हें समाज में विशेष आदर नहीं मिलता।

मस्तक रेखा—यह रेखा तर्जनी उंगली और अंगूठे के मध्य भाग से जीवन रेखा से मिलती हुई अथवा उससे कुछ दूर होकर हथेली के मध्य भाग में चन्द्र अथवा राहु-क्षेत्र की ओर जाती है। प्राचीन भारतीय विद्वानों के अनुसार इसे 'धन-रेखा' या 'वैभव रेखा' बताया गया है परन्तु पाश्चात्य विद्वान इसे 'मस्तक रेखा' बताते हैं। इससे शिक्षा, विद्या, बुद्धि का विचार किया जाता है। यदि मस्तक-रेखा जीवन-रेखा निकलने के स्थान से जीवन-रेखा को काटती हुई आगे जाए तो ऐसा व्यक्ति ईर्ष्यालु, झगड़ालू, विवेकशून्य तथा खोटी बुद्धि वाला होता है। बाल्यकाल में वह प्रायः किसी दुर्घटना का शिकार होता है। यदि यह रेखा जीवन-रेखा को छूती हुई आगे बढ़े तो ऐसा व्यक्ति विवेकशील, बुद्धिमान, अवसरवादी तथा सतर्कता एवं सावधानी से काम करने वाला होता है।

सूर्य-रेखा—यह रेखा मणिबन्ध, चंद्र व राहु-क्षेत्र, मस्तक-रेखा, हृदय-रेखा अथवा अन्य किसी स्थान से प्रारम्भ होकर अनामिका उंगली के नीचे सूर्य-क्षेत्र की ओर जाती है। यह रेखा प्रायः प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में नहीं पाई जाती। जिनके हाथ में यह रेखा होती है, वे व्यक्ति भाग्योन्नति, आदर-सत्कार तथा यश के धनी होते हैं। इसे 'यश-रेखा' भी कहा जाता है। यदि यह रेखा जीवन-रेखा से निकलकर सीधी सूर्य-क्षेत्र तक जाए तो ऐसा व्यक्ति यंत्र-तंत्र-मंत्र-वेत्ता, कलाकार, यशस्वी, चित्रकार तथा समाज में प्रतिष्ठा-प्राप्त होता है। यदि मंगल-क्षेत्र से निकलकर सूर्य-क्षेत्र तक जाए तो ऐसा व्यक्ति विद्रोही, परिश्रमी, बहादुर और आत्म-विश्वासी तथा प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त करने वाला होता है।

स्वास्थ्य-रेखा—यह रेखा हथेली के मध्य भाग से, जीवन रेखा से, चन्द्र-क्षेत्र से अथवा अन्य किसी स्थान से निकलकर कनिष्ठा उंगली के नीचे बुध-क्षेत्र तक जाती है। इस

रेखा से भारतीय विद्वान् भाग्य के बारे में भी विचार करते हैं, परन्तु पाश्चात्य विद्वान् इसे स्वास्थ्य की दशा समझने में प्रयुक्त करते हैं। यह रेखा प्रायः ...

स्वाती, अनुराधा, उ.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शत., उ.भा., रेवती।
... तैतिल, गर एवं वणिज।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रेखा से भारतीय विद्वान् भाग्य के बारे में भी विचार करते है, परन्तु पाश्चात्य विद्वान् इसे स्वास्थ्य की दशा समझने में प्रयुक्त करते हैं। यह रेखा प्रायः बहुतों के हाथ में नहीं पाई जाती। विशेष रूप से जिनके हाथ में यह रेखा पाई जाती है, उनके स्वास्थ्य पर यह अपना शुभ या अशुभ प्रभाव अवश्य डालती है। जिनके हाथ में यह रेखा नहीं होती वे व्यक्ति प्रायः स्वस्थ, दीर्घ-जीवी एवं प्रसन्नात्मा होते हैं। यदि यह रेखा मस्तक तथा हृदय-रेखा को काटती हुई जाती है, तो ऐसा व्यक्ति मस्तिष्क एवं हृदय दोनों में कमजोर होता है। यह रेखा जितनी स्पष्ट होगी, स्वास्थ्य उतना ही उत्तम होगा और जितनी टेढ़ी, कटी एवं टूटी होगी स्वास्थ्य उतना ही कमजोर होगा।

● **विवाह रेखा**—यह रेखा कनिष्ठा उंगली के नीचे होती है। जितनी रेखाएँ होती हैं, उतने ही विवाह अथवा उतनी स्त्रियों का संसर्ग-सुख भोगने वाला होता है। यदि विवाह-रेखा पर द्वीप का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति अपनी स्त्री से कलह करने वाला तथा व्यभिचारी होता है। यदि यह रेखा शुद्ध हो और एक हो तो ऐसा व्यक्ति एक पत्नी-व्रती होता है।

विवाह-रेखा के ऊपर-नीचे छोटी-छोटी रेखाएँ, जो बहुत ही सूक्ष्म होती है, उनसे संतान के बारे में विचार करना चाहिए। ये छोटी-छोटी रेखाएँ यदि टूटी-फूटी हों तो सन्तान की मृत्यु अथवा गर्भ-पात की सूचक जाननी चाहिए। संतान के विषय में अंगूठे के मूल से लेकर मणिबन्ध (पौंचे) के मोड़ तक की रेखाओं से भी विचार किया जाता है।

सामान्य रूप से सब कार्यों में लग्न-शुद्धि

१. अपनी जन्म-राशि से ८वीं, १२वीं राशि को छोड़कर अन्य राशि लग्न में हों।
२. लग्न से ८वें, १२वें स्थान में कोई ग्रह न हो।
३. चन्द्रमा लग्न से ३, ६, १० या ११वें स्थान में हो।
४. शेष शुभ ग्रह केंद्र, त्रिकोण (१-४-५-७-९-१०) में और पाप ग्रह त्रिषडाय (३-६-११) में हों।

विशेष—यदि उपर्युक्त प्रकार से शोधित लग्न की राशि अपनी जन्म-राशि से ३, ६, १० या ११वें हों तो वह विशेष उत्तम लग्न का मुहूर्त होता है एवं वह लग्न जितने अधिक शुभ ग्रहों से युत दृष्ट हों, उतना ही अधिक बली एवं फलप्रद होता है।

चन्द्रबल— अपनी जन्म-राशि से १, ३, ६, ७, १०, ११वीं राशि का चन्द्र शुभ होता है। इसके अलावा शुक्ल पक्ष में २, ५, ९वीं राशि का भी चन्द्र शुभ होता है।

ताराबल—जन्म-नक्षत्र से इष्ट कालीन नक्षत्र तक की संख्या को ९ से भाग दें, शेष १, २, ४, ६, ८, ० रहे तो ताराबल प्राप्त होता है; ३, ५, ७ शेष रहे तो तारा-बल नहीं मिलता। शुक्ल पक्ष में चन्द्र-बल, कृष्ण पक्ष में तारा-बल लेना चाहिए।

सामान्य दिन शुद्धि

शुभ तिथि— दोनों पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, १२ और कृष्ण १ प्रतिपद तथा शुक्ल १३ ये शुभ तिथियां हैं। क्षय-तिथि और वृद्धि-तिथि वर्ज्य हैं।

शुभ वार —सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्वि., रोहिणी, मृग., पुन., पुष्य, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शत., उ.भा., रेवती।

शुभ करण—बव, वालव, कौलव, तैतिल, गर एवं वणिज।

लग्न-प्रशंसा—लग्न का विचार छोड़कर जो कुछ काम किया जाए, वह सब निष्फल होता है; जैसे, ग्रीष्म ऋतु में क्षुद्र नदियां सूख जाती हैं। तिथि नक्षत्र योग अथवा चंद्र के बल का कोई महत्व नहीं; गर्ग, नारद तथा कश्यप मुनि केवल लग्न की प्रशंसा करते हैं। जो लग्न अपने बलवान स्वामी से अथवा बलवान शुभ ग्रहों से दृष्ट हो, पाप ग्रहों से युत अथवा दृष्ट न हो, वह लग्न बलवान होता है।

लग्न-शुद्धी—लोग कहते है कि चन्द्रमा का बल प्रधान है; किन्तु शास्त्रों के अनुसार लग्न-बल ही प्रधान है। लग्न से ग्यारहवें स्थान में सब ग्रह शुभ होते हैं। ३, ८, स्थानों में सूर्य अथवा शनि शुभ होते हैं। द्वितीय अथवा तृतीय स्थान में चन्द्रमा शुभ होता है ३, स्थानों में मंगल शुभ होता है। २, ३, ४, ५, ६, ९, १० स्थानों में बुध तथा बृहस्पति शुभ होते हैं। २, ३, ४, ५, ९, १० स्थानों में शुक्र शुभ होता है। ३, ५, ६, ८, ९, १०, १२ स्थानों में राहु शुभ होता हैं।

चरत्रय निषेध—चर लग्न चर नवांश तथा चर राशि में स्थित चन्द्रमा; ये तीनों चर निषिद्ध हैं। वर-कन्या के प्राणों का नाश करने वाले हैं। उदाहरण—कर्क अथवा मेष।

[शेष पृष्ठ ६२ का] **दिक्शूल पदार्थ (वार के अनुसार)**

रविवार	घी का बना कोई पदार्थ, ताम्बूल (पान का बीड़ा), रसाल (पका आम)
सोमवार	दूध, खीर या दूध से बने पदार्थ, चन्दन लेपन
मंगलवार	गुड़, मिष्ठान्न या कांजी
बुधवार	तिल या दूध से बने पदार्थ, पुष्प धारण
गुरुवार	दही (दधि)
शुक्रवार	जौ (यव) या घी, दूध से बने पदार्थ
शनिवार	तिल या उड़द से बने पदार्थ खाकर, अदरख, उड़द

प्रस्थान के नियम—यदि यात्रा में देर हो और मुहूर्त्त निकला जा रहा हो तो ब्राह्मण यात्री ब्राह्मण जाति का हो तो जनेऊ, क्षत्रिय कोई हथियार, वैश्य वस्त्र, शूद्र फल अथवा अपनी प्रिय वस्तु या सफर में ले जाने वाला कोई थैला, बक्सा, पेटी आदि अपने पड़ौसी, मित्र, नाते रिश्तेदार के यहां रखवा दें और यात्रा पर जाते समय साथ लेता जावे। पूर्व की यात्रा हो तो प्रस्थान अधिक से अधिक सात दिन का, दक्षिण दिशा की यात्रा हो तो पांच दिन तक का, पश्चिम दिशा की यात्रा में तीन दिन तक और उत्तर दिशा की यात्रा में दो दिन पहले तक रखा जा सकता है। **चन्द्रवास चक्रम्**



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

फलित में परमोपयोगी ग्रह-दृष्ट्यादि विवरण-चक्र

ग्रह और उनके चिह्न	रवि ☉	चंद्र ☽	मंगल ♂	बुध ☿	गुरु ♃	शुक्र ♀	शनि ♄	राहु ☊	केतु ☋
ग्रहों की एक-पाद दृष्टि	३-१०	३-१०	३-१०	३-१०	३-१०	३-१०	०	३-१०	३-१०
दो-पाद दृष्टि	५-९	५-९	५-९	५-९	०	५-९	५-९	५-९	५-९
तीन-पाद दृष्टि	४-८	४-८	०	४-८	४-८	४-८	४-८	४-८	४-८
सम्पूर्ण दृष्टि	७	७	४-७-८	७	५-७-९	७	३-७-१०	७	७
नक्षत्र-दृष्टि	५-१५	१५	७-८-१०-१५	९-१२-१५	१०-१५-१९	९-१२-१५	३-५-१५-१९	९-१५	९-१५
मित्र-ग्रह	चं.मं.गु.	र.बु.	र.चं.गु.	र.शु.रा.	र.चं.मं.	बु.श.रा.	बु.शु.रा.	बु.शु.श.	बु.
सम-ग्रह	बु.	मं.गु.शु.श.	शु.श.	मं. गु. श.	श.रा.	मं. गु.	मं.	गु.	×
शत्रु-ग्रह	शु.श.रा.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र.चं.मं.	र.चं.मं.	×
बलवत्तम भाव	दशम	चतुर्थ	दशम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	सप्तम	×	×
कारक भाव	१-९-१०	४	३-६	४-१०	२-५-९-१०-११	७	६-८-१०-१२	×	×
उच्चराशि एवं परमोच्चांश	मेष १०°	वृषभ ३°	मकर२८°	कन्या १५°	कर्क ५	मीन२७°	तुला२०°	मिथुन१५°	धनु १५°
नीचराशि एवं परम नीचांश	तुला १०°	वृश्चिक ३°	कर्क२८°	मीन १५°	मकर ५°	कन्या२७°	मेष.२०°	धनु१५°	मिथुन१५°
मूल त्रिकोण राशि, अंश	सिंह २०°	वृ४°से३०°	मेष १८	कं.१६°से२०°	धनु १३°	तुला १०°	कुम्भ२०°	कर्क	मकर
स्वगृह-(राशि)	सिंह	कर्क	मेष वृश्चि.	मि., कन्या	धनु, मीन	वृष,तुला	म. कुम्भ	कन्या	मीन
हर्ष-स्थान	९	३	६	१	११	५	१२	×	×
शत्रु-राशियां	२-६-७-१०-११	६	३-६	४	२-३-६-७	४-५	१-४-५-८	१-४-५-८	×
स्वगृह से सप्तम(अस्त)राशि	११	१०	२-७	९-१२	३-६	१-८	४-५	१२	६
विंशो० दशा-नक्षत्र व वर्ष	कृ. उ.षा. उ.फा.६	रो.ह. श्र.१०	मृ.चि. ध. ७	आश्लेषा ज्ये.रे.१७	पुन. वि. पू.भा.१६	म.पू.फा. पू.षा. २०	पुष्य अनुराधा उ.भा. १९	आर्द्रा स्वाती शत. १८	अश्विनी म.मू. ७
ग्रहों के भाग्योदयकारी वर्ष	२२	२४	२८	२	१६	२५	३६	४२	४२
दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य
कुण्डली-भाव-दिशा	१	५-६	१०	४	२-३	११-१२	७	८-९	८-९
राशिचक्र-परिभ्रमण वर्ष	१	०-०-७४	१-९	०-२	११-९	०-६	२९-५	१८-६	१८-६
मध्यम राशि-भ्रमण-काल	१ मास	२१ दिन	१॥ मास	२५ दिन	१३ मास	२८ दिन	३० मास	१८ मास	१८ मास
नक्षत्र-चार-दिन	१३	१	२०	१०	१७३	१२	४००	२४०	२४०
नक्षत्र-पाद(नवांश)चार-दिन	३¼	¼	५	२½	४३	३	१००	६०	६०
मध्यमदिनगति,कला,विकला	५९'-८"	७९०'-३५"	३१'-२७"	५९'-८"	४'-५९"	५९'-८"	२'-०"	३'-११"	३'-११"
शीघ्र गति, कला, विकला	६०'-४"	८२३'-४८"	३९'-१"	१०४'-४६"	१२'-२२"	७३'-४३"	५'-२७"	×	×
परमशीघ्रगति (अतिचारी)	६१'	८५७'	४६'-११"	११३'-३२"	१४'-४"	७५'-४२"	७'-४५"	×	×
अतिचार-दिन (स्थूल)	×	×	१५	१०	४५	१०	१८०	×	×
सन्'८३ का मध्यम शर (विक्षेप) नव्य मत	×	५°-८'-४३"·४३	१°-५०'-५९"·४	७°-०'-१५"·९	१°-१८'-१४"·४	३°-२३'-४०"·१	२°-२९'-२१"·३	×	×
गोचर से निंद्य	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२	४-८-१२
गोचर से पूज्य	१-२-५-७-९	२-५-९	१-२-५-७-९	१-३-५-७-९	१-३-६-१०	५-६-७-१०	१-२-५-७-९	१-२-५-७-९	१-२-५-७-९
गोचर से शुद्ध	३-६-१०-११	१-३-६-७-१०-११	३-६-१०-११-	२-६-१०-११-	२-५-७-९-११	१-२-३-९-११	३-६-१०-११	३-६-१०-११	३-६-१०-११
अनुक्रम से वेध-स्थान	९-१२-४-५ शनिवर्जित	५-९-१२-२-४-८ बुध वर्जित	१२-९-१०-५	५-१-८-१२ चन्द्र वर्जित	१२-४-३-१०-८	८-७-१-११-३	१२-९-१०-५ सूर्य वर्जित	१२-९-१०-५	१२-९-१०-५

टिप्पणी—चन्द्रमा शुक्लपक्ष में २,५,९वें स्थानों में भी शुभ होता है, यदि क्रमशः ६,८,४ स्थान में बुध के सिवा अन्य ग्रह न हों।

ग्रह जिस दिशा का स्वामी है, यात्रा-कालिक कुण्डली में उसी दिशा में पड़े तो ललाट-योग होता है जो युद्ध-यात्रा में वर्ज्य है। यात्रा की दिशा का स्वामी-ग्रह तात्कालिक कुण्डली के केन्द्र में हो तो यात्रा विहित है। (मुहूर्त-मार्तण्ड)।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi. Collection

* ग्रह-शील-चक्र *

ग्रह-चिह्न	सूर्य ☉	चंद्र ☽	मंगल ♂	बुध ☿	गुरु ♃	शुक्र ♀	शनि ♄	राहु ☊	केतु ☋
पर्याय	हेलि	ग्लौ, शीत-रश्मि	आर, वक्र भू-सुत	ज्ञ, इंदु-पुत्र विद्, बोधन	जीव, अंगि. सुरगुरुइज्य	भृगु भृगुसुत सितदे. गुरु	कोण, मद सूर्य-पुत्र	तम, अगु, असुर	शिखी
शुभ, पाप	उग्र	शुभ (क्षीण चन्द्र पाप	क्रूर	शुभ, (पाप युक्त पाप	शुभ	शुभ	अति पाप	पाप	पाप
देवता	अग्नि	वरुण	स्कन्द	विष्णु	इन्द्र	इन्द्राणी	ब्रह्मा	वायु	आकाश
काल-पुरुष अंग	आत्मा	मन	सत्व, शौर्य	वाणी	ज्ञान-सुख	काम-सुख	दुःख	मृति	स्थिति
पुरुषादि लिंग	पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	वैश्य, शूद्र	ब्राह्मण	ब्राह्मण	अंत्यज	शूद्र	संकर
आकार	चतुरस्र	वर्तुल	चतुष्कोण	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ
स्वभाव	स्थिर	चंचल	उग्र	मिश्र	मृदु	लघु	अतितीक्ष्ण	......	......
स्थान	पर्वत	जलचर	पर्वत, वनचर	विद्वानों से युक्तग्रा.चर	विद्वानों से युक्तग्रा.चर	जलचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर
काल	अयन	क्षण-मुहूर्त	दिन	ऋतु	मास	पक्ष	वर्ष	......	......
दिशा, कोण	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	अग्नि	पश्चिम	नैऋत्य	सर्वदिशा
ग्रह-शांति में दिशा	मध्य	अग्नि	दक्षिण	ईशान	उत्तर	पूर्व	पश्चिम	नैऋत्य	वायव्य
राजादि पदवी	राजा	राजरानी	सेनापति	युवराज	मंत्री	गुप्त मंत्री	प्रेष्य दूत	सेवक	परिचारक
वय-वर्ष अवस्था	प्रौढ़(५०)	युवा	तरुण	कुमार	युवा(३०)	किशोर	वृद्ध(१००)	अतिवृद्ध	अतिवृद्ध
रंग	पाटल	गौर	रक्तगौर	दूर्वाश्याम	गौर-पीत	श्वेत-श्याम	नील	कृष्ण	धूम्र
ह्रस्वदीर्घ	ह्रस्व	ह्रस्व	ह्रस्व	ह्रस्व	दीर्घ	ह्रस्व	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ
विद्या	वैद्यक	ज्योतिष	शस्त्र	शिल्प	व्याकरण	संगीत	यावनी वि.	गारुडी	गुप्त-तंत्र
भाग्योदय-वर्ष	२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४८
नशा व गोचर फल काल	प्रथम भाग	अन्त्य	प्रथम भाग	सर्वदा	मध्य	मध्य	अन्त्य	......	......
कारक	पिता	माता	बन्धु, पितृव्य	मामा, बुद्धि वाणी	पुत्र, बुद्धि ज्ञान, धर्म	स्त्री	दूत, भृत्य दारिद्र्य	दादा, शत्रु	नाना
कारक भाव	१,९,१०	४	३, ६	४, १०	२,५,९,१०	७	६,८,१०	......	......
हर्ष-स्थान	९	३	६	१	११	५	१२	......	......
तत्व	अग्नि	जल	अग्नि	पृथ्वी	आका. तेज	जल	वायु	जल-वायु	तेज
गुण	सत्व	सत्व	तामस	राजस	सत्व	राजस	तामस	अति तामस	किंचित तामस
धात्वादि	मूल	जीव	धातु	मिश्रण	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु
रस	तिक्त	क्षार	कटु	मिश्र	मधुर	अम्ल, खट्टा	कशायकसे	तीखा	नीरस फीका
धातु	सुवर्ण	रौप्य	लोहा	यशद	बंग	ताम्र	नाग	पञ्चधातु	अष्टधातु
वस्त्र	मोटा	नवीन	अग्नि-दग्ध	आर्द्र	मध्यम	दृढ़	मलिन	चित्र-विचित्र	जीर्ण-शीर्ण
काल-बल	मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रातः	प्रातः	अपराह्न	संध्या	संध्या	संध्या
पाद	चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजंगअपद	अपद	अपद
भूमि	पशुभूमि	जलभूमि	दग्ध	श्मशान	सुरालय	जलभूमि	उत्कट	ऊषर	ऊषर
स्थान	वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर
शरीर-धातु	अस्थि	रुधिर	मज्जामांस	चर्म त्वचा	मेद	वीर्य-ओज	स्नायु	......	रस
पित्तादि प्रकृति	पित्त	श्लेष्मा	पित्त	समधातु	समधातु	कफ	वात	वात	वात
रोग	नेत्ररोग	नेत्र-पीड़ा	रक्त	त्रिदोष	ज्वर	वीर्य-रोग	वातव्याधि	अस्थि-रोग	अस्थि-रोग
ऋतु	ग्रीष्म	वर्षा	ग्रीष्म	शरद	हेमन्त	वसन्त	शिशिर	शिशिर	शिशिर
दृष्टि	ऊर्ध्व	सम	ऊर्ध्व	तिर्यक्	सम	तिर्यक्	अधो.	अधो.	अधो.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS
CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अक्षांशादि सारणी (भारत के प्रमुख नगरों के अक्षांश आदि)

देशान्तर—दिल्ली से पूर्व में + पश्चिम में — अन्तर   स्टॅण्डर्ड अन्तर—स्थानीय टाईम और स्टॅण्डर्ड टाईम का अन्तर

नगर	प्रान्त	उत्तर अक्षांश	पूर्व रेखांश	समयान्तर स्टैं. टा. मि. से.	दिल्ली से पूर्व व पश्चिम देशांतर समय-संस्कार
अयोध्या	उ० प्र०	२६।४८	८२।१४	— १। ४	+२०। ० — ३
अक्कलकोट	बम्बई	१७।३३	७६।१२	—२५।१२	— ३।५२ + ०
अम्बाला	हरियाणा	३०।२२	७६।४६	—२२।५६	— १।५२ + ०
आकोला	महाराष्ट्र	२०।४२	७७। २	—२१।५२	— ०।४८ + ०
अजमेर	राजस्थान	२६।२७	७४।४०	—३१।२०	—१०।१६ + २
अमृतसर	पंजाब	३१।३८	७४।५३	—३०।२८	— ९।२४ + २
अहमदाबाद	गुजरात	२३। २	७२।३७	—३९।३२	—१८।२८ + ३
अलीगढ़	उ० प्र०	२७।५४	७८। ५	—१७।४०	+ ३।२४ — ०
अहमदनगर	महाराष्ट्र	१९। ५	७४।४४	—३१। ४	—१०। ० + २
अलीगढ़टोंक	राजस्थान	२५।५८	७६। ६	—२५।३६	— ४।३२ + ०
अलीबाग	बम्बई	१८।३८	७२।५०	—३८।४०	—१७।३६ + २
अलवर	राजस्थान	२७।३४	७६।३८	—२३।२८	— २।२४ + ०
अखनूर	कश्मीर	३२।५४	७४।३५	—३१।४०	—१०।३६ + २
अनूपशहर	उ० प्र०	२८।२१	७८।२३	—१६।२७	+ ४।३६ — ०
अलमोड़ा	उ० प्र०	२९।३७	७९।४०	—११।२०	+ ९।४४ — १
अमेठी	उ० प्र०	२६। ८	८१।४८	— २।४८	+१८।१६ — २
असिनसोल	प० बंगाल	२३।४२	८७।२०	—२०।४०	+४०।२४ — ६
अनूपगढ़	राजस्थान	२९।१०	७३।१३	—३७। ८	—१६। ४ + २
अकबरपुर	उ० प्र०	२६।२६	८२।३३	+ ०।१२	+२१।१६ — ३
अमरेली	गुजरात	२१।३६	७१।१४	—४५। ४	—२४। ० + ४
अगरतला	त्रिपुरा	२३।५०	९१।२३	+३५।३२	+५६।३६ — ९
अनन्तपुरम	आंध्रप्रदेश	१४।४१	७७।३७	—१९।३२	+ १।३२ — ०
आईजोल	मिजोरम	२३।४५	९२।४५	+४१। ०	+६२। ४ —१०
आहवा	गुजरात	२०।४७	७३।४२	—३५।१२	—१४। ८ + २
आगरा	उ० प्र०	२७।११	७८। २	—१७।५२	+ ३।१२ — ०
आबू	राजस्थान	२४।३६	७२।४४	—३९। ४	—१८। ० + ३
आजमगढ़	उ० प्र०	२६। ६	८३।१२	+ २।४८	+२३।५२ — ४
आरा	बिहार	२५।३६	८४।४२	+ ८।४८	+२९।५२ — ५
औरंगाबाद	बिहार	२४।४४	८४।२३	+ ७।३२	+२८।३६ — ४
औरंगाबाद	महाराष्ट्र	१९।५२	७५।१९	—२८।४४	— ७।४० + १
ओंगोलु	आंध्रप्रदेश	१५।३१	८०। ६	— ९।३६	+११।२८ — २
इन्दौर	मध्यप्रदेश	२२।४३	७५।५२	—२६।२८	— ५।२८ + ०
इटावा	उ० प्र०	२६।४७	७९। २	—१३।५२	+ ७।१२ १
इम्फाल	मणिपुर	२४।५४	९३।५४	+४५।३६	+६६।४० —११
इडुक्की	केरल	९।५१	७७।१४	—२१। ४	००।०० — ०
इटानगर	अरुणाचल	२९।५४	९३।३७	+४४।२४	+६५।३२ —१०
इगतपुरी	महाराष्ट्र	१९।४१	७३।३५	—३५।४०	—१४।३६ + २
इटारसी	मध्यप्रदेश	२२।३७	७७।४६	—१८।५६	+ २। ८ — ०
इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश	२५।२८	८१।५२	— २।३४	+१८।३२ — २
उन्नाव	,, ,,	२६।३३	८०।३०	— ८। ०	+१३। ४ — २
उतरोला	,, ,,	२७।१९	८२।२८	— ०। ८	+२०।५६ — ३
ऊधमपुर	जम्मू	३२।५५	७५। ७	—२९।३२	— ८।२८ + १
उज्जैन	मध्यप्रदेश	२३।११	७५।४४	—२७। ४	— ६। ० + १
उदयमंडलम	तमिलनाडू	११।१७	७६।४४	—२३। ४	— २। ० + ०

नगर	प्रान्त	उत्तर अक्षांश	पूर्व रेखांश	समयान्तर स्टैं. टा. मि. से.	दिल्ली से पूर्व व पश्चिम देशांतर समय-संस्कार
उदयपुर	राजस्थान	२४।३५	७३।४२	—३५।१२	—१४। ८ + २
उस्मानाबाद	महाराष्ट्र	१८। ८	७६। ५	—२५।४०	— ४।३६ + ०
एचिलपुर	,, ,,	२१।१८	७७।३३	—१९।४८	+ १।१६ — ०
एटाकाशगंज	उत्तर प्रदेश	२७।३५	७८।४१	—१५।१६	+ ५।४८ — १
कच्छभुज	गुजरात	२३।१५	६९।४०	—५१।२०	—३०।१६ + ५
कन्नोज	उत्तर प्रदेश	२७। २	७९।५८	—१०। ८	+१०।५६ — २
कविरत्तिद्वीप	लक्ष द्वीप	१०।१७	७२।२१	—४०।३६	—१९।३२ + ३
कलकत्ता	पश्चिमीबंगाल	२२।३५	८८।२४	+२३।३६	+४४।४० — ७
कपूरथला	पंजाब	३१।२२	७५।१२	—२८।३२	— ७।२८ + १
करनाल	हरियाणा	२९।४२	७७। २	—२१।५२	— ०।४८ + ०
कन्याकुमारी	तमिलनाडू	८। ४	७७।३६	—१९।३६	+ १।२८ — ०
कल्पाद	हिमाचल प्र.	३१।४१	७९।१०	—१३।२०	+ ७।४४ — १
करीमनगर	आंध्रप्रदेश	१८।२८	७९। ६	—१३।३६	+ ७।२८ — १
कानपुर	उत्तर प्रदेश	२६।२७	८०।२१	— ८।३६	+१२।२८ — २
काठमाण्डो	नेपाल	२७।४२	८५।१७	+११। ८	+३२।१२ — ५
कांगड़ामन्दिर	हिमाचल	३२। ६	७६।१८	—२४।४८	— ३।४४ + ०
काशी	उत्तर प्रदेश	२५।२०	८३। ०	— २। ०	+२३। ४ — ३
काचिपुरम	तमिलनाडू	१२।५१	७९।५३	—१०।२८	+१०।३६ — २
कार्गिल	जम्मू-कश्मीर	३०।३०	७६।१३	—२५। ८	— ४। ४ + ०
किशनगढ़	राजस्थान	२७।५२	७०।३४	—४७।४४	—२६।४० + २
किस्तवाड़	जम्मू	३३।१२	७५।४८	—२६।४८	— ५।४४ + १
किशनगढ़ जं.	राजस्थान	२७।१०	७५।२२	—२८।३२	— ७।२८ + १
कोच्चि(कोची	केरल	१०। ०	७६।१५	—२५। ०	— ३।५६ + ०
कोलगंगा	बिहार	२५।१६	८७।१६	+१९। ४	+४०। ८ — ६
कोहिमा	नागालैंड	२५।४१	९४। ०	+४६। ०	+६७। ४ —११
केलांग	हिमाचल	३२।४७	७७। ४	—२१।३६	—००।४० + ०
कोटा	राजस्थान	२५।११	७५।५०	—२६।४०	— ५।३६ + ०
कोल्हापुर	महाराष्ट्र	१६।४१	७४।१३	—३३। ८	—१२। ५ + २
कुशलगढ़	राजस्थान	२३। ८	७४।२७	—३२।१२	—११। ८ + २
कूचबिहार	,, ,,	२६।२०	८९।२५	+२७।४०	+४८।४४ — ८
कृष्णा	कर्नाटक	१६।२५	७७।१९	—२०।४४	+००।२० — ०
खम्मम	आंध्रप्रदेश	१७।१५	८०।११	— ९।१६	+११।४८ — २
खण्डवा	मध्यप्रदेश	२१।५०	७६।२०	—२४।४०	— ३।३६ + ०
खेडब्रह्मा	गुजरात	२४। ३	७३। ४	—३७।३६	—१६।४० + २
गयाजी	बिहार	२४।४८	८५। १	+१०। ४	+३१। ८ — ५
ग्वालियर	मध्यप्रदेश	२६।१४	७८।१०	—१७।२०	+ ३।४४ — ०
गंगापुर	राजस्थान	२६।२९	७६।४४	—२३। ४	— २।०० — ०
गाजीपुर	उत्तर प्रदेश	२५।२६	८३।३५	+ ४।२०	+२५।२४ — ५
गान्तोक	सिक्किम	२७।२०	८८।२५	+२४।२०	+४५।२४ — ८
गंगानगर	राजस्थान	२९।५२	७३।५१	—३४।३६	—१३।३२ + २
गोरखपुर	उत्तर प्रदेश	२६।४६	८३।२६	— ३।३२	+२४।३६ — ४
गोंडा	उत्तर प्रदेश	२७।१०	८१।५८	— २।१२	+१८।५२ — ३
गोआ	गोआ	२५।१५	७३।४७	—३४।५२	—१३।४८ + २
गुवाहाटी	असम	२६।११	९१।४५	+३७। ०	+४८। ४ — ८

नगर	प्रान्त	उत्तर अक्षांश	पूर्व रेखांश	समयान्तर स्टैं. टा. मि. से.	दिल्ली से पूर्व व पश्चिम देशान्तर समय-संस्कार
गुरुदासपुर	पंजाब	३२। ३	७५।२७	—२८।१२	— ७। ८ + १
गुना	मध्यप्रदेश	२४।४०	७७।३०	—२०। ०	+ १। ४ — ०
११	क.	१	पु.	२९॥	२०॥ ३	२६॥	२३	२५	१८ ३	१०॥ ३४	१८॥ ४	२४ ४	३४	२८ ३	२९ ०	१८॥ ४+	१४॥ ३४	२३॥ ४+	२५॥	२५॥	११॥ ३	११ ३	२५	२०॥	१९ -५	१७ ३५	२० -५	१७॥	१२॥ २३६	२०॥ ६	२५	२७ -२	१३ ३	४ ३६	१३ ६	१७॥ ६	२४ ५+	१८ ३५	२६ ५+	पु.
१२	क.	१	आ.	२५	२३ १	२१॥ ३	१८ ३	११ ३१	१९	११॥ ४	११॥ १४	१३ ४	२७॥	२८	२८ ३	१५ ०३४२	१५॥ १४२	१७॥ १४	१९॥ १	१९॥	२४॥	२४	११ ३	१६ ३	१४॥ ३५	१९ -५	२५ -५	२२॥ ६	१५॥ १६	७॥ ३१६	१३ १३	१३ ३	२६	१७ ६	१८ ६	११ १६	१७॥ १५	२० १५	१२ ३५	आ.
१३	सिं.	१	म.	१९ +५	१९ १५	१५॥ ३५	१६॥ ३	९॥ ३१	१७॥	२०॥	२०॥ १	१९॥ -२	१६॥ +२४	१८॥ ४+	१६ ३४२	२८ ३	३० ०१	२६॥ १	१४॥ १४	१४॥ ४+	१९॥ ४	२३॥	१०॥ ३	१५॥ ३	२४॥ ३	२४॥	३२	२४ +५	१९ १५	८॥ १३५	३॥ ३१६	४॥ ३६	१७॥ ६	२३॥	२४॥	१७॥ १	१७॥ -१६	१८॥ १६	१२ ३६	म.
१४	सिं.	१	पू.	२५ ५+	१७ ३५	१९ -१५	२० १	२३॥	१५॥ ३	१८॥ ३	२६॥	२५॥ -२	२२॥ +४	१६॥ ३४	१६॥ १२४	३० -१	२८ ३	३४ ०	२४ ०४	२०॥ ४+	५॥ १३४	९॥ १३	२४॥	१७॥ १	२३॥ -१	२२॥ ३	२४॥ -१	२० १५+	१७ ३५	२४ ५+	१९ ६	१८॥ ६	५॥ १३६	९॥ १३	१८॥ १	२३॥	२३॥ -६	१६॥ ३६	२४॥ ६-	पू.
१५	सिं.	।	उ.	१५॥ ३१	२५ ५+	२० -१५	२१ १	२६	२४॥	२७॥	१९॥ ३	१७॥ ३	१४॥ ३४	२५॥ ४+	१८॥ -१४	२६॥ -१	३४	२८ ३	१६ ३४	१५ ०२४	१२॥ १४२	१६॥ १२	२५॥	१६॥ १२	२२॥ -१२	३०॥	१६॥ १३	९॥ १३५	२५ ५+	२५ ५+	२० ६	२७ ६	११॥ १६	१७॥ १	१०॥ १३	१५॥ ३	१५॥ ३६	२६॥ -६	२४॥ ६-	उ.
१६	क.	।।।	उ.	१९ २३६	२१ ६	१६ १६	२०॥ +१५	२५॥ ५+	२४ ५+	३१॥	२१॥ ३	२३॥ ३	१७॥ ३	२७॥	२०॥ १	१५॥ १४	२३ ४+	१७ ३४	२८ ३	२० ३०	२४॥ १२+	१६॥ -१२४	२५॥ ४+	१६॥ -१२४	१८ १२	२६	१२ १३	१४ १३	२९॥	२९॥	२४ ५+	२४ ५+	१५॥ +१५	१६॥ -१६	९॥ ३१६	१४॥ ३६	१७ ३	२८	२६	उ.
१७	क.	१	ह.	११ ३६	१८॥ ६	१६ ६	२०॥ ५+	२३॥ ५+	२४॥ ५+	३२	१८॥ ३	२३॥ ३	१८॥ ३	२६॥	२१॥	१६ +४	२०॥ ४+	१५ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०	२० ०४	२६॥ ४+	१८॥ ४+	२०	२६	१३॥ ३	१५ ३	२७	२८॥	२३ ५+	२४ ५+	१८ १+	१९ -६	१०॥ ३६२	१३॥ ३६	१६ ३	२६	२६	ह.
१८	क.	॥	चि.	१२॥ ६	४॥ १३६	१८॥ ६	२३ ५+	१८॥ १५	१०॥ ३५	१८ ३	२६ १	२४॥	१९॥	११॥ ३	२५॥	२०॥ +४	६॥ १३४	१३॥ १२४	२४॥ १२	२७	२८ ३	१९ ३४	१९ ०४	२५॥ ४+	२०	११ ३	२५	२०	१३ १३	२१ १	१५॥ १५	१७ ५+	१५ ३५	१६ ३६	२४ -६	१६॥ १६	१९ १	१७ १३२	१९	चि.
	रा.	भा.	न.	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ	पु.	पु.	पु.	आ	म.	पू.	उ	उ.	ह.	चि	चि	स्वा	वि.	वि.	अ.	ज्ये	मू.	पू.	उ.	उ.	श्र.	ध.	ध.	श.	पू.	पू.	उ.	रे.	न.

इनमें मेलापक (वर्ण वश्य आदि)की गुणसारिणी हैं. ऊपरकी पंक्तिमें वरके नक्षत्र, तिरछी पंक्तिमें कन्याके नक्षत्र लिखे हैं, ऊपरी भागमें गुण नीचेके महादोषोंके चिन्ह दिये हैं. चिन्होंका काम यह है एक नाडीके दोषकी जगह (३) गणमहादोष (मनुष्यराक्षस)के स्थानमें १ भकूट महादोष (षडाष्टक)में (६) (नवपंचम)में (५) (द्विर्द्वादश)में (४) वैरयोनिमें (२) लिखे हैं. और जहां थोडा दोष समझा गया वहां (-) चिन्ह हैं. जहां (स्वामी मैत्री आदिके) दोषका पूरा निर्वाह है वहां (+) ऐसा चिन्ह बतादिया है, और जिस जगह भर्ताके नक्षत्रसे पूर्ण वधूका नक्षत्र है (इसकाभी महादोष) है वहां ० शून्यका चिन्ह हैं, और जहां कोईभी महादोष नहीं मिलता वहां केवलगुण ही लिखे हैं.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वर-वधु गुण मेलापक सारणी भाग–२

			रा.	मे.	मे.	मे.	वृ.	वृ.	वृ.	मि.	मि.	मि.	क.	क.	क.	सिं.	सिं.	सिं.	क.	क.	क.	तु.	तु.	तु.	वृ.	वृ.	वृ.	ध.	ध.	ध.	म.	म.	म.	कुं.	कुं.	कुं.	मी	मी	मी	रा.
			आ.	१	१	।	॥।	१	॥	॥	१	॥।	।	१	१	१	१	।	॥।	१	॥	॥	१	॥।	।	१	१	१	१	।	॥।	१	॥	।	१	॥।	।	१	१	आ.
	रा.	आ.	न.	अ.	भ	कृ.	कृ.	रो	मृ	मृ.	आ	पु	पु.	पु	आ	म.	पू.	उ.	उ.	ह.	चि	चि	स्वा	वि.	वि.	अ.	ज्ये	मू.	पू.	उ.	उ.	श्र.	ध.	ध.	श.	पू.	पू.	उ.	रे.	न.
१९	तु.	॥	चि.	२२	१४ १३	२८	२३ ६+	१८॥ १६	१०॥ ३६	१२ ३५	२० ११	१८॥ ५+	१९	११ ३	२१	२४॥	१०॥ १३	१७॥ १२	१७॥ १२४	२० ४+	२० ३४	२८ ३	२७ ०	३३॥	२२॥ ४	६॥ ३४	२०॥ ४	२७	१३ १३	२१ १	२३॥ ०१	२५	२३ ३	१८ ३५	२६ ५+	१८॥ १५	१२ १६	३ १३६२	१२ ६	चि.
२०	तु.	१	स्वा.	२९ २+	२८	१६ ३	११ ३६	१४ ३६	२४ -६	२६ ५+	२६ ५+	२७ ५+	२७॥	२६-	१३ ३	१२॥ ३	२४	२५॥	२५॥ +४	२७॥ ४+	२१ ४+	२८	२८ ३	२७ ६०	९ ३४०	२१॥ ४	१६॥ ४	२३	२७	१९ ३	२१॥ ३	२२॥ ३	२६	२१ ५+	२२ ५२+	२५ ५+	१८॥ ६	१९ ६	११ ३६	स्वा.
२१	तु.	॥।	वि.	२१	२२ १	२० ३	१५ ३६	९ १३६	१७ -६	१८॥ ५+	२० ११	२० ५+	२०॥	२०॥	१० ३	१६॥ ३	१८॥ १	१७॥ १२	१७॥ १४२	१८॥ ४+	२६ ४+	३३॥	१९ ३	२८ ३	१६ ३४	१६ ०४	२३॥ ४	२७	२१ १	१३ १३	१५॥ १३	१५॥ ३	२९॥	२४ ५+	२६ ५+	२० १५	१३॥ १६	१२॥ १६२	४ ३६	वि.
२२	वृ.	।	वि.	१६॥ ६+	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१३॥ १३	२१॥	११ ६	१२॥ १६	१२॥ ६	१८ -५	१८ ५-	१४॥ ५-	२४॥ ३	२२॥ १	२१॥ १२	१० १२	१८	२६	२३	७ ३४	१५ ३४	२८ ३	२७ ०	३१॥	२१॥ ४+	१५॥ ४१	७॥ १३४	११ १३	११ ३	२५	२४	२५॥	१९॥ १	१९ १५	१८ १५	१॥ ३२५	वि.
२३	वृ.	१	अ.	२३॥ -६	१४॥ ३६	१८॥ -६	२३॥	२७॥	२०॥ ३	१० ३६	११ २६	१९॥ ६	२५ -५-	१७ ३५	२० -५	२४॥	२०॥	२८॥	२४	२१	११ ३	६॥ ३४	२०॥ ४	१६ ४	२८	२८ ३	३१ ०	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ ४+	२५	२६	१२ ३	११ ३	२०	२४॥	२४ ५+	१७ ३५	२६ ५+	अ.
२४	वृ.	१	ज्ये.	१० ३६	१७॥ १६	२३॥ -६	२८॥	२२॥ १	२१॥	१२ ६	२ ३३६२	४ ६३	९॥ ५३	११ ५+	२५ ५-	३१	२३॥ १	१५॥ १३	११ १३	११ ३	२४	१९॥ ४	१४॥ ४	९ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१६॥ १४	२० १	२०	२५	२४	१७ ३	१० १३	९॥ १३५	२० १५	२० ५+	ज्ये.
२५	ध.	१	मू.	११॥ ३५	१९ ११	२५ ५+	१९॥ ६	१२॥ १६	१२॥ ६	२१	१४ १३	१२ ३	७॥ ३६	१७॥ ६	२३ ६	२४ ५+	१८ ११	१९॥ ११३	१३ ३१	१३ ३	२६	२६	२१	२६	२२॥ ४+	१६॥ +२४	१६ ३४२	२८ ३	२८ ०१	१५॥ १	१३॥ १४	१४॥ ४	१९॥ ४	२८॥	२१॥ ३	१४॥ १३	१६॥ १३	२५॥ १	२६	मू.
२६	ध.	१	पू.	२१॥ ५+	१७॥ ३५	११॥ -१२५	१४ १६२	१८॥ ६	१०॥ ३६	११ ३	२६	२७	२२॥ ६	१४॥ २३६	१६॥ १६	१९ -१५	१७ ३५	२५ ५+	२८॥	२७	१२ १३	१२ १३	२७	२० १	१६॥ -१४	१५॥ ३४	१७॥ -१४	२७ १+	२८ ३	३४ ०	२२ ०४	२२॥ ४	५॥ १३४	१४॥ १३	२३॥ १	२८॥	२९॥	२२॥ ३	३०॥	पू.
२७	ध.	।	उ.	२४ ५+	२५॥ ५+	११॥ १३५	६ १३६	१० २३६	१६॥ २६	२५ २+	२६	२७	२२॥ ६	२२॥ ६	८॥ १६३	८॥ १४३	२४ ५+	२५ ५+	२८॥	२८॥	२० १	२० १	११ ३	१२ १३	८॥ १३४	२३॥ ४+	१७॥ -१४	२५ -१	३४	२८ ३	१६ ३४	१५ ३४०	१३॥ १४	२२॥ १	२३॥ १	२८॥	२९॥	३०॥	२२॥ ३	उ.
२८	म.	॥।	उ.	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३५	१६ २३५	२२॥ २५+	१९॥ २६+	२४॥ -६	२१॥ -६	२८	२८	१४ १३	४॥ १३६	२० ६	२१ ६	२४ ५+	२४ ११	१५॥ ११	२२॥ -१	२१॥ ३	१४॥ १३	१२ ३१	२७	२१ १	१४॥ १४	२४ ४	१७ ३४	२८ ३	२७ ३०	२५॥ १+	१५॥ १४+	१५॥ १४+	२१॥ ४+	२९॥	३०॥	२२॥ ३	उ.
२९	म.	१	श्र.	२८	२७	१४॥ ३२	१२ ३५२	१७ ३४	२६ ५+	२३ -६	१९॥ -६	२१॥ -६	२८	२८ २+	१४ ३	५॥ ३६	१८॥ ६	२० ६	२३ ५+	२४ ५+	१७ ५	२४	२१॥ ३	१४॥ ३	१२ ३	२७	२१	१४ ४	२२॥ ४	१५ ३४	२६ ३	२८ ३	२७ ०	१७ ०४	१७॥ ४+	२०॥ ४+	२८॥	२२॥	२३॥ ३	श्र.
३०	म.	॥	ध.	२०	११ १३२	२९	२३॥ ५+	१९ १५	११ ३५	८ २६	१६ १६	१४॥ -६	२१	१३ ३	२७	१८॥ ६	४॥ १३६	१०॥ १६	१५॥ ११	१७ ५+	१५ ३५	२९ ३	२४	२८॥	२६	१२ ३	२६	२०॥ ४	६॥ ३४१	१४॥ ४१	२५॥ १	२७	२८ ३	१७ ३४	२३ ४०	१७॥ १४	२४॥ १	११ १३	२२॥ २+	ध.
३१	कुं.	॥	ध.	१९॥	१०॥ १३२	२५॥	३०	२५॥ १	१७॥ ३	११ ३५	१८ १५	१७ ५+	१२ ६	४ ३६	१८ ६	२४॥	१०॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१९ ६+	१७ ३६	१८ ३१	२० -५	२४॥ -५	२५	११ ३	२५	२९॥	१५॥ १३	२३॥ १	१६॥ १४	१८ ४+	१८ ३४	२८ ३	३३ ०	२७॥ १	१६॥ १४	६॥ १३४	१३॥ ४२	ध.
३२	कुं.	१	श.	१४॥ ३	२०॥ १	२६॥	३३	२५ १	२६॥	२० ५+	१२ १३५	१२ ३५	६॥ ३६	१३ ६	१९ ६	२५॥	१९॥ १	१५॥ १३	१०॥ १३६	१०॥ २३६	२५ ६	२६ ५+	२१ ५+	२६ ५+	२६॥	२०	१८ ३	२२॥ ३	२४॥ १	२४॥ १	१७ १४	१७॥ ४+	२४ ४+	३३	२८ ३	२९ १३ ०	८ १३४ ०	१४॥ १४	१५॥ ४	श.
३३	कुं.	॥।	पू.	१७॥ ३	२४॥ २+	१९॥ -१	२४ -१	३०	३०	२३॥ ५+	१७ ३५	१७ ३५	११॥ ३६	१९॥ ६	१२ १६	१८॥ १	२४॥	१६॥ ३	११॥ ३६	१५॥ ३६+	१७॥ १६	१८॥ -१५	२६ ५+	२० -१५	२०॥ १	२६॥	११ १३	१५ १३	२९॥	२९॥	२२॥ +४	२२॥ ४+	१८॥ -१४	२० -१	१९ १३	२८ ३	१६ ३४	२२ ०४	१५॥ ४२	पू.
३४	मी.	।	पू.	१४॥ ३४	२३॥ ४२+	१६॥ -१४	१९ १	२१	२१	२४	१७॥ ३	१७॥ ३	१७ ३५	२५ ५	१७॥ १५	१६॥ -१६	२२॥ ६+	१४॥ ३६	१६ ३	१६ ३	१८ १+	११ १६	१८॥ ६	१२॥ १६	११ -११	२५ ५+	९॥ १३५	१४ १३	२८॥	२८॥	२८॥	२२॥	२४॥ १	१५॥ १४	७ १३४	१५ ३४	२८ ३	३३ ०	३०॥ २+	पू.
३५	मी.	१	उ.	२३॥ ४+	१५॥ ३४	१८॥ -१४	२१ १	२६	१८ ३	१७ ३	२५	२६॥	२६ ५	११ ३५	२० १४	१७॥ -१६	१५ ३६	२५॥ ६+	२७	२६	९ १३२	२ १३६२	१९ ६	११॥ १६२	१८ १४२	१८ ३१	२० -११	२३॥ -१	२१॥ ३	२९॥	२९॥	२९॥	१४॥ १३	५॥ १३४	१२॥ १४	२१ ४	३३	२८ ३	३३ ०	उ.
३६	मी.	१	रे.	२५ ४+	२३॥ ४+	१०॥ ३४	१३ ३	१० ३	२६	२५	२४	२५	२४॥ ५	२६ ५	१३ ३५	१२ ३६	२२॥ ६+	२२॥ ६+	२४	२५	१२	१२ ६	१७ ३६	४ ३६	१०॥ ३५	२६ ५+	२१ ५+	२६	२८॥	२०॥ ३	२३॥ ३	२१॥ ३	२२॥ -२	१३॥ ५२	१५॥ ४	१७॥ ४२	२१॥ २+	३३	२८ ३	रे.
			न.	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ	मृ.	आ	पु.	पु.	पु	आ	म	पू.	उ.	उ.	ह.	चि	चि	स्वा	वि.	वि.	अ.	ज्ये	मू.	पू.	उ.	उ.	श्र.	ध.	ध.	श.	पू.	पू.	उ.	रे.	न.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कुण्डली मिलान

विवाह से पहले लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली मिलाना आवश्यक होता है। आम जनता इस कार्य के लिए मन्दिर के पुजारियों के पास जाती है। यह आवश्यक नहीं कि पूजा कार्य करने वाला या कर्म काण्ड करने वाला ज्योतिष भी जानता हो। खेद तो इस बात का है कि ज्योतिष न जानते हुए भी ये पुजारी लोग कुण्डली बनाना या कुण्डली मिलाने का काम भी ले लेते हैं और अर्थ का अनर्थ करने में नहीं हिचकिचाते। ग्राम जनता से मेरा निवेदन है कि वे ज्योतिष का कार्य किसी जानकार विद्वान् ज्योतिषी से ही करायें और इन पुजारीनुमा ज्योतिषियों से अनुरोध है कि वे लोग हमारे पूर्वजों की इस विद्या को बदनाम न करें। किसी अच्छे पंचांग से कुण्डली मिलाने का ज्ञान प्राप्त करें, यह बहुत जिम्मेवारी का काम है। गलत मिलान से गृहस्थ सुख में अनेक बाधा, विघ्न आने की आशंका रहती है। आज जो पति-पत्नी में सम्बन्ध-विच्छेद, गृह कलह के समाचार अधिक मिल रहे हैं, उनका कारण कुण्डली न मिलाना या गलत मेलापक ही है।

वर-वधू गुण मेलापक सारणी प्रत्येक पंचांग में दी होती है और हम भी दे रहे हैं। परन्तु इस विषय पर विस्तार से निर्देश नहीं दिया जाता। मेलापक के पूरे नियम कुछ अच्छे पंचांगों को छोड़कर छोटे स्तर के पंचांगों में नहीं दिये जाते। लड़का-लड़की की जन्म कुण्डली हैं तो उनमें देखकर नक्षत्र का चरण ज्ञात करो। जन्म कुण्डली नहीं हैं और जन्म ता. व समय है तो जन्म कुण्डली बना लो। इसके लिए पुराने पंचांगों की आवश्यकता होती है। १६०० से २००० तक सौ वर्ष का पंचांग "शतक मार्तण्ड" इसीलिए निकाला गया है कि ज्योतिषियों को गत वर्षों की कुण्डली बनाना सुलभ हो सके। चन्द्रमा के स्पष्ट राशि अंशों से नक्षत्र व उसका चरण ज्ञात हो जाता है। यह सारणी भी पंचांग में दी हुई है। जन्म की ता. व समय नहीं है तो नाम के प्रथम अक्षर से नक्षत्र चरण अवकहड़ा चक्र से देखकर मालुम किया जा सकता है। मान लीजिये वर यानी लड़के की राशि मिथुन, नक्षत्र पुनर्वसु, चरण तीसरा, जन्म नाम प्रथम अक्षर 'ह' है और कन्या की राशि धनु, नक्षत्र पू.षा., चरण दूसरा, जन्म नाम प्रथम अक्षर 'ध' है। मेलापक सारणी में वर के लिए आड़ी रेखा में और कन्या के लिए खड़ी रेखा में नक्षत्र, चरण व राशियां दी गई हैं। वर के खाने में मिथुन के अन्तर्गत पुनर्वसु ।३। नक्षत्र के ३ चरण वाली कोष्ठक में तथा कन्या के धनु राशि अन्तर्गत पू.षा. नक्षत्र के सामने १६ अंक दिए हैं। नीचे ३ की संख्या भी लिखी है। इसका अर्थ है कि वर-कन्या के मेलापक में १६ गुण मिलते हैं परन्तु एक दोष है। सारणी में ३ संख्या वाला दोष नाड़ी दोष है। शास्त्रकारों ने कम से कम १८ गुण मिलने पर विवाह की अनुमति दी है। इस प्रकार गुण तो इसमें १८ से अधिक मिलते हैं परन्तु नाड़ी दोष होने से सन्दिग्ध हो गया। मेलापक सारणी में प्रत्येक खाने में जो अंक लिखे हैं वह गुणों की संख्या है। यदि दो संख्या हैं तो ऊपर की गुणों की और नीचे की दोषों की है। सारणी के नीचे निर्देश है कि इन संख्याओं से कौन सा दोष समझा जाये। कुल ३६ गुण होते हैं। जिनमें कम से कम १८ अवश्य मिलने चाहिए। २० से अधिक गुण मध्यम और २६ से अधिक गुण उत्तम माने गये हैं। मेलापक दोष रहित हो तो उत्तम है। जहां दोष का निर्वाह हो जाता है वहां + चिह्न दिया गया है और जहां थोड़ा दोष है वहां — चिह्न है। ऐसे दोषों पर तो विचार नहीं करना चाहिये यानी निर्दोष शुद्ध ही समझना चाहिए। परन्तु दोषों के परिहार के लिए भी कतिपय नियम हैं उनका अध्ययन आवश्यक है।

संक्षेप में नाड़ी दोष का परिहार इन स्थितियों में हो जाता है :

१) वर एवं कन्या का जन्म एक ही नक्षत्र में हो परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।
२) वर-कन्या की राशि एक हो परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।
३) वर-कन्या के नक्षत्र एक हों परन्तु राशि भिन्न-भिन्न हों।
४) पादवेध न हों।

वर के जन्म नक्षत्र का प्रथम चरण कन्या के जन्म नक्षत्र के चतुर्थ चरण से और वर के जन्म नक्षत्र के द्वितीय चरण का कन्या के जन्म नक्षत्र के तीसरे चरण से पादवेध होता है। यह पादवेध न होता हो तो नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है अर्थात् वर का नक्षत्र चरण प्रथम हो तो कन्या का नक्षत्र चरण दूसरा या तीसरा हो। वर के नक्षत्र का चरण दूसरा हो तो कन्या प्रथम या चतुर्थ हो। वर के जन्म नक्षत्र का चरण तीसरा हो तो कन्या के जन्म नक्षत्र का चरण प्रथम या चतुर्थ हो और वर का नक्षत्र चरण चतुर्थ हो तो कन्या का नक्षत्र चरण दूसरा या तीसरा हो तो नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है। जैसा वर के नक्षत्र से बताया है इसी प्रकार कन्या के नक्षत्र के साथ पादवेध को समझना चाहिए। नाड़ी दोष परिहार होने पर ४ अंक गुणों में जोड़ देने चाहिए।

गण दोष परिहार—वर और कन्या के जन्म राशियों के स्वामी या नवांश कुण्डली की चन्द्र राशियों के स्वामी परस्पर मित्र हों तो गण दोष का परिहार हो जाता है। कोई-कोई आचार्य नाड़ी दोष को ब्राह्मण जाति व कर्म करने वालों को ही प्रधानता देते हैं। गण दोष क्षत्रिय जाति व कर्म करने वालों के लिए और योनि वैर वैश्य वर्ण के लिए मानते हैं। गण तीन होते हैं : मनुष्य, राक्षस, देवता। मनुष्य गण की राक्षस गण से और देवता की राक्षस से परस्पर शत्रुता है। यह वर-कन्या के स्वभाव के द्योतक होते हैं। यदि कन्या का नक्षत्र पुष्य है तो राशि कर्क होगी जिसका स्वामी चन्द्रमा है। वर का नक्षत्र मघा है जिसकी राशि सिंह और राशि का स्वामी सूर्य है परन्तु सूर्य और चन्द्रमा आपस में मित्र हैं अतएव गण दोष का परिहार हो जाता है। परिहार हो जाने पर ३ अंक गुणों में जोड़ देना चाहिये।

भकूट महा दोष—वर-कन्या की राशियां परस्पर छठी, आठवीं पड़ती हों तो भकूट महा दोष हो जाता है। इसमें भी यदि राशियों के स्वामी परस्पर मित्र हों तो इस दोष का परिहार हो जाता है। सारणी में दिए अंकों में परिहार हो जाने पर ३½ अंक जोड़ देने चाहिये।

मंगली दोष

वर या कन्या की कुण्डली में लग्न कुण्डली या चन्द्र कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें खानों में मंगल हो तो मंगली दोष होता है। शनि, राहु, केतु, सूर्य को भी समान भाव से क्रूर समझा गया है। इस प्रकार लग्न और चन्द्र कुण्डली के १२-१२ भावों अर्थात् कुल २४ खानों में से १, ४, ७, ८, १२=५×२=१० भावों में मंगल, शनि, राहु आदि कोई भी ग्रह हो तो मंगली दोष होता है। ध्यान से सोचें तो आप पायेंगे कि इस प्रकार का योग ५०-६० प्रतिशत जन्म पत्रियों में मिलना स्वाभाविक है। परन्तु जन साधारण में अकारण ही इस मंगली दोष का भय समाया हुआ है। यदि वर की कुण्डली में मंगल १, ४, ७, ८ या १२वें भाव में है तो कन्या की कुण्डली में भी इन्हीं खानों में लग्न या राशि से प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम या द्वादश भाव में मंगल अथवा शनि या राहु होने से मंगल का मेलापक हो जाता है। कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें भाव में मंगल है तो वर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



की कुण्डली में भी इन्हीं खानों में मंगल, शनि या राहु होने से मंगल दोष का परिहार होकर पत्री मिल जाती है। यह न हो तो केतु या सूर्य भी बराबर के ही क्रूर ग्रह माने जाते हैं। मंगली दोष परिहार के नियम विस्तार से इसी पंचांग में अन्यत्र दिये गये हैं। उनका भी भली-भांति अध्ययन करके मंगली पत्री का मेलापक करना चाहिये। जन-साधारण में मंगली दोष के प्रति जो भ्रामक विचार व्याप्त हो गये हैं, उनका निराकरण करना भी बहुत आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त वर-कन्या की कुण्डली में दाम्पत्य सुख, सन्तान सुख और धन-सम्पत्ति सुख सम्बन्धी विषयों पर भी दृष्टि डालकर वर-कन्या के माता-पिता को बता देना चाहिये। फलित का विषय काफी गहन है फिर भी कुछ योग तो प्रत्यक्ष ही दिखाई दे जाते हैं। जैसे उच्च-राशि के स्वक्षेत्री या मूल त्रिकोण के शुभ ग्रह हों, पाप ग्रह कुयोग न बनाते हों तो भाग्य शुभ रहेगा। पंचम स्थान से सन्तान का और सप्तम स्थान से सौभाग्य का सुख देखा जाता है। इन स्थानों में शुभ ग्रह हों, शुभ ग्रहों की दृष्टि इन पर हो, क्रूर ग्रहों की दृष्टि या योग न हो तो सन्तान सुख, सौभाग्य सुख उत्तम होगा। और पाप ग्रहों के योग से इन सुखों का अभाव होगा। वर-कन्या की कुण्डली में एक की पत्री भाग्यवान है तो उसके प्रभाव से दूसरे को भी लाभ होगा। फिर भी यदि कन्या के सप्तम भाव में अधिक बलवान् क्रूर ग्रह पड़े हों और वर के सप्तम भाव में कम हो अर्थात् वर का द्विभार्यायोग कम बलवान् हों और कन्या का वैधव्य योग अधिक प्रबल दिखाई दे तो पंडित लोग कभी-कभी कन्या का विवाह पहले शालिग्राम शिला, कुम्भ कलश, पीपल वृक्ष या अर्क पौधे (आक) से करा कर फिर वर से कराते हैं।

बहुधा जन्म-पत्री के स्थान पर जन्म की तारीख व समय लेकर ही लोग ज्योतिषी के पास आते हैं। आप "शतक मार्तण्ड" की सहायता से जन्म-कुण्डली बनाकर मेलापक करिये। वैसे भी बनी हुई पत्रियों को एक बार जांच जरूर लेना चाहिए कि ठीक बनी है या नहीं। पत्री ठीक नहीं होगी तो मेलापक भी शुद्ध नहीं होगा।

८६ पृष्ठ का शेष

श्री गोरखनाथ के पूछने पर गुरु मत्स्येन्द्रनाथ ने कहा था कि इस चक्रोक्त यात्रा मुहूर्त के अनुसार यात्रा करेगा, वह कुशल पावेगा। यह मुहूर्तराज है। उसे चन्द्रदोष, भद्रा, दिशाशूल, योगिनी, काल, घातवार इत्यादि किसी कुयोग का दोष नहीं होगा, यह स्वयं सत्यसिद्धि भी है। मैंने स्वयं अपने १६ वर्ष के ज्योतिषअध्ययनकाल में इसी यात्रा मुहूर्त राज से अनेक मुहूर्त बनाए हैं। वे लगभग सभी शतप्रतिशत सत्यसिद्धि हुए हैं। पंचांग प्रेमी पाठकों की विशेष जानकारी हेतु पूरे विवरण सहित यह यहां प्रकाशित किया जाता है इसमें प्रत्येक माह की प्रत्येक तिथि और प्रत्येक प्रहर में हर एक दिशा की यात्रा का फल निर्दिष्ट किया गया है। हर मास के नीचे दी गई तिथियों को उस मास के कृष्ण व शुक्ल पक्ष दोनों की तिथियां समझनी चाहिए। इसमें ३।१४।१५ और ३० तिथियों का उल्लेख नहीं है। सो १३ तिथि का फल ३ तीज तिथि के समान, १४ का फल ४ तिथि के समान, १५ का फल ठीक ५ तिथि के समान समझना चाहिए। ३० (अमावस्या) वर्ज्य है। इसी तरह १ से ४ तक के प्रहरों को दिन और रात दोनों के लिए समान समझें। नोट :—दिनमान का चतुर्थांश दिन के एक प्रहर का मान तथा रात्रि मान का चतुर्थांश रात्रि के एक प्रहर का मान होता है।

कुण्डली में मंगलीक योग विचार

लड़के या लड़की की जन्म कुंडली में यदि पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें भाव में मंगल पड़ जाए तो एक दूसरे के जीवन को अरिष्टकारी होते हैं। यदि वर और कन्या दोनों की कुंडलियां मंगलीक हों तो विवाह करने में कोई दोष नहीं। यद्यपि योनि, गुण नाड़ी गण इत्यादि का मिलान भी कर लेना चाहिए। कुछ अन्य दशाओं में भी मंगल दोष शान्त हो जाता है यदि—

(१) अन्य कुंडली में १, ४, ७, ८, १२ भाव में शनि हो तो उसका भौम दोष शान्त हो जाता है।

यामित्रे च यदा सौरिलंग्ने व हिबुके तथा ।
अष्टमे द्वादशे चैव भौम दोषो न विद्यते ॥

(२) बली गुरु शुक्र-लग्न या ७ भाव में हो तो भी भौम दोष नहीं रहता।

(३) यदि कन्या की कुंडली में जहां मंगल हो, उसी स्थान पर वर की कुंडली में कोई प्रबल पाप ग्रह हो तो भौम दोष नहीं रहता—

शनि भौमोऽथवा कश्चित्पापो वा तादृशो भवेत ।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौम दोष विनाशकृत् ।

(४) मेष राशि का मंगल लग्न में, या वृश्चिक राशि का मंगल ४ भाव में या मकर का सातवें या कर्क का आठवें या धनु राशि का मंगल १२वें हों तो भौम दोष नहीं रहता।

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुज ।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमं दोषो न विद्यते ॥

(५) न मंगली चन्द्रे भृगुन मंगली पश्यति यस्य जीव ।
न मंगली केन्द्र गते च राहुर्न द्वितीये न मंगली मंगल-राहु योगो ॥

अर्थात् यदि दूसरे भाव में चन्द्र-शुक्र हो, मंगल-गुरु की युति हो या गुरु पूर्ण दृष्टि से भौम को देखता है केन्द्र भाव में राहु अथवा मंगल-राहु कहीं इकट्ठे हों। (मुहूर्त्त दीपक से)

(६) केन्द्र में चन्द्र या चन्द्र-मंगल की युति होने पर भी भौम दोष नहीं रहे।

(७) केन्द्र त्रिकोण में शुभ-ग्रह तथा ३, ६, ८, ११वें भाव में पाप ग्रह हों तो भी भौम दोष शान्त हो जाता है।

(८) षष्ठे च भवने भौमो राहुः सप्तम सम्भव ।
अष्टमे च यदा सौरितस्य भार्या न जीवति ॥

—अर्थात् वर की कुंडली में छठे भाव में मंगल, सातवें में राहु, आठवें शनि हो तो उसकी पत्नी जीवित नहीं रहती। अर्थात् मंगलीक जैसा प्रभाव होता है।

(९) राशि मैत्रं यदायाति गणैक्यं वा यदा भवेत् ।
अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते ॥

—अर्थात् राशि मैत्री हो, गण भी एक हो या तीस से अधिक गुण मिलते हों तो भौम दोष का विचार नहीं करना चाहिए।

(१०) वक्री, नीच, अस्त अथवा शत्रु क्षेत्री मंगल १, ४, ७, ८, १२वें भाव में हो तो भी भौम-दोष नहीं रहता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विवाह सम्बन्धी ज्ञातव्य

ज्येष्ठ पुत्र या ज्येष्ठ कन्या सबसे प्रथम जीवित सन्तान का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं किया जाता। बहुत आवश्यक हो तो कृत्तिका नक्षत्र से सूर्य के निकल जाने पर करना चाहिये। २५ मई तक सूर्य कृत्तिका से निकल जाता है। इसी प्रकार कार्तिक मास में भी वृश्चिक के सूर्य में पूजा, दानादि करके विवाह कर सकते हैं। वृश्चिक का सूर्य लगभग १७ नवम्बर से १६ दिसम्बर तक रहता है। गुरु चौथा, आठवां, बारहवाँ कन्या की राशि से (४, ८, १२) हो तो नेष्ट होता है और नेष्ट गुरु में विवाह वर्जित होता है। गुरु नेष्ट हो तो पूरे एक वर्ष तक नेष्ट होता है और इतनी अवधि तक प्रतीक्षा करना युक्तिसंगत नहीं है। पहले तो बहुत छोटी उमर में कन्याओं का विवाह कर दिया जाता था तब एक वर्ष प्रतीक्षा कठिन नहीं होती थी, अब कन्याओं का विवाह काफी बड़ी उमर में होता है। इसलिये गुरु की दुगुनी, तिगुनी पूजा करके विवाह की अनुमति दे दी गई है।

विवाह लग्न के दिन घर में मण्डप स्थापित किया जाता है। जिसे मडवा भी कहते हैं। आजकल सब कुछ बहुत जल्दी-२ किया जाता है और बहुत से रीतिरिवाज समाप्त होते जा रहे हैं। परन्तु जहां सम्भव हो अथवा जो लोग कर सकें उनको ज्योतिषी को सब बातें विस्तार से बताना चाहिये, विवाह के दिन या उससे एक-दो दिन पहले मडवा (मण्डप) स्थापित किया जाता है। जहाँ भाँवरें पड़नी हों उस स्थान पर मण्डप बनाया जाता है। टैन्ट लगाने वाले को वह स्थान बता देना चाहिये। सूर्य ५।६।७ राशियों में हो तो ईशान कोण में, ८।९।१० राशियों में हो तो वायव्य कोण में, ११।१२।१ राशियों में हो तो नैऋत्य कोण में और २।३।४ राशि में हो तो अग्नि कोण में विवाह कार्य के लिए मण्डप की स्थापना करनी चाहिये। ईशान कोण पूर्व व उत्तर के मध्य, वायव्य उत्तर-पश्चिम मध्य में, नैऋत्य कोण पश्चिम-दक्षिण मध्य तथा आग्नेय कोण दक्षिण-पूर्व मध्य में होता है।



विवाह से पहले वर-वधू दोनों को ही तैल उबटन आदि लगाने, हल्दी चढ़ाने की प्रथा है। कन्या तथा वर की राशि के अनुसार तैल लेपन की संख्या बताई जाती है। इसको तेल चढ़ाना या तेल लेपन कहते हैं। मेष राशि ७, वृष १०, मिथुन ५, कर्क १०, सिंह ५, कन्या ७, तुला ७, वृश्चिक ५, धनु ५, मकर ५, कुम्भ ५ और मीन राशि के वर-कन्या को ७ बार तेल लेपन कराना चाहिये। पंचांग शुद्धि देख कर विवाह के दिन से १, २, ४, ५, ७, ८ दिन पहले जब शुभ दिन हो तब विवाह कार्य आरम्भ करना चाहिये। गणेश पूजन, नांदी श्राद्ध, हल्दी के हाथ लगाना, कलश स्थापन, घर की सफाई सजावट, भूषण वस्त्र बनवाना आदि कार्य करना शुभ होता है। जिस स्त्री के हाथ से कार्य कराना हो उसका चन्द्रमा नाम से या जन्म राशि से ४, ८ या १२ वां न हो अथवा जिस स्त्री का चन्द्रबल उस दिन उत्तम हो उसके हाथ से विवाह कार्य आरम्भ कराना चाहिये। सबसे पहले गणेश जी का पूजन करना चाहिये उनको प्रथम निमन्त्रण-पत्र समर्पित करना चाहिये। मन्दिर में जाकर गणेश जी की मूर्ति के सामने अथवा घर पर गणेश जी के चित्र के सामने सुपारी आदि के साथ निमन्त्रण-पत्र रख कर प्रार्थना करने से सब कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होते हैं।

मेलापक में वर-कन्या का नाम बदलने की आवश्यकता पड़े तो कन्या का ही नाम बदलने की प्रथा है। परन्तु आज-कल बहुत सी लड़कियां नौकरी करती हैं इस कारण केवल घर में बुलाने के लिये ही नाम बदला जा सकता है। मेलापक सारणी में वर के नक्षत्र वाली कोष्ठक में जहां-जहां अधिक गुण संख्या हो, दोष नहीं हो उन सभी नक्षत्रों के नाम अक्षर लिख लो और उन में से ही किसी पर रुचि अनुसार नाम रखने को बता दो। मेलापक लड़के-लड़की दोनों की जन्म राशि से या फिर दोनों की नाम राशि से करना चाहिये। यह नहीं कि एक की कुण्डली है तो उसकी जन्म राशि ले ली और दूसरे की नाम राशि ले ली। ऐसा मेलापक ठीक नहीं होता। वैसे तो जन्म समय की राशि ही लेनी चाहिये परन्तु ऐसी परिस्थितियों में जब जन्म समय, तारीख ज्ञात न हो तो फिर प्रसिद्ध नाम बोलते नाम से मेलापक करना उचित है। ऐसे अवसरों पर नाम वही लेना चाहिये जिसके बुलाने पर वह सोते से जाग जाय, रास्ते में जा रहा हो तो बुलाने पर ठहर जाय, इसे बोलता नाम कहते हैं।

विवाह से पहले विवाह सम्बन्ध को पक्का करने के लिये सगाई, टीका, ठाका, मंगनी, कुडमाई की रसम की जाती है जिसे रोकना या विवाह पक्का करना भी कह सकते हैं। कहीं-२ यह रसम अलग-२ भी होती हैं, जैसे लड़के-लड़की के माता-पिता में बात तय हो गई तो कन्या पक्ष की ओर से लड़के के हाथ में कुछ रुपये सामर्थ्य अनुसार रख कर और सगे-सम्बन्धियों को नजरें देकर बात पक्की की जाती है। यह रसम शुभ वार शुभ दिन या शुभ होरा में चन्द्र बल नक्षत्र आदि देख कर देना चाहिये। यदि मुहूर्त निकालने का समय न हो तो शुभ होरा का ही विचार करके दिन के शुभ घण्टे बता देना चाहिये। दिन का चौघड़िया चक्र में यह बता दिया गया है। पंचांग में दिये सर्वार्थ सिद्धि योग आदि देखकर भद्रा, पंचक कुयोग रहित समय बता देना चाहिये। इसी प्रकार ठाका, सगाई, वर वरण का मुहूर्त भी निकाला जाता है। पंचांग शुद्धि देखकर कुयोग रहित दिन में शुभ तिथि, शुभवार, कृ. रो. पू. ३ उ. ३ नक्षत्रों में चन्द्र बल देख शुभ लग्न में या शुभ नवांश में कुल का पुरोहित या कन्या के भाई बन्धु वर के यहां जाकर पूर्व या उत्तर दिशा में बैठ कर कुंकुम, रोली, केसर से वर का तिलक कर पुष्प माला पहिनायें, यज्ञोपवीत, वस्त्र आदि वर को भेंट देकर वर का सत्कार माला, तिलक, ताम्बूल आदि से करें। सामर्थ्य अनुसार रुपया, मोहर, अशरफी, श्रीफल आदि वर को देकर गुड़, खजूर, बताशा या खोये की बनी मिठाई मुंह में देकर कन्या का भ्राता—"मैं अपनी अमुक नाम की बहन की सगाई या वाग्दान आपके साथ करता हूं"। पंडित हो तो गणेश पूजा नवग्रह पूजा स्वस्ति वाचन संकल्प आदि करा देना चाहिये।

विवाह निश्चय करते समय ध्यान देने योग्य कुछ बातें हैं :—जैसे लड़की-लड़के के गोत्र व प्रवर शाखा की न हो, वर की माता की सात पीढ़ी में से न हो, दो सगी बहनों का विवाह दो सगे भाइयों से नहीं किया जाता। दो सगी बहनों का दो सगे भाइयों का या भाई-बहनों का विवाह छः मास का अन्तर देकर करना चाहिये। साथ-२ नहीं करना चाहिये। लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह किया जा सकता है। अलग-२ माता से उत्पन्न भाई-बहिनों का विवाह अलग-२ मण्डपों में अलग-२ पंडितों द्वारा अलग-२ दरवाजे से किया जा सकता है। जुडवां भाई-बहिनों का विवाह एक ही मण्डप में किया जा सकता है। विवाह के बाद छः महीने तक वर-परिवार में मुण्डन, यज्ञोपवीत, केशान्त, चूड़ान्त, सीमान्तमुण्डन आदि संस्कार नहीं किये जाते। वैसे यदि संवत् बदल जाय तो कोई दोष भी नहीं है। संवत

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

चैत्र में बदलता है। एक मंगल कार्य माघ, फाल्गुन में किया हो तो दूसरा चैत्र, बैशाख में संवत् बदलने पर कर सकते हैं। यह विधान केवल तीन पीढ़ी तक के परिवार पर लागू होता है। मंगल उत्सव के बीच में श्रादादि अमंगल कार्य नहीं करने चाहिये। वाग्दान यानी सगाई, ठाका की रसम के बाद वर या कन्या की तीन पीढ़ी में किसी की मृत्यु हो जाय तो १ मास के बाद सूतक निवृत्ति होने पर विवाह सम्पन्न किया जा सकता है। विवाह कार्य प्रारम्भ करके गणेश पूजन के बाद अर्थात् विवाह से कुछ दिन पहले परिवार में तीन पीढ़ी तक किसी की मृत्यु हो जाय तो वर-कन्या तथा उनके माता-पिता को सूतक अशौच नहीं लगता। विवाह-संस्कार को रोकना नहीं चाहिए, सम्पन्न करा देना चाहिये। निश्चित लगन समय पर ही पाणिग्रहण करा देना चाहिये।

हमारे शास्त्रकारों ने जन-साधारण को विभिन्न विभागों में स्वभाव प्रवृति प्रकृति आदि के अनुसार विभाजित किया है। ज्योतिष के नियमों के अन्तर्गत नक्षत्र भेद से मनुष्य, राक्षस, देवता तीन गण होते हैं। यह उसके स्वभाव के अनुसार विभाजन हुआ। राक्षस स्वभाव के व्यक्ति का देवता स्वभाव व्यक्ति के साथ मेल नहीं खायेगा। प्रत्येक नक्षत्र-राशि राशि-स्वामी ग्रह के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक स्थिति भिन्न होती है। उसका बल, पौरुष, काम शक्ति, पुरुष-स्त्री की परस्पर संभोग में संतुष्टि की क्षमता, यौनि बनावट, सन्तान उत्पादक क्षमता आदि विषयों के अनुसार वर्ग भेद किये गये हैं। मेलापक में कुल ३६ अंक होते हैं : वर्ण-१, वश्य-२, तारा-३, योनि-४, ग्रहमैत्री-५, भकूट-६, गण-७ और नाड़ी के ८ कुल मिला कर ३६ अंक होते हैं। विस्तार से बताने के लिये तो अधिक स्थान चाहिये, संक्षेप में इन सभी वर्ग भेदों से प्रत्येक स्त्री-पुरुष, लड़के-लड़की के उपरोक्त सभी गुण-दोष उसकी जन्म, राशि, नक्षत्र से ज्ञात हो जाते हैं और यह सब प्रक्रिया सम्पूर्ण रूप से नितान्त वैज्ञानिक है। इन सब का योग गणित से निकाल कर मेलापक सारणी बना दी गई है जो तुरन्त बता देती है कि किस नक्षत्र की लड़की का किस नक्षत्र के लड़के से मेलापक कितना प्रतिशत ठीक या गलत है।

विवाह लग्न निर्णय

ज्योतिषियों के पास लड़के या लड़की की ओर से विवाह की लगन (साहा) की तारीख समय निकलवाने के लिये यजमान (ग्राहक) लोग आते हैं। पंचांगों से विवाह मुहूर्त निकाल कर दे दिये जाते हैं। ज्योतिषियों को वर-कन्या की राशि के अनुसार त्रिबल-शुद्धि देख कर लगन निकालनी पड़ती है। इससे काफी समय लग जाता है। ज्योतिषियों के परिश्रम को कम करने और उनके गणित में सहयोग करने के लिए हम त्रिबल-शुद्धि करके प्रत्येक राशि की उपयुक्त लगनों की तारीखें दे रहे हैं। त्रिबल-शुद्धि में तीन बातें देखनी होती हैं :—

१. **चन्द्रमा :** लगन के दिन व समय पर चन्द्रमा वर व कन्या की राशि से ४, ८, १२वें स्थान पर नहीं होना चाहिये। इसमें प्रधानता तो जन्म राशि को ही दी जाती है परन्तु जन्म समय ज्ञात न हो अथवा जन्म राशि से विवाह न बनता हो तो नाम राशि से भी कभी-२ विशेष परिस्थितियों में लगन निकाल दिया जाता है। यदि कन्या के नाम बदलने से विवाह लगन ठीक बनता हो तो बहुत आवश्यक होने पर उपयुक्त नाम रख दिया जाता है।

२. **वर का सूर्य :** वर की राशि से सूर्य ३, ६, ११वें स्थानों पर ही श्रेष्ठ होता है। १, २, ५, ७, ९वां सूर्य पूज्य होता है और ४, ८, १२वां नेष्ट होता है। नेष्ट सूर्य त्याज्य है, अतएव त्रिबल-शुद्धि कोष्ठक बनाते समय हमने नेष्ट सूर्य के विवाह लग्नों को स्थान नहीं दिया है। पूज्य सूर्य में सूर्य की पूजा करके विवाह सम्पन्न किया जा सकता है। यदि बिना पूजा का लग्न नहीं निकलना हो तो पूजा के सूर्य में विवाह लग्न विधि सम्मत है परन्तु यजमान को बता देना चाहिये कि विवाह समय सूर्य की पूजा अवश्य करा दें।

३. **कन्या का गुरु :** गुरु कन्या की राशि से २, ५, ७, ९ व ११वां श्रेष्ठ होता है, १, ३, ६ व १०वां पूज्य होता है और ४, ८, व १२वां नेष्ट होता है। गुरु यदि उच्च राशि स्वराशि या मित्र राशि का हो तो नेष्ट होते हुये भी पूज्य माना जाता है। यथा कर्क, धनु, मीन, सिंह, मेष व वृश्चिक राशियों में मित्र राशि का गुरु पूज्य होता है। गुरु क्योंकि एक राशि में लगभग एक वर्ष तक रहता है और आजकल लड़कियों की शादी छोटी उमर में नहीं होती इसलिये नेष्ट गुरु को भी पूज्य ही मानना उचित है। वैसे भी २ फरवरी १९८७ से गुरु मीन राशि में स्वराशि का होने से पूज्य ही होगा।

त्रिबल-शुद्धि कोष्ठक में विवाह लग्न देखने का एक उदाहरण देकर बताया जा रहा है। मान लीजिये सिंह राशि का लड़का और कन्या राशि की लड़की का विवाह लग्न निकालना है। वर या कन्या के अभिभावक मई मास में विवाह करना चाहते हैं। कन्या की लग्नों वाले कोष्ठक में मई १, ४, ५, १०, ११, १२, १७, १९, २०, २८, २९ तारीखें हैं परन्तु वर वाले कोष्ठक में मई की १७, १९, २०, २८, २९ ही तारीखें हैं। इस प्रकार दोनों के लिये १७, १९, २०, २८, २९ तारीखें ही ठीक हैं और इन्हीं में से जो लग्न उनको उचित लगे तय कर सकते हैं। विवाह मुहूर्त में देख कर दिन, लग्न, समय, ग्रहदान, वार और अधिक खड़ी रेखायें देख कर तारीख निश्चित की जा सकती है। लग्नों के साथ जिन ग्रहों का दान लिखा हो जैसे चं.दा. का अर्थ चन्द्रमा का दान वह बता देना चाहिये। ग्रहों के दान पदार्थ उसी पंचांग में अन्यत्र पृष्ठ पर दिये हुये हैं। यह सब ग्रहों के दान तथा पूजा आदि विवाह के समय कराई जाती है।

[शेष पृष्ठ ७६ का]

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिये। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो सुन्दर दर्शनीय रमणीक घर में जन्म। लग्न में गुरु हो, शुक्र-चन्द्र की दृष्टि हो तो राज-महल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुये, मूर्तियां बने हुये सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलाबल पर विचार करके फल कथन करना चाहिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

महाविद्या श्री बगलामुखी के मन्त्रादि

[लेखक :—लक्ष्मी नारायण शर्मा, बी०ए०, प्रभाकर, साहित्यरत्न, ज्योतिष वाचस्पति]

बगलामुखी देवी भगवती माँ के ही अनेक स्वरूपों में से एक हैं। जैसे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती माँ के तीन मुख्य रूप हैं। फिर नवदुर्गायें शैल पुत्री ब्रह्मचारिणि, चन्द्रघण्टादेवी, कूष्माण्डा देवी, स्कन्दमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री हैं। विशेष प्रयोजन के लिए धारण किए गये भगवती के अनेक रूप हैं। जसे रक्तबीज राक्षस पैदा हो गया था। जब माँ का उससे युद्ध हुआ तो राक्षस के रक्त से अनेकों रक्तबीज पैदा हो गये। महामाया माँ ने उस समय अपने ही अंश से चामुन्डा काली का रूप धारण किया जो उस राक्षस के शरीर से रक्त की बूंदों को गिरने से पहले ही पी जाती थी और इस प्रकार माँ ने उन अनेकों रक्तबीजों को समाप्त किया। चामुण्डा काली की उपासना मांस मदिरा से ही की जाती है।

भगवती बगलामुखी देवी की उत्पत्ति के बारे में तन्त्र शास्त्रों में लिखा है कि एक समय सतयुग में भयंकर तूफान आया और समस्त चराचर सृष्टि नष्ट होने लगी तो शेषनाग की शैय्या पर लेटे हुए भगवान विष्णु को चिन्ता हुई। उन्होंने भगवती त्रिपुरसुन्दरी की आराधना (प्रार्थना) की। उस देवी ने प्रसन्न होकर बगलादेवी के रूप में अवतार लिया। सौराष्ट्र (काठियावाड़) देश में हरिद्रा नाम के पीले सरोवर में जलक्रीड़ा करती हुई प्रकट हुई और उनका अपूर्व तेज चारों ओर फैल गया। उस दिन मंगलवार था तथा चतुर्दशी तिथि थी। उस रात्रि का नाम वीररात्रि पड़ा। पंचमकार से सेवित देवी ने अर्धरात्रि के समय उस गहरे पीले सरोवर में निवास किया और त्रैलोक्य का स्तम्भन करके भयंकर तूफान ववंडर से सृष्टि की रक्षा की। तान्त्रिक जन तभी से मगलवार को जब चतुर्दशी पड़ती है पंचमकार का सेवन करके भगवती बगलामुखी देवी की आराधना करते हैं। भगवती के विद्या जनित तेज से दूसरी त्रैलोक्य स्तम्भिनी ब्रह्मास्त्र विद्या उत्पन्न हुई। उस ब्रह्मास्त्र विद्या का तेज भगवान विष्णु के तेज में विलीन हुआ तथा वह तेज विद्या तथा अनुविद्याओं में लीन हुआ। अर्थात् उत्पात की शान्ति के पश्चात् देवी का तेज भगवान विष्णु में विलीन हो गया और उनकी ब्रह्मास्त्र स्तम्भिनी विद्या, अन्य विद्या अनुविद्याओं में मिल गई। संसार के कल्याण के लिये प्रचलित हो गई।

ॐजगद्धात्री नमः स्वाहा ओ३म् महामाई नमः स्वाहा ओ३म्मातेश्वरी नमः कहकर तीन बार आचमन करो। ओ३म् बगलामुखी पीताम्बरा देवी नमः

अपने शत्रु को, प्रतिद्वन्द्वी को, अपने विरुद्ध निरपराध सजा मिलने से रोकने के लिए, बन्धन मुक्ति के लिए किसी उच्च अधिकारी को अपने अनुकूल निर्णय की प्रेरणा देने के लिए, इस अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है।

ओ३म् ह्लीं (हिलरीम्) बगलामुखी सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्लीं (हिलरीम्) ओ३म् स्वाहा।

इस मंत्र को भोजपत्र पर अनार की कलम से अष्टगन्ध से लिखकर देवी के सामने रखे और दीक्षा की प्रार्थना करके दीक्षा ले लो। किसी गुरु से लो तो भी देवी से विधिपूर्वक दीक्षा ले लो, मन्त्र का उच्चारण शुद्ध हो बीजमंत्र ह्लीं (हिलरीम्) है। बगलामुखी का यंत्र भी भोजपत्र पर उसी प्रकार से बनाकर भगवती बगलामुखी के सामने रखो। भोजपत्र या अष्टगंध का प्रबन्ध न हो सके तो पीले कागज पर हल्दी से मंत्र व यंत्र बनाकर रखो। इस प्रकार से लिखा मंत्र व यन्त्र आप हमसे मंगाना चाहें तो मंगा सकते हैं। यन्त्र का नमूना आपको बगला स्तोत्र की पुस्तक में भी मिल जायेगा। अब आप निम्न मंत्र से संकल्प लो। हाथ में द्रव्य अक्षत पुष्प जल लेकर संकल्प करो। संकल्प मंत्र पूरा पहले दिया जा चुका है। उसके अन्त में इस प्रकार जोड़ो :—मम समस्त सद अभीष्ट सिद्ध्यर्थं—यहाँ कार्य प्रयोजन को कहे। श्री भगवती पीताम्बराया श्री बगलामुखी देव्याः यथा लब्धोपचारेण पूजनमहं करिष्ये। कह कर जल आदि सामग्री छोड़ दें।

हाथ में पीला पुष्प लेकर पद्मासन से बैठकर माँ बगलामुखी का ध्यान करें। ध्यान मंत्र इस प्रकार है :—

मध्ये सुधाब्धि मणि मण्डप रत्न वेद्यां सिंहासनो परिगतां परि पीत वर्णाम्।
पीताम्बराभरण माल्यविभूषितांगी, देवीं स्मरामि धृत मुद्गर वैरि जिह्वाम्।
जिह्वाग्रमादाय करेण देवी वामेन शत्रुन परिपीड्यन्तीम्
गदाभि घातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढ्या द्विभुजां नमामि।

इस श्लोक का अर्थ यह है कि माँ बगलामुखी देवी मणि जड़ित पीत मण्डप में रत्न जडित सोने के पीत वर्ण सिंहासन पर विराजमान है। पीले रंग के वस्त्र आभूषण माला पहने है, सीधे हाथ में मुगदर है, बाँये से वैरी की जिह्वा पकड़े हुए है। मुगदर से वैरी को मारने की मुद्रा है और जिह्वा को बाहर की ओर निकालकर शत्रुओं का उत्पीड़न करने वाली पीतवस्त्र धारण करने वाली मां को नमस्कार करता हूं।

श्री बगलामुखी मन्त्र

ॐ ह्लीं (हिलरीम्) बगलामुखी सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिव्हां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं (हिलरीम्) ॐ स्वाहा॥

आवाहन :— ओ३म् हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्ण रजतस्रजां। चन्द्रां हिरण्यमयी लक्ष्मीं जातवेदोम आवह। आगच्छेह महादेवि सर्वसिद्धि प्रदायिनि। यावद्व्रतं समाप्येत तावत्वं सन्निधा भव॥ इति बगलामुख्यै नमः आवाहनं समर्पयामि कह कर आवाहन करें।

आसन :—तां मआहव जातवेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्य विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्। प्रसीद जगतां मातःसंसारार्णव तारिणीं। मया निवेदित भक्तया आसनं सफलं कुरु॥ इति बगलामुखी देव्यै समर्पयामि बोलकर आसन दे। यदि यह अथवा नीचे लिखे मंत्र पूरे न पढ़ सके तो केवल आवाहन आदि कर लेना चाहिए। जैसे श्री बगलामुख्यै नमः ध्यानं समर्पयामि श्री बगलामुख्यै नमः आवाहनं समर्पयामि नमः श्री बगलामुख्यै नमः आसनं समर्पयामि श्री बगलामुख्यै नमः पाद्य समर्पयामि। अर्घ्यं समर्पयामि आचमनं समर्पयामि स्नानं समर्पयामि पंचामृत स्नानं समर्पयामि उदवर्तनं (उबटन) शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि आचमनं समर्पयामि। वस्त्रादिकं समर्पयामि गन्धं समर्पयामि सौभाग्य सूत्रं समर्पयामि अक्षत हरिद्रा कुंकुम सिंदूर कज्जल पुष्प पुष्पमाला धूप दीप नेवैद्य फलताम्बुल पुंगीफल दक्षिणा पुष्पांजलि समर्पयामि कहकर षोडसोपचार पूजा कर देनी चाहिए। जो पूरा मंत्र पढ़कर संस्कार करना चाहें उनके लिए पूरे श्लोक लिखे जा रहे हैं।

पाद्य :—अश्वपूर्वां रथ मध्यां हस्तिनाद प्रबोधिनीम्। श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवीं जुषतां॥ गंगादि सर्व तर्थेभ्यो मया प्रार्थनया हृतम्। तोयमेतत्सुखस्पर्शं पाद्यार्थं प्रतिगृह्यताम्॥ इति पाद्यं समर्पयामि भगवती बगलायै नमः। कहकर जल चढ़ाओ।

अर्घ्य :—कांसोस्मितां हिरण्य प्रकारां माद्रां ज्वलन्तीम् तृप्तां तर्पयन्तीम् पद्मेस्थितां ... शान्ति प्रयच्छ मे। इति हरिद्रा समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर हल्दी का चूर्ण चढ़ाओ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

अर्घ्य :—कांसोस्मितां हिरण्य प्रकारां माद्रीं ज्यलन्तीम् तृप्तां तर्पयन्तीम् पद्मेस्थितां पद्म वर्णां तामिहोपह्व्येश्रियम् ।। निधिनां सर्वदेवानां त्वमर्घ्यं गुणा ह्यसि सिहो परिस्थिते देवि गृहणाऽर्घ्यं नमोस्तुते । इत्यर्घ्यं समर्पयामि बगलामुखैं नमः कहकर अर्घ्य दो ।

आचमन :—चन्द्रां प्रभासां यशसां ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम् । पद्म नेमिं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि ।। कर्पूरेण सुगन्धेन सुरभि स्वाधु शीतलं । तोयमाचमनी यार्थं देवीदं प्रतिगृह्यतां । इत्याचमनीयं समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर आचमन कराओ ।

स्नान :—आदित्य वर्णे तपसोधिजाती वनस्पतिस्तव वृक्षोष बिल्वः । तस्यः फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरा याश्च बाह्या अलक्ष्मीः ।। मन्दाकिन्याः समानीतैः हेमाम्भेरुहवासितम् । स्नानं कुरुष्व देवेशि सलिलैश्च सुगन्धिभिः ।। इति स्नानं समर्पयामि भगवती बगलायै नमः कहकर देवी को जल छिड़क कर स्नान कराओ ।

पंचामृत स्नान :—उपैतु मां देव सखः कीर्तिश्च मणिना सह, प्रादुर्भूतोस्मि राष्ट्रे-स्मिन् कीर्तिमृद्धि ददातु मे । पयोदधि घृतं चैव मधुच शर्करायुतम्, पंचामृतं मयानीतं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ।। इति पंचामृत स्नान समर्पयामि भगवती बगलायै नमः कहकर पंचामृत अर्पण करके स्नान कराओ । भगवती के चित्र को जल से पंचामृत से स्नान नहीं कराते अपितु जल या पंचामृत आदि को पंचपात्र में लेकर मन्त्र पढ़ने के बाद दूसरे पात्र में समर्पित कर देते हैं ।

उद्वर्तन (उबटन) स्नान :—ओ३म् अदृशुना ते अदृशुपृच्यतां परुषा परु । गन्धस्ते सोममवतु मदाय रसो अच्युतः ।। नाना सुगन्धिद्रव्यं च चन्दनं रजनीयुतम्, उद्वर्तनं मया दत्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् । इति उद्वर्तनस्नानं समर्पयामि भगवती बगलायै नमः कहकर भगवती को उबटन स्नान कराओ । उसके बाद शुद्ध जल से आचमन व स्नान कराओ । तदन्ते शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि नमः वस्त्र उपवस्त्र मन्त्र क्षुत्पिपासामला ज्येष्ठामलक्ष्मी नाशयाम्यहम-भूतिसमृद्धि च सर्वां निर्णुद मे गृहात् । पट्ट कूलयुगं देवि कंचुकेन समन्वितम्- परिधेहि कृपां कृत्वा मातः श्री बगलामुखी ।। इति वस्त्रादिकं च समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर माता को वस्त्रादि अर्पण करो ।

गन्ध अर्पण :—गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीं, ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्व्येश्रियम् । श्रीखण्डचन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम् विलेपनं च देवेशि चंदनं प्रतिगृह्यताम् । इति गंधं समर्पयामि भगवती बगलायै नमः कहकर भगवती को चंदन अर्पण करो । भगवती के चित्र की ओर चंदन और कपूर छिड़क कर गन्ध बनाये उसके छींटे छिड़क दो ।

सौभाग्य :—सौभाग्य सूत्रं वरदे सुवर्ण मणि संयुतं । कण्ठे बध्नामि देवेशि सौभाग्य देहि मे सदा ।। इति सौभाग्य सूत्र समर्पयामि महामाया बगलायै नमः कहकर सौभाग्य सूत्र पीला धागा रेशमी सूत्र अर्पण करो ।

अक्षत :—मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमही पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्री श्रयतां यशः । अक्षतां निर्मलान् शुद्धान् मुक्ताफल समन्वितान्, गृहाणेमान महादेवि देहि मे निर्मलां धियम् ।। इति अक्षतान् समर्पयामि बगलामुखै नमः कहकर महामाया को अक्षत चढ़ाओ । अक्षत साबत बिना टूटे चावल के दानों को कहते हैं । वही अर्पण करो ।

हरिद्रा :—हरिद्रा रंजिता देवी सुख सौभाग्य दायिनि, तस्मात्वं पूजमाम्यत्र दुःख शान्ति प्रयच्छ मे । इति हरिद्रा समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर हल्दी का चूर्ण चढ़ाओ ।

कुंकुम :—कुंकुम कान्तिदं दिव्यं कामिनी काम संभवं कुंकुमेनार्चिते देवि प्रसीद बगलामुखि ।। इति कुंकुम समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर रोली चढ़ाओ ।

सिन्दूर :—सिंदूर मरुणाभासं जवाकुसुम संभवम्, पूजितासि मयादेवि प्रसीद बगलामुखी ।। इति सिंदूर समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर देवी को सिंदूर अर्पण करो ।

कज्जल :—चक्षुर्म्यं कज्जलं रम्य सुभगे शांति कारके, कर्पूर ज्योतिरुत्पन्नं गृहाण बगलामुखि ।। इति कज्जलं समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर देवी को काजल अर्पण करो ।

पुष्प :—मनसा काममाकूति वाचासत्यमशीमही, पशुनां रूपमन्नस्य मयि श्री श्रयतां यशः । मन्दार परिजातादि पाटल केताकानि च, जाति चम्पक पुष्पानि गृहाणेमानि शोभने ।। इति पुष्पं समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर पुष्प समर्पित करो ।

पुष्पमाला :—कर्दमेन प्रजाभूता मयि संभव कर्दम । श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम् ।। पद्मशंख पुष्पादि शत पत्रैर्विचित्रताम्, पुष्पमालां प्रयच्छामिते श्री पीताम्बरे शिवे ।। इति पुष्पमालां समर्पयामि कहकर देवी को फूल माला अर्पण करो ।

धूप :—आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे । नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले । वनस्पतिरसोद्भूतो गंधढ्यो गंध उत्तमः, आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोयं प्रतिगृह्यताम् ।। इति धूपं आघ्रापयामि बगलामुख्यै नमः कहकर धूप जलाकर उसका धूम्र देवी की ओर प्रवाहित करो ।

दीप :—सरसिजनिलये सरोज हस्ते धवलतारांशुक गंधमाल्य शोभे । भगवति हरि-बल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवन भूतिकरे प्रसीद मह्यम् ।। आज्यं च वर्तिसंयुक्तं बन्हिना योजितं मया, दीपं गृहाण देवेशि त्रैलोक्यतिमिरापहम् ।। इति दीपं दर्शयामि बगलामुख्यै नमः कहकर देवी को दीपक दिखलाओ और दीपक की ओर अक्षत छिड़को ।

नैवेद्य तथा फल:—आर्द्रां पुष्करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेम मालिनीम्, सूर्यां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदोम आवह ।। अन्नं चतुर्विधं स्वादुरसैः षडभिः समन्वितम्, नैवेद्यं गृह्यतां देवि भक्ति मे ह्य चलां कुरु इति नैवेद्यं फलंसमर्पयामि-निवेदयामि बगलामुख्यै नमः कहकर देवी को नैवेद्य तथा फल अर्पण करो ।

ताम्बूल :—तां म आवह जातवेदो लक्ष्मींमनपगामिनीम्, यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान्विंदेयं पुरुषानहम् ।। एला लवंग कस्तूरी कर्पूरः पुष्पवासिताम् बीटिकां मुखवासार्थमर्पयामि सुरेश्वरि ।। इति मुखवासार्थं ताम्बूलं समर्पयामि बगलामुख्यै नमः कहकर देवी को ताम्बूल का बीड़ा अर्पण करो ।

दक्षिणा :—यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यतन्वहम् सूक्तं पंचदशर्चं च श्री कामः सततं जपेत्, पूजा फल समृद्धयर्थं तवाग्रे स्वर्णमीश्वरि, स्थापितं ते च प्रीत्यर्थं पूर्णान् कुरु मनोरथान् ।। इति द्रव्य दक्षिणां समर्पयामि बगलायै नमः बोलकर देवी के समक्ष कुछ द्रव्य दक्षिणा अर्पित करो ।

इसके बाद पुष्पांजलि मंत्र बोलो और देवी के चरणों में पुष्पांजलि समर्पण करो ।

प्रदक्षिणा :—यानि कानि च पापानि जन्मान्तर कृतानि च, तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे । बोलकर देवि की एक प्रदक्षिणा करें । देवी के चारों ओर प्रदक्षिणा करने की सुविधा न हो तो अपने स्थान पर ही घूम कर प्रदक्षिणा कर लो ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रार्थना :—आराध्ये जगदम्ब दिव्य कविभिः सामाजिकै स्तोतृभि माल्यैश्चन्दन कुंकुमैः परिमलैरभ्यर्चिते सादरात् । सम्यन्न्यासि समस्त भूत निवहे सौभाग्य शोभाप्रदे । श्री मुग्धे बगले प्रसीद बिमले दुःखापहे पाहिमाम् ॥ अनया पूजया महामाया बगलामुखी प्रीयतां नमः । बोलकर देवी को प्रणाम करो ।

इसके बाद कर सको तो बगलामुखी स्तोत्र का जिसमें केवल १७ श्लोक हैं पाठ करो और न्यास सहित बगलामुखी कवच का पाठ भी करो । यदि यह नित्य नहीं कर सको तो आरम्भ व अन्त के दिन ही कर लो । यह स्तोत्र तथा कवच बगलामुखी पाठ की पुस्तक में मिल जायेंगे । यदि सस्कृत न आती हो तो पाठ की पुस्तक के छापे को तथा अपने उच्चारण को किसी पंडित या शास्त्री की सहायता से शुद्ध कर लेना चाहिए । नहीं तो हिन्दी भाषा में ही षोडषोपचार पूजा करके मंत्र का जाप शुरू कर देना चाहिए । जप से पहले मंत्र का न्यास करो ।

अथ विनियोगः ह्लीं ॐ अस्य श्री बगलामुखी मन्त्रस्य नारद ऋषि बृहती छंदो बगलामुखी देवता सम्पूर्ण मनोरथ सिध्यर्थे जपे विनियोगः कहकर पंचपात्र से जल दूसरे पात्र में डालें ॥

ऋष्यादिन्यासः—नारद ऋषये नमः शिरसि । बृहती छन्दसे नमः मुखे । बगलामुख्ये देवतायै नमः हृदि । ह्लीं बीजाय नमःगुह्य । स्वाहा शक्तये नमः पादयो । न्यास करने की विधि पिछले पाठों में विस्तार से बताई जा चुकी है उसी के अनुसार सारे न्यास करो ।

करन्यास :—ॐ ह्लीं अंगुष्टाभ्यां नमः । ओ३म् बगलामुखी तर्जनीभ्यां स्वाहा । ओ३म् सर्वदुष्टानांमध्यमाभ्यां वौषट । ओ३म् वाचं मुख पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुम् । ओ३म् जिव्हांकीलय कनिष्ठिकाभ्यां बौषट् । ओ३म् बुद्धि बिनाशय ह्लीं ओ३म् स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां ण्ट् ।

हृदयादिन्यासः—ओ३म् ह्लीं हृदयाय नमः । ओ३म् बगलामुखि शिरसे स्वाहा । ओ३म् सर्वदुष्टानां शिखायै वौषट् । ओ३म् वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम् । ओ३म् जिव्हां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट् । ओ३म् बुद्धि विनाशाय ह्लीं ओ३म् स्वाहा अस्त्राय फट् ।

अक्षरन्यासः—ओ३म् ह्लीं नमः शिखायाम् । ओ३म् बगलामुखी नमः दक्षिण नेत्रे । ओ३म् सर्वदुष्टानां नमः वामनेत्रे । ओ३म् वाचं नमः दक्षिण कर्णे । ओ३म् मुखनमः वामकर्णे । ओ३म् पदं नमः दक्षिण नास पुटे । ओ३म् स्तम्भय नमः वाम नासापुटे । ओ३म् जिव्हां कीलय नमः मुखे । ओ३म् बुद्धि विनाशय नमः गुह्ये ।

दिगन्यास.—ओम ह्लीं प्राच्यै नमः । ओ३म् बगलामुखी आग्नेयै नमः । ओ३म् वाचं दक्षिणायै नमः । ओ३म् मुखं नेऋत्यै नमः । ओ३म् पदे प्रतीच्यै नमः । ॐ स्तम्भय वायव्यै नमः । ओ३म् जिव्हां उदीच्यै नमः । ओ३म् कीलय ऐशान्यै नमः । ओ३म् बुद्धिं ऊर्ध्वायै नमः ओ३म् विनाशय भूम्यै नमः ।

उपरोक्त न्यास करने के बाद निम्न मंत्र से देवी का ध्यान करो और उसके बाद हल्दी की माला से देवी के मंत्र का जाप आरम्भ कर दो ।

ध्यानं मंत्र :—

सौवर्णासन संस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकोल्लासिनीं ।
हेमाभांगरुचिं शशांक मुकुटां सच्चम्पक स्रग्युताम् ॥
हस्तैर्मुद्गर पाशबद्ध रसनां संबिभ्रतीं भूषणै-
र्व्याप्तांगीं बगलामुखीं त्रिजगतां संस्तम्भिनीं चिंतये ॥

प्रथम दिन जितनी संख्या में जप करो उसी क्रम से प्रतिदिन करना चाहिए । बीच में कम ज्यादा करने से जप खण्डित हो जाता है । यदि किसी विशेष कार्य के लिए अनुष्ठान कर रहे हो या किसी दूसरे के लिए कर रहे हो तो इस नियम का पालन अवश्य करना चाहिए । यदि मंत्र को सिद्ध करने के लिए अनुष्ठान कर रहे हो तो ऐसी संख्या निर्धारित कर लो जिसे सुविधापूर्वक निबाह सको ।

जप का दशांश हवन नित्य या बाद मे इक्ट्ठा करने के लिए हल्दी की गांठों का जो व अन्य सामग्री तिल श्वेत चावल बूरा पिसा हुआ, गुड़ का चूरा, देवदार की लकड़ी आदि पीत द्रव्यों से करना चाहिए । हवन का दशांश तर्पण किया जाता है । तर्पण के जल में हल्दी पीले पुष्प तिल हरताल, चावल, इलायची डाली जाती है । तर्पण का दसवां भाग मार्जन करने का भी विधान है और उसका दसवां भाग ब्राह्मण भोजन करा देना चाहिए ।

जब मंत्र सिद्ध हो जाए और किसी शत्रु का स्तम्भन करना हो तो मंत्र में इस प्रकार से उस व्यक्ति का नाम जोड़कर जप किया जाता है । इस मंत्र के द्वारा बुद्धि का, शास्त्र का देव-दानव भूत प्रेत सर्प आदि का भी स्तम्भन किया जाता है ।

ओ३म् ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं.........नामक शत्रुं स्तम्भय स्तम्भय जिव्हां कीलय बुधिं विनाशय ह्लीं ओ३म स्वाहा ।

रिक्त स्थान में जिसका स्तम्भन करना हो उसका नाम लगा देने से और उसी प्रकार जप करने से कार्य सिद्ध होता है ।

आकर्षण वशीकरण के लिए ९ इंच चौड़ी नौ इंच लम्बी योनि की शकल की वेदी बनाओ यह ऊपर के भाग में ९ इंच चौड़ी होगी और नीचे के भाग में कम होती हुई ३ इंच रह जायेगी । इसके चारों ओर तीन घेरे हल्दी के चूर्ण के बनाओ । जंगल में पशुओं के गोबर के जो कण्डे अपने आप बन जाते हैं उन्हें आयने कण्डे कहते हैं । उन कण्डों से या गाय के गोबर से बनाये गए कण्डों से तिल शहद घी शक्कर मिली हुई हवन सामग्री से उसमें थोड़ा नमक मिलाकर पीली सरसों के साथ हवन करने से वशीकरण व आकर्षण होता है । वशीकरण करने के लिए मंत्र में शत्रु शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता व्यक्तिं वश्य कहा जाता है ।

तेल में डूबी हुई नीम की पत्ती हवन सामग्री में विशेष मात्रा में डालने से दो व्यक्तियों में उच्चाटन कराया जा सकता है । हल्दी नमक हरताल मिलाकर हवन करने से शत्रु का स्तम्भन होता है । इसमें मंत्र में दोनों व्यक्तियों के नाम के साथ-साथ विनाशाय के बाद विद्वेषणं शब्द भी जोड़ा जाता है ।

हवन करते हुये यदि गीध व कौवे के पंख भी सरसों के तेल में भिगोकर बहेड़ा मिलाकर आहुति में डाल दिये जायं तो उच्चाटन तीव्र होता है । बहेड़ा त्रिफला का एक अंग होता है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अनुभव सिद्ध मन्त्र-तन्त्र औषध प्रयोग

(लेखक—लक्ष्मी नारायण शर्मा)

सन्तान तन्त्र

इस तन्त्र को गर्मी के महीनों में नहीं करना चाहिये क्योंकि इसमें अजवायन का प्रयोग है जो कुछ गर्म तासीर की होती है। करें भी तो मात्रा कम रखें। सम्बन्धित व्यक्ति को आप १०० ग्राम अजवायन लाने के लिये कहिये। मासिक धर्म की समाप्ति के बाद से उसमें से २ ग्राम के करीब रोज रात्रि को सोने से पहले सन्तान की इच्छा रखने वाली स्त्री दूध के साथ ले। २५-३० दिन बाद यदि दूसरा मासिक धर्म न हो तो आगे लेना बन्द कर दे। मासिक धर्म हो जाये तो लेती रहे। यह प्रयोग ४० दिन तक करना होता है, आगे मासिक धर्म नहीं होगा और गर्भ रह जायेगा। परन्तु कभी-कभी दुबारा भी यही ४० दिन का प्रयोग करना पड़ता है। इस तन्त्र में प्रयुक्त की जाने वाली अजवायन को जिस मन्त्र से अभिषिक्त करना होता है वह प्रसिद्ध सन्तान गोपाल मन्त्र है। इसको विधि से सिद्ध किया हो तो अचूक फल देता है। नहीं तो महारात्रि मोहरात्रि कालरात्रि आदि के अवसर पर कुछ जप कर लेना चाहिये। जिस समय आप किसी को मन्त्र अभिषिक्त करके अजवायन दो उससे पहले ५१ बार इस मन्त्र को पढ़ो और उसमें फूंक मार कर अभिषिक्त कर दो। भगवती के सामने रखकर प्रार्थना करो भेंट, चढ़ावा दो, मनौती मनवा दो कि सन्तान होगी या पुत्र होगा तो यह चढ़ावा चढ़ायेंगे और अजवायन दे दो। रोज कितनी खानी है इसकी मात्रा बता दो। मात्रा अजवायन के १०० दानों के लगभग हो। गर्मी में ५० दाने की मात्रा काफी है।

सन्तान गोपाल मन्त्र : ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते, देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ।।

इस तन्त्र को देने से पहले यह पूछ लो कि पति-पत्नी दोनों ने डाक्टरी परीक्षा करा ली है और उनकी जननेन्द्रियां प्रजनन के योग्य हैं। कहीं कोई शारीरिक खराबी तो नहीं है शुक्राणु ठीक हैं। यह अनुभूत तन्त्र है। इसमें सन्तान गोपाल मन्त्र को सिद्ध करना आवश्यक है। ११००० आवृत्तियां करके पुरश्चरण किया हो। अथवा ग्रहण आदि के अवसर पर १०८ मालायें की हों तो फल देने वाला हो जाता है। यदि इस प्रकार से इसे सिद्ध नहीं किया जा सका है तो जो मन्त्र आप ने सिद्ध किया हुआ है उसके साथ इस सन्तान गोपाल मन्त्र को लिखकर स्त्री-पुरुष दोनों का नाम लिख कर सन्तान इच्छा या पुत्र इच्छा लिख कर जन्त्र भी दे दो जिसे सन्तान की इच्छुक महिला अपने शरीर पर धारण करें।

जब मासिक धर्म बन्द हो जाये तो अजवायन खाना बन्द कर देना चाहिये और गर्भ रक्षा के लिये शरीर पर रक्षा कवच गले में या बाहु पर बांधना चाहिये तथा कमर में अभिमन्त्रित करके गण्डा बांध देना चाहिये। इसका विचार नहीं करना चाहिये कि कमर में बांधने से गण्डा दूषित हो जायेगा। अन्य वैद्यक इलाज उपाय जब जैसे आवश्यक हों करते रहना चाहिये। मनौती सन्तान होने पर ही चढ़वानी चाहिये।

सरस्वती तन्त्र

विद्या प्राप्ति के लिये, विद्या की उन्नति के लिये, परीक्षा में उत्तम सफलता के लिये, वक्तृता में पटु होने के लिये, धारा प्रवाह भाषण देने के लिये, कविता, कहानी, साहित्य में धुरंधर होने के लिये तथा वाक् सिद्धि के लिये सरस्वती मन्त्र का जाप किया जाता है। सरस्वती देवी के मन्त्र-तन्त्र को सिद्ध करने से क्या और कैसे-कैसे लाभ मिलते हैं। मां सरस्वती का मुख्य मन्त्र इस प्रकार है—

ॐ ह्रीं सरस्वत्यै मया दृष्ट्वा वीणा पुस्तक धारिणी ।
हंस युक्त विमानूढ़ा विद्या दान ददातु मे ह्रीं नमः ।।

इस मन्त्र का ग्यारह हजार जाप करने से यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। इसका पुरश्चरण पहले बताई विधि से ११००.हवन आहुतियां, ११० तर्पण ११ मार्जन तथा १ से, ११ ब्राह्मण भोजन के द्वारा किया जाता है। अंगन्यास करन्यास निवारण मन्त्र के अनुसार ही है जो पहले बताये गये हैं। ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै मन्त्र के साथ, वही करना चाहिये। दुर्गा सप्तशती का प्रथम चरित महाकाली का, दूसरा महालक्ष्मी का तथा तीसरा चरित चौथे अध्याय से १३वें अध्याय तक महा सरस्वती के लिये है। उसका पाठ कर सको तो उत्तम है। नहीं तो केवल ग्यारहवें अध्याय का पाठ पुरश्चरण अवधि में नित्य कर लेना चाहिये। महासरस्वती का ध्यान मन्त्र इस प्रकार है:—

घण्टा शूल हलानि शंख मुसले चक्रं धनुः सायकं
हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्त विलसच्छीतां शुतुल्य प्रभाम् ।
गौरी देह समुद्भवां त्रिजगता माधार भूतां महा
पूर्वा मंत्र सरस्वती मनु भजे शुम्भादि दैत्यार्दिनीम् ।।

यदि किसी को विद्या सम्बन्धी उपरोक्त कार्यों के लिये यन्त्र देना है तो १५ या २० का यन्त्र जो भी आप ने सिद्ध किया हो उसको उपरोक्त श्लोक के साथ लिख कर भोजपत्र पर या सफेद कागज पर श्वेत चन्दन की बहुलता वाले अष्टगंध से अनार की कलम से लिख कर दिया जाता है। यदि माता सरस्वती का यन्त्र सिद्ध करना चाहो तो वह नीचे दिया जा रहा है। यन्त्र सिद्ध करने की विधि बताई जा चुकी है। इसको माता सरस्वती की मूर्ति या चित्र के सम्मुख बैठ कर सिद्ध किया जाता है। महारात्रि, मोहरात्रि, कालरात्रि ग्रहण के समय अथवा बृहस्पतिवार के दिन पुष्य नक्षत्र में गुरु पूर्णिमा को शुभ मुहूर्तों में शुभ योगों में कर सकते हो। समय रात्रि का तीसरा प्रहर सर्वोत्तम होता है।

माता सरस्वती के हवन में चीनी, चावल, सफेद तिल विशेष होते हैं। श्वेत रंग के पुष्प, श्वेत वस्त्र, श्वेत मिष्ठान्न, प्रसाद नैवेद्य, श्वेत चन्दन की ही प्रधानता होती है। माला तुलसी की या मोती की या चांदी की होती है। आसन भी श्वेत रंग का लिया जाता है।

सरस्वती यन्त्र

यन्त्र सिद्ध करते समय पहले त्रिकोण बनाओ फिर बांये तरफ का अर्ध वृत्त फिर सीधी ओर का अर्ध वृत्त उसके बाद नीचे का अर्ध वृत्त बनाओ। पहले ॐ फिर श्रीं फिर ह्रीं फिर क्लीं और अन्त में नमः लिखो। इस प्रकार ११००० यंत्र लिखने पर यह यन्त्र सिद्ध हो जाता है। यथा विधि हवन आदि कराना चाहिये। पुरश्चरण की अवधि से ही

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मन्त्र के साथ यन्त्र भी सिद्ध कर सकते हो। अलग सिद्ध करो तो इसका हवन आदि अलग से करना चाहिये।

सरस्वती यन्त्र



सरस्वती तन्त्र

बृहस्पतिवार के दिन इन सात वस्तुओं को उठा कर रख देने से (वद्यार्थी के हाथों से) मनौती मान कर बिना किसी को कहे-सुने बिना टोके रख देना चाहिये। परीक्षा साक्षात्कार में अवश्य सफलता प्राप्त होती है। जब सफल हो जाओ तो उसकी मनौती पूरी कर देनी चाहिये। (१) सफेद चावल साबुत दाने अक्षत-७ तोले, (२) सफेद फूल-७, (३) सफेद कपड़े का टुकड़ा-७० से.मी. (४) जनेऊ का जोड़ा-७, (५) कोई धार्मिक पुस्तक-७ (६) सफेद तिल-७ तोले, (७) सफेद चन्दन सात टुकड़े पतले-पतले, (८) छोटे-छोटे शंख-७, इन सात चीजों को सफेद कपड़े में बांध कर सरस्वती यन्त्र के साथ माता सरस्वती के चित्र के पीछे या किसी सुरक्षित स्थान में उठा कर रख दो। जब इच्छा पूरी हो जाय तो इन वस्तुओं को किसी विद्वान् ब्राह्मण को या मन्दिर में दान कर दो। यंत्र को वापस ले लो दूसरों के काम आ सकता है। साथ में कुछ द्रव्य रख दो। इसके साथ में जो सरस्वती मंत्र व यन्त्र भी लिख कर रखा हो तो सोने में सुहागे का काम करता है। जिस व्यक्ति के लिए करो उसका नाम उस यन्त्र में लिख देना चाहिये। अमुक व्यक्ति अमुक कामना प्राप्ति हेतु प्रार्थना करिष्ये। सिद्ध सरस्वती यन्त्र हमारे यहां से भी मंगाया जा सकता है।

ग्रह शांति के लिये अनुष्ठान

गोचर में जौनसा ग्रह प्रतिकूल चलता है उस राशि से किस भाव में वह चल रहा है उसी के अनुसार उसी भाव सम्बन्धी चिन्ता, बाधा, पीड़ा आदि उत्पन्न करता है तथा उस ग्रह की शान्ति के उपाय करना जरूरी हो जाता है। हमारे जीवन पर सबसे अधिक प्रभाव शनि का पड़ता है और यह ग्रह बहुधा प्रतिकूल चलता है। जब इसकी साढ़े साती आती है तब कम-ज्यादा यह साढ़े सात वर्ष तक प्रतिकूल ही रहता है। इसके अतिरिक्त चौथा, सातवां, आठवां, दसवां भी कण्टक शनि के नाम से खराब ही होता है। यह ग्रह ३, ६, ११वें भाव में ही अच्छा फल देने वाला रहता है। इसकी शान्ति के उपायों में शनिवार के दिन तांबे के पैसे (अब तांबे के पैसे प्रचलित नहीं हैं अतः कोई भी छोटे सिक्के या तांबे का कोई टुकड़ा) सरसों के तेल में अपना मुख देखकर तेल दान करना चाहिये। इसके अलावा लोहे की बनी हुई कोई उपयोगी वस्तु जैसे चिमटा, संडासी, चाकू, छुरी आदि साबत उड़द, काला कपड़ा, काले या नीले फूल, पुराने उतरे हुये जूते, सतनजा भी शनिवार के दिन यथाशक्ति यदा-कदा देते रहना चाहिये। मंगलवार-शनिवार को हनुमानजी का पूजा प्रसाद चढ़ाते रहना चाहिये। सुन्दर काण्ड का या हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये। हो सके तो मंगल का व्रत भी रख लेना चाहिये। शनि का मन्त्र : ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः है— इसका २३००० जाप है। जप समय सन्ध्या काल है शमी यानी छोंकर के वृक्ष की समिधा से २३०० आहुतियां देकर हवन करने से शनि का दोष निवारण हो जाता है। ऊपर बताये गये उपायों में से जितने भी कर सको उत्तम रहते हैं। जब शनि खराब होता है तब नीलम धारण करने से लाभ होता है परन्तु इस नग को धारण करने से पहले यह देखना पड़ता है कि आपको माफिक है या नहीं। नीलम के नग को पंचामृत में धो कर रात को सोते समय अपने सिरहाने तकिये के नीचे रखकर सो जाओ। वह स्वप्न में संकेत देगा और स्वप्न के अनुसार ही विचार करो या कराओ कि यह कैसा फल देगा शुभ या अशुभ। यह तीन घंटे में या तीन दिन में ही अपना कोई न कोई चमत्कार शुभ या अशुभ प्रभाव दिखा देता है। परन्तु रिस्क लेने से पहले अच्छा है कि इसके स्वप्न के संकेत समझ लिये जायें और यदि संकेत ठीक नहीं है तो दूसरा नग लेकर उसकी इसी प्रकार परीक्षा की जाय। इसके स्थान पर यदि सिद्ध रक्षा कवच पहना जाय या लोहे का कड़ा या अष्टधातु की अंगूठी पहनी जाय तो सुरक्षित रहती है। नीलम प्रायः ४ रत्ती का स्टील की अंगूठी में दाहिने हाथ की मध्यमा उंगली में (स्त्रियों के बांये हाथ में) सूर्यास्त से दो घंटे पूर्व शनिवार के दिन प्रथम बार धारण किया जाता है। धारण करने से पहले अंगूठी को पंचामृत में धोकर गंगाजल या शुद्ध जल से साफ करके पहनना चाहिये।

राहु-केतु

शनि के बाद जो सबसे अधिक अनिष्टकारक ग्रह हैं वे राहु और केतु हैं। जो अपने इष्ट देव की पूजा-पाठ करते हैं उनके अनन्य शरणागति हैं, हनुमान जी या बटुक भैरव जी की, देवी की पूजा करते हैं उन पर ग्रहों का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। यह निश्चित बात है। अस्तु सभी ग्रहों के दुष्ट प्रभाव से बचने के लिये जरूरी है कि किसी बड़ी ताकत का सहारा लिया जाय। देवों के देव परम पिता परमात्मा या जगन्माता या इनके ही रूपों की शरण ली जाय।

राहु का मन्त्र : ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः संख्या १८००० हवन सूखी दूब मिला कर १८०० आहुतियां सरसों, काले तिल आदि की हवन सामग्री से करें। दान

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पदार्थ —सीसा (लैड), काले तिल, सरसों, सरसों का तेल, नीले फूल, नीला कपड़ा, चाकू, छुरी या लोहे का खड्ग या खिलौनेनुमा तलवार, कंबल या ऊनी बिछावनी का टुकड़ा, घोड़ा या घोड़े के प्रतीक लकड़ी या लोहे का बना घोड़े का खिलौना यह सब चीजें नीले कपड़े में बांध कर छाज या सूप में रखकर शनिवार के दिन जोशी को दान कर देनी चाहिये। सतनजा में यह सातधान्य होते हैं :—साबत उड़द, साबत मूंग, कणक (गेहूं), छोले (चने), जौ, चावल और कंगनी या बाजरा। सतनजे का भी दान कर देना चाहिये।

केतु मन्त्र : ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः संख्या १७००० जप समय राहू-केतु का रात्रि में है। हवन सामग्री में कुशा का विशेष मिश्रण किया जाता है। दान पदार्थ लोहा, काले तिल, सतनजा, सरसों का तेल, धूम्रवर्ण के वस्त्र का टुकड़ा व इसी रंग के पुष्प, नारियल, कम्बल, ऊनी कपड़ा, कोई हथियार या उसका प्रतीक, बकरा या उसका प्रतीक एक लकड़ी क खिलौना बकरा।

राहू का रत्न गोमेद है जिसको चांदी की या अष्ट धातु की अंगूठी में पहना जाता है। सूर्यास्त के २ घंटे बाद दाहिने हाथ की मध्यमा में पहनना चाहिए। वजन ४ रत्ती। केतु के लिए लहसुनिया पहना जाता है। वजन ४ रत्ती। दाहिने हाथ की कनिष्ठिका या मध्यमा में अर्धरात्रि के समय पहनना चाहिए। शनि, राहू व केतु के रत्न शनिवार के दिन ही प्रथम बार पहनना आरम्भ करना चाहिए। आम तौर से इन रत्नों का जो वजन लिया जाता है वह दे दिया है। परन्तु राशि के हिसाब से प्रत्येक व्यक्ति के लिए इनकी कम या ज्यादा रत्ती भी बताई जाती है। राहु-केतु के बुरे प्रभाव को दूर करने के लिए हाथी दांत पहनने से भी काम होता है।

बृहस्पति : महत्व की दृष्टि से अगला ग्रह बृहस्पति ही है।

गुरु एक शुभ ग्रह है। परन्तु गोचर में कभी-कभी यह भी खराब आ जाता है और विघ्न, बाधा, पीड़ा व्यर्थ व्यय आदि कराने वाला हो जाता है। इसकी शान्ति के लिये इसका मन्त्र है :—ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः इसकी संख्या १९००० है। हवन में पीपल के वृक्ष की समिधायें विशेष प्रयोग की जाती हैं। दान पदार्थों में कांसा, धातु का टुकड़ा, चने की दाल, खांड, चीनी, घी, पीला कपड़ा, पीला फूल, हल्दी, पुस्तक, पीले फल, केले, अश्व आदि घोड़ा या घोड़े का प्रतीक खिलौना। बृहस्पति जब खराब हो या जन्मपत्री में गुरु नीच या शत्रु राशि का हो या बृहस्पति की दशा खराब चल रही हो अथवा जन्म सूर्य-गुरु की राशि का हो तो पुखराज धारण कराया जाता है। यह आम तौर से सवा पांच रत्ती का सोने की अंगूठी में दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में पहना जाता है। सूर्यास्त से एक घण्टे पहले प्रथम बार गुरुवार के दिन पहनना आरम्भ करें।

सूर्य

सूर्य सब ग्रहों का राजा है। यदि जन्मपत्री में नीच राशि का पड़ जाय तो सब ग्रहों के शुभ फलों में न्यूनता ला देता है। इच्छा शक्ति कम कर देता है। क्योंकि एक राशि पर केवल एक मास तक रहता है, इस कारण गोचर में एक साथ बहुत दिन तक खराब नहीं चलता, परन्तु दशा अन्तरदशा अधिक दिन तक खराब आ सकती है। तब सूर्य का उपाय करना चाहिए। किसी जमाने में सूर्य की पूजा मुख्य देवता के रूप में प्रचलित थी। सूर्य भगवान् की नित्य प्रातः काल पूजा करने से बल-बुद्धि तेज की वृद्धि होती है। इनका जप मन्त्र ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय: नमः" है। जिसकी जप संख्या केवल सात हजार है। समय प्रातः काल है। अर्क (आकोआ) या आक की समिधाओं से लाल चन्दन मिलाकर हवन किया जाता है। नित्य न कर सके तो रविवार के दिन ही करे। प्रातः सूर्य को जल चढ़ाने से भी बहुत लाभ होता है। स्नान करके पूर्व की ओर मुख करके खड़े हो जाओ और सूर्य को एक लोटा जल से अर्घ्य दो। सूर्य की किरणें जल के द्वारा तुम्हारे शरीर में प्रवेश करें फिर अपने स्थान पर ही एक बार घूम कर परिक्रमा दो और पृथ्वी पर गिरे हुए जल को अपने शरीर के मुख्य भागों से स्पर्श कराओ। मस्तक, हृदय, बाहुओं पर लगाओ। सूर्य भगवान् को नमस्कार करो। जन्मकुंडली में जिनका सूर्य नीचे का था और जिनके उत्तम ग्रहों का प्रभाव नहीं हो रहा था ऐसे कितने ही लोगों को मैंने सूर्य पूजा, जल चढ़ाना बताया और केवल रविवार को ही यह नियम करने से उनको अप्रत्याशित लाभ हुआ।

सूर्य के प्रभाव को ठीक करने के लिये माणिक पहना जाता है। इसे सोने की अंगूठी में दाहिने हाथ की तर्जनी में सूर्योदय के समय रविवार के दिन से पहनते हैं। वजन सवा रत्ती से लेकर तीन रत्ती तक होता है। सूर्य का दान ब्राह्मण को दिया जाता है। जिसमें तांबा, गेहूं, गुड़, घी, लाल कपड़ा, लाल फूल, केसर, मूंगा, लाल गाय सजीव न हो सके तो मिट्टी की बनी गाय, लाल चन्दन इन पदार्थों का दान किया जाता है।

चन्द्रमा

चन्द्रमा गोचर में एक राशि पर केवल ढाई दिन के लगभग रहता है। परन्तु जन्म-कुंडली में आठवाँ हो, घातक पीड़ादायक हो या नीच राशि में हो, इसी प्रकार के चन्द्रमा की दशा हो तो निम्न उपाय किये जाते हैं। बच्चों के गले में चांदी का चन्द्रमा बनवा कर पहनाया जाता है। चन्द्रमा की शान्ति के लिए उसके प्रभाव को शुभ करने के लिये चांदी में मोती पहना जाता है। दो सवा दो रत्ती का सच्चा मोती दाहिने हाथ की कनिष्ठिका उंगली में संध्या के समय सोमवार के दिन से पहनते हैं। यह चित्त को शांत करता है और चन्द्रमा सम्बन्धी रोगों पर भी शुभ प्रभाव डालता है।

चन्द्रमा का जप मन्त्र :—ॐ रां रीं रौं सः चन्द्राय नमः" है। जप संख्या ११००० है। जप समय संध्याकाल हवन सामग्री में पलाश वृक्ष की समिधाओं का विशेष प्रयोग किया जाता है। सफेद चन्दन की लकड़ी भी मिलानी चाहिये। दान पदार्थों में :—चांदी, चावल, मिसरी, दही, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, शंख, कपूर, श्वेत बैल, श्वेत चन्दन ब्राह्मण को दान किया जाता है। सजीव बैल के स्थान पर मिट्टी का बना खिलौना सफेद बैल का दिया जा सकता है। चन्द्रमा मन तथा मस्तिष्क का स्वामी होने से जब विपरीत फल देने वाला हो जाता है तो विक्षिप्तता मिरगी हिस्टीरिया आदि के दौरे बुद्धिभ्रंश आदि उत्पन्न करता है। कफ के रोग, स्वांस दमा आदि भी देता है। उपरोक्त उपाय करने से लाभ होता है।

मंगल [भौमः]

मंगल नीच राशि का पड़ा हो, नीच राशि का गोचर में अशुभ चल रहा हो, अथवा अशुभ मंगल की दशा अन्तरदशा आये तो उसमें यह ग्रह शरीर से रक्त निकालने वाली बीमारी बवासीर या चोट आदि से, ओपरेशन आदि से रक्त बहाने वाले कुयोग बनाता है। मामूली सी चोट से अधिक रक्त बहता है। इसके कुप्रभाव को कम करने के लिये या दूर करने के लिये हनुमानजी की पूजा प्रसाद उपासना बहुत लाभदायक होती है। इसके लिये बच्चों के गले में या बाहु पर मूंगा डाला जाता है। सच्चा न हो तो नकली मूंगा भी बच्चों को पहनाया जा सकता है। वयस्क लोग दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में सोने में सवा पांच रत्ती का मूंगा मंगलवार के दिन से सूर्योदय के एक घण्टे बाद प्रथम प्रहर में धारण करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इसका जपमंत्र ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः है। जप संख्या १०००० है। जप समय प्रातः प्रथम प्रहर। हवन में खैर की लकड़ी व रक्त चंदन की समिधा विशेष रूप से प्रयोग में लाई जाती है। दान पदार्थों में :—तांबा, मलका मसूर की दाल, गुड़, घी, लाल कपड़ा, लाल कनेर के फूल, केसर, कस्तूरी, लाल बैल (या प्रतीक स्वरूप खिलौना बैल) लाल चन्दन आदि का मंगलवार के दिन ब्राह्मण को दान करना चाहिये। हनुमानजी को चोला भी चढ़ाया जाता है। घी, सिंदूर आदि लेपन कराया जाता है।

बुध

बुध का रत्न पन्ना है। तीन रत्ती वजन का पन्ना दाहिने हाथ की सबसे छोटी उंगली जिसे कनिष्ठिका कहते हैं पहना जाता है। सोने में या चांदी में दिन के प्रथम प्रहर में बुधवार के दिन से पहनें। चांदी-सोना मिश्रित या कांसा धातु में भी पहना जा सकता है। दान पदार्थ—कांसा धातु, मूंग साबत, खांड या चीनी, घी, हरा कपड़ा, चम्पा पुष्प या सब तरह के मिश्रित पुष्प, हाथी दांत का टुकड़ा, कपूर, ऋतुफल, कोई हथियार या उसका प्रतीक बुधवार के दिन दान करना चाहिये। यह दान ब्राह्मण या किसी विद्वान् को देना चाहिये। जप मन्त्र है—ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः जप संख्या ६०००। जप समय मध्यान्हकाल हवन में हरी गिलोय और वनस्पतियों की जड़ें मिलाई जाती हैं। चावल, गोरोचन, शहद भी मिलाया जाता है।

— एक राशि पर एक मास के लगभग रहता है। सूर्य के आसपास ही चलता है। गोचर में खराब हो, कुण्डली में पड़ा हो, नीच राशि में हो, दशा अन्तरदशा खराब हो तो बुध की शान्ति कराई जाती है। हाथी दांत पहनने से भी लाभ ग्रस्त होता है।

शुक्र : गोचर में अनिष्ठ कारक हो, कुण्डली में बुरे भावों में पड़ा हो नीच का हो, अस्त हो दशा अन्तरदशा खराब हो तो शुक्र ग्रह की शान्ति करानी पड़ती है। यह ग्रह सूर्य के सबसे पास में है और एक राशि पर एक मास के लगभग ही रहता है। गोचर में तो ज्यादा देर तक खराब नहीं रहता परन्तु दशा अन्तरदशा लम्बी हो सकती है।

शुक्र का जप मन्त्र ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः जप संख्या १६००० समय संध्या-काल हवन सामग्री में पीपल के वृक्ष की समिधायें, इलायची, केसर भी मिलाई जाती है। दान पदार्थ :—चांदी, चावल, मिसरी, दूध, सफेद कपड़ा, सफेद फूल, खुशबूदार तेल या इतर की शीशी या फाया। दही, सफेद घोड़ा या उसका प्रतीक, सफेद चन्दन शुक्रवार के दिन किसी पंडित, ब्राह्मण को दान किया जाता है। इसका रत्न हीरा है जो चांदी या सोने में करीब सवा रत्ती का दाहिने हाथ की कनिष्ठा उंगली में शुक्रवार के दिन प्रातःकाल से पहनना चाहिये। वीर्यवान बनाता है, पुरुषत्व को बढ़ाता है। सन्तानोत्पत्ति की शक्ति देता है।

रोग औषधि

हमारे शरीर में जब किसी विटामिन की कमी हो जाती है अथवा जीवाणुओं का सन्तुलन बिगड़ जाता है तब रोग होते हैं। सभी ग्रहों की किरणों व रश्मियों का बुरा या अच्छा प्रभाव शरीर पर पड़ता है। जब भी किसी ग्रह की किरणों का बुरा प्रभाव पड़ता है तो तत्सम्बन्धी पोषक तत्त्व की कमी हो जाती है और शरीर रोगी हो जाता है। ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की दशा अन्तरदशा को देखकर गोचर में ग्रहों की स्थिति देखकर तथा रोग के लक्षण देखकर यह निर्णय किया जाता है कि रोगी का रोग किस ग्रह की कुदृष्टि का फल है? कब से है? लम्बी बीमारियां, चर्म रोग आदि शनि के कुप्रभाव से होते हैं। दांत, हड्डी के रोग, पीलिया आदि गुरु के कुप्रभाव से, चोट, दुर्घटनायें, बवासीर आदि मंगल के कारण, दमा, श्वास रोग, कफ आदि बुध या चन्द्रमा के कारण, नपुंसकता वीर्य की कमी, वीर्य संबंधी गुप्त रोग शुक्र के कारण होते हैं। वैसे ज्योतिष शास्त्र में रोगों के बारे में विस्तृत वर्णन है। शरीर के जिस अंग में हो वह किस ग्रह का किस भाव में है। उस पर किस ग्रह की दृष्टि है इस पर विचार करके यह निदान किया जाता है कि किस ग्रह के कारण यह रोग है। जब से आरम्भ हुआ है तब से ही वह ग्रह भी प्रतिकूल हुआ होगा और जब वह ग्रह अनुकूल होगा रोग भी दूर होगा। उसी ग्रह के अनुसार निम्न औषधियों का प्रयोग रोगी को करने के लिये बताओ।

नीचे जो ग्रहों के अनुसार औषधियां लिखी हैं उनको इकट्ठा करके कूट लेना चाहिये या कुचल लेना चाहिये। फिर उनको करीब दो लीटर पानी में २४ घण्टे तक भिगो कर रख देना चाहिये। जब इन औषधियों का सत पानी में आ जाय तो पानी को नितार कर या छान कर किसी बर्तन या बोतल में रख लेना चाहिये और फोक को बची हुई औषधियों को फेंक देना चाहिये। बोतल में रखे औषधियों के सत में से थोड़ा जल स्नान के पानी में मिला कर रोगी को स्नान कराने से रोग में लाभ होता है। एक बोतल, दो बोतल जितना सत आपने बनाया है वह समाप्त हो जाय तो उसी प्रकार से फिर बना लेना चाहिये। इस प्रयोग को कम से कम ४० दिन तक किया जाता है। यदि रोग बहुत दिन का है और औषधि स्नान से लाभ हो रहा है तो प्रयोग जारी रखना चाहिये। अनुभव से यह सिद्ध हो चुका है कि यदि निदान ठीक हुआ तो इस प्रयोग से लाभ अवश्य होता है। डाक्टरी, वैद्यक इलाज जो चल रहा हो उसको बन्द नहीं किया जाता और यदि डाक्टर ने स्नान करने को मना किया है तो सत के जल को शरीर पर लेपन करना या मालिश करना काफी होगा।

सूर्य की औषधिः—मैंनसिल इलायची, देवदारु की लकड़ी का बुरादा, खस, केसर, मुलैठी, लाल पुष्प, लाल कनेर के पुष्प। मात्रा एक-एक तोला, देवदारु और लाल कनेर के पुष्प १० तोले।

चन्द्रमा : शंख, सीपी, सफेद चन्दन, संगमरमर का पिसा हुआ चूरा, गजमद, पंचगव्य, एक-एक तोला शंख, संगमरमर का पत्थर, सफेद चन्दन, सीपी को पानी में घिस कर लेप बनाया जाता है। गजमद हाथी के मद को कहते हैं जो मिल जाय तो ठीक है नहीं तो नहीं। पंचगव्य में गाय के घी, दूध, दही, गोबर व मूत्र इन पांच वस्तुओं को मिलाया जाता है।

मंगल : बेलपत्र के वृक्ष की छाल, लाल चन्दन का चूरा, लाल पुष्प, सिंगरफ, मौलसिरी के फूल, मालकंगनी सब १-१ तोला, लाल चन्दन ५ तोला।

बुध : गाय का गोबर, अक्षत चावल, अमरूद, गोरोचन(एक रत्ती), शहद, मोती, सोने का आभूषण। मोती व सोने को बाद में निकाल कर रख लेना फेंकना नहीं। सब चीजें बराबर भाग, अमरूद विशेष।

गुरु : मालती के फूल, सफेद सरसों जिसे पीली सरसों भी कहते हैं। मुलैठी, शहद, मालती पुष्प व मालती लता की डाली पत्ती विशेष।

शुक्र : इलायची, मैंनसिल, केसर और किसी भी सुगन्ध देने वाले वृक्ष या लता की जड़।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि : काले तिल, सुरमा, अंजन, लोबान, पिसा हुआ सौंफ, छौंकर की लकड़ी का बुरादा। छौंकर शमी वृक्ष को कहते हैं।

राहु : लोबान तिल के पत्ते, कस्तूरी, हाथी दांत को घिस कर उसका कुछ अंश पिसे हुए लोबान में मिला लिया जाय।

केतु : लोबान, हाथी दांत, तिल के पत्ते, बकरी का मूत्र ३ माशे के लगभग।

उपरोक्त औषधियों में मात्रा की कोई विशेष बंदिश नहीं है। मंहगी वस्तुयें कम मात्रा में ली जा सकती हैं। केसर, कस्तूरी, गोरोचन आदि थोड़ा-थोड़ा ले लें। सख्त चीजों को घिस लें पीस लें इनमें से कोई चीज न मिले तो कोई बात नहीं है, जितनी मिले उतनी ही ले लें। इनके अतिरिक्त निम्न जड़ी, बूटियां सभी ग्रहों के लिए समान रूप से अलग से मिलाई जाती हैं—

लाजवन्ती (छुईमुई), कूट खिल्लां, कांगनी जौ, सरसों, हल्दी, पठानी लोध, गिलोय, मुलैंठी, हरी दूब, तुलसी दल। यह पदार्थ या इनमें से जितनी हो सके मिला लेना चाहिये।

गायत्री मन्त्र

गायत्री मन्त्र भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, विद्या, बुद्धि, उत्तम विवेक के देने वाला, मोक्ष देने वाला है। इसको सकाम उपासना में प्रयोग करने के बारे में मेरा मत यह है कि नहीं करना चाहिये। हां विद्या, बुद्धि की उन्नति के लिए, लेखन, वाचन, भक्ति, संगीत, स्वर साधना आदि में प्रयोग किया जा सकता है। इसके जप का पूरा विधान सहज उपलब्ध है। केवल जप से या इस मन्त्र से नित्य ही अग्निहोत्र हवन करने से सब प्रकार का कल्याण होता है।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुरवरेण्यं भर्गो देवस्यः धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

श्रीराम का पंचाक्षरी महामन्त्रः—ॐ रामरामाय नमः।

शिव जी का पंचाक्षरी मन्त्रः—ॐ नमः शिवाय।

श्रीकृष्ण भगवान का मन्त्रः—ॐ एं क्लीं कृष्णाय ह्रीं गोविंदाय श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहाः ॐ नमः

श्री गणेश जी का मन्त्रः—ॐ वक्रतुण्डेक दंष्ट्राय क्लीं ह्रीं रींग गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा। यह त्रैलोक्य मोहन गणेश मन्त्र चमत्कारी सिद्ध मन्त्र है।

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय। भगवान् विष्णु का द्वादश अक्षर वाला वह प्रसिद्ध मन्त्र है जिसे ध्रुवजी ने जप कर भगवान् का दर्शन प्राप्त किया था।

महा मृत्युंजय मन्त्र : ॐ ह्रौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं ॐ सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि ॐ उर्वारुकमिव बन्धनाद् ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ मृत्योर्मुक्षीय मा मृतात् ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं ह्रौं ॐ॥

असाध्य रोग से निवृत्ति पाने के लिए इस मन्त्र का स्वयं या विद्वान् आचार्य से जप कराने से तथा शिवलिंग पर मट्ठे से अभिषेक कराने से शीघ्र आरोग्य लाभ होता है।

कबीर साहब "ॐ नमः" मन्त्र का जाप करते थे। सनक सनंदन सनातन सनत्कुमार जी ॐ नमः हरिशरणं मन्त्र का जाप करते हैं।

उपरोक्त सिद्ध मन्त्रों का जाप करने से शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है अब तक जितने मन्त्र अनुष्ठान आदि बताये गये हैं उनको स्वयं थोड़ा करके अनुभव करके देखा है। गुरु के बताये हुए हैं। इन मन्त्रों का अनुष्ठान कुछ पढ़ा लिखा व्यक्ति भी कर सकता है।

स्नान करके शुद्ध पवित्र वस्त्र पहनकर शांत एकान्त स्थान में इन शावर मंत्रों का पर्वकाल में जप करने से बहुत शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है। केवल ग्रहण काल में जिस समय से ग्रास लगे तब से मुक्ति तक बराबर जप करते रहने से ही सिद्ध हो जाते हैं। कालरात्रि, मोहरात्रि, महारात्रि, जिन्हें होली, दिवाली, शिवरात्रि कहा जाता है, उन रात्रियों में रात के ११ बजे से दो-ढाई बजे तक के समय में जप करने से सिद्ध हो जाते हैं। वैसे किसी भी अमावस्या की रात्रि को इसी समय पर जाप करने से सिद्ध होते हैं। हाथ में माला, मन्त्र देवता का चित्र, दीपक, अग्निहोत्र और पूजा का सामान धूप, दीप नैवेद्य आदि देवता तथा मन्त्र के अनुसार रख लेने चाहिये। इनमें ऐसे किन्ही-किन्ही मन्त्रों में मद्य, मांस का भी प्रयोग किया जाता है और ऐसे मन्त्रों को शमशान में जप करने से तत्काल सिद्धि प्राप्त होती है।

शावर मन्त्र

नेत्र पीड़ा

अक्सर बच्चों की आंख दुखने आ जाती हैं, लाल हो जाती हैं, दर्द होता है, रोये हो जाते हैं। नेत्र पीड़ा को निवारण करने का मन्त्र इस प्रकार है :—

"ओउम् नमो राम का धनुष लक्ष्मण का बाण।
आंख दर्द करे तो लक्ष्मण कुमार की आन।"

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की रात को अर्थात् रात में अमावस्या हो तो शमशान में या शमशान के निकट के किसी शिव भैरव या राम मन्दिर में उपरोक्त मन्त्र की १० माला जपने से ही यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। ग्रहण काल, होली, दिवाली के पर्व काल भी उत्तम होते हैं। मन्त्र सिद्ध करने के बाद किसी आंख दर्द के रोगी की दुखती आंख पर नीम के पत्तों के झौरे (डाली) से २१ बार झाड़ने से आंख ठीक हो जाती है। दो या तीन दिन तक झाड़ा कराना चाहिए।

प्रेत बाधा निवारण मंत्र

"ओउम् नमो दीप सोहे दीप जागे पवन चले पानी चले शाकिनी चले डाकिनी चले भूत चले प्रेत चले नौसौ निन्नानवे नदी चले हनुमान वीर की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।"

इस मन्त्र को हनुमान जी के मन्दिर में तेल का दीपक बालकर सवालाख जप करने से ऊपर बताये पर्वकालों में जप करने से सिद्ध होता है। फिर किसी भी भूत प्रेत बाधा ग्रस्त व्यक्ति पर मोर के पंख से १०८ बार झाड़ा देने से प्रेत बाधा दूर हो जाती है।

दूसरा मन्त्र :—ओउम् काला भैरव कपाली जटा रात दिन खेले चौपटा काला भस्म मुसाण जेहि मांगू तेहि पकड़ा आन डंकिनी शंखिनी पट्ट सिहारी जरख चढ़ंती गोरख मारी। छोड़ि-छोड़ि रे पापिन बालक पराया गोरखनाथ का परवाना आया।"

इस मन्त्र को ग्रहण के समय में जप करके सिद्ध किया जाना है। ग्रहणकाल में जितनी संख्या जप हो जाए उससे सिद्ध हो जाता है। २१ बार बोलकर तीर से या सूजे से झाड़ा देने से तथा २१ बार मन्त्र से अभिषिक्त करके पानी पिलाने से बालक पर आई हुई भूत प्रेत बाधा शान्त हो जाती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

सिद्धि अनुभूत वशीकरण मन्त्र

[लेखक :—लक्ष्मी नारायण शर्मा, बी०ए०, प्रभाकर, साहित्यरत्न, ज्योतिष वाचस्पति]

वशीकरण एक मन्त्र है तज दे वचन कठोर। सबसे अच्छा वशीकरण मन्त्र तो यही है कि सबसे मीठा बोलो। संसार में रहते हुये अक्सर दूसरो को अपने अनुकूल बना कर अपना कार्य साधन करने की जरूरत पड़ती है ऐसे अवसरों पर आत्मिक शक्ति से बहुत काम निकाला जा सकता है। मन बहुत चंचल है। इसमें हजार हाथियों का बल है। जितने भी साधन अभ्यास हैं वे इसी को वश में करने के लिए हैं। जैसे आतशी शीशे द्वारा सूर्य की बिखरी हुई किरणों को एक जगह केन्द्रित करने से कपड़े में आग लग जाती है उसी प्रकार मन की बिखरी हुई वृत्तियों को एकत्रित करने से बहुत बड़ी आत्मिकशक्ति अर्जित की जा सकती है। मन्त्रशास्त्र में कुछ शक्तिशाली बीजाक्षरों का चुनाव किया गया है। आपने बरगद का पेड़ देखा होगा कितना विशाल होता है। परन्तु उसका बीज कितना छोटा होता है। इसी प्रकार छोटे से बीजाक्षरों में तत्सम्बन्धी देवी देवताओं की अपार शक्ति का भंडार निहित होता है। मन्त्रों में यही बीजाक्षर होते हैं और इनका बार-बार उच्चारण करने से जो ध्वनि अन्दर और बाहर पैदा होती है उससे अपार आत्मिकशक्ति पैदा होती है। लाख सवा लाख जप के बाद मन्त्र में शक्ति पैदा हो जाती है और तब समझा जाता है कि मन्त्र सिद्ध हो गया। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब उसको प्रयोग किया जा सकता है।

मन्त्र सिद्ध करने के लिए स्थान एकान्त हो और वातावरण शान्त हो। रात का समय इसके लिए सबसे अच्छा होता है। जब सब सो जायें तब घर में भी कर सकते हो। सूर्य या चन्द्र ग्रहण के समय, होली, दिवाली, शिवरात्रि की रात्रि में और कुछ विशेष योगों में जप करने से जल्दी सिद्धि प्राप्त होती है। अशोक, पीपल, बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर, देवी या भैरव के मन्दिर में और डर न लगे तो श्मशान में (दिन में या रात में) बैठकर जप करने से भी जल्दी लाभ होता है। जप पहले जिव्हा से, फिर कण्ठ से उसके बाद प्राणों से, फिर सुरति से करने से शीघ्र सिद्धि मिलती है। नैनन की करि कोठरी पलकनि की चिक डारि। पुतली पलंग बिछाय के पीतम लेउ निसार॥ यह राजयोग का बहुत सरल प्राणायाम व सुरति का अभ्यास है। तन्त्र में श्रीकृष्ण व महाकाली को एक ही माना गया है और उनका एक ही बीजाक्षर है। भगवान श्रीकृष्ण जिस महामन्त्र को मुरली में बजाकर सारे चराचर विश्व को मोहित कर देते थे वह महामन्त्र इस प्रकार है :—

ॐ ल्कीं ल्कीं नमः

इसमें क्, ल्, इ, म् तथा अनुस्वार की मिली हुई ध्वनि है। इसका पुरश्चरण सवा-लाख जप का है जिसे ज्यादा से ज्यादा ४०-४१ दिन में पूरा कर लेना चाहिए। देवी देवता का ध्यान अंगन्यास करन्यास षोडसोपचार पूजन हवन तर्पण सहित पूरी पुरश्चरण विधि हमारी मन्त्र तन्त्र साधना पुस्तक में दी हुई है। यहां स्थानाभाव से पूरी विधि नहीं दी जा सकी है। इस मन्त्र का केवल जाप करने से ही दूसरों पर प्रभाव डालने वाली आकर्षण शक्ति प्राप्त होती है। बुद्धि निर्मल होती है, इन्टरव्यू साक्षात्कार में सफलता मिलती है, मुकद्दमे, वाद-विवाद में, प्रतिस्पर्धा कम्पटीशन में विजय प्राप्त होती है। पति-पत्नी में, शत्रुओं में, दो व्यक्तियों में मेल कराया जा सकता है, हाकिम अफसर को अपने ऊपर कृपालु किया जा सकता है तथा अपना कार्य सिद्ध किया जा सकता है। मन्त्र सिद्ध करने के बाद जब इसका प्रयोग करो तो इसका स्वरूप इस प्रकार होगा। मान लो रूपकिशोर नाम के किसी व्यक्ति को आप अपने अनुकूल करना चाहते हैं तो इसका जप इस प्रकार किया जायेगा। [illegible] कुरु स्वाहा। यदि किसी दूसरे के लिए करो तो [illegible] रूपकिशोर को शान्तिबाई के प्रति अनुरक्त करना है तो मन्त्र भिन्न प्रकार से होगा। मान लो रूपकिशोर शान्तिबाई वश्यं कुरु कुरु स्वाहा; यदि जप इस प्रकार से होगा।...ॐ ल्कीं ल्कीं रूपकिशोर शान्तिबाई को रूपकिशोर के प्रति अनुरक्त करना है तो "ॐ ल्कीं ल्कीं शान्तिबाई रूपकिशोर वश्यं कुरु कुरु स्वाहा" मन्त्र जपते समय आप शान्तिबाई तथा रूपकिशोर के चित्र सामने रखकर त्राटक कर सकते हैं, ध्यान कर सकते हैं। यदि आपने दोनों को देखा है तो चित्र की जरूरत नहीं है वैसे ही ध्यान त्राटक किया जा सकता है। कोई बालक, युवा, स्त्री, पुरुष घर से भाग गया है तो उसके पहने हुए वस्त्र में इस मन्त्र को भोजपत्र या सफेद कागज पर लिखकर किसी भारी पदार्थ के नीचे दबा कर रख देने से वह व्यक्ति यदि स्वस्थ्य है, बंधन में नहीं है, मुक्त आजाद है तो तुरन्त वापिस आ जाता है। और भी अनेक अनुभूत प्रयोग इस महामन्त्र के द्वारा किए जा सकते हैं।

गोचर फल में ग्रहों का वेध

ग्रहों का गोचर (दैनिक गति का प्रभाव) फल देखने के लिए जन्म कुण्डली से चन्द्रमा की राशि को लग्न मानकर जिस दिन का भविष्य देखना हो उस दिन के ग्रह स्पष्ट से कुण्डली में ग्रहों को स्थित करने पर उस दिन की गोचर कुण्डली बन जाती है।

गोचर कुण्डली में कभी-कभी एक ग्रह अपनी विशिष्ट स्थिति से दूसरे ग्रह का वेध कर देता है। वेध होने पर ग्रह के शुभ या अशुभ फल का प्रभाव नहीं रहता।

ग्रहों के वेध स्थान इस प्रकार हैं—

सूर्य :	3	6	10	11					
	9	12	4	5					
चन्द्र :	1	3	6	7	10	11			
	5	9	12	2	4	8			
मंगल :	3	6	11						
	12	9	5						
बृहस्पति :	2	5	7	9	11				
	12	4	3	10	8				
शनि :	3	6	11						
	12	9	5						
बुध :	2	4	6	8	10	11			
	5	3	9	1	7	12			
शुक्र :	1	2	3	4	5	8	9	11	12
	8	7	1	10	9	5	11	6	3

उपरोक्त पंक्तियों में प्रत्येक ग्रह के सामने दो पंक्तियां अंकों की हैं जो एक दूसरे के ऊपर नीचे दी गई हैं। इनमें प्रत्येक ऊपर के अंक के नीचे एक अंक है। इस प्रकार सभी ग्रहों के सामने कुछ अंको के जोड़े लिखे हैं। प्रत्येक जोड़ा एक वेध दर्शाता है। उदाहरण के लिए सूर्य के तीसरे भाव में होने पर नवें भाव में स्थिति ग्रह तथा सूर्य के नवें भाव में होने पर तीसरे भाव में स्थित ग्रह सूर्य का वेध कर देता है। सभी ग्रहों के विषय में इसी प्रकार देखा जाएगा।

नोट—इस विषय में ध्यान रहे कि सूर्य व शनि तथा बुध और चन्द्र आपस में एक दूसरे का वेध नहीं करते।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चमत्कारिक सिद्धि यन्त्र

तीर्थ-यात्रा

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः



इस यन्त्र को भोज-पत्र के ऊपर अष्ट गंध द्वारा ५००० की संख्या में लिखकर धूप-दीप देने तथा बाद में उन यन्त्रों को किसी नदी अथवा समुद्र के जल में विसर्जित कर देने से तीर्थ यात्रा का सुयोग बनता है तथा यश की प्राप्ति होती है।

मंदिर-निर्माण

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः



इस यन्त्र को भोजपत्र के ऊपर केशर द्वारा शुक्ल पक्ष के गुरुवार के दिन ७००० की संख्या में लिखकर उनका धूप-दीप आदि से पूजन करें, फिर उन यन्त्रों को किसी बहती हुई नदी के जल में प्रवाहित कर दे, तो मन्दिर-निर्माण की अभिलाषा पूरी होती है।

जलाशय-निर्माण



इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष के रविवार के दिन भोजपत्र या सफेद कागज के ऊपर केशर द्वारा ३१०० की संख्या में लिखकर धूप-दीप देकर नदी के बहते हुए जल में प्रवाहित कर देने से जलाशय, कुआँ, बावड़ी, तालाब आदि बनवाने का मनोरथ पूरा होता है।

गृह-निर्माण



इस यन्त्र को किसी शुभ तिथि तथा शुभ दिन में प्रातः ५ बजे से लिखना आरम्भ करें। केशर द्वारा चमेली की कलम से भोजपत्र के ऊपर ११००० की संख्या में यन्त्र लिखने चाहिए, फिर उन्हें नदी में पानी में प्रवाहित कर देना चाहिए। इसके प्रभाव से गृह-निर्माण की इच्छा पूर्ण होती है।

सन्तान-प्राप्ति

इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन प्रातः ४ बजे से अष्टगंध द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरम्भ करें। लिखने की कलम चांदी की होनी चाहिए। यन्त्र ५००१ की संख्या में लिखने और बाद में नदी के जल में प्रवाहित कर देने चाहिये। इस यन्त्र के प्रभाव से सन्तान की प्राप्ति होती है।

वाहन-प्राप्ति

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः



इस यन्त्र को मंगलवार के दिन केशर द्वारा भोजपत्र के ऊपर ५००१ की संख्या में लिखकर पूजनोपरान्त नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इसके प्रभाव से इच्छित वाहन (मोटर, गाड़ी आदि) की प्राप्ति होती है। यह प्रयोग ३१ दिन तक निरंतर करना चाहिए।

ऋण-मुक्ति



इस यन्त्र को मंगलवार के दिन प्रातः ६ बजे से केशर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरम्भ करे। कुल ५००० यंत्र लिखकर, पूजनोपरान्त उन्हें नदी के जल में प्रवाहित कर दें। ४० दिन तक प्रतिदिन यही क्रिया करने से मनुष्य ऋण मुक्त हो जाता है।

रोग-मुक्ति



इस यन्त्र को रविवार के दिन केशर द्वारा भोज पत्र या कागज के ऊपर २५०० की संख्या में लिखकर, यथाविधि पूजनोपरान्त नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इस क्रिया को एक सप्ताह तक निरन्तर करता रहे तो रोग से छुटकारा मिल जाता है।

ईश्वर-भक्ति

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः



इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन लिखना आरम्भ करें तथा आठ दिन में ५००० की संख्या में यन्त्र लिखकर अन्त में उन्हें नदी के जल में प्रवाहित कर दें तो ईश्वर की कृपा तथा भगवद्भक्ति की प्राप्ति होती है। यन्त्र लेखक को आध्यत्मिक ज्ञान मिलता है।

पदोन्नति

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः



इस यन्त्र को मंगलवार अथवा गुरुवार के दिन लिखना आरम्भ करें। यन्त्र को केशर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना चाहिए। प्रतिदिन १०० यन्त्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित कर देने चाहिए। इस प्रकार कुल ५००० यंत्र लिखकर जल में प्रवाहित कर देने पर पदोन्नति होती है।

मनोकामना सिद्धि प्रश्नावली

अ	च	इ
क	प	ट
उ	त	रा

प्रश्न करने वाला अपने इष्ट देव का ध्यान धर कर प्रश्नावली में अंगुली रखें। फल अ—उत्तम है। धन-प्राप्ति कार्य सिद्ध हो। च—कार्य पूरा होने में सन्देह है। इ—कार्य सिद्ध नहीं होगा। क—धन लाभ, कार्य सिद्ध हो। प—श्रेष्ठ फल है। धन लाभ, कार्य सिद्ध। ट—कार्य पूरा नहीं होगा। उ—सफलता प्राप्त होगी। त—अभी कार्य-सिद्ध में देरी है। रा—कार्य सिद्ध होगा। प्रश्न उत्तम है।

ग्रहपीड़ा (भूतप्रेतादि बाधा)-निवारण हेतु

नृसिंह मंत्र बीजन्तु सकृदुच्चरितं हरेत्। डाकिनी प्रेत भूतानि तमः सूर्योदयो यथाः। नृसिंह मंत्र—

मन्त्र—ॐ नमो नृसिंहाय हिरण्यकश्यपु वक्षस्थल विदारणाय त्रिभुवन व्यापकाय भूत-प्रेत-पिशाच-डाकिनी कुलोन्मूलनाय स्तम्भोम्द्‌वाय समस्त दोषान् हर-हर विसर-विसर पच पच हन हन कम्पय कम्पये मथ मथ ह्रीं ह्रीं ह्रीं फट्-फट् ठः ठः एह्येहि रुद्र आज्ञा पयति स्वाहा ।।

उक्त मंत्र का जप अनुष्ठान तथा हवनादि करने से भूत-प्रेत-पिशाच, डाकिनी आदि बाहरी बाधा-दोष समाप्त होकर ग्रह जनित अशुभ फलों का शमन हो जाता है।

दाडिमस्य च वन्दाकं ज्येष्ठर्क्षेतु समुद्धरेत्।
द्वार वन्धे च बालानां सर्व ग्रह निवारणम् ।।

आर्द्रा या ज्येष्ठा नक्षत्र में दडिमी वृक्ष का वन्दा (वांदा) लाकर घर के मुख्य द्वार (दरवाजे) पर बाध दें तो सभी प्रकार की ग्रह जनित बाधाएं पीड़ा आदि नष्ट होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बवासीर दूर [illegible]

ओउम् काका कर्ता किरोरी करता ओउम् करता से हो ययरसना दश हूंस प्रगटे खूनी बादी बवासीर न होय मंत्र जान के न बतावे द्वादस ब्रह्म हत्या का पाप होय लाख जप करे तो उसके बस में न होय शबद सांचा पिण्ड काचा हनुमान का मन्त्र सांचा फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।

यह मन्त्र ग्रहण काल में जितना जप हो जाय उतना ही जप करने से सिद्ध हो जाता है। २१ बार पढ़कर पानी को मन्त्र से अभिमन्त्रित करके आबदस्त लेने से बवासीर दूर होती है।

दाढ़ में दर्द हो या कीड़ा पड़ गया हो तो निम्न मंत्र से झाड़ने से दर्द कष्ट, पीड़ा दूर हो जाती है।

ओउम् नमो आदेश गुरु को—वन में जाई अंजनी जिन जाया हनुमन्त। कीड़ा मकड़ा मसकड़ा यह तीनों भस्मन्त। गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।

यह मन्त्र भी ग्रहण के समय जितना जपा जा सके उतना ही जप करने से सिद्ध होता है। इसको २१ बार पढ़कर नीम की डाली से झाड़ने से दाढ़ का दर्द, पीड़ा आदि दूर होती है।

कखवाई :— काँख (बगल) में होने वाले फोड़े को कखवाई कहते हैं। इसको दूर करने का मन्त्र निम्न प्रकार से है :—

ओउम् नमो कखवाई भरी तलाई जहाँ बैठा हनुमन्ता आई पके न फूटे चले न पीड़ा रक्षा करै हनुमन्त वीर दुहाई गोरखनाथ की शब्द साँचा पिण्ड काचा। फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा सत्यनाम आदेश गुरु को।"

मन्त्र को ग्रहण समय में पर्वकालों में १०० माला जपकर सिद्ध करने के बाद २१ बार झाड़ने से और मोर पंख या नीम की डाली से जिस स्थान पर झाड़ा दे उस स्थान की मिट्टी बाँधने से तीन दिन में कखवाई की गाँठ बैठ जाती है।

कण्ठबेल दूर करने का मन्त्रः—ओउम् नमो कण्ठबेल तू द्रुमद्रु माली सिर पर जकड़ी बज्र की ताली गोरखनाथ जागता आया बढ़ती बेल को तुरन्त घटाया। जो कुछ बची ताहि मुरझाया। घट गई बेल बढ़त नहिं बैठी तहाँ उठत नहिं। पके फूटे पीड़ा करे तो गुरु गोरखनाथ की दुहाई। ओउम् नमो आदेश गुरु को मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।

ग्रहण काल में अथवा पूर्वकाल में १०० माला जपकर इस मन्त्र को सिद्ध करने के बाद कण्ठबेल के रोगी को सात दिन तक चाकू की नोक से झाड़कर जमीन पर २१ बार लकीरें खींचें तो रोग दूर हो। कण्ठबेल गले पर गरदन का एक दुसाध्य चर्मरोग होता है। झाड़ने से दूर हो जाता है।

बिच्छू झाड़ने का मन्त्र

बिच्छू काटने के बाद उसका जहर जहाँ तक चढ़ा हो वहाँ से पकड़कर झाड़ से झाड़ें। जैसे-जैसे जहर उतरता जाए वहीं पर पकड़ता रहे और झाड़ते हुए उतारता जाए। डंक की जगह तक आने पर झाड़ना बंद कर दें और डंक से ऊपर तेलिया मोहरा जहर मोहरा पानी में घिसकर लगाएं। जहर मोहरा बाजार में मिल जाता है। शिलाजीत बेचने वालों के पास भी मिल जाता है। मन्त्र को पहले बताए तरीके से सिद्ध किया जाता है। ग्रहण के समय या पर्वकाल में १०० माला जप करके प्रयोग करने से पहले सिद्ध कर लेना चाहिए।

[illegible] आदेश गुरु को। लो बिच्छू कांकर बालो उतर बिच्छू न कर टालो उतरे तो उतारूं चढ़े तो मारूं गरुड़ मोर पंख हकालूं। शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मंत्र ईश्वरी वाचा।

दूसरा मन्त्र : (काला बिच्छू उतारने का)

ओउम् काला बिच्छू कांकरवालो हरी पूंछ मैराला। सोना का नाड़ रूपे का पतनाला। आठ गाँठ नौ कोर नीचे बिच्छू ऊपर मोर कौन मोरा रेतो भकभकाकर बिच्छू रहे तो बावन वीर नीड निकोर के कौन वैद मानुष पर गया खाते जाते लागी वार। उतर रे बिच्छू तोहे भैरो बाबा की आन।

पागल कुत्ते का विष झाड़ने का मंत्र

ओउम् कामरूप देश कामाक्षी देवी जहां बसे मछन्दर जोगी। मछन्दर जोगी का झामरा कुत्ता सोने की डाढ रुपे का कुंडा। बन्दर नाचे रीछ बजाये चीता बैठा औषध बांटे कूकर का विष भागे। शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।

१०० माला जपकर मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर समय पड़ने पर काटे हुए स्थान को चाकू की नोक से झाड़े। जमीन पर २१ लकीरें खींचे। इस प्रकार सात दिन तक झाड़ने से पागल कुत्ते का विष दूर हो जाता है। आजकल पागल कुत्ते के काटे के लिये शर्तिया इलाज इंजेक्शन हैं और उनको जरूर लगवाना चाहिए। अगर कुत्ता पागल होगा तो काटने के बाद २-३ दिन में मर जायेगा और ठीक इलाज न हो तो काटा हुआ व्यक्ति भी ४० दिन बाद कुत्ते की तरह भौंकता हुआ मर जाता है। इसलिये रिस्क नहीं लेना चाहिये इलाज पूरा कराना चाहिये। मन्त्र में शक्ति जरूर होती है यदि ऐसा कोई मन्त्रवेला हो जिसे मन्त्र सिद्ध हो और इस प्रकार के प्रयोग सफलतापूर्वक कर चुका हो तभी उस पर निर्भर करें नहीं तो इलाज इंजेक्शन जरूर करावें साथ में झाड़-फूंक भी कराने से कोई हानि नहीं होती।

पीलिया रोग में शरीर पीला पड़ जाता है, आंखें पीली हो जाती हैं, सारा कुछ पीला ही दिखाई देता है। यह पित्ताशय में पित्त की अधिकता हो जाने पर होता है। आजकल तो चिकित्सा विज्ञान में इस रोग के लिए बहुत औषधियां उपलब्ध हैं। परन्तु पहले जमाने में गांवों में इन बीमारियों का इलाज मन्त्रों के ही द्वारा होता था। १०० माला जप कर मन्त्र को सिद्ध करके रोगी के सिर पर कांसे की कटोरी में तिल का तेल भर कर रखे और डाभ यानी कुशा से उस तेल को चलाते हुए निम्न मन्त्र को सात बार पढ़े। तीन दिन तक ऐसा करते रहने पर तेल पीला पड़ जायेगा और पीलिया रोग दूर हो जायेगा।

ओउम् नमो वीर बैताल असराल नार कहे तू देव खादी तू बादी पीलिया कूं भिदाती कारै झारै पीलिया रहे न एक निशान जो कहीं रह जाय तो हनुमंत वीर की आन। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।

यात्रा

यात्रा पर प्रस्थान करने से पहले चीनी मिला हुआ मीठा दही खाकर चलना चाहिये और निम्न मन्त्र का सात बार जप करके चले तो यात्रा निर्विघ्न समाप्त होगी तथा कार्य सिद्ध होगा।

पंथानं सुपथा रक्षे मार्गं क्षेमकारी तथा। राजद्वारे महालक्ष्मीर्विजया सर्वतः स्थिताः।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दरिद्रता नाशक अंगूठी

शुक्ल पक्ष में रविवार को या शुक्रवार को जब पुष्य नक्षत्र आवे तो उस समय इस अंगूठी को बनवावे। तांबा तीन माशे, चांदी ४ माशे, सोना ढाई माशे लेकर इन तीनों के अलग-अलग तार बनवावे ओर तीनों तारों को बट कर अंगूठी अपने नार की उसी दिन पुष्य नक्षत्र में बनवा लें तथा उसी दिन पूजन करके दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में धारण कर लें तो रोजगार धन्धे में लाभ उन्नति होगी, नरिद्रता का नाप होगा। शरीर भी आरोग्य रहेगा। निश्चित है। भगवती, लक्ष्मी देवी की आराधना प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए। धर्मार्थ दान भी करना चाहिए।

खोये हुए व्यक्ति को वापसी के लिए तन्त्र

जब किसी का कोई प्रियजन कहीं चला जाए और पता न लगे तो उसकी वापसी के लिए यह तन्त्र करें। उसके पहने हुए वस्त्र पर निम्न मंत्र को लिख कर उस वस्त्र को चरखे की माल के साथ लपेट दो और चरखे को उल्टा घुमाओ, उस व्यक्ति का ही कोई प्रियजन सम्बन्धी उस चरखे को प्रतिदिन एक-आध घण्टा उल्टा घुमावे और यह मन्त्र पढ़ता जावे। तीन दिन के अन्दर वह व्यक्ति लौट आता है। या उसका कोई समाचार आ जाता है। मन्त्र यह है और इसको ग्रहण काल में १०० माला जप कर सिद्ध करके ही कपड़े पर लिखना चाहिए।

ओउम् क्ली कार्तवीयार्जुनों नात राजावाहु सहस्रवान। यस्य स्मरण मात्रेण गतं नष्ट व्यक्तिं च लभ्यते। व्यक्ति के स्थान पर उसका नाम लिख देना चाहिए।

संतान तन्त्र

रविवार के दिन या गुरुवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र हो तब सफेद फूल वाली कटेरी की जड़ उखाड़ कर लावे। इस प्रकार की कटेरी कहां लगी है यह पहले से देख ले। जब स्त्री मासिक धर्म से हो और ऋतु स्नान कर ले तो चौथे-पांचवे दिन इस जड़ को बछड़े वाली गाय के दूध में पीसकर पिलावे। छठे दिन पति के पास जाय तो पुत्र सन्तान होगी। कटेरी एक जड़ी-बूटी होती है और इसमें कांटे होते हैं। पीले फूल वाली भी होती है।

वशीकरण सावरी मंत्र

ओउम् मोहिनी माता भूत पिता भूम सिर वेताल उड़ ऐ काली नागिन (यहां प्रेमिका या कोई रूठी स्त्री का नाम लें) को लग जाये। ऐसी जा के लगे कि (यहां उसका नाम लो) को लग जाये हमारी मुहब्बत की आग। न खड़े सुख न लेटे सुख न सोते सुख, सिंदूर चढ़ाऊं मंगलवार कभी न छोड़े हमारा ख्याल। जब तक न देखे हमारा मुख काया तड़प-तड़प मर जाय चलो मन्त्र फुरो वाचा। दिखाओ रे शब्द अपने गुरु के इलम का तमाशा। यह वशीकरण सावरी मन्त्र है।

शुक्ल पक्ष में अष्टमी से पूर्णमासी तक एकांत शांत कमरे में रात को दस-ग्यारह बजे के बाद बैठकर शुद्ध वस्त्रों में ऊन के आसन पर बैठकर जल का पात्र अपने पास रख ले, धूपबत्ती जला ले और उपरोक्त मन्त्र का जाप करे। रूठी स्त्री या विमुख प्रेमिका का ध्यान करता रहे, उसका फोटो हो तो पास सामने रख ले। इस प्रमार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ दो घण्टे रोज जप करने से नौ दिन में या ११ दिन में अभीष्ट सिद्धि होती है। ११ हजार जप कर मंत्र सिद्ध हो जाता है। दशांश हवन कर सको तो कर दो नहीं तो इन सावरी मन्त्रों में जरूरी नहीं होता।

जमीन में गढ़ी सम्पत्ति का ज्ञान करना

जमीन में जहां धन होता है वहां सर्प, भूत आदि भी होते हैं। बरसात में पानी भर जाता है। उस समय अन्य स्थानों का पानी तो मटमैला होगा परन्तु जहां धन गढ़ा होगा उस स्थान पर पानी साफ होगा। जाड़ों में जहां का पानी गर्म और गर्मियों में ठण्डा रहता हो वहां भी धन होता है। अगर किसी तलाब में कमल या कमलिनी लगी हो तो वहां पर धन वाले स्थान के फूल धुयें के रंग के समान होंगे। पृथ्वी पर जहां धुन्ध सी दिखाई दे, सब जगह पौधे वनस्पति हों पर कुछ स्थान पर न हों तो उस स्थान पर धन हो सकता है। आस-पास की जमीन की वनस्पति किसी स्थान पर प्रकाश विशेष हो, रात में भी जगह चमकती हो, जहां घी के धुयें जैसी गंध आती हो, जहां बिना ऋतु के भी वृक्षों में पुष्प आते हों, कांटेदार पौधों में कांटे न हों, प्रकृति के विपरीत कोई चमत्कारिक बात दिखाई देती हो तो समझ लो कि वहां पर धन है। पत्थर पर कहीं विरोधी जाति के प्राणियों के चित्र अंकित हों जैसे शेर, बकरी, चूहा, बिल्ली, सांप, नेवला आदि तो वहां धन होने की सम्भावना होती है।

किसी पर्वत के शिखर पर किसी देवता की मूर्ति हो और उस मूर्ति पर कहीं चिह्न हो तो उसके नीचे उस चिह्न के प्रमाण में गहराई पर धन होगा। यदि दो मूर्तियां आमने-सामने हों, गणेश जी की मूर्ति उत्तर की ओर मुख करके रखी हो, पेट बड़ा हो, दृष्टि नीचे की ओर हो, मुख का भाव शोकाकुल सा हो, मिट्टी की मूर्ति हो, हाथ में सात दल का कमल हो, मस्तक में कील लगी हुई हो या कोई विचित्र आकार बना हुआ हो तो वहां पर धन गढ़ा होना चाहिये।

ऐसे स्थानों में जहां इस प्रकार के संकेत हों या जहां धन होने का शक हो चमेली के फूलों को दही में भिगो कर ५-६ जगह रख देना चाहिए अथवा हल्दी और दूध मिला कर छिड़क देना चाहिए। दूसरे दिन प्रातः काल यदि दही या दूध का रंग पीला, काला या लाल हो जाय तो समझना चाहिए कि वहां धन है।

पारा, शहद, कपूर, पीलू के पुष्प और सूरजमुखी के बीजों को बराबर भाग ले उन्हें मिला ले पीस ले, तेल में रुई की बत्ती में इन चीजों को लपेट कर अंजन बनावे। उसको लगा कर निम्न मंत्र पढ़ो "सत्यं दर्शय भौमेय दिव्यं सत्यम दर्वय।" यदि भूमिगतं द्रव्य-मात्मानं दर्शय स्वयम्। ऊं ऊं गं गं क्षं अं लोकिनि निधिनि लेकिनि स्वाहा। अमावस्या की रात्रि को उस स्थान पर दीपक जलाकर बैठे और उपरोक्त मंत्र का जाप करे वहां पर कोई छाया, पुरुष या पक्षी रूप में या चूहा, बिल्ली आदि के जन्तु रूप में किसी स्थान में जाकर निकल कर संकेत देगा कि धन यहां पर है। उस स्थान को शुभ मुहूर्त में विश्वासी जनों के साथ खोदें। आक की जड़ व कनेर की जड़ और पलाश की जड़ का लेप पैरों में लगा कर नीचे उतरें। खैर की लकड़ी के सात अंगुल के कीले बनाकर उनकी धूप, दीप, अक्षत पुष्प से पूजा करके आठों दिशाओं में उस खोदे हुए स्थान पर धन निकालने से पहले गाड़ दें। दही चावल सरसों की बलि दें तब धन को हाथ लगायें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

स्वप्न देखने का शुभ-अशुभ फल, दैनिक उपयोग की विविध ज्ञातव्य बातें

स्वप्न समय फल:—रात्रि के चार पहर होते हैं, जिनमें प्रायः प्रथम पहर में स्वप्न कम दीखते हैं, फिर भी रात्रि के प्रत्येक पहर का देखा हुआ स्वप्न इस प्रकार है—यदि रात्रि के पहले पहर में स्वप्न दीखे तो उसका फल एक साल के अन्दर मिलेगा। यदि दूसरे पहर में दीखे तो ६ मास में फल प्राप्त हो; इसी प्रकार तीसरे पहर का फल है। चौथे पहर में दीखे हुए स्वप्न का फल एक माह में मिलेगा। अरुणोदय के काल में देखे हुए स्वप्न का फल १० दिन में और सूर्योदय के समय में देखे हुए स्वप्न का फल शीघ्र ही मिलेगा—ऐसा जानना चाहिए। खोटा स्वप्न देखने पर उसकी शान्ति के लिए महामृत्युञ्जय जाप, हवन, सोना तथा जौ का दान और विष्णु सहस्रनाम, गोपाल सहस्रनाम आदि शुभ कार्य कराने चाहिए।

★ यदि स्वप्न में कोई कुमारी स्त्री स्वयं को ढोलक बजाती हुई देखे तो उसका विवाह शीघ्र हो जाता है।

★ स्वप्न में देवी का दिखाई देना प्रयोग में सफलता का सूचक होता है।

★ यदि स्वप्न में पंचिंग मशीन दिखाई दे तो द्रष्टा को कोई उच्चपद प्राप्त होता है।

★ विद्यालय से भाग आने का दिखाई देना अच्छा तथा द्रष्टा की सर्वतोमुखी सफलता का सूचक होता है।

स्वप्न	स्वप्न का फल
कुएँ का पानी देखना	विविध लाभ, विजय
रत्न या नगीना देखना	दुःख-भय, व्यय हो
धूप देखना	पदोन्नति एवं लाभ हो
अग्नि उठाना	अवैध धन-प्राप्ति, अवैध व्यय
आग जलाकर पकड़ना	कष्ट का सामना हो व्यर्थ व्यय
बादल आकाश में देखना	राज्य से लाभ हो
बादल पूर्ण आकाशमें देखना	विपत्ति, दुःख व परेशानी
आंधी और बिजली गिरना	मुसीबत में फंसे
सूखा अन्न खाना	विविध कष्ट,व्यर्थ परेशानी हो
अंगूठी पहनना	धन-लाभ तथा प्रसन्नता बढ़े
ऊंट देखना	अपार धन प्राप्त हो
वर्षा अपने घर पर देखना	घर में कलह एवं रोग बढ़े
वर्षा पूरे नगर में देखना	सुख एवं प्रसन्नता प्राप्त हो
हरी फुलवारी देखना	धन-जन की वृद्धि हो
सूखा बाग देखना	विपत्ति में फंसे
सर के बाल कटे देखना	ऋण-मुक्त हो, स्त्री को पुत्र हो
बाल देखना	धन-लाभ हो
घोड़ा देखना	संकट दूर हो
घोड़े पर सवार होना	सरदारी या ओहदा मिले
लोहा देखना	किसी धनवान् से लाभ हो
लोमड़ी देखना	किसी सम्बन्धी से धोखा मिले
मोती देखना	लड़की पैदा हो
मुर्दे का पुकारना	विपत्ति एवं दुःख प्राप्त हो
मुर्दे से बात करना	मुराद पूरी हो
बाजार देखना	दरिद्रता दूर हो
बड़ी दीवार देखना	सम्मान मिले
दीवाल में कील ठोंकना	वृद्ध से लाभ हो
दंतुवन करना	पाप का प्रायश्चित हो, सुख हो
खूंटा देखना	धर्म की ओर अभिरुचि बढ़े
जामुन खाना	तकलीफ दूर हो
बाल बनवाना	उम्र कम हो

स्वप्न	स्वप्न का फल
जानवर पकड़ना	नया काम करना
चन्द्रमा देखना	प्रतिष्ठा प्राप्त हो
चांद टूटा देखना	तकलीफ हो
चन्द्र-ग्रहण देखना	हाकिम पर आफत
चीच देखना	रंज पैदा हो
कसीदा काढ़ना	पति से झगड़ा
चीटी देखना	मुसीबत पेश हो
चक्की देखना	मुसीबत में फंसे
चांद देखना	माल मिले
चावल देखना	रंज दूर हो
तालाब में नहाना	धन प्राप्त हो
पानी स्पर्श	साधारण लाभ
जहाज देखना	दूर का सफर हो
झण्डा देखना	धर्म की वृद्धि हो
हरा जंगल देखना	खुशी मिले
सूखा जंगल देखना	परेशानी हो
जंगल में उड़ना	मुसीबत दूर हो
मुरदा देखना	बीमारी से आराम
जोड़ा तंग पहनना	स्त्री से झगड़ा हो
जवाहरात देखना	आशाएं पूर्ण हों
स्त्री-प्रसंग करना	धन प्राप्त हो
लड़ाई करना	खुशी हो
लड़ाई में मारे जाना	हुकूमत मिले
फल पाना	पुत्र हो
फूल देखना	प्रेमी मिले
पिंजड़ा देखना	कैद में कष्ट हो
छाती देखना	स्त्री मिले, खुशी हो
प्यास लगना	लोभ अधिक हो
पूड़ी खाना	प्रसन्नता प्राप्त हो
पुल पर चढ़ना	नेक काम करे
पान खाना	सुन्दर स्त्री मिले

स्वप्न	स्वप्न का फल
पानी में डूबना	शुभ कार्य; लाभ हो
तैरना	धन मिले
अंगूठी पहनना	सुन्दर स्त्री मिले
आकाश की ओर उड़ान	यात्रा करनी पड़े
आकाश से गिरना	खराबी व कष्ट
आम खना	धन मिले
अनार खना	धन काफी मिले
ऊंट का देखना	धन लाभ
ऊंठ पर चढ़ना	रोगी होवे
सूर्य को देखना	बड़े आदमी के दर्शन
सुरमा लगाना	बीमारी से कष्ट
बादल देखना	तरक्की होवे
घनघोर घटा	राजा के दर्शन से लाभ
आग उठा लेना	हराम का माल मिले
घोड़े पर चढ़ना	व्यापार में उन्नति
घोड़े से गिरना	हानि होवे
आंधी देखना	सफर में कष्ट हो
शीशे में मुंह देखना	स्त्री से प्रेम
जलती आग देखना	स्त्री से प्रेम
ऊंचे से गिरना	परेशानी व हानि हो
बाजू कटा देखना	भाई की मृत्यु हो
बाग फुलवारी देखना	खुशी प्राप्त हो
सूखा बाग देखना	रंग-दुःख मिले
बारात देखना	रंज हो, स्त्री देखें तो उसको खुशी हो
पानी बरसता देखना	अनाज महंगा हो
हंस देखना	प्रतिष्ठा होगी
भैंस देखना	मुसीबत पेश हो
फंड़िया देखना	हाकिम से भय हो
बादाम खाना	धन प्राप्त हो
बादशाह मरण	देश में खराबी

स्वप्न	स्वप्न का फल
मुर्गी के अण्डे खाना	लड़का हो
सफेद बाल देखना	आयु बढ़े
बिच्छू देखना	इज्जत प्राप्त हो
पहाड़ पर चढ़ना	तरक्की मिले
पहाड़ हिलते देखना	बीमारी फैलना
शरीर में पाखाना	दौलत प्राप्त हो
तख्त पर चढ़ना	इज्जत मिले
थूक देखना	परेशानी हो
थूकना	व्यय बढ़ेगा
तीतर देखना	खुशी मिले
हंसता देखे	रंज प्राप्त हो
रोते देखना	खुशी मिले
तार खींचना	परेशानी मिले
ताबीज देखना	आपत्ति में फंसे
तरबूज खाना	रंज प्राप्त होवे
पानी देखना	दूसरे की धरोहर मिले
मोटा बैल देखना	अनाज मंदा हो
पतला बैल देखना	अनाज महंगा हो
बाल बिखरे देखना	धन की हानि हो
सुअर देखना	उम्र कम हो
बिस्तर बिछाना	दीर्घायु हो
पखाना खाना	मालामाल हो
पंजा कटा देखना	परेशानी हो
पाखाना फिरना	धन व्यय हो
खून का पेशाब	स्त्री देखे तो सुख पुरुष देखे तो दुःख
सिर के कटे बाल	कर्ज से छुट्टी मिले
बर्फ देखना	मौसम खराब हो
बांसुरी बजाना	परेशानी होना
अपने को बीमार	कष्ट मिले

शेष पृष्ठ ६५ पर

अंक-विद्या [Numerology] और आपका भाग्य

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

यमुन खाना तकलीफ दूर हो पुल पर चढ़ना नेक काम करे बादाम खाना धन प्राप्त हो अपने को बीमार कष्ट मिले
बाल बनवाना उन्नति शेष पृष्ठ ६५ पर

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अंक-विद्या [Numerology] और आपका भाग्य

आजकल पाश्चात्य में तथा भारत में भी अंक विद्या की लोक-प्रियता बहुत बढ़ रही है। यद्यपि भारत में इस का प्रचलन अति प्राचीन काल से रहा है किन्तु भारतीय पद्धति वर्णमाला पर आधारित होने के कारण शीघ्र-बोधगम्य नहीं। अंकों के आधार पर हम मनुष्य-स्वभाव की चारित्रिक विशेषताओं का आश्चर्य जनक रूप से विवेचन कर सकते हैं। हमारे मतानुसार भविष्यवाणी करना कठिन है। यहां पर पाश्चात्य मतानुसार अंग्रेजी मास की जन्म तारीख को आधार मानकर ९ तक की तारीख में मूल अंकों की कल्पना की गई है तथा सूर्यादि नव ग्रहों को इन मूल अंकों का प्रतिनिधि माना गया है। ९ के बाद की तारीखों को मूल अंक बनाने की विधि इस प्रकार है—

१०=१+०=१	॥	१३=१+३=४
११=१+१=२	॥	१४=१+४=५
१२=१+२=३	॥	१५=१+५=६

क्रमश: इसी प्रकार तारीख के दोनों अंकों की इकाइयों को जोड़ कर मूल अंक बनाएं अथवा किसी भी अभीष्ट संख्या को ९ से भाग देकर जो शेष बचे, वही मूल अंक होगा।

मूल अंक १ वाले व्यक्ति—ऐसे व्यक्ति स्थिर प्रकृति वाले क्रियात्मक स्वतन्त्र विचार धारा वाले तथा स्वाभिमानी होते हैं। अधिकार प्रदर्शन की भावना भी रहती है। किसी अन्य व्यक्ति का प्रभाव व अनुशासन सहन नहीं करते। अंक १ वालों को रविवार तथा सोमवार शुभ होते हैं। पीला व सुनहरी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के १३, १९, २२, २८, ३९, ४९, ५८, वर्ष विशेष महत्त्वपूर्ण होते हैं। इस अंक का प्रतीक सूर्यग्रह है। ऐसे व्यक्तियों को नेत्र, कण्ठ, रक्त, पित्त विकारादि का भय रहता है। माणिक्य धारण करना शुभ है।

मूल अंक २ वाले व्यक्ति—इस अंक का प्रतीक चन्द्रग्रह है। ये १ अंक वाले व्यक्तियों की अपेक्षा शान्त स्वभाव के होते हैं। कल्पना, साहित्य प्रेम, चंचल प्रवृत्ति, कला व सौंदर्य प्रेमी, लेखन कार्य करने में रुचि इनके स्वाभाविक गुण हैं। सोमवार, शुक्रवार तथा रविवार शुभ हैं। ये निश्चयी कम होते हैं। जीवन के १५, ३१, ३४, ३७, ४३वें वर्ष विशेष महत्त्व पूर्ण। श्वेत रंग अनुकूल है।

अंक ३ वाले व्यक्ति—अनुशासन प्रिय, महत्त्वाकांक्षी, विद्या-अध्ययनी तथा परिश्रमी होते हैं। नेतृत्व करने में कुशल हैं। बृहस्पति प्रतिनिधि ग्रह है। इनके लिए मंगलवार, शुक्रवार तथा वीरवार और पीला रंग शुभ है। जीवन के ९, १२, ३०, ३८, ३५, वर्ष भाग्योन्नति कारक होते हैं। त्वचा रोगों से बचना चाहिए।

अंक ४ वाले व्यक्ति—प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये व्यक्ति नवीन खोज करने में दक्ष, प्रगतिशील कठिन परिश्रमी, उग्रस्वभाव वाले तथा संघर्षप्रिय होते है, तीव्र स्वभाव वाले तथा गम्भीर होते हैं। धन-संग्रह अधिक नहीं कर पाते। ४, १३, २२, ४०, ५९, ५८वां वर्ष भाग्योन्नोति कारक रहेगा। शनिवार, रविवार तथा सोमवार शुभ दिन तथा नीलमणि विशेष अनुकूल है। मूंगा धारण करना शुभ।

अंक ५ वाले व्यक्ति—का अधिष्ठाता बुध ग्रह है। ये फुर्ती से काम करने वाले, जल्दबाज शीघ्र निर्णय लेने वाले व्यापारादि व्यवसाय में उन्नति करने तथा चंचल वृत्ति के होते हैं। प्रत्येक प्रकार की स्थिति में ढल जाते हैं। महत्त्वपूर्ण वर्ष १५, २५, ३२, ४१, ५१ ५७वां वर्ष होते हैं। बुधवार, शुक्रवार तथा श्वेत व हरित रंग विशेष शुभ है। पन्ना धारण करना शुभ है।

मूल अंक ६ वाले व्यक्ति—संगीत फोटोग्राफी, चित्रकला व सौंदर्य प्रेमी आदर्शवादी तथा कल्पनाशील होते हैं। किसी अन्य की अधीनता इन्हें कभी स्वीकार नहीं होती; मंगल, वीर और शुक्रवार के दिन तथा नीला व गुलाबी रंग शुभ हैं। अपनी योग्यता से धनोपार्जन करना पसन्द करते हैं। जीवन के १५, २४, ३३, ४२, ५१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मूल अंक ७ वाले व्यक्ति के प्रतिनिधि—ग्रह चन्द्रमा तथा नेप्च्यून हैं। ऐसे व्यक्ति भावुक, परिवर्तनशील तथा नए-नए स्थानों पर भ्रमण करने में रुचि रखते हैं। तन्त्र विद्या, स्वतन्त्र विचार, स्वाभिमानी व सौंदर्य प्रिय होते हैं। प्रायः आर्थिक संकट बना रहता है। सोमवार, रविवार तथा हरा रंग शुभ है। १६, २६, ५४, ५२, ५१, ६१वें वर्ष भाग्योन्नति कारक है। श्वेत गोमेध धारण करें।

मूल अंक ८ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह शनि है। ऐसे व्यक्ति अन्तर्मुखी, कठिन परिश्रमी तथा दृढ़ निश्चयी होते हैं। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए पत्येक सम्भव साधन (उचिम व अनुचित का ध्यान किए बिना अपनाते) है। संघर्षमय दूरदर्शी तथा गूढ़ विद्याओं में रुचि रखने वाले होते हैं। वायु रोग से पीड़ित रहते हैं चन्द्रवार शनिवार रविवार तथा गहरा नीला व स्लेटी रंग विशेष अनुकूल होता है। जीवन के २६, ३३, ३५, ४४, ५३ वर्ष भाग्योन्नति कारक होते है। नीलम धारण करना शुभ रहेगा।

मूल अंक ९ वाले व्यक्ति—का प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। ये लोग स्पष्टवादी स्वाभिमानी, कठिन परिश्रमी उग्र-प्रकृति किन्तु दयालु स्वभःव के होते हैं। समस्त जीवन संघर्षों में व्यतीत होता है। रक्त विकार का भय रहता है। शुक्रवार मंगलवार व वीरवार तथा लाल एवं गुलाबी रंग विशेष अनुकूल तांत्रिक विद्या में भी रुचि रखते हैं। जीवन के १८, २७, ३१, ३६, ४५, ५४, ३३वें वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रमल प्रश्नावली

इस प्रश्नावली का यह तरीका है कि चंदन की लकड़ी का चौकोर पासा बना कर उस पर १, २, ३, ४, और खुदवा लें, फिर अपने कार्य का चिंतन करते हुए तीन बार पासा छोड़ें उसका जो नम्बर बने, उसी नम्बर पर फल देखें यदि किसी के पास पासा नहीं हो, तो अगले पृष्ठ के कोष्ठों में अनामिका रखवा कर उसका फल देखें।

१११	१३१	२११	२३१	३११	३३१	४११	४३१
११२	१३२	२१२	२३२	३१२	३३२	४१२	४३२
११३	१३३	२१३	२३३	३१३	३३३	४१३	४३३
११४	१३४	२१४	२३४	३१४	३३४	४१४	४३४
१२१	१४१	२२१	२४१	३२१	३४१	४२१	४४१
१२२	१४२	२२२	२४२	३२२	३४२	४२२	४४२
१२३	१४३	२२३	२४३	३२३	३४३	४२३	४४३
१२४	१४४	२२४	२४४	३२४	३४४	४२४	४४४

१११ मंगल भवन अमंगल हारी, होगी मनो कामना धारी ।
११२ इष्ट देव का ध्यान धरोगे, मन इच्छा सब काम करोगे ।
११३ होत काम में हुआ अंधेरा, बैरी पहुंच गया है तेरा ।
११४ झटपट करो देर नहि लाओ, यह अवसर फेर नहि पाओ ।
१२१ जो तुम सन में नहीं उपाई, होगा काम ढील से भाई ।
१२२ आगे विघन है बड़ा भारी, ईश्वर राखे लाज तुम्हारी ।
१२३ संकट हटे सर्व सुख आयर, दिन-दिन दुगुनी बढ़ माया ।
१२४ वा शुभ काम करो दिन राती, पांच जिमादे गोती नाती ।
१३१ कपट भेद है मन में उसके, करि विश्वास जाय तू जिसके ।
१३२ होगी फतह देर नहि लाओ, सूरज से तुम विनय सुनाओ ।
१३३ दुविधा हटे सर्व सुख पाओ, गुरु गोविंद से ध्यान लगाओं ।
१३४ बार-बार समझाऊं थाने, आज भला दीखे नहि म्हाने ।
१४१ विपत्तियां बीत गयीं सब पाछे, अब तो दिन आवेंगे आछे ।
१४२ अब सुनता ना कोई तेरी, घर में पैठि रहा हैं बैरी ।
१४३ धन परिवार सदा सुखदाई, कर्म विपाक देख ले जाई ।
१४४ रात दिना की चिंता भारी, कुछ दिन में मिट जाये थारी ।
२११ जर जमीन होवे फिर होवे, चिंता करि तन को क्यों खोवै ।
२१२ यह तो काम बड़ा दुखदाई, कर्म-विपाक देख लो भाई ।
२१३ सत्य बात तुम सुन लो म्हारी, तिगरी लाग रही है थारी ।
२१४ हिम्मत बड़ी भरोसा खोटा, कर्म विपाक देख दुख मोटा ।
२२१ कितना ही गुणकार मनमाही, यश तुमको मिलने का नाहीं ।
२२२ होगी फतह देर नहि लाओ, रविवार को व्रत बनाओ ।
२२३ संकट देखि डरे क्यों भाई, ईश्वर थारी करे सहाई ।
२२४ धर्म हार धन कोई लाओ, मन अपने में क्यों घबराओ ।
२३१ सोच समझ के करना भाई, बिन सोचे होता दुखदाई ।
२३२ रस्ते में जो भूखा टोहवो, भोजन के देके निर्भय सोवो ।
२३३ भली बुरी उसके ही हाथ, निर्धनी धनी बना वही नाथ ।
२३४ यह अवसर करने का नाहीं, चुप बैठि रहो घर माहीं ।
२४१ वह तुमसे लेने को डोले, इस कारण मुख मीठा बोले ।
२४२ धीरज धरि रहो उर माही, गई वस्तु घर आवे नाहीं ।
२४३ किया कबूल भूलि गया भाई, वो ही थारी करे सहाई ।
२४४ उदय पाप हो गये अब सारे, कर्म विपाक देखिल्यो थारे ।
३११ तीन बार ऊकी है तेरी, पीछे लाग रही है बैरी ।
३१२ करि कुछ यतन देर नहीं करना, करले जाप नहीं दुख भरना ।
३१३ जो तुम मन में नई उपाई, होगा काम ढाल से भाई ।
३१४ करि कुछ दान वचन सुन मेरा संकट दूर हो गया तेरा ।
३२१ यह तो बात नयी बनि आई, कर्म विपाक देख ले जाई ।
३२२ करि विश्वास सत्य सुनि भाई, संकट मिटे होय सुखदाई ।
३२३ करना हो सो जल्दी करिए, ध्यान गुरु का हृदय धरिए ।
३२४ तुम तो सबकी करो भलाई, ईश्वर राखे लाज सदाई ।
३३१ जस तुमको मिलना नहि भाई, चाहे जितनी करो भलाई ।
३३२ कर ले काम देर नहीं करना, ईश्वर ध्यान हिये में धरना ।
३३३ देखि चंद्रमा काम करोगे, नित नये मंगल मोद भरोगे ।
३३४ जिस नर की तुम करते आशा, उसका कौन करे विश्वासा ।
३४१ तुम जानो अपना सा मन की, बुद्धि बदलि रही उस तन की ।
३४२ अब तो समझि देखि मनमाहीं, घात ग्रह बिन होता नाहीं ।
३४३ करिले यतन काम है तीका, अब तो फिकर मिटेगा जीका ।
३४४ दुर्गा पठित कराना भाई, तो यह संकट वेग नशाई ।
४११ चुपका बैठि रहो घर माहीं, यह अवसर करने का नाहीं ।
४१२ करि विश्वास जाय जो कोई, उसकी हानि कबे नहीं होई ।
४१३ यह सब दोष कर्म का भाई, कर्म विपाक देख लो जाई ।
४१४ मन अपने को डाटो भाई, मन के डटे सर्व सुखदाई ।
४२१ शुभ आचरण बने रहे भाई, तो सुख संपत्ति रहे सदाई ।
४२२ अपना मन में तुम्हीं विचारो, भूलि गये सो बेगि संभारो ।
४२३ ये हैं दोष कर्म के भाई, करि कुछ जाय लेय छुटवाई ।
४२४ मनि अपने को राखि जचाया, अब तो दिन अच्छे अनआया ।
४३१ करिले यतन देर नहीं करना, इष्ट देव का ले ले सरना ।
४३२ वो तेरी सब भली करेगा, उस ही से सब काम सरेगा ।
४३३ अब तो फिकर तजो तुम भाई, कुछ दिन गये होये सुखदाई ।
४३४ धीरज धरो फिकर तजि डारो, है ईश्वर को बड़ो सहारो ।
४४१ नीच निचाई नहीं तजेंगे, फिर भी सज्जन राम भजेंगे ।
४४२ मन अपने करो विचारा, इस तन को देखो रखवारा ।
४४३ रोस देव का तुम पर भारी, पहिले उसकी करो मनुहारी ।
४४४ ठहर-ठहर कर जागें जोती, कुछ दिन गये सिद्ध सब होती ।

॥ चौघड़िया मुहूर्त ॥

उद्वेगश्चामृतौ रोगो लाभः शुभचरौ मृतिः । सूर्य शुक्रो बुधश्चन्द्रो मंदोजीवी धरासुतः ॥
सूर्यादौ क्रमतो ज्ञेयो रात्रौ पञ्चमगोऽह्नषट् । सूर्यो बृहस्पतिश्चन्द्रः शुक्रो भौमः शनि बुधः ॥

दिन की चौघड़िया

	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
पहली चौघ.	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
दूसरी चौघ.	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
तीसरी चौघ.	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
चौथी चौघ.	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
पांचवीं चौघ.	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
छठवीं चौघ.	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
सातवीं चौघ.	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
आठवीं चौघ.	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात की चौघड़िया

	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
पहली चौघ.	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
दूसरी चौघ.	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
तीसरी चौघ.	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
चौथी चौघ.	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
पांचवीं चौघ.	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
छठवीं चौघ.	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
सातवीं चौघ.	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
आठवीं चौघ.	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मानव जीवन पर रत्नों का प्रभाव

नवरत्न की अंगूठी इस ढङ्ग से बनानी चाहिए—

ईशान पन्ना	पूर्व हीरा	अग्नि मोती
उत्तर पुखराज	माणिक	दक्षिण मूंगा
वायव्य लहसुनिया	नीलम पश्चिम	नैर्ऋत्य गोमेद

शनिस्तोत्र

पिप्पलाद उवाच—नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोस्तुते । नमस्ते विष्णुरूपाय कृष्णाय च नमोस्तुते । नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते कालकायजे । नमस्ते यमसंज्ञाय शनैश्चर नमास्तु ते । प्रसाद कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च इस स्तोत्र का नित्य सबेरे पाठ करने से शनि का अनिष्ट नहीं होता ।

यज्ञोपवीत धारण कैसे करना चाहिये

शास्त्रीय ग्रंथों में वर्णित

यज्ञोपवीत को दाहिने हाथ से ही धारण करना चाहिये । लघुशंका के समय दाहिने-कर्ण पर, मलत्याग के समय वाम-कर्ण पर रहना चाहिये । यज्ञोपवीत वाम कन्धे पर दाहिनी भुजा की ओर लटकना चाहिये ।

शनि का वास्तविक विचार

शनि जिस नक्षत्र पर हो उससे अपने नक्षत्र तक गिनये । यदि वही नक्षत्र हो तो ३ मास १० दिन तक अनेक प्रकार की हानियां होंगी । दूसरे से पांचवें नक्षत्र तक १३$\frac{१}{४}$ मास की अवधि में युद्ध में विजय होगी । ततः ६ से ११वें नक्षत्र तक १ वर्ष ८ मास का समय वायु-रोग, देशान्तर में भ्रमण करायेगा । ततः १२ से १५वें नक्षत्र तक १३ मास १० दिन तक कष्टकारक समय बीतेगा । ततः १६ से १८ नक्षत्र तक १० मास का समय उत्तम राज-यश कारक होगा । ततः १९-२०वां नक्षत्र समय ६$\frac{३}{४}$ मास सुखदायक रहेगा । ततः २१-२२वां नक्षत्र ६ मास २० दिन महाकष्ट, वायु-विकार होगा । ततः २३ से २७वां नक्षत्र १६ मास २० दिन तक अनुचित ढ़ंग से धन-धान्य का लाभ होगा ।

चक्र

शनि नक्षत्र	समय	फल
१	३ मास १० दिन	अनेक हानियां
४	१३ मास १० दिन	विजय, साफल्य
६	२० मास	व्यर्थ भ्रमण
४	१३ मास १० दिन	कष्ट, भुजा-व्यथा
३	१० मास	सम्मान, यश, सुख
२	६ मास २० दिन	उन्नति, सुख
२	६ मास २० दिन	महादुःख, वायु-विकार, आमाशय
५	१६ मास २० दिन	धन-धान्य का लाभ

अन्य प्रकार

जिस दिन शनि राशि-संक्रमण करे, उस दिन का चन्द्र नक्षत्र की राशि बनावें । यदि वह राशि अपनी राशि से १-६-११वीं पड़े तो लाभ, शुभ, २-५-९वीं पड़े तो साधारण लाभ, शुभ, ३-७-१०वीं पड़े तो साधारण; ४-८-१२वीं पड़े तो अनिष्ट समझें । परन्तु पंचांगों में भेद के कारण यह फल नहीं मिलता शनि के नक्षत्र-संक्रमण में भी इसका विचार किया जा सकता है ।

मुख्य बातें

शनि एक राशि में २॥ वर्ष रहता है । जन्मराशि से बारहवें, जन्मराशि का तथा दूसरे; इन तीन राशियों को मिलाकर ७॥ वर्ष हुआ । इसी को साढ़े साती शनि कहते हैं । जन्मराशि से जब शनि चौथे या आठवें हों तो अढ़ैया कहा जाता है जो कष्टप्रद है । जब शनि जन्मराशि से बारहवें आता है, तो व्ययाधिक्य अवश्य होता है । जन्मराशि का होने पर यात्रा, चर्म-वायुरोग अवश्य होता है, दूसरे होने पर परिवार में किसी की मृत्यु तथा धन-हानि होती ही है : चौथे शनि में मित्रों से सम्बन्ध-विच्छेद, विवाद, मुकद्दमा, आठवें, में व्यय, हानि, रोग होता है ।

इसकी शान्ति

नीलम धारण करना चाहिए । छायादान करना चाहिये । शनैश्चर का जप करना चाहिए । काले घोड़े के नाल की अंगूठी बिना कटी हुई, बिना जोड़ी हुई धारण करनी चाहिए । शनिवार को भुना हुआ चना खाना चाहिये । काला वस्त्र धारण, काले तिल का तेल लगाना चाहिए ।

नीलम किन-किन राशि वालों को लाभप्रद होता है ।

तुला, कुम्भ—को अत्यन्त लाभप्रद

मकर, वृष—को साधारण लाभप्रद

मिथुन, कन्या—को साधारण शुभ

धनु, मीन—को कभी अच्छा कभी साधारण बुरा

मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक को कभी भी अच्छा नहीं होता जब तक कुण्डली में शनि बहुत अच्छा न हो ।

शनि के स्तोत्र का पाठ करना चाहिए । हनुमान बाहुक या हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए ।

जहां पर हनुमानजी की मूर्ति दक्षिण मुख की हो वहां पर हनुमान बाहुक, बजरंग वाण या और किसी हनुमान के मंत्र या स्तोत्र से ४० बार परिक्रमा करनी चाहिए । ततः पीपल में जल देकर ७ परिक्रमा करनी चाहिए ।

इस प्रकार शनि की बाधा दूर हो जायगी । जीवन में प्रायः साढ़ेसाती शनि ३ बार या किसी-किसी को ४ बार आता है । पहली बार तो कोई प्रभाव नहीं रहता है । दूसरी बार जीवन भवन की नींव हिला देता है । तीसरी बार उस भवन को उखाड़ फेंकता है और चौथी बार जला देता है ।

आयु-विचार

१—जन्म कुण्डली में लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम भाव के अंकों में प्रत्येक को ३ से गुणा करके जोड़िये उसमें से (यदि उक्त स्थानों में राहु और भौम पड़े हों) राहु और भौम की राशि-संख्या को निकाल देना चाहिये जो शेष बचे उतने वर्ष आयु समझिये ।

२—लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम की राशि संख्या एकत्र करना यदि इन स्थानों में राहु, केतु, मंगल और शनि हों तो उक्त संख्याओं को जोड़कर पूर्वोक्त संख्या में घटाकर शेष को तिगुना करना; वही आयु की वर्ष संख्या होगी ।

३—अष्टमेश (१) यदि बलहीन होकर लग्न से षष्ठ या बारहवें हों (२) अष्टमेष लग्नेश के साथ होकर उक्त स्थानों में दुर्बल रहे (३) लग्नेश, चन्द्रमा और सूर्य या पापग्रह के साथ दुर्बल रहें (४) लग्न या लग्नेश पर कर्तरी हो तो बालक हीनायु होता है ।

४—लग्नेश अष्ठमेश और कर्मेश ये तीनों बली हों, शुभ स्थान में बैठे हों तो दीर्घायु, दो बली हों, शुभ स्थान में बैठे हों तो मध्यायु, एक बली हो, शुभ स्थान में बैठा हो तो हीनायु होती है । अष्टमेश शनि अष्टम में; लग्नेश लग्न में हों तो दीर्घायु होता है । [शेष पृष्ठ ८९ पर]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

षट्वर्ग फलादेश

षट्वर्ग सारिणी प्रवेश रीति

'लग्न' या सूर्यादि स्पष्ट ग्रह' की जो वर्तमान राशि के सामने और उसके अंशादि के आसान जो कोष्टक है उसके नीचे लिखे हुए होरादि षट्वर्गों के सामने की राशि अपने अपने वर्ग को लग्न व ग्रहों की राशि होती है अर्थात् उन अंकों के समान संख्या वाली राशियों में लग्न व ग्रह को गृहादि वर्ग में लिखना चाहिए।

उदाहरण—जैसे स्पष्ट लग्न १।१५।१५।५७ है यहां लग्न की वर्तमान वृष राशि है। इसलिए वृष राशि के सामने और १५।१५।५७ से आसन्न-न्यून अंशादि १५।०।० है। इस के नीचे ४।६।११।२।७।१२ गृहादि वर्गों की वर्तमान राशि है इसलिए होरा में कर्क, द्रेष्काण में कन्या, सप्तमांश में कुंभ, नवांश में वृष, द्वादशांश में मीन लग्न हुआ। स्पष्ट सूर्य ०।३।४३।१२ की वर्तमान मेष राशि के सामने और ३।२०।० आसन्न-न्यून कोष्टक के नीचे ५।१।१।१।२।१ वर्गों की राशियां हैं। अतः सूर्य होरा में सिंह राशि में रहेगा। द्रेष्काण में मेष का सूर्य, सप्तमांश में मेष का सूर्य एवं नवांश में मेष का सूर्य, द्वादशांश में वृष का सूर्य और त्रिशांश में मेष का सूर्य रहेगा।

होरा फल

होरा कुण्डली बना कर देख लेना चाहिए कि होरा लग्न सूर्य राशि हो और सूर्य उसी में स्थित हो तो जातक रजोगुणी, उच्चपदाभिलाषी, गुरु और शुक्र होरा लग्न में सूर्य के साथ हों तो सम्पत्तिवान्, सुखी, मान्य, उच्चपदारूढ़, शासक, नेता, शीलवान, राजमान्य तथा होरेश लग्न में पाप ग्रह से युक्त हो तो नीच प्रकृति वाला, दुश्शील, सम्पत्तिरहित, कुल के विरुद्ध आचरण करने वाला और नीच कमरत जातक होता है यदि चन्द्रमा की राशि होरा लग्न में हो और चन्द्रमा उस में स्थित हो तो जातक शान्त स्वभाव वाला, मातृभक्त, लज्जालु, व्यवसायी, कृषिकर्म में रुचि रखने वाला, अल्पलाभ में सन्तोष करने वाला तथा शुभ ग्रह गुरु शुक्र आदि भी होरा लग्न में चन्द्रमा के साथ हों जातक भक्ति, श्रद्धा, सदाचारयुक्त आचरण करने वाला शीलवान्, धनिक, सन्तानवान्, सुखी और चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो विपरीत आचरण वाला, निर्धन, दुःखी तथा नीच कार्यों से प्रेम करने वाला होता है।

सप्तमांश चक्र का फल विचार

सप्तमांश लग्न से केवल सन्तान का विचार करना चाहिए। सप्तमांश लग्न का स्वामी पुरुषग्रह हो तो जातक के पुत्र उत्पन्न होते हैं। और सप्तमांश लग्न का स्वामी स्त्री ग्रह हो तो जातक के कन्याएं अधिक उत्पन्न होती हैं। सप्तमांश लग्न का स्वामी पाप ग्रह हो पाप ग्रह की राशि में हो तो सन्तान नीच कर्म करने वाली होती है। और सप्तमांश लग्न का स्वामी स्वराशि का शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो या शुभ ग्रह की राशि में स्थित हो तो सन्तान शुभाचरण करने वाली, सुन्दर, सुशील और गुणी होती है। सप्तमांश लग्न का स्वामी सप्तमांश लग्न से ७ या ८वें स्थान में पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो तो जातक सन्तानहीन होता है।

नवमांश कुण्डली के फल का विचार

नवमांश लग्न से स्त्री भाव का विचार किया जाता है। इसी से स्त्री का आचरण, स्वभाव, चेष्टा प्रभृति को को देखना चाहिए। नवमांश लग्न का स्वामी मंगल हो तो स्त्री क्रूर स्वभाव की कुलटा, लड़ाकू, सूर्य हो तो पतिव्रता, उग्रस्वभाव की, चन्द्रमा हो तो शीतल-स्वभाव, गौरवर्ण और मिलनसार प्रकृति की, बुध हो तो चतुर, चित्रकार, सुन्दर आकृति, शिल्प विद्या में निपुण, गुरु हो तो पतिव्रता, ज्ञानवती, शुभाचरण वाली, पतिव्रता, सौम्य स्वभाव, व्रत, तीर्थ करने वाली, शुक्र हो तो चतुर, शृंगार प्रिय, विलासी, कामक्रीड़ा प्रवीण, गौर वर्ण, व्यभिचारिणी, शनि हो तो क्रूर स्वभाव वाली, कुल के विरुद्ध आचरण करने वाली, श्याम वर्ण, नीच संगति में रत, पति से विरोध करने वाली होती है। नवमांश लग्न का स्वामी राहु, केतु के साथ हो तो दुराचारिणी कुल्टा, दुष्टा, नवमांश लग्न का स्वामी शुभ ग्रह हो और स्वराशिस्थ केन्द्र त्रिकोण में हो तो बालक को स्त्री का पूर्ण सुख मिलता है तथा नवमांश लग्न का स्वामी भाग्येश के साथ २।११वें भाव में उच्च का होकर स्थित हो तो स्त्रियों से अनेक प्रकार का लाभ तथा ससुराल के धन का स्वामी होता है। नवमांश लग्न का स्वामी पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट ८।१२वें भाव में स्थित हो तो जातक को स्त्री का सुख नहीं होता है। यह जितने पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो उतनी ही स्त्रियों को नाश करने वाला होता है।

द्वादशांश कुण्डली के फल का विचार

द्वादशांश लग्न से माता-पिता के सुख-दुःख का विचार किया जाता है। यदि द्वादशांश लग्न का स्वामी शुभ-ग्रह हो तो जातक के माता-पिता का शुभाचरण और पाप ग्रह हो तो पापाचार युक्त आचरण होता है। द्वादशांश लग्न का स्वामी पुरुष ग्रह अपनी राशि, मित्र की राशि या उच्च की राशि में स्थित होकर १।४।५।७।९।१०वें स्थानों में स्थित हो तो जातक को पिता का पूर्ण सुख और नीच राशि, शत्रु राशि या पाप ग्रह की राशि में स्थित हो या ६।८।१२वें भाव में बैठा हो तो पिता का अल्प सुख होता है। द्वादशांश लग्न का स्वामी स्त्री ग्रह सौम्य हो और स्वराशि, मित्रराशि या उच्च की राशि में स्थित होकर १।४।५।७।९।१० भावों में स्थित हो तो जातक को माता का सुख होता है। यदि यही स्त्री ग्रह पाप युक्त या पाप दृष्ट होकर ६।८।१२वें भाव में हो तो माता का सुख नहीं होता।

सर्वाङ्कसिद्धियोग:—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमशः ७।८।३ का भाग दें। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धन क्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य, जय, लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वाकादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत को मत जाओ, हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावें क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

बारह लग्नों वा राशियों का फल

...पहले से ही झट समझ लेता है, दूसरे के विचारों को

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बन्धनहीन होता है।

बारह लग्नों वा राशियों का फल

मेष लग्न फलम्—जिसका जन्मलग्न मेष हो उस पुरुष के भीतरी और बाहरी भाव सदा एक जैसे रहते हैं, शूरवीर, हर एक बात में फैसले के तौर पर अपनी राय देने में झट तैयार हो जाता है, इसके भाग्य में कई प्रकार की तबदीली होती है, जायदाद, जमीन के कामों की उन्नति के लिए अपने विचार बढ़ाता रहता है, जायदाद सम्बन्धी कई प्रकार के झगड़े पेश आते रहते हैं और इन्हीं कामों के सम्बन्ध द्वारा लाभ भी होता रहता है, भाई-बहिन ज्यादा नहीं होते, हों भी तो मर जाते हैं, पिता का सुख विशेष नहीं होता, रिश्तेदारों का भी सुख कम होता है, बहुत देर तक एक जगह पर रहना मुश्किल होता है, सन्तान की तरफ से पूर्ण सुख नहीं होता वह पुरुष चुस्त, चालाक तथा चंचल स्वभाव का होता है, स्वतन्त्र रहना पसन्द करता है, जब कभी कष्ट हो तो गुरदा दर्द, सोजश, हाथ, पांव, आंख पर चोट, रक्त विकार हो। ३-११-१५-२१-२७-४५ वर्ष में कष्ट।

वृष लग्नम्—यदि लग्न वृष राशि का हो तो वह पुरुष अपने हठ पर दृढ़ रहता है, दूसरे की बात को नहीं मानता जो काम करे देरी से करता है, दिल बहुत मजबूत होता है, आराम पसंद रहना इसका स्वाभाविक धर्म है, छोटे-छोटे कामों पर भी लम्बे-२ विचार करता रहता है, हर एक काम में झगड़े का कारण आप ही हो जाता है, बीमार हो तो बहुत कठिनाई और देरी से अच्छा होता है, झगड़ा और मुकद्दमा के कामों में बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं, माता-पिता का सुख अच्छा, यदि पहली सन्तान में लड़की हो तो मर जाती है, जिन्दगी का पिछला हिस्सा आराम से बीतता है, शत्रु इसके अधिक बने रहते हैं, कई तरह के मामलों का सामना करना पड़ता है, इसकी मृत्यु विदेश में अथवा पानी के कारण होती है। ५-२६-३७-४७ वर्ष में कष्ट हो।

मिथुन लग्नम्—जिसका जन्मलग्न मिथुन राशि का हो उसका स्वभाव नरम होता है, जिस काम को करने के लिए तत्पर हो जाए उसको सच्चाई से करता है, हरेक बात में अदरूनी भाव सदा गुप्त रखता है, नये-२ विचार पैदा करता रहता है, कानूनी काम, व्यापार व लेखा संबंधी कामों को बड़ी गम्भीरता से करता दिल का बहुत मजबूत होता है परन्तु नरम स्वभाव होने के कारण कमजोर समझा जाता है, विद्या द्वारा मान प्राप्त करता है, प्रायः इसको यात्रा बहुत करनी पड़ती है, दुःख और सुख में सदा एक भाव में रहता है, घरेलू झगड़ों में सदा चिंतातुर रहता है, इसका एक भाई मानी और प्रतिष्ठित होता है, पिता से इसका मन सदा उदासीन, संतान उत्पन्न तो बहुत होती है परन्तु मर कर थोड़ी रह जाती है, सन्तान की तरफ से चिंता ही रहती है, मित्रों से प्रीति तो बहुत करें परन्तु मित्रों से कुछ लाभ नहीं होता, स्त्री प्रेम से भी क्लेश रहता है, इसका सम्बन्ध दो जगह होता है अथवा दो स्त्रियों से संयोग होता है, औरतों के झगड़ों से तंग रहता है, गुप्त इसके शत्रु बने रहते हैं, कई मामलों का समना करना पड़ता है, पर परिणाम अच्छा ही होता है, लिखने पढ़ने के कार्यों में प्रवृत्ति अधिक होती है, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होती है। ३-५-८-११-१८-२०-२८-४५ वर्ष में कष्ट हो।

कर्क लग्नम्—जिसका जन्मलग्न कर्क राशि का हो तो वह दिल से जिस काम को चाहे कर ही लेना है, इसकी जिंदगी अक्सर उथल-पुथल होती है, चंचल प्रकृति और शान्त स्वभाव होता है, विचार शक्ति इसकी बहुत प्रबल होती है, टालमटोल करना बहुत जानता है, कभी-२ क्रोधित भी हो जाता है और हर एक से मेल मिलाप रखने वाला होता है, यह पुरुष हर एक बात के भाव को पहले से ही झट समझ लेता है, दूसरे के विचारों को अपने विचार में प्रकट करने वाला होता है, क्षणभर क्रोध में आकर झट शांत हो जाता है, धन इकट्ठा करने में कष्टता रहे, पैतृक सम्पत्ति थोड़ी प्राप्त हो, आयु के पहले हिस्से में अमन और सुख रहे, इसक कोई भाई-बहिन पूर्णायु न भोग कर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, स्त्री से क्लेश, शत्रु इसके गुप्त रूप से बने रहते हैं, इसकी जीत रहती है, जिंदगी इसकी ३५ वर्ष तक डांबांडोल रहे, यह पुरुष नाजुक मिजाज होता है। ५-१६-१८-२०-२४ वर्ष में कष्ट हो।

सिंह लग्नम्—जन्म लग्न यदि सिंह राशि का हो तो वह पुरुष अपने गुणों से पुरुषार्थ द्वारा हर काम में उन्नति प्राप्त कर लेता है, मजबुत दिल वाला होता है। धर्मात्मा, दानी और भरोसे पर काम करने वाला होता है, पुरुषार्थी और अहंकार से युक्त होता है, मामूली बातों को नफरत की निगाह से देखने वाला होता है, बड़े-२ कामों के करने में तत्पर हो जाता है और उनको पूरे तौर पर कर लेता है, हर तरह के काम में अपनी सम्पत्ति झट कायम कर लेता है, नौकर और खानदानी कामों, झगड़ों में परेशानी रहा करेगी, पहनने और खाने वाली चीजों के व्यापार से लाभ होगा, संतान बहुत हो परन्तु सुख कम होगा, पहली सन्तान जीवित न रहे, दो सम्बन्ध अथवा दो स्त्रियों से संयोग हो। ५-१०-२७-३० वर्षों में कष्ट हो।

कन्या लग्नम्—यदि कन्या जन्म लग्न हो तो वह पुरुष ज्ञानी और पवित्रात्मा होता है, बुरी-भली बात को पहचानने वाला होता है, परिश्रमी शांत स्वभाव और अपने गुणों द्वारा संसार में मान प्रतिष्ठा को प्राप्त कर लेता है, शुद्ध चित्त, धैर्यवान और दूसरों में निर्मोह का बर्ताव करने वाला होता है, जिस से प्रेम करे तो दिलोजान से करता है, अपने छोटों के साथ सख्ती से बर्ताव करता है, यह पुरुष जिस काम को करना चाहे कर लेता है और जिस बात पर बिगड़ जावे उस बात को कभी नहीं छोड़ता, इतिहास, नाटक, चित्रकारी और बाग बगीचा संबंधी काम करने वाला होता है, सभा में चतुर और अच्छा बोलने वाला अति परिश्रम करने पर भी बहुत धन इकट्ठा नहीं होता, निर्वाह मात्र प्राप्त होता है, अचूक सम्पत्ति भी कुछ प्राप्त होती है, बाल्यावस्था में बीमारी से कष्ट रहे, पिछली अवस्था सुखी रहे, व्यापार व बैंकादि के कामों से धन प्राप्ति हो, परदेश में भाग्योदय रहे, संबन्धियों व पड़ोसियों में द्वेष रहे, पहली संतान युवावस्था में ही नष्ट हो जाए, दो संबंध या स्त्रियों से ताल्लुक हो। ३-५-१०-१८-३२-४० वर्ष में कष्ट हो।

तुला लग्नम्—इस लग्न वाला नरम स्वभाव मीठा बोलने वाला नीति करने में निपुण, हर बात में हर तरह से सहायक और नीति के अनुकूल काम करने वाला होता है, संगति का असर इसको बहुत जल्दी होता है, क्षण में क्रोधयुक्त और क्षण में शांत हो किसी नई बात को जानने और बनाने में तथा जहाज सम्बन्धी कामों में निपुण होता है, मानसिक शक्ति प्रबल रहती है परन्तु बहुत देर तक नहीं रहती, जब तक किसी कामको करने में लगा रहता है तब तक दिलोजान और मजबूत दिल होकर करता है परन्तु अपने विचार बदलने में भी झट तैयार हो जाता है, इसके भाई-बहिन और संबन्धी बहुत होते हैं, सुख किसी का नहीं होता, इसका पिता ऊंचे दरजे से नीचे के दरजे को प्राप्त हो जाता है और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह लग्नों वा राशियों का फल

इसका पिता ही इसकी मुसीबत का कारण बने, जितनी संतान रहे खुशहाल रहे। ८-१५-१८-२३ वर्ष में कष्ट पाये यदि बच जाए तो ६८ वर्ष ७ महीने तक आयु भोगे।

वृश्चिक लग्नम्—इस लग्न वाला अत्यन्त ज्ञानी या अत्यन्त मूर्ख होता है, ईर्षा, द्वेष और अहंकार युक्त अथवा बड़े-२ कामों के करने में देवता के समान होता है, शूरवीर, दिलावर, लड़ाई में तत्पर और हर एक काम अत्यंतता करने से इसकी बीमारी का कारण हो जाता है, आत्मिक शक्ति बलवान् और स्थाई होती है, यह पुरुष हर एक काम के रहस्य को जानकर उसकी कमजोरियों को दूर कर लेता है, अग्नि के समान प्रचंड प्रकृति वाला गंवारों जैसे व्यवहार वाला, सत्यवक्ता और भय रहित होता है, इस लग्न वाला धन संबन्धी कामों में घबराहट से युक्त प्रथम अवस्था में भाग्योदय न हो मध्य अवस्था में भाग्योदय होता है, दूसरे देशों की यात्रा करता है, ससुराल के रिश्तेदारोंऔर कानूनी कामों से फायदा होता है, अचानक धन मिलने की सम्भावना होती है, भाई-बहिन इसके कम होते हैं, बल्कि पिता की एक ही संतान रह जाती है, संतान बहुत होने पर भी सुख नहीं होता, संबन्धियों को चाहने वाला होता है, एक से अधिक विवाह होंगे गुप्त रोगों से कष्ट उठाये। २-५-१०-१२-१८-२० और ३० वर्ष की आयु में कष्ट उठाये यदि बच जाये तो फिर ८५ वर्ष तक आयु भोगे।

धन लग्नम्—इस लग्न वालों की दो प्रकार की प्रकृति होती है। नियमों को पालन करने में तत्पर अथवा नियमों का उल्लंघन करने में तत्पर होते हैं, भविष्यवाणी करने में और दूसरों मन के गुप्त रहस्यों के जानने वाले होते हैं, विश्वास पात्र, दानी-सत्यवक्ता और निष्काम काम करने वाले, कई प्रकार की विद्या को जानने वाले, स्वतन्त्र रुचि वाले, किसी के ऊपर विश्वास न करने वाले और शांत स्वभाव, बिना कहे किसी बात में न बोलने वाले ईश्वर संबन्धी विषयों में तत्पर और दिमागी काम करने वाले होते हैं, पहली अवस्था में पिता को सुख कम, पिता की विपत्ति के कारण इसका भाग्योदय नहीं होता, अपने परिश्रम द्वारा धन कमाता है, इसके भाई कम हों, संबंधियों से प्रेम रहे, संतान कम होती है, दुश्मन बने रहते हैं, देवताओं और ब्राह्मणों का सेवक हो, यात्रा आदि बहुत करे। ८-१२-१५-२६-३८-४० वर्ष में कष्ट भोगे और यदि बच जाए तो ७५ वर्ष की आयु भोगे।

मकर लग्नम्—इस लग्न वालों का प्रायः सेवा करना धर्म है, जिस काम को करने की रुचि हो उसको दृढ़ता और शांति से करते हैं, परिश्रमी अधिक होते हैं, कभी मलीनचित्त और ईर्ष्या द्वेष से युक्त भी हो जाते हैं, किसी समय शूरवीरता और दृढ़ता से बड़े भारी काम को भी कर लेते हैं। चलना-फिरना कुछ अजीब व चतुर हो, परन्तु बोलते-२ वाणी में कुछ रुकावट सी हो जाती है, संशयात्मक बुद्धि और उदासीनता में रहते हैं, इनका जीवन हर्ष से व्यतीत नहीं होता, मित्रों में स्वतन्त्रता और दूसरे पुरुषों से लज्जा युक्त रहना, शत्रु को क्षमा करना, शत्रुता न भूलना, मित्रों से युक्त व्यवहार करते हैं, हरेक बात को सोच-समझकर करते हैं, काम में लगे रहना, व्यापार द्वारा धन अधिक प्राप्त करते हैं, भाई-बहिन बहुत होते हैं, सम्बन्धियों व भाई-बहिनों से सुख नहीं, पिता का सुख भी विशेष नहीं होता, कई विवाह होते हैं परन्तु विवाह होने के समय बहुत अड़चनें होती हैं। स्त्री प्रसन्न रहे, संतान थोड़ी होती है, खांसी और वायु रोग से दुःखी हो। ३-१८-२०-२४-३०-४२ वर्ष में कष्ट भोगे, बचे तो ५६ वर्ष की आयु भोगे।

कुम्भ लग्नम्—इस लग्न वाले को साहित्यकला, कौशल और दर्शनों के गुप्त रहस्यों का शौक होता है, लेखक और वक्ता भी अच्छा होता है, प्रेम करने की चाहना भी होती है, खासकर वृद्धावस्था तक अपनी पत्नी से प्रेम रखता है, एकांत सेवी होता है, अन्य लोगों से मेल-जोल बहुत कम रखता है, अच्छे-२ मित्र होते हैं, इच्छा शक्ति प्रबल होती है, बड़ी-२ मुश्किलों का सामना करके अपने काम को कर लेता है, प्रसन्नात्मा होता है, दौलत और मरतब हासिल करने में बहुत परिश्रम करने पर भी कामयाब नहीं होता, क्योंकि इसके कई गुप्त दुश्मन और गुप्त साजिशें बनी रहती हैं। कुटुम्ब के मनुष्यों से जायदाद व धन संबंधी सहायता और मित्रों द्वारा अपने मरतबे की सहायता इसके दुःख का कारण होती है। मकान के रुपये की खातिर लम्बी-२ यात्रा होती है, कभी-२ इसके संबंधी खासतौर पर इसका भाई कारोबार में कष्ट का कारण होता है, इसकी आमदनी कई कारणों से गुप्त रूप में होती है। सरकारी फौज की तरफ से गुप्तचर होता है, भाई-बहिन इसके कम होते हैं, अगर हों तो सलूक अच्छा नहीं होता, अक्सर कई बार भाई के साथ झगड़ा हो जाता है, पिता का देहान्त जल्दी हो जाता है। इसके संतान कम होती है, किसी समय जोड़े पैदा होते हैं, संतान से सुख कम, खासकर पहली संतान का दुःख होता है, इसकी शादी खानदानी रिश्ता या गवैया स्त्री से होती है, सम्बन्ध का लाभ हो, स्त्री विद्या को जानने वाली कन्या हो और वृश्चिक राशि वालों से दुःखी हो। ६-११.१६-२५-३६-४० वर्ष में दुःखी और कष्ट पाये, यदि बच जाए तो ४५ वर्ष उम्र होने की आयु भोगे।

मीन लग्नम्—इस लग्न वाले प्रायः देवता के समान प्रकृति वाले होते हैं और यह लग्न मनुष्य का बहुत कम होता है, अपने जीवन में मान और प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं, प्रायः विद्वता और कला कौशल इनके जीवन का आधार होता है। प्रसिद्ध लेखक नए विचारों से कई प्रकार की बातों को प्रकट करते हैं और उसका पूरा फल प्राप्त करते हैं, इसके विचारों का प्रभाव दूसरे के चित्त पर बहुत जल्दी पड़ जाता है, कई बार इसके विचार अपने ही दुःख का कारण बन जाते हैं, इस लग्न वाला ज्ञानहीन नहीं होता, साहित्य और संगीत विद्या में बहुत निपुण होते हैं, भोग में इनकी प्रवृत्ति अधिक होती है, संतान बहुत अधिक होती है और भाग्यवान होती है। दानी और पुण्यात्मा लोगों के साथ सहानुभूति रखते हैं। अपने स्वार्थ के लिए दूसरों पर अन्याय करना पसन्द नहीं करते, अधिकार को प्राप्त करने पर भी सदा न्याय करते हैं, क्रोध जल्दी नहीं करते और शांत भी जल्दी नहीं होते, धन प्राप्ति के लिए कई प्रकार का कारोबार करते हैं और उसमें कामयाब भी हो जाते हैं, इसके भाई-बहिन अधिक होते हैं और इसके सम्बन्धित सहायक होते हैं। भाई व बहिन किसी की अकाल मृत्यु हो जाती है, माता-पिता का सुख कम होता है, पिता अकाल मृत्यु से मरता है, अधिक प्रतापशाली, व्यापार में लाभ, कर्णपीड़ा, विदेश में दुःखी हो। ४-२५-२०-३२-३८ और ४० वर्ष में कष्ट से बचे तो ८० वर्ष की आयु भोगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ज्योतिष सम्बन्धी लाल किताब के कुछ अनुभूत योग

ज्योतिष की लाल किताब के अनुसार केवल एक ही ग्रह अथवा रेखा को देखकर किया हुआ निर्णय कोई सम्पूर्ण निर्णय नहीं होता बल्कि कई बार इससे संदेह उत्पन्न होने की सम्भावना भी बनी रहती है। प्राचीन प्रचलित ज्योतिष में लग्नगत एवं अन्य भाव राशियों के अनुसार ही ग्रहों की स्थापना की जाती है। जबकि लाल किताब में राशियों एवं ग्रहों के पक्के (स्थिर) घर निर्धारित किये गए हैं। अर्थात् लाल किताब में प्रथम द्वितीयादि भावों में स्थित ग्रहों की स्थिति एवं दृष्टि अनुसार ही फलादेश का वर्णन किया गया है। "संक्षिप्त लाल किताब" हेतु हमारे यहां से "भृगु ज्योतिष" नामक पुस्तक संख्या में जो चार भागों में उपलब्ध है जिनका मूल्य १००) रुपये।

शुभ एवं अशुभ ग्रह

लाल किताब में फलादेश और उपायों का आधार मुख्यतः शुभ एवं अशुभ ग्रहों को माना गया है। जो ग्रह सर्वोच्च, मूलत्रिकोण स्वराशि या मित्र राशि में शुभ ग्रहों से युक्त अथवा शुभ ग्रहों द्वारा (५, ९, ७वें) दृष्ट हों, वह ग्रह जन्म कुण्डली में शुभ माने जाते हैं। जो ग्रह कुण्डली में नीच या शत्रु राशि में स्थित हों अथवा अशुभ स्थानों (६, ८, १२वें) के स्वामी होकर पापी ग्रहों से युक्त अथवा पापी ग्रहों द्वारा (४ या ८वीं दृष्टि से) दृष्ट हों, तो वह अशुभ कहे जायेंगे।

जन्म कुण्डली में स्थित शुभ अथवा अशुभ ग्रह अपनी स्थिति भावेश एवं कारकत्व के अनुसार ही अपना शुभ-अशुभ फल प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त कुण्डली में स्थित ग्रहों की दशा अन्तर्दशा एवं गोचर ग्रहों के प्रभाव वश भी कुण्डली स्थित ग्रहों के शुभत्व एवं अशुभत्व में न्यूनाधिकता आती रहती है। जन्म कुण्डली या वर्ष कुण्डली में शुभ ग्रहों के फल में वृद्धि तथा अशुभ ग्रहों के सम्भावित अनिष्ट फल की निवृत्ति के लिए 'लाल किताब' में कुछ अपने ही ढंग के अपूर्व उपायों का उल्लेख किया है। आगे हम ग्रहों के प्रत्येक भाव में शुभाशुभ फल उपाय सहित वर्णन करते हैं। ध्यान रहे 'लाल पुस्तक' में वर्णित ज्योतिष की ग्रामर व फलादेश सम्बन्धी अन्य नियमों का सामूहिक रूप से अनुशीलन करने के पश्चात् ही फलादेश सम्बन्धी अन्तिम निर्णय पर पहुंचा जा सकता है।

बृहस्पति

प्रथम भाव—प्रथम भाव में यदि शुभ होकर स्थित हों, तो जातक का भाग्य अपनी बौद्धिक शक्ति के प्रयोग पर निर्भर या सरकारी अफसरों के सहयोग से उन्नति होगी। बृहस्पति के पदार्थों जैसे सोना, पीतल, पुखराज, चने, हल्दी, धार्मिक कार्य कुल पुरोहित (पिता आदि) के सम्बन्ध से भाग्य चमकेगा। सन्तान सुख केतु की स्थिति पर निर्भर करता है। स्त्री का सुख शुक्र की स्थिति एवं राज दरबार (सरकारी कार्य सम्बन्धी) से लाभ सूर्य की स्थिति पर निर्भर करेगा। इसके अतिरिक्त जातक स्वस्थ शरीर, बुद्धिमान, दूरदर्शी, सम्मानित, पिता के भाग्य में वृद्धि कारक, अच्छा वकील, अकाउन्टैंट, डाक्टर, सम्पादक, भूमि सुख युक्त एवं उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है।

अशुभ होने पर अधूरी शिक्षा वाला, पिता से मनमुटाव, ऋणी, रक्त विकारी, अल्प धनी होता हुआ भी मान-प्रतिष्ठा पाने वाला होता है।

उपाय—किसी से दान न लेना तथा पूर्णिमा के दिन कुरुक्षेत्र, हरिद्वार आदि पर स्नान करना।

२. द्वितीय भाव में शुभ बृहस्पति हो, तो जातक उच्च शिक्षित, विद्या संस्थान, बैंक, अध्यापन, धनी सुन्दर स्त्री युक्त सफल व्यापारी, स्वतन्त्र विचारक, धार्मिक, लाटरी द्वारा अकस्मात धन प्राप्त करने वाला होता है।

अशुभ स्थिति में होने से माता-पिता को कष्ट देने वाला, स्त्री (या पति) से परेशान, चिन्तित मन वाला, कृतघ्न, कुलनाशक, अल्पधनी और राजदण्ड भोगने वाला होता है।

उपाय—(क) अपने मकान में कोई कच्चा मिट्टी का हिस्सा बनवाना। (ख) स्वयं केसर या हल्दी का तिलक करना शुभ है।

३. तृतीय भाव में शुभ बृहस्पति दयालु, बहुत भाइयों वाला, बहन-भाइयों एवं सम्बन्धियों के लिए शुभ, दूरदर्शी, ससुराल के लिए भाग्य कारक, उत्तम सन्तान, लेखक या विज्ञापनादि से धन लाभ, यात्राओं से लाभ प्राप्त करने वाला एवं दीर्घायु होता है।

तृतीय भावस्थ अशुभ बृहस्पति की स्थिति में जातक अपने स्वार्थ हेतु हर प्रकार के नैतिक एवं अनैतिक साधन अपनाने वाला, सन्तान से दुःखी, बहन भाइयों को दुःखी करने वाला, मित्र से धोखा करने वाला एवं बूढ़ों का निरादर करने वाला होता है।

उपाय—(क) अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु केसर या हल्दी का तिलक करना एवं (ख) श्री दुर्गा पूजन व कन्याओं को मीठा भोजन देकर आशीर्वाद ग्रहण करना।

४. चतुर्थ भाव में शुभ बृहस्पति हो तो जातक उच्च शिक्षित, मकान, भूमि, वाहनादि से युक्त, पालतू पशु रखने वाला, उत्तम व्यापारी, वकील, जज या नेतृत्व करने वाला, माता-पिता के लिए शुभ, लाटरी आदि से अचानक धन प्राप्त करने वाला होता है।

चतुर्थ भाव में अशुभ होने की स्थिति में जातक मांस, शराबादि का व्यसनी, बिगड़े कामों का खुद जिम्मेदार, परस्त्री गामी, वाहनादि से दुर्घटना का भय तथा इसे गृहस्थ सुख कम मिलता है।

उपाय—(क) स्वयं लाल बनियान पहनना या बनियान पर लाल रंग के चिन्ह लगा लेना, अपना शरीर नंगा न रखना एवं किसी के सामने न नहाना। धर्म मन्दिर में पूजा-पाठ करना तथा कुल पुरोहित का आशीर्वाद लेना तथा पीपल के वृक्ष को पानी देना कल्याणकारी होगा।

५. पंचम भाव में शुभ बृहस्पति हो, तो जातक बुद्धिमान, सम्मानित, उत्तम सन्तान से युक्त, व्यापारी अथवा सेना में उच्चाधिकारी, धनी कुल में उत्पन्न, भाग्यवान, लाटरी आदि से अकस्मात धन प्राप्त करने वाला होता है।

यदि बृहस्पति अशुभ हो, तो जीवन में बड़े उतार-चढ़ाव देखे, सन्तान सम्बन्धी दुःखी कुटुम्ब में निन्दित, घर में किसी की अल्प मृत्यु हो तथा जीवन के अन्तिम समय भयंकर यंत्रणा भोगनी पड़े, सन्तान के कारण धन नाश तथा जुए सट्टे में हानि होती है।

उपाय—अशुभ बृहस्पति के अनिष्ट निवारण हेतु गुरुवार को किसी धर्मस्थान पर लड्डू या बूंदी का प्रसाद चढ़ाना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्मपत्री निर्माण

ज्योतिष विद्या द्वारा फलादेश कथन करने के लिए जन्म कुण्डली या प्रश्न कुण्डली बनाना प्राथमिक आवश्यकता है। खेद का विषय है कि हमारे अधिकांश ज्योतिषी इस प्राथमिक ज्ञान को भी ठीक से नहीं जानते। ज्योतिष विषय की विधिवत् शिक्षा कुछ गिने-चुने विद्यालयों में ही दी जाती है। ऐसे विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त ज्योतिषाचार्यों तथा उनके शिष्यों को छोड़कर अधिकांश ज्योतिष व्यवसायी अधकचरे ज्ञान के बल पर ही काम चलाते है। धर्म प्राण आम जनता अपने कर्मकाण्ड, पूजा-पाठ और ज्योतिष सम्बन्धी कार्यों के लिए अपने पास के मन्दिर के पुजारियों पर ही निर्भर करती है। अधिकांश पुजारी गण का ज्योतिष ज्ञान नगण्य होता है। बहुत से तो पंचांग में जो साप्ताहिक कुण्डलियां प्रातः काल की दी होती हैं, उनकी नकल कर देते हैं। कुछ ज्यादा समझदार हुए तो दैनिक लग्न सारिणी से लग्न निकाल लेते है। ऐसे ही एक महाशय सूर्योदयादिष्टम के खाने में सूर्योदय लिखते है, बहुतों को पता नहीं है कि इष्टकाल क्या होता है, किस काम आता है। प्रत्येक पंचांग किसी स्थान विशेष के अक्षांश पर बना होता है और उसमें दिए लग्नों के समय, तिथि, वार, नक्षत्र, योग आदि के घटी-पल उसी स्थान विशेष के लिए होते हैं। किसी अन्य स्थान पर जन्मे व्यक्तियों के लिए उनमें परिवर्तन करना होता है। प्रत्येक पंचांगकर्ता अपने-अपने ढंग से इन प्रक्रियाओं को सरल करके समझाने का प्रयत्न करते हैं, फिर भी इस क्षेत्र में ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक है जिनको इन प्रारम्भिक विषयों की जानकारी नहीं के बराबर है। किसी ज्योतिषी से उनको पूछने में लज्जा लगती है। अतएव ऐसे व्यक्तियों को ध्यान में रखकर तथा ज्योतिष का प्रारम्भिक ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक जिज्ञासुओं के लिए विस्तार से बताया जा रहा है।

दैनिक लग्न सारिणी

सभी अच्छे प्रतिष्ठित पंचांगों में दैनिक लग्न सारिणी होती है, जिसमें प्रत्येक दिन की तारीख, वार, बारहों लग्नों का आरम्भ और समाप्ति काल दिया होता है। यह समय भारतीय स्टैंडर्ड टाईम में होता है और उस स्थान के लिए होता है जहां के अक्षांश पर पंचांग बना होता है। आर्यभट्ट पंचांग में यह सारिणी पृष्ठ संख्या ६६ से ७१ तक दी गई है और इसमें लग्नों का समय दिल्ली के लिए लागू होता है। साल दर साल इसमें विशेष अन्तर नहीं आता। स्थूल गणित के लिए इसका प्रयोग किया जा सकता है। अंग्रेजी तारीख के हिसाब से प्रतिवर्ष किसी विशेष तारीख को किसी विशेष लग्न का समय दिल्ली में प्रायः वही होगा। मान लो किसी का जन्म दिल्ली में २१ दिस. को मध्याह्न २ बजकर १५ मिनट पर हुआ है अथवा किसी प्रश्नकर्ता ने ज्योतिषी से प्रश्न किया है। आपको इसकी जन्म कुण्डली अथवा प्रश्न कुण्डली बनानी है। आपने दैनिक लग्न सारिणी देखी तो पाया कि २१ दिसम्बर को १३।२७ से १५।२ तक, अर्थात् अपराह्न १-२७ से ३-२ तक मेष लग्न है। आप मेष लग्न मानकर कुण्डली बना सकते हैं। परन्तु यदि जन्म समय या प्रश्न समय लग्न के आरम्भ या समाप्ति काल के आसपास १-३० बजे या ३ बजे का है तो सूक्ष्म गणित से लग्न का निश्चय कर लेना चाहिए। दिल्ली के अतिरिक्त अन्य स्थानों के लिए लग्नों का आरम्भ और समाप्ति काल निकालने के लिए पंचांग परिवर्तन पद्धति से गणित किया जाता है। इस गणित को उदाहरण देकर पृष्ठ ६५ पर समझाया गया है। इसे एक और उदाहरण देकर यहां भी समझाते हैं।

दैनिक लग्न सारिणी परिवर्तन उदाहरण

(१) १५ जुलाई को दिल्ली की लग्न सारणी से बीकानेर में तुला लग्न का आरम्भ तथा समाप्ति काल निकालना है तो—

		आरम्भ घं. मि. सै.		समाप्ति घं. मि. सै.
(i) १५ जुलाई को दिल्ली में तुला लग्न का आरम्भ व समाप्ति काल (पृष्ठ ६८)		१२ ३६ ००		१४ ५६ ००
(ii) बीकानेर का देशान्तर ऋण १५-४० है, अतः जोड़ा जायेगा देखिए अक्षांश सारिणी पृ. १०३	+	१५ ४०	+	१५ ४०
		१२ ५१ ४०		१५ ११ ४०
(iii) १५ जुलाई को रवि क्रान्ति २१।३७ उत्तर क्रान्ति है (देखिए सारिणी पृ. सं. ११४)। बीकानेर का अक्षांश उत्तर २८।१ है। चरान्तर सारिणी में (पृ. ११०) पर २८ अक्षांश के नीचे तथा २१ व २२ क्रान्त्यंश के सामने क्रान्ति उत्तर होने पर धन चरान्तर मिनट	+	० १ ००		० १ ००
(iv) बीकानेर में तुला लग्न का समय		१२ ५२ ४०		१५ १२ ४०

(२) २० जनवरी को दिल्ली की लग्न सारिणी से उज्जैन में कर्क लग्न का मान निकालना है।

उज्जैन का उत्तर अक्षांश २३।११ तथा देशान्तर ६ मिनट ऋण है। देशान्तर ऋण है इसलिए धन किया जायेगा। २० जनवरी की रविक्रान्ति २०-१८ दक्षिण है, चरान्तर सारिणी में २० क्रान्त्यंश के सामने २३ अक्षांश के कोष्ठक में चरान्तर मिनट १० दिये हैं जो दक्षिण क्रान्ति होने से ऋण किये जायेंगे।

		आरम्भ घं. मि. सै.	समाप्ति घं. मि. सै.
(i) २० जनवरी को दिल्ली में कर्क लग्न का मान		१७ १६ ००	१९ ३६ ००
(ii) देशान्तर संस्कार	+	० ६ ००	० ६ ००
		१७ २२ ००	१९ ४२ ००
(iii) चरान्तर संस्कार	—	० १० ००	० १० ००
(iv) उज्जैन में कर्क लग्न का मान	—	१७ १२ ००	१९ ३२ ००

दैनिक लग्न सारिणी परिवर्तन पद्धति

इष्टकाल

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दैनिक लग्न सारिणी परिवर्तन पद्धति

उदाहरण (१)—मान लो १० मई को बम्बई में कर्क लग्न का मान दिल्ली की दैनिक लग्न सारिणी से निकालना है—

	आरम्भ	समाप्ति
	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.
(१) दिल्ली में कर्क लग्न का मान (दैनिक लग्न सारिणी पृष्ठ ६७)	९ ५७ ००	१२ १७ ००
(२) बम्बई का देशान्तर :—ऋण ३८।४० (देखिए सारिणी पृ. १०३, पूर्व रेखांश ७२।५०) ऋण देशान्तर होने से धन किया जायेगा।	+ ० ३८ ४०	+ ० ३८ ४०
(३) चरान्तर : १० मई की रवि क्रान्ति (पृ. ११४) १७।२६ उत्तर चरान्तर सारिणी पृ. ११० पर १७ क्रान्त्यंश के सामने अक्षांश १८ के नीचे देखा। बम्बई का उत्तर अक्षांश १७।५५ है, १८ के लगभग है (अक्षांश सारिणी पृ. १०३) चरान्तर मि. उत्तर क्रान्ति होने से धन है।	+ ० १५ ००	+ ० १५ ००
(४) बम्बई में कर्क लग्न का मान	१० ५० ४०	१३ १० ४०

उदाहरण (२)—मान लो ८ दिसम्बर को इलाहाबाद में वृष लग्न का मान निकालना है।

(१) इलाहबाद : (पृष्ठ १०२ अक्षांशादि सारिणी से) उत्तर अक्षांश २५।२८ देशान्तर +१८-३२

(२) ८ दिसम्बर : (पृ. ११० रवि क्रान्ति सारिणी से) रवि क्रान्ति २२।४० दक्षिण

(३) चरान्तर मिनट : २२।४० दक्षिण क्रान्ति है, २३ क्रान्त्यंश के सामने २५ अक्षांश के नीचे ८ मिनट है तथा २६ के नीचे ६ मिनट हैं। हमें २५।२८ के लिए दोनों के बीच के २५ व २६ के चरान्तर मिनट लेने हैं, अतः ७ मिनट लेंगे जो दक्षिण क्रान्ति होने से ऋण किए जाएंगे।

	आरम्भ	समाप्ति
	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.
(१) दिल्ली में वृष लग्न का मान दैनिक लग्न सारिणी पृष्ठ ७० से	१५ ५५ ००	१७ ५० ००
(२) देशान्तर धन है ऋण किया जायेगा	— १८ ३२	— १८ ३२
(३) चरान्तर	— ७ ००	— ७ ००
(४) इलाहाबाद में लग्न का मान	१५ २९ २८	१७ २४ २८

इष्टकाल

आजकल समय जिन घड़ियों में देखा जाता है उनमें घण्टों की गिनती मध्याह्न १२ बजे के बाद तथा मध्यरात्रि के बाद १ से १२ तक होती है, दिन २४ घंटे का होता है। जन्म समय इसी के अनुसार घंटे-मिनटों में बताया जाता है। तारीख रात को १२ बजे के बाद बदल जाती है, जबकि वार सूर्योदय से आरम्भ होता है। अब यदि किसी का जन्म सायकाल ५ बजकर ३५ मिनट पर हुआ है तो इसका अभिप्राय यह होता है कि मध्याह्न के बाद ५ घंटे ३५ मि. बीत गए हैं। लग्न निकालने के लिए हमें सूर्योदय का समय जानने की आवश्यकता होती है, क्योंकि हमारा दिन सूर्योदय से आरम्भ होता है। सूर्योदय का समय हर स्थान का अलग-२ होता है। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग २४ घण्टे में एक बार घूम जाती है (२३ घण्टे ५६ मि. १५ सै.) और ३६५ दिन ६ घण्टे ९ सै. में सूर्य का एक चक्कर पूरा करती है। आकाशीय क्रान्ति वृत्त की बारहों राशियां २४ घण्टे में इसके सामने से निकलती हैं। बारह राशियों में से जो राशि पृथ्वी के उस भाग के क्षितिज पर होती है, वह उस समय की लग्न होती है। सूर्य जिस राशि के जितने अंश पर होता है, सूर्योदय के समय क्षितिज पर वही राशि उतने ही अंशों पर उदय होती है और जैसे-२ सूर्य आकाश में चढ़ता जाता है क्षितिज पर आगे की राशियां उदय होती जाती हैं। पूर्वी क्षितिज पर जो राशि होती है वही उस समय की लग्न कहलाती है। क्षितिज उस स्थान को कहते हैं जहां पृथ्वी और आकाश मिलते दिखाई देते हैं। सूर्य पूर्वी क्षितिज पर उदय होता है और पश्चिमी क्षितिज पर अस्त होता है। किसी समय की लग्न जानने के लिए उस स्थान का सूर्योदय जानना जरूरी होता है।

सूर्योदय से जन्म समय या प्रश्न समय अथवा इष्ट समय तक के काल को इष्टकाल कहते हैं। यह अवधि घंटे-मिनटों में नहीं बल्कि घड़ी-पलों में होती है। इस प्रकार इष्टकाल निकालना बहुत सरल है। जन्म समय में से सूर्योदय घटाकर ढाई गुना कर देने से इष्टकाल आ जाता है। इसके कुछ उदाहरण नीचे देखिए।

उदाहरण (१)—मानलो आपने २५ जून को प्रातः ११-३५ पर दिल्ली में जन्मे व्यक्ति का इष्टकाल जानना है तो आर्यभट्ट पंचांग से २५ जून का सूर्योदय लिया। आर्यभट्ट पंचांग दिल्ली के अक्षांश पर बनाया गया है और इसमें दिया सूर्योदय दिल्ली का है। २५ जून का सूर्योदय ५-२८ है। ध्यान रहे कि सूर्योदय भी भारतीय स्टैण्डर्ड समय में दिया गया है और जन्म समय भी भा. स्टै. टा. में है। इसलिए इस गणित में दिल्ली का भा. स्टै. टा. से स्थानीय अन्तर २१ मि. ४ सै. घटाने की आवश्यकता नहीं होती। कुछ ज्योतिषी अकारण इस गणित में स्थानीय अन्तर घटा-बढ़ा कर अर्थ का अनर्थ कर देते हैं। स्थानीय अन्तर का ऋण धन संस्कार दिनमान में इष्टकाल निकालते समय किया जाता है।

	घं.	मि.	
(१) २५ जून को जन्म समय	११	३५	भा.स्टै.टा.
(२) २५ जून का सूर्योदय घटाया	—५	२८	,,
	६	०७	
६-०७ का ढाई गुना किया	६	०७	
	३	०३	३०
इष्टकाल घड़ी पल विपल में	१५	१७	३०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

उदाहरण (२)—दिल्ली जन्म स्थान
१० दिसम्बर को सायं ८-४५ का इष्टकाल निकालना
सायंकाल ८-४५ में १२ जोड़कर २०-४५ लिखा जाता है।

	घं. मि.	
(१) १० दिसम्बर को जन्म समय मध्याह्न के बाद के समय में १२ जोड़कर लिखें	२० ४५	भा. स्टै. टा.
(२) १० दिसम्बर का दिल्ली का सूर्योदय घटाया	— ६ ०८	,,
१४-३७ को ढाई गुना किया	१४ ३७	
	१४ ३७	
	७ १८ ३०	
(३) इष्टकाल घड़ी पल विपल में	३६ ३२ ३०	

६० विपल का एक पल, ६० पल की एक घड़ी और ६० घड़ी का अहोरात्रि (पूरा दिन-रात) होता है।

उदाहरण (३)—१२ दिसम्बर को मध्यरात्रि के बाद १३ दिसम्बर में ५-२१ पर दिल्ली में जन्मे व्यक्ति का इष्टकाल निकालना है। मध्यरात्रि के बाद के घण्टों में २४ जमा करके लिखा जाता है। जन्म समय से पहले का सूर्योदय १२ दिसम्बर का लिया जायेगा।

	घं. मि.	
जन्म समय मध्यरात्रि उपरान्त १३ दिसम्बर	५ २१	भा. स्टै. टा.
२४ जमा करके लिखा	२९ २१	
सूर्योदय १२ दिसम्बर का घटाया	— ७ ०८	,,
२२ घण्टे १३ मिनट के घड़ी पल बनाये	२२ १३	
ढाई गुना किया	२२ १३	
	११ ०६ ३०	
इष्टकाल—घड़ीपल विपल में	५५ ३२ ३०	

सूर्योदय से एक मिनट पहले भी जन्म हुआ हो तो भी जन्म पिछले दिन में ही माना जायेगा। जैसे उपरोक्त उदाहरण में यदि जन्म ७ बजकर ७ मिनट पर हुआ होता तो भी इसमें २४ जोड़कर ३१-७ में से १२ दिसम्बर का सूर्योदय घटाकर ही इष्टकाल निकाला जाता। इष्टकाल कभी ६० घड़ी से अधिक नहीं आता, ६० से कम ही आता है। इसी प्रकार सूर्योदय पर या सूर्योदय के एक मिनट बाद भी जन्म हो तो उसी दिन का जन्म माना जाता है और जो सूर्योदय हो चुका है, वही घटाकर इष्टकाल निकाला जाता है। जैसे १३ दिसम्बर को जन्म समय ७-९ हो तो इष्टकाल २½ पल होगा। यदि समय का बहुत सूक्ष्म हिसाब रखा हो तो सूर्योदय से एक सैकिण्ड पहले तक पिछला दिन लिया जाता है और सूर्योदय के एक सैकिण्ड बाद वही दिन लिया जाता है। परन्तु ऐसे उदाहरणों में सूर्योदय भी सूक्ष्म गणित से सैकिण्डों तक निकालना पड़ता है।

सूर्योदय परिवर्तन पद्धति

उपरोक्त उदाहरणों में यह बताया गया है कि दिल्ली में जन्मे व्यक्तियों का दिल्ली अक्षांश पर आधारित श्री आर्यभट्ट पंचांग की सहायता से इष्टकाल कैसे निकाला जाता है। अब आपको यह बताया जायेगा कि दिल्ली के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर जन्मे व्यक्तियों का दिल्ली के पंचांग से इष्टकाल कैसे निकाला जाता है। दिल्ली के सूर्योदय की सहायता से जन्म स्थान का सूर्योदय निकालने की विधि बताई जा रही है, यह काफी सरल है। जैसे हमने दिल्ली में लग्नों के आरम्भ व समाप्तिकाल की सहायता से अन्य स्थानों के लग्न अवधि काल निकाले थे, वैसे ही सूर्योदय भी निकाला जाता है। इसको कुछ उदाहरण देकर बताते हैं।

उदाहरण (१)—राम जो किसी का जन्म १२ अक्टूबर को प्रातः १०-२५ पर चण्डीगढ़ में हुआ है। आपको इसकी पत्री बनाने के लिए इष्टकाल निकालना है, तो पहले चण्डीगढ़ में १२ अक्टू. का सूर्योदय निकालना पड़ेगा। अक्षांशादि सारिणी (पृष्ठ १०२) से चण्डीगढ़ का विवरण लिया। उत्तर अक्षांश ३०।४०, देशान्तर १-२८ है, १२ अक्टूबर की रवि क्रान्ति ७-१२ दक्षिण क्रान्ति है। चरान्तर सारिणी में ७ दक्षिण क्रान्ति तथा ३१ उत्तर अक्षांश के अन्तर्गत चरान्तर मिनट २ है जो दक्षिण क्रान्ति होने से धन मिनट है। चण्डीगढ़ का उत्तर अक्षांश ३०।४० है, क्योंकि ३०½ से अधिक है, इसलिए ३१ के कोष्ठक में देखना ठीक रहेगा।

		घं. मि. सै.	
(१) सूर्योदय दिल्ली १२ अक्टूबर		६ २४ ००	भा.स्टै.टा.
(२) चण्डीगढ़ का देशान्तर ऋण है, अतः धन किया	+	० १ २८	
(३) चरान्तर मिनट	+	० २ ००	
(४) चण्डीगढ़ का सूर्योदय १२ अक्टूबर		६ २७ २८	,,

इष्टकाल का गणित उपरोक्त प्रकार से ही होगा—

जन्म समय प्रातः	१० २५ ००	,,
सूर्योदय चण्डीगढ़	६ २७ २८	
घड़ी पल बनाने के लिए ढाई गुना किया	३ ५७ ३२	
	३ ५७ ३२	
	१ ५८ ४६	
घड़ी पल विपल में इष्टकाल	९ ५३ ५०	

उदाहरण (२)—१५ मार्च को जयपुर में सायं ४-५० पर जन्म हुआ है। दिल्ली के पंचांग से जयपुर का सूर्योदय निकालना है। यहां एक बात बता देना आवश्यक है कि हम अपने उदाहरणों में साल का कोई जिक्र नहीं कर रहे हैं। तो कृपया ध्यान रखिए कि अंग्रेजी तारीख के अनुसार प्रत्येक वर्ष सूर्योदय किसी एक तारीख को किसी एक स्थान पर उसी समय पर होगा। जैसे इस उदाहरण में जयपुर में १५ मार्च को सूर्योदय प्रति वर्ष उसी समय पर होगा। इसलिए उदाहरणों में जन्म किसी वर्ष का हो कोई अन्तर नहीं पड़ता।

अक्षांशादि सारिणी से जयपुर का विवरण इस प्रकार है—उत्तर अक्षांश २६।५५ देशान्तर —५।३६ है। १५ मार्च की रवि क्रान्ति २-३१ दक्षिण है। उत्तर अक्षांश २६।५५

सबसे अधिक और रात न्यूनतम होती है। दुनिया का कोई नक्शा उठाकर देखो, भूमध्य रेखा ० अक्षांश भारत के दक्षिण में काफी दूर समुद्र पर होकर गुजरती है। कर्क रेखा

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoF-IKS

अक्षांशादि सारिणी से जयपुर का विवरण इस प्रकार है—उत्तर अक्षांश २६।५५ देशान्तर —५।१६ है। १५ मार्च की रवि क्रान्ति २-११ दक्षिण है। उत्तर अक्षांश २६।५५ को २७ मानकर देखा तो चरान्तर मिनट शून्य है।

		घं. मि. सै.
(१) १५ मार्च को दिल्ली का सूर्योदय		६ ३५ ०० भा. स्टै. टा.
(२) देशान्तर दिल्ली-जयपुर ऋण है, अतः धन किया	+	५ १६
(३) चरान्तर शून्य है		० ०
(४) सूर्योदय जयपुर भा. स्टै. टा. में		६ ४० १६ "

रवि क्रान्ति—अक्षांश

पृथ्वी गोल है। इस पृथ्वी रूपी गोले को उत्तर-दक्षिण बराबर विभाजित करने वाली रेखा भूमध्य रेखा है, जिसका अक्षांश ० शून्य है। इसके उत्तर भाग को उत्तर गोल तथा दक्षिण भाग को दक्षिण गोल कहते हैं। पृथ्वी के उत्तर भाग में ९० और दक्षिण भाग में ९० अक्षांश है। उत्तर-दक्षिण अंशों को अक्षांश कहते हैं। जैसे दिल्ली २८।३८ उत्तर अक्षांश पर स्थित है। अर्थात् भूमध्य रेखा से उत्तर गोल में २८ व २९ अक्षांश के बीच में स्थित है, प्रत्येक अक्षांश को ६० भागों में विभाजित किया गया है, उनमें दिल्ली २८वें अक्षांश के ३८वें भाग पर है। एक अक्षांश की दूरी लगभग ७५ मील होती है, इसलिए एक अक्षांश को भी आगे ६० छोटे भागों में विभाजित किया जाता है। पृथ्वी पर किसी स्थान की भौगोलिक स्थिति बताने के लिए उस स्थान के अक्षांश व रेखांश बताकर जानकारी दी जाती है।

किसी भी गोले को या अंडाकार पदार्थ को लम्बाई में अर्थात् उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव के मध्य स्थान से काटें तो उसका मध्य भाग एक ही निश्चित स्थान पर आयेगा। भूमध्य रेखा ० शून्य अक्षांश पर है, इसलिए भूमध्य रेखा एक ही स्थान पर हो सकती है। इसके दक्षिण ० से ९० अंश तक दक्षिण अक्षांश और उत्तर में उत्तरी ध्रुव तक ० से ९० अंश तक उत्तर अक्षांश है। आपने बचपन में लट्टू घुमाया होगा या घूमते हुए देखा होगा। लट्टू अपनी कीली पर तो घूमता ही है, साथ ही वह एक गोलाकार अंडाकार परिधि में भी चक्कर लगाता है। ऐसा करते समय वह अपने केन्द्रस्थान की तरफ थोड़ा झुका हुआ रहता है। पृथ्वी भी सूर्य के चारों ओर इसी प्रकार घूमती है और उसके इस बदलते झुकाव के कारण सूर्य उत्तरायण तथा दक्षिणायण होता रहता है। सूर्य के साथ पृथ्वी के इस झुकाव का जो कोण बनता है वह २३.५ अंश है। समझाने के लिए लट्टू का उदाहरण दिया है, परन्तु लट्टू तो पृथ्वी के धरातल पर घूमता है और पृथ्वी आकाश में अधर में घूमती है।

२१ मार्च को सायन सूर्य मेष राशि में अर्थात् पहली राशि में प्रवेश करता है। उस समय पृथ्वी का भूमध्य रेखा वाला भाग सूर्य के ठीक सामने होता है। रवि क्रान्ति शून्य होती है। दिन-रात उस समय पृथ्वी के मध्य भाग में बराबर होते हैं। उसके बाद सूर्य उत्तर गोल में ऊपर को चढ़ता जाता है और सूर्य की उत्तर क्रान्ति प्रतिदिन बढ़ती जाती है। २१ जून को सूर्य कर्क रेखा पर पहुंच जाता है। उस दिन सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करता है और उत्तर रवि क्रान्ति अपने चरम अंश २३ पर पहुंच जाती है। आकाशीय क्रान्ति पथ के साथ पृथ्वी का क्रान्ति पथ २३½' का कोण बनाता है। उस समय दिन सबसे अधिक और रात न्यूनतम होती है। दुनिया का कोई नक्शा उठाकर देखो, भूमध्य रेखा ० अक्षांश भारत के दक्षिण में काफी दूर समुद्र पर होकर गुजरती है। कर्क रेखा (Tropic of cancer) भारत में अहमदाबाद, भोपाल, रांची से कुछ उत्तर में होकर निकलती है। सूर्य जब कर्क रेखा पर होता है उस समय भारत के मध्य भाग उसके सीधे प्रभाव में होने से अधिकतम गर्मी की ऋतु का अनुभव करते हैं।

२१ जून के लगभग सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन होता है। २१ सितम्बर तक सूर्य भूमध्य रेखा पर ० अक्षांश पर पहुंच जाता है, तब उसकी उत्तर क्रान्ति भी कम होते-होते शून्य हो जाती है। इसके बाद भी सूर्य रहता तो दक्षिणायण ही है यानी दक्षिण की ओर ही जाने वाला, परन्तु २१ सितम्बर तक तो पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में था। इसके बाद वह दक्षिण गोलार्ध में प्रवेश करता है। इस समय सूर्य भारत से काफी दूरी पर पहुंच जाता है। अतः भारत में शरद् ऋतु आरम्भ हो जाती है। सूर्य निरन्तर दक्षिणायण रहते हुए दक्षिण गोल में अग्रसर होता रहता है और उसकी दक्षिण क्रान्ति २१ दिसम्बर तक चरम पर पहुंच जाती है।२१ सितम्बर को दिन-रात बराबर हो जाते हैं। २१-२२ दिसम्बर को दिन सबसे छोटा और रात सबसे बड़ी होती है। यहां से दिन बढ़ना शुरू होता है और इसी कारण २५ दिसम्बर को बड़े दिन का उत्सव मनाया जाता है। २१ दिसम्बर के लगभग सायन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और अपनी दक्षिण यात्रा के चरम बिन्दु मकर रेखा पर पहुंच जाता है। मानचित्र में मकर रेखा (Tropic of Capricorn) हिन्द महासागर में भारत से बहुत दूर दक्षिण में है। यह रेखा दक्षिण अमरीका के मध्य भाग, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के मध्य से होकर गुजरती है। सूर्य जब मकर रेखा पर होता है उस समय इन देशों में ग्रीष्म ऋतु होती है। भारत से दूर होने के कारण यहां मौसम ठंडा होता है। २१ दिसम्बर के बाद सूर्य उत्तर की ओर आने लगता है, वैसे सूर्य तो आकाश में स्थिर है, परन्तु पृथ्वी की गति में क्रान्ति में परिवर्तन के कारण वह इस प्रकार स्थान परिवर्तन करता प्रतीत होता है और बोलचाल तथा लिखने की भाषा में यही कहा जाता है कि सूर्य चल रहा है।

२१ दिसम्बर के लगभग सूर्य उत्तरायण हो जाता है, परन्तु २१ मार्च तक वह दक्षिण गोलार्ध में ही रहता है। २१ मार्च को सूर्य भूमध्य रेखा पर आ जाता है, २१ मार्च से २१ सितम्बर तक सूर्य उत्तर गोल में रहता है और २१ सितम्बर से २१ मार्च तक दक्षिण गोल में। २१ दिसम्बर से २१ जून तक सूर्य उत्तरायण रहता है और २१ जून से २१ दिसम्बर तक दक्षिणायण। सूर्य के इस परिवर्तन को आप अपने यहां के पूरब-पश्चिम क्षितिज में सूर्योदय व सूर्यास्त को देखकर अथवा ऊपर के आकाश में सूर्य के भ्रमण पर ध्यान देकर या अपने घर में आने वाली धूप तथा सूर्य की किरणों के बदलते कोणों को देखकर भी बड़ी आसानी से ज्ञात कर सकते हैं।

सूर्य के उपरोक्त उत्तरायण-दक्षिणायण होने से प्रत्येक स्थान पर सूर्योदय तथा दिनमान आदि में प्रतिदिन जो अन्तर आता है उसे चरान्तर द्वारा निकाला जाता है। इसमें सूर्य की उत्तर-दक्षिण क्रान्ति और प्रत्येक स्थान के उत्तर-दक्षिण अक्षांश के अनुसार भिन्न-२ परिवर्तन होते हैं। पंचांग में दी हुई चरान्तर सारिणी उत्तर अक्षांश ८ से ३१ तक के लिए है और भारत के किसी भी भाग के लिए प्रयोग में लाई जा सकती है। चरान्तर तथा रवि क्रान्ति सारिणी इस पंचांग के पृ. ११० व ११४ पर दी हुई हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रेखांश

यदि किसी स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा का उदय चन्द्र पर्वत से हुआ हो वह स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती हुई शनि के पर्वत पर चली गई हो तो ऐसी स्त्री विवाह के बाद अपने पति के अधीन रहती है। यदि स्त्री के दायें हाथ में भी ऐसी ही रेखा हो तो उसको उन्नति तथा भाग्योदय में सहायता प्राप्त होती है।

यदि स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा चन्द्र पर्वत से उत्पन्न होकर गुरु पर्वत पर गई हो तो वह धनी पुरुष की पत्नी होती है तथा उसे सुख, यश एवं विदेश गमन आदि से लाभ प्राप्त होते रहते हैं।

यदि विवाह रेखा में से एक शाखा हृदय-रेखा की ओर लटकी हुई हो परन्तु हृदय रेखा से मिली न हो तो ऐसी स्त्री का पति शराबी होता है और उसके नशे में अपनी पत्नी को दुःख देता है। स्त्री के हाथ और पांव की उंगलियां यदि टेढ़ी-बांकी हों तो वैधव्य अथवा हीनता का लक्षण समझना चाहिए। हृदय-रेखा शृंखलाकार होकर बीच में शनि क्षेत्र की ओर झुकी हुई हो तो ऐसी रेखा वाली स्त्रियों को पुरुषों की परवाह नहीं रहती।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवार व्रत विधि

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में अशुभ ग्रह की स्थिति हो अथवा अशुभ ग्रह की दशा अन्तर्दशा चल रही हो तो निम्नलिखित विधि अनुसार अनिष्ट ग्रह की शान्ति हेतु व्रत रखने से कल्याण होगा।

रविवार के व्रत की विधि—समस्त कामनाओं की सिद्धि नेत्र रोग और कुष्टादि चर्म व्याधियों के नाश एवं आयु व सौभाग्य की वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से प्रारम्भ करके एक वर्ष पर्यन्त अथवा कम से कम बारह व्रत करें। व्रत के दिन केवल गेहूं की रोटी अथवा गुड़ से बना दलिया घी शक्कर के साथ भक्षण करें। भोजन से पूर्व स्नानान्तर शुद्ध वस्त्र धारण करके **ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः** बीजमंत्र का पाठ पांच माला करें। **फिर रविवार कथा पढ़ें**। तत्पश्चात् सूर्य को गन्धाक्षत, लाल फूल, दूर्वायुक्त जल से निम्न मंत्र पढ़ते हुए अर्घ्य दें। **नमः सहस्त्रकिरण सर्वव्याधि विनाशन। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं संज्ञया सहितो रवे॥** फिर प्रदक्षिणा करके लाल चन्दन का तिलक लगाएं अन्तिम रविवार हवन के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को भोजन कराकर यथाशक्ति लाल वस्त्र फल पुष्पादि एवं दक्षिणा से प्रसन्न करें।

सोमवार के व्रत की विधि—यह व्रत श्रावण, चैत्र, वैशाख, कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष, चौदह वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि आर्द्रा नक्षत्र सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष माहात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री पुरुष को चाहिए कि प्रातःकाल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानानन्तर "ॐ नमः शिवाय"—आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों, सफेद चन्दन, पंचामृत अक्षत, सुपारी, फल, गंगाजल, बिल्व पत्रादि से शिव-पार्वती का पूजन करें और पूजनोपरान्त ब्राह्मण को दान दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमकरहित होना चाहिये। व्रत का उद्यापन भी उपरोक्त महीनों में करना श्रेयकर होता है। उद्यापन में दशमांश जप का हवन करके सफेद पदार्थ, दूध, दही, क्षीर, चांदी सफेद फलों का दान करना चाहिए। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति, धन, पुत्रादि सुखों की प्राप्ति होती है। सर्व प्रकार के कष्टों की निवृत्ति होती है।

मंगलवार के व्रत की विधि—सर्वप्रकार के सुखों, रक्त विकार, शत्रुदमन, स्वास्थ्य रक्षा, पुत्र प्राप्ति के लिए मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ सप्ताह तक अथवा यथा शक्ति जीवन पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें। भोजन नमक रहित एक समय ही करना चाहिए। इस व्रत से मंगल ग्रह के अरिष्ट दोष भी शान्त हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों, फलों, ताम्र बर्तन व नारियल द्वारा पूजा व दान करना चाहिए तथा श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। भौम ग्रह की शान्ति के लिए '**ॐ क्रां क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः**, की ५ मालाएं करनी चाहिए और गुड़, पीले लड्डुओं व लाल वस्त्र का दान करना चाहिए।

बुधवार के व्रत की विधि—बुधवार का व्रत बुध ग्रह की शान्ति तथा धन, बुद्धि, विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्र कालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार का करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहिनकर श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए बीजमंत्र **ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः** का पाठ करना चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित भोजन घी मूंग अथवा मूंग की दाल से बने मिष्ठान्न का दान करें तथा स्वयं भी इन्हीं वस्तुओं का भक्षण करें अन्तिम बुधवार मधुसर्पी, दधि और घृत के साथ हवन करें और हरे वस्त्र दो फल और मूंग का दान करें। गाय को हरा घास डालें।

बृहस्पति (गुरु वार) के व्रत की विधि—यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा वैवाहिक सुखों, विद्या, पुत्र संतान एवं धन प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम वीरवार का अनुराधा नक्षत्र हो तो और भी अच्छा है। यह व्रत १३ मास अथवा सात मास तक रख सकते हैं। व्रत के दिन स्नानोपरान्त पीले वस्त्र, पीला यज्ञोपवीत धारण करके बृहस्पति की पूजा स्वयं अथवा श्रेष्ठ ब्राह्मण द्वारा करवानी चाहिए। पादुका, उपानह, छाता, कमण्डलु रखे, पीले रंग के पुष्प, चने की दाल, पीले कपड़े, पीला चन्दन, हल्दी व पीले चावल, लड्डू आदि का भोग लगाना चाहिए। दान करके ही स्वयं एक समय खावें। नमक का प्रयोग न करें। इस दिन केले के वृक्ष का पूजन शुभ होता है। गुरु शांति के लिए **ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः** मंत्र की ५ माला का जाप करें। उद्यापन में दशमांश भाग का २८ समिधा व मधु सर्पी, घृत, दधि के साथ हवन करना चाहिए।

शुक्रवार के व्रत की विधि—यह व्रत धन विवाह संतानादि भौतिक सुखों को देने वाला है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप, दीप, श्वेत चन्दन, चावल, श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पूजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई, क्षीर, फलादि बांट दें। ग्रह शान्ति के लिए **ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः** की तीन माला का पाठ करें। स्वयं भी एक समय क्षीरादि श्वेत वस्तुओं का सेवन करें। नमक न प्रयोग करें। उद्यापनोपरान्त हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण बालकों को क्षीर चावलादि से युक्त भोजन कराने तथा श्वेत वस्त्र, खाण्ड, चावल, चांदी, फलादि सफेद पदार्थों का दान करें।

शनिवार के व्रत की विधि—यह व्रत शनिग्रह की अरिष्ट शान्ति तथा जीर्ण रोगों, शत्रुभय, आर्थिक संकट, मानसिक संताप का निवारण करता है और धन धान्य और व्यापार में वृद्धि करता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के शनिवार विशेषकर श्रावण मास लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराकर धूप गंध, नीले पुष्प, फल और नैवेद्य आदि से पूजन करें और **ॐ शं शनैश्चराय नमः** मंत्र की तीन माला का जाप करें, व्रत के दिन नीले वस्त्र धारण करें। एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, नीले पुष्प, लौंग, तेल, गंगाजल दूध डालकर पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर पीपल वृक्ष की जड़ में डाल दे। तत्पश्चात् शिवोपासना करें। १९ शनिवार करने के बाद उद्यापन के समय शनि स्तोत्र का पाठ जूते, जुराब, नीले रंग का वस्त्र, काले माश, चाकू और तेल से निर्मित वस्तुओं का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण को दें और स्वयं भी उड़दादि तथा तैल निर्मित पदार्थों का सेवन करें। राहु की शान्ति के लिए भी शनिवार का व्रत उपरोक्त विधिअनुसार करें और दान में नारियल भूरा कम्बल या वस्त्र दें तथा पक्षियों को बाजरा डालना चाहिए। राहु के बीज मंत्र का पाठ करना श्रेयकर होता है। **केतु ग्रह की शान्ति हेतु**—केतु के बीज मंत्र **ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः** की पांच माला का जाप तथा पूजा मंगलवार के व्रत जैसे करनी चाहिए।

सप्तधान्य(सतनजा)—१. काले माश(उड़द), २. मूंग, गेंहूं, चने, जौ, चावल, कंगनी।

अष्ट गंध—अगर, तगर, कस्तूरी, कुंकुम, कपुर, चन्दन, लौंग और गोरोचन।

ग्रह-भूमि विचार

लड़का होगा या लड़की

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गृह-भूमि विचार

शुभाशुभ भूमि विचार—जिस भूमि पर मकान बनाना है, उस भूमि में सूर्यास्त समय एक हाथ चौकोर और एक हाथ गहरा गड्ढा खोद कर जल से भर दें। प्रातः यदि जल रहे तो शुभ, नहीं रहे तो मध्यम, गड्ढा फट जाय तो अशुभ भूमि समझें।

नींव खोदने में पत्थर आदि मिलने का फल—नींव खोदने में पहले पत्थर, ईंट, धन, तांबा आदि मिलने से सुख लाभ। कपाल, हड्डी, कोयला, केशादि मिलने से कष्ट होता है।

मण्डलेश का निर्णय—गृह-स्वामी के हाथ से लम्बाई-चौड़ाई नाप कर दोनों के योग को दूना करके ८ से भाग देने पर शेष १ में इन्द्र, २ में विष्णु, ३ में यम, ४ में वायु, ५ में कुबेर, ६ में शिव, ७ में ब्रह्मा, ८ शेष में गणेश मण्डलेश होते हैं।

दूसरा प्रकार—लम्बाई-चौड़ाई के योग में ९ से भाग देने पर शेष १ में दाता, २ में भूपति, ३ में नपुंसक, ४ में चोर, ५ में विलक्षण, ६ में भोगी, ७ में धनाढ्य, ८ में दरिद्र एवं ९ में कुबेर मण्डलेश होता है।

चन्द्र-सूर्य-वेध-विचार—चन्द्रवेधी ग्रह होना चाहिए और सूर्यवेधी जलाशय होना चाहिए। हृद या वाटिका सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी दोनों शुभ मानी जाती हैं। पूर्व-पश्चिम लम्बा मकान सूर्यवेधी होता है और उत्तर-दक्षिण लम्बा मकान चन्द्रवेधी होता है। मकान चन्द्रवेधी शुभ होता है। चन्द्रवेधी मकान में धन और कुल की वृद्धि होती है। सूर्यवेधी मकान धन, कुल का नाशक होता है। बाग-बगीचा सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी दोनों प्रशस्त माना गया है। देवालय मन्दिर के लिए सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी का विचार नहीं होता।

शिलान्यास—पहले दक्षिण-पूर्व के कोण में नींव के अन्दर पूजा करके शिला की स्थापना करनी चाहिए, बाकी ४ शिलाओं को स्तम्भ-शिला के चारों तरफ स्थापित करना चाहिए।

राशि-द्वार का निर्णय—ब्राह्मण वर्ण (कर्क, वृश्चिक, मीन राशि वालों) को पूर्व दिशा का, क्षत्रिय वर्ण (मेष, सिंह, धनु राशि वालों) को उत्तर दिशा का, वैश्य वर्ण (वृष, कन्या, मकर राशि वालों) को दक्षिण दिशा का और शूद्र वर्ण (मिथुन, तुला, कुम्भ राशि वालों) को उत्तर दिशा का द्वार शुभ होता है।

गृह-द्वार का निर्णय—मकान के जिस भाग में द्वार करना हो, उस भाग के ९ भाग करके पाँच भाग दक्षिण और तीन भाग उत्तर में छोड़कर शेष भाग में द्वार बनाना चाहिए। वाम, दक्षिण का अर्थ मकान से निकलते समय का लेना चाहिए।

देव-मन्दिर के पास मकान बनाने का निषेध—ब्रह्मा के मन्दिर के बगल में तथा विष्णु, सूर्य, शिव-मन्दिर के सामने, जैन मन्दिर के पीछे, देवी-मन्दिर के किसी भी भाग में गृह बनाना शुभ नहीं होता है।

दरवाजों (किवाड़ों) का फल—कपाट (दरवाजा) स्वयं खुलता है तो उन्माद, स्वय बन्द हो तो कुल नाश, प्रमाण से अधिक हो तो राज-भय, प्रमाण से कम चोर-भय, कष्ट हो। द्वार के ऊपर द्वार नहीं रखना। किवाड़ पतले अशुभ, विशेष मोटे होने से क्षुधा-भय, टेढ़े होने से गृह-स्वामी को कष्ट, अन्दर की तरफ टेढ़े से स्वामी को मृत्युकारक, बाहर की तरफ टेढ़े होने से विदेश-वास, दूसरी दिशा में चोर-भय करता है।

लड़का होगा या लड़की

गर्भिणी के नाम के अक्षरों को तिगुना करें। उसमें घोड़ा के अक्षर, देश के अक्षर, वर्तमान तिथि जोड़ें। जोड़कर जो संख्या आवे उसमें ८ का भाग दें। यदि विषम अंक बचे तो लड़का, यदि सम अंक बचे तो लड़की होगी। ऐसा जानना चाहिए।

जन्म-कुण्डली जीवित की है या मृत की

जन्म-लग्न के अंक, प्रश्न-लग्न के अंक और जन्म-लग्न से आठवें भाव के अंक, इन तीनों का जोड़ करें। जो संख्या आवे उसमें जन्म-लग्नेश को गुणा करें। गुणनफल में अष्टमेश का भाग दें। यदि सम बचे तो मृत की और विषम अंक बचे तो जीवित की जाननी चाहिए।

अथ पक्षी शकुन-विचार

प्रश्नकर्त्ता अपने मन में विचार करके इस चिड़िया पर जो 'श्री' लिखी हैं उनमें से किसी एक पर उंगली धरे। उसका फल नीचे लिखे अनुसार समझना चाहिए—



चोंच दुःख पंखे मरण, कंठे मिलन समाज।
उदर सुभोजन पूंछ धन, मस्तक पावे राज॥
शुभ लक्षण पांवन परै, घर में मङ्गलचार।
प्रश्नोत्तर के समय यह, बुधजन करें विचार॥

लड़कियों की कुण्डलियों में आवश्यक विचार

योग नं० (१) अश्लेषा नक्षत्र तिथि २, शनिवार। नं. (२) तिथि ७ शतभिषा नक्षत्र, मंगलवार। (३) तिथि १२ कृत्तिका नक्षत्र, रविवार—इन योगों में पैदा हुई कन्या विषकन्या कहलाती है।

ग्रह-गति से वैधव्य (विषकन्या) योग

(१) जिस कन्या की जन्म-कुण्डली में ९ मंगल १ शनि ५ सूर्य हों।

स्त्री के बाँझ होने के योग

१—जिस स्त्री के जन्म-लग्न से आठवें सूर्य-चन्द्रमा अपनी राशि के हों।

२—जिस स्त्री की कुण्डली में १, ८, १०, ११ राशियों में चन्द्रमा शुक्र के साथ हो और पाप ग्रहों से देखा गया हो।

३—जिस स्त्री के सातवें सूर्य व राहु हों और शनि की पूर्ण दृष्टि हो तो बालक पैदा होकर मर जाते हैं।

४—जिस स्त्री के जन्म लग्न से आठवें चन्द्रमा और बुध अपनी राशि के हों तो स्त्री के एक ही प्रसव होता है।

पुरुष की मृत्यु पहले होगी या स्त्री की

पुरुष और स्त्री के नाम के अक्षर मिलकर दुगने करें और दोनों के नाम में जो मात्रा हों उसको चौगुनी करें। फिर अक्षरों की दुगनी की हुई संख्या तथा मात्राओं की चौगुनी की हुई संख्या, दोनों का जोड़ करें। जोड़कर जो संख्या आवे उसमें ३ का भाग दें। यदि शेष ०, १ रहे तो पुरुष की, यदि शेष २ रहे तो स्त्री की मृत्यु पहले होगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मृत्यु सूचक चिन्ह

पुष्पं यथापूर्वं रूपं फलस्येह भविष्यतः ।
तथालिंगमरिष्टाख्यं पूर्वं रूपमरिष्यतः ॥
नत्वरिष्टस्य जातस्य नाशोस्ति मरणादृते ।
'मरणं चापि तन्नास्ति यन्नारिष्टपुरःसरम् ॥

अर्थात् जिस तरह फल लगने वाले वृक्ष पर पहले फूल आता है, पश्चात् फल । इसी प्रकार मरण से पूर्व अरिष्टों द्वारा मरण काल, मृत्युकाल का परिचय मिलता है । शास्त्रों में वर्णित बहुशः मरण चिह्नों में से कुछ अरिष्टों का उल्लेख नीचे सप्रमाण दिया जाता है ।

(१) निजस्य प्रतिबिम्बस्य निश्चलेषूदकादिषु ।
उत्तमांगं न पश्येत् यःषण्मासेन विनश्यति ॥

अर्थात् स्थिर जल में जो व्यक्ति अपनी छाया मस्तक हीन देखे, वह छः महीने में मृत्यु को प्राप्त होगा ।

(२) करावरुद्ध श्रवणः संशृणोति न च ध्वनिम् ।
स्थूलः कृशः कृशः स्थूलस्तदामासान्निवर्त्तते ॥

हाथों के द्वारा दोनों कान बन्द कर लेने से बाहर का शब्द सुनाई नहीं पड़ता है, किन्तु कानों में वायु का एक प्रकार अस्पष्ट अव्यक्त शब्द सुनाई पड़ता है । यही स्वाभाविक नियम है, पर यदि यह स्वाभाविक शब्द भी जिसे न सुनाई पड़े, और यदि मोटा आदमी अकस्मात् दुबला और दुबला मोटा हो जाए तो एक महीने में वह मृत्यु को प्राप्त होगा ।

(३) विधाय कर्णनिर्घोषं न शृणोत्यात्मसम्भवम् ।
चक्षुषोर्नश्यतिर्ज्योतिर्यस्य सोऽपि न जीवति ॥

ऊपर कहे दूसरे नियमानुसार हाथों से कानों के बंद करने पर बाहर का कोई शब्द स्पष्ट नहीं सुन पटता पर अपने मुख से कहा हुआ शब्द स्पष्ट सुनाई देता है । यदि किसी को कान बंद करने पर अपने मुख से कहा हुआ शब्द भी सुनाई नहीं देता हो और नेत्रों की ज्योतिः अकस्मात् नष्ट हो जाए तो वह मनुष्य भी न बचेगा ।

(४) नासिका वक्रतामेति कर्णौयातोर्नतिपुनः ।
नेत्रं वाष्पं क्षरेद्र यस्य सगच्छेद् यममन्दिरम् ॥

नाक टेढ़ी हो गई हो, कान नीचे की ओर ढल पड़े हों और नेत्रों से जल बहता हो, चाहे एक से और चाहे दोनों से, ऐसा मनुष्य शीघ्र मृत्यु को प्राप्त होगा ।

(५) सुस्नातस्यापियस्याशु हृदयं परिशुष्यति ।
चरणौच करौचापि त्रिमासं तस्य जीवितम् ॥

स्नान करते ही जिसकी छाती का जल और हाथ पैर तुरन्त सूख जायें वह तीन महीने जीवित रहेगा ।

(६) माद्रेऽन्हिवासरे सूर्यछाया सूर्यस्यनिर्मलाम् ।
निश्चलाप्सुन पश्येत् यःषण्मासेन समृत्युमाक् ॥

भाद्रपद महीने के रविवार को दिन में जो मनुष्य जल में सूर्य की छाया न देख पावे, तो छः महीने में उसकी मृत्यु हो ।

(७) घृतेतैले तथादर्शे तोयेच तनुमात्मनः ।
अशिरस्कञ्चयः पश्येद् मासादूर्ध्वं न जीवति ॥

जिस मनुष्य को तये घी, तेल, दर्पण और जल में अपनी देह मस्तक रहित दिखाई पड़े, वह एक महीने से अधिक जीवित नहीं रहेगा ।

(८) यस्य वीर्यं मलं मूत्रं क्षुत्त नूनंनिरन्तरं ।
इहैकदा भवेद्वापि अब्दं तस्ययुरुच्यते ॥

जिस मनुष्य को वीर्य, मल, मूत्र और क्षुत एक साथ निकले तो समझ लो उसकी आयु एक वर्ष शेष है ।

(९) मूत्रं पुरीषं वायुश्च समकालं प्रजायते ।
तदासौचलितो ज्ञेयो दशाहे म्रियते ध्रुवम् ॥

जिस मनुष्य का मूत्र, मल, वायु (पाद) एक साथ चलते हों तो उसकी दस दिन में निश्चय ही मृत्यु होगी ।

(१०) मंथुने संप्रवृत्ते यो मध्येवान्ते क्षछिक्कति ।
निश्चितं पञ्चमेमासि धर्मराजातिथिर्भवेत् ॥

जिस मनुष्य को स्त्री संसर्ग में प्रवृत्त होकर, बीच में और अंत में छींक आये तो वह पांचवें महीने अवश्य धर्मराज का अतिथि होगा, अर्थात् उसकी पांचवें महीने मृत्यु होना निश्चित समझना चाहिए ।

(११) यस्यार्वस्नातगात्रस्य कपोलमाशु शुष्यति ।
पीतञ्चापि जलं पश्येत् दशाहं तस्य जीवनम् ॥

जिस मनुष्य के स्नान करते ही गाल तुरन्त सूख जायें और जो जल को पीले रंग का देखे, वह दस दिन मात्र ही जीवित रहेगा ।

(१२) यस्य वक्तेशवगन्धो गात्रे वसनयोरपि ।
तस्यायु मासमेकं स्यात् योगिनामपिनोऽधिकम् ॥

जिस मनुष्य के मुख, शरीर और वस्त्रों में मुरदे की सी गंध आती हो, वह चाहे योगी भी क्यों न हो, तो भी वह एक महीने भर ही जी सकेगा, अर्थात् एक महीने पश्चात् मर जाएगा ।

(१३) यस्यवै भुक्तमात्रस्य हृदयं वाध्यते क्षुधा ।
जायते दन्तहर्षश्च सगतायुर्न संशय ॥

जिस मनुष्य को भरपेट खा लेने के बाद भी भूख मालूम पड़े और दन्त हर्ष उत्पन्न हो तो उसकी आयु समाप्त हुई समझो ।

(१४) अहोरात्रं यदैकत्र बहते यस्य मारुतः ।
तदातस्य भवेदायुः सम्पूर्णं वत्सरत्रयं ॥

जिसके दोनों नासिका छिद्रों से एक साथ एक रात-दिन श्वास वायु प्रवाहित हो उसकी आयु तीन वर्ष में पूर्ण होगी ।

(१५) अहोरात्रं द्वयं यस्य पिङ्गलायां सदागतिः ।
तस्य वर्षद्वयं ज्ञेयं जीवितं तत्ववेदिभिः ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

जिस मनुष्य के दक्षिण नासिका छिद्र से ही दो रात-दिन लगातार श्वास चलता रहे, उसको दो वर्ष तक जीवित समझो अर्थात् दो वर्ष के बाद मर जाएगा।

(१६) त्रिरात्रं बहते यस्य वायु रेकपुरे स्थितः।
सम्वत्सरं यावदायुः स्यात् वदन्ति मनीषिणः॥

यदि किसी मनुष्य के किसी* एक नासिका छिद्र से तीन दिन-रात श्वास वायु बहती रहे तो उसकी आयु एक वर्ष मनीषियों ने बताई है।

(१७) एकादिषोडशाहेषु यदि भानुर्निरन्तरम्।
वहेत् यस्य च व मृत्युः शेषाहेन च मासिकः॥

यदि किसी मनुष्य का एकादि क्रम से १६ दिन दक्षिण नासिका छिद्र से श्वास वायु प्रवाहित हो तो उसकी मृत्यु एक महीने में होगी।

(१८) सम्पूर्णं बहते सूर्यचन्द्रमानैव दृश्यते।
पक्षेण जायते मृत्युः कालज्ञानेन भाषितम्॥

यदि किसी के दक्षिण नासिका छिद्र से पूरे दिन श्वास वायु बहती रहे और एक बार भी वाम नासिका से न बहे तो पक्ष वा १५ दिन में उसकी मृत्यु होगी, ऐसा कालज्ञानी महात्मा कहते हैं।

(१९) सम्पूर्णं बहते चन्द्रः सूर्यो नैव च दृश्यते।
मासेन दृश्यते मृत्युः कालज्ञानेन भाषितम्॥

यदि किसी मनुष्य के वाम नासिका छिद्र से पूरे दिन श्वास वायु बहता रहे और एक बार भी दक्षिण नासिका से बहता न दीखे तो एक महीने में उसकी मृत्यु होगी, ऐसा कालज्ञानी महात्मा कहते हैं।

(२०) रात्रौचन्द्रोदिवासूर्यो बहेत् यस्यनिरन्तरम्।
विजानीयास्तस्य मृत्युः षण्मासाभ्यन्तरेध्रुवम्॥

जिस मनुष्य के वाम नासिका से रात्रि में और दक्षिण नासिका से दिन में बराबर श्वास चलता रहे, उसकी मृत्यु छः महीने के भीतर निश्चय जानो।

(२१) अरुन्धतीं ध्रुवञ्चैव विष्णोस्त्रीणिपदानिच।
आयुर्हीना न पश्यन्ति चतुर्थं मातृमण्डलम्॥

जिस मनुष्य की आयु हीन अर्थात् समाप्त हो जाती है, उसे अरुन्धती, ध्रुव तारा, विष्णु के तीन पद और चौथा मातृमण्डल दिखाई नहीं पड़ते।

सूचना—यह तारागण आकाश में सदैव उदय होते हैं, पुराने आदमी बहुधा इन्हें जानते हैं, जो न जानते हों वे किसी से पूछकर जान सकते हैं।

---

*सब लोग यही जानते हैं कि दोनों नासिका छिद्रों से एक साथ ही समान श्वास वायु चला करती है, पर यह लोगों का भ्रम है। एक-एक घण्टे एक नासिका छिद्र से प्रबल रूप से और दूसरे एक छिद्र से बहुत ही निर्बल अथवा नहीं के समान श्वास वायु बहता है। पर दोनों से समान वायु कभी-कभी ही बहा करती है, जो भी परमायुनाशक और विपद आदि का पूर्व रूप होता है। इस विषय को विस्तार रूप से जिन्हें देखना हो वह हमारी "मनोकामना सिद्धि" और "अनौषधि चिकित्सा" नामक ग्रन्थ में देखें।

दूसरी बात इन सबको मनुष्य देह में भी स्थित बताया है यथाहि.

(२२) अरुन्धती भवेज्जिह्वा ध्रुवो नासाग्रमुच्यते।
भ्रुवोर्मध्ये विष्णु पदं तारके मातृमण्डलम्॥

अर्थात् जीभ को अरुन्धती, नासिका का अग्रभाग ध्रुव, दोनों भौहों के बीच का भाग विष्णु पद, और आंखों का तारा मातृमण्डल कहलाते हैं।

जो मनुष्य इन सबको अपनी आंखों से बिना दर्पण आदि के नहीं देख सकता उसकी मृत्यु समीप अर्थात् आयु समाप्त समझनी चाहिए।

आवश्यक वक्तव्य

ऊपर कहे हुए पदार्थों में से आंख का तारा बिना बताये अपने नेत्रों से नहीं देखा जा सकता। अतः इसके लिये महापुरुषों ने एक सहज उपाय बताया है और वह यह कि नेत्र बन्द करके नेत्र के कोने व कोरों को किसी भी अंगुली से किञ्चित् दबाओ, तो जिस कोने को दबाओगे उसके सम्मुख विपरीत दिशा में आंखों के मध्यवर्ती तारा की आकृति एक गोल ज्योति मण्डल दीख पड़ेगा। इसे मातृ-मण्डल कहते हैं, यद्यपि यह सदैव ऐसा करने पर दिखाई दिया करता है, पर जिसकी मृत्यु सन्निकट होती है उसे नहीं दिखाई देता।

(२३) दन्ताश्चवृषणौ यस्य न किञ्चिदपि पीड्यते।
तृतीये मासिचावश्यं कालग्रासो भवेन्नर॥

जिस मनुष्य के दांत और अण्डकोश को जोर से दबाने पर कुछ भी वेदना नहीं होती वह ३ महीने में अवश्य मृत्यु को प्राप्त होगा।

(२४) मध्यमांगुलिनां त्रितयं वक्रंयातिरुजम्बिना।
षण्मासैतस्यमृत्युः स्याद्यस्यकण्ठोऽपिशुष्यति॥

जिस मनुष्य के हाथ की बीच की तीन अंगुलियां तर्जनी, मध्यमा और अनामिका बिना किसी कारण के टेढी हो जायें, और बिना किसी रोग के जिसका गला सूखता हो तो उसकी छः महीने में निश्चय मृत्यु होगी।

(२५) वाष्पं पुरीष मूत्राणिपश्येद्रूप्यसुवर्णवत्।
प्रत्यक्षमथवा स्वप्ने दशमासोऽत्र जीवति॥

जो मनुष्य जाग्रत वा निद्रितावस्था वा स्वप्न में मलमूत्र, सुवर्ण तथा चांदी के समान देखे, वह १० महीने में मरेगा।

(२६) मर्त्यैर्लक्षितलक्षणैर्हिसलिले भानुर्यदादृश्यते।
क्षीणोदक्षिणपश्चिमोत्तरपुर षट्त्रिद्विमासैकतः॥

मध्यं छिद्रमिदंभवेत् दशदिनं धूमाकुलंतद्दिने।
सर्वज्ञैरपि भाषितं मुनिवरैरायुः प्रमाणं स्फुटम्॥

सर्वज्ञ मुनिवर कहते हैं कि जिस मनुष्य को जल में सूर्य की छाया दक्षिण की ओर कटी दीखे तो वह छः महीने, पश्चिम की ओर कटी दीखे तो तीन महीने और उत्तर की ओर कटी दीखे तो दो महीने में और पूर्व की ओर कटी दीखे तो एक महीने में, छाया के बीच में छिद्र दीखे तो दस दिन में और छाया को धुंए के रंग देखे तो उसी दिन मृत्यु होगी।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(२७) जो मनुष्य दीपक बुझने पर उसकी गंध नहीं अनुभव करता और रात्रि में अग्नि देखकर भय मानता है वह छः महीने से अधिक जीवित नहीं रह सकता।

(२८) जिसके शरीर से अग्नि की गन्ध आती हो वह एक महीने के बाद मर जायेगा।

(२९) दक्षिण की मुट्ठी बन्द करके नाक की सीध में और भौंहों के बीच में नेत्र के सम्मुख रखकर हाथ की कलाई को देखा जाता है तो वह बहुत ही पतली दिखाई पड़ती है यही स्वाभाविक नियम है। परन्तु मृत्यु के छः महीने पहले से कलाई पतली मिली हुई नहीं दिखाई देती किन्तु अलग सी दिखाई देने लगती है।

(३०) जिस मनुष्य के स्तन का चर्म असाद हो वह पांच महीने में यमालय में पहुंच जायेगा अर्थात् पांच महीने में मर जायगा।

(३१) जिस मनुष्य की छाती स्नान करते ही तुरन्त सूख जाय उसकी मृत्यु छः महीने में अवश्य होगी।

स्वप्न फल विचार

मृत्यु से पूर्व जिस प्रकार शारीरिक विकार के पीछे कहे हुए लक्षण प्रकट होते है, उसी प्रकार अरिष्टजनक स्वप्न भी दिखाई पड़ते हैं। स्वप्नों का वर्णन वेद तक में पाया जाता है। मनुष्य जागृत अवस्था में जिन-जिन विषयों का चिन्तन करता और जिन वस्तुओं को इस जन्म में देखता व सुनता है अथवा पूर्व किसी जन्म में देखा वा सुना वा चिन्तन किया हो उन्हीं विषयों के सम्बन्धी अविकल अथवा भिन्न-भिन्न संयोग जनित अनेक प्रकार स्वप्न में देखता है अतः कैसा भी असम्बन्ध असामञ्जस्य भिन्न-भिन्न स्थान, भिन्न-भिन्न लोक आदि असम्भव से असम्भव स्वप्न भी क्यों न देखे जायें सब ठीक हैं। यद्यपि सम्पूर्ण स्वप्न सफल नहीं होते हैं। अतः यह भलीभांति स्मरण रखने योग्य है कि कौन-कौन से स्वप्न ठीक नहीं होते और कौन-कौन से ठीक होते हैं। इनका संक्षिप्त वर्णन शास्त्रों से यहां उद्धृत कर देते हैं।

चिन्ताव्याधिसमायुक्तोनरः स्वप्नञ्चपश्यति।
तत्सर्वं निष्फलं तात प्रयात्यवे न संशयः॥
जड़ोमूत्र पुरीषण पीड़ितश्च भयाकुलः।
दिगम्बरो मुक्तकेशो न लभते स्वप्नजं फलं॥

अर्थात् चिन्ता और व्याधि (रोग) रामायुत मनुष्य जो स्वप्न देखता है वह सब हे तात ! निष्फल हैं इसमें सशय न करो।

मुत्र, पुरीष दुःखित, भयाकुल चित्त, बाल खुले और सोते में पहने हुए वस्त्र खुल जाने से अथवा नंगे होकर सोने वाले को जो स्वप्न दिखाई पड़ते है उनका फल कुछ नही होता।

दृष्ट्वास्वप्नञ्च निद्रां तुर्यदि निद्रां प्रयानिच।
……………………नलभेत स्वप्नजं फलं॥
उषत्वाकाश्यपगोत्र.य विपत्तिं लभते ध्रुवं।
प्रकाशयेन्न सुस्वप्नः पण्डिते क.श्यपान्वये॥

अर्थात् स्वप्न देखने के बाद फिर सो जाने से तथा काश्यपगोत्रज मनुष्य से स्वप्न का वर्णन कर देने से फिर उसका फल नहीं मिलता।

धातु विकार की दशा में कभी भी देखा स्वप्न दिखाई पड़े तो वह ठीक नहीं होता।

मृत्यु सूचक स्वप्न

१—जो मनुष्य लाल, श्वेत रस अथवा विष्ठा मूत्र की वमन होते देखे, उसकी केवल १० महीने आयु समझनी चाहिए।

२—जो कोई आदमी स्त्री को काले अथवा लाल वस्त्र पहने हुए हंसते, अपनी दाहिनी ओर जाते हुए देखे तो उसकी मृत्यु निकट समझनी चाहिए।

३—जो आदमी भयानक काले रंग के आदमी को हथियार लिये वा पत्थर से मारने को देखे तो उसकी उसी दिन मृत्यु होगी।

४—जो आदमी नंग धड़ंगा फकीर को नाचते, हंसते और क्रूर दृष्टि से अपनी ओर देखते देखे तो समझलो कि शीघ्र ही मृत्यु होगी।

५—काले रंग का काले वस्त्र पहने और लोहे का डंडा हाथ में लिये सन्मुख खड़ा दीखे तो ३ महीने में मृत्यु होगी।

६—जो मनुष्य काले रंग की स्त्री दोनों बाहुओं से पकड़े वह छः महीने पश्चात् मृत्यु को प्राप्त होगा।

७—अपने शरीर को गन्ध पुष्प आदि से भूषित देखे तो समझ लो ८ महीने से अधिक नहीं बचेगा।

८—राख के ढेर अथवा दीपक के ऊपर अपने को खड़े हुये देख पड़े तो ८ महीने मात्र जीवित रहना चाहिए।

९—अपने मस्तक वा शरीर पर सूखी लकड़ी अथवा तृण रखा हुआ देखने से ६ महीने जीवित रहना चाहिए।

१०—शृगाल, कुक्कुर, शूकर, शकुनि, राक्षस, असुर, पिशाच, भूत, प्रेत, पतङ्ग, कुरङ्ग अथवा श्येन पक्षी में से किसी का दर्शन हो अथवा इन्हें खाते हुए देखे तो एक वर्ष में निश्चय यमलोक को जाना होगा।

११—अपने मुख से सब दांत गिर पड़े हुए देख पड़ें तो शीघ्र मृत्यु होगी।

१२—बन्दर की पीठ पर चढ़कर पूर्व की ओर जाता हुआ दिखाई पड़े तो पांच दिन में मरण होगा।

१३—गधा व भैंस की पीठ पर चढ़ दक्षिण की ओर जाता देख पड़े तो उसकी मृत्यु सन्निकट समझो।

विशेष ध्यान देने योग्य

१४—उक्त मृत्यु सूचक स्वप्नों में सब ही एक आमी को दिखाई नहीं पड़ते हैं। इनमें से कोई-कोई स्वप्न किसी-किसी को एक अथवा अधिक दिखाई पड़ते हैं। पर २१ और २७ नम्बर पर लिखित चिन्ह प्रत्येक को देख पड़ते हैं। यह जब देख पड़ें तब से नित्य प्रायः तारामण्डल को देखते रहना चाहिए। जिस दिन तारामण्डल न दिखाई दे उस दिन से दशवें दिन मृत्यु होना निश्चय जान लें। और संसार से मोह छोड़ पुण्य काम कर परमेश्वर का स्मरण करते हुए मृत्यु के लिये प्रस्तुत रहना चाहिए। और "अन्तेयादशीमतिर्गतिर्भवति तादृशी" के लिये मन को स्थिर करना चाहिए। यदि स्थिरता न हो सके क्योंकि "मनश्चञ्चलमस्थिरम्" तो उत्तम भावना रखनी चाहिए कि जिससे आगामी जन्म उत्तम कुल में प्राप्त हो।

मंगलीदोष

अर्थात् कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें स्थान में मंगल हो तो क्या कन्या भर्ता का और भर्ता कन्या का नाश करते हैं। अगर हम इसकी शब्दावली पर ध्यान दें तो यह श्लोक किसी ऋषि प्रणीत प्रतीत नहीं होता। विवाह से पूर्व कन्या संज्ञा ठीक है लेकिन भर्ता शब्द यहां अनुचित है क्योंकि विवाह से पूर्व लड़के की संज्ञा वर है भर्ता तो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मंगलीदोष

सभी प्रकार के ज्ञान एवं भारतीय शास्त्रों की उत्पत्ति भारतीय दर्शन से मानी गई है। भारतीय दर्शन जीवन और जगत् के रहस्यों का अनुसंधान और सन्तोष जनक सिद्धान्तों के आधार पर उनकी व्याख्या करता आया है। ज्ञान, दर्शन का स्वरूप और उस की सीमा है। मनुष्य स्वभाव से ही जिज्ञासु प्राणी है और अपनी इसी प्रवृति के कारण किंवा अदम्य जिज्ञासा की प्रेरणा से, वह सदैव दार्शनिक समस्याओं का समाधान खोजने में लगा रहता है। भारतीय दर्शन आत्मा को अजर-अमर मानता है और कर्मानुसार (कर्मों के अनादि प्रवाह-प्रारब्ध के कारण) देह परिवर्तन को इसका स्वाभाविक गुण मानता है। प्राणी मात्र की देह में रहने वाला यह अविनाशी आत्मतत्व, स्वतंत्र, रूपहीन, नित्य एवं चैतन्य है। यह कर्म बन्धन के ही कारण विनाशशील और परतन्त्र दीख पड़ता है। संसार के इस निगूढ़ तत्व को समझने के लिए ज्योतिष एक दिव्य चक्षु है। इसी लिए इसे वेदांग में गिना जाता है। वेद के अंगों में यह छठा अंग है। ज्योतिष के तेजस् को देख कर ही इसे चाक्षुष प्रत्यक्ष कहा जाता है। ज्योतिष के तीन स्कन्ध हैं जिन में फलित भी एक है। फलित स्कन्ध से ही समान्य व्यक्ति अधिक प्रभावित होता है। फलित के कारण ही वह ज्योतिषी को सम्मान की दृष्टि से देखता है। वह नहीं जानता कि उस की जन्म पत्रिका में कहां गणितीय त्रुटि है, क्योंकि यह विषय उस की पकड़ से बाहर है। वह तो फलित के प्रति आसक्ति रखता है और उसी से प्रभावित होता है। लोक श्रद्धा ही इस विषय को जीवित रखे हुए है। आज की सब से बड़ी विडम्बना यह है कि ज्योतिषी को जीविका के लिए संघर्ष भी करना है और लोग श्रद्धा को अनुकण्ठ बनाये रखने के लिए अनुशीलन भी।

ज्योतिषशास्त्र और ज्योतिषी स्वतन्त्र भारत में इतनी दयनीय अवस्था में आ पहुंचे हैं कि सभी कुछ उन्हें स्वयं करना है और समाज में इस विद्या के प्रति आस्था को सजीव बनाये रखना है। सामन्त तो रहे नहीं, श्रेष्ठी भी नहीं रहे. धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र में यह विज्ञान प्रचार और प्रोपेगंडा में ही सिमट कर रह गया। सभी लोग जानते हैं कि ज्योतिषी होना तो दूर रहा नक्षत्रों की श्रेणी में भी जो नहीं आते वे अपने आप को विश्व विख्यात भविष्यवक्ता कहते नहीं अघाते। ऐसे लोगों द्वारा भविष्यवाणी करने से जो स्थिति बनती है वह ज्योतिष पर आक्षेप लगाती है। ऐसे व्यक्ति अपनी अज्ञानता को छिपाने के लिए अनेक नाटक रचते हैं। उनकी नाट्य कला से उन को भले ही लाभ हो लेकिन इस से ज्योतिष शास्त्र की अपकीर्ति होती है, वह अविश्वसनीय बनता है और लोगों को उसे अन्धविश्वास (सुपरस्टीशन) कहने का अवसर मिलता है।

ऐसे ही मंगली दोष के विषय में अनेक भ्रान्तियां समाज में प्रचलित हैं। प्राचीन काल से ही भारत में कुण्डली मिलान की प्रथा है। विवाह से पूर्व वर तथा कन्या से ग्रहों का मेलापक पर निर्णय लिया जाता है कि आगामी जीवन दोनों का सुखमय रहेगा या दुखमय। विवाह मेलापक के लिए यूं तो अनेकानेक बातों को ध्यान में रखा जाता है लेकिन जितना महत्व मंगली दोष को दिया जाता है इतना अन्य किसी दोष को नहीं।

मंगली दोष का निर्णय करने के लिए वर-कन्या के प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम् एवं द्वादश भावों को लिया जाता है, दक्षिण भारत में द्वितीय भाव को और मिला लेते हैं। इन भावों में कोई भी क्रूर किंवा पापी ग्रह (मंगल, शनि, सूर्य, राहु, केतु) स्थित हो तो मंगली दोष मान लिया जाता है। चूंकि मंगल वैवाहिक सुख को बिगाड़ने में अपना विशिष्ट स्थान रखता है इसलिए इसी ग्रह के नाम पर इस दोष को मंगली दोष कहा जाता है। प्रायः सर्वत्र ही यह मत प्रचलित है। यहां हम मंगली दोष कब-कितना हो सकता है इस पर विचार करते हैं। ग्रहों की ९ अवस्थाएं मानी जाती हैं, उच्च राशि, मूल त्रिकोण, स्वराशि; अधिमित्र राशि, मित्र राशि, सम राशि, शत्रु राशि, अधिशत्रु राशि और नीच राशि। अब शंका उठती है कि इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह क्या समान फल कर सकता है इसका उत्तर है नहीं। दूसरी बात क्या सभी ज्योतिर्विद इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह को समझकर मंगली दोष का निर्णय करते हैं इसका उत्तर भी नहीं ही है, क्योंकि उपरोक्त तथ्य को समझकर मंगली दोष का निर्णय किया जाता तो मंगली दोष को इतना भयंकर नहीं समझा जाता जितना कि आज माना जा रहा है। मंगली दोष का भयावह रूप दर्शाने के लिए किसने कब यह श्लोक रच डाला ज्ञात नहीं है-

लग्नेव्यये च पाताले, जामित्रे चाऽष्टमे कुजे। कन्याभर्तु-र्विनाशाय, भर्तु कन्या विनाशकः॥

अर्थात् कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें स्थान में मंगल हो तो क्या कन्या भर्ता का और भर्ता कन्या का नाश करते हैं। अगर हम इसकी शब्दावली पर ध्यान दें तो यह श्लोक किसी ऋषि प्रणीत प्रतीत नहीं होता। विवाह से पूर्व कन्या संज्ञा ठीक है लेकिन भर्ता शब्द यहां अनुचित है क्योंकि विवाह से पूर्व लड़के की संज्ञा वर है भर्ता तो विवाह पश्चात् बनेगी। दूसरे जब भर्ता हो गया तो भार्या आना चाहिए कन्या कहां से आया। अतः यह स्वतः प्रमाणित है कि यह श्लोक क्षेपक है आप्त वाक्य नहीं। कितने खेद का विषय है कि ऐसे अनार्थ श्लोकों को मान्यता देकर ज्योतिर्विद जहां अच्छे से अच्छे सम्बन्धों को अनादृत कर देते हैं वहीं ज्योतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचाते हैं। ज्योतिष जगत् में फैली इस विसंगतियों के कारण जन-साधारण की आस्था इस शास्त्र के प्रति लुप्त होती है और कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों की नकली कुण्डलियां बनवाकर विवाह सम्बन्ध कर देते हैं।

प्रथम भाव तन है, चतुर्थ सुख स्थान, सप्तम भाव कामोपयोग को जतलाने वाला है, अष्टम भाव जीवन साथी कुटुम्ब को बतलाता है और द्वादश भाव शय्या सुख का निर्देशक स्थान है। यहां स्थित होकर मंगल उस भाव को दूषित करता ही है साथ ही दृष्टि दोष से दूसरे स्थानों को भी बिगाड़ता है, जैसे लग्न में स्थित मंगल की चतुर्थ, सप्तम और अष्टम स्थान पर ही दृष्टि रखता है, द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना इस सुख से न्यूनता लाता है। इसलिए मंगलीक दोष का विचार बड़ी सूक्ष्मता से करना चाहिए। यदि हम सुदर्शन पद्धति का आश्रय लें तो अधिक सत्यता के निकट पहुंच सकते हैं। जैसे लग्न से मंगली दोष पानते हैं वैसे ही चन्द्र से भी देखें तथा शुक्र से भी। शुक्र चूंकि भोग कारक ग्रह है और इससे बना मंगली दोष अधिक बाधाकारक देखा गया है। कुछ लोगों की मान्यता है कि वर और कन्या दोनों मंगली हों तो वैवाहिक सुख नहीं बिगड़ता लेकिन मैंने कई ऐसे जोड़े देखें हैं जिनका दाम्पत्य सुख नगण्य सा ही है। कुछ लोग मानते हैं कि मंगल-शनि आदि ग्रह यदि कारक हों तो बुरा फल नहीं करते ऐसा भी अकाट्य सत्य नहीं है। वृष लग्न की कुण्डली में शनि सर्वाधिक कारक ग्रह है लेकिन दूसरे, आठवें और दसवें स्थान का शनि विवाह विच्छेद कराने में सक्षम होता है । अब तक हमने मंगली योग पर विचार किया अब उसके परिहार पर विचार करतें हैं। अर्थात् मंगली दोष किन स्थितियों में अपना फल नहीं दे पाता।

१. सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो, मित्र राशिस्थ होकर स्वस्थान को देखता हो।
२. सप्तमेश पर वृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो तो मंगली दोष समाप्त हो जाता है।
३. सप्तम भाव को बली शुक्र या वृहस्पति देखते हों तो मंगली दोष का प्रभाव नगण्य सा ही रहता है।
४. नीचस्थ या त्रिकस्थ होकर भी सप्तमेश सप्तम भाव को देखें तो मंगली दोष क्षीण हो जाता है।

बेडा जातक में एक श्लोक आता है:

त्यक्तार्के विधवारेऽत्र पापेक्ष्यार्को चिरा प्रिया। सौम्यैर्धन्या प्रियाऽस्तस्थैः क्रूरैः रण्डा च मिश्रितैः॥

अर्थात् स्त्री की कुण्डली में लग्न से सप्तम सूर्य हो तो पति द्वारा वह स्त्री त्याग दी जाती है या दाम्पत्य सुख से वंचित कर दी जाती है। मंगल हो तो विधवा होती है। शनि हो तो देर से विवाह हो तथा लम्बे समय बाद पति की प्रिया बने। शुभ ग्रह हो तो उत्तम भाग्य वाली, पापग्रह हो तो विधवा, पाप और शुभ दोनों हो तो मिश्रित फल मिलता है। कुण्डली के मात्र सप्तम स्थान में पापग्रह देखकर विधवा कह देना युक्ति-युक्त नहीं है। कुण्डली का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अध्ययन करने के पश्चात् ही कोई निर्णय लेना चाहिए क्योंकि इस निर्णय पर ही दो प्राणियों के वैवाहिक सुख बनाना और बिगाड़ना निर्भर करता है। अनुभव में आया है कि सप्तम और अष्टम स्थान का पापग्रह जितना पीड़ा कारक है इतना अन्य स्थान का नहीं। मैं स्वयं मंगली हूं मेरी पत्नी मंगली नहीं है इतने पर भी पिछले ३० वर्षों से हम सानन्द साथ रह रहे हैं। इससे मेरा यह आशय बिलकुल नहीं है कि कुण्डली में मंगली दोष को अनदेखा कर दिया जाये बल्कि इतना ही है कि जहां मंगली दोष देखे वहां उसके परिहार और अन्य शुभ योगों को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। मंगल से अमंगल की कल्पना से समाज में जो भयावह प्रभाव उत्पन्न हो गया है उसी भय को समाप्त करने के लिए लघु लेख की रचना की गई है। आशा है जन-साधारण इससे लाभान्वित होंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आईये जन्मपत्रिका बनायें

इष्टकाल-लग्न-समय एक अखंड एवं अविभाजित आयाम है, किन्तु हमने अपनी सुविधा के लिए तथा प्रकृति की स्थूल गति और परिमाणों को जानने के लिए उसे विभाजित कर लिया है। उन विभाजित खंडों का रात-दिन घण्टा-मिनट आदि नामकरण कर लिया है। दिन-रात के चौबीस भाग करके उन्हें घण्टा कहने लगे हैं और इन घण्टों की गिनती घड़ी द्वारा करने लगे हैं। प्रकृति के पास वैसी घड़ी नहीं है। वह समय नहीं देखती, बल्कि उन्मुक्त भाव से अपनी लीला में लीन है। हम यहां उस लोक की बात नहीं कर रहे, जहां समय का कोई माप नहीं है। हम यहां धरती की बात करेंगे, जहां समय को वर्ष-मास-सप्ताह-दिन-रात, घण्टा-मिनट एवं सैकिडों में नापा जाता है। समय बलवान है, अजर है, अमर है, वह किसी के लिए रुकता नहीं है, निर्बाध गति से चलता ही रहता है। समय का व्यक्ति विशेष पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस पर हम आगे विचार करेंगे जो कि ग्रहों द्वारा व्यक्ति विशेष के बारे में विशुद्ध जानकारी देता है।

जिस समय बालक जन्म लेता है तो हर व्यक्ति उसका जन्म समय घड़ी देखकर नोट कर लेता है। घड़ी के समय को स्टैंडर्ड टाइम कहते हैं। हमने अपनी सुविधा के लिए सारे देश के लिए एक समय निश्चित कर लिया है। असम में जब घड़ी में पांच बजते हैं तो सारे भारत की घड़ियों में भी पांच बजते हैं। भारत के पूर्वी भाग के सूर्योदय एवं पश्चिमी भाग के सूर्योदय में लगभग पौने दो घंटे का अंतर रहता है। घड़ियों में यदि यही अंतर रखा जाये तो बड़ी विसंगति प्रतीत होगी। प्रकृति सूर्य की घड़ी को ठीक मानती है। ग्रह भी सूर्य को केन्द्र मानकर चलते हैं, इसलिए जन्म लेने वाले बालक का जन्मपत्र बनाने के लिए स्थानीय सूर्योदय काल से ही बच्चे के जन्म समय का निर्धारण किया जाता है। सारे देश में सूर्योदय का समय भिन्न-भिन्न रहने से भिन्न-भिन्न स्थानों में जन्मे बालकों के समय में अंतर रहना स्वाभाविक है। मान लें कि असम में एक बालक का जन्म पांच बजे होता है और दूसरा बालक भी पांच बजे दिल्ली में जन्म लेता है तो स्टैंडर्ड समय तो एक ही रहेगा, लेकिन सूर्योदय का समय भिन्न-भिन्न होने से इष्टकाल भिन्न-भिन्न ही होगा। हमने अपनी सुविधा के लिए सारी पृथ्वी के पिंड को पूर्व से पश्चिम तक एक रेखा कल्पित करके दो भागों में विभाजित कर लिया है। एक भाग को हम उत्तरी गोलार्ध एवं दूसरे भाग को दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं। इसी प्रकार हमने सारे भूमंडल को पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तक रेखायें कल्पित करके छोटे-छोटे भागों में बांट लिया है। जो रेखायें पूर्व से पश्चिम को मानी जाती हैं उन्हें अक्षांश कहते हैं तथा जो रेखायें उत्तर से दक्षिण को मानी जाती हैं, उन्हें देशान्तर कहते हैं। इन रेखाओं की सहायता से हम किसी भी प्रदेश की जलवायु का ज्ञान आसानी से कर सकते हैं। अक्षांश रेखाओं से हम किसी भी देश और स्थान की स्थिति का ज्ञान प्राप्त करते हैं। पृथ्वी के गोलक को हमने १८० अक्षांश मान लिया है। दूसरे शब्दों में मध्य रेखा के ऊपर ९० अक्षांश और नीचे ९० अक्षांश मान लिये हैं। यह रेखायें वास्तव में हमें किसी देश की कोणात्मक दूरी बताती हैं। देशान्तर रेखायें उत्तर से दक्षिण को चलती हैं और इन पर पड़ने वाले स्थानों की भौगोलिक स्थिति में काफी अन्तर रहता है, जबकि एक ही अक्षांश अर्थात् पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली रेखा पर पड़ने वाले स्थानों की जलवायु में कोई अन्तर नहीं रहता।

एक वृत्त को हमने ३६० भागों में बांट रखा है। पृथ्वी को अपनी धुरी पर घूमकर पुनः उसी बिन्दु पर आने के लिए २४ घण्टे का समय लगता है। इस प्रकार हमने गणित करके यह जान लिया है कि एक देशान्तर रेखा की दूरी तय करने में ४ मिनट का अंतर आता है। विश्व का मानक समय ग्रीनविच नामक शहर-जो कि भूमध्य रेखा पर स्थित है-को केन्द्रक बिन्दु मानकर निर्धारित किया गया है। हमारे देश का मानक समय आई.एस.टी. वाराणसी से गुजरने वाली (८२ अक्षांश) अक्षांश रेखा के अनुसार ५ घण्टे और ३० मिनट आगे है। इसी गणित को मानकर चलें तो वाराणसी से पूर्व में पड़ने वाले प्रत्येक अक्षांश वाले शहर के स्थानीय समय में चार मिनट कम करने होंगे तथा पश्चिम में प्रत्येक अक्षांश पर पड़ने वाले शहर के स्थानीय समय में चार मिनट बढ़ाने होंगे। मान लें कि वाराणसी में किसी दिन सूर्योदय प्रातः पांच बजकर ३० मिनट पर होता है तो पूर्व रेखांश (८१.३०) पर चार मिनट पहले अर्थात् पांच बजकर २६ मिनट पर होगा और पश्चिम में पड़ने रेखांश पर ४ मिनट बाद अर्थात् पांच बजकर ३४ मिनट पर होगा।

नक्षत्रमंडल के सारे ग्रह-पिंड प्रतिक्षण गतिशील हैं। इष्टकाल का अर्थ उन क्षणों से है जब बालक मां के गर्भ से बाहर धरती पर आ जाता है। मोटे तौर पर बनने वाली लग्न कुण्डली, जिसे टेवा या जन्माक्षर भी कहते हैं, पूरी राशि के उदयकाल से लेकर अस्तकाल तक अर्थात् दूसरी राशि के उदयकाल तक बनाई जाती है और यह स्थूल होती है, क्योंकि एक राशि में ३० अंश यानि १८०० कलायें होती हैं और आकाश में प्रतिक्षण परिवर्तन होते रहते हैं, अतः सूक्ष्म जानकारी के लिए इष्टकाल बनाकर और लग्नकाल के लघुतम समय तक पहुंचने के लिए नवांश से लेकर शतांश कुण्डली तक बनाई जाती है। भारत में जन्मे बालक का जन्म समय जोकि आई.एस.टी. होता है को स्थानीय समय बनाने के लिए संस्कार करने अनिवार्य होते हैं, पहला देशान्तर और दूसरा वेलान्तर। देशान्तर संस्कार इसलिए करना पड़ता है क्योंकि हर स्थान का सूर्योदय काल भिन्न होता है। उदाहरणार्थ २८ फरवरी के दिन दिल्ली में सूर्योदय ७ बजकर १७ मिनट पर था तो बम्बई में ७ बजकर ३ मिनट, मद्रास में ६ बजकर २९ मिनट और जयपुर में ६ बजकर ५६ मिनट पर था। ऐसा सब देशान्तर रेखाओं के कारण होता है। सारणी में दिये गये अंतर को ऋण या धन करके (चिह्नानुसार) से स्थानीय समय आ जाता है। इसी प्रकार वेलान्तर संस्कार भी करना पड़ता है। चूंकि सूर्य और पृथ्वी की गति में समानता नहीं है, अतः इनकी गति में सामंजस्य बिठाने के लिए वेलान्तर संस्कार किया जाता है। ऊपर से नीचे दिनांक और बांये से दायें महीने दिये गये हैं। दिनांक के सामने और महीने के नीचे धन या ऋण के चिह्न के साथ मिनट सैकिण्ड दिये गये हैं। अभीष्ट तारीख के स्थानीय टाईम में चिह्नानुसार ऋण तथा धन करने से वेलान्तर संस्कार हो जाता है। जन्म कुण्डली बनाने के लिए हमें निम्नलिखति तथ्यों की आवश्यकता पड़ती है:

१. बच्चे का जन्म समय, २. जन्म की तारीखादि, ३. जन्म स्थान, ४. सूर्योदय-सूर्यास्त

सर्व प्रथम लग्न सारिणी की सहायता से सूर्योदय एवं सूर्यास्त की विधि पर विचार करते हैं। एक बच्चे ने १५ अप्रैल १९९५ को बम्बई में सांय ४ बजे (आई.एस.टी.) जन्म लिया, हमारे पास दिल्ली के अक्षांश पर बना आर्यभट्ट पंचांग हैं, इसी पञ्चांग से बम्बई में जन्मे बच्चे की जन्म पत्रिका बनाते हैं। बम्बई का अक्षांश १८/५८ रेखांश ७२/५० है यहां का सूर्योदय एवं सूर्यास्त ज्ञात करते हैं। आर्यभट्ट पंचाग में १९° अक्षांश की लग्न सारिणी दे रखी है। दैनिक ग्रह स्पष्ट दे रखे हैं। १५ अप्रैल १९९५ का प्रातः ५.३० आई.एस.टी. का सूर्य स्पष्ट है ०.०° ४६'.२१'' अर्थात् मेष राशि शून्य अंश ४६ कला और २१ विकला।

सर्वप्रथम हम बम्बई का दिनमान निकालते हैं-

हमने १९° अक्षांश की सारिणी में प्रातः सूर्य स्पष्ट का फल देखा ० राशि ० अंश के नीचे संख्या मिली = ३/१०

अब प्रातः सूर्यस्पष्ट से सातवीं राशि का फल सारिणी में देखा तो संख्या मिली = ३४/१५

दूसरी संख्या में से प्रथम संख्या घटाई = ३४.१५- ३.१० = ३०.५। ३० घटी ५ पल १५ अप्रैल १९९५ का बम्बई का दिनमान आया।

$$\text{सूर्यास्त} = \frac{\text{दिनमान (घड़ी-पल)}}{५} = \frac{३०.५}{५} = ६.१ \text{ घं. मि.}$$

सूर्योदय = १२- सूर्यास्त = ५.५९ घं.मि.

दिनमान = सूर्यास्त - सूर्योदय = १८.१- ५.५९ = १२.२×२.५ = ३०.५

यह सूर्योदय बम्बई का स्थानीय समय एल.टी. है इसे स्थानीय मध्यम काल एल.एम.टी. बनाने के लिए इसमें देशान्तर जोड़ना या घटाना पड़ेगा और मानक समय आई.एस.टी. बनाने के लिए बेलान्तर जोड़ना या घटाना होगा।

एल.एम.टी.=एल.टी.+देशान्तर = ५.५९ + ०३८.४० = घं. ६ मि. ३७ सैं. ४०

आई.एस.टी.=एल.एम.टी.+वेलान्तर = ६.३७.४० + ०.०.० = ६.३७.४० आई.एस.टी.

शाबर मन्त्र

''हे अमुक देव ! तू मेरा कार्य कर अगर मेरा कहा नहीं करेगा तो अपनी माता की शैय्या पर पग ... की नांद में कंकर बनकर पड़े इत्यादि।''

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma, Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आईये जन्मपत्रिका बनायें

इष्टकाल-लग्न-समय एक अखंड एवं अविभाजित आयाम है, किन्तु हमने अपनी सुविधा के लिए तथा प्रकृति की स्थूल गति और परिमाणों को जानने के लिए उसे विभाजित कर लिया है। उन विभाजित खंडों का रात-दिन घण्टा-मिनट आदि नामकरण कर लिया है। दिन-रात के चौबीस भाग करके उन्हें घण्टा कहने लगे हैं और इन घण्टों की गिनती घड़ी द्वारा करने लगे हैं। प्रकृति के पास वैसी घड़ी नहीं है। वह समय नहीं देखती, बल्कि उन्मुक्त भाव से अपनी लीला में लीन है। हम यहां उस लोक की बात नहीं कर रहे, जहां समय का कोई माप नहीं है। हम यहां धरती की बात करेंगे, जहां समय को वर्ष-मास-सप्ताह-दिन-रात, घण्टा-मिनट एवं सैकिंडों में नापा जाता है। समय बलवान है, अजर है, अमर है, वह किसी के लिए रुकता नहीं है, निर्बाध गति से चलता ही रहता है। समय का व्यक्ति विशेष पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस पर हम आगे विचार करेंगे जो कि ग्रहों द्वारा व्यक्ति विशेष के बारे में विशुद्ध जानकारी देता है।

जिस समय बालक जन्म लेता है तो हर व्यक्ति उसका जन्म समय घड़ी देखकर नोट कर लेता है। घड़ी के समय को स्टैंडर्ड टाइम कहते हैं। हमने अपनी सुविधा के लिए सारे देश के लिए एक समय निश्चित कर लिया है। असम में जब घड़ी में पांच बजते हैं तो सारे भारत की घड़ियों में भी पांच बजते हैं। भारत के पूर्वी भाग के सूर्योदय एवं पश्चिमी भाग के सूर्योदय में लगभग पौने दो घंटे का अंतर रहता है। घड़ियों में यदि यही अंतर रखा जाये तो बड़ी विसंगति प्रतीत होगी। प्रकृति सूर्य की घड़ी को ठीक मानती है। ग्रह भी सूर्य को केन्द्र मानकर चलते हैं, इसलिए जन्म लेने वाले बालक का जन्मपत्र बनाने के लिए स्थानीय सूर्योदय काल से ही बच्चे के जन्म समय का निर्धारण किया जाता है। सारे देश में सूर्योदय का समय भिन्न-भिन्न रहने से भिन्न-भिन्न स्थानों में जन्मे बालकों के समय में अंतर रहना स्वाभाविक है। मान लें कि असम में एक बालक का जन्म पांच बजे होता है और दूसरा बालक भी पांच बजे दिल्ली में जन्म लेता है तो स्टैंडर्ड समय तो एक ही रहेगा, लेकिन सूर्योदय का समय भिन्न-भिन्न होने से इष्टकाल भिन्न-भिन्न ही होगा। हमने अपनी सुविधा के लिए सारी पृथ्वी के पिंड को पूर्व से पश्चिम तक एक रेखा कल्पित करके दो भागों में विभाजित कर लिया है। एक भाग को हम उत्तरी गोलार्ध एवं दूसरे भाग को दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं। इसी प्रकार हमने सारे भूमंडल को पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तक रेखायें कल्पित करके छोटे-छोटे भागों में बांट लिया है। जो रेखायें पूर्व से पश्चिम को मानी जाती हैं उन्हें अक्षांश कहते हैं तथा जो रेखायें उत्तर से दक्षिण को मानी जाती हैं, उन्हें देशान्तर कहते हैं। इन रेखाओं की सहायता से हम किसी भी प्रदेश की जलवायु का ज्ञान आसानी से कर सकते हैं। अक्षांश रेखाओं से हम किसी भी देश और स्थान की स्थिति का ज्ञान प्राप्त करते हैं। पृथ्वी के गोलक को हमने १८० अक्षांश मान लिया है। दूसरे शब्दों में मध्य रेखा के ऊपर ९० अक्षांश और नीचे ९० अक्षांश मान लिये हैं। यह रेखायें वास्तव में हमें किसी देश की कोणात्मक दूरी बताती हैं। देशान्तर रेखायें उत्तर से दक्षिण को चलती हैं और इन पर पड़ने वाले स्थानों की भौगोलिक स्थिति में काफी अन्तर रहता है, जबकि एक ही अक्षांश अर्थात् पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली रेखा पर पड़ने वाले स्थानों की जलवायु में कोई अन्तर नहीं रहता।

एक वृत्त को हमने ३६० भागों में बांट रखा है। पृथ्वी को अपनी धुरी पर घूमकर पुनः उसी बिन्दु पर आने के लिए २४ घण्टे का समय लगता है। इस प्रकार हमने गणित करके यह जान लिया है कि एक देशान्तर रेखा की दूरी तय करने में ४ मिनट का अंतर आता है। विश्व का मानक समय ग्रीनविच नामक शहर-जो कि भूमध्य रेखा पर स्थित है-को केन्द्रक बिन्दु मानकर निर्धारित किया गया है। हमारे देश का मानक समय आई.एस.टी. वाराणसी से गुजरने वाली (८२ अक्षांश) अक्षांश रेखा के अनुसार ५ घण्टे और ३० मिनट आगे है। इसी गणित को मानकर चलें तो वाराणसी से पूर्व में पड़ने वाले प्रत्येक अक्षांश वाले शहर के स्थानीय समय में चार मिनट कम करने होंगे तथा पश्चिम में प्रत्येक अक्षांश पर पड़ने वाले शहर के स्थानीय समय में चार मिनट बढ़ाने होंगे। मान लें कि वाराणसी में किसी दिन सूर्योदय प्रातः पांच बजकर ३० मिनट पर होता है तो पूर्व रेखांश (८१.३०) पर चार मिनट पहले अर्थात् पांच बजकर २६ मिनट पर होगा और पश्चिम में पड़ने रेखांश पर ४ मिनट बाद अर्थात् पांच बजकर ३४ मिनट पर होगा।

नक्षत्रमंडल के सारे ग्रह-पिंड प्रतिक्षण गतिशील हैं। इष्टकाल का अर्थ उन क्षणों से है जब बालक मां के गर्भ से बाहर धरती पर आ जाता है। मोटे तौर पर बनने वाली लग्न कुण्डली, जिसे टेवा या जन्माक्षर भी कहते हैं, पूरी राशि के उदयकाल से लेकर अस्तकाल तक अर्थात् दूसरी राशि के उदयकाल तक बनाई जाती है और यह स्थूल होती है, क्योंकि एक राशि में ३० अंश यानि १८०० कलायें होती हैं और आकाश में प्रतिक्षण परिवर्तन होते रहते हैं, अतः सूक्ष्म जानकारी के लिए इष्टकाल बनाकर और लग्नकाल के लघुतम समय तक पहुंचने के लिए नवांश से लेकर शतांश कुण्डली तक बनाई जाती है। भारत में जन्मे बालक का जन्म समय जोकि आई.एस.टी. होता है को स्थानीय समय बनाने के लिए संस्कार करने अनिवार्य होते हैं, पहला देशान्तर और दूसरा वेलान्तर। देशान्तर संस्कार इसलिए करना पड़ता है क्योंकि हर स्थान का सूर्योदय काल भिन्न होता है। उदाहरणार्थ २८ फरवरी के दिन दिल्ली में सूर्योदय ७ बजकर १७ मिनट पर था तो बम्बई में ७ बजकर ३ मिनट, मद्रास में ६ बजकर २९ मिनट और जयपुर में ६ बजकर ५६ मिनट पर था। ऐसा सब देशान्तर रेखाओं के कारण होता है। सारणी में दिये गये अंतर को ऋण या धन करके (चिह्नानुसार) से स्थानीय समय आ जाता है। इसी प्रकार वेलान्तर संस्कार भी करना पड़ता है। चूंकि सूर्य और पृथ्वी की गति में समानता नहीं है, अतः इनकी गति में सामंजस्य बिठाने के लिए वेलान्तर संस्कार किया जाता है। ऊपर से नीचे दिनांक और बांये से दायें महीने दिये गये हैं। दिनांक के सामने और महीने के नीचे धन या ऋण के चिह्न के साथ मिनट सैकिण्ड दिये गये हैं। अभीष्ट तारीख के स्थानीय टाईम में चिह्नानुसार ऋण तथा धन करने से वेलान्तर संस्कार हो जाता है। जन्म कुण्डली बनाने के लिए हमें निम्नलिखित तथ्यों की आवश्यकता पड़ती है:

१. बच्चे का जन्म समय, २. जन्म की तारीखादि, ३. जन्म स्थान, ४. सूर्योदय-सूर्यास्त

सर्व प्रथम लग्न सारिणी की सहायता से सूर्योदय एवं सूर्यास्त की विधि पर विचार करते हैं। एक बच्चे ने १५ अप्रैल १९९५ को बम्बई में सांय ४ बजे (आई.एम.टी.) जन्म लिया, हमारे पास दिल्ली के अक्षांश पर बना आर्यभट्ट पंचांग हैं, इसी पञ्चांग से बम्बई में जन्मे बच्चे की जन्म पत्रिका बनाते हैं। बम्बई का अक्षांश १८/५८ रेखांश ७२/५० है यहां का सूर्योदय एवं सूर्यास्त ज्ञात करते हैं। आर्यभट्ट पंचाग में १९° अक्षांश की लग्न सारिणी दे रखी है। दैनिक ग्रह स्पष्ट दे रखे हैं। १५ अप्रैल १९९५ का प्रातः ५.३० आई.एस.टी. का सूर्य स्पष्ट है ०.०° ४६'.२१'' अर्थात् मेष राशि शून्य अंश ४६ कला और २१ विकला।

सर्वप्रथम हम बम्बई का दिनमान निकालते हैं-

हमने १९° अक्षांश की सारिणी में प्रातः सूर्य स्पष्ट का फल देखा ० राशि ० अंश के नीचे संख्या मिली = ३/१०

अब प्रातः सूर्यस्पष्ट से सातवीं राशि का फल सारिणी में देखा तो संख्या मिली = ३४/१५

दूसरी संख्या में से प्रथम संख्या घटाई = ३४.१५- ३.१० = ३०.५। ३० घटी ५ पल १५ अप्रैल १९९५ का बम्बई का दिनमान आया।

$$\text{सूर्यास्त} = \frac{\text{दिनमान (घड़ी-पल)}}{५} = \frac{३०.५}{५} = ६.१ \text{ घं. मि.}$$

सूर्योदय = १२- सूर्यास्त = ५.५९ घं.मि.

दिनमान = सूर्यास्त - सूर्योदय = १८.१- ५.५९ = १२.२×२.५ = ३०.५

यह सूर्योदय बम्बई का स्थानीय समय एल.टी. है इसे स्थानीय मध्यम काल एल.एम.टी. बनाने के लिए इसमें देशान्तर जोड़ना या घटाना पड़ेगा और मानक समय आई.एस.टी. बनाने के लिए बेलान्तर जोड़ना या घटाना होगा।

एल.एम.टी.=एल.टी.+देशान्तर = ५.५९ + ०३८.४० = घं. ६ मि. ३७ सैं. ४०

आई.एस.टी.=एल.एम.टी.+वेलान्तर = ६.३७.४० + ०.०.० = ६.३७.४० आई.एस.टी.

शाबर मन्त्र

''हे अमुक देव ! तू मेरा कार्य कर अगर मेरा कहा नहीं करेगा तो अपनी माता की शैय्या पर पग ... धोबी की नांद में कंकर बनकर पड़े इत्यादि।''

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

शाबर मन्त्र

शाबर मन्त्र-तन्त्र की ग्राम्य शाखा के मन्त्र हैं। तन्त्र मार्ग के प्रवर्तक भगवान् शंकर माने गये हैं किन्तु शाबर मन्त्रों के प्रवर्तक भगवान् शंकर प्रत्यक्ष रूप में नहीं है, लेकिन जिन सिद्ध पुरुषों ने इनको आविर्भूत किया वे सभी तन्त्र मार्ग के साधक और शिवानुरागी अवश्य थे। इन मन्त्रों का भले ही कोई शास्त्रीय आधार नहीं है किन्तु लाभकारिता की दृष्टि से या उपयोगिता में ये अशास्त्रीय प्रयोग भी किसी प्रकार कम नहीं है।

कुछ विद्वानों का मत है कि साबरमती के तटीय क्षेत्रों पर बसी जाति के सिद्धों ने ये मन्त्र प्रचारित किये इसलिए इन्हें साबर या शाबर मन्त्र कहा जाता है। शाबर मंत्र की शुरूआत कब से हुई और कौन इनके प्रवर्तक थे इस बारे में कई मत हैं, किन्तु यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि इस मार्ग को प्रामाणिक स्वरूप प्रदान किया नाथ सम्प्रदाय के आदि गुरु मत्स्येन्द्र नाथ और गोरखनाथ ने। नाथ सम्प्रदाय के इन सिद्धों का यह समाज पर बहुत बड़ा अहसान है कि उन्होंने मन्त्र विज्ञान जैसे जटिल विषय के गूढ़ रहस्यों को साधारण जनों के लिए उपयोगी बना दिया सर्व सुलभ कर दिया। साबर का अर्थ होता है अपरिष्कृत, यह तो माना जा सकता है कि साबर तन्त्र से न तो हमें अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है न ही इनके द्वारा हम मुक्ति मार्ग को पा सकते हैं, किन्तु इस विद्या में जितने भी प्रयोग हैं वे सब काम्य प्रयोग हैं। आज हमें यह विदित नहीं है कि इनमें कुछ तथ्य है या हम प्रमादवश इनको उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं, किन्तु इस विद्या में अचूक मन्त्र और तन्त्र प्रयोग हैं जो हमारे जीवन में आये विघ्न-बाधाओं को समूल नष्ट करने, सामान्य आकांक्षाओं को पूर्ण करने और एक सीमा तक रोगों से छुटकारा दिलाने के लिए ग्राम्य अंचलों में आज भी प्रयोग किये जा रहे हैं। जहां इस विद्या के जानकार सर्वसाधारण को लाभ पहुंचाते हैं वहीं उनमें से कुछ अल्पज्ञानी अपने अहं और लोभ से प्रेरित होकर जनता को हानि भी पहुंचाते हैं। कई बार ऐसे लोग प्राकृत रोग-दोषों को भी झाड़-फूंक से दूर करने का ढोंग रचा कर रोगी का अहित कर डालते हैं। इसमें मुख्य कारण है ऐसे लोगों का विद्याव्यसनी न होना और निरक्षर व्यक्ति अहं और भ्रान्ति का शिकार हो जाये तो क्या आश्चर्य, दूसरे इनका जीवन जिस विश्वास और वातावरण में चलता है वहां सुविधा और सम्पर्क की बात थोड़ी रहती है। शाबर मंत्रों में आम बोल चाल की भाषा रहती है। इसमें न्यास, ध्यान, तर्पण हवन-मार्जन आदि शास्त्रीय मर्यादाओं को पालने का बन्धन नहीं है। जहां शास्त्रीय मन्त्र तुरन्त कोई विश्वस्त कार्य नहीं कर सकते वहां साबर मन्त्र पूर्णतया लाभप्रद रहते हैं। रोग, भूत बाधा से मुक्ति दिलाने एवं चौकी बैठाने (अभिचार कर्म) में इनसे चमत्कारिक रूप में कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। शाबर मन्त्रों में आन, शाप, श्रद्धा और धमकी का प्रयोग ही किया जाता है, और साधक का कार्य सम्पन्न हो जाता है। साबर मंत्रों का रूप विचित्रता और विविधता लिए हुए मिलता है। शुद्ध बीज मंत्रों को लेकर ग्रामीण भाषा की शब्दावली को वाक्य रूप दे दिया जाता है जिससे इन मन्त्रों में विचित्रता का आभास होता है, एक ही मंत्र में कई शैलियों के सम्मिश्रण के कारण इनमें विविधता आ जाती है। साबर मंत्रों में कुछ मंत्र तो ऐसे हैं जिन्हें देखकर आश्चर्य होता है क्योंकि उनका वाक्यगत कोई अर्थ नहीं निकलता जैसे सिर दर्द दूर करने का मन्त्र है:-

''हजार घर घाले एक घर खाय, आगे चले तो पीछे जाय, फुरो मन्त्र इश्वरो वाचा।''

प्रत्यक्ष में इस शब्दावली को निरर्थक कहा जा सकता है किन्तु इसका प्रभाव असाधारण रूप से पड़ता ही है। शाबर मन्त्र प्राय: संस्कृत, प्राकृत और क्षेत्रीय भाषाओं में रचे गये हैं। कुछ-एक मंत्रों में कई भाषाओं का समावेश कर दिया गया है। तो कई-एक मंत्रों में ठेठ क्षेत्रीय भाषा तथा ग्राम्य लहजा, शैली और कल्पना भी। अधिक मन्त्र हिन्दी भाषा में मिलते हैं चूंकि हिन्दी एक बड़े भू-भाग की बोलचाल की भाषा प्राचीन काल से रही है। एक बात और भी है कि जहां शास्त्रीय मन्त्रों में षड़ांग (ऋषि, देवता, बीज, शक्ति-छन्द-कीलक) की आवश्यकता रहती है वहां साबर मंत्रों में इनकी कोई आवश्यकता नहीं है मन्त्र ही अपने आप में पूर्ण है। साबर मन्त्रों में श्रद्धा ही प्राण है, इसी के दृढ़ और विस्तार हो जाने पर शाबर मन्त्र अपना प्रभाव और फल दे देते हैं। साबर मन्त्रों में दूसरा प्रभाव सौगन्ध के रूप में देखने को मिलता है। यह सौगन्ध आन के रूप में दिलाई जाती है जिसमें गाली, शाप जैसी स्थितियों का उल्लेख होता है जैसे:-

''हे अमुक देव ! तू मेरा कार्य कर अगर मेरा कहा नहीं करेगा तो अपनी माता की शैय्या पर पग धरे, चमार के कुंड में गिरे, धोबी की नांद में कंकर बनकर पड़े इत्यादि।''

इस प्रकार का व्यवहार समाज के दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता, किन्तु शाबर मन्त्र के साधक का व्यवहार वैसे ही क्षम्य है जैसे किसी अबोध बच्चे कि की गई अभद्रता को माता-पिता अपने वात्सल्य और बच्चे की अवस्था के कारण क्षमा कर देते हैं। बच्चा चूंकि छल-कपट से दूर होता है उसे अपनी जिद के आगे कुछ सूझता नहीं और वह कहनी-अनकहनी कह जाता है, ठीक यही हाल शाबर मन्त्र साधक का होता है, वह भी बाल सुलभ सरलता के कारण और श्रद्धा और विश्वास के बल पर मन्त्र साधना का अधिकार और सिद्धी प्राप्त कर लेता है।

शाबर मन्त्रों में सबसे बड़ी खूबी यह है कि इनमें अधिक झंझट नहीं है ये सरलता से सिद्ध हो जाते हैं। साबर मंत्रों में गुरु की भी इतनी आवश्यकता इसलिए नहीं रहती क्योंकि इस विद्या के प्रवर्तक स्वयं सिद्ध गुरु गोरखनाथ हैं। इतने पर भी किसी निष्ठावान साधक को गुरु बना लेना लाभ ही देगा क्योंकि साधना में आने वाले विघ्नों में वह बचा लेगा शाबर मन्त्रों की साधना करते समय ब्रह्मचर्य और व्रतोपवास का पालन किया जा सके तो अधिक अच्छा रहे अन्यथा साधना करते समय शुद्ध होकर बैठना चाहिये। परोपकार पुण्य है और पर-पीड़न पाप। यदि हम इस दृष्टिकोण से सोचें तो दैहिक, मानसिक रोगों को शमन करने वाले मन्त्रों को सिद्ध करना चाहिये। इससे हमें दोहरा लाभ मिलेगा, एक तो हम परोपकार का पुण्य अर्जित करेंगे दूसरे अपने पूर्वजों की धरोहर को सहेजेंगे भी।

नीचे कुछ शाबर मन्त्र दिये जा रहे हैं। मन्त्र व्यवहारिक विषय है। धैर्य और विश्वास से अपना लेने पर सिद्धि मिलेगी ही। असफलताएं और विघ्न हर क्षेत्र में आते हैं, परन्तु इनसे घबराने से काम नहीं चलेगा। साधना करते समय गुठली को प्रतिपल उखाड़ कर देखने की (कि उगी या नहीं) बाल सुलभ चंचलता मत रखिये, आतुर मत होईये। एक निष्ठ होकर करते रहिये।

प्रेत बाधा निवारण के लिए:- ''ॐ नमो दीप मोहे दीप जागे पवन चले पानी चले शाकिनी चले डाकिनी चले, भूत चले, प्रेत चले, नो सौ निन्यानवे नदी चले हनुमान वीर की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।'' किसी मंगलवार से किसी हनुमान मन्दिर में तैल का दीपक जलाकर इस मन्त्र का एक लाख पच्चीच हजार जप करें तो यह सिद्ध हो जाता है। सिद्ध मन्त्र से रोगी को सामने बिठाकर मोर पंख से १०८ बार मन्त्र बोलकर झाड़ा देना चाहिये।

पीला निवारण के लिए:-''ॐ नमो वीर वेताल असराल, नार करे तू देव खादी तू बादी, पीलिया कूं भिदाती कारै झारै पीलिया रहे न एक निशान, जो कहीं रह जाय तो हनुमन्त की आन, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।'' ग्रहण काल में इस मन्त्र को जप कर सिद्ध कर लें। पीलिया के रोगी को सामने बिठा कर उसके सिर पर कांसे के बरतन में तिल्ली का तेल डालकर रखें और मन्त्र का जप करते हुए उसे कुशा (डांभ) से चलाते रहें ऐसा तीन दिन करें तो तेल पीला पड़ जायेगा और रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।

घर की रक्षा के लिए:- ''या अल्लाह पाक इस आंगन को मैं करता हूं आज बन्द, हज़रत सुलेमान की बरकत से बन्द, हज़रत मूसा के हुकुम से बन्द, हज़रत अली की शमशीर से बन्द, हज़रत अहमद के कलाम से बन्द, या रहमान की रहमत से बन्द, या करीम के करम से बन्द या खालिक की बरकत से बन्द या मालिक की रहमत से बन्द या अल्लाह पाक मालिक रब्बुलगफ़ूर, हमारी इस दुआ को तू करले कबूल, ला इलाहाइल्लल्लाह मुहम्मदुर्र सूलल्लाह।'' नौचन्दी की जुमेरात को इस मन्त्र को जाप कर सिद्ध कर लेने के पश्चात सोते समय वज़ु कर के मन्त्र का उच्चारण कर लोटे के पानी में फूंक मारें यह क्रिया पांच बार करें, पानी को घर में छिड़क दें और ताली बजा कर सो रहें।

गणपति सिद्धि मन्त्र:- ॐ गणपति गणपति बसे मसान, जो फल मांगूं देते आन। पंजे लड्डू सेर सन्दूर भर आन आन आनन्दपूर। न द्वैतीभान फूल फलन्त जागे भरल्यावे तो एक फूले हाथी जो तू मोहन रहे मूवा बाल साथ करी जाऊं तो मुट्ठी करो।

भाद्रपद की गणेश चतुर्थी से इस मन्त्र को नित्य १०८ बार जपें यह क्रम १०८ दिन तक चलना चाहिये। इस से गणपति प्रसन्न हो कर मन की इच्छा पूर्ण करते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मुखाकृति से भविष्य ज्ञान

वर्गाकार मुखाकृति-वर्गाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति पृथ्वी तत्त्व प्रधान व्यक्ति होते हैं। ऐसे व्यक्तियों की मुखाकृति की तस्वीर लेकर अगर चारों ओर लाइन लगा कर चतुष्कोण खींचा जाए तो इनका चेहरा चतुष्कोण में पूरा फिट आ जाएगा। यह जातक स्वस्थ सुडौल एवं शक्तिसम्पन्न होते हैं। इनमें उद्योगशीलता, व्यावहारिकता तथा संचय करने की प्रवृत्ति एवं गुण पाए जाते हैं। यह लोग भौतिक साधनों से सम्पन्न सुखी समृद्ध होते हैं। यह लोग सिद्धान्तों पर चलने वाले होते हैं और दूसरे के प्रभाव में आकर आसानी से अपने सिद्धान्त नहीं बदलते। अगर इनके चेहरे में पृथ्वी तत्त्व की अत्यधिक मात्रा हो तो यह व्यक्ति हठी, अदूर्दशी, आलसी, विलासी होते हैं तथा अपनी अकर्मण्यता के कारण बाद में दुखी होते हैं। वर्गाकार मुखाकृति वाली स्त्रियों का शरीर स्थूल होता है। इनकी चाल धीमी तथा मतवाली होती है। ऐसी स्त्रियां कर्मठ, व्यवहारकुशल तथा मनमौजी होती हैं। अगर इनकी मुखाकृति में पृथ्वी तत्त्व अत्याधिक मात्रा में हो तो यह स्वभाव तथा चरित्र की दृष्टि से दुर्बल होती हैं।

वृत्ताकार मुखाकृत्ति-वृत्ताकार मुखाकृति वाले जल तत्व प्रधान होते हैं। यदि इनके चेहरे का चित्र लेकर एक गोले में फिट किया जाए तो उनमें यह लगभग फिट हो जाता है। ऐसे जातक के गाल भरे हुए मांसल एवं स्निग्ध होते हैं। इनका शरीर स्थूल तथा उदर लम्बा होता है। यह लोग भावुक, कल्पनाशील, प्रसन्नचित, सहृदय, स्वप्रदर्शी, मिलनसार एवं संवेदनशील होते हैं। यह लोग आराम पसंद जीवन बिताना पसन्द करते हैं तथा संघर्ष के दूर भागते हैं जिनके चेहरे पर जल तत्त्व का अत्याधिक प्रभाव हो वह निराशावादी और अकर्मण्य होते हैं। गोल चेहरे वाली औरतें श्रृंगारप्रिय हावभाव वाली, बुद्धिमती तथा पतिव्रता, उदार हृदय, स्नेही तथा चंचल होती हैं। अगर जल तत्व का अत्याधिक प्रभाव हो तो यह दुर्बल, निराश एवं रोगग्रस्त होती हैं।

सूच्याकार मुखाकृति-सूच्याकार मुखाकृति वाले व्यक्ति अग्नि तत्त्व प्रधान होते हैं। अगर इनके चेहरे की तस्वीर चतुष्कोण में फिट की जाए तो ललाट वाला ऊपर का भाग चौड़ा होगा और नीचे का ठोड़ी वाला भाग संकरा होगा अथवा यूं कहा जा सकता है कि इनके चेहरे की आकृति बाल्टी की आकृति जैसी होगी। कोनों में गोलाई नहीं होगी। ऊपर का भाग विस्तृत होने के कारण यह लोग बुद्धिमान, चिंतक, दूरदर्शी, साहसी, स्वस्थ एवं समृद्ध, स्पष्टवक्ता, अभिमानी, नेतृत्त्वप्रिय एवं हठी होते हैं। यह लोग शक्ति में विश्वास करते हैं और अगर कहीं वाद-विवाद में उलझ जाएं तो पीछे नहीं हटते। यह लोग रचनात्मक एवं ध्वंसात्मक दोनों प्रकार के कार्य करते हैं। अगर चेहरे पर अग्नि तत्त्व का अधिक प्रभाव हो तो जातक में अत्यन्त क्रोधी हिंसात्मक एवं पाश्विक वृति वाला होगा। सूच्याकार मुखाकृत्ति वाली स्त्रियां स्वाधीनताप्रिय, असहिष्णु एवं वाचाल होती हैं। गृहस्थ जीवन में यह औरतें सफल नहीं होतीं क्योंकि जरा-सी बात पर इनको क्रोध आ जाता है। हां, नौकरी राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में यह स्त्रियां उन्नति कर सकती हैं।

अंडाकार मुखाकृति-अंडाकार मुखाकृति वायु तत्त्व प्रधान मुखाकृति होती है। इनका ललाट विशाल एवं उन्नत तथा हनु और कपोल एक विशेष प्रकार मूड़ी उतार होते हैं। जातक सामान्य कद के पुष्ट शरीर एवं उभरे स्निग्ध गालों वाले, आकर्षक और लुभावने होते हैं। यह व्यक्ति आशावादी, स्वछन्द, साहसी होते हैं तथा हर बात तर्क से करते हैं। यह हमेशा ज्ञान की जिज्ञासा, आनन्द की खोज, शान्ति की चाह रखते हुए प्रगति की राह पर चलते हैं। अगर चेहरे का नीचे का भाग पुष्ट हो तो यह व्यक्ति प्रेम और सौन्दर्य की इच्छा, काम पिपासा तथा व्यर्थ आचरण की कामना रखते हैं। यदि इन व्यक्तियों का चेहरा उल्टे अण्डे की तरह हो अर्थात् इनका ललाट का भाग संकुचित हो और नीचे का भाग विस्तृत हो तो ऐसे व्यक्तियों की बुद्धि इतनी विकसित नहीं होती। यह लोग हास्य एवं व्यंग्य प्रिय, मनमौजी, उथले स्वभाव के होते हैं। चेहरे के नीचे के भाग में वायु तत्त्व की प्रधानता जातक को असत्यवादी, अस्वस्थ एवं चिड़चिड़ा बनाती है। अंडाकार मुखाकृति वाली स्त्रियां सामान्य होती हैं परन्तु थोड़े प्रयत्न से अच्छा जीवन साथी सिद्ध हो सकती हैं।

उल्टे घड़े समान मुखाकृति-ऐसे जातक को देख कर ऐसा लगता है जैसे शरीर पर गर्दन सहित उल्टा घड़ा रखा हो। इनमें आकाश तत्त्व की प्रधानता होती है। इनके चेहरे पर अद्‌भुत कांन्ति तथा आंखों में विशेष तेज होता है। यह लोग अवार हृदय, महत्त्वाकांक्षी स्वाभिमानी एवं आदर्शयुक्त, एकान्तप्रिय, सौम्य, तेजस्वी आध्यात्मवादी, आत्मबली एवं असाधारण प्रकृति के व्यक्ति होते हैं। यह अपने क्षेत्र में उच्च पद पर होते हैं तथा लोगों का तथा समाज का जिसमें भला हो, ऐसा कार्य करते हैं। अध्ययन के लिए चेहरे को तीन भागों में बांटा जाता है:-

(१) ललाट क्षेत्र (२) नासिका क्षेत्र तथा (३) मुख क्षेत्र।

ललाट क्षेत्र का विकास व्यक्ति की मानसिक, बौद्धिक एवं सात्विक शक्ति का सूचक है। नासिका क्षेत्र मनुष्य की भौतिक, व्यावहारिक एवं राजसी प्रवृतियों का सूचक है। मुख क्षेत्र जातक की जैविक, वासनात्मक एवं मानसिक इच्छाओं का सूचक है। जिस जातक का ललाट एवं नासिका क्षेत्र उन्नत, विकसित तथा विस्तृत होता है वह बुद्धिमान, ज्ञानवान, विचारशील, व्यावहारिक, चतुर तथा साहसी होता है तथा जीवन में सफल होता है। यश, धन, सुख तीनों को प्राप्त करके जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। जिस जातक के ललाट एवं मुख क्षेत्र विकसित, उन्नत एवं विस्तृत हों वह गम्भीर, धीमा, चतुर, चालाक, धूर्त, कामी, दम्भी, विचारवान, समय और स्थिति को पहचानने वाला होता है। यह व्यक्ति अधिक स्वार्थी होता है और जरूरत पड़ने पर असत्य एवं अन्याय का भी सहारा लेता है। जिस जातक के नासिका क्षेत्र एवं मुख क्षेत्र विस्तृत, उन्नत, विकसित हों, विशेपकर मुख क्षेत्र नासिका क्षेत्र से अधिक विकसित एवं उन्नत हो ऐसा व्यक्ति कामी वासनायुक्त, असभ्य, मंदबुद्धि, हिंसक होगा। यदि नासिका क्षेत्र, मुख क्षेत्र से अधिक विकसित हो तो जातक उत्तेजित, आक्रामक, द्रुतगामी, स्पष्टवक्ता, मनमौजी, संरक्षक एवं न्यायप्रिय होगा।

प्रश्न विचार

जिस भाव सम्बन्धी विषय का विचार करना हो उस भाव का स्वामी कार्येश कहलाता है और लग्न का स्वामी लग्नेश कहलाता है। अगर प्रश्न लग्न में निम्न लिखित योग हों तो कार्यसिद्धि होती है- (१) लग्न का स्वामी कार्यभाव में हो और कार्येश लग्न में हो। (२) लग्न का स्वामी लग्न में हो और कार्यभाव का स्वामी कार्यभाव में हो। (३) यदि लग्न का स्वामी और कार्यभाव का स्वामी दोनों ही लग्न में हों। (४) लग्नेश और कार्येश दोनों कार्यभाव में हों।

इन चारों योगों के लग्नेश और कार्येश इन दोनों पर चन्द्रमा की दृष्टि हो और चन्द्रमा को भी लग्नेश कार्येश देखें तो कार्य की सिद्धि जाननी चाहिए। यदि चन्द्रमा मित्रक्षेत्री हो तो और भी अधिक शुभ जानना चाहिए। यदि लग्नेश कार्येश के ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि न हो तथा अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो प्रश्न सम्बन्धी कार्य से भिन्न कोई नवीन शुभ प्रयोजन उत्पन्न हो। लग्नेश लग्न को और कार्येश कार्य भाव को देखता है तो कार्यसिद्धि होगी। यह कार्यसिद्धि तब होगी जब चन्द्रमा कार्यभाव पर आएगा।

धन लाभ कब होगा?- (१) लग्न का स्वामी लेने वाला होता है और ग्यारहवें स्थान का स्वामी देने वाला होता है। जब लग्नेश और एकादशेश का योग होता है और चन्द्रमा लाभ भाव को देखता है तो लाभ होता है। (२) यदि लग्नेश छठे, आठवें, बारहवें घर में हो तो धन का नाश होता है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न:- (१) यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को न देखता हो और पाप ग्रह पंचम भाव में स्थित हो या पंचम भाव को देखता हो तो गर्भपात हो जाएगा। (२) यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को देखता हो तो प्रसव होता है। (३) यदि प्रश्नकाल में जिस किसी चार स्थानों में दो-दो ग्रह हों, तो एक साथ दो सन्तानों का प्रसव होता है। (४) प्रश्न लग्न से शुक्र जितने संख्यक स्थान में स्थित हो उतने महीने पर्यन्त गर्भ की स्थिति कहना और शुक्र यदि दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भाव में हो तो पंचम भाव से लेकर शुक्र के स्थान तक गिनकर मास संख्या जानी जाती है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न:-यदि गर्भिणी स्त्री पिता के घर में हो तो पिता से धारित नाम और पति के घर में हो, ससुराल का नाम ग्रहण करके जो अक्षर संख्या हो उसमें पति की नामाक्षर संख्या मिलाने फिर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर पूछने के दिन तक जो तिथि हो यहां तक गिनकर जोड़ दें, योगांक में तीन का भाग दें, एक शेष बचे तो पुत्र, दो बचें तो कन्या, शून्य बचे तो गर्भ नहीं है या गर्भ गिर जाएगा अथवा उत्पन्न होने पर भी उस गर्भ की सन्तति का नाश होगा ऐसा कहना चाहिए।

सन्तान सम्बन्धी प्रश्न:--पंचम भाव में बुध या शुक्र हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति सम्भव है। ग्यारहवें भाव में नन्द्रमा हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति होगी। लग्नेश की पंचम भाव में स्थिति और पंचमेश

तथा बृहस्पति का बलवान होना भी सन्तति कारक योग बनता है। शुभ ग्रह दृष्ट लग्नेश और पंचमेश का केन्द्रस्थ होना सन्तान योग बनाता है। यदि पांचवें भाव में सूर्य, मंगल और राहु [illegible] यदि

को जितनी दृष्टि से देखता हो, [illegible] ही लाभ होता। अर्थात् एक चरण दृष्टि से देखता हो तो सवाया लाभ, दो चरण दृष्टि से देखता हो तो ड्योढा लाभ, ऐसा जानना।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तथा बृहस्पति का बलवान होना भी सन्तति कारक योग बनता है। शुभ ग्रह दृष्ट लग्नेश और पंचमेश का केन्द्रस्थ होना सन्तान योग बनाता है। यदि पांचवें भाव में सूर्य, मंगल और राहु तीनों ही हों तो सन्तान देर से होगी। यदि पांचवें भाव में केतु हो तो सन्तान की प्राप्ति में देर होगी। यदि प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव में पाप ग्रह और पांचवें भाव में बृहस्पति हो तो सन्तानाभाव का योग है। यदि तीसरे और आठवें भाव में शनि हो तो सन्तान नहीं होगी। यदि दूसरे, पांचवें या दशम भाव में मंगल हो तो पुत्रहीन योग बनता है। यदि पांचवें भाव में शनि और राहु के साथ सूर्य हो तो सन्तान उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाती है।

भूमि, मकान सम्बन्धी प्रश्नः-(१) यदि चतुर्थ भाव में शनि द्वारा दृष्ट राहु स्थित हो तो बंटवारे में भूमि मकान आदि की प्राप्ति होती है। (२) यदि चतुर्थेश द्वितीय अथवा ग्यारहवें भाव में हो तो भूमि आदि का प्रचुर लाभ होता है। (३) यदि चतुर्थ भाव शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो जातक को घर भूमि की प्राप्ति होती है। (४) यदि बृहस्पति और शुक्र से दृष्ट चतुर्थेश त्रिकोण अथवा केन्द्र में हो तो जातक अपने परिश्रम से भूमि मकान खेत आदि प्राप्त करता है। (५) यदि चतुर्थेश और दशमेश में राशि परिवर्तन योग हो तो जातक को घर, भूमि, खेती बगीचा आदि की प्राप्ति शीघ्र होती है।

मुकद्दमें में जीत हारः- (१) यदि प्रश्न में पाप ग्रह लग्न में बैठा है तो वादी जीते और यदि वही पाप ग्रह नीच राशि में, सूर्य के सानिध्य से अस्त या शत्रुग्रह के राशि में हो तो वादी नहीं जीतेगा अर्थात उसकी हार होगी। (२) यदि सप्तम भाव में बाल पापग्रह हो तो शत्रु की विजय हो। (३) यदि लग्न और सप्तम भाव में बराबर पावग्रह हों और वह बराबर बली हों तो मुकद्दमा अथवा लड़ाई देर तक चले और अन्त में दोनों घरों में जो ग्रह अधिक बली होगा उस भाव वाला जीतेगा-प्रश्न लग्न वाला पापग्रह अधिक बली होगा तो वादी की जीत होगी। अगर सप्तम भाव स्थित पाप ग्रह अधिक बली होगा तो प्रतिवादी की जीत होगी। विवाह में, शत्रु को मारने में, युद्ध में, संकट (आवश्यक विवाद यात्रादि) में भी पापग्रह लग्न में हों तो विजय होती है और प्रश्न लग्न पर पापग्रह की दृष्टि हो तो पराजय होती है।

प्रवासी सम्बन्धी प्रश्नः-अगर कोई प्रश्न करे कि अमुक पुरुष विदेश गया है, घर नहीं पहुंचा, बंधा हुआ है या मर गया है? (१) यदि प्रश्न लग्न में पापग्रह हो तो वह मारा नहीं गया है और बन्धन में भी नहीं है अर्थात् कुशल से है, ऐसा कहना। (२) प्रश्न लग्न से सप्तम या अष्टम भाव में यदि पापग्रह, अथवा लग्न और सप्तम इन दोनों में पापग्रह हों तो मरण व बन्धन कहना। यदि प्रश्न काल में चर राशि अर्थात् मेष, कर्क, तुला और मकर इनमें से कोई राशि लग्न में हो तथा चर राशि का नवांश भी लग्न में हो और लग्न से चौथे भाव में चन्द्रमा हो तो विदेशी अपने घर पहुंच गया ऐसा कहना।

प्रवासी का आगमनः-(१) प्रश्नकाल में केन्द्र से द्वितीय स्थानों (दूसरे, पांचवें, आठवें, ग्यारहवें) में ग्रह प्राप्त हो तो विदेश गए व्यक्ति का आगमन कहना। अगर दूसरे, पांचवें, आठवें और ग्यारहवें भाव में ग्रह न हों तो गोचर में जब इन भावों में ग्रह आने की सम्भावना हो तो प्रवासी तब लौट कर आएगा ऐसा कहना। (२) सातवें केन्द्र को छोड़कर अन्य केन्द्र भाव (१, ४, १०) से द्वितीय भाव (२, ५, ११) में चन्द्रमा हो तो विशेष रूप से आगमन कहना।

रोगी के जीवन मरण का विचारः-(१) यदि प्रश्न लग्न से सप्तम, द्वादश और दूसरे भाव में पापग्रह हों और लग्न छठे, आठवें भाव में चन्द्रमा हो तो शीघ्र मृत्यु करने वाला योग होता है अथवा चन्द्रमा के दोनों तरफ यदि पाप ग्रह हों तो भी शीघ्र मृत्यु कारक योग होता है। (२) लग्न में सूर्य और सातवें भाव में चन्द्रमा हो तो भी मृत्यु योग होता है। अगर जीवन-मरण प्रश्न का न होकर अन्य विषय सम्बन्धी हो तो मृत्यु योग नहीं कहना, खाली कठिनाईयां आएंगी ऐसा कहना।

बन्धन एवं दण्ड विषयक प्रश्न विचारः-(१) दूसरे बारहवें अथवा पांचवें-नवें भाव में पाप ग्रह हो तो जातक को कारावास दण्ड भोगना पड़ेगा। (२) चौथे भाव में मंगल और दसवें भाव में शनि हो तो लम्बे कारावास या मृत्यु दण्ड का सूचक है। (३) यदि नवम भाव में शुक्र, शनि और सूर्य तीनों एक साथ बैठे हों तो किसी घृणित अपराध में दण्ड भुगतना होगा। (४) यदि लग्नेश और षष्ठेश राहु, केतु से युक्त या दृष्ट होकर केन्द्र अथवा त्रिकोण में बैठे हों तो कठोर कारावास का दण्ड मिलेगा।

अमुक वस्तु खरीदने में लाभ रहेगा?-(१) प्रश्न लग्न का स्वामी खरीदने वाला और ग्यारहवें भाव का स्वामी बेचने वाला होता है। यदि लग्न का स्वामी लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो उस वस्तु को खरीदने से प्रश्नकर्ता को लाभ होता है। लग्न का स्वामी उदित, स्वक्षेत्री, मित्रक्षेत्री, वर्गोत्तम आदि में स्थित होकर लग्न को जितनी दृष्टि से देखता हो, उतना ही लाभ होता। अर्थात् एक चरण दृष्टि से देखता हो तो सवाया लाभ, दो चरण दृष्टि से देखता हो तो ड्योढ़ा लाभ, ऐसा जानना।

अमुक वस्तु बेचने में लाभ रहेगी?-प्रश्न काल में प्रश्न लग्न से एकादश भाव बलवान् हो तो खरीदी हुई वस्तु बेचने से लाभ होगा, अर्थात् एकादश भाव का स्वामी एकादश भाव में हो या एकादश भाव को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो लाभ होगा, ऐसा कहना।

अमुक वस्तु सस्ती रहेगी या महंगीः-(१) ऐसे प्रश्न में जिस ग्रह से लग्न बलयुक्त होता है वह ग्रह जितने मास तक उस प्रश्न लग्न से अशुभदायक नहीं होता तब तक वह वस्तु सस्ती रहती है। (२) यदि लग्न में पापग्रह हो अथवा लग्न पर एवं लग्नेश पापग्रहों से युक्त एवं दृष्ट हो तो वस्तु महंगी होती है। परन्तु कब तक महंगी रहेगी? जितने दिन में वह प्रश्न लग्न गोचर में शुभत्व को प्राप्त हो तब तक महंगी उसके बाद सस्ती होगी जब लग्न शुभयुक्त और शुभदृष्ट होगा। (३) क्रय-विक्रय के प्रश्न लग्न बलवान् हो तो वस्तु सस्ती और लग्न निर्बल हो तो वस्तु महंगी होती है। लग्न शुभ ग्रह और स्वामी से देखा जाता है: तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में शुभ ग्रह स्थित हो तो लग्न बलवान् होती है। इसके विपरीत अर्थात् पाप ग्रह से दृष्ट, केन्द्र में पाप ग्रह हों तो निर्बल कहलाता है।

अमुक स्थान में गड़ा धन है या नहीं?-(१) प्रश्न कुण्डली में चतुर्थ भाव का स्वामी चौथे स्थान को देखता हो तो धन है ऐसा कहना। यदि चतुर्थ स्थान पर पापग्रह की भी दृष्टि हो तो धन है परन्तु प्राप्ति नहीं होगी। (२) चौथे भाव में कोई भी ग्रह हो तो धन उत्तम पात्र में है ऐसा जानना। यदि चौथा यानि चतुर्थ भाव पर चतुर्थेश की दृष्टि न हो तो भी यदि चन्द्रमा चतुर्थ स्थान में हो तो धन है, ऐसा कहना।

नष्ट वस्तु प्रश्न-प्रश्न, तिथि, वार , नक्षत्र, लग्न तीनों एकत्र कर उनको पांच से भाग देने से शेष १ रहे तो वस्तु पृथ्वी में है। २ बचे तो जल में है मिलेगी नहीं। ३ बचे तो आकाश में है मिलेगी नहीं। ४ बचे तो राजा ले गया। ५ बचे तो वायु गत हुई शोक जानो।

नष्ट वस्तु परिज्ञान

नक्षत्री की संज्ञा	नक्षत्र	दिशा	अवधि प्राप्ति या नहीं
अन्धलोचन	रो., पु., उ. फा., वि.,पू. षा., ध., रे.	पूर्व	शीघ्र मिले प्रयत्न से
मंदलोचन	मृ., अश्वि., ह., अनु., उषा., श., अ.	दक्षिण	३ दिन में मिले प्रयत्न से
मध्यलोचन	आ., म., चि., ज्ये., अभि., पुष्य., भ.	पश्चिम	६४ दिन में मिले प्रयत्न से
सुलोचन	पुन., पूफा., स्वा., मू., श्र., उभा., कृ.	उत्तर	नहीं मिले

चोर ज्ञानम्-प्रश्न लग्न की कुण्डली बनाकर देखिए, सप्तम स्थान में स्त्री राशि है या पुरुष राशि। स्त्री राशि हो तो स्त्री चोर, पुरुष राशि हो तो पुरुष चोर है, ऐसा जानो।

सर्पदंश सम्बन्धी प्रश्न-मूल, कृतिका, मघा, विशाखा, आश्लेषा, रेवती आर्द्रा नक्षत्रों में सर्प ने काटा है तो यदि गरुड़ भी रक्षा करें तो भी प्राण नहीं बच सकते।

ऋणी-धनी प्रश्न-अपने वर्ग को दूनाकर दूसरे का वर्ग जोड़ना फिर आठ का भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दूना करके अपना वर्ग जोड़ना उपरान्त आठ का भाग देना। जिसका अधिक शेषांक बचे तो ऋणी तथा कम बचने वाले को धनी जाना ।

पशु विषयक प्रश्न-सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र नवम तक हो तो पशु वन में है आगे से छः नक्षत्र में हो तो पशु घर को शीघ्र आएगा। आगे के दो नक्षत्र में मिलेगा नहीं, आगे की तीन नक्षत्र में मृत्यु को प्राप्त हुआ ऐसा जाने।

आयु निर्णय चक्रः

दीर्घायु	मध्यायु	अल्पायु
चर में लग्नेश/चर में अष्टमेश	चर में लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश	चर में लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश
स्थिर में लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश	स्थिर में लग्नेश/चर में अष्टमेश	स्थिर में लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश
द्विस्व. लग्नेश/स्थिर में अष्टमेश	द्विस्व. लग्नेश/द्विस्व. अष्टमेश	द्विस्व. लग्नेश/चर में अष्टमेश

आयु निर्णय-(१) जन्म कुण्डली में देखें लग्नेश एवं अष्टमेश-चर, स्थिर, द्विस्वभाव किस राशि में पड़ा है। पश्चात् ऊपर दिये गये चक्र से जातक की दीर्घायु मध्यायु एवं अल्पायु निश्चित करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लग्न विचार

मेष लग्नः-मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, रक्त गोल नेत्र, मुख पर चिन्ह, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी उधमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतन्त्र विचार वाला प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली स्वच्छन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं। तथा अद्भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि बुध शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्रायः शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२, २८, ३२, ३६ वें वर्ष में होता है।

वृष लग्नः-जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्षाल, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरणशक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्टमैटिक्स, भवन निर्माण, जवाहरात विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कन्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते है। इनका भाग्योदय २५, २८ ३६ एवं ४२ वें वर्ष में होता है।

मिथुन लग्नः-जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित, चपल, तीक्षण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रूचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्टस, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३४, ३६, ४२ वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ चन्द्रमा अशुभ मंगल, सूर्य अरिष्टकारक होते हैं।

कर्क लग्नः-जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल हृदय कल्पनाशील, परिश्रमी भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मन्त्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर हृदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२ वें वर्ष में होता है।

सिंह लग्नः- जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट शरीर प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रसासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते हैं। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ राहु-केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२ वें वर्ष में होता है।

कन्या लग्नः-जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाजू होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवादि, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल वृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

तुला लग्नः-जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रशन्नचित तथा तीक्षण बुद्धि वाला होता है। यह न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र, शुभ, सूर्य मंगल बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

वृश्चिक लग्नः-जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ गूढ़ विद्याओं का ज्ञाता होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एंव संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप दृष्ट हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य चन्द्रमा मंगल बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २२, २४, २८, ३२ वें वर्ष मे, होता है।

धनु लग्नः-बड़े कान, लम्बी गर्दन,बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान्, उदार, गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कूलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्टकपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्यापक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, बकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य बुध, वृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२ वें वर्ष में होता है।

मकर लग्नः-जातक का लम्बा कद, सुन्दर नेत्र, सेवाभावी, धैर्यवान, गम्भीर, मननशील, महत्वाकांक्षी, उद्योगी, संयमी, परिश्रमी एवं कार्यशील उदासीन, दार्शनिक, आस्तिक, गृहस्थ जीवन से असंतुष्ट, आत्मप्रशंसा में विश्वास न करने वाला होता है। यह व्यक्ति बड़े होकर अधिकारी, कृषि अथवा भूमि से उत्पन्न वस्तुओं सम्बन्धी व्यवसाय अथवा कार्यालयों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको जोड़ों का दर्द तथा अन्य वायु जनित रोग होने की संभावना रहती है। इनका भाग्योदय २५, ३३, ३५, ३६, ४२ वें वर्ष में होता है।

कुम्भ लग्नः- जातक का मध्यम कद, मांसल हौंठ, आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग तीव्र बुद्धि, दयालु, मिलनसार, प्रभावशाली, अनेक मित्रों से युक्त, स्वच्छहृदय तथा विशाल दृष्टिकोण वाले, क्रान्तिकारी विचारक, रोचकवक्ता एवलं साहित्य में रुचि रखने वाले होते हैं। अगर शनि शत्रु राशिस्थ अथवा नीच हो तो जातक दम्भी, कामी, लांछन प्राप्त करने वाला, उद्दण्ड एवं निर्लज्ज होता है। बड़े होकर यह लोग प्राध्यापक, सुधारक, इंजीनियर, मुद्रण, रेडियो, बिजली, यात्रा, वायुयान एवं तकनीकी कार्यो में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको सिर अथवा पेट दर्द, वायुरोग, उदर पीड़ा एवं कोष्ठ बद्धता इत्यादि रोग हो सकते हैं। इनके लिए शुक्र शुभ तथा गुरु एवं चन्द्र अशुभ फलदायक हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

मीन लग्नः-जातक का छोटा कद, स्थूल शरीर, शान्त एवं विनम्र स्वभाव होता है। यह लोग धर्मपरायण, रूढ़िवादी, आस्तिक, परोपकारी, लज्जाशील, महत्वाकांक्षी, सुनिश्चित एवं सुसंस्कृत, बहुकुटुम्बी, सदगृहस्थी होते हैं। बड़े होकर यह लोग समाज सुधारक, आध्यात्मवादी, चलचित्र व्यवसाय, पुरातत्व वस्तुओं के व्यापारी, काव्य एवं हास्य व्यंग्य लेखक, कलाकार, औषधी विषयक, जल परिवहन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। इन्हें छूतछात की बीमारियां होने का डर रहता है। इनके लिए मंगल शुभ, सूर्य शुक्र शनि बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, १२, २८, ३३ वें वर्ष में होता है।

हथेली से भविष्य ज्ञान

रेखा जरूरत से ज्यादा चौड़ी हो तथा उस पर काला धब्बा हो तो जातक को मस्तिष्क रोग होता है। (५) यदि जीवन ... तो वायु रोग होता है। (६) यदि दोनों हाथों में मंगल रेखा पर शाखाएं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हथेली से भविष्य ज्ञान

आई.ए.एस. अधिकारी:-यदि बुध की उंगली अर्थात् कनिष्ठिका लम्बी हो और उसका सिरा अनामिका के प्रथम पौर के आधे हिस्से को भी पार कर चुका हो और सूर्य रेखा उच्चकोटि की हो तो जातक आई.ए.एस. अधिकारी अथवा उच्च पदाधिकारी बनता है।

न्यायाधीश होने का योग:-यदि गुरु पर्वत अधिक विकसित हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो, तर्जनी अंगुली अनामिका से बड़ी हो, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के प्रथम पौर के मध्य भाग तक पहुंच गया हो तो जातक न्यायाधीश होता है।

व्यवसायी होने का योग:-यदि बुद्ध पर्वत उभरा हुआ हो और निर्दोष हो, मस्तिष्क रेखा सीधी हो और बुद्ध पर्वत तक जाती हो तो जातक सफल व्यापारी होता है।

पुलिस अधिकारी:-मंगल पर्वत उभरा हुआ हो तथा उस पर उज्जवल तारे का चिन्ह हो और शरीर हृष्ट-पुष्ट हो तथा भाग्य रेखा निर्दोष हो तो जातक सफल पुलिस अधिकारी बनता है।

इंजीनियर होने का योग:-यदि शनि पर्वत विकसित हो और निर्दोष भाग्य रेखा शनि पर्वत पर आती हो, बुध पर्वत पर तीन चार खड़ी रेखा हों और सभी उंगलियां लम्बाई लिए हुए हों तो जातक इंजीनियर होता है।

डाक्टर होने का योग:-यदि बुध पर्वत और मंगल पर्वत पूर्ण रूप से विकसित हों, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के ऊपरी पौर के मध्य तक जाता हो, बुध पर्वत पर तीन खड़ी रेखाएं हों तो जातक डाक्टर होता है। अगर मंगल की बजाय बृहस्पति पर्वत विकसित हो तो जातक सफल वैद्य होता है।

शिक्षक होने का योग:-बृहस्पति पर्वत उभरा हुआ हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो तथा इसके साथ ही सूर्य रेखा, भाग्य रेखा, निर्दोष हो तथा तर्जनी उंगली अनामिका से बड़ी हो।

अभिनेता-अभिनेत्री योग:-अनामिका उंगली विशेष लम्बी हो और ऊपर से नोकदार हो, सूर्य रेखा पर नक्षत्र का चिन्ह हो, सभी उंगलियां कोमल और ढलवी हों, भाग्य रेखा पूरी लम्बाई लिए हुए हो तो जातक सफल अभिनेता या अभिनेत्री होती है।

साहित्यकार:-हथेली में चन्द्र पर्वत और गुरु पर्वत उभरे हुए हों, अनामिका तर्जनी से लम्बी हो, सूर्य रेखा तथा बुध पर्वत निर्दोष हों तो जातक सफल साहित्यकार बनता है। अगर चन्द्र पर्वत से धनुषाकार रेखा बुध पर्वत की ओर आती हो तो जातक श्रेष्ठ कवि बनता है।

विवाह में अड़चन:-(१) यदि विवाह रेखा कई स्थानों पर कटती हों, (२) चन्द्र पर्वत पर आड़ी तिरछी रेखाएं बनी हों।

अनमेल विवाह का योग:-(१) यदि विवाह रेखा सूर्य रेखा को काटती हो तो अनमेल विवाह होता है। (२) यदि शुक्र पर्वत अधिक विकसित हो।

सुखहीन विवाह का योग:-(१) यदि भाग्य रेखा पर क्रास हो, (२) विवाह रेखा पर द्वीप का चिन्ह हो, (३) शुक्र पर्वत का कम उभरा हुआ होना।

तलाक होने के योग:-(१) विवाह रेखा के अन्त में रेखाओं का गुच्छा हो, (२) यदि मंगल क्षेत्र से रेखा चल कर विवाह रेखा को काटे तो पति-पत्नी पृथक रहते हैं, (३) यदि विवाह रेखा से निकल कर एक शाखा मस्तिष्क रेखा से मिलती हो, (४) शुक्र पर्वत से प्रभाव रेखा जीवन रेखा को काटती हुई विवाह रेखा से मिलती है अथवा विवाह रेखा को काटती है तो तलाक होता है, (५) अविवाहित रहने का योग-विवाह रेखा ऊपर अर्थात् कनिष्ठा उंगली की ओर झुकी हो तो विवाह नहीं होता।

हस्त रेखा और रोग

(१) यदि चन्द्र पर्वत अत्याधिक उठा हुआ हो तो जातक को नजला जुकाम रहता है। (२) यदि चन्द्र पर्वत जरूरत से ज्यादा उभरा हुआ हो और उस पर एक से अधिक क्रास अथवा बिन्दु हो तो जलोदर रोग होता है। (३) यदि मस्तिष्क रेखा कई जगह से टूटी हुई हो तो जातक की स्मरण शक्ति कम होती है। (४) यदि मस्तिष्क रेखा जरूरत से ज्यादा चौड़ी हो तथा उस पर काला धब्बा हो तो जातक को मस्तिष्क रोग होता है। (५) यदि जीवन रेखा अंत में कई शाखाओं में बंट जाती हो तो वायु रोग होता है। (६) यदि दोनों हाथों में मंगल रेखा पर शाखाएं निकली हों अथवा जीवन रेखा के प्रारम्भ में तारे का चिन्ह हो तो जातक को कैंसर रोग होने का भय होता है। (७) यदि मंगल पर्वत पर तीन या तीन से अधिक बारीक-बारीक रेखाएं दिखाई दें तो जातक को गुप्तांगों के रोग रहते हैं। (८) अगर स्वास्थ्य रेखा दूषित हो और हृदय रेखा जंजीरदार हो तो जातक को हृदय रोग होने का भय है।

अन्य योग:-

बाल्यावस्था में माता-पिता की मृत्यु:-भाग्य रेखा के शुरू में त्रिकोण या द्वीप हो तो माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु होती है।

हत्यारा होने का योग:-मंगल का पर्वत उठा हो, उस पर तारे का चिन्ह हो। शनि के नीचे मस्तक रेखा पर नीले रंग की रेखा हो।

विदेश में मृत्यु:-जीवन रेखा अंत में दो शाखाओं में बंट जाए और उसमें से एक शाखा चन्द्र स्थान पर जाए तो विदेश में मृत्यु होती है।

मुकद्दमे बाजी में जायदाद और धन नाश होना:-दोनों हाथों में मंगल पर्वत का काला धब्बा, तिल या अन्य चिन्ह हो तो मुकद्दमेबाजी में जायदाद बर्बाद होती है।

शराबी होने का योग:-(१) चन्द्र पर्वत अधिक उठा हो तो प्राणी मद्य सेवी होता है।

अकाल मृत्यु का योग:-जीवन रेखा कटी हुई हो, हृदय रेखा शनि पर्वत को स्पर्श करती हो तो जातक की अकाल मृत्यु होने का भय होता है, (२) जीवन रेखा दोनों हाथों में छोटी हो अथवा टूटी हुई हो, मस्तिष्क रेखा तथा हृदय रेखा बुध पर्वत के नीचे आपस में मिली हो तो अकाल मृत्यु होती है।

हथेली पर तिल:-(१) यदि लाल रंग का तिल मस्तिष्क रेखा के ऊपर हो तो जातक के लिए सिर पर चोट लगने का खतरा रहता है। (२) शनि पर्वत पर काला तिल जातक के प्रणय सम्बन्धों में निराशा लाता है। पति-पत्नी में आपसी झगड़े के कारण उनमें से एक को आत्महत्या करनी पड़ती है। (३) चन्द्र पर्वत पर काला तिल पानी में डूबने से मृत्यु का होना। जातक को प्रेमी अथवा प्रेमिका धोखा देती है। (४) हृदय रेखा पर गहरे काले रंग का तिल हो तो जातक को हृदय रोग होने की सम्भावना रहती है। (५) जिस व्यक्ति के बुध पर्वत पर काला तिल हो, वह व्यक्ति ठग, कपटी तथा धूर्त होता है। ऐसे व्यक्ति से व्यापार में भागीदारी नहीं करनी चाहिए। (६) बृहस्पति के पर्वत पर काला तिल हो तो विवाह में बाधा आती है। (७) शुक्र पर्वत पर काला तिल जातक को अत्याधिक भोगी बनाता है जिससे वीर्य दूषित हो जाता है। (८) जीवन रेखा पर काला तिल हो तो दिमाग पर चोट लगने का डर रहता है तथा शत्रु द्वारा आघात लगने का भी खतरा रहता है। (९) भाग्य रेखा पर काला तिल भाग्योदय में विलम्ब तथा संघर्ष का सूचक है। (१०) यदि सूर्य रेखा पर काला तिल हो तो जातक को असफलता का सामना करना पड़ता है तथा धनहानि होती है। (११) यदि अंगूठे के मूल में काला तिल हो तो जातक के प्रथम सन्तान की मृत्यु हो अथवा गर्भ-क्षय हो।

नव-रत्नों का चमत्कार

प्राचीन ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार नौ ग्रहों सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु का विभिन्न रत्नों से सम्बन्ध है। इन रत्नों के क्रमशः नाम इस प्रकार हैः- माणिक्य, मोती, पन्ना, पुखराज, हीरा, नीलम, गोमेद, वैडूर्य अथवा लहसुँनिया। इन रत्नों को जब मनुष्य अपने शरीर पर धारण करता है तब वे अपने माध्यम से ग्रहों की रश्मियों को मानव शरीर में प्रविष्ट कर देते हैं जिसके फलस्वरूप रत्न धारण करने वाला मनुष्य उससे सम्बन्धित ग्रह के शुभ प्रभाव का पर्याप्त लाभ उठाने लगता है।

माणिक्य-यह सूर्य का रत्न माना जाता है तथा लाल रंग का होता है। इसके पहनने से शत्रुओं का नाश होता है तथा जीवन में भाग्योदय होता है, नौकरी वालों को पदोन्नति में सहायक होता है तथा मन्त्रियों अथवा सरकारी विभागों में सहयोग मिलता है। मन्त्रियों को यह पहनना लाभदायक है। इसके धारण करने से

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

धारणकर्त्ता साहसवान आत्मबली, धैर्यवान तथा निर्भीक बनता है। समाज में उच्च और प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करता है। अगर जातक की जन्म-कुण्डली में सूर्य नीच का हो अथवा छठे आठवें और बारहवें घर में बैठा हो तो माणिक्य नहीं धारण करना चाहिए। श्रेष्ठ माणिक्य खरीद कर, उस पर सूर्य का बीजमन्त्र ''ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:'' का विधिवत ७००० जप करके कृतिका, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में सोने अथवा तांबे की अंगूठी में जड़वाकर धारण करें।

मोती:-यह चन्द्रमा का रत्न माना जाता है तथा इसके पहनने से मन की बेचैनी दूर हो जाती है, जिन व्यक्तियों को बहुत क्रोध आता है अथवा जिनका ब्लड प्रैशर अधिक होता है उनके लिए यह रत्न लाभकारी है। स्त्रियों के लिए मोती पहनना आवश्यक है क्योंकि उनको यह रत्न सौभाग्यशाली बनाता है। स्वच्छ और दोषरहित मोती पहनने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा यश मिलता है। उच्चकोटि का मोती खरीद कर सोमवार के दिन अथवा रोहिणी, हस्त, श्रवण नक्षत्रों अथवा पूर्णिमा को चांदी की अंगूठी में जड़वाकर, चन्द्र के बीच मन्त्र ''ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रम से नम:'' का विधिवत जप करके अनामिका में धारण करें।

मूंगा:-लाल रंग का यह रत्न मंगल का रत्न माना जाता है। मूंगा धारण करने वाले का साहस बढ़ता है और उसके शत्रुओं का नाश होता है। पुलिस तथा सैनिक सेवाओं में काम करने वालों को विशेष लाभदायक है। यदि भयानक स्वप्न आते हों तो इसके पहनने से ऐसे स्वप्न आने बन्द हो जाते हैं। भूत-प्रेत बाधा से मुक्ति प्राप्त होती है। स्त्रियों को मूंगा सौभाग्य प्रदान करता है। जिसका ब्लड प्रैशर कम हो उनके लिए लाभकारी है। उच्चकोटि का दोष रहित मूंगा खरीद कर मंगलवार के दिन मृगशिरा, चित्रा, धनिष्ठा नक्षत्रों में सोने अथवा तांबे की अंगूठी में जड़वा कर ''ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भमाय नम:'' मन्त्र का विधिवत १०,००० जप करके धारण करें। याद रहे मूंगे के साथ कभी नीलम, गोमेद और लहसूनिया नहीं धारण करना चाहिए। अगर जन्म कुण्डली में मंगल छठे, आठवें तथा बारहवें घर में पड़ा हो तो भी मूंगा धारण नहीं करना चाहिए।

पन्ना:-हरे रंग का यह रत्न बुध का रत्न माना जाता है। यह रत्न बुद्धि बल देता है तथा इसके पहनने से शरीर पुष्ट होता है। धन, धान्य तथा सम्पत्ति की वृद्धि होती है। इसके धारण करने से जादू, टोने नजर आदि से रक्षा होती है। मिर्गी और पागलपन से बचाता है। नेत्रों मं तरावट लाता है। स्वप्नदोष दूर करता है। स्त्री के प्रसव के समय पर बांधने से शीघ्र प्रसव हो जाता है। यह रत्न लेखकों, अध्यापकों, राजनीतिज्ञों, व्यापारियों को अधिक लाभकारी है। उच्चकोटि का दोष रहित पन्ना खरीद कर बुधवार के दिन अश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती नक्षत्रों में सोने अथवा चांदी की अंगूठी में जड़वा कर ''ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं स: बुधाय नम:'' मन्त्र का विधिवत् ८००० जप करके कनिष्ठिका उंगली में धारण करें।

पुखराज:-चिकना, चमकदार, पानीदार पीले रंग का पुखराज बृहस्पति का रत्न माना जाता है। यह धन, धान्य, विद्या, बुद्धि, बल, ज्ञान, सम्पत्ति, आयु और यश प्रदान करता है। इसके धारण करने से वंश की वृद्धि होती है। यह भूत-प्रेत की बाधा से रक्षा भी करता है। जिस कन्या के विवाह में बाधा पड़ रही हो तो पुखराज पहनने से शीघ्र उपयुक्त वर प्राप्त हो जाता है। जिसके घर में क्लेश रहता है वहां पति अथवा पत्नी को पुखराज धारण करना अत्यन्त लाभकारी है। यह रत्न मन में धार्मिक विचारों का संचार करता है तथा इससे शराब जैसे बुरे व्यसन छूट जाते हैं। उच्चकोटि का पुखराज खरीद कर बृहस्पतिवार के दिन पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वा भादप्रद नक्षत्रों में सोने की अंगूठी में जड़वाकर ''ॐ बृं बृहस्पतये नम:'' मन्त्र का विधिवत १९००० जप करके पहनना चाहिए। मगर लग्न वालों के लिए पुखराज इतना लाभकारी नहीं है।

हीरा:-हीरा शुक्र का रत्न माना जाता है। इसके पहने से धन प्राप्ति, दाम्पत्य सुख, विवाह सुख तथा वाहन सुख प्राप्त होता है। इसको शुक्रवार के दिन भरणी, पूर्वा फाल्गुनी या पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में प्लेटीनम अथवा चांदी की अंगूठी में जड़वाकर ''ॐ शुं शुक्राय नम:'' मन्त्र का विधिवत् १६००० जप करके धारण करें। मेष, वृश्चिक तथा मीन लग्न वालों के लिए यह रत्न लाभकारी नहीं है।

नीलम:-यह शनि का रत्न माना जाता है। इसको पहनने से पहले इसकी परीक्षा करना आवश्यक है क्योंकि जहां यह अत्यन्त अशुभ फलदायक भी है, और अपना फल दो/तीन दिन में ही दे देता है। इसे शनिवार के दिन खरीद कर पुष्य, अनुराधा, उत्तराभाद्र पद नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर ''ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम: '' मन्त्र का विधिवत् २३००० हजार जप करके धारण करें। यदि यह लाभदायक सिद्ध हो तो कारोबार में आकस्मिक धन लाभ तरक्की देता है तथा गैस रोग व अन्य बीमारियों में लाभदायक होता है। यदि थोड़ा सा भी हानिप्रद साबित हो तो फौरन उतार देना चाहिए। यदि जन्म कुण्डली में शनि छठे, आठवें, द्वादश स्थान में बैठा हो तो नीलम कदापि धारण नहीं करना चाहिए।

उपरत्नों का प्रभाव

मुख्य रत्नों का जातक पर क्या प्रभाव पड़ता है। वह ग्रहों के अनुसार ऊपर दिया गया है। परन्तु रत्न मंहगे होने के कारण साधारण व्यक्ति इन्हें कम खरीदते हैं। अत: ज्योतिषी कई बार उन्हें उपरत्न पहनने की सहाल देते हैं। इन उपरत्नों को पहनने से क्या प्रभाव पड़ता है नीचे दिया गया है:-

अकीक:-यह पत्थर प्राय: कई रंगों में मिलता है। कुण्डली में जो ग्रह कमजोर हो उस ग्रह से सम्बन्धित रंग का पत्थर पहना जाता है। अच्छी सेहत, धन सम्पत्ति और हर कार्य में सफलता हासिल करने के लिए यह पहना जाता है। इसे आप चांदी में जड़वा कर किसी भी शुभ दिन को पहन सकते हैं।

फिरोजा:-फिरोजी रंग का यह पत्थर जातक को विषम परिस्थितियों का सामना करने में सहायता करता है। तथा दुर्घटना एवं चोट से बचाता है। विष से जातक की रक्षा करता है। स्त्रियों की प्रजनन शक्ति को बढ़ाता है। फिरोजा बुध और शनि का मिश्रित प्रभाव देता है। इसे चांदी और तांबे की मिश्रित धातु से बनी अंगूठी में जड़वा कर पहनें।

कटैला:-जामुनी रंग का यह पत्थर नेत्र रोग, अधरंग से पीड़ित व्यक्तियों को लाभकारी है। इसके पहले शराबियों की शराब छूट सकती है। और किसी प्रकार के नशे से भी छुटकारा मिल सकता है। माहवारी रोग से पीड़ित स्त्रियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। मुकद्मेबाजी में सफलता प्राप्त होती है।

ब्लड स्टोन:-हरे रंग के इस पत्थर पर लाल रंग के धब्बे होते हैं। जिन स्त्रियों को मासिक धर्म में अत्याधिक खून आता है उनके लिए यह रत्न बहुत उपयोगी है। बावासीर से पीड़ित व्यक्ति इसे पहन कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

अक्वामैरिन:-इस पत्थर को प्रेमी अपनी प्रेमिका को अथवा प्रेमिका अपने प्रेमी को पहनाए तो दोनों में प्रेम बना रहता है, ऐसी धारणा है। पति और पत्नि के बीच सम्बन्धों को मधुर बनाता है।

केन्द्र, त्रिकोण तथा तीसरे, छठे और एकादश स्थान में बैठा हो तो राहू की महादशा में गोमेद धारण करना लाभकारी है। अगर राहु द्वितीय, सप्तम, अष्टम, द्वादश भाव में स्थित हो तो गोमेद नहीं धारण करना चाहिए। बुधवार के दिन स्वाती, शतभिषा और आर्द्रा नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर ''ॐ रां राहवे नम:'' मन्त्र का विधिवत् १८००० जप करके धारण करें। तो रोग व शत्रुओं के नाश के लिए यह लाभकारी है। आकस्मिक धन लाभ भी कराता है।

वैडूर्य अथवा लहसूनिया:-यह केतु का रत्न माना जाता है। जब केतु लग्न, केन्द्र त्रिकोण अथवा तृतीय, षष्ट तथा एकादश भाव में स्थित हो तो केतु की महादशा में लहसूनिया धारण करना लाभकारी होता है। यदि केतु द्वितीय, सप्तम, अष्टम और द्वादश भाव में हो तो यह रत्न नहीं धारण करना चाहिए। बृहस्पतिवार के दिन अथवा अश्विनी, मघा, मूल नक्षत्रों में चांदी की अंगूठी में जड़वाकर इस रत्न पर ''ॐ के केतवे नम:'' मन्त्र का १७००० जप करके धारण करना चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

दैनिक शुभाशुभ देखने का चन्द्रकालानल चक्र



दिये हुए चित्र के समान एक चंद्र कालानल चक्र बनावें। फिर जिस दिन का शुभाशुभ विचार करना हो उस दिन का नक्षत्र देखें कि पंचांग में चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। प्रातःकाल जिस नक्षत्र पर चंद्रमा हो उसको चित्र में १ अंक पर रखकर फिर आगे के २८ नक्षत्रों को अंकों के क्रमानुसार लिखें। इसमें अभिजित का समावेश भी है। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र कहां पड़ रहा है। उसी के अनुसार फल समझें। यदि त्रिशूल में नाम नक्षत्र पड़े तो अशुभ, वादविवाद, रोग, धनहानि आदि। वृत्त के अन्दर पड़े तो आयुवृद्धि, धनलाभ, हर्ष, मित्रों का मिलन आदि शुभ फल हो। यदि वृत्त के बाहर (३,६,१०,१३,१७,२०,२४,२७ अंको पर) पड़े तो कुछ प्रसन्नता और कुछ दुःख। आधा दिन अच्छा और आधा क्लेश, चिन्ता, धन हानि से बीतेगा। इस प्रकार आप रोज देख सकते हैं कि "आज का दिन कैसा बीतेगा।"

शनि पीड़ा नाशक यंत्र

यंत्र

१०	३	८
५	७	९
६	११	४

यदि किसी व्यक्ति को शनि की ढैया या साढ़ेसाती के कारण बहुत परेशानी आ रही है हो तो चित्र में दिये हुए यंत्र को एक पत्थर की स्लेट के टुकड़े पर लकड़ी के कोयले से शनिवार को व्रत रख कर लिखें। तथा उस शनि से परेशान व्यक्ति के ऊपर सिर से पैरों की ओर सात बार उतार कर उस व्यक्ति के द्वारा ही किसी ऐसे कुएं (या पानी के तालाब) में फिकवादें जिसका पानी वह स्वयं कभी न पियें। उसके बाद वह पीछे मुड़कर न देखें। यह कार्य सांय काल को अधिक प्रभावशाली रहता है। ऐसा करने से उसको शनि की पीड़ा से मुक्ति मिल जाएगी यह अनुभूत है।

सर्वरोग नाशक यंत्र

यंत्र

ह्रीं	श्रीं	श्रीं	श्रीं
ह्रीं	देवदत्त		ह्रीं
श्रीं			श्रीं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

मंगलवार के दिन भोजपत्र पर अनार की कलम और केशर की स्याही से लिखें। देवदत्त के स्थान पर रोगी का नाम लिखें। फिर उस भोजपत्र को लपेट कर तावीज के रूप में लाल कपड़े में लपेटकर सिल लें। और धूपदेकर तथा घी के दीपक के ऊपर ७ बार फिराकर अपने दाहिने बाजू में बांध लें। यह क्रिया करते समय कोई देखे या टोके नहीं इसलिए एकान्त में करना चाहिये। इसके बांधने से प्रायः सभी रोग नष्ट हो जाते हैं और सुख मिलता है।

व्यापार में वृद्धिकारक लक्ष्मी यंत्र

यंत्र

१०	१८	१	१४	२२
११	२४	७	२०	३
१७	५	१३	२१	९
२३	६	१९	२	१५
४	१२	२५	८	१६

दीपावली की रात्रि में भोजपत्र पर अनार की कलम और अष्टगंध की स्याही से लिखकर गुग्गुल की धूप तथा दीप से यंत्र की पूजा करें। और उसी समय "ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः" मंत्र की २१ माला (१०८ दानेवाली) जपकर प्रत्येक माला के बाद यंत्र पर फूंक मारें। फिर इस यंत्र को दुकान की गद्दी के नीचे लाल कपड़े में लपेट कर रख दें तथा नित्य प्रातः स्नान करके गद्दी पर बैठने से पहले धूप दीप से पूजा करके तब गद्दी पर बैठें। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में व्यापार में आश्चर्य जनक तरक्की होगी।

शत्रु दमन कारक यंत्र

यंत्र

६	७	२
१	५	९
८	३	४

इस यंत्र को चिता की भस्म की पानी में स्याही बनाकर आक (मदार) की लकड़ी की कलम से भोजपत्र पर लिखकर मंगल वार के दिन श्मशान की अग्नि में शत्रु का नाम लेकर डालने से शत्रु पूरी तरह से परास्त होकर वशीभूत हो जाता है और हमेशा के लिए दास बन जाता है।

मुकदमा जीतने का यंत्र

यंत्र



मंगलवार के दिन भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर किसी तांबे के तावीज में भरकर, गुग्गुल की धूप देकर तथा घी के दीपक से पूजा करके अपने गले या दाई भुजा में बांधें जब तक अंतिम फैसला न हो जाय बांधे रखें। मुकदमें में विजय होगी।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारक मंत्र, यंत्र

सूर्य यंत्र

६	१	८
७	५	३
२	९	४

सूर्य:- यदि सूर्य गोचर में ४, ८, १२वें हो तो कष्ट, रोग, धनहानि, असफलता प्रदान करता है। यही फल विंशोत्तरी दशा आने पर भी करता है। इसके निवारण के लिए सूर्य के बीज मंत्र "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूयार्य नमः" का ७००० जप उपयुक्त रहता है। किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से आरंभ करें। लाल कपड़ा, गुड़, ताम्र पात्र, गेहूं का दान करें। रक्त पुष्पों से सूर्य की पूजा करें। सूर्य यंत्र को अष्टगंध की स्याही व अनार की कलम से भोजपत्र पर लिखकर धूप दीप देकर ताबीज की भांति दाहिनी भुजा में रविवार प्रातः को ही धारण करें तो अरिष्ट निवारण होता है, सुखशान्ति मिलती है। ये सभी यंत्र सर्वार्थसिद्धि मुहूर्त में धारण किये जायें तो उत्तम है।

चन्द्र यंत्र

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

चंद्रमा :- यदि चंद्रमा के कारण अरिष्ट हो रहा है तो इसके निवारण के लिए किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से "ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसेनमः" मंत्र का चन्द्रोदय समय में ११००० जप करें। जप एक सी संख्या में करें। कभी ज्यादा कभी कम, ऐसा न करें। श्वेत फूलों से चंद्रमा की पूजा करें। चांदी, चावल, चीनी, दही, श्वेत वस्त्र, श्वेत चंदन का दान करें। चन्द्र यंत्र को चांदी के तावीज या श्वेत वस्त्र के ताबीज में (भोजपत्र पर अष्टगंध से अनार की कलम से लिखकर) दायीं भुजापर धारण करें। सुख-शान्ति होगी।

मंगल यंत्र

८	३	१०
९	७	५
४	११	६

मंगल: मंगल एक पापी ग्रह है। गोचर में ४, ८, १२वें स्थान में आने पर या विंशोत्तरी दशा आने पर या जन्म कुण्डली में अशुभ होने पर बहुत हानिकरता है। इसकी शान्ति के लिए बीज मंत्र "ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमायनमः" का शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से जप आरम्भ करें। लाल फूलों से मंगल की पूजा करें। सोना, ताम्रपात्र, गुड़, घी, लाल वस्त्र, मसूर, केसर, लालचंदन का दान करें। अष्टगंध, अनार की कलम से भोजपत्र पर भौमयंत्र लिखकर, धूप, दीप देकर दायीं भुजा में धारण करें। शांतिहोगी, दुख दूर होंगे।

बुध यंत्र

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

बुध:- पापी या क्रूर ग्रहों के साथ जन्म कुण्डली में बुध के बैठ जाने से बुध भी अनिष्ट कारक फल देता है। इसके निवारण के लिए बुध के बीजमंत्र "ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं ब्रों सः बुधायनमः" का शुक्ल पक्ष के ज्येष्ठ बुधवार से जप प्रारम्भ करें। सुवर्ण, कांसा, मूंग, खांड, घी, हरावस्त्र, फल का दान करें, जप ९००० हजार करें। केशर या अष्टगंध की स्याही तथा अनार की कलम से भोजपत्र पर बुधयंत्र लिखकर हरे वस्त्र के ताबीज में रखकर, धूपदीप देकर दांयी भुजा में बांधे तो अवश्य कष्ट निवारण होगा।

गुरु यंत्र

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

बृहस्पतिः- यद्यपि गुरु शुभ ग्रह है किन्तु यदि गोचर में ४, ८, १२ हो तो विवाहादि शुभ कार्यों में अड़चन डालता है। अन्य प्रकार से भी अनिष्टकारक हो सकता है। इसकी शांति के लिए बीजमंत्र "ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः" का १९००० जप करें। जप शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरुवार से शुरू करें। सोना, चने की दाल, घी, पीला वस्त्र, केले के फल, हल्दी का

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दान करें। भोजपत्र पर केशर की स्याही व अनार की कलम से गुरु यंत्र लिखकर तथा सोने के या पीले वस्त्र के तावीज में रखकर दांये हाथ में धारण करें। जप के लिए पीली माला लें।

शुक्र :- शुक्र के अनिष्ट कारक प्रभाव को दूर करने के लिए शुक्र के बीज मंत्र "ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:।" का १६००० जप करें। श्वेत चंदन की माला प्रयोग करें। चांदी, चावल, चीनी, दूध, श्वेत वस्त्र, दही का दान करें। जप प्रात: सूर्योदय काल में करें। अष्टगंध तथा अनार की कलम से भोजपत्र पर शुक्र यंत्र लिखकर धूपदीप देकर श्वेत वस्त्र या चांदी के तावीज में रखकर दांयी भुजा में धारण करें। अवश्य सुख व शान्ति मिलेगी।

शुक्र यंत्र

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

शनि :- शनि एक क्रूर ग्रह है। बड़ा विनाशक ग्रह है। इसकी शांति के लिए बीजमंत्र "ॐ प्रां प्रीं प्रौं. स: शनये नम:" का कृष्णा पक्ष के प्रथम शनिवार से जप प्रारम्भ करें। जप संध्याकाल में करें। नीलम, लोहा, उड़द, तेल सरसों, कुलथी, काला, कम्बल व वस्त्र दान करें। जप संख्या २३००० है। भोज पत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से शनि यंत्र लिखकर काले कपड़े या सोने के तावीज में मंढवा कर धारण करें। शनि का प्रभाव दूर होगा।

शनि यंत्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

राहु: शनि की भांति राहु भी एक क्रूर छाया ग्रह है। इसकी शाति के लिए कृष्ण पक्ष के प्रथम शनिवार से बीजमंत्र "ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं स: राहवेनम:" का जप रात्री के प्रथम प्रहर में कम्बल के आसन पर बैठ कर करें। जप संख्या १८००० है। तिल, सरसों, तेल, नीले वस्त्र, कम्बल (काले) का दान करें। भोजपत्र पर अनार की कलम तथा अष्टगंध की स्याही से राहुयंत्र को लिखकर, धूप दीप देकर, सोने के ताबीज में रख कर धारण करें।

राहु यंत्र

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

केतु :- मंगल की भांति केतु भी अनिष्ट कारक छाया ग्रह है। इसकी शांति के लिए शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से बीजमंत्र "ॐ स्रां स्रीं स्रौं स: केतवे नम:" से १७००० जप करें। लहसुनियां, सुवर्ण, लोहा, तिल, सप्तधान्य, तेल, धूम्रवस्त्र, नारियल का दान करें। केतु के यंत्र को राहु की भांति धारण करें।

केतु यंत्र

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

कतिपय चमत्कारी मंत्र

(१) व्यापार वृद्धि के लिए :- "भंवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहा कर मेरा, उठे तो डंडी बिकैजो माल, भंवरवीर सोखे नहिं जाय।" रविवार के दिन प्रात:काल स्नान करके १ माला जप करें। फिर ११ दाने उड़द के इसी मंत्र से ११ बार पढ़कर अपनी व्यापार की गद्दी पर फैंक दें। तीन रविवार लगातार ऐसा करने से व्यापार में अवश्य वृद्धि होती है।

(२) सर्व मनोकामना पूर्ति के लिए :- श्री दुर्गामाता की मूर्ति सामने रखकर उसका विधिवत पूजन करके, हाथ में जल लेकर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए संकल्प करें। फिर निम्नमंत्र का सवालाख जप करें। तो निश्चित मनोकामना पूर्ति होती है। मंत्र "ॐ सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमस्तुते॥"

(३) विवाह सम्पन्न करने के लिए:- "ॐ गौरी आवे शिवजी ब्याहवे, अमुक को विवाह तुरंत सिद्ध करै, देर न करै, देर होय तो शिवजी का त्रिशूल पड़े, गुरू गोरखनाथ की दुहाई फिरै" इस मंत्र का ११ दिन तक लगातार एक माला रोज, जप करै, दीपक व धूप बालै। ग्यारहवें दिन रात को एक कोरे कुल्हड़ में सात डली नमक की, सात काली मिर्च लाल कपड़े में बांधकर रखदें। कुल्हड़ का मुंह भी लाल कपड़े से बांध दें। कुल्हड़ पर बाहर की ओर सात बिन्दी कुमकुम की लगाकर और ऊपर लिखे मन्त्र की पांच माला जप करके, चुपचाप कुल्हड़ को आधी रात को किसी चौराहे पर रख आवें, पीछे मुड़कर न देखें। सारी रुकावटें दूर होकर बहुत जल्द शादी हो जाती है।

(४) आधाशीशी दूर करने का मंत्र:- ॐ नमो बन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद कूद शाखान पै कच्चे बन फल खाय। आधा तोड़े आधा फोड़े आधादेय गिराय, हंकारत हनुमान जी आधा शीशी जाय" इस मंत्र से नीम की डाल या राख से रोगी को दक्षिण को मुख करा कर झाड़ा दें तो तीन दिन में आधा शीशी बिल्कुल ठीक हो जाती है।

(५) पुत्रदायक मंत्र:- "ॐ देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते, देहिमे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत:।" शुद्ध आसन पर पूर्व मुख होकर तुलसी या रुद्राक्ष की १०८ दाने की माला से सवा लाख जप करें। जप के बाद शहद, घी,. शक्कर, तिल मिश्रित सामग्री से १०००० आहुतियों का हवन करें। १००० तर्पण, १०० मार्जन करें। भगवान कृष्ण का ध्यान करें, अभक्ष्य चीजों से दूर रहें। भगवान अवश्य कामना पूर्ति करेंगे।

(६) रोग नाश के लिए मंत्र :- "ॐ रोगान शेषानपहं सितुष्टा, रुष्टा तु कामान सकलान भीष्टान्। त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिताह्याश्रयतां प्रयांति।" इस मंत्र का दुर्गा सप्तशती में दी हुई विधि से सवा लाख मंत्र जप करें तो माँ भगवती की कृपा से कठिन से कठिन रोग से भी मुक्ति मिलती है।

(७) धन प्राप्ति के हेतु महालक्ष्मी मंत्र:- श्री लक्ष्मी नारायण जी की मूर्ति के समक्ष, धूप, दीप, फल, मिष्ठान्न रखकर मंत्रजप करें। मूर्ति का मुख पूर्व दिशा में तथा जपकर्ता का मुख उत्तर को रहे जलकलश पर नारियल अवश्य रखें। मंत्र "ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं ह्रीं कमले कमला लये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नम:।" सवा लाख मंत्र जप, हवन करें।

(८) शत्रु विनाशक मंत्र:- शत्रु विनाश के लिए श्री बगलामुखी मंत्र से बढ़कर अन्य कोई मंत्र नहीं है। पीली धोती व दुपट्टा आदि कपड़े धारण करें। बगलामुखी का चित्र सामने रख कर उसकी विधिवत पूजा करें, पीले फूल चढ़ावें, पीले मिष्ठान्न से भोग लगावें, पीली माला (हल्दी की) प्रयोग करें। ५१००० जप करें। जप के बाद नीम के पत्ते, कौए के पंख तथा सरसों के तेल से हवन करें। तो शत्रु का विनाश होता है। मंत्र-"ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय नाशय ह्लीं ॐ स्वाहा॥"

(९) रोग निवारण तथा दीर्घायु प्राप्ति के लिए:- इसके लिए महामृत्युञ्जय मंत्र का शिव की मूर्ति के समक्ष बैठकर विधि पूर्वक जप करें। जप सवा लाख हो, बाद में हवन, तर्पण, मार्जन दशांश करें। मंत्र -"ॐ ह्रौं जूं स:। ॐ भूर्भुव: स्व:। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम् उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। ॐ स्व: भुव: भू:। ॐ स: जूं ह्रौं ॐ।

(१०) मृत संजीवनी मंत्र :- ॐ तत्सवितुर वरेण्यं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनं भर्गो देवस्य धीमहि, उर्वारुक मिव बन्धनात् धियो योन: प्रचोदयात् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् ॐ।। इस मंत्र के सविधि जप से अकालमृत्यु भी टल सकती है।

(११) बिच्छू का विष उतारने का मंत्र:- "ॐ नमो आदेश गुरू को। कालो बिच्छू कांकरवालो, उतर बिच्छू न कर टालो, उतरै तो उतारूं चढ़ै तो मारूं, गरुड़ मोर पंख हंकालूं। शब्द सांचा पिंड कांचा फुरोमंत्र ईश्वरो वाचा।" इस मंत्र को सूर्य ग्रहण में जितना जप संभव हो सके, जप करके सिद्ध करलें। फिर चिमटा, चाकू या झाड़ू से ७ बार मंत्र पढ़कर झाड़ा दे दें। विष उतर जायेगा।

(१२) पीलिया दूर करने का मंत्र:- "ॐ नम: आदेश गुरू को श्रीराम सर साधा लक्ष्मण साधा वाण, काला पीला रीता नीला थोथा पीली पीला पीला चारों गिरि जहि तो श्री रामचन्द्र जी रहे नाम। हमारी भक्ति गुरू की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।" पहले इस मंत्र को सूर्यग्रहण या दिवाली की रात को अधिक से अधिक (१००००) जप करके सिद्ध कर लें। बाद में रोगी को पीतल के पात्र में शुद्ध जल देकर मंत्र का उच्चारण करते हुए सुई से सात बार शनिवार के दिन झाड़ें। सात शनिवार तक क्रिया करें। अवश्य लाभ होगा।

द्वादश राशियों के देवता औरजपनीय मंत्र:- स्तोत्र ग्रंथों के अनुसार यदि व्यक्ति अपनी जन्म या नाम राशि के देवता का नियमित रूप से एक माला का जप करता रहे तो उसकी आपदा, कष्ट, रोगादि का स्वत: ही निवारण होता रहता है। राशियों के मंत्र निम्न प्रकार हैं **(१) मेष-** "ॐ विष्णवे नम:" **(२) वृष-**"ॐ वासु देवाय नम: **(३) मिथुन :-** ॐ केशवाय नम: **(४) कर्क :-** "ॐ राधा कृष्णायनम:" या "ॐ हरिहराय नम:"। **(५) सिंह-** "ॐ बालमुकुन्दाय नम: **(६) कन्या:-** "ॐ ह्रीं पीतम्बराय परमात्मने नम: **(७) तुला :-**ॐ श्रीराम दाशरथये नम:। **(८) वृश्चिक:-** "ॐ नमो नारायणाय नम:" **(९) धनु-** ॐ ह्रीं श्रीं क्रौं धरणी धराय नम: **(१०) मकर :-** ॐ श्री वत्साय उपेन्द्राय नम: **(११) कुम्भ राशि-** के देवता गोविन्द गोपाल हैं। "ॐ गोपाल गोविन्दाय नम:।" **(१२) मीन-** ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं रथाङ्गचक्राय नम:।"

॥ चमत्कारी यंत्रों द्वारा सिद्धि ॥

(१) शत्रु को वश में करने का यंत्र :- इस यंत्र को कागज पर हाथी दांत से लिखकर मरघट में गाड़ दें तो शत्रु वश में हो जाय।

५८	३७	५	८
७८	९	२	५२
५४	५	८४	९१
७	८७	६८	५८

यंत्र-१

(२) परदेशी को वापिस बुलाने ... ॥ अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(२) परदेशी को वापिस बुलाने का यंत्र:- इस यंत्र को तथा आने वाले का नाम तालाब की मिट्टी से बड़ के पत्ते पर लिखकर आगन्तुक की दिशा में गाड़ दे वह शीघ्र आ जावेगा।

यंत्र-२

३८	६५	१	२१
१०	६३	६५	१६
४	५	८७	११
३१	२८	२८	२८

(३) भूत प्रेत नाशक यंत्र:- यंत्र (३) को असगंध से भोजपत्र पर लिखकर घर में रखें तो भय नहीं रहता। या इस यंत्र को चांदी के वर्क पर या भोजपत्र पर श्मशान की मिट्टी से लिखकर भूत के सताये रोगी के सिर पर दो मिनट रखकर तालाब में फेंक आवें तो भूत भाग जाता है।

८५	५६	१	१२
१	६१	६२	१४
४६	४	१८	११
८	६७	२८	५८

यंत्र-३

(४) बवासीरनाशक यंत्र:- रविवार के दिन पुष्य नक्षत्र में इस यंत्र को भोजपत्र पर नीबू के रस से लिखकर गले में बांध लें तो बवासीर से मुक्ति मिलती है।

यंत्र-४

१	३	८	१३
६५	४	१०	७७
७	६	१५	८०
१२	८२	११	१४

(५) पुरुष वशीकरणमंत्र:- इस यंत्र (५) को भोजपत्र पर पान के रस या केशर से लिखें। अनार की कलम बनावें। फिर स्त्री उसे अपनी साड़ी में या भुजा में बांध ले तो उसका पुरुष उसके वश में रहता है।

यंत्र-५

१	६५	२	१२
७५	१	२	५२
१७	२८	८३	११
६	७	३१	४५

(६) सर्व कार्य सिद्धि यंत्र :- इस यंत्र (६) को भोजपत्र पर अष्टगंध से अनार की कलम से लिखें। गुग्गुल, असगंध की धूप दे कर तांबे के तावीज में भुजा में बांध लें तो मनचाहा कार्य सिद्ध हो।

५७	५८	१	११
३३	५७	४८	३७
८६	६	४४	६८
२५	५५	६५	१

यंत्र-६

(७) नजर (दीठि) दूर करने का यंत्र :- यंत्र (७) को भोजपत्र पर अनार की कलम तथा केसर की स्याही से लिखकर तांबे के तावीज में मढ़कर इतवार या मंगलवार के दिन बच्चे के गले में बांध दें तो बच्चे को कभी नजर न लगे।

यंत्र-७

४६	६	८५	८५
१	८	४२	२५
७८	७२	८	५
७	५	३५	८

(८) सर्व बाधानाशक यंत्र:- पैंसठिया यंत्र यह यंत्र सब प्रकार की बाधाओं को नाश करता है। इस यंत्र को भोजपत्र पर, अनार की कलम तथा अष्टगंध की स्याही से लिखें। इस यंत्र के चारों ओर 'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' लिखें। दीपावली की रात को यह यंत्र बनावें। गूगुल की धूप दें। महालक्ष्मी मंत्र का १००८ बार जप कर चांदी के तावीज में मंढवाकर दाहिनी भुजा में बांध लें। तो धन सम्बंधी सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं। महालक्ष्मी मंत्र "ॐ श्रीं ह्रीं श्री कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्री ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्ये नमः॥"

यंत्र-८

२२	३	१	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४

(९) मुकदमा जीतने का यंत्र :- दीपावली की रात को या चंद्र ग्रहण या सूर्य ग्रहण में इस यंत्र को भोज पत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर गूगुल, असगंध की धूप देकर चांदी के तावीज में मंढवाकर गले या दांये बाजू में जब तक मुकदमा चले तब तक बांधे रहें; मुकदमे में अवश्य विजय होगी। शराब, मांस का परहेज रखें।

यंत्र-९

५९२	५९९	२	७
६	३	५९६	५९५
५९८	५९३	८	१
४	५	५९४	५९७

(१०) गर्भधारण यंत्र:- जिस स्त्री के गर्भ धारण में असुविधा हो रही हो उस की बांयी भुजा में इस यंत्र को जिस दिन रविवार को मूल नक्षत्र हो उस दिन भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से लिखकर धूपदीप देकर चांदी के तावीज में रखकर बांध दें। अवश्य सिद्धि होगी।

यंत्र-१०

ॐ	ॐ	ॐ	ॐ
ॐ	ॐ	ॐ	ॐ
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

॥ अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष ॥

जनवरी १, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के लिए १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६वें वर्ष भी महत्वपूर्ण होते हैं। इनका १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जन. २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका २, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से स्नेह होता है। **जन. ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के ३, ८, १२, १७, २१, २६, ३०, ३५, ३९, ४४, ४८, ५३, ५७, ६२, ६६वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। **जन. ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होगा। **जन. ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ तथा १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ५, १४, २३, तिथि को जन्मे व्यक्तियों से आकर्षण होता है। **जन. ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ विशिष्ट होते हैं तथा ६, १५, २४ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जन. ७, १६, २५** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्व के होते हैं। २, ७, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। **जन. ८, १७, २६** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीखें जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जन. ९, १८, २७** में जन्मे लोगों के लिए ९, ८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१, ९० वें वर्ष उत्कर्ष के होते हैं। तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २७, ३० तारीख में जन्मे लोगों से आकर्षण होता है।

फर. १, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं और १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१ तारीखों में जन्मे व्यक्तियों से इन का लगाव होता है। **फर. २, ११, २०, २९** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१ वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति आकर्षण अनुभव करते हैं। **फर. ३, १२, २१** को जन्मे व्यक्तियों के ३, १२, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५ वें वर्ष उत्कृष्ट होते हैं। ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति इनका लगाव होता है। **फर. ४, १३, २२** को जन्मे लोगों के मुख्य वर्ष १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९ ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ और ७६ हैं। १, ४, ८ ,१०, १३, १७, १९, २२, २६, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों से गहरा आकर्षण होगा। **फर. ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिनांक ५, १४, २३ को जन्मे व्यकित्यों से गहरा लगाव होगा। **फर. ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६८, ८७वें महत्वपूर्ण होते हैं। तथा ६, १५, २४ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **फर. ७, १६, २५** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५ तथा ७० वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। इनके लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ में उत्पन्न लोग विशेष आकर्षण का कारण होते हैं। **फर. ८, १७, २६** इनके लिए

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से इनका गहरा लगाव होता है। **फर ९, १८, २७** इनके जीवन के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं तथा ९, १८ तारीख को जन्मे लोगों का ८, ९, १७, १८, २६, २७ तारीख वालों की ओर तथा २७ को जन्मे लोगों का ३, ९, १२, १८, २१, २७ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है।

मार्च १, १०, १९, २८ में जन्मे लोगों के जीवन के १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१, ३७, ३९, ४०, ४८, ४९, ५०, ५७, ५८, ६४, ६६, ६७, ७३ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च २, ११, २०, २९** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५६, ६५, ७४ था ७, १६, २५, ३४, ४३, ५२, ६१, ७० हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च में ३, १२, २१, ३०** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ३, १२, २१, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५ होते हैं तथा तारीख ३, ६, ९, १२, १५, २१, २४, २७, ३० में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्पूर्ण वर्ष, १, ४, १०, १३, १९, २३, २८, ३१, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ है। और १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में पैदा हुए लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ होते हैं और ३, १२, २१, ३० तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६० तथा ७८ होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीखों में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **मार्च ८, १७, २६** में जन्मे लोगों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६७, ७१, ७६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ४, ८, १२, १३, १७, २१, २२, २६, ३०, ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **मार्च ९, १८, २७** में जन्मे लोगों के जीवन के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तथा १, १०, १९, २८ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

अप्रैल १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ९, १०, १८, १९, २७, २८, ३६, ३७, ४५, ४६, ५४, ६४, ७२, ७३ होते हैं। तथा १, ४, ८, ९, १०, १३, १७, १८, १९, २२, २६, २७, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ९, ११, १६, १८, २०, २५, २७, २९, ३४, ३६, ३८, ४३, ४५, ५२, ५४, ६१, ६३, ७०, ७२, ८१ वर्ष महत्पूर्ण होते हैं। **अप्रैल ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३०, ३३, ३६, ३९, ४२, ४५, ४८, ५१, ५४, ५७, ६०, ६३, ६६, ६९ होते हैं तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ४, १३, २२** में जन्मे लोगों को जीवन के ४, ८, १३, १९, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६९ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं तथा ४, ८, १३, २२, २६ तथा ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **अप्रैल ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ हैं। इनका ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के लिए जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ होते हैं तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ७, १६, २५** जन्मदिन वाले लोगों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्पूर्ण होते हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ८, १७, २६** जन्म तिथि वाले लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ४, ८, १३, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७६ होते हैं। ये ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **अप्रैल ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ होते हैं। १, १०, १९, २८, ९, १८, २७ तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है।

मई १, १०, १९, २८ जन्म तिथि वालों के लिए १, २, १०, ११, १५, १९, २१, २४, २८, २९, ३३, ३७, ३८, ४२, ४६, ४७, ५१, ५५, ५६, ६०, ६४, ६५, ६९ वर्ष महत्व के होते हैं। इनका १, २, ६ मूलांक वाली तारीखों को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **मई २, ११, २०, २९** जन्म तिथि वाले लोगों के भाग्यशाली वर्ष २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३३, ३८, ४२, ५१, ५२, ५६, ६०, ६१, ६५, ६९ होते हैं। तारीख १, २, ६, ७, १०, ११, १५, १६, १९, २०, २४, २५, २८, २९ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लग्राव रखते हैं। **मई ३, १२, २१, ३०** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३०, ३३, ३९, ४२, ४८, ५१, ५७, ६०, ६६, ६९ वर्ष उत्कर्ष वाले होते हैं। ये ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तारीख को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। **मई ४, १३, २२, ३१** जन्म दिन वालों के महत्वपूर्ण वर्ष ४, ६, १३, २२, १५, २४, ३१, ४०, ४२, ४९, ५१, ५८, ६०, ६७, ६९ होते हैं। किसी भी माह की ४, ६, १३, १५, २२, २४, ३१ ता. को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **मई ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के लिए भाग्यशाली वर्ष ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६०, ६८, ६९, ७७ होते हैं। तारीख ५, ६, १४, १५, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति खास लगाव होता है। **मई ६, १५, २४** इनके भाग्यशाली वर्ष २, ६, १५, २०, २४, २९, ३३, ३८, ४२, ५१, ५६, ६०, ६५, ६९, ७८ होते हैं। २, ३, ६, मूलांक वाली तारीखों को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **मई ७, १६, २५** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३४, ३८, ४२, ४३, ४७, ५१, ५६, ६१, ६९वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। किसी माह की २, ७, ११, १६, २०, २८, २५, १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **मई ८, १७, २६** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१, ८० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं, और ४, ८, १३, १७, २२, २६ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष आकर्षण होता है। **मई ९, १८, २७** को जन्मे व्यक्तियों के विशेष महत्वपूर्ण वर्ष ६, ९, १५, १८, २४, २७, ३३, ३६, ४२, ४५, ५१, ५४, ६०, ६३, ६९, ७२ होते हैं और ६, ९, १५, १८, २४, २७ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है।

जून १, १०, १९, २८ जन्मतिथि के लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष १, ४, ५, १०, १३, १४, १९, २२, २३, २८, ३१, ३२, ३७, ४०, ४१, ४६, ५०, ५५, ५८, ५९, ६४, ६८, ७३ होते हैं तथा १, ४, ५, १०, १३, १४, १९, २२, २३, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष आकर्षण होता है। **जून २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के २, ४, ५, ११, १३, १४, २०, २२, २३, २९, ३१, ३२, ३८, ४०, ४१, ४७, ४९, ५०, ५६, ५८, ५९, ६६, ६७, ६८ वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। **जून ३, १२, २१, ३०** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ३, ५, १२, १४, २१, २३, ३०, ३२, ३९, ४१, ४८, ५०, ५७, ५९, ६६, ६८, ७५ होते हैं। ये ३, ५, १२, १४, २१, २३, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति आकर्षण रखते हैं। **जून ४, १३, २२** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३१, ३२, ४०, ४९, ५०, ५९, ६७ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। ता. ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **जून ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६९, ६८९ तथा ७७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ता. ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **जून ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के जीवन के ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६०, ६८, ७८ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। ता. ५, ६, १४, १५, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **जून ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ जन्मतिथि वाले लोगों से विशेष लगाव होता है। **जून ८, १७, २६** को जन्मे लोगों के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ६२, ६७ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **जून ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८ विशेष महत्व के होते हैं। दि. ५, ९, १४, १८, २३, २७ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षित होते हैं।

जुलाई १, १०, १९, २८ जन्म तिथि वालों को १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१, ३४, ३७, ३८, ४०, ४३, ४७, ४९, ५२, ५५, ५६, ५८, ६१, ६४ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **जुलाई २, ११, २०, २९** को जन्मे लोगों के जीवन के वर्ष २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० अच्छे होते हैं। दि. १, २, ७, १०, ११, १६, १९, २०, २५, २८, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **जु. ३, १२, २१, ३०** जन्मतिथि वालों को ३, १२, १६, २०, २१, २५, ३०, ३४, ३९, ४३, ४८, ५२, ५७, ६१ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. २, ३, ७, ११, १२, १६, २०, २१, २५, २९, ३० को जन्मे व्यक्तियों के प्रति तीव्र आकर्षण रखते हैं। **जुलाई ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों को ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **जुलाई ५, १४, २३** को जन्मे लोगों को ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७, ८६ वर्ष महत्व के होते हैं। तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। **जुलाई ६, १५, २४** लोगों के जीवन के २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३३, ३४, ३८, ४२, ४३, ४७, ५१, ५२, ५६, ६०, ६१, ६५, ६९, ७० वर्ष विशेष महत्व के होते हैं। दि. ६, १५, २४, ३, ९, १२, १८, २१, २७, ३० को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **जुला. ७, १६, २५** वाले जन्म दिन के लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० तथा ७९वें वर्ष विशेष महत्व के होते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। जु. ८, १७, २६ को जन्मे लोगों के लिये ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। जुलाई ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के लिए १, ९, १०, १८, १९, २७, २८, ३६, ४५, ४६, ५४, ५५, ६३, ६४, ७२वेंवर्ष अति महत्वपूर्ण होते हैं। तथा ९, ८, २७ तारीखों में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

अगस्त १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के लिए १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३, ७६ महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं। ये दि. १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। अगस्त २, ११, २०, २९ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनकेदि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। अगस्त ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के लिए १, ३, १०, १२, १९, २१, २८, ३०, ३७, ३९, ४६, ४८, ५५, ५७, ६४, ६६ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। अगस्त ४, १३, २२, ३१ को जन्मे लोगों के लिए १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३८, ४०, ४९, ५५, ५८, ६४, ७३ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं। दि. ४, १३, २२, ३१, ८, १७, २६ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष रूप से आकर्षित होते हैं। अगस्त ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के लिए ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८ वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अगस्त ६, १५, २४ वाले लोगों को १, ६, १०, १५, १९, २४, २८, ३३, ३७, ४२, ४६, ५१, ५५, ६०, ६४, ६९ वर्ष महत्व के होते हैं। दि. १, ४, १०, १३, १९, २२, २८ को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। अगस्त ७, १६, २३ को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०, ७४ वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अगस्त ८, १७, २६ को जन्मे लोगों के लिए ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६ विशेष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ ता. में जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। अगस्त ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के लिए ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण का अनुभव करते हैं।

सितम्बर १, ९, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १, १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा दि. १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। सितं. २, ११, २०, २९ जन्मदिन वालों को २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५६, ६५, ७४ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा दि. २, ७, ११, १६, २०, २५ और २७ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। सितं. ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के ३, १२, २१, ३०, ४८, ५७, ६६, ७५ वर्ष महत्व के होते हैं। ३, ५, ६ मूलांक वाली तिथियों में जन्मे लोगों के प्रति आकर्षण का अनुभव करते हैं। सितं. ४, १३, २२ को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६ को जन्मे लोगों से आकर्षण रखते हैं। सितं. ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के प्रति आगकर्षण का अनुभव करते हैं। सितं. ६, १५, २४ को जन्मे लोगों के जीवन के ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ५, ४, २३, ६, २४, २५ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। सितं. ७, १६, २५ को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५ विशेष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण रहता है। सितं. ८, १७, २६ तिथि को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं, तथा दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। सितं. ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के लिए ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ३, ६, ९ के क्रम में जन्मे लोगों से इनका विशेष लगाव होता है।

अक्तू. १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के जीवन के १, ६, ८, १०, १५, १७, १९, २४, २६, २८, ३३, ३५, ३७, ४२, ४४, ५१, ५३, ५५, ६०, ६२, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. १, ४, ६, ८, १०, १३, १५, १७, १९, २२, २४, २६, २८, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति आकर्षित होते हैं। अक्टू. २, ११, २०, २९ को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अक्तू. ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के लिए ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३०, ३३, ३९, ४२, ४८, ५१, ६०, ६६, ६९ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अक्तू. ४, १३, २२, ३१ को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१, ७६, ८० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अक्तू. ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७, ८६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। तारीख ५, ६, ८, १४, १५, १७, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। अक्तू. ६, १५, २४ को जन्मे लोगों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक ६, १५, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। अक्तू. ७, १६, २५ को जन्मे लोगों के जीवन के उत्कर्ष वर्ष २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। अक्तूबर ८, १७, २६ को जन्मे लोगों के उत्कर्ष के ८, १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१ वर्ष होते हैं। दिनांक ८, १७, २६ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। अक्तू. ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ होते हैं। दि. ६, १५, १८, २४, २७ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है।

नवम्बर १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के लिए १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ विशेष महत्व के होते हैं। दिनांक १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। नवं. २, ११, २०, २९ को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष २, ७, ११, १६, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० होते हैं। दिनांक २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। नवं. ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के लिए ३, ९, १२, १८, २१, २७, ३०, ३६, ४८, ५४, ५७, ६३, ६६, ७२, ७५ वर्ष महत्पूर्ण होते हैं। दि. ३, १२, १८, २१, २७, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। नवं. ४, १३, ३२ को जन्मे लोगों के जीवन के वर्ष ४, ८, ९, १३, १७, १८, २२, २६, २७, ३१, ३५, ३६, ४०, ४४, ४५, ४९, ५३, ५४, ५८, ६२, ६३, ६७ और ७१ महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, ९, १३, १७, १८, २२, २६, २७ को जन्मे लोगों के प्रति बहुत ही लगाव होता है। नव. ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५८, ६३, ६८, ७२ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ५, ९, १४, १८, २३, २७ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति बहुत आकर्षित होते हैं। नवं. ६, १५, २४ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ६, ९, १५, १८, २४, २७, ३३, ३६, ४२, ४५, ५१, ५४, ६०, ६३, ६९ वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ६, ९, १५, १८, २४, २७ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। नवं. ७, १६, २५ को जन्मे लोगों के जीवन के २, ७, ९, ११, १६, १८, २०, २५, २७, २९, ३४, ३६, ३८, ४३, ४५, ४७, ५२, ५४, ५६, ६१, ६३, ६५, ७०, ७२ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं। इन लोगों का दिनांक २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। नवं. ८, १७, २६ को जन्मे लोगों के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१, ७६ वर्ष अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षित होते हैं। नवं. ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२ वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

दिसम्बर १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ७, १०, १६, १९, २४, २८, ३४, ३७, ४३, ४६, ५२, ५५, ६१, ६४, ७० होते हैं। तथा १, ३, १०, १२, १९, २१, २८, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। दिसं. २, ११, २०, २९ को जन्मे लोगों के लिए २, ३, ७, ११, १२, १६, २१, २५, २९, ३०, ३४, ३८, ३९, ४३, ४७, ४८, ५२, ५७, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ३, ७, ११, १२, १६, २०, २१, २५, २९, ३० को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। दिसं. ३, १२, २१, ३० को जन्मे लोगों के जीवन के ३, १२, २१, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। दिसं. ४, १३, २२, ३१ को जन्मे लोगों के जीनव के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. १, ३, ४, ८, १०, १२, १३, १७, १९, २१, २२, २६, २८, ३० को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। दिसं. ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक ३, ६, १२, १४, २१, २३ को जन्मे लोगों के प्रति बहुत आकर्षित होते हैं। दिसं. ६, १५, २४ को जन्मे लोगों के लिए ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३०, ३३, ३९, ४२, ४८, ५१, ५७, ६०, ६६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिसं. ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षित होते हैं। दिसं. ७, १६, २५ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिसं. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। दिसं. ८, १७, २६ को जन्मे लोगों के लिए ८, १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१, ८० वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होते हैं। दिसं. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे व्यकित्यों से विशेष लगाव होता है। दिसं. ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के लिए ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिसं. ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि का पाया विचार

जब शनि एक राशि को भोग कर दूसरी राशि में प्रवेश करे उस समय चंद्रमा जिस राशि में संचार कर रहा हो उसे ज्ञात करें। जिन पर शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या आई हो वे अपनी जन्म (या नाम) राशि से चंद्रमा की राशि तक गिनें। यदि उन की राशि से चंद्रमा की राशि २, ५, ९वीं हो तो उन पर शनि चांदी के पाये से आया समझें। चांदी का पाया शुभ होता है। यदि शनि ढैय्या या साढ़ेसाती के कारण अनिष्ट फल करता है तो चांदी के पाये से आने के कारण उतना अशुभ नहीं करता अपितु कुछ शुभ ही करता है। यदि जन्म राशि (नाम राशि) से चंद्र राशि ३, ७, १०वीं हो तो शनि को तांबे के पाये से आया समझें। यदि चंद्र राशि १, ६, ११वीं हो तो सुवर्ण पाद से आया समझें। तांबे का पाया सामान्य शुभ होता है परन्तु सुवर्ण पाद से आने पर चिन्ता, क्लेश, रोग, परिवार में कलह, धन का अपव्यय होता है। यदि जन्म राशि से चंद्र राशि ४, ८, १२वीं हो तो लोहे के पाये से आया समझें जोकि बहुत अशुभ माना जाता है। धन हानि, क्लेश, रोग, बन्धन, मुकद्दमाबाजी, भ्रमण आदि फल होते हैं।

संक्रान्ति नक्षत्र से जन्म नक्षत्र (या नामनक्षत्र) फल

संक्रान्ति के समय जो नक्षत्र हो उससे प्रारंभ करके जन्म नक्षत्र (नाम नक्षत्र) तक गिनें। यदि प्रथम ३ नक्षत्रों में अपना जन्म या नाम नक्षत्र पड़े तो उसमास में यात्रा करनी पड़े, अगले ६ नक्षत्रों में सुख, उससे आगे के ३ नक्षत्रों में पड़ने से पीड़ा, उससे आगे के ६ नक्षत्रों में वस्त्र का लाभ, उसके बाद ३ नक्षत्रों में धन का नाश और उसके बाद ६ नक्षत्रों जन्म नक्षत्र पड़े तो उस मास में धन का लाभ हो। (मुहूर्त चिन्ता.) स्पष्टार्थ नीचे चक्र दिया है:-

नक्षत्रों में	३	६	३	६	३	६
फल	गमन (यात्रा)	सुख	पीड़ा, कष्ट	वस्त्र लाभ	धन हानि	धन लाभ

ग्रहों के स्वगृह, परमोच्च, परमनीच, मूलत्रिकोणादि विचार

स्वराशि

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
सिंह २१से ३० अंश तक	कर्क	मेष १३ से ३० अंश तक वृश्चिक (पू.)	मिथुन (पू.) कन्या में २१ से ३० अंश तक	धनु मे ११ से २० अंश तक मीन (पू.)	वृष (पूर्ण) तुला में १६ से ३० अंश तक	मकर (पू.) कुम्भ २१ से ३० अंश तक	कन्या	मीन
सिंह १ से २० अंश तक	वृष में ४ से ३० अंश तक	मेष में १ से १२ अंश तक	कन्या में १६ से २० अंश तक	धनु में १ से १० अंश तक	तुला में १ से १५ अंश तक	कुम्भ में १ से २० अंश तक	मीन	कन्या
मेष के १ से १० अंश तक	वृष के २ से ३ अंश तक	मकर के १ से २८ अंश तक	कन्या के १ से १५ अंश तक	कर्क के १ से ५ अंश तक	मीन के १ से २७ अंश तक	तुला के १ से २० अंश तक	मिथुन में १ से १५ अंश तक	धनु १ से १५ अंश तक
तुला के १ से १० अंश तक	वृश्चिक के १ से ३ अंश तक	कर्क के १ से २८ अंश तक	मीन के १ से १५ अंश तक	मकर के १ से ५ अंश तक	कन्या के १ से २७ अंश तक	मेष के १ से २० अंश तक	धनु के १ से १५ अंश तक	मिथुन के १ से १५ अंश तक

राशियों का शीर्षोदय, पृष्ठोदय, उभयोदय विचार

शीर्षोदय राशियां : मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, कुम्भ
उभयोदय: मीन
रात्रि बली राशियां: मेष, वृष, मिथुन, धनु, कर्क, मकर

पृष्ठोदय राशियां: मेष, वृष, धन, कर्क, मकर
दिन बली राशियां: सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
दिनरात्रि बली: मीन

नवग्रहों की समिधायें:-शुभ कार्यों में हवन में आम, ढाक की समिधा प्रयोग होती है परन्तु नवग्रहों के दोष शमनार्थ अथवा इष्ट कार्य की सिद्धि के लिए जब नवग्रहों की प्रसन्नता के लिए हवन किया जाता है तो उसमें प्रत्येक ग्रह के लिए विशिष्ट प्रकार की समिधा से हवन किया जाता है जैसाकि वाशिष्ठी हवन पद्धति में लिखा है-''अर्क: पलाश: खदिर: अपामार्गोऽथ पिप्पल:। औदुम्बर: शमी दूर्वा कुशाश्च समिध: क्रयात्'' अर्थात् सूर्य के लिए आक (मदार), चंद्र के लिए पलाश (ढाक), मंगल के लिए खैर, बुध के लिए अपामार्ग (चिड़चिटा), गुरु के लिए पीपल, शुक्र के लिए गूलर, शनि के लिए शमी (छोंकर), राहु के लिए दूर्वा तथा केतु के लिए कुशा से हवन करें। ग्रहों की समिधा प्रादेश मात्र (१२ अंगुल की) दोष रहित हों। फटी हुई, दो शाखा वाली, छोटी, अधिक बड़ी, अधिक मोटी घूमी हुई, कीड़ा लगी (घुनी हुई), पतली न हो।

ग्रहों के लिए वैदिक हवन मंत्र

सूर्य- ''ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतम्मर्त्यञ्च हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्- ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय इदं न मम।''

चंद्र- ''ॐ इमन्देवाऽसपत्न ७ सुवद्ध्वम्महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्र स्येन्द्रियाय। इमम मुष्य पुत्रम मुष्यै पुत्रमस्यै व्विशऽएषवोमीराजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ७ राजा- ॐ चन्द्रमसे स्वाहा। इदं चन्द्रमसे इदन्न मम।''

मंगल- ''ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिव: ककुत्पति: पृथिव्याऽयम् ।अपा७ रेता७ सि जिन्वति- ॐ भौमाय स्वाहा।इदं भौमाय इदन्न मम''

बुध- ''ॐ उद्बुध्यस्वाग्नेप्प्रति जागृहि त्वमिष्टा पूर्ते स ७ सृजेथामयञ्च।अस्मिन्त्सधस्थेऽध्युत्तर स्मिन्विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत- ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय.।''

बृहस्पति-''ॐ बृहस्पतेऽति यदर्य्योऽअर्हाद्युम द्विभाति क्रतु मज्जनेषु। यद्दीदयच्छ वसऽऋत प्रजात दतस्मासुद द्रविणन्धेहि चित्रम्- ''ॐ बृहस्पतये स्वाहा। इदं बृहस्पतये।''

शुक्र- ''ॐ अन्नात्परिस्रुतो रसम्ब्रह्मणा व्यपिवत् क्षत्रम्पय: सोमम्प्रजापति:। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान७ शुक्र मन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदम्पयोमृतम्मधु-''ॐ शुक्राय स्वाहा इदं शुक्राय इदन्नमम।''

शनि- ''ॐ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोरभिस्रवन्तुन: ''ॐ शनये स्वाहा। इदं शनये इदन्न मम।''

राहु- ''ॐ कयानश्चित्र आभुवदूती सदावृध: सखा। कया शचिष्ठया वृता ''ॐ राहवे स्वाहा। इदं राहवे इदन्न मम्।''

केतु- ''ॐ केतु कृण्वन्न केतवे पेशोमर्य्याऽपेशसे। समुषद्भिर जायथा: ''ॐ केतवे स्वाहा। इदं केतवे।''

वर वरण मुहूर्त

''धरणिदेवोऽथवा कन्यकासोदर: शुभदिने गीत वाद्यादिभि: संवृत:। वर वृत्तिं वस्त्र यज्ञोपवीतादिना ध्रुव युतैर्वह्नि पूर्वात्रयैराचरेत॥''

मुहूर्त चिन्तामणि में लिखा है कि शुभदिन (सोम, बुध, गुरु तथा शुक्रवार) में शुभ तिथियों (२, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३) में ध्रुव संज्ञक, कृतिका तथा तीनों पूर्वा नक्षत्रों और विवाह नक्षत्रों में भद्रादिदोष रहित शुभ मुहूर्त में कन्या पक्ष का पुरोहित अथवा कन्या का सोदर भाई गान-वाद्य आदि मांगलिक उपकरणों के साथ द्रव्य (शक्ति अनुसार), वस्त्र, यज्ञोपवीत, फल, फूल मालादि वस्तुओं के द्वारा वर का पूजन करके तिलक करें अर्थात् वरण करें।

कन्या वरण मुहूर्त

''विश्व स्वाती वैष्णव पूर्वात्रयमैत्रैर्वस्वाग्नेयैर्वा करपीडोचित ऋक्षै:।
वस्त्रालङ्कारादि समेतै: फल पुष्पै: सन्तोष्यादौ स्यादनु कन्यावरणंहि॥'' (मुहूर्त. चि.)

उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण तीनों पूर्वा, अनुराधा, धनिष्ठा, कृत्तिका और विवाहोक्त नक्षत्रों में पहले कन्या को वस्त्र, आभूषण (अलङ्करण) द्रव्य, रत्न, फल, मिष्ठान्न, फूल आदि सुन्दर पदार्थों से संतुष्ट करके तत्पश्चात् कन्या का वरण करें (इस रस्म को गोद भरना या चुन्नी चढ़ाना भी कहते हैं)।

यंत्र-मंत्र-तंत्र साधन मुहूर्त

सभी प्रकार के यंत्र, मंत्र तथा तंत्र साधनों के लिए विविध ग्रन्थों में वर्णित सूर्य ग्रहण ही श्रेष्ठतम मुहूर्त माना गया है। कतिपय यंत्र, मंत्र-तंत्र साधनों के लिए दीपावली तथा होली की रात्रि का समय भी उत्तम माना गया है।

कुछ विद्वान इस प्रकार की साधनाओं के लिए ''सायन संक्रान्ति पु...

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कुछ विद्वान इस प्रकार की साधनाओं के लिए "सायन संक्रान्ति पुण्यकाल", 'क्रान्तिसाम्य काल' 'षडशीति मुख संक्रान्ति काल', 'अर्धोदय', महोदय, महामहावारुणी पर्व, महावारुणी पर्व, तथा वारुणी पर्व को भी सूर्य चंद्र ग्रहण के समान ही महत्वपूर्ण मानते हैं। सर्वार्थसिद्धि योग में भी कुछ लोग यंत्र तंत्र साधते हैं। परन्तु कुछ विद्वानों के अनुससार केवल शुभ तिथि, शुभवार (रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र), शुभ नक्षत्र (अश्वि., मृग, उ.फा., हस्त श्रवणादि) तथा त्रिषडाय में पापग्रह की उपस्थिति और त्रिक भावों की शुद्धि ही पर्याप्त मानी गई है।

जमीन या मकान खरीदने का मुहूर्त

दिन: बुध, गुरु, शुक्रवार, तिथि २, ५, ६, १०, ११, १५, नक्षत्र:मृग, पुनर्वसु, अश्ले, मघा, पू. फा. स्वाती, विखाशा, अनु. मूल, पू. षा., उ. भा., तथा मास-मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन (होलाष्टक त्यागकर), वैशाख तथा ज्येष्ठ मास शुभ हैं।

अथ घात चक्रम्

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
मास	कार्ति.	मार्ग.	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गु.
तिथि	१.६.११	५.१०.१५	२.७.१२	२.७.१२	३.८.१३	५.१०.१५	४.९.१४	१.६.११	३.८.१३	४.९.१४	३.८.१३	५.१०.१५
वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाती	अनु.	मूल	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्ले.
योग	विष्कुं.	शुक्ल	परिध	व्या.	धृति	शूल	शूल	व्यति.	वरी.	वैधृति	गण्ड	वैधृति
करण	बव	शकुनि	चतुष्पद	नाग	बव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तु.	चतुष्पद
लग्न	मेष	मिथुन	कन्या	मकर	वृष	सिंह	मीन	मिथुन	सिंह	वृश्चिक	मेष	कर्क
प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
चंद्र पु.	मेष	कन्या	कुंभ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुंभ
चन्द्र स्त्री	मेष	धनु	धनु	मीन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	कुम्भ

नोट:-विवाह व उपनयनादि में यह घात चक्र वर्ज्य नहीं है। केवल द्यूत, प्रवास, राजदर्शन और यात्रा में वर्ज्य है।

त्रिज्येष्ठ विचार

"ज्येष्ठ द्वन्द्वं मध्यमं सम्प्रदिष्टं त्रिज्येष्ठं चेन्नैव युक्तं कदाऽपि।
केचित्सूर्यं वह्निगं प्रोज्झ्य चाऽऽहुर्नैवाऽन्योन्यं ज्येष्ठयोः स्याद्विवाहः॥" (मु. चि. म.)

किसी भी दम्पति की प्रथम सन्तान (प्रथम गर्भ से उत्पन्न सन्तान) को ज्येष्ठ संतान कहा जाता है। यदि वर ज्येष्ठ हो, कन्या भी ज्येष्ठ हो तो इनका विवाह ज्येष्ठ मास में कदापि नहीं करना चाहिये यह अत्यन्त अशुभ योग होता है। यदि कन्या और वर दोनों में से केवल एक (वर या कन्या) ज्येष्ठ हो तो उनका विवाह ज्येष्ठ मास में मध्यम माना गया है। यदि कन्या और वर दोनों ही ज्येष्ठ न हों तो उनका विवाह ज्येष्ठ मास में शुभ है। महर्षि भारद्वाज के मत से जब तक सूर्य कृत्तिका नक्षत्र में रहे तभी तक ज्येष्ठ में विवाह निन्दित है बाद में ज्येष्ठ में भी विवाह करने में कोई दोष नहीं।

त्रिखलजन्म

किसी दम्पति को यदि प्रथम तीन लगातार गर्भों से कन्या ही उत्पन्न हो और चतुर्थ गर्भ से पुत्र उत्पन्न हो अथवा प्रथम तीन लगातार गर्भों से पुत्रोत्पत्ति के पश्चात् चतुर्थ गर्भ से पुत्री उत्पन्न हो तो यह त्रिखल जन्म कहलाता है। इस का महान दोष है। इस दोष के कारण माता पिता को धन हानि, रोग, भय, कष्ट होते हैं अत: त्रिखल दोष की सविधि शान्ति करानी चाहिए।

विवाह में विशेष विषय (कुल तथा समयान्तर) का विचार

अपने कुल (तीन पुरुष के भीतर) के पुत्र के विवाहोपरान्त ६ मास तक पुत्री (कन्या) का विवाह नहीं करना चाहिये परन्तु पुत्री के विवाह के बाद पुत्र का विवाह हो सकता है एवं कन्या, पुत्र के विवाहोपरान्त ६ माह तक किसी का मुण्डन भी नहीं करना चाहिये। दो सोदर (सगे) भाइयों का विवाह दो सोदर (सगी) बहनों से नहीं करना चाहिये। दो सोदर भाइयों या दो सोदर बहनों का विवाह ६ मास के मध्य नहीं करना चाहिये। वर्ष (संवत) बदल जाने पर दोष नहीं होता। शुभकार्य के उपरान्त पितृक्रिया (श्राद्ध) ६ मास तक निषिद्ध है। दो भाई या दो बहन यमल (एक ही गर्भ से उत्पन्न) हों तो उन दोनों का उपनयन या मुंडन या विवाह (एक कर्म) 'वृद्ध मनुः' के मत से ६ मास के भीतर द्वार भेद, मंडप भेद, आचार्य भेद से हो सकता है। महर्षि पराशर जी की भी सम्मति है।

कुण्डली मिलान (ग्रह मेलापक) विचार

विवाह के समय वर कन्या की कुण्डली का मिलान किया जाता है। यदि दोनों कुण्डलियों के मिलाने पर कोई दोष उत्पन्न नहीं होता तभी विवाह सम्पन्न किया जाता है। इस सम्बन्ध में प्रथम तो देखना चाहिये कि कुण्डली मंगली तो नहीं है। यदि दोनों कुण्डली मंगली हों तो विवाह शुभ होता है। कुण्डली में मंगल यदि १, ४, ७, ८, १२वें भाव में हो तो कुण्डली मंगली मानी जाती है। केवल वर की कुण्डली हो, कन्या की न हो तो विवाहोपरान्त कन्या की मृत्यु की सम्भावना रहती है। इसी प्रकार यदि कन्या की कुण्डली मंगली हो, वर की न हो तो वर की मृत्यु का भय रहता है। अत: दोनों की ही कुण्डली मंगली होनी चाहिये। अथवा दोनों कुण्डली मंगली दोष मुक्त होनी चाहिये। विशेष परिस्थितियों में मंगली परिहार के द्वारा भी विवाह किया जा सकता है। जैसे कि एक की कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२ में से जिस भाव में मंगल पड़ा हो तो दूसरे की कुण्डली के उसी भाव में शनि या अन्य पापग्रह विद्यमान हो तो मंगली दोष का परिहार हो जाता है। **"भौमेन सदृशोभौमः पापो वा तादृशोभवेत्। विवाहः शुभदो प्रोक्तश्चिरायुः पुत्र पौत्रदः॥"** चन्द्र कुण्डली से भी इसी प्रकार विचार करके तभी विवाह करना चाहिये। इसके अतिरिक्त जैसाकि प्रचलित है, अष्टकूट परिहार भी करना आवश्यक है। यथा "वर्णोवश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रह मैत्रकम्। गणमैत्रं भकूटं च नाड़ी चैते गुणाधिकाः॥" अष्टकूट हैं। इनमें कन्या वर की राशियों के स्वामी एक ही हों अथवा दोनों में मैत्री हो तो वर्णादि प्रथम ७ भकूटों का दोष परिहार हो जाता है। परन्तु नाड़ी दोष के पहिार के लिए वर कन्या की एक राशि भिन्न नक्षत्र अथवा एक नक्षत्र भिन्न राशि होनी चाहिये। एक राशि व एक ही नक्षत्र होने पर विशेष परिस्थितियों में केवल चरणभेद से ही विवाह संभव है।

चन्द्र बल विचार

विवाहादि अनेक शुभ कर्मों में चंद्रबल का विचार अपेक्षित होता है। अत: जन्मराशि से चन्द्र राशि तक गिनने से यदि चंद्रमा १, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११वें स्थान पर पड़े तो शुभ है। ४, ८, १२वें स्थान का चंद्रमा अशुभ होता है जैसा कि निम्नश्लोक से स्पष्ट है- "आद्यश्चन्द्र श्रियं कुर्यान्मनस्तोषं द्वितीयके। तृतीये धन संपत्तिश्चतुर्थे कलहागमः। पंचमें ज्ञानवृद्धिश्च षष्ठे संपत्तिरुत्तमा। सप्तमे राजसन्मानो मरणं चाष्टमे तथा। नवमे धर्मलाभश्च दशमे मनसेप्सितम्। एकादशे सर्वलाभो द्वादशे हानि रे व च॥ **ताराबल:** जन्म नक्षत्र से अभीष्ट समय के नक्षत्र तक गिनकर उस संख्या में ९ से भाग दें। शेष १, २, ४, ६, ८, ० बचे तो तारा शुभ होती उससे ताराबल प्राप्त होता है। यदि ३, ५, ७ बचे तो तारा अशुभ जाननी चाहिये, उससे बल नहीं मिलता। शुक्ल पक्ष में चंद्रबल तथा कृष्ण पक्ष में तारा बल का ग्रहण करना चाहिये।

पितृपरोक्ष ज्ञान

(१) जन्म काल में यदि लग्न को चन्द्रमा न देखता हो तो पिता के परोक्ष (उस जगह पर नहीं रहते) बालक का जन्म जानना, यथा-बृहज्जातक में लिखा है "पितुर्जातः परोक्षस्य लग्न मिन्दाव पश्यति। विदेशस्थस्य चरभे मध्याद् भ्रष्टे दिवाकरे।।" (२) लग्न को चन्द्र मान देखता हो तथा सूर्य दशम स्थान से भ्रष्ट अर्थात् अष्टम, नवम, एकादश या द्वादश स्थान में चर राशि का हो तो पिता को विदेश में जानना। यदि इसी योग के रहते सूर्य स्थिर राशि में हो तो पिता को विदेश से समीप ही आया समझें। यदि सूर्य द्विस्वभाव राशि में हो तो पिता को बालक के जन्म समय मार्ग में समझें। (३) लग्न में शनैश्चर स्थित हो और लग्न को चन्द्रमा न देखता हो अथवा लग्न से सातवें मंगल हो अथवा बुध और शुक्र के बीच में चंद्रमा स्थित हो, चंद्र लग्न को न देखता हो तो इन तीनों योगों में पिता के विदेश में रहते बालक का जन्म जानें। **ग्रहों के रोग:**-अनिष्ट, निर्बल, नीच, शत्रुक्षेत्री ग्रह की महादशाऽन्तर्दशा में निम्नरोगों की सम्भावना रहती है:-

ग्रह:- **सम्भावित रोग**
सूर्य: सिरदर्द, ज्वर, महाज्वर, नेत्र विकार, हृदय रोग (हार्ट अटैक)
चन्द्र: तिल्ली, पांडु, यकृत, कफ, उदर-विकार।
मंगल: पित्त, वायु, कर्ण रोग, विषूचिका, रक्त विकार, चर्म रोग।
बुध: खांसी, हृदय संबंधी कोई रोग, कुष्ठ, आंत।
गुरु: कष्ठ रोग, गुल्मरोग, प्लीहा, फोड़ा, गुप्तांग रोग।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्रः	प्रमेह, मेदवृद्धि, कर्ण रोग, वीर्य विकार, नपुंसकता, वीर्य या इन्द्रिय संबंधी रोग।
शनिः	उन्माद, वातरोग, भगन्दर, गठिया, स्नायुरोग, एक्सीडेंट।
राहुः	अनिद्रा, उदर विकार, मस्तिष्क विकार, पागलपन।
केतुः	चर्म रोग, मस्तिष्क रोग, क्षुधा जनित रोग।

ग्रहों के कारकत्व

ग्रहों के कारकत्व दो प्रकार के होते हैं (१) स्थिर कारकत्व (२) चर कारकत्व। ग्रहों के स्थिर कारकत्व तो सदा अपरिवर्तनीय हैं, परन्तु चर कारकत्व एक जन्म पत्री से दूसरी जन्म पत्री में प्रायः बदल जाते हैं।

स्थिर कारकत्वः सूर्यः-आत्मा, पिता, प्रताप, आरोग्यता, आसक्ति, लक्ष्मी, राजा शासन कार्य, नेत्र, पर्वत आदि का कारक है।

चंद्रमाः	मन, बुद्धि, माता, स्त्री, चांदी, चावल, जल, राज-कृपा का कारक है।
मंगलः	पराक्रम, रोग, भाई, भूमि, शत्रु, जाति, युद्ध, साहस, सेना, अग्नि, पुत्र का कारक है।
बुधः	विद्या, बन्धु, विवेक, मामा, मित्र, वाणी, व्यापार, गणित, शिल्प आदि का कारक है।
गुरुः	बुद्धि, विद्या, स्वास्थ्य, पुत्र, ज्ञान, शास्त्र अध्ययन, अग्रज, ब्राह्मण, दादा का कारक है।
शुक्रः	स्त्री, वाहन, मकान, भूषण, काम, व्यापार, कला संगीतादि श्वेत वस्तु का कारक है।
शनिः	आयु, मृत्यु का कारण, जीवन, विपत्, सम्पत्, सेवक, दुःख, रोग का कारक है।
राहुः	पितामह, गुप्तधन, प्रेत बाधा, तस्कर-व्यापार आदि का कारक है।
केतुः	मातामह (नाना), गुप्तशक्ति, चर्मरोग, तंत्रविद्या, धूम्र वर्ण का कारक है।

चर कारकः-जन्मपत्री में पहले ग्रह स्पष्ट करें। उसके पश्चात ग्रहों की राशि को छोड़कर केवल उनके अंश, कला, विकलादि पर ध्यान दें। जिस ग्रह के सबसे अधिक अंश हों वह **आत्म कारक** ग्रह होता है। यदि दो ग्रहों के अधिकतम परन्तु समान अंश हों तो उनके कला विकलादिसे निर्णय करें। आत्मकारक से न्यून अंश वाला **अमात्य** कारक, उससे न्यून अंश वाला **भ्रातृकारक**, उससे कम अंश वाला **मातृकारक**, उससे कम अंश वाला **पुत्रकारक**, उससे कम अंश वाला जाति कारक तथा उससे कम अंश वाला **स्त्रीकारक** ग्रह होता है। कारकांश कुण्डली बनाने की प्रक्रिया यह है कि आत्मकारक ग्रह जिस राशि के नवांश में हो उसको कारकांश कुण्डली का लग्न मानकर सभी ग्रहों को यथास्थान रख देने से कारकांश कुण्डली बन जाती है।

अंगपीड़ा ज्ञानः-षष्ट भाव से मुख्यतः रोग, चोट, ऐक्सीडेंट, बीमारी आदि का ज्ञान होता है। छठे भाव की सूक्ष्मता को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि कौन-कौन सी राशियां किन-किन अंगों से सम्बन्धित है। इस प्रकार छठे भाव में जो राशि होती है उससे संबंधित जातक अंग ही विशेष रूप से प्रभावित होता है। यदि छठे भाव की राशि शुभ है या शुभ ग्रह युक्त है तो वह अंग ठीक रहता है। यदि पाप या क्रूर ग्रह युक्त है तो वह अंग दुर्बल या रोग युक्त हो जाता है। इसी प्रकार अकारक षष्ठेश जब जब जिन-जिन राशियों पर जायेगा तभी उन राशियों से अंग पीड़ित होंगे। अतः नीचे राशियां तथा उनसे संबंधित अंग दिये जा रहे हैं-

क्रम सं.	राशि	संबंधित मानव अंग
१	मेष	सिर, चेहरा, मस्तिष्क, कान, नाक, ओष्ठ।
२	वृष	गर्दन, गिल्टियां, कंठ, गले का भीतरी भाग।
३	मिथुन	कंधे, हाथ, फेफड़े, रक्त, मांस, भुजाएं, हड्डियां।
४	कर्क	सीना, छाती तथा पेट, हंसली।
५	सिंह	पीठ, कमर, हृदय, रीढ़ की हड्डी।
६	कन्या	लिवर, तिल्ली, गुर्दे, पीठ की हड्डियां।
७	तुला	त्वचा
८	वृश्चिक	जननेन्द्रिय, गुह्यस्थान, जंघाएं।
९	धनु	कमर, नाड़ियां।
१०	मकर	घुटने, हड्डियों के जोड़।
११	कुम्भ	पांव, टखने, पाचन संस्थान।
१२	मीन	एड़ी, पंजा, तलवे।

इसके अतिरिक्त जन्म कुण्डली के विभिन्न भावों से शारीरिक अंगों का अध्ययन करना चाहिये। प्रथम भाव से-मस्तक, मस्तिष्क, चेहरा। द्वि भाव से-नेत्र, वाणी, जीभ। तृतीय भाव से-हाथ, कान, कन्धे, भुजाएं, चतु. भाव से-पेट, हृदय, गुर्दा। पंचम भाव से-हृदय, पीठ, कुक्षि, मूत्राशय, गर्भाशय। षष्ठ भाव से-कमर, उदर, आंते, नाभि, गुह्य स्थान। सप्तम से:-नाभि, कमर, गुप्तांग रोग। अष्टम भाव से- गुर्दा, जननेन्द्रिय। नवम भाव से-जांघ। दशम से-घुटने, पेट, पीठ, रीढ़। एकादश से- कान, पिण्डली, पांव, गर्दन, हाथ। द्वादश भाव से-पांव की अंगुली, तलवे के रोगों का अध्ययन करें।

द्वादश भावों के नाम तथा उन से संबंधित विचारणीय विषय

(१) प्रथम भाव के नामः-आत्मा, शरीर, लग्न, होरा, देह, वपु, कल्प, मूर्ति, अंग, तनु, उदय, आद्य, केंद्र, प्रथम, कष्टक, चतुष्टय।

विचारणीय विषयः-रूप, चिह्न, जाति, आयु, सुख, दुःख, विवेक, शील, मस्तिष्क, स्वभाव, आकृति, आकार, माता-पिता की देहादि का विचार।

(२) द्वितीय भाव के नामः- धन, स्व, वित्त, कोष, अर्थ, कुटुम्ब, पणफर, द्रव्य, मारक आदि।

विचारणीय विषयः- कुल, मित्र, आंख, कान, नाक, स्वर, सौंदर्य, गान, प्रेम, सुखभोग, क्रय-विक्रय, संचित पूंजी आदि।

(३) तृतीय भाव के नामः- उपचय, पराक्रम, सहज, भ्रातृ, दुश्चिक्य, आपोक्लिम आदि।

विषयः-नौकर, चाकर, भाई, पराक्रम, आभूषण, दासकर्म, आयु, शौर्य, दमा, योगभ्यास आदि।

(४) चतुर्थ भाव के नामः-केन्द्र, कष्टक, सुख, पाताल, तुर्य, हिबुक, गृह, सुहृद, वाहन, यान, अम्बु।

विषयः-मातृ पितृ सुख, मकान, गृह, ग्राम, चतुष्पद, वाहन, शान्ति, अन्तःकरण, पेट के रोगादि।

(५) पंचम भाव के नामः-पंचम, सुत, तनुज, पणफर, त्रिकोण, बुद्धि, विद्या, वाणी, आत्मज आदि।

विषयः-बुद्धि, विद्या, सन्तान, नीति, व्यवस्था, मातुल सुख, नौकरी छूटना, जठराग्नि, गर्भाशय, हाथ का यश, मूत्र पिण्ड, वस्ति, गर्भ, मंत्र साधना, हृदय, पीठ, कोख, आकस्मिक धन लाभ, पूर्व जन्म, प्रेम सम्बन्ध, मनोरंजन कार्य आदि।

(६) षष्ठ भाव के नामः-रिपु, शत्रु, आपोक्लिम, उपचय, त्रिक, रोग, नष्ट आदि।

विषयः-मामा की स्थिति, शत्रु, रोग, चिन्ता, जमींदारी, गुदास्थान, ऋण, मौसी, पशु, अपयश, सौतेली मां, युद्ध, विश्वासघात, कमर, उदर, आतें, नाभि आदि।

(७) सप्तम भाव के नामः-केन्द्र, मदन, सौभाग्य, जाया, जामित्र, काम, कलत्र, स्त्री आदि।

विषयः-पत्नी, पत्नी सुख, साझेदारी, विवाह समय, प्रवास, न्यायालय विवाद, मैथुन आदि।

(८) अष्टम भाव के नामः-पणफर, चतुरस्र, त्रिक, आयु, रंध्र, मृत्यु, गुदारोग, युद्ध, सजा, दुर्घटना, बंधन, वियोग, जननेन्द्रिय, गुप्तधन, स्त्री से धन प्राप्ति आदि।

(९) नवम भाव के नामः-भाग्य, धर्म, पुण्य, त्रिकोण।

विषयः-भाग्य, अधिकार, आदेश, पौत्र, धर्म, तीर्थ यात्रा, नेतृत्व, विदेश यात्रा, भाग्योदयकाल, भाग्योदय स्थान, पिता का सुख, साला, भावज, जांघ आदि।

(१०) दशम भाव के नामः-कर्म, व्योम, गगन, केन्द्र, स्व, नभ, आस्पद।

विषयः-व्यवसाय, पिता का सुख, कर्म क्षेत्र, उद्योग धन्धा, नौकरी, विदेश गमन, घुटने, व्यापार आदि।

(११) एकादश भाव के नामः-लाभ, आय, उत्तम, पणफर, उपचय आदि।

चिन्तन के विषयः-बड़े भाई, बड़ी बहिन, मित्र, लाभ, सम्पत्ति, विद्या, द्वितीय पत्नी, दामाद, कान, पिण्डली, पांव, भाइयों से आर्थिक सहायता आदि।

(१२) द्वादश भाव के नामः-रिष्फ, व्यय, त्रिक, अंतिम, प्रान्त्य आदि।

चिन्तनीय विषयः-मोक्ष, प्रवास, व्यय, अपव्यय, घाटा, अन्तर्जातीय-विवाह, तलाक, आत्म हत्या, गुप्त विद्या, षड्यन्त्र, जेल, राजदंड, बांया नेत्र (पुरुषों का), दांया नेत्र स्त्रियों का। व्यसन, रोग, शत्रु, पैर की अंगुलियां, तलवे आदि।

मनुष्य के शरीर में नक्षत्रों की स्थिति

मनुष्य शरीर के विभिन्न भागों में २७ नक्षत्रों की प्रथक-प्रथक स्थिति ज्योतिषियों ने बताई है जो निम्न प्रकार से है:- (१) अश्विनी पांव के ऊपरी भाग में (२) भरणी पैर के तलवे में (३) कृत्तिका-शिरोभाग में (४) रोहिणी:-मस्तक में (५) मृगशिर- दोनों भौंहो में (६) आर्द्रा-दोनों आंखों में (७) पुनर्वसुः दोनों नथनों में (८) पुष्यः मुख में (९) आश्लेषा- कानों में (१०) मघा-ठोड़ी या होठों पर (११) पूर्वा फाल्गुनीः दायें हाथ में (१२) उत्तराफाल्गुनी- बायें हाथ में (१३) हस्त-अंगुलियों में (१४) चित्राः ग्रीवा में (१५) स्वाती- वक्षस्थल में (१६) विशाखा-हृदय में (१७) अनुराधा-पेट पर (१८) ज्येष्ठा- आमाशय में (१९) मूलः- बाईं कुक्षि में (२०) पूर्वाषाढ़ा-पीठ में (२१) उत्तराषाढ़ा- रीढ़ की हड्डी में (२२) श्रवण-कमर में (२३) धनिष्ठा- गुदा में (२४) शतभिषा- दाईं जांघ में (२५) पूर्वाभाद्र-बाईं जांघ में (२६) उत्तराभा.- पिंडलियों में (२७) रेवतीः टखनों में निवास करता है। जन्मकालीन या गोचरवश जब कोई क्रूर या पापी ग्रह सम्बद्ध नक्षत्र को पीड़ित करता है तब तत् सम्बन्धी शरीरांग में उस ग्रह संबंधी रोग या कष्ट उत्पन्न होता है। (भारतीय ज्योतिष)

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली

2	१५	श	८	२१	आ	१२	३९	ऐं	२६	५४	कं.२९।३९	मूल धनु में बुध प्रवेश २४।५३, पूर्णिमा पुण्यं, पौषी पूर्णिमा

माघ कृष्ण पक्ष सं. २०५५ (३ से १७ जनवरी)

दि.	तिथि	वार	घण्टा	मिनट	नक्षत्र	घण्टा	मिनट	योग	घण्टा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्रवेश
0	१	श	३०	०२	०	०	०	०	०	०	०००	प्रतिपदा क्षय A प्रवेश २६।१८, अश्लेषा ४, B
3	२	र	२८	२०	पुन	११	१०	वै	२४	१३	कर्क	B कर्क में राहु धनिष्ठा २ मकर में केतु प्रवेश १७।४९
4	३	चं	२७	१९	पु	१०	१५	वि	२२	०१	कर्क	भद्रा १५।४३ से २७।१९ तक F प्रदोष व्रत
5	४	मं	२७	०५	अश्ले	१०	०४	प्री	२२	२८	सिं. १०।०४	संकष्ट कृष्ण चतुर्थी व्रत, अंगार की चतुर्थी
6	५	बु	२७	३५	म	१०	३९	आ	१९	२९	सिंह	E (दक्षिण में) माघ विहू (आसाम)
7	६	गु	२८	५०	पूफा	११	५५	सौ	१९	०७	कं. १८।२१	भद्रा २८।५० से, श्रवण में शुक्र प्रवेश २३।२८
8	७	शु	३०	४४	उफा	१३	५४	शो	१९	१३	कन्या	भद्रा १७।४५ तक, स्वामी विवेकानन्द व श्रीरामानन्दाचार्य जंयती
9	८	श	-	-	ह	१६	२६	अति	१९	४४	तु. २९।५४	कालाष्टमी, अष्टका श्राद्ध C मीन में गुरु प्रवेश २५।३२
10	८	र	९	०६	चि	१९	२१	सु	२०	३२	तुला	अष्टमी वृद्धि, शहादतेहजरत अली D मकर सं., पौंगल पर्व E
11	९	चं	११	३९	स्वा	२२	१८	धृ	२१	२३	तुला	भद्रा २४।५५ से, उ.षा. में सूर्य प्रवेश १०।२०, पू. षा. में बुध A
12	१०	मं	१४	११	वि	२५	१४	शू	२२	१०	वृ. १८।३१	भद्रा १४।११ तक, तुला में मंगल प्रवेश १४।४६, पूभा. ४ C
13	११	बु	१६	२८	अनु	२७	५०	गं	२२	४४	वृश्चिक	बुध पूर्व में अस्त १७।१३, षट्तिला एकादशी व्रत सबका
14	१२	गु	१८	२७	ज्ये	३०	०२	वृ	२३	०१	ध. ३०।०२	मकर में सूर्य प्रवेश १६।५१, महर्ष, सौर माघ मासारंभ D
15	१३	शु	१९	५४	मू	-	-	ध्रु	२२	५५	धनु	भद्रा १९।५४ से, श्री आदिनाथ निर्वाण कल्याणक (जैन), F
16	१४	श	२०	५०	मू	७	४५	व्या	२२	२७	धनु	भद्रा ८।२४ तक, रटन्ती कालिका पूजन
17	३०	र	२१	१६	पूषा	८	५९	ह	२१	३४	म. १५।१५	स्नान दान श्राद्धादि की अमावस्या, मौनी अमावस्या, द्वापर युगादि

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-11006 ☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

माघ शुक्ल पक्ष सं. २०५५ (१८ से ३१ जनवरी)

क्र.	तिथि	वार	घण्टा	मिनट	नक्षत्र	घण्टा	मिनट	योग	घण्टा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्रवेश
18	१	चं	२१	१६	उ.षा	९	४५	व	२०	२१	मकर	धनिष्ठा में शुक्र प्रवेश १५।०९, A पंचक प्रारंभ २२।०८ से
19	२	मं	२०	४८	श्र	१०	०८	सि	१८	५०	कुं. २२।०८	अश्वि. २ में शनि प्रवेश २५।२८, चन्द्रदर्शन मु. ३० साम्यार्घ, A
20	३	बु	१९	५९	ध	१०	०३	व्य	१६	५९	कुंभ	उ.षा. में बुध प्रवेश १७।५०, सायन कुंभ में सूर्य प्रवेश B
21	४	गु	१८	५०	शत	९	४०	व	१४	५३	मी. २७।१२	भद्रा ७।२७ से १८।५० तक, राष्ट्रीय माघ मास प्रारंभ,
22	५	शु	१७	२३	पू.भा	९	००	प	१२	३२	मीन	मकर में बुध प्रवेश २०।०१, बसन्त पंचमी, श्री पंचमी.
23	६	श	१५	४४	उ.भा	″	″	शि	″	″	मे. ३०।५२	कुंभ में शुक्र प्रवेश २३।१२, पंचक समाप्त ३०।५२
24	७	र	१३	४८	अ	२९	३२	सा	२८	२४	मेष	भद्रा १३।४८ से २४।४५ तक, श्रवण में सूर्य प्रवेश १२।३७,
25	८	चं	११	४२	भ	२८	०१	शुभ	२५	२४	मेष	श्रीदुर्गाष्टमी, भीष्माष्टमी B १८।०१, मु. मास १० प्रारंभ,
26	९	मं	९	२९	कृ	२६	२७	शु	२२	१९	वृ. ९।३७	श्रीमहानन्दानवमी, भारतीय गणतंत्र दिवस
0	१०	मं	३१	१०	०	०	०	०	०	०	०००	दशमी क्षय H डेजर्ट उत्सव, मेला जैसलमेर प्रा. ३ दिन का,
27	११	बु	२८	५३	रो	२४	५१	ब्र	१९	१५	वृष	भद्रा १८।०२ से २८।५३ तक, स्वाती में मंगल प्रवेश २३।३५,
28	१२	गु	२६	४२	मृग	२३	१८	ऐं	१६	११	मि. १२।०२	श्रवण में बुध प्रवेश २२।२१, ला. लाजपतराय ज.
29	१३	शु	२४	३९	आ	२१	५७	वै	१३	१४	मिथुन	शतभिषा में शुक्र प्रवेश ७।२८, प्रदोष व्रत, कल्पादि १३.H
30	१४	श	२२	५७	पुन	२०	५३	वि	१०	२८	क. १५।०७	भद्रा २२।५७ से, उ.भा.१ में गुरु प्रवेश १९।३७
31	१५	र	२१	३८	पु	२०	१०	प्री	″	″	कर्क	भद्रा १०।१४ तक, सत्यव्रत, श्री गुरु रविदास जयंती

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सं. २०५५ (१ से १६ फरवरी)

क्र.	तिथि	वार	घण्टा	मिनट	नक्षत्र	घण्टा	मिनट	योग	घण्टा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्रवेश
1	१	चं	२०	४८	अश्ले	११	५६	सौ	२८	१०	सिं.१९।५६	फरवरी मास २ ता. २८, मेला मस्तु आणां पंजाब
2	२	मं	२०	३४	म	२०	१७	शो	२६	५६	सिंह	ददस्तकार दिवस A प्रवेश २८।०४, सौर फाल्गुन मास प्रा.
3	३	बु	२०	५९	पूफा	२१	१७	अति	२६	१२	कं.२७।३८	भद्रा ८।४१ से २०।५९ तक
4	४	गु	२२	०३	उफा	२२	५१	सु	२५	५८	कन्या	कृष्ण चतुर्थी व्रत, उर्स मेला निजामुद्दीन (दिल्ली में)
5	५	शु	२३	४०	ह	२५	०१	धृ	२६	०९	कन्या	धनिष्ठा में बुध प्रवेश १७।२६
6	६	श	२५	४६	चि	२७	३७	शू	२६	४१	तु. १४।१७	भद्रा २५।४६ से, धनिष्ठा में सूर्य प्रवेश १५।४७
7	७	र	२८	१२	स्वा	३०	२९	गं	२७	२८	तुला	भद्रा १५।०१ तक
8	८	चं	३०	४२	वि	-	-	वृ	२८	१७	वृ.२६।४२	पू.भा. में शुक्र प्रवेश २४।४५, श्रीसीताष्टमी, जानकी जयंती
9	९	मं	-	-	वि	९	२७	ध्रु	२९	०१	वृश्चिक	कुंभ में बुध प्रवेश ११।४४, समर्थ गुरु रामदास जयंती
10	९	बु	९	०५	अनु	१२	१३	व्या	२९	३१	वृश्चिक	भद्रा २२।०५ से, नवमी वृद्धि
11	१०	गु	११	०६	ज्ये	१४	३८	ह	२९	३७	ध.१४।३८	भद्रा ११।०६ तक, स्वामी दयानन्द सरस्वती जयंती
12	११	शु	१२	३४	मू	१६	३१	व	२९	१८	धनु	कुंभ में सूर्य प्रवेश २९।५०, संक्रांति मु. ३०, शतभिषा में बुध A
13	१२	श	१३	२३	पूषा	१७	४९	सि	२८	२८	म. २४।०३	शनि प्रदोष व्रत B पंचक प्रारम्भ ३०।२२
14	१३	र	१३	३७	उषा	१८	२९	व्य	२७	०७	मकर	भद्रा १३।३७ से २५।२४ तक, महाशिव रात्रि व्रत (स्मार्त),
15	१४	चं	१३	१०	श्र	१८	३२	व	२५	२०	कुं.३०।२२	उ.भा. २ में गुरु प्रवेश १२।५७, महाशिव रात्रि व्रत (वै.),B
16	३०	मं	१२	०९	ध	१८	०३	प	२३	०७	कुंभ	मीन में शुक्र प्रवेश २६।२९ भौमवति अमावस्या पुण्यं

फाल्गुन शुक्ल पक्ष सं. २०५५ (१७ फरवरी से २ मार्च)

क्र.	तिथि	वार	घण्टा	मिनट	नक्षत्र	घण्टा	मिनट	योग	घण्टा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्रवेश
17	१	बु	१०	४०	श्रत	१७	०६	शि	२०	३२	कुंभ	चन्द्रदर्शन मु. ३० साम्यार्घ A उत्तराभाद्र में शुक्र प्रवेश B
18	२	गु	८	४७	पूभा	१५	५०	सि	१७	४२	मी. १०।१०	फुलरिया दौज, जिल्काद मु. मास ११ प्रारंभ
0	३	गु	३०	३६	०	०	०	०	०	०	००	तृतीया क्षय B १९।१४, मीन में सूर्य प्रवेश ८।११, बसन्त ऋतु प्रा.
19	४	शु	२८	१८	उभा	१४	१८	सा	१४	४२	मीन	भद्रा १७।२९ से २८।१८ तक, शतभिषा में सूर्य प्रवेश २०।१८,A
20	५	श	२५	५५	रे	१२	४०	शुभ	११	३५	मे.१२।४०	पू.भा. में बुध प्रवेश ११।०५, श्रवण ४ में हर्षल प्रवेश २६।०३,C
21	६	र	२३	३४	अ	११	०१	शु	″	″	मेष	गोरूपिणी षष्ठी (बंगाल) C बुध पश्चिम में उदय २०।०१,D
22	७	चं	२१	१८	भ	९	२२	ऐं	२६	३९	वृ. १४।५९	भद्रा २१।१८ से, होलाष्टक प्रारंभ २१।१८ से
23	८	मं	१९	१२	कृ	″	″	वै	२३	२९	वृष	भद्रा ८।१४ तक, श्रीदादूदयाल जयंती, भौमाष्टमी
24	९	बु	१७	१८	मृ	२९	३२	वि	२०	४७	मि. १८।०२	D रा.फाल्गुन मास प्रारंभ, पंचक समाप्त १२।४०
25	१०	गु	१५	३९	आ	२८	४२	प्री	१८	१८	मिथुन	भद्रा २६।५९ से, E सत्यव्रत, होलिकादहनं
26	११	शु	१४	१९	पुन	२८	१३	आ	१६	०४	क. २२।१९	भद्रा १४।१९ तक, मीन में बुध प्रवेश १०।३४,
27	१२	श	१३	१७	पु	२८	०२	सौ	१४	०४	कर्क	शनि प्रदोष व्रत, गोविन्द द्वादशी
28	१३	र	१२	३६	अश्ले	२८	१५	शो	१२	२३	सिं २८।१५	उ.भा. में बुध प्रवेश १९।१८, डा. राजेन्द्र प्रसाद पुण्य दिवस
M1	१४	चं	१२	१९	म	२८	५३	अति	१०	५८	सिंह	भद्रा १२।१९ से २४।२४ तक, उ.भा. ३ में गुरु प्रवेश २८।२९, E
2	१५	मं.	१२	२८	पूफा	२९	५७	सु	९	५४	सिंह	रेवती में शुक्र १५।२०, पूर्णिमा पुण्यं, छारण्डी, (धुलैण्डी)

चैत्र कृष्ण पक्ष सं. २०५५ (३ से १७ मार्च)

मार्च	तिथि	वार	घण्टा	मिनट	नक्षत्र	घण्टा	मिनट	योग	घण्टा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्रवेश
3	१	बु	१३	०७	उ.फा	-	-	धृ	९	१४	कं. १२।१८	बसन्त प्रतिपदा, होला मेला आनन्दपुर साहिब (पंजाब),
4	२	गु	१४	१४	उ.फा	७	२८	शू	८	५४	कन्या	भद्रा २७।०१ से, पू.भा. में सूर्य प्रवेश २६।३४, भाई २
6	३	शु	१५	४८	ह	९	२८	गं	८	५४	तु. २२।३७	भद्रा १५।४८ तक, कल्पादि, कृष्ण गणेश ४ व्रत
6	४	श	१७	४८	चि	११	५४	वृ	९	१८	तुला	अश्विनी ३ में शनि प्रवेश १०।४९ D में राहु धनि. १ में केतु E
7	५	र	२०	०७	स्वा	१४	३६	ध्रु	९	५८	तुला	रंग पंचमी, श्री जयंती E प्रवेश १५।४१, पंचकारम्भ १६।१३
8	६	चं	२२	३८	वि	१७	३४	व्या	१०	४६	वृ. १०।४९	भद्रा २२।३८ से, महिला दिवस, श्री एकनाथ षष्ठी
9	७	मं	२५	०२	अनु	२०	२९	ह	११	३८	वृश्चिक	भद्रा ११।५१ तक C मेला केला देवी करौली (राज.),
10	८	बु	२७	१२	ज्ये	२३	१०	व	१२	२२	ध. २३।१०	वक्री बुध २१।३५, शीतलाष्टमी, शीतला पूजन C
11	९	गु	२८	५५	मू	२५	३०	सि	१२	५३	धनु	बुध पश्चिमी में अस्त २७।०८
12	१०	शु	२९	५८	पू.षा	२७	११	व्य	१२	५६	धनु	भद्रा १७।३२ से २९।५८ तक, दशमाता व्रत
13	११	श	३०	१७	उ.षा	२८	०९	व	१२	२८	म. ९।३०	अश्विनी मेष में शुक्र १३।२७, वक्री प्लूटो १७।३७,
14	१२	र	२९	५०	श्र	२८	२३	प	११	२७	मकर	मीन में सूर्य प्रवेश २६।४१, संक्रांति मु. ३०, सौर चैत्र मासारम्भ
15	१३	चं	२८	३६	ध	२७	५४	शि	९	४९	कु. १६।१३	भद्रा २८।३६ से, उ.भा. ४ में गुरु प्रवेश २९।५२, अश्लेषा ३ D
16	१४	मं	२६	५२	शत	२६	४५	सि	″	″	कुंभ	भद्रा १५।४५ तक, मास शिवरात्रि व्रत,
17	३०	बु	२४	१८	पू.भा	२५	०३	शुभ	२५	४२	मी. ११।२९	स्नान दान श्राद्धादि की अमावस्या, मन्वादि, चान्द्र सम्वत्सर २०५५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

द्वादश मासिक राशिफल संवत् २०५५ विक्रमी

मेष—चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

अप्रैल—मास राशि वालों के लिए शारीरिक कष्ट के साथ घर गृहस्थ की समस्याओं को बढ़ावा देगा। स्त्री के सहयोग से कुछ कार्य बनेंगे तथा व्यवसाय धन्धों में साधारण उन्नति होगी।

मई—गोचर ग्रहानुसार विद्या बुद्धि में कमजोरी तथा चलते कार्यों में रुकावटें महसूस होंगी। स्वास्थ्य सुख ठीक किन्तु सामाजिक व राजनैतिक नये सम्बन्ध अच्छे नहीं रहेंगे। खर्च की अधिकता मन को बैचेन करेगी।

जून—शरीर सुख पूर्ववत् तथा क्रोध की अधिकता बनते कार्यों में बाधा उत्पन्न करेगी। व्यवसाय में प्रगति होकर धन लाभ के चांस प्राप्त होंगे। उत्तरार्ध में हर्षोलास, आमोद-प्रमोद की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा।

जुलाई—मेष राशिवालों को इस मास गोचर ग्रह अनुकूल है। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ होगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी तथा सुख-समृद्धि में वृद्धि होगी। बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे तथा शुरु में लाभ की अधिकता रहेगी।

अगस्त—शारीरिक परेशानी से मन में विचलित होंगे। सहयोगियों से मिले आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना रहेगी। चलते व्यापारिक कार्यों में लाभ होवे। मासान्त में दौड़धूप की अधिकता रह सकती है।

सितम्बर—मास में प्रतिकूल परिस्थितियां बनी रहेंगी। अकर्मण्यता शुभफलों में बाधक होने से कार्य कुशलता पर असर पड़ेगा। गृहस्थ जीवन यथावत् चलता रहेगा। व्यापार धन्धों में उन्नति के साथ कुछ लाभ भी होगा।

अक्टूबर—आप इस मास में अपने कार्य के प्रति सचेत रहेंगे तो रुके कार्य बनते दिखाई देंगे। कुछ शारीरिक व मानसिक परेशानी बनी रह सकती है। शत्रु उत्पन्न होकर कमजोर होते दिखाई देंगे तथा राजकाज में सफलता व प्रगति महसूस होगी।

नवम्बर—मास नये उच्चवर्ग से सम्पर्क बढ़ायेगा। भाग्योन्नति के साथ नई योजना का प्रारूप तैयार करेंगे तो आगे लाभ की संभावना बढ़ेगी। कालानल चक्र में प्रतिकूल समाचार मानसिक अशान्ति का कारण बन सकता है।

दिसम्बर—यह मास मेष राशि वालों को मध्यम फलदायक है। उतार-चढ़ाव से मन अशांत, श्रमाधिक्य के साथ दौड़धूप की अधिकता रहेगी। लाभ से व्यय अधिक किन्तु मनोबल बना रहने से आवश्यक कार्य बनेंगे।

जनवरी ९९—मासान्तर्गत व्यापार में लाभ की स्थिति तो उत्तम रहेगी लेकिन शरीर में कमजोरी, क्रोध की अधिकता से मन विचलित रहेगा। दाम्पत्य-जीवन में कुछ काल तक अनबन चल सकती है।

फरवरी—मेष राशि वालों को यह मास मान-सम्मान में वृद्धि तथा मित्र बन्धुओं से आशानुकूल सहयोग प्राप्त करायेगा। सामयिक कार्यों में साधारण प्रगति होने से मन में आंशिक बेचैनी हो सकती है।

मार्च—मास की ग्रहस्थिति स्वास्थ्य में सुधारात्मक बनेगी तथा अतीत के सन्दर्भ में अनुसंधान करना लाभदायक रहेगा। बुरी संगति के लोगों से दूर रहना श्रेष्ठ रहेगा वरना मान-सम्मान पर आंच आ सकती है।

वृष—ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वु, वे, वो

अप्रैल—अनपेक्षित आवागमन से घर के खर्च में बढ़ोतरी होगी। मानसिक उलझनें, प्रियजन वियोग से मन अशांत रहेगा। समय स्वरूप को ध्यान रखते हुए कार्य करेंगे तो सफलता प्राप्त होवे। अनपेक्षित स्थानान्तरण से कष्ट अनुभूत होगा।

मई—इस मास में खर्च अधिक होने पर भी मन प्रसन्न रहेगा। इष्ट-मित्रों का समागम, हर्षोल्लास से समय व्यतीत होगा। यात्रा व पर्यटन का अवसर तथा स्वजनों से मधुर सम्बन्ध बढ़ेंगे।

जून—अनुकूल ग्रहों के फलस्वरूप आपके विरोधी नतमस्तक होंगे। आय से व्यय की अधिकता बनी रहेगी। राजनैतिक लोगों के साथ रहने का अवसर मिलेगा। शारीरिक परिश्रम से थकावट महसूस होगी।

जुलाई—मास में पूर्व नियोजित कार्यों में प्रगति व लाभ के योग बन रहे हैं। विरोधियों के षड्यन्त्रों से बचें, मित्रों की सलाह लाभदायक तथा कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

अगस्त—आपको यह मास सामान्य फलदायक है। मासारंभ में क्षणिक असफलता के साथ सभी कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बनी रहेगी। संतान सुख अच्छा मिलेगा। यात्रा से कष्ट संभव है।

सितम्बर—गृह खर्च की विशेषता मन में चिन्ता बढ़ाएगी। पारिवारिक अशांति तथा लोकोपवाद से बचना श्रेयस्कर है। व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ववत् चलते रहें किन्तु कानूनी विवाद में उलझना अच्छा नहीं है।

अक्टूबर—मास में अकर्मण्यता मिलने वाले श्रेष्ठ फलों में बाधक बनेगी। पारिवारिक सुखोपभोग का इन्तजार करना पड़ेगा। मित्रों व स्वजनों से सहयोग मिले। सुखमय, लम्बी यात्रा मनोबल को बढ़ावा देगी।

नवम्बर—वृष राशि वालों को इस मास अनपेक्षित यात्रा व स्थानान्तरण गमन से कष्ट होगा। कारोबार धन्धों में सफलता तथा भाग्य के सहारे से रुके काम में सफलता प्राप्त होगी। घनिष्ठ मित्रों से सहयोग की अपेक्षा करना निरर्थक साबित होगी।

दिसम्बर—गोचर ग्रह बलानुसार यह मास मिश्रित फलदायक है। पारिवारिक क्लेश खुशी के अहसास को कम करेगा। सत्कर्मजन्य पुण्य कर्मों का उद्भव होने से धार्मिक कार्यों में खर्चा होगा।

जनवरी ९९—कार्यारंभ के साथ भाग्योदय होगा। योजनापूर्ति के लिए स्वजनों का सहयोग व श्रमाधिक्य बढ़ेगा। कानूनी विवाद में जय मिलने की संभावना तथा शत्रु कमजोर होंगे।

फरवरी—घर गृहस्थ सम्बन्धी समस्याओं का समाधान निकलने से मन में सन्तोष होगा। राजकीय संसर्ग से रचनात्मक कार्य भी बढ़ेंगे। नवीन कार्य योजना का प्रारूप सामने आयेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम महसूस होगा।

मार्च—मास आपके लिए अचानक दौड़धूप बढ़ायेगा। स्त्री पुत्रादि के सहयोग से रुके कार्य बनेंगे। लोकापवाद की आशंका मन को चिन्तित रखेगी। मास के उत्तरार्ध में श्रेष्ठ फलों की वृद्धि होगी।

मिथुन—क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

अप्रैल—इस मास में नये आयामों में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ के चांस बढ़ेंगे। सामाजिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। दाम्पत्य सुख में बढ़ोतरी होगी।

मई—मासान्तर्गत परिश्रम एवं प्रयत्न करने पर भी लाभ कम खर्च अधिक रहेगा। स्वजनों व मित्रादि के सहयोग से रुके कार्य बनेंगे तथा पारिवारिक सुख वैभव में वृद्धि होगी। युवावर्ग की पठन, साहित्य व संगीत में रुचि बढ़ेगी।

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जून—आपको इस मास घर परिवार में नये मेहमान की खुशी व्यापेगी। पारिवारिक सुख वैभव में वृद्धि के लिए खर्चा बढ़ेगा। गुप्त रोग से मन में अशांति रह सकती है अत: शिवार्चन करना लाभदायक रहेगा। यात्रा में भी कष्ट संभव है।

जुलाई—इस मास सोचा हुआ काम कठिनाई से बनेगा। कूट राजनीतिज्ञ से बचें। अनजान दोस्त से हाथ न मिलावें वरना हानि होगी। भोजन शयन में बाधा व दौड़धूप की अधिकता रहेगी।

अगस्त—मास में गोचर ग्रहानुसार स्वास्थ्य में आंशिक सुधार किन्तु नेत्र पीड़ा संभव। श्रमाधिक्य के साथ-साथ दौड़धूप की अधिकता रहेगी। संतान कष्ट अथवा असहयोग द्वारा मानसिक अशांति बढ़ेगी। कार्यान्तर का विचार बनेगा।

सितम्बर—मिथुन राशिवालों को यह मास शुभाशुभ समाचार से उल्लास को बढ़ायेगा। भाग्योन्नति के साथ रुके कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए धन खर्चा बढ़ेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करना अच्छा नहीं है।

अक्टूबर—आपको मासारंभ में अमर्यादित व्यवहार तथा स्वजनों से मनमुटाव हो सकता है। उत्तरार्ध में आय का नवीन मार्ग प्रशस्त होगा। मान सम्मानित कार्य बढ़ेंगे। किसी के मिलने बिछुडने से हर्ष-विषाद की मिलीजुली प्रकिया चलेगी।

नवम्बर—शरीर में पराक्रम पुरुषार्थ की वृद्धि से सम्मान बढ़े, धार्मिक विचारों के उद्‌भव से मन को शांति तथा स्वजनों से सहयोग प्राप्त होगा। पाठ्यक्रम में लगे विद्यार्थी अपने नियमित अभ्यास में कमी महसूस करेंगे।

दिसम्बर—मास गोचर ग्रहानुसार आपको शत्रु से बाधित व लोकापवाद की संभावना वाला रहेगा। स्त्री से मनमुटाव व दौड़धूप की अधिकता रहेगी। अतीत के सन्दर्भ में लाभ व सुख-समृद्धि समय पर अवश्य मिलती रहेगी।

जनवरी ९९—में आपको चलते कार्यों में बाधा महसूस होगी। घनिष्ट मित्रों से धोखे की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पड़ोसियों द्वारा अमर्यादित व्यवहार मानसिक आघात का कारण बनेगा। खर्च की विशेषता महसूस होगी।

फरवरी—आपको इस मास नये कार्यों में शिथिलता महसूस होगी। विरोधाभास व स्थानान्तरण अशांति बढ़ायेंगे। स्वजनों के सहयोग से कुछ कार्यों में सफलता मिलेगी।

मार्च—ग्रहों की स्थिति अनुसार सामयिक कार्यों में नई दिशा प्राप्त होगी। इष्ट मित्र समागम से हर्षोल्लास तथा घर में मांगलिक उत्सव सम्पन्न होगा। संतान पक्ष मध्यम होने से पुत्रादि द्वारा अशांति हो सकती है।

कर्क—ही, हू, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

अप्रैल—इस मास कर्क राशि वालों को दुविधाजनक परिस्थिति से गुजरना पड़ेगा। दौड़धूप की अधिकता बनी रहेगी। वाहन आपके लिए कष्टदायक रहेगा। शत्रुजनित षडयंत्र से मानसिक अशांति लेकिन शत्रु परास्त होंगे।

मई—अनुकूल परिस्थितियां होने से व्यापार में उन्नति होगी तथा रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। बच्चों के विद्याध्यन में बाधा आयेगी। शारीरिक रूप से यह माह आपके लिए ठीक रहेगा।

जून—इस मास में आपकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहेगी। घर गृहस्थी सम्बन्धित समस्याएं सामने आयेंगी जिससे मन में अशांति बनी रहेगी। लेकिन चल रहे सामयिक कार्यों में नई दिशा प्रदान करने में गोचर ग्रह सहायक होंगे।

जुलाई—गोचर ग्रहावसात् इस मास कर्क राशि वालों को कष्टदायक परिस्थिति से गुजरना पड़ेगा। व्यापार में लाभ होगा लेकिन व्यय भी ज्यादा होगा। शत्रुजनित षडयंत्रों से बचें। दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

अगस्त—इस मास ग्रह चाल कर्क राशि वालों के लिए प्रतिकूल रहेगी। शारीरिक व मानसिक व्यथा से मन विचलित रहेगा। मास उत्तरार्ध में धनागमन तथा घर गृहस्थी में नई खुशी के समाचार से मन प्रसन्न होगा।

सितम्बर—नवीन कार्य के सन्दर्भ में इस मास अधूरे भाग्य की निराशा बनेगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय बनेगा। यात्रादि से कष्ट तथा धन संचय की कमी से ऋण लेने की योजना बनेगी। मान-सम्मान में यथावतता बनी रहेगी।

अक्टूबर—यह मास कर्क राशिवालों को शुभफलों में बाधक नहीं बनेगा। दौड़धूप से थकावट अवश्य महसूस होगी किन्तु गृहस्थ सुख लाभ तथा व्यापारिक अभ्युदय से हर्षोल्लास का वातावरण बनेगा।

नवम्बर—इस मास में ग्रहचाल मध्यम फलदायक है। पठन-पाठन, साहित्य, संगीत में रुचि जागृत होगी। पडौसियों द्वारा अमर्यादित व्यवहार मन में असंतोष बनायेगा। स्वास्थ्य सुख व मनोबल बढ़ने से रुके कार्य पूर्ण होंगे।

दिसम्बर—अनुकूल ग्रहों के फलस्वरूप आपके विरोधी हतप्रभ होंगे। नियमित समय पर कार्य करने वाले सुयश के भागी होंगे। राजनैतिक लोगों के साहचर्य से लाभ होगा तथा आय-व्यय का संतुलन बना रहेगा।

जनवरी ९९—आपको यह मास आशानुरूप प्रगति के पथ पर ले जायेगा। प्रियजनों से मिलन तथा अचानक लाटरी या अन्य माध्यम से द्रव्य लाभ होगा। राजकाज में सफलता तथा मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

फरवरी—मास की ग्रह चाल मध्यम बन रही है अत: चालू सामयिक कार्यों में गतिरोध होने से मन खिन्न रहेगा। माता-पिता को कष्ट या असहयोग होने से चलते कार्य रुक जायेंगे। स्त्री पक्ष भी साधारण बना है अत: संयम से कार्य करें।

मार्च—कर्क राशि वालों को यह मास सामान्य फलप्रद है बनते-बिगड़ते परिवेश में नई योजना सफल होगी। प्रियजन वियोग, कानूनी विवाद में नई उलझनें खटकती महसूस होंगी। श्रमाधिक्य के साथ-साथ दौड़धूप की अधिकता रहेगी।

सिंह—म, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

अप्रैल—चालू मास की ग्रहचाल आपके लिये अनुकूल बन रही है। कुछ कार्य तो सफल होंगे लेकिन दौड़धूप की अधिकता व श्रम संघर्ष की बाहुल्यता रहेगी। कुसंगति से दूर रहेंगे तो अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ मध्यम होगा।

मई—गोचर ग्रहों की चाल से इस मास व्यर्थ के झगड़े झमेलों से बचे रहना चाहिए। मानसिक दुश्चिन्ताओं की अधिकता रहेगी। व्यापार धन्धों में साझेदारी वाली फर्म विशेष प्रगति नहीं कर पायेगी।

जून—यह मास सिंह राशि वालों के लिए कुछ विशेषताएं लिये आ रहा है। कार्यारम्भ कीजिए, भाग्य आपका इन्तजार कर रहा है। कर्मोद्योग में तत्परता बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय बनेगा। मित्रों से मदद मिलेगी।

जुलाई—आप इस मास में विचाराधीन अधूरी योजना को क्रियान्वित करने में सक्षम होंगे। सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में मान-सम्मान अच्छा बढ़ेगा। शत्रु पक्ष कमजोर बनने से मनोबल बढ़ेगा।

अगस्त—सिंह राशि वालों के लिए यह मास साधारण है। उच्च लोगों के सम्पर्क से कुछ कार्य अवश्य सफल होंगे लेकिन व्यापारिक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कारोबार में लाभ कम तथा शत्रु चलते कार्यों में बाधा उत्पन्न करेंगे। घर गृहस्थी का सुख सामान्य रहेगा।

सितम्बर—मास में अनपेक्षित आवागमन से घर खर्च में वृद्धि होगी। आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना से जानें। मित्रों व पड़ोसियों से सम्बन्ध सुधरेंगे। राजनैतिक सहयोगी से आंशिक लाभ होने की संभावना है। मान-सम्मान ठीक रहेगा।

अक्टूबर—आप अपने दायित्व को नहीं निभा पायेंगे एतदर्थ क्षोभ का निराकरण असम्भव होगा। असफलता के मध्य सफलता हर्षोल्लास का कारण बनेगी। मासान्त में इष्ट-मित्र समागम, मंगलोत्सव मिलन से हर्षोल्लास होगा।

नवम्बर—इस मास राजनैतिक क्षेत्र में भारी लाभ की सम्भावना जाननी चाहिए, होने वाले स्थान परिवर्तन, लम्बी यात्रा सुखकर न समझें। कर्मोद्योग, पठन-पाठन, नवीन कार्य संचालन में तत्परता बनी रहेगी।

दिसम्बर—इस मास में सिंह राशि वालों को विशेष आनन्दानुभूति का अनुभव होगा। दौड़-धूप की अधिकता, श्रम संघर्ष की बाहुल्यता रहते हुए भी व्यय से लाभ अधिक होगा, नवीन समाचार भी मिलेगा।

जनवरी ९९—मास कुछ विशेषतायें लिये आ रहा है, जमीन-जायदाद, दाम्पत्य सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे, अनावश्यक आदान-प्रदान लगा रहेगा। कर्मोद्योग में शैथिल्यता न आने दें, भाग्य का सितारा चमकेगा।

फरवरी—गोचर ग्रहावसात् इस मास में सिंह राशि वालों को उच्चाधिकारी के घनिष्ट सम्बन्ध सुखकर न समझने चाहिये। भारी उतार-चढ़ाव, असामान्य परिस्थितियों में से गुजरना पड़ेगा।

मार्च—यह मास कुछ विशेषतायें लिये आ रहा है। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी, काम सब चलते रहेंगे, समय के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए कार्यारम्भ कीजिये।

कन्या—टो, प, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

अप्रैल—आपके लिये स्थानान्तरण व यात्रा सुखदायी रहेगी, आप अधूरी योजना को क्रियान्वित करने में पूर्ण समर्थ होंगे। नये कार्यारम्भ कीजिये, सफलता मिलेगी। कार्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा।

मई—समय के स्वरूप को ध्यान में रखते हुये कार्य करें। अनपेक्षित आवागमन से गृह खर्च में बढ़ोतरी होगी। किसी अधूरी योजना को क्रियान्वित करने में मित्रों से सहयोग मिलेगा।

जून—इस मास नई-नई योजनायें बनती बिगड़ती रहेंगी। मित्रों से सहयोग तो प्राप्त होगा परन्तु न के बराबर। लाभ अधिक व व्यय कम होगा। पड़ोसियों द्वारा अमर्यादित व्यवहार से क्षोभ, विशेषकार्य का शुभारम्भ आपके माध्यम से होगा।

जुलाई—इस मास में कन्या राशि वाले विरोधियों से सचेत रहें परन्तु चलते कार्यों में सफलता मिलती रहेगी। पारिवारिक जीवन में घनिष्टता बढ़ेगी। आय से व्यय कम होगा, पड़ोसियों की गतिविधियों का पूरा-पूरा ध्यान रखें।

अगस्त—आपके लिए यह मास प्रगति एवं सफलता का योग बना रहा है। पारिवारिक जीवन में मधुरता, व्यापारिक अभ्युदय यथावत् बना रहेगा।

सितम्बर—गोचर ग्रहानुसार आपको इस मास व्यापार में लाभ सामान्य रहेगा। कार्य क्षेत्र का विकास मित्रों व स्वजनों से होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान अवश्य होगा। दौड़धूप की अधिकता से शरीर को कष्ट होगा।

अक्टूबर—मास पूर्व नियोजित कार्यक्रमों के शुभ परिणाम सामने आयेंगे। पठन-पाठन करने वालों की रुचि बढ़ेगी तथा मान-सम्मान बढ़ेगा। कर्मोद्योग में तत्परता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करें।

नवम्बर—मासान्तर्गत ग्रहों की प्रतिकूलता, शत्रु विरोध से चलते कार्यों में रुकावटें, दौड़धूप की अधिकता महसूस होगी। भाई बन्धुओं से सहयोग कम मिलेगा। काम धन्धों में लाभ साधारण सम्भव है।

दिसम्बर—कन्या राशि वालों को दिसम्बर मास भाग्य अवरोधक स्थिति बनायेगा। शरीर में कमजोरी, मन में उच्चाटन रहेगा किन्तु स्वजनों के सहयोग से चलते कार्यों में लाभ तथा मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी।

जनवरी ९९—वर्ष के प्रारंभिक मास की ग्रहचाल अशांतिप्रद होने से गृह क्लेश, दौड़धूप की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य की तरफ से लापरवाही नहीं बरतें। शत्रु षड्यंत्रों तथा लोकापवाद की आशंका बनी रहेगी। लाभ से व्यय अधिक होगा।

फरवरी—मास फल मिश्रित फलकारक है। व्यवसाय में साधारण प्रगति, श्रमाधिक्य से शरीर कमजोर होगा। पारिवारिक जीवन में कटुता तदनन्तर समरसता बनेगी। उत्तरार्ध में द्रव्य लाभ के चांस मिलेंगे।

मार्च—इस मास में प्रतिद्वन्दियों से सचेत रहना श्रेष्ठ रहेगा। विचाराधीन योजनापूर्ति से लाभ तथा नये सम्पर्कों से भी लाभ की योजना बनेगी। लम्बी यात्रा को सुखमय नहीं समझना चाहिए।

तुला—र, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते



अप्रैल—इस मास गोचर ग्रह साधारण हैं। बदलते परिवेश में शारीरिक स्थिरता अड़चनें पैदा करेगी। शत्रु कुचक्र से सावधान रहें। भाग्य का सहारा कम होने से लाभदायक कार्य हाथ से निकल जायेंगे।

मई—ग्रहों के योगायोगानुसार आश्वासन कार्य परिणिति में नहीं बदल सकेंगे। गृह प्रपंच क्षोभ का कारण बनने से विशेष कार्य में रुकावट आयेगी। मानसिक अशांति भ्रम की स्थिति बनायेगी।

जून—असफलता एवं लोकापवाद की आशंका होने से अन्तःमन क्षुब्ध रहेगा। उद्योग-धन्धों में लाभ यथावत् होने से घर के कार्य चलते रहेंगे। शत्रुजनित षड्यंत्रों से सावधान रहें।

जुलाई—यह मास आपके लिये विशेषताएं लिये आ रहा है। उतार-चढ़ाव के बाद सफलता अवश्य मिलेगी। अचानक वाद-विवाद से मन में अशांति बढ़ेगी। आय व्यय का संतुलन बनेगा।

अगस्त—यह मास सेहत मध्यम तथा बुद्धि भ्रमता लिए आने से कुछ कार्यों में निराशा मिलेगी। सुख साधनों की वृद्धि तथा कारोबार धन्धों में नई योजना का प्रारूप बनेगा।

सितम्बर—गोचर ग्रहों की अनुकूलता बदलते हुए परिवेश में नई योजना सुखदायक सिद्ध होगी। अशुभ फलों का शमन होकर नये आयामों का आरंभ होगा किन्तु अकर्मण्यता मिलने वाले शुभफलों में बाधक बनेगी।

अक्टूबर—मासान्तर्गत तुला राशि वालों को सत्पुरुषों से मार्गदर्शन, व्यापार धन्धों में प्रगति व लाभ होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। प्रतिद्वन्दी की व्यूह रचना अनावश्यक पीड़ा दे सकती है। इसलिए प्रतिक्षण संभलकर रहना उचित रहेगा।

नवम्बर—ग्रह गोचर अनुसार इस मास में रोग एवं ऋण की वृद्धि मन में असन्तोष पैदा करेगी। क्रोध की अधिकता बनते कार्यों में रुकावटें पैदा करेगी किन्तु स्वजनों का सुख यथावत् मिलेगा।

दिसम्बर—मास सुख एवं मान-सम्मान में वृद्धि, स्वजन मिलन तथा पुराने अधूरे कार्य पूर्ण करेगा। साहित्य, संगीत, ललित कला, पठन-

पाठन के साथ-साथ आमोद-प्रमोद से मन प्रसन्न रहेगा। उत्तरार्ध में अकर्मण्यता कुछ रुकावटें पैदा कर सकती है।

अक्टूबर—ग्रह योगायोग से सांसारिक ... होगी स्वास्थ्य सुख के साथ-साथ मन प्रसन्न रहेगा ...

... पड़ेगा। पारिवारिक जीवन में सरसता एवं मंगलोत्सव मिलन

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पाठन के साथ-साथ आमोद-प्रमोद से मन प्रसन्न रहेगा। उत्तरार्ध में अकर्मण्यता कुछ रुकावटें पैदा कर सकती है।

जनवरी ९९—आपके लिए वर्ष का प्रारंभिक मास अनावश्यक भ्रमता से शारीरिक कष्ट पैदा कर सकता है। दाम्पत्य सुख सहयोग से रुके कार्य पूर्ण होंगे। उत्तरार्ध में सुदीर्घकालीन योजना बनेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

फरवरी—मासान्तर्गत अधूरे अतीत के सन्दर्भ में अनुसंधान व्यय की अधिकता मन की स्थिति अशान्त बनायेगी। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। व्यापार धन्धों की स्थिति पूर्ववत् चलती रहेगी।

मार्च—इस मास में अनपेक्षित आवागमन से उत्पन्न क्षोभ की निवृत्ति न हो पायेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें जिससे गृहस्थ जीवन में समरसता बनी रहेगी। परिवार में मंगलोत्सव से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक—तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

अप्रैल—आपकी उन्नति से अचंभित शत्रु ईर्ष्यावश हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कामधन्धों में लाभ तथा सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। खर्च की अधिकता से मन अशान्त रहेगा।

मई—इस मास में सांसारिक सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे। अपव्यय से बचें। शारीरिक व्यथा हो सकती है, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। आय-व्यय में सन्तुलन बना रहेगा।

जून—गोचर ग्रहावसात् दौड़धूप करने पर भी कोई खास काम नहीं बनेगा। पारिवारिक विरोध का सामना करना पड़ सकता है। आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना ही जानें किन्तु मान-सम्मान बना रहेगा।

जुलाई—पूर्व निर्धारित योजनाओं के परिणाम सामने आने लगेंगे। कुछ उलझनों से जूझना पड़ेगा। अत्यधिक कार्य व्यस्तता से मानसिक दबाव बढ़ेगा। मित्रों से पूर्ण सहयोग अपेक्षित रहेगा।

अगस्त—विरोधी आपके विरुद्ध षड्यन्त्रों में लगे हुए हैं, सतर्क रहें। आय से व्यय अधिक होगा। मान-सम्मान ठीक होने से कुछ कार्य बनेंगे और नये सम्बन्धों का विकास होगा। पारिवारिक सुख मध्यम चलेगा।

सितम्बर—मास श्रेष्ठता की ओर अग्रसर होगा। व्यापारिक अभ्युदय तथा मनोबल बढ़ने से रुके काम बनेंगे। विरोधियों की सभी चालें असफल होंगी। व्यर्थ की उलझनें बढ़ने से मन खिन्न रहेगा।

अक्टूबर—ग्रह योगायोग से सांसारिक सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे। स्वास्थ्य सुख के साथ-साथ मन प्रसन्न रहेगा। बदलते परिवेश में नयी योजना सुखदायक होगी। मान-सम्मान यथावत् बना रहेगा।

नवम्बर—मास में आंशिक ग्रह योग परिवर्तन से मानसिक क्लेश, स्वयं पर नियंत्रण रक्खें वरना अन्तःमन विक्षुब्ध रहेगा। कर्मोद्योग में तत्परता से शीघ्र लाभ एवं उच्चाधिकारियों के सहयोग से उन्नति होगी।

दिसम्बर—मास में पड़ोसियों व मित्रों से सम्बन्ध सुधरेंगे। राजनैतिक साहचर्य से लाभ होने की सम्भावना रहेगी लेकिन आश्वासन अधूरे भाग्य का कारण जानें। अनपेक्षित आवागमन से गृहखर्च में वृद्धि होगी।

जनवरी ९९—वृश्चिक राशि वालों को यह मास नई खुशियां प्रदान करेगा। कर्मोद्योग व व्यापार में सतर्कता से लाभ की आशा है। दाम्पत्य सुख ठीक रहेगा। विरोधियों का षड्यंत्र आप अपनी सूझबूझ से नाकाम करेंगे।

फरवरी—मास में स्वजनों के अतिरिक्त किसी अन्य पर विश्वास करना उचित नहीं है। मास उत्तरार्ध में दाम्पत्य वैमनस्य से बचें वरना वाद-विवाद से मानसिक क्लेश बढ़ेगा। धन व्यय की अधिकता रहेगी।

मार्च—गोचर ग्रहवसात् काम धन्धों में लाभ यथावत् तथा राजकाज के मामलों में सफलता प्राप्त होगी। मन में हर्ष तथा मेलजोल बढ़ेगा।

धनु—ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

अप्रैल—धनु राशि वालों को मानसिक अशांति से चलते कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। अकर्मण्यता से दूर रहेंगे तो शुभ फलों की वृद्धि होगी। मित्रों से सहयोग तथा उच्च वर्ग से मेलजोल बढ़ेगा।

मई—गोचर ग्रहों की स्थिति से यह मास अर्धाधिक्य लाभप्रद रहेगा। स्त्री सुख सहयोग से रुके काम बनेंगे। सामाजिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में मान-सम्मान वृद्धि के साथ-साथ अभ्युदय भी होगा।

जून—प्रतिकूल गोचर ग्रहावसात् के कारण आप सही दिशा निर्धारित नहीं कर पायेंगे। अशान्त मन का दूषित प्रभाव कर्मोद्योग पर भी पड़ेगा। पारिवारिक जीवन में सरसता एवं मंगलोत्सव मिलन से खुशी होगी।

जुलाई—मास धनु राशि वालों के लिए कुछ विशेषताएं ला रहा है, जिससे खुशी भी होगी। रचनात्मक कार्य का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा, कार्यारम्भ कीजिये। अतीत के सन्दर्भ में अनुसंधान होगा।

अगस्त—गोचर ग्रहावसात् असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। योजना हेतु अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना ही जाननी चाहिये।

सितम्बर—पठन-पाठन व लौकिक व्यवहार तथा साहित्य संगीत में विशेष रुचि जागृत होगी। बनते बिगड़ते परिवेश में योजना पूर्ति तदनन्तर लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा।

अक्टूबर—मनोयोग से आप अपने कार्य में संलग्न रहें। सफलता सन्निकट समझें। बनने वाला उच्च सम्पर्क आगे आपके लिये लाभदायक होगा। अकर्मण्यता मिलने वाले शुभ फलों में बाधक है।

नवम्बर—दाम्पत्य जीवन तथा इष्ट मित्रों के साथ अनबन तदन्तर समरसता का अनुभव होगा। श्रेष्ठ ग्रह चाल के अनुसार धनु राशि वालों के लिए सांसारिक सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे।

दिसम्बर—इस मास में संयोग-वियोग की मिश्रित प्रक्रिया चलती रहेगी, इससे कुछ चिन्तायें भी बढ़ेंगी। दैनिक कार्यों में आश्चर्यजनक प्रगति होगी।

जनवरी ९९—चालू मास की ग्रह चाल के अनुसार दौड़धूप की अधिकता, श्रमाधिक्य, अनावश्यक वाद-विवाद क्षोभ का कारण बन सकता है। जनवरी में अचानक द्रव्य लाभ का सुयोग भी है।

फरवरी—मास के गोचर ग्रह शुभाशुभ भोग फलकारक हैं। उच्च सम्पर्क सुखद रहेगा, घर-गृहस्थी के झंझटों में न फंसें। विषम परिस्थितियों में से गुजरने के बाद ही नये आयाम मिलेंगे।

मार्च—प्रतिकूल गोचर ग्रहावसात् लाभ से व्यय की अधिक आशंका रहेगी, राजकीय सहयोग से समालोचनात्मक कार्य भी बन जायेगा। इष्ट आराधना पुण्यार्जन परमावश्यक है।

मकर—भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी

अप्रैल—चलते कार्यों में गतिरोध उत्पन्न होने से मन अशान्त रहेगा। शत्रु वृद्धि, धन लाभ होकर खर्चा बढ़ेगा। स्वजनों तथा सत्पुरुषों से मेल-जोल बढ़ेगा। समय के अनुरूप कार्य करेंगे तो लाभ प्राप्त होगा।

मई—सुदीर्घकालीन विवाद निवृत्ति होकर घर गृहस्थी से सम्बन्धित सुख मिलेंगे। अकर्मण्यता मिलने

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वाले शुभ फलों में बाधक व भाग्यावरोधक भी है। आध्यात्मिक ज्ञान का विस्तार होगा।

जून—मध्यम गोचर ग्रहावसात् शुभाशुभ दोनों प्रकार के फल घटित होंगे। कर्मोद्योग से तत्परता के साथ-साथ दूर-समीप की यात्रा भी सम्भव होगी।

जुलाई—प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल बनाने में ग्रह आपके मददगार रहेंगे। कार्यारम्भ करने पर सफलता मिलेगी। भाग्य का सितारा इस मास में प्रबल रहेगा। यथेष्ठ आराधना अवांछनीय क्रिया-कलाप को अनुकूलत बनायेगी।

अगस्त—अतीत के सन्दर्भ में अनुसंधान का लाभ तो होगा परन्तु चिर परिचित योजना आपूर्ति क्षोभ का कारण बन सकती है। उत्तरार्ध में अचानक लाटरी, सट्टे आदि किसी अन्य माध्यम से द्रव्य लाभ हो सकता है।

सितम्बर—मास की ग्रह चाल मध्यम फलदायक है। बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। सामाजिक दायरे में नये सम्पर्क जनहित में सुखद होंगे।

अक्टूबर—असफलता के मध्य सफलता मिलने से प्रसन्नता होगी। दौड़धूप की अधिकता अशान्ति का कारण बनेगी। राजनैतिक क्षेत्र में नये सम्पर्क अहितकर ही समझें।

नवम्बर—गोचर ग्रहानुसार श्रम संघर्ष के साथ-साथ दौड़धूप अधिक रहेगी, पूर्वार्ध में दुश्चिन्ताओं का चक्र चलेगा। इस मास में उतार-चढ़ाव की अधिकता बनी रहेगी।

दिसम्बर—अकर्मण्यता मिलने वाले शुभ फलों में बाधक है। अधूरी योजना मित्र के सहयोग से पूर्ण करने में आप समर्थ होंगे। सजग होकर कार्यारम्भ करें, भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

जनवरी ९९—इस मास में प्रतिकूलता को अनुकूलता में बदलने में भारी मदद मिलेगी। कुविचारों की समाप्ति होकर शुभ विचारों का आदान-प्रदान होने वाली हानि से बचायेगा, घर-गृहस्थ में खुशी का संचार होगा।

फरवरी—आत्मीयजनों पर अन्ध विश्वास उचित नहीं अन्यथा लाभ हानि में बदल जायेगा। प्रतिकूलता को अनुकूलता में बदलने के लिए इष्ट आराधना परमावश्यक है, जिससे लाभ भी होगा।

मार्च—यह मास आपके लिए कुछ विशेषताएं ला रहा है। समयानुसार कार्यारम्भ कीजिए, भाग्य का सितारा चमकेगा। होने वाली यात्राएं लाभप्रद सिद्ध होंगी।

कुम्भ—गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द



अप्रैल—मास की गोचर ग्रहचाल मध्यम फलदायक है। चालू कार्य में नई रूपरेखा प्रभाव रहित जानें, इष्ट मित्र व दाम्पत्य जीवन व्यवहार में कटुवादिता तदनन्तर नवीनता चलने का सुयोग है।

मई—मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। चले आ रहे कार्यों में नित नवीनता से हर्षोल्लास रहेगा। सुख-साधनों से वंचित रहने के कारण मानसिक अशान्ति बनी रहेगी। कारोबार ठीक रहेगा।

जून—कार्यारम्भ कीजिए, गोचर ग्रह आपके अनुकूल है। स्वजनों की सहायता के कारण रुके हुए कार्य बनेंगे तथा शुभकार्यों में धन खर्च होगा। इष्ट मित्र मिलने से हर्षोल्लास होगा।

जुलाई—आय-व्यय का इस मास सन्तुलन तो बना रहेगा लेकिन घर गृहस्थ की समस्याओं का समयोचित समाधान न मिलने से मानसिक चिन्ता, व्यथा बढ़ सकती है।

अगस्त—उद्देश्य फल प्राप्ति हेतु अविरल गति से कार्यारम्भ कीजिए। अध्ययन व साधना में प्रगति व धार्मिक रुचि बढ़ेगी। घर-गृहस्थ की समस्याएं उलझने के बाद सुलझेंगी।

सितम्बर—मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। शुभ कार्यों में खर्चा होगा परन्तु कारोबार में वृद्धि होगी। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन कार्यों की रूपरेखा बनेगी।

अक्टूबर—मास में स्वजनों में मेल-जोल बढ़ायें परन्तु दुष्ट संगति से बचें, कारोबार-धन्धों में उन्नति से उत्साह वृद्धि होगी।

नवम्बर—व्यवसाय में लाभ होगा लेकिन किसी कार्य के बिगड़ने से हैरानी बनी रहेगी। सिर में पीड़ा होगी। मित्र व बन्धुओं से मेल-जोल बढ़ाने पर सम्मान बढ़ेगा। कानूनी विवादों से छुटकारा मिलेगा।

दिसम्बर—इस मास की ग्रहचाल के अनुसार मन अशान्त तथा शारीरिक परेशानी होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होने से सम्मान में बढ़ोतरी होगी तथा सत्पुरुषों से मिलन होगा।

जनवरी ९९—यह मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। उत्साह वृद्धि से व्यापार-धन्धों में प्रगति सम्भव होगी। सेहत ठीक रहेगी।

फरवरी—इस मास में कुम्भ राशि वालों को दौड़धूप की अधिकता, श्रम संघर्ष की बाहुल्यता से उत्पन्न अशान्ति का निराकरण सम्भव होगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति से उत्साह वृद्धि होगी।

मार्च—मास कुछ विशेषताएं ला रहा है। समय के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। सफलता सन्निकट समझें। पुरुषार्थ बढ़ेगा।

मीन—दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

अप्रैल—कार्यारम्भ कीजिए। अप्रैल मास के गोचर ग्रह मीन राशि वालों के लिए भाग्य विकास करेंगे। शत्रु परास्त होंगे तथा धार्मिक उत्सवों से खर्चा बढ़ेगा।

मई—मास की ग्रहचाल अनुकूल है। कुटुम्ब व पारिवारिक सुख मध्यम है। भाग्य का सहारा मिलने पर कामधन्धे में तरक्की होगी तथा मान-सम्मान यथावत् रहेगा।

जून—इस मास में सफलता संदिग्ध जाननी चाहिए। अचानक द्रव्य लाभ का योग तो चल रहा है लेकिन दौड़धूप की अधिकता, श्रम संघर्ष की बाहुल्यता से मन अशान्त रहेगा।

जुलाई—इस मास में स्वजनों से मेल-जोल बढ़ेगा, जिससे कार्यभार के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। धार्मिक रुचि बढ़ेगी तथा कारोबार श्रेष्ठ सिद्ध होगा।

अगस्त—यात्रा व परिश्रम करने पर रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे तथा स्वास्थ्य सुख भी प्राप्त होगा। लाभ यथावत् रहेगा व शत्रु-पराभूत होंगे।

सितम्बर—मास की ग्रहचाल के अनुसार मान-सम्मान में कमी होगी तथा काम-धन्धों में लाभ यथावत् रहेगा। स्वास्थ्य में कमजोरी महसूस होगी।

अक्टूबर—इस मास में मीन राशि वालों के लिए जमीन-जायदाद, वाहनादि विशेष वस्तु प्राप्ति का विशेष योग है परन्तु कर्त्तव्य के प्रति सचेत न रहने पर लाभ हानि में बदल सकता है।

नवम्बर—समय के स्वरूप को ध्यान में रखकर कार्य करें। भाग्य का सितारा चमक उठेगा। घर-गृहस्थी के झंझटों से मुक्ति मिलेगी।

दिसम्बर—इस मास में श्रेष्ठ विचारों से बिगड़े काम बनेंगे जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार में प्रगति होगी। सेहत में रोग पीड़ा होने के आसार हैं।

जनवरी ९९—कारोबार में नयी योजना बनेगी, जिससे नूतन अधिकार पद, धन व यश की प्राप्ति होगी। क्रोध में अधिकता भी आ सकती है।

फरवरी—इस मास में कार्य कुशलता में निखार आयेगा तथा खर्चा बढ़ेगा। बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। मन में चिन्ता बनी रहेगी।

मार्च—स्वजनों का सहयोग प्राप्त होने पर व्यापार-धन्धों में वृद्धि होगी। दौड़धूप की अधिकता विशेष रहेगी। सेहत साधारण तथा आर्थिक संकट के आसार हैं।

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

यात्राएं लाभप्रद सिद्ध होंगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से उत्साह वृद्धि होगी। संकट के आसार हैं।
Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
प्रकाशक: धर्मसेन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

वर्ष प्रवेश कुण्डली



सामाजिक उपद्रव, लूटपाट, आगजनी, हड़ताल, तालाबन्दी की घटनाएं अधिक होंगी। चतुर्थ घर में राहु स्थित होने से विश्व में अपनी क्रूरता का परिचय वर्ष भर देता रहेगा। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, बंगलादेश, चीन, जापान, पाकिस्तान के साथ-साथ भारत में भी राजनैतिक, सामाजिक क्रांति, कहीं प्रकृति प्रकोप, भूकम्प, शीतलहर, तूफान, बम विस्फोट से जन-धन की हानि होगी। भारत को पाकिस्तान की सीमा पर कड़ी सुरक्षा के प्रबन्ध करने होंगे। वरना भारत में आतंकवादी गतिविधियाँ दिखाई देने लगेंगी।

नवीन वर्षारम्भ में मंगल शनि का योग रहकर द्विर्द्वादश योग बनेगा, जिससे विश्व का वातावरण अशांतिप्रद बनेगा। कहीं युद्धादि भय, रोग पीड़ा, यान दुर्घटना से जनमानस के मन में भय उत्पन्न करेगा। वर्ष प्रतिपदा का क्षय तथा २२-२३ अप्रैल को गुरु शुक्र का युद्ध (अंश साम्ययोग) अनार्य राष्ट्रों में गृह युद्ध, प्रकृति-प्रकोप तथा मुद्रास्फीति एवं आर्थिक संकट को बढ़ावा देगा। विश्व की महान शक्ति अमेरिका में राजनैतिक, सामाजिक उलटफेर होगा। चीन, जापान, अफ्रीका, पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश में कहीं अग्निकांड, रेल दुर्घटना, भूकम्प के झटके लगेंगे।

ज्येष्ठ मास में पांच मंगलवार नेष्ट किन्तु शुक्ल पक्ष की तिथि वृद्धि शासन को सुदृढ़ बनायेगी। शांति व्यवस्था हेतु गुट निरपेक्ष आन्दोलन को बढ़ावा दिया जायेगा। विश्व के शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों में भारत आत्म गौरव स्थापित करेगा। शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि का फल—

''यदा यान्ति वृद्धिं सिताख्यश्च पक्षस्तदा यान्ति वृद्धिं नृपाः लोक संधाः॥''

आषाढ़ मास पश्चिमी देश ईरान, ईराक, अफ्रीका, इजरायल, पाकिस्तान के लिए मुद्रास्फीति एवं आर्थिक संकट को बढ़ावा देगा। कुछ स्थानों पर जातीय दंगे उग्ररूप धारण करेंगे। दिनांक १६ अगस्त को शनि अपनी नीच राशि में वक्री होगा। शनि वक्री होने का फल—**''शनि वक्रे च दुर्भिक्षं रुण्डमुण्डा च मेदिनी।''** प्रकृति प्रकोप, दुर्भिक्ष भय, रोग पीड़ा, महामारी तथा राजनैतिक उथल-पुथल से जन-जीवन अस्त-व्यस्त होगा। जीवनोपयोगी वस्तुओं में तेजी तथा आर्थिक मंदी का दौर चलेगा। दिनांक २७ सितम्बर को मंगल सिंह राशि में प्रवेश करने से मंगल राहु का योग प्रारम्भ होगा। यह योग आगामी ५० दिन तक रहेगा, जिससे राष्ट्रीय स्तर के दो महापुरुषों का स्वास्थ्य चिन्ताजनक बनेगा। भयंकर यान दुर्घटना, प्रकृति प्रकोप, आंधी, तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त होगा। आगामी वर्ष राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री व अटल बिहारी वाजपेयी के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आयेगी। देश-विदेश के किसी महापुरुष के देहावसान से राष्ट्रीय ध्वज झुकेगा। प्राचीन आचार्यों ने मंगल राहु के योग का फल इस प्रकार लिखा है—

''राहुरंगारकश्चैकराशि ऋक्ष गतौ तथा। महाभयं च सस्यानां न च वृष्टि प्रजायते॥''

मार्गशीर्ष मास में पांच गुरुवार होने से पश्चिमी देशों में आपसी मतभेद, सैन्य संघर्ष, युद्धादि भय के अलावा प्राकृतिक आपदाओं से प्रजा को कष्ट होगा। दक्षिण अमेरिका, इजरायल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, मिश्र, वियतनाम में राजनैतिक गतिरोध, हत्याकांड, अग्निकांड व आन्दोलन से जन-मानस त्रस्त रहेगा। अंग्रेजी नववर्ष के जनवरी मास के मध्य मकर राशि में छः ग्रहों का योग बनेगा। **''षड्वै ग्रहाः ध्वन्ति समस्त भूपान्॥''** पश्चिमी यूरोप, जर्मनी, इटली, इजरायल, सूडान, तुर्की, ईरान, ईराक, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, वर्मा और श्रीलंका में कहीं धार्मिक, साम्प्रदायिक दंगे तो कहीं प्रकृति प्रकोप, भूकम्प, जलप्लावन, समुद्री तूफान से हानि होगी। अनार्य यवन देशों में पारस्परिक सहनशीलता की भावना कम होगी। प्रधान शासकों के मध्य विरोध की भावना प्रबल बनेगी। द्वीप समूह के समीप युद्धादि का भय बनेगा। वर्षान्त में मंगल शनि का समसप्तम योग भी अशुभ फलों में वृद्धि करेगा। यथा—

''सम सप्तम शनि भौम हो अथवा एक ही संग। प्रजा कष्ट औ अन्न से जनविग्रह का रंग॥''

जगत् लग्न कुण्डली



संवत् २०५५ विक्रमी में सूर्य भगवान सप्ताश्वजुतरथ पर वैशाख कृष्ण १ सोमवार दिनांक १३ अप्रैल १९९८ ई. अर्द्धरात्रि बाद ५ बजकर ०४ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मेष राशि में प्रवेश के समय जगत् कुण्डली मीन लग्न की बनी है जो सामने दी गयी है।

मीन लग्न का स्वामी गुरु व्यय स्थान में स्थित है। इसी स्थान में शुक्र केतु भी स्थिति हैं। लग्न भाव में बुध-शनि का योग पापकर्त्तरी बन गया है अतः प्रकृति प्रकोप, रेलयान दुर्घटना, भूकम्प, महामारी, बलात्कार की घटनाएं अधिक होंगी। शासन-कर्त्ताओं के समक्ष विपक्ष कड़ी चुनौती प्रस्तुत करेगा। वर्ष का राजा शनि व मंत्री चन्द्रमा में षडाष्टक योग बनने से भारत के पंजाब, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान प्रदेश में विशेष घटनाचक्र दिखाई देंगे। विश्व स्तर पर आस्ट्रिया, तिब्बत, इण्डोनेशिया, जापान, पुर्तगाल, चीन, वर्मा में राजनैतिक उथल-पुथल, प्रकृति-प्रकोप, यान दुर्घटना से जन-धन की हानि होगी। भाग्येश मंगल उच्चस्थ सूर्य के साथ द्वितीय भाव में होने से भारत को अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। बड़े देश अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश करेंगे। विश्व के अनेक देशों के प्रधान शासकों द्वारा अपनी-अपनी सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान देने की आड़ में नये आणुविक शस्त्रों का निर्माण घातक सिद्ध होगा।

भारतीय गणतन्त्र का ४९वाँ वर्ष

भारतीय गणतंत्र का ४९वाँ वर्ष सम्वत् २०५४ वि. माघ कृष्ण १३ सोमवार दिनांक २६ जनवरी १९९८ को भारतीय स्टैं.टा. १७।४० पर कर्क लग्न के दशवें अंश में प्रवेश होगा। इस समय की तात्कालिक ग्रहस्थिति की कुण्डली सामने दी गई है।

लग्नेश चन्द्रमा छठें भाव में तथा राज्येश भाग्येश मंगल गुरु अष्टम भाव में केतु के साथ स्थित हैं अतः प्रवेश होने वाला नया वर्ष भारत के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता। ऋतुविपर्यय, जनसंख्या विस्फोट, बेरोजगारी तथा महंगाई की समस्या प्रधान शासक के लिए विकट समस्या बनेगी। सीमा पर पाक की नापाक गतिविधियाँ बढ़ेंगी। विश्व में अनेक अकल्पित लोमहर्षक घटनाएं घटित होंगी। नेताओं, राजपुरुषों का पतन, भूकम्प, ज्वालामुखी, समुद्री तूफान से जन-धन की भारी हानि होगी। जम्मू कश्मीर में अप्रैल से

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सितम्बर ९८ तक मुख्यमंत्री के सामने राजनैतिक गतिरोध, प्रकृति प्रकोप, अपहरण तथा स्वयं की शारीरिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। हिमाचल प्रदेश के विकास में वर्ष प्रारम्भ के शनि का वक्रत्व काल बाधक बनेगा। जबकि राजस्थान राज्य के लिए आगामी विधान सभा चुनाव कोई सुधारात्मक निर्णय नहीं कर पायेंगे। राज्य को पुन: मिली-जुली सरकार देखनी पड़ेगी। पंजाब राज्य के मुख्यमंत्री श्री प्रकाशसिंह बादल को वर्षारम्भ से ढैया शनि प्रारम्भ होने से शारीरिक व राजनैतिक परिस्थितियाँ विपरीत दिखाई देंगी। भारत की प्रभाव राशि मकर मानी गयी है। प्रभाव राशि से दिनांक १७ अप्रैल को शनि चतुर्थभाव में प्रवेश करेगा जो प्रगति में बाधाकारक है। प्रधानमंत्री के सामने भ्रष्टाचार का मुद्दा अहम मुद्दा बनेगा। राजनैतिक अशांति से देश की प्रगति रुक-सी जायेगी। गुरु की श्रेष्ठता से वैज्ञानिक व अनुसंधान में प्रगति अवश्य मिलेगी किन्तु विरोधी पक्षों द्वारा प्रधान मंत्री के सामने विकट समस्याएं उत्पन्न की जायेंगी। कांग्रेस का वर्चस्व बढ़ने में उन्हीं के लोग विश्वासघात करेंगे तथा लोकसभा में सांसदों द्वारा अशोभनीय प्रदर्शन कर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाया जायेगा।

भारत के नये प्रधानमंत्री

भारत में गत वर्ष ग्यारहवीं लोकसभा का आम चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात् किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने सर्वप्रथम सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी को सरकार बनाकर बहुमत सिद्ध करने को कहा। लेकिन श्री वाजपेयी अपने बहुमत की बहस के दिन सदन का रुख देखकर राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र दे दिया। इसके पश्चात् तेरह पार्टियों की त्रिशंकु सरकार के नेता श्री एच.डी. देवगौड़ा को दिनांक १ जून ९६ को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी जिन्होंने दस मास पश्चात् अपना सदन में विश्वास खो दिया। इसके बाद संयुक्त मोर्चा का नया नेता श्री इन्द्र कुमार गुजराल को चुना गया और उन्हें भारत के नये प्रधानमंत्री के रूप में दिनांक २१ अप्रैल ९७ सोमवार को राष्ट्रपति भवन के अशोक हाल में लगभग १० बजे पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। भारत के बारहवें प्रधानमंत्री श्री इन्द्र कुमार गुजराल की शपथकालीन



कुण्डली का लग्न मिथुन बना है जिसकी तत्कालीन ग्रहों की स्थिति ऊपर दी गई कुण्डली से स्पष्ट है। लग्नेश बुध पराक्रमेश सूर्य के साथ एकादश भाव में स्थित है। राज्य पक्ष में शनि केतु की स्थिति तथा दशमेश गुरु नीच राशिस्थ होकर अष्टम भाव में जाना प्रधानमंत्री श्री गुजराल के लिए कार्यकाल पूरा करना कठिन करेगा। तेरह दलीय पार्टियों से समर्थित सरकार को एकसूत्र में बांधे रखना दुष्कर होगा अर्थात् मोर्चा सरकार पुन: विघटन की ओर अग्रसर होगी। सम्वत् २०५५ विक्रमी से पूर्व ही इसका असर दिखाई देने लगेगा। नवीन वर्ष में मेष का शनि आते ही प्रधानमंत्री के नाम से शनि की प्रतिकूल स्थिति प्रारम्भ होगी। स्वयं के स्वास्थ्य के अलावा देश की राजनीति में हलचल रहेगी। भ्रष्टाचार व महंगाई का मुद्दा अहम् बनेगा। संयुक्त मोर्चा सरकार को समर्थन देने वाली पार्टियों का स्वार्थ सिद्ध नहीं होने के कारण वे श्री गुजराल से विमुख होती दिखाई देंगी। वर्षारम्भ के छ: मास प्रधानमंत्री श्री इन्द्रकुमार गुजराल के लिए संकटपूर्ण हैं। उनकी जन्मपत्री में राज्येश सुदृढ़ हुआ तो वे अपना पद बचाने में सफल होंगे। वरना भारत में लोकसभा के मध्यावधि चुनावों की घोषणा महंगाई व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगी।

भारतीय वायुमंडल एवं वर्षादि योग

इस वर्ष भारत के वायुमण्डल एवं वर्षादि योग जानने के लिए भारतीय वायुशास्त्र अनुसार प्रत्येक नगर व राज्य में प्रतिदिन की वायु मेघ गर्जना बादल वर्षा की परीक्षा द्वारा वृष्टि गर्भ लक्षण का उल्लेख मिलता है। जैसे आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा, अन्तरिक्ष लक्षण जहां शुभ-शकुन का आभास करायेंगे वहां सुभिक्ष व सुवृष्टि का संचार होगा। अर्थात् आषाढ़ी पूर्णिमा (९ जुलाई गुरुवार) को पूर्व, उत्तर, पश्चिम व ईशान कोण से हवा चले तो सुभिक्ष माना गया है। जबकि अन्य शेष कोण की हवा दुर्भिक्ष, उत्पात व रोगभय कारक मानी गयी है। विद्वान विज्ञों को वर्षभर के गर्भ लक्षण नोट करने चाहिए। वर्षपर्यन्त नहीं कर सकें तो आषाढ़ी पूर्णिमा को सायंकाल सूर्यास्त के समय खुले स्थान में जाकर ध्वजा की विधिवत् पूजा करके वायु परीक्षा करके अपने नगर, देश व राज्य के लिए शुभाशुभ फल का निर्णय करना चाहिए।

वर्षादि योग के लिए सूर्य के आर्द्रा प्रवेश से आगामी दश नक्षत्र वर्षा के द्योतक माने जाते हैं। नवीन वर्ष में आर्द्रा प्रवेश आषाढ़ कृष्ण १३ सोमवार तदनुसार दिनांक २२ जून १९९८ ई. को प्रात:काल ८।१६ बजे हुआ है। आर्द्रा प्रवेश कुण्डली दी जा रही है—



आर्द्रा प्रवेश कुण्डली का लग्न कर्क बना है। जिसका स्वामी चन्द्रमा वर्षाकारक ग्रह शुक्र के साथ एकादश भाव में स्थित है किन्तु मंगल भी इसी भाव में स्थित है अत: वर्षा कहीं अधिक तो कहीं कम होगी। जून मास में २२ जून से ५ जुलाई तक सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में रहेगा। समुद्र तटवर्ती क्षेत्रों में वर्षा व तूफान से जनजीवन अस्तव्यस्त होगा। उत्तरी भारत में गर्मी का जोर तथा आंधी तूफान से यातायात में बाधा पहुंचेगी।

६ जुलाई से १९ जुलाई तक पुनर्वसु में सूर्य मध्यम वर्षा का योग बनाता है। मास मध्य में मंगल का उदय व वक्री गुरु सर्वत्र उत्तम वर्षा के योग बना रहे हैं। अगस्त मास में बुध का अस्त कहीं-कहीं अतिवृष्टि करेगा जिससे कृषि में हानि होगी। सितम्बर मास में सामान्य से अल्प वर्षा तथा वायु का प्रकोप ज्यादा रहेगा। सिंह का शुक्र वर्षा में कमी करेगा। शीतकाल में मंगल राहु का योग तथा मंगल शनि का षडाष्टक योग कहीं प्रकृति प्रकोप, हिमपात, महामारी, भूकम्प तथा रोगादि से भय उत्पन्न करेगा। उत्तरभारत में शीतलहर या ओलावृष्टि से कृषि में हानि होगी। वर्षान्त में मंगल शनि का प्रतियोग उत्पात व अशांति कारक रहेगा। आगे सर्वज्ञ ईश्वर है। यतो धर्मस्ततो जय:।

॥ इति शुभम् भूयात् ॥

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कुम्भ पर्व-श्री हरिद्वार १९९८ ई. संवत् २०५४-५५ वि.

हरिद्वार मायापुरी में ग्रहयोगवशात् बारहवें वर्ष में महाकुम्भ पर्व होता है। कुम्भ पर्व का उल्लेख वेदों में भी है। अतः इससे सिद्ध होता है कि यह सनातन धर्म का अत्यन्त महत्वपूर्ण और प्राचीनतम महापर्व है।

जघान वृत्रं स्वधितिर्वनवे सरोजपुरो अरदन्न सिन्धून।
विभेद गिरिं नवभिन्न कुम्भभागा इन्द्रो अकृणुता स्वयुग्मिः॥ (ऋग्वेद)
चतुरः कुम्भाश्चतुर्धा ददामि, कुम्भीका, दूषीकाः पोयकान॥ (अथर्वेद)

कुम्भपर्व की उत्पत्ति-महर्षि कश्यप के पुत्रों (देव-दानव) के विवाद में पृथ्वी पर चार स्थानों में अमृत कलश (कुम्भ) रखा गया, उस समय चन्द्रमा ने प्रस्रव होने से, सूर्य ने टूटने से, गुरु ने अपहरण से रक्षा की। अन्त में मोहिनी रूपधारी श्रीहरि ने देवताओं को अमृत पान कराया। चार कुम्भ पर्व पृथ्वी पर तथा आठ देवलोक में होते हैं। अतः सूर्य, चन्द्रमा, वृहस्पति के योग से हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन तथा नासिक, में कुम्भ पर्व होते हैं।

हरिद्वार कुम्भ : *पद्मिनीनायके मेषे कुम्भराशिगते गुरौ।*
गंगाद्वारे भवेद्योगः कुम्भनामा तदोत्तमः॥ (स्कन्दपुराण)

अन्य मत-*वसन्ते विषुवे चैव घटे देवपुरोहिते। गंगाद्वारे च कुभाख्यः सुधमिति नरोयतः॥*

मेष के सूर्य, कुम्भ का वृहस्पति हो, उस समय गंगाद्वार हरिद्वार में कुम्भ महापर्व होता है।

कुम्भ स्नान महत्व: *कुम्भ राशि गते जीवे तथा मेषे गते रवी।*
हरिद्वार कृतं स्नानं पुनरावृत्ति वर्जनम्॥
अश्वमेध सहस्राणि वाजपेय शतानि च।
लक्षं प्रदक्षेणा भूमेः कुम्भ स्नानेन तत्फलम्॥ (विष्णु पुराण)

हरिद्वार कुम्भ स्नान से पुनः जन्म नहीं होता है। हजार अश्वमेध यज्ञ, सौ वाजपेय, लाख बार पृथ्वी की परिक्रमा से जो फल प्राप्त होता है, वह कुम्भ में स्नान से प्राप्त होता है।

सहस्रं कार्तिक स्नानं माघे स्नाने शतानि च। वैशाखे नर्मदा कोटि, कुम्भ स्नानेन तत्फलम्॥
हरिद्वार कुशावर्ते विल्वके नील पर्वते। स्नात्वा च कनखले तीर्थ, पुनर्जन्म न विद्यते॥

हरिद्वार, कुशावर्त, विल्वकेश्वर, नीलपर्वत, कनखल तीर्थ में स्नान, देव दर्शन से पुनः जन्म नहीं होता है।

कुम्भ पर्व तिथिः-

१. **प्रथम शाही स्नान**—महाशिवरात्रि पर्व, फाल्गुन कृ. १४ बुधवार, २५ फरवरी ९८, दशनामी अखाड़े।

२. **दूसरा शाही स्नान**—चैत्र कृष्णा ३० शनिवार, २८ मार्च ९८, सभी अखाड़े स्नान करेंगे।

३. **मुख्य शाही स्नान**—वैशाख कृ. ३ रविवार, २६ अप्रैल १९९८, तीनों वैष्णव अखाड़े, स्वतन्त्र रूप से।

विशेष सम्पर्क सूत्र- **श्री अम्बा ज्योतिषी पीठ, राया, मथुरा(उ. प्र.)**

कुम्भ महापर्व-श्री वृन्दावन, 'बृजभूमि' सन् १९९८ ई.

प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में ग्रहयोग वश हर बारहवें वर्ष में कुम्भ महापर्व का आयोजन होता है। हरिद्वार कुम्भ से पूर्व श्री वृन्दावन धाम वैष्णवों का कुम्भ पर्व होता है। इसमें वैष्णवों के तीनों अखाड़े, तीनों अनियां, सभी खालसा, निम्बार्क, बल्लभ, रामानुज, त्यागी, वैरागी, आचार्य, साधुजन भाग लेते हैं।

श्री वृन्दावन धाम श्री कुंज बिहारी, श्यामा श्यामजी की पावन राजधानी है। बृजराज के पावन स्पर्श से सभी पुण्यों की प्राप्ति होती है, क्योंकि अनन्त कोटि ब्रह्माण्डनायक परब्रह्म परमेश्वर श्री श्यामसुन्दर ने अपने श्रीमुख से स्वयं कहा है कि-

"*वृन्दावन परित्यज्यं पादमेकं न गच्छति ।*" 'हे उद्धव! मोहि बृज बिसुरत नाहीं' वृन्दावन को त्याग कर एक पद भी अन्यत्र नहीं जाता हूँ।

जब चौरासी लाख योनियों का पुण्य संग्रह हो जाता है, तब मानव शरीर प्राप्त होता है, और इस पर भी दिव्य भूमि भारत में जन्म हो तो विशेष पुण्यों का प्रभाव है। भारतवर्ष में जन्म, उस पर हिन्दु जाति में और भगवत् कृपा से सनातन धर्मोकुल में जन्म हो जाये तो मानव के भाग्य खुल गये। बृजेश्वरी श्रीराधे की महती कृपा हो गई। द्वादश वर्षीय-कुम्भ पर श्री वृन्दावन धाम वास, बृजराज का दर्शन, करील की कुंजन का भ्रमण, यमुना जल का पान, बृजभूमि के भ्रमण से भवभय रोग, शोक, भय, मृत्यु भय भी समाप्त हो जाते हैं।

मुक्ति कहै गोपाल से मेरी मुक्ति बताय। बृजरज उड़ि मस्तक परै मुक्ति मुक्ति है जाय॥

आदि शंकराचार्य ने स्वयं कामना की है— "*कदा वृन्दारण्ये तरणि तनया तीर पुलिने।*
सरन श्री गोपाल निमिषमिव नेष्यामि दिवसान्॥"

तक कटें तो तेजी १० दिन में आयेगी। नोट है कि अगर ऊँचे भाव न कटें तो मंदी का भाव कटने पर ३/- या ४/- की लाइन मंदी की चलेगी। गुड़ में बदि १ से ९ मंदी, बदि १० से शुदि २ स्थिरभाव, शुदि ३ से १५ तेजी चलेगी। आलू और तिलहन में आगाऊ मिति से सट्टे तेज होंगे। विशेषत: बदि दशमी तक तो विशेष तेजी मंदी नहीं आयेगी परन्तु बदि ११ एकादशी १२ बजकर ५१ मिनट तक से तेजी चलेगी। यह तेजी ८ से १४ दिन चलेगी। आषाढ़ शुदि १० को विशेष रिमार्केबिल चांस है। इस दिन पिछले बुध को २ बजे तक रेट जो नीचे में बने हैं वह नहीं कटें ४ पै. से ज्यादा तो रिमार्केबिल तेजी ८ या ११ दिन में आंकड़े कितनी यह बात समय पर ओंकाराश्रम हापुड़ सिर्फ इसी पते से मालूम करें। कार्यालय फोन: नं. ३१२२३८ है। नोट करना अन्य भारत में जिस वस्तु के भी सट्टे चल रहे हैं उनके चांस भी मालूम करना। पर पत्र व्यवहार जवाबी करें।

श्रावण सं. २०५५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

श्रावण में ५ शुक्र ५ ही शनिवार हैं। ता. १० जुलाई को माह प्रारंभ ता. ८ अगस्त को समाप्त। तमाम माह में सुपीरियर लाइन चलेगी। एक खास ग्रह बदि १ को ३ घड़ी दिन चढ़े आर्द्रा का शुक्र होगा तथा इसके बाद ५ दिन बाद पंचमी को मिथुन राशि में शुक्र का पदार्पण फिर २ दिन उपरान्त बदि ७ को कर्क राशिस्थ सूर्य ३ दिन वर्गोत्तम में चलकर एक नया जोश मार्केटों में आयेगा क्योंकि इसी दिन वक्री गुरु, आज ही रात ५४ घटी पर भौम का उदय होगा। मंगल का कभी भी बिना उत्पात वर्षा या तूफान के उदय अस्त नहीं होता है। श्रावण को बदी नौमी भी टूटी है। जहाँ श्रावण में बदि पक्ष में तिथि टूटी है वहीं शुदि में वृद्धि अष्टमी की हुई है।

नाग पंचमी से दूसरे दिन श्रावण शुदि ६ वक्री बुध होकर ठीक ९वें दिन श्रावण शुदि १३ को बुध देव अस्त हो जायेंगे। इसीलिये तमाम महीने में वायदे सट्टों में जैसे-गुड़, आलू, हल्दी, खल, बिनौला, शेयर, सरसों बम्बई अरिंग आदि में तथा समस्त वायदों में श्रावण शुदि ६ को तेजी परञ्च शुदि त्रयोदशी के १०० तेजी तो १५० मंदी डालकर अथवा नजराने लगाकर चौदश को लाभ उठाना। एक नोट है कि प्रथम दिन न फलें तो अगले दिन भी लगाना।

श्रावण में विशेष चाँस मलेशियम पाम तेल मजबूत बदि ६ से ९ दिन में होगी और जायफल, जावित्री में बदि में मार्केट पड़े रहेंगे, पर शुदि में शुदि ६ से ९ दिन में तेजी आयेगी। धूप, कपूर, सुगन्धित पदार्थों में और इत्र में शुदि १ से ५ दिन में भयंकर या कट-कटकर तेजी आयेगी। क्रीम घी में श्रावण बदि ४ से १७ दिन में तेजी आयेगी और बोरी बारदाना में तेजी भी धीरे-धीरे टुकड़ों में आयेगी जैसे बदि २ चार दिन में बदि १० से ३ दिन में शुदि २ से ३ दिन में आयेगी शेष दिनों में उत्तरोत्तर तेजी मजीठ, मेथी तथा हाजिर मूंग, उड़द, चांदी, पीतल में आयेगी। चीनी, खांड भी श्रावण की मंदी में खरीदना क्योंकि आगे भविष्य की तेजी आने वाली है भाद्रपद कुवार में। साथ ही श्रावण की मंदी में चावल भी लाभ देंगे अत: हाजिर वाले बेचान की जल्दी न करें। इसी माह सूखे मेवों की मंदी शुदि में आने पर स्टॉक करें छुआरा, अन्जीर, पिस्ता, काजू व चिरौंजी व कत्था भी खरीदना।

वायदा सट्टा गुड़, आलू में प्रतिपदा श्रावण की १२ बजकर २७ मिनट से ५ दिन में कोई लाइन नयी नहीं है। सिर्फ शेयरों में तेजी चलेगी। तिलहनों में तथा गुड़, आलू सभी वायदों में श्रावण बदि ८ अष्टमी से ३ दिन में मंदी आयेगी परञ्च श्रावण बदी १३ से या तो मोटी मंदी या मोटी तेजी बिना रियक्शन के श्रावण शुदि ६ जब तक बुध वक्री होगा तब तक चलेगी। इसलिये खास संकेत है कि ऊपर लिखी बदि तेरस को गत शुक्रवार के ऊँचे भाव कटें तो तेजी पूर्ण होगी। अगर नीचे भाव कटें तो मन्दी आयेगी। ये इस माह का खास चांस है।

उपरोक्त टाइम के बाद श्रावण शुदि १३ गुरुवार बुधास्त तक १/४ का रियक्शन जरूर ही आयेगा और बुधास्त बाद पलट होगी।

भाद्रपद सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

भाद्रपद में सुपीरियर लाइन समाप्त होकर इन्फीरियर भाद्रपद तमाम महीने भाद्रपद कृष्णा ९ रविवार से सिंहेऽर्क प्रविष्ट: वार ४ न. ६ वृद्धावस्था बैठी मु. ३० धान्यादि भावे समता सूचक साथ ही वक्री शनि तमाम माह, भाद. की अमावस्या पर कर्क राशि में बुध उदय, शुक्ल पक्ष में चन्द्र दर्शन रविवारी शुदि १० पर सिंह राशि पर शुक्र देव फिर ४ दिन बाद बुध भी शुदि १३ को सिंह ही राशि में हाथ मिलायेंगे और शुक्र, बुध का कन्जक्शन यानि युति बहुधा नीरस पड़े मार्केटों में चहल-पहल भी दिखाई देने लगेगी। खासतौर से पुराने कपड़ों में तेजी भादों शुदि ३ से ९ दिन में आयेगी। इसके साथ ही बिरोजा, वार्निश, तारपीन में बदि में तो कोई भी भाव चलते नजर नहीं आयेंगे परन्तु शनिवारी अमावस्या से ५ दिन बाद शुदि ९ से ५ दिन में तेजी थोक में दिखाई देने लगेगी और मिल्क पाउडर, देशी घी और डेरियों के घी में भी तेजी की धारणा बदि ८ से ७ या १२ दिन में, इसी मध्य द्वितीया सोमवार मार्गी बुध होने के २ दिन बाद उड़द, मूंग, मसूर साथ ही धागे के निर्यात में वृद्धि ६ या १४ दिनों में होगी। आलू की पैदावार के आंकड़े कभी घटोतरी के कभी बढ़ोतरी के मार्केट में फैलेंगे पर निकासी जारी रहेगी और भाव ऊँचे रहेंगे। हिमाचल पर्वतीय आलू की आमद बढ़ेगी। चावल बासमती भादों बदि १०वीं तक पड़े रहेंगे परन्तु आगे १८ दिन में तेजी ही तेजी साथ ही सर्राफा में तथा चीनी मिल डिलीवरी के सौदे उत्साहजनक होंगे।

तेल, तिलहन मार्केट में खल, सूरजमुखी के साथ तिल तेल की मांग शुदि २ से १२ दिन में जोरदार बढ़ेगी। सोयाबीन साल्वेंट में भादों शुदि जलझूलनी एकादशी से ५ या ८ दिन में तेजी का उत्साहजनक वातावरण बना रहेगा। समुद्री उत्पादों के निर्यात की वृद्धि भादों की मावस से होगी। वायदे सट्टों में खास तौर से दुतर्फा ही घटबढ़ होगी। प्रथम तो गुड़, सरसों आदि तिलहनों तथा हल्दी आदि तथा धातुओं में गत श्रावण की चालू लाइनें ही भादों बदि ५ तक १ ही तरफा चलेंगी पर एक विशिष्ट नोट है कि भादों बदि ४ यानि मंगला चौथ को कर्के भौम नीच राशि में भयंकर मंदी करता है परञ्च दूसरे ही दिन भादों बदि ५ की रात को चन्दन षष्ठी को मीन राशि का चन्द्रमा गुरु की राशि मीन में से संक्रमण करने के बाद मेष राशि में पदार्पण करने से बहुधा वस्तुओं में विपरीत असर करने वाला है क्योंकि शनि मेष राशि में चल रहे हैं और बदि अष्टमी को वक्री भी हो रहे हैं इसलिए विरोधियों का दमन हो तथा प्राकृतिक प्रकोप उत्पात के साथ तांबा, लोहा तेज; मिति भाद्र बदि ६ से हल्दी, जीरा तेज। वायदे में बदि ६ को गत सोमवार के नीचे भाव आलू या जिस शेयर चना, खल, चूरी, गुड़, अरंडा में न कटें तो खरीदकर ४ या ९ दिन में मोटा लाभ उठाना। दालों के सट्टे खरीदें। अलसी, अरंडा, लाहा, सरसों में नफा मिले तो पक्का करें क्योंकि बाद अमावस्या तक भाव पड़े रहेंगे। सींगदाना, बिनौला, वायदा सट्टा गुड़, तोरिया शेयर भादों शुदि में चन्द्र दर्शन बाद ७ दिन तेजी आकर बाद ५ दिन रियक्शन आकर द्वादशी से तेजी पाट-बारदाना, खांड, गुड़ के साथ सट्टे वायदे १/- से ३/- तक बढ़ेंगे परन्तु दालवाना में अरहर की तेजी पिटेगी। घी में साथ ही तेल में गिर-गिरकर आलू वायदा भी तेजी पर जायेगा। पर वायदा हो या सट्टा हाजिर रुई, सूत में भी शुदि १४ से ४ या ६ दिन में मन्दी की मोटी लाइन तो नहीं परन्तु रियक्शन की मंदी अवश्य ही आयेगी। चावलों में इस वर्ष की लास्ट तेजी आकर बाजार स्थिर होंगे, हाजिर गुड़ में तेजी, लास्ट में बेचान बोलना पर गेहूँ, चना, खल लेना।

आश्विन सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

इस माह में ५ सोमवार हैं जो मंदी कारक हैं। वर्षा उत्तम हो, कृषि उत्पादन उत्तम होने का अनुमान ५ सोमवार होने से लगाया जाता है। धान्य की वृद्धि भी होती है और व्यापारिक हाजिर वस्तुओं में मंदी की प्रबल संभावना होती है।

एकमात्र योग से न तो व्यापारी का पेट भरता है, न ही सौदा दृढ़ता से कर सकता है। इस वास्ते अन्य ग्रहों का तारतम्य विचार करना परम ही आवश्यक है। इस महीने में मघा के २ द्वितीय चरण में राहु धनिष्ठा के ४ में केतु का पदार्पण आसौंज बदि प्रतिपदा की रात्रि को हो रहा है। यद्यपि बदि २ में व ३ टूटी यह सिर्फ चालू इसी माह की उत्पन्न चीजों में मन्दी कारक है परंच वायदे आलू, गुड, सरसों, खल, चूरी, अरंडा में अवश्य ध्यान रखिये। अगर आसौंज बदि ४ बुधवार को १ बजकर १७ मिनट तक उपरोक्त वस्तुओं में गत शनिवार तक के नीचे भाव न कटें तो कैसी मंदी भूल जायें खरीद करें हाथों हाथ ऊपर सभी वायदों में सट्टों में १ ही हफ्ते में गुड़ में १/५० से २/२५, आलू में ३/-, सरसों, अरंडा, खल, चूरी में क्रम से १/१५ तथा २/- रु. व ३/५० तक की लाइन से लाभ उठाना। सट्टे में १ घंटे मंदी तो १ घंटे में ही तेजी आ जाया करती है तो हमें हर पहलू पर विचार करना है। काश भाव विपरीत जायें तो सवाई लाइन २ दिन चलकर मार्केट ठहरेगाऽ पर क्यों? यह प्रश्न हमने क्यों उठाया? क्योंकि सं. २०५५ में १ नया मोड़ आ रहा है।

आसौंज बदि ५ गुरुवार को वक्री पू.भा. ३ कुंभे गुरु रात होने से पूर्व ही २५ घड़ी दिन चढ़े लग रहे हैं। गुरुदेव हल्दी, जाटामांसी, तगर, मोम, सारे पीले रंग के पदार्थ, सेंधा नमक, बेल से उत्पन्न होने वाली वस्तु, सरसों, जौ, गेहूँ, ईख, कपूर में मोटी लाइन चलाते हैं और इसी दिन १३ घड़ी दिन चढ़े बदी ५ को बुधास्त हो रहे हैं। यद्यपि दोनों ही शुभ ग्रह हैं एक मंदी कारक है, दूसरा ग्रह तेजी कारक है। कौन बाजी मारेगा, इस प्रश्न का उत्तर

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सडक, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

काजू व चिरौंजी व कत्था भी खरीदना। पदार्पण करने से बहुधा वस्तुओं में विपरीत असर करने वाला है क्योंकि कारक है, दूसरा ग्रह ...

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सडक, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

साफ है कि शुक्रवार आसौज बदि ६ को हर वायदे के सौदों में पिछले मंगलवार के नीचे भाव कटेंगे तो तूफानी मंदी १ ही सप्ताह में बिना रियक्शन के आयेगी। (विपरीत में विपरीत चाल जानना) तत्पश्चात् आश्विन कृष्णा ११ बुधवार को १५ मुहूर्ती संक्रान्ति पूर्व तमाम ही लाइनों को पलट देगी। इसकी चाल शुरु में जब ६ दिन शनि नवांश में लास्ट के २६।४० अंश के ३० स्ववर्गोत्तम अंश में चलेगा तब-तब और बीच में १/४ रियक्शन आ-आकर पूर्ण लाइन चालू वायदे सौदों में तथा मोती, माणिक, सोना, तांबा, रेशम, अस्थि चर्म, तुषधान्य, कड़वी वस्तु तमामों में, शासकीय मुद्रा, अग्नि उत्पन्न करने वाली वस्तु, बीज कोष धान्य में सरसों व लाल रंग के पदार्थ, चिकने पदार्थ, रस और प्रत्येक प्रकार की सुगन्ध का स्वामी सूर्य होने से उपरोक्त समय-समय पर लाइन जोरदार चलेगी। इस प्रकार की गणना से चांसों के लाभ उठाने का पूर्ण प्रयत्न करना।

आसौज शुदि ४ को कन्या शुक्र सफेद वस्तु, रुई व जूट, पाट, हैसियन में तेजी करेगा। आसौज में शुदि १३ का टूटना सभी वस्तुओं में तेजी कारक है। सिक्का व शृंगार की तमाम वस्तु, सजावट की वस्तुओं का स्टॉक करके लाभ उठाना। इस माह में तेजी मंदी नजराना लगाकर द्रव्य कमाने का छुटभइयों को एक ही चांस है। आसौज बदि ५ को ६ छूट के लिये है। इस चांस को हाथ से न निकालना।

कार्तिक सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

कार्तिक २०५५ का महीना ५ मंगल और ५ ही बुधवार हैं। ऐसे योग में जबकि तुला संक्रान्ति ४५ मुहूर्ती भी है तथा शुक्र पूर्व में कार्तिक बदि ३ को तथा बुध का उदय कार्तिक बदि १० को, लक्ष्मी पूजन दीपावली की रात को दिन निकलने से पूर्व १॥ घड़ी पूर्व ही तुला शुक्र, भ्रातृ दोयज को चन्द्र दर्शन गुरुवारी और अक्षय नौमी भी गुरुवारी शुक्ल कार्तिक में उपरोक्त सभी योग भारी तेजी के गुरुवार को गुड़, घृत, तेल, शक्कर, चीनी और अनाज गल्ले सभी प्रकार के, चांदी, मूंग, मोंठ, बाजरा, तेल, वैजीटेबिल आदि, पीपरमेन्ट तथा बर्तनों में तथा रुई, सूत आदि में तेजी होकर मन्दी का धमाका हुआ करता है। खांड, शक्कर, चावल बासमती में, सोयाबीन, मूंगफली, अरण्डी, अलसी में मंदी का चांस कार्तिक शुदि में हाजिर मार्केट में होगा। लेकिन मादक द्रव्य और केमीकल में तेजी शुदि ९ के बाद गर्म कपड़ों में तथा पशमीना टेरीकॉट में भारी मांग जूट, पाट, बोरी, बारदाने में उठेगी। चालू वायदा गुड़ में प्रतिपदा कृष्ण पक्ष एकम से अष्टमी तेजी, बदि ९ से एकादशी घटबढ़, द्वादशी से शुदि ६ तक मन्दा, शुदि ७ भौमवार को अगर पिछले शुक्र के नीचे भाव कटें तो मंदी पूर्णिमा तक, विपरीत में विपरीत जानना। आलू में गुड़ के खिलाफ मार्केट साथ में अरंडा, तेल व तिलहन के सभी मार्केटों में चलेगा सिर्फ सरसों की चाल बदि १ से ९ घटबढ़, दशमी बुधवारी है। इस दिन पिछले शनिवार के ऊँचे भाव न कटें तो मन्दी जोरदार वर्ना विपरीत लाइन, १५ दिन का यह चांस अमूल्य है। चांदी, सोना में दीपावली बाद ७ या १० दिन में १ सार मार्केट तृतीया शुक्रवार की १ बजे की लाइन पकड़े।

मार्गशीर्ष २०५५ का व्यापार भविष्य

मंगशिर सं. २०५५ में ५ गुरुवार तथा तमाम महीने भगवान् भास्कर से व्यापारपति बुध आगे-आगे ही चलते रहेंगे अत: सुपीरियर लाइन तमाम माह चलेगी इसलिये किसी-किसी वस्तु में भारी मन्दी आयेगी। इस माह हाजिर डि आयल्ड सनफ्लावर में बदि १० के बाद एक ही सप्ताह में मन्दा होकर बाद मार्केट तमाम माह स्थिर हो जायेंगे और चाय में शुदि २ के बाद तीज से तेजी ११ दिन में आने की पूर्ण सम्भावना है परन्तु तेजी टिकी नहीं रहेगी। एक तेजी आने पर दूसरा झटका मन्दी का १/३ का ४ दिन में ही आयेगा। इस माह में रसायनों में मंगशिर बदि प्रतिपदा से १४ दिन मार्केट पड़े रहेंगे लेकिन आगे मार्गी गुरु होने पर १७ दिन में ही हाइड्रोजन-पर-आक्साइड व सोडियम सल्फेट, पोटैशियम परमैंगनेट में जोरदार तेजी, अन्य रसायनों में घटाबढ़ी होगी। पुराना बारदाना में शुदि २ तक स्थिर मार्केट रहेंगे परन्तु बाद में नये से ज्यादा पुराने में ज्यादा तेजी आयेगी। पुराने व नये टीन तथा लोहा इस्पात में बदि १ से ३ घटबढ़, बदि ४ से १० दिन मंदी, बदि एकादशी से शुदि २ तेजी, तीज शुदि में अगर १ बजकर १७ मिनट से ४० मिनट में मंदी न चली तो भारी तेजी आयेगी। प्लास्टिक तथा रबड़ में शुदि ६ से २० दिन में जोरदार तेजी आयेगी।

वायदा सट्टा मार्केट आलू में इस माह में विशेष रूप से आगाऊ सौदों में मंदी बदि ७ भौमवार से आयेगी। इस दिन ज्येष्ठा में बुध देव दिन चढ़े ८ घड़ी पर और इसी दिन रात्रि को ५६ घड़ी पर उत्तराफाल्गुनी पर भौम प्रवेश, बुध यद्यपि व्यापारपति हैं तो भी ये विशेष रूप से सरसों, तोरिया, घी, बिनौला, मक्की, ज्वार, बाजरा, दाल, लघु धान्य, सब्ज रंग की वस्तुएं, रुई में भी असर करना ज्योतिष शास्त्र में माना गया है। अगर पूर्व मंदी आ गई हो तो और मंदी न आकर रियक्शन आयेगा। काश पूर्व जोरदार मंदी न आई तो आगे १ ही सप्ताह में जोरदार मन्दी कर्तकिया मूंग में आयेगी। बाद में मार्केट शुदि ५ तक पड़ा रहेगा। गुड़ में धीमी मंदी तेजी चलेगी। विशेष रूप से शुदि ६ बुधवार को बुधास्त होने से ६ दिन में जोरदार मन्दी आयेगी।

शुदि १०वीं रविवार को शुक्रोदय होंगे अत: सोमवार शुदि की एकादशी से ५ ही दिन में सभी वस्तुओं में तेजी आयेगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र रुई, कपास, कपड़ा, चांदी, लघु धान्य, भोग सामग्री, खांड, चावल और सफेद दाल तथा श्वेत पदार्थों का स्वामी अपनी वस्तुओं में तेजी करेगा।

शुदि ११ सोमवार को अगर पिछले गुरुवार के नीचे भाव जिस वस्तु में क्रॉस हों तो मन्दी, काश न हों तो तेजी का बिगुल बजेगा।

वृश्चिक राशि में सूर्य बुध से पीछे-पीछे चल रहे हैं इस वास्ते गुड़, खांड, लोहे तर वस्तु तथा पीपरमेंट, चना, पीपल, अगर, तगर, पंसारट की वस्तुओं में तेजी आयेगी। तांबा की मांग विशेष रूप से बढ़ेगी क्योंकि वृश्चिक राशि इन वस्तुओं पर विशेष असर करती है।

तेजी मंदी का मोटा सिद्धान्त है जब कोई राशि क्रूर ग्रहों से पीड़ित हो, दूषित हो तो तेजी और शुभ ग्रहों से युक्त हो तो मन्दी होती है। इसी आधार पर हमारा लेख निर्भर होता है अत: ध्यान रखें।

पौष सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

पौष सं. २०५५ में ५ ही शुक्र ५ ही शनि हैं। बराबर की जोड़ी है। शनि भयंकर तेजी, पर शुक्र भारी मंदी के सूचक हैं। साथ ही इन्फीरियर लाइन चलती रहेगी। शनि कटु वस्तुएं मिर्च काली, चना, मटर, लोहा, रंग, शीशा, तोरिया तथा अलसी, कंगनी, कोयला, तिल तैल, मूंगफली साथ ही समस्त काली वस्तुएं तथा नशीले पदार्थों में शनि का असर माना गया है। इसलिये ऊपर लिखी वस्तु मंदी आने पर स्टॉक करें।

शनि मेष राशि में होने से जब-जब पाप ग्रहों के द्रेष्काण नवांश में जायेगा तब तथा मेष राशि की वस्तु सोना, गेहूं शरबती, उत्तम दर्जे में जौ, कम्बल, पशमीना, दालें, मसूर और उत्तम क्वालिटी के चावल भोग वालों में भी तेजी करेगा। पौष बदि का १ खास उत्तम योग— "सातें आठें पौष बदि बरसै आधी रात। वर्षा ऋतु में समझ लो उत्तम हो बरसात।" ऐसा योग काश बन जाये तो जान लेना चाहिये कि वस्तु मंदी होंगी। न बने तो तेजी मिट्टी से लेकर सोने तक शेयर आदि में भी तथा शरद् ऋतु की तमाम पैदावार वस्तुओं में एक प्रकार से जोरदार तेजी होगी। यद्यपि ग्रह चाल की दृष्टि से आगे जोरदार मंदी घी, चीनी, वेजीटेबिल आदि, जूट, पाट में बोल रही है पर इस उपरोक्त टाइम की तेजी में माल माथे नहीं करना। पीपरमेंट, बम्बई तेल गोला स्टॉक हो तो बेचना, न हो तो अभी खरीदना नहीं चाहिये। विदेशों से माल सप्लाई होने से मूल्यों में वृद्धि नहीं होगी। चाय की मांग बढ़ते हुए भी जोरदार तेजी नहीं आ सकेगी। काली मिर्च नरम रहेगी।

वायदा गुड़ में बदि १ से ४ दिन घटबढ़ पूर्व लाइन ही चलेगी। बदि ५ भौमवार को चालू लाइन के नये भाव बनेंगे पर बुध के मध्यान्ह १२ बजकर ४२ मिनट से जो भी जिधर की लाइन चलेगी वही लाइन शनिवार पौष बदि ९ तक चलेगी। आज शनिवार पौष बदि नौमी को पिछले बुध के बने नीचे भाव न कटें तो तेजी २/२०, ४/२० तक शुदि ३ तक चलेगी। काश नीचे भाव कट जायें तो धूमंडल मंदी का जोरदार बिगुल बज जायेगा जो तमाम महीने चलेगा। यह बात ध्यान रखकर सट्टेबदनी जैसे भयानक व्यापार में हाथ डालना।

आलू में पौष बदि १ से अष्टमी पूर्व लाइन चलेगी। पौष बदि ९ से ४ दिन रियक्शन आकर बदि १४ शुक्रवार से ७ दिन मन्दी चलेगी। पौष शुदि ८ शनिवार को पिछले बुध के ऊँचे भाव कटें तो तेजी, नीचे भाव कटें तो मंदी चलेगी जो तमाम माह चलेगी। हल्दी सट्टे में बदि १ से ८ घटबढ़, ९ से १४ मंदी, बदि १४ गुरुवार को सोम के पिछले वार के ऊँचे भाव १२॥ या १ बजे तक न कटें तो मंदी, वर्ना तेजी। १५ दिवसीय यह उत्तम चांस है। चांदी में स्थिरता चलेगी। केवल बदि चौथ, एकादशी, शुदि में शुदि दोयज और शुदि १० सोमवार को चंद्र वर्गोत्तम के असर से मन्दी की लाइन में तेजी आयेगी।

माघ सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

माघ २०५५ मास में इन्फीरियर लाइन और माघ कृष्णा १२ गुरुवार को मकर संक्रान्ति मु. १५ धान्यादि भावे महर्घता कारक है पर इस संक्रान्ति

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

से पूर्व १ दिन बुधास्त पूर्व में गुड़ में मन्दी कारक तथा इसी दिन तुलायां भौम कुछ वस्तुओं में तेजी कारक है। समस्त ग्रहों के तारतम्य को देखते हुए हाजिर में गन्ना, सोना, चांदी, पीतल, ताम्बा, लोहा, स्टील नवीन मत से भारी तेजी; कोयला, जस्ता, टीन मैटीरियल, कांसा, शीशा में तेजी आया करती है। धन राशि इससे पूर्व रहेगी धन राशि की वस्तु धान्य तिल, मूंग, मक्का, आलू, वस्त्र, समस्त प्रकार के क्षार, रस पदार्थ, शस्त्र, जूट, पाट, बारदाना, हैंशियन और श्वेत धान्य तथा इन्फीरियर लाइन तथा भौम आदि अन्य ग्रहों के संयोग से रस पदार्थ, गुड़, चीनी, खंडसारी तथा शेयर आलू में भी बेधड़क व्यापार मन्दी का करें। मन्दी जिस-जिस वस्तु पर चल रही होगी वह अंतिम जानें। वायदा सट्टा मार्केटों में बुधास्त पर जो माघ बदि ११ पर हो रहा है इस पीरियड में १०० मन्दी तो ४० मन्दी डालें अवश्य ही लाभ होगा। क्योंकि बुध केवल १ ही ग्रह ज्योतिष में व्यापारपति होने के नाते व्यापार में उथल-पुथल किया करता है। यह बात ज्योतिष सिद्धान्त एक ही मत से मानता है। इसी माह घी, वैजीटेबिल में जोरदार धमाके की मन्दी आयेगी। सूर्य का वर्गोत्तम ३ दिन रहता है। इन ३ दिनों की चर्चा कभी २ दिन, ११ या १५ दिन तक चला करती है। इस फसल की तमाम वस्तु एक रु. ही मन्दी हों यह आवश्यक नहीं है तो भी मंदी का इन्तजार करना ही बुद्धिमानी होगी।

माघ शुदि सं. २०५५ में खासतौर से मंदी एकदम आयेगी और काफूर भी होगी क्योंकि माघ में चन्द्रदर्शन भौमवारी मंदी में धक्का मारकर तेजी को प्रोत्साहन देगा। इसके अलावा मकरे बुध ३ दिन पूर्व से लेकर २ दिन आगे तक वर्गोत्तम में चलेगा। यह ग्रह भी मेवों में, कतकिया मूंग में तेजी लायेगा तथा चावल बासमती की मांग भी बढ़ेगी।

माघ शुदि एकादशी क्षय होने से हाजिर में अनाज, चावल, दाल तथा चना, मटर, रस पदार्थ, गुड़, शक्कर, घृत में तेजी को बढ़ावा मिलने लगेगा। उपरोक्त ग्रहों के असर से न्यूवैक लैदर सोल में जोरदार तेजी ९ या १५ दिन में, साथ ही मिल्क पाउडर, देशी घी की आखिरी मंदी आकर धीरे-धीरे तेजी को बल मिलेगा। जूट के समर्थन मूल्य भी बढ़ेंगे। तेल गोला मन्दी आने पर स्टॉक करें। लाल रंग की तमाम वस्तु को भी खरीद करें।

सट्टा गुड़ माघ बदि १ से ६ स्थिर भाव, बाद सप्तमी से बदि ११ तक जोरदार मंदी आयेगी। अगर द्वादशी कृष्ण पक्ष में गुरुवार के दिन पिछले सोमवार के भाव ऊंचे के कटें तो तेजी बनेगी वर्ना जोरदार मंदी ही एक सप्ताह चालू रहेगी। इस संकेत को व्यवहार में लाकर बदनी सट्टे के व्यापारी १/७० से २/२० या सवाई लाइन से लाभ उठाना। इसके बाद इसी प्रकार माघ शुदि ५ शुक्रवार को लाइन पकड़ें। यहाँ की चालू लाइन माघ शुदि १२ गुरुवार तक चलेगी। यह लाइन १/७० से २/२० तक चलेगी। इस मंदी में खरीद कर ४ दिन में ही लाभ उठाना।

तेल, तिलहन, अरंडा, सौंगदाना में दुतर्फी लाइन चलेगी कोई वस्तु तेज तो कोई मन्दी। इसलिये लाभ प्राप्त करने के लिये हम १ ही संकेत देते हैं कि माघ में हर मंगल शुक्र को जिस वस्तु में नये भाव लाइन के अनुसार नीचे के बनें तो मंदी की लाइन जानें और ऊँचे के बनें तो तेजी की लाइन जानकर ही लाइन से लाभ उठायें। हल्दी के सट्टे में लास्ट मंदी आकर शुदि १३ से खरीद का व्यापार करें। बम्बे शेयर मंदे होकर के मार्केट ठप्प माघ शुदि ५ से होंगे।

फाल्गुन सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

फाल्गुन संवत् २०५५ में लाइन इन्फीरियर से सुपीरियर में तब्दील होगी। यह चाल शुरु में घटाबढ़ी की है पर पांच सोमवार ५ ही मंगलवार हैं, इन सब योगों से सिद्ध होता है कि भारी मंदी में अन्दरूनी टौन तेजी की बनेगी। एक कारण और भी है कि मकर राशि पर सूर्य बुध चलकर इसी माह में कुंभ पर सूर्य, बुध, शुक्र का योग तदुपरि मीन पर बुध, मीन का गुरु, मीन के शुक्र का संक्रमण चलेगा। इस माह में फाल्गुन कृष्ण ११ को शुक्रवार को कुंभ का सूर्य युवावस्था में ३० मुहूर्ती है। कुंभ बुध कुंभे सूर्य होलाष्टक पर मीन राशि पर बुध आ जायेंगे। बुध देव सूर्य भगवान् से आगे चलते हुए सुपीरियर लाइन का प्रभाव बहुत जोरदार होगा। किसी-किसी वस्तु में कीमतें बढ़ेंगी। पुरानी गेहूँ, चावल, चना तेजी पर, धीरे-धीरे अन्दरूनी टौन तेजी की चलेगी। ऐसी भी आशा है कि भारत सरकार खाद्यान्न खरीद का भी विकेन्द्रीकरण करे। अगर नहीं किया तो भी १ बार ऊंचे भाव आने पर संक्रान्ति पर बेच दें। तेल तिलहन बाजार में तेजी आकर शुदि ५ से समाप्त होगी। विशेष रूप से तेल गोला प्रारंभ में छठ तक पड़ा रहेगा। फाल्गुन बदि ७ रविवार के एक दिन बाद तिथि अष्टमी बढ़ने से मंदी महाशिवरात्रि तक, साथ ही तिल तेल, सरसों, बिनौला, सूरजमुखी में आकर बाद तेजी १२ दिवसीय चलेगी। खल में मार्केट फाल्गुन बदि में पड़े रहेंगे पर शुदि २ से १४ दिन में तेजी, इसी के साथ सोप आयलों में ऐसिड आयल रिफाइनरी भी साथ-साथ चलेगा। वनस्पति मिल डिलेवरी, पशु आहार में भी तेजी का बोलबाला साथ ही चावल, दालों, आटा, मैदा, सूजी, चूरी, खल, ग्वार आदि में भी तेजी चलेगी।

सट्टा वायदा-सरसों दिल्ली गुड़ आदि में निम्नलिखित चांस सम्पन्न होंगे। विशेष रूप से पारा, मैंथा आयल, मैंथोल फ्लेक तथा बोल्ड के भाव फागुन बदि ८ भौमवार से बढ़ेंगे पर नोट यह भी है कि अगर मार्केट ऊपर लिखित वस्तु का एक दिन नहीं बढ़ा तो मार्केट में मामूली घटाबढ़ी रहकर फागुन शुदि ३ शुक्रवार से जरूर बढ़ने की आशंका है। सट्टा वायदा गुड़ में तथा सरसों में अगर फागुन बदि ९ बुधवार को पिछले शनिवार के ऊंचे भाव २५ पैसा से ज्यादा क्रॉस हों तो जोरदार तेजी, न कटें तो मंदी ५ या ७ दिन में जोरदार आयेगी। बाद मार्केट फागुन शुदि ३ तक स्थिर रहेगा। फाल्गुन शुदि ३ चौथ शुक्र को तेल, गुड़, आलू सभी वस्तु खरीदकर ३ या ६ दिन में मोटा लाभ उठायें। इस टाइम के बाद होली तक स्थिर मार्केट रहेगा।

चैत्र बदी सं. २०५५ का व्यापार भविष्य

इस १५ दिन चैत्र के पखवाड़े में सुपीरियर लाइन चालू रहने से फाल्गुन की बनी लाइन ही बदस्तूर ज्यों की त्यों ही चलनी चाहिये परन्तु चैत्र बदी में बुधाष्टमी को २२ घड़ी दिन चढ़े पर बुध वक्री होकर चैत्र बदी दशमी शुक्रवार को ३८ घड़ी दिन छिपने के १० घड़ी पर यानि ४ घंटे सूरज छिपने पर अस्त होगा। इस ग्रह के असर से एकदम मार्केटों में पूर्व तेजी रही होगी तो मंदी और अगर पूर्व ही मंदी रही होगी तो तेजी की चाल हर वस्तु में बनेगी। ये ही इस माह का खास चांस है। तेजी मंदी लगाने को भी ऊपर लिखित मिति जोरदार असर कारक है। तमाम सट्टे बदनी की वस्तु भी एकसार चलने की सम्भावना है। चैत्र कृष्णा १२ रविवार को मीनेऽर्कः प्रविष्ट वा. ३, न. ३, युवावस्था (मूती) मुहूर्ती ३० होने से धान्यादि भावे समता कारक है। अतः मीन संक्रान्ति यह संकेत दे रही है कि व्यापारियों को पूर्व किये स्टॉक चना, गेहूँ, मटर आदि धान्य बेचना चाहिये क्योंकि जोरदार मंदी का ग्रह चाल संकेत दे रही है। अतः भंडसालियों को हम आगाह करते हैं कि माल पूर्व भंडसाल को बेचें क्योंकि भविष्य में अगले वर्ष के राजा गुरु मंत्री बुध बनेंगे, जिससे २०५६ में मार्केट पानी-पानी होगा। किराना, सूखे मेवे, इमली तथा अमचूर, अजवायन, पोस्तदाना, जीरा, सौंफ, लालमिर्च में भारी मन्दी आयेगी। जड़ी बूटी, गोंद, मगज, मखाना भी काफी जोरदार गिरेगा। यद्यपि यह भविष्य हमारा लेख सं. २०५५ का है अतः संवत् विक्रम २०५६ का व्यापार भविष्य विस्तार से अगले वर्ष देखना। इति शुभम्।

हर वस्तु के लाभकारी चॉस मंगाइये

ऊंचे नीचे भावों सहित चांस वायदा सट्टा या तैयारी हाजिर के आपके पास हैं तो व्यापार में लाभ ही होगा और भारी झोंकों से बचोगे। इस प्रकार के चांस "ओंकाराश्रम व्यापार अनुसंधान" वर्षों से देता रहा है। दुनिया की हर वस्तु हाजिर हो या सट्टा वायदा चांस, सोना, चांदी, शेयर, तांबा, स्टील, पीतल, गेहूँ, जौ, चना, हर प्रकार के धान्य या हर प्रकार की दाल आदि वेजीटेबिल या देशी घी, हर वस्तु पंसारट की तथा जूट, पाट, बारदाना, चीनी, खांडसारी, अरंडा, सौंगदाना, तेल, तिलहनादि के चांस हाजिर १ वर्ष का पूरा का पूरा रिकार्ड मय भावों के १ वस्तु की फीस ५००/-रु. छः माह ३००/- रु. तीन माह की फीस २००/- रु. ली जाती है। शेयर व सट्टा वायदा एक-एक माह २५०/- रु. पूर्ण वर्ष की फीस जमा करने पर हर माह चांस भेजा जायेगा। पूर्ण वर्ष की फीस २५०१/-रु. ली जाती है। ये सभी चांस हस्तलिखित होंगे। इसके अलावा १ वर्ष का शाँडिल्य भविष्य फल २०० पेज के करीब का जिसमें दैनिक चांस के साथ लम्बी-लम्बी धारणा के भी चांस छपते हैं। कीमत मूल्य ६१/-रु. है।

नोट:-रुपया अग्रिम भेजें। वी.पी. करने का नियम नहीं है। वी.पी में व्यर्थ खर्च होता है। अगर वी.पी. ही मंगाना चाहें तो फीस की चौथाई रकम पेशगी भेजें।

पता:-पं. ओंकारप्रसाद विश्वबंधु (एम.काम) एल.एल.बी.,
मोहल्ला ब्रह्मणान-२१।२२, पो. हापुड, जिला-गाजियाबाद .फोन: ३१२२३८
उ.प्र. फैक्स:-०१२२-३११८११ पिन-२४५१०१

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सडक, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम्

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार भविष्य संवत् २०५५ विक्रमी

लेखक:—श्री रामावतार गुप्ता, व्यापार भूषण, पो. खोरी, जिला-रेवाड़ी-१२३१०१ (हरियाणा)

अथ चैत्र शुक्ल पक्ष फल विचार—वि. सं. २०५५ का शुभारम्भ शनिवार से हो रहा है। चन्द्रदर्शन रविवार व पूर्णिमा शनिवार को है। भौम व भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। बुध पश्चिम में अस्त हुआ है। शुक्ल पक्ष में तिथि का ह्रास भी हुआ है। इन सभी योगों को देखकर ऐसा कहा जा सकता है कि इस पक्ष में शुभ धान्य, तेल व काली वस्तु व रसायन पदार्थ आदि महंगे होंगे। राजनेताओं में परस्पर मनमुटाव तीव्र होगा। देश की राजनीति प्रभावित होगी। स्मगलरों व काला बाजारी करने वालों को राजकीय भय होगा। विशेषकर शराब बनाने वाले व बेचने वाले जरूर प्रभावित होंगे। इन योगों को देखते हुए वर्षा अभाव भी नजर आता है।

शुक्ल पक्ष:-शु. १ से २ को अलसी, सोना, सरसों में तेजी, रुई, चाँदी पहले तेजी फिर मन्दा अर्थात् घटा-बढ़ी होगी। अन्न की फसल को हानि के योग हैं। रेडियो, टेलिविजन, बारदाना में मन्दा बनेगा। देश के राजनेताओं में आपसी विरोध से देश में लड़ाई-झगड़ों में बढ़ोतरी होगी। दक्षिण के प्रान्तों में उपद्रव फैलेगा। शु. ४ भौम को रुई, चावल, चाँदी, शेयरों में तेजी बनेगी। गुड़, शक्कर, खाण्ड व रस पदार्थों में मन्दा रहेगा। शु. ५ से ६ को रुपया, सूत, गेहूँ, चना आदि में मामूली तेजी रहेगी। शु. ७ भृगु को चाँदी, सूत, सन व अन्न में तेजी बनेगी। देश में चारों तरफ भय का वातावरण बनेगा। शु. ८ से ९ को सोना, चाँदी, धातु, मोती आदि रत्न, रसायन पदार्थ तथा रस पदार्थों में तेजी बनेगी। प्रजा में तामस प्रवृत्ति की वृद्धि होगी। शु. १० चन्द्र को घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोना, चाँदी आदि में तेजी बनेगी। शु. ११ से १२ को सोना, चाँदी, रुई में मन्दी बनेगी। शु. १३ से १४ को सोना, चाँदी, रुई, रांगा, जस्ता, पीतल आदि में तेजी बनेगी। शु. १५ शनिवार तेल तिल, काली वस्तुओं में तेजी बनेगी। प्रजा कष्ट अनुभव करेगी।

अथ वैशाख मास फल विचार—इस मास का आरम्भ रविवार से हो रहा है। इस मास में ५ रवि व ५ चन्द्र हैं। अमावस रविवार को, संक्रांति मेष, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा चन्द्रवार को है। कृष्णपक्ष में तिथि की वृद्धि होकर ह्रास हुआ है और शुक्ल में तिथि का ह्रास होकर वृद्धि हुई है। सूर्य, शनि, भृगु व बुध ने राशि परिवर्तन किया है। बुध पूर्व में उदय व मार्गी हुआ है। शनि उदय हुआ है। अतः इस मास में शृंगार प्रसाधन सामग्री की सभी वस्तुएं और गेहूँ, जौ, समस्त मूल पदार्थ तेज रहेंगे। राजनेताओं में परस्पर कलह व मनमुटाव तीव्र होगा। पंजाब क्षेत्र की प्रजा व अन्य जाति उपचारक, कवि व वैद्य, देश के नेतागण व मन्त्री, और सभी धर्मों के साधु-सन्त पीड़ित होंगे। शुक्ल ५ गुरु का योग सुभिक्षकारक है। यानि शुक्ल पक्ष में धान्य भावों में समता रहेगी। मेष राशि का शनि पश्चिम दिशा में युद्ध का कारण बनेगा और गुजरात, सोरठ व बागड़ की जनता को कष्टों का सामना करना पड़ेगा। देश में अग्निकाण्डों में बढ़ोतरी होगी। अतः इस मास में प्रजा के सुख में व्यवधान ही दृष्टि पड़ रहा है।

कृष्ण पक्ष:- वै. कृ. १ रवि को सोना, चाँदी, रुई आदि में मन्दा रहेगा। कृ. २ चन्द्र को समस्त धान्य मन्दा रहेगा। अब धान्य मन्दा रहे तभी से लेना ६ माह बाद विशेष लाभ होगा। कृष्ण ३ भौम को सोना, चाँदी, रुई में मन्दा रहेगा। कृ. ४ गुरु को गुड़, खाण्ड, अन्न में तेजी, चाँदी में घट-बढ़ होगी। नेताओं व प्रजा का आपसी विरोध होगा। कृ. ५ भृगु को सोना, चाँदी, रुई, तिल आदि में मन्दा बनेगा। कृ. ६ शनि को रुई में २५ दिन विशेष तेजी के रहेंगे। चाँदी घट-बढ़ होकर तेज, सोने में मन्दा रहेगा। कृ. ७ रवि रुई तेज, धान्य मन्दा रहेगा। प्रजा के लिए समय कष्टकारी रहेगा। कृ. ८ चन्द्र रुई मन्दी होकर तेज होगी। अलसी, तिल, सरसों में तेजी रहेगी। तूल, तैलंग और बंग देश में बाढ़ों के रूप से पृथ्वी चूर्ण हो, इस पृथ्वी पर आने आने वाले समय में घोर विग्रह फैलेगा। पाताल, नाग लोक, दिशा व विदिशाओं में राज नेताओं व प्रजा को घोर कष्ट का सामना करना पड़ेगा। कृ. ९ भौम को तिल, तेल, सरसों, मूंगफली में तेजी बनेगी। कृ. १० बुध को सभी धान्य, सोना, चाँदी, रुई, अलसी में तेजी बनेगी। ब्राह्मणों को पीड़ा होगी। बहुत से गाँवों व शहरों में प्रजा परेशान होगी। कृ. ११ गुरु को कुछ मार्किटों में मन्दा का बोल-बाला रहेगा। कृ. १२ भृगु को गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों व सुगन्धित पदार्थों में मन्दा रहेगा। कृ. १४ से ३० को सोना, चाँदी, रुई में मन्दा व धान्य पदार्थ तेज रहेंगे।

शुक्ल पक्ष:-शु. १ चन्द्र को सोना, चाँदी, तांबा, पीतलादि धातु में तेजी बनेगी। शु. २ भौम को बिनौला, कपास, सरसों, अरण्डी, तेल तिल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अन्नादि में मन्दा रहेगा। रुई व चाँदी में तेजी बनेगी। शु. ५ गुरु को धान्य पदार्थों में मन्दा बनेगा। मूंग, लहसुन, साबी चावल, लोहा, बिजली के सामान में तेजी बनेगी। शु. ६ भृगु को मूल पदार्थों में तेजी बनेगी। अन्न, रुई, कपास, चावल, शक्कर, खाण्ड, सोना, चाँदी में मन्दा रहेगा। शु. ९ चन्द्र को रुई व चाँदी के भावों में कुछ सुधार होगा। शु. १० बुध को किराने की वस्तुओं में तेजी बनेगी। शु. १३ शनि बहुत सी वस्तुओं में मन्दा रहेगा। शु. १४ रवि को मोती, तेल तिल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सूत, सण, सोना, चाँदी, गोला में मन्दा रहेगा। अन्न के भावों में कुछ सुधार होगा। दूध में तेजी बनेगी। शु. १५ चन्द्र को सोना, चाँदी, रुई, अलसी, गेहूँ, जौ, चना, चावल, सरसों, मूंग, मोठ में तेजी बनेगी। तान्त्रिक, अग्निहोत्री, कुम्भकार, नाई, ज्योतिषी एवं व्याकरणाचार्यों को कष्ट उठाना पड़ेगा।

अथ ज्येष्ठ मास फल विचार—ज्येष्ठ मास में ५ भौम व ५ बुध हैं। संक्रांति वृष बृहस्पतिवार को, अमावस चन्द्रवारी, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा बुधवार को हैं। कृष्णपक्ष तिथि का ह्रास व शुक्ल पक्ष में तिथि की वृद्धि हुई है। सूर्य + भौम + भृगु + गुरु + बुध ने राशि परिवर्तन किया है। बुध अस्त पूर्व में हुआ है अतः सभी रसायन पदार्थ, सूत, वस्त्र, कपास, तिल, धान्यादि के भाव तेज होंगे। कोई बड़ी यान की दुर्घटना हो सकती है। प्रजा में कहीं-कहीं उपद्रव फैलेगा। किसान व यवन जाति विशेषकर पीड़ित होगी। मासान्त में धान्य मन्दा व पीतवर्ण की वस्तुओं में तेजी बनेगी। कई प्रदेशों में उपद्रव हो, शासक को शान्ति स्थापित करने के लिये कड़ाई से काम लेना पड़ेगा।

कृष्ण पक्ष:-कृ. १ भौमवार को चाँदी, चावल, सूत, वस्त्र, तिल तेल, सरसों, घृत, गेहूँ, मसूर, मूंग, मोठ में तेजी रहेगी। रुई तेज होकर मन्दी होगी। साधु-सन्त के आश्रम का विनाश होगा। कृ. २ बुध को रुई, कपास, चन्दन, सूत, सण, जवाहरात, गुड़, शक्कर में मन्दा रहेगा। कृ. ३ गुरु को रुई, कपास, सूत, कपड़ा, सोना तेज, चाँदी में घट-बढ़ होगी। कृ. ५ शनि लाल वस्तु, पाट, बारदाना, रुई, कपास, सूत, सभी प्रकार के अन्न, सभी धातु व शेयरों में तेजी बनेगी। कृ. ७ चन्द्र को सफेद वस्तुओं में मन्दा, सरसों आदि में तेजी बनेगी। कृ. ८ भौम को देश के कुछ स्थानों पर विग्रह फैलेगा। अन्न भाव में घट-बढ़ होकर तेज रहेगा। कृ. ९ को सफेद वस्तु व बिनौला में मन्दा रहेगा। कृ. १२ को गेहूँ, चना, अफीम, अलसी तेज; सोना, चाँदी, रुई व आलू में मन्दा रहेगा। कृ. १३ रवि को रुई, कपास, अन्न में मन्दा; सोना, चाँदी, गेहूँ, जौ, चना आदि तेज; सरसों और तेलादि में घट-बढ़ रहेगी। कृ. ३० चन्द्र को गेहूँ, जौ, चना, खाण्ड, घृत, ज्वार, बाजरा, सरसों आदि तिलहन पदार्थों में तेजी रहेगी। चाँदी में मन्दा रहेगा। सेठ साहूकारों, योगी, कृषक, ड्राइवरों व पशुओं और जल जीवों को कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

शुक्ल पक्ष:-शु. १ भौमवार को देश में वर्षा होने के योग बने हैं। देश की जनता को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। नीले पदार्थ, हाथी दाँत, कपूर, नमक, गुड़, शक्कर, उड़द, श्रीफल में अच्छी तेजी चलेगी और बहुत सी वस्तुओं में अच्छी घट-बढ़ होगी। देश के पूर्वी क्षेत्रों में राज विग्रह का योग भी है। शु. ४ भृगु को रुई, कपास, सूत, गुड़, खाण्ड, रेशम, हींग, लाल मिर्च, सरसों तेल तिल, कपड़े व अन्नादि पदार्थों में तेजी चलेगी। शु. ५ शनि को चाँदी में घट-बढ़ होकर मन्दा; सोना, गेहूँ, अलसी तेज व पशुओं को पीड़ा होगी। शु. ६ रवि को धातु सोना, चाँदी, तिलहन बाजार तेज रहेगा। शु. ९ बुध को तिल, तेल सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सोना, चाँदी, चावल में तेजी बनेगी। ऊनी वस्त्रों में मन्दा रहेगा। शु. ११ भृगु को तिल तेल, सरसों, गेहूँ, जौ, चना आदि में घटा-बढ़ी से मन्दा बनेगा। अपराधियों के लिये समय पीड़ाकारी रहेगा। शु. १३ चन्द्र को रेशम, सूत, सन, कपूर, कस्तूरी, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, अलसी में तेजी बनेगी। पशुओं में रोग लेगा। शु. १४ भौम का अन्न गेहूँ, जौ, चना आदि अनाजों में मन्दा रहेगा। रुई में तेजी रहेगी। सरसों, अलसी, बिनौला, तेलादि में घट-बढ़ चलेगी। शु. १५ बुध को हर प्रकार की मार्किटों में मन्दा रहेगा।

अथ आषाढ़ मास फल विचार—इस मास में पाँच बृहस्पतिवार हैं। संक्रांति मिथुन चन्द्रवार को, अमावस बुधवार को, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा बृहस्पतिवार को हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास तथा शुक्ला में तिथि का ह्रास होकर वृद्धि हुई है। सूर्य-बुध-भृगु व भौम ने राशि परिवर्तन किया है। बुध उदय पश्चिम में हुआ है। इस मास में वारों का फल शुभ रहेगा। अमावस्या को आर्द्रा योग धान्यादि में मन्दोकारक रहेगा। मृगशिर का भौम, आर्द्रा का बुध, कृत्तिका का भृगु, शुक्ला पंचमी चन्द्रवारी वर्षा के योग को बनाने वाले हैं। पूर्णिमा का योग भी प्रजा के लिये शुभकारी होगा। नदियों में बाढ़ादि से प्रजा को कष्ट होगा। देश की पश्चिम दिशा में उपद्रव के योग बने हैं। वैसे प्रजा इस मास में सुख-शान्ति का भास करेगी। रसायन पदार्थों व कपड़ों में तेजी बनेगी। कृष्ण १४ को रोहिणी नक्षत्र का होना ठीक नहीं। देश के किन्हीं हिस्सों में शासक को करफ्यू आदि का सहारा लेना पड़ सकता है।

कृष्ण पक्ष:-कृ. २ भृगु को धातुओं में घट-बढ़ होगी। रुई में मन्दा रहेगा। तिल तेल, अरण्डी में मामूली तेजी आयेगी। कृ. ५ चन्द्र को अन्न, गेहूँ, चना, उड़द, मूंग, चावल, तेल तिल, सरसों में मन्दा रहेगा। रुई, सूत, कपास, पाट, बारदाना, सूती व रेशमी कपड़े, कन्द, मूल, गुड़ादि पदार्थ, अरहर, चना, मटर, मूंग, उड़द में तेजी बनेगी। कृ. ६ भौम को हींग, जीरा, सुपारी, सूत, चावल, अन्न सरसों, तिल, तेल, कपड़ा आदि में मन्दा बनेगा। कृ. ८ बुध को चाँदी, रुई में तेजी बनेगी। कपास व अनेक प्रकार की फसल को नुकसान होने के योग बने हैं। समाचार लेना जरूरी है। कृ. १० भृगु को रुई व चाँदी में १५ दिन अच्छी तेजी के रहेंगे। शेयर पदार्थ मन्दे होकर तेज होंगे। अन्न गेहूँ, जौ, चना, मटर आदि में तेजी आयेगी। कृ. १२ रवि को रुई, सूत, कपड़ा, सण, जूट, चाँदी में मन्दा; अलसी में घटा-बढ़ी होगी। चाँदी, चौखा, घी, तेल, अरण्डी, सरसों में तेजी बनेगी। कृ. १३ चन्द्र को रुई, सूत, कपास, अलसी, सरसों, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, खल, चावल आदि धान्यों में तेजी बनेगी। सोने में घटा-बढ़ी के बाद तेजी होगी। देश के वकीलों के लिये समय कष्टकारी रहेगा। कृ. १४ भौम को सोना व अन्न पदार्थों में तेजी बनेगी। चाँदी, चावल, रुई में मन्दा रहेगा। कृ. ३० बुध को सुभिक्षकारी व सभी प्रकार की मार्किटों में मन्दा रहेगा।

शुक्ल पक्ष:-शु. १ गुरु को रुई, सूत, कपास, तेलादि पदार्थ, जौ और चना में तेजी रहेगी। गुड़, खाण्ड, , सोना, चाँदी में घटा-बढ़ी चलेगी। कुछ वस्तुओं में मन्दा बनेगा। शु. ४ शनि को बहुत सी वस्तुओं में घटा-बढ़ी चलेगी। गुड़, खाण्ड, अलसी, रुई, लाल वस्तु, तांबा, पीतल, गेहूँ, जौ, चना, गोला आदि में तेजी बनेगी। देश के किन्हीं भाग में उपद्रव भी हो सकते हैं। शु. ५ रवि को सोना, खादी कपड़ों, सूत, मोती, मूंगा, धातु आदि में मन्दा; रुई में घट-बढ़ रहेगी। प्रजा में चिन्ता बनेगी। शु. ६ भौम को देश की किराना मार्किट में तेजी का बोलबाला रहेगा। शु. ८ गुरु को प्रत्येक वस्तु में मन्दा रहेगा। शु०११ रवि को सण, सूत, सोना, चाँदी, कपड़ा में मन्दा; गुड़ादि में तेजी बनेगी। शु. १२ चन्द्र को सोना, कपास, बिनौला, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, अरण्डी, गोल, सज्जी, मजीठ, केसर, कुमकुम आदि सुगन्धित पदार्थों में तेजी बनेगी! सेवक व सेविकाओं को दुःख भोगना पड़ेगा। चाँदी में मन्दा आएगा। शु. १३ भौम को गुड़, सरसों, खाण्ड, तेल तिल, अलसी, मूंगफली, अरण्डी में तेजी बनेगी। शु. १४ से १५ को हर प्रकार की मार्किटों में मन्दा रहेगा।

अथ श्रावण मास फल विचार—श्रावण मास में पाँच भृगु व पाँच शनिवार हैं। संक्रांति कर्क व अमावस बृहस्पतिवार को है। चन्द्र दर्शन व पूर्णिमा शनिवार को है। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास व शुक्ल पक्ष में तिथि की वृद्धि हुई है। सूर्य-बुध-भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। भौम उदय, बुध, गुरु, वक्री हुए हैं और बुध पश्चिम में अस्त हुआ है अतः मास में मिले-जुले फल मिलेंगे। पाँच भृगु शुभ हैं मगर पाँच शनि दुर्भिक्षकारी होंगे। शासक वर्ग कठोर बनेगा। इस मास में अपराधियों की धर-पकड़ कड़ाई के साथ

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

होगी। इस मास में रसायन पदार्थ तेज रहेंगे। कौशल, कलिंग प्रदेश की प्रजा के लिए समय कष्टकारी होगा। धान्यादि में मन्दा रहेगा और अन्न की पैदावार उत्तम होगी।

कृष्ण पक्षः-कृ. १ शुक्र को धातु, रुई, सूत, लोहा, सोना, तांबा में तेजी बनेगी। कृ. ३ शनि सफेद वस्तुओं में मन्दा; अरण्डी, सरसों, तेल तिल में तेजी रहेगी। कृ. ५ भौम को रुई, बारदाना, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तेल तिल में मन्दा; चाँदी में घटा-बढ़ी होगी। गेहूँ, जौ, चना में मामूली तेजी और गुड़ तेज होकर मन्दा बनेगा। कृ. ७ गुरु को अन्न में विशेष तेजी बनेगी। चाँदी भी तेज रहेगी। नारियल, तिल तेल, मजीठ में मन्दा रहेगा। प्रजा में भय उत्पन्न होगा। देश के पूर्व में वर्षा से भारी नुकसान होने के योग भी हैं। कृ. ८ भृगु गुड़, खाण्ड, जौ, चना, गेहूँ, अन्न, घी, दूध मन्दे रहेंगे। रुई में नया वस्त्र मिलेगा। प्रजा में धन का विनाश होगा। शासक वर्ग प्रजा से परेशान रहेगा। कृ. १० शनि सरसों, अलसी, तेल अरण्डी में तेजी बनेगी। अन्न में मामूली मन्दा आएगा। कृ. ११ रवि को हवा का जोर रहे, प्रजा में कुछ भुखमरी का वातावरण बने। कृ. १२ चन्द्र को सोना, खाण्ड, रुई, कपूर, सूत, कपड़ा, देवदारु, बारदाना में तेजी बनेगी। मीठे पदार्थ में कुछ मन्दा रहेगा। कृ. ३० गुरु को रुई, कपास, चाँदी, नमक, खाण्ड, तिल तेल, सरसों आदि में तेजी बनेगी। पशुओं में रोग की वृद्धि होगी।

शुक्ल पक्षः-शु. २ शनि को गेहूँ, जौ, चना आदि अनाज, अलसी, सरसों, लोहा, धातु, कपड़ा, चाँदी, सोना, तेल तिल, रुई में घट-बढ़ होकर तेजी बनेगी। प्रजा के लिए समय कष्टकारी रहेगा। शु. ४ चन्द्र को रुई तेज होकर मन्दी रहेगी। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तिल, अरण्डी, सभी प्रकार के शेयर, बिनौला, सभी प्रकार का अन्न, तांबा, पीतल में तेजी बनेगी। शु. ७ को प्रत्येक वस्तु में मन्दा रहेगा। शु. ८ भृगु को रुई, सोना, चाँदी, कपास में मन्दा; गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर में तेजी बनेगी। देश में भय का वातावरण बनेगा। शु. ९ शनि को सन, सूत, सोना, रुई, चाँदी मन्दा रहेगा। तेल, सरसों, गुड़ में तेजी बनेगी। शु. ९ को रवि को सोना, चाँदी, रुई, बिनौला, गेहूँ, चावल, गुड़, शक्कर, घी, तेल, सरसों, तिल, चना, उड़द में तेजी आएगी। देश के ईशान कोण के प्रदेशों में उपद्रव की पूर्ण सम्भावना है। शु. ११ भौम को प्रत्येक प्रकार की मार्किटों में तेजी बनेगी। शु. १३ गुरु को रुई, सूत, कपड़ा, लोहा, तांबा तेज रहेगा। चाँदी में पहले तेजी पीछे मन्दा रहेगा। शेयर व हेसियन में मन्दा बनेगा। इन वस्तुओं को इकट्ठा करने से अच्छा लाभ मिलेगा। देश में चोरी, उपद्रव व बीमारी फैलने के योग भी हैं। शु. १५ शनि को बारदाना, घी, तेल, नारियल, गुड़, शक्कर और समस्त रस पदार्थ में तेजी बनेगी। अनाजों में मन्दा रहेगा।

अथ भाद्रपद मास फल विचार—भाद्रपद मास में पांच रविवार हैं। संक्रान्ति सिंह, चन्द्र दर्शन, पूर्णिमा रविवार की है। अमावस शनिवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि का क्षय भी हुआ है। मावस को सूर्य ग्रहण उदय समय पर है जो कि भारत के कम ही भागों में दिखलाई देगा। इस मास में सूर्य, बुध, मंगल, भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। शनि वक्री, बुध उदय पूर्व में, बुध मार्गी भी हुआ है। इन सभी योग-वियोग पर विचार करने पर ऐसा लगता है कि यह मास शुभ फल नहीं देगा और इस मास का फल आगे आने वाले मासों में भी घटित होगा। धान्य भाव कृष्ण पक्ष में मन्दे व शुक्ल पक्ष में तेज रहेंगे। विद्या क्षेत्रों में युद्ध होगा। देश में सर्पों का भय बनेगा। हाथ के कारीगरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। कहीं-कहीं चोरियों की घटनाओं से प्रजा परेशान होगी किसी स्थान पर शस्त्रों का परीक्षण भी होगा अल्प मेघ व पुनः वृष्टि से प्रजा दुखी रहेगी, राजनीति में भी अस्थिरता विशेष देखने को मिलेगा, शासक वर्ग के लिये समय परेशानी का है। कृष्ण पक्ष ३ चन्द्र को रुई, अन्न, सूत, कपास सबके भाव में तेजी बनेगी, गुड़, खांड, लाख, घास होने में मन्दा होगा, कृष्ण ४ भौम के संस्पर्श धान्य गुड़, खांड, शक्कर, रुई, घी, तेल, सरसों, अलसी, आटा में तेजी, चाँदी में घट-बढ़ चलेगी। कृ. ५ बुध को गुड़, चना, अफीम, अलसी में तेजी बनेगी, चाँदी, रुई, आलू में मन्दा रहेगा। कृ. ६ गुरु आगे के १०, ११ मास तक को ७ को सारी कष्ट भोगना पड़ेगा। चौपाए पशुओं का नाश होगा। आगे ३ मास में हुण्डी प्रोमेसरी नोट, गेहूँ, मूँग, ज्वार, दाख, खजूर, बादाम, हल्दी, रोगनजोत, जीरा में तेजी चलेगी। सोना, चाँदी, धातु, नारियल, सुपारी, लौंग, तिल तेल में भयंकर घटा-बढ़ी चलेगी। कृ. ९ रवि को सोना, चाँदी और शेयरों में अच्छी तेजी चलेगी। अन्न में मन्दा होगा। रस पदार्थ व तिलहन बाजार तेज रहेगा। देश में आपसी द्वेष में वृद्धि होगी। नित्य नये उपद्रवों से प्रजा व शासक वर्ग परेशान रहेगा। कृ. १० चन्द्र को अनाज व रुई में मामूली तेजी आएगी। कृ. ११ बुध को बहुत सी मार्किटों में मन्दा रहेगा। कृ. १४ भृगु को धातु मार्किट तेज रहेगा। रुई में आगे २५ दिन तेजी के रहेंगे। चाँदी में घट-बढ़ होकर तेजी बनेगी। गेहूँ, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तेलबना, लाल मिर्च आदि में तेजी चलेगी। कृ. ३० शनि को तेजी के पदार्थों में और तेजी बनेगी।

शुक्ल पक्षः-शु. १ रवि को गेहूँ, जौ, चना, रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, सरसों में तेजी बनेगी। शु. २ चन्द्र को रुई में घट-बढ़ होकर तेजी बनेगी। सन, काठ, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेल तिल, कपूर आदि में मन्दा रहेगा। जल वस्तुओं में तेजी बनेगी। शु. ४ बुध को प्रत्येक वस्तुओं में मन्दा रहेगा। कृ. ७ शनि को सन, सूत, सोना, चाँदी, रुई, कपड़ा आदि में मन्दा रहेगा। तेल, सरसों व गुड़ में तेजी बनेगी। शु. ८ रवि को सोने में तेजी व अधिकतर वस्तुओं में मन्दा चलेगा और चाँदी, रुई, सूत, चावल, गेहूँ, गुड़, खाण्ड, तिल तेल, सरसों, ज्वार, घी, ऊनी वस्त्रों में तेजी रहेगी। शु. ९ चन्द्र को मार्किट में कुछ व्यापारियों के दिमाग में मन्दी की सम्भावना रहेगी। शु. १० भौम को केसर, कस्तूरी, सोना, लाल वस्तु, मिर्च, तेल मूंगफली, सरसों, तांबा, पीतल, चाँदी और सभी प्रकार के अन्न में तेजी बनेगी। रुई मन्दी रहकर तेज होगी। शु. ११ बुध को धातु, रुई, सूत, कपड़ा, लोहा, सोना, तांबा में तेजी बनेगी। शु. १३ भृगु को सोना, खाण्ड, रुई, कपूर, सूत, देवदारु, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मामूली मन्दा रहेगा। शु. १४ शनि को तिलहन बाजार में तेजी व सफेद वस्तुओं में मन्दा रहेगा। शु. १५ रवि को रुई, चाँदी में मन्दा, धान्य पदार्थों में तेजी बनेगी। अनावृष्टि, टिड्डी आदि से फसलों को हानि होने का योग भी बना है।

अथ आश्विन मास फल कथनम्—आश्विन मास में पांच चन्द्रवार हैं। संक्रान्ति कन्या बुध को, अमावस रविवार की, चन्द्रदर्शन भौमवार तथा पूर्णिमा चन्द्रवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास व शुक्ल में तिथि की वृद्धि होकर घटी है। सूर्य-भौम-गुरु-बुध-भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। बुध अस्त हुए हैं। इस मास में पांच चन्द्रवार सुभिक्षकारक हैं। धान्यादि के भावों में मन्दा करते हैं। देश के शासक पड़ोसी क्षेत्र के बटवारे के लिए युद्ध कर सकते हैं। उड़द, मूंग के भावों में तेजी बनेगी। पंजाब में कुरुक्षेत्र की प्रजा को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। तेल, घी, रस, पदार्थ, मधु पदार्थों में तेजी रहेगी। कपास में मन्दा रहेगा। कृष्ण पक्ष में भौमवारी तीज देश के किन्हीं हिस्सों में अग्निकाण्ड को जन्म दे रही है।

कृष्ण पक्षः-कृ. १ चन्द्र को सफेद वस्तु व बिनौले में मन्दा रहेगा। कृ. ४ बुध को अन्न गेहूँ, चना, अफीम, अलसी में तेजी व सोना, चाँदी, आलू में मन्दा रहेगा। कृ. ६ को रुई में घटा-बढ़ी से मन्दा; सोना, गेहूँ, अलसी में तेजी और देश में चोरी उपद्रवों की घटनाओं में वृद्धि होगी। कृ. ७ शनि को घी, ज्वार, बाजरा, जुवार, जौ, चना, मूँग, उड़द, सभी अनाजों में मन्दा रहेगा। देश के किन्हीं भागों में झगड़े फिसाद से प्रजा में भय बनेगा। कृ. ८ रवि को रुई में तीन चार दिनों में अच्छी तेजी; सोना, चाँदी, लोहा, तिल तेल, सरसों, घी, चावल, नारियल, उड़द आदि वस्तुओं में तेजी बनेगी। कृ. १० भौम को प्रत्येक मार्किटों में मन्दी का प्रभाव रहेगा। कृ. ११ बुध को रुई, सूत, कपड़ा, नारियल, सुपारी, मेवा, लाल वस्तु, सोना, चाँदी आदि धातुओं में मन्दा रहेगा। कृ. १२ गुरु को धातु सोना, चाँदी, तेलादि में तेजी रहेगी। कृ. १४ शनि को रुई, चाँदी में घटा-बढ़ी से मन्दा; मसूर, उड़द, मूँग, तेलादि में तेजी रहेगी। कृ. ३० रवि को लौंग, मजीठ, सरसों, तेल तिल, रुई, जीरा में तेजी और चाँदी में मन्दा रहेगा।

शुक्ल पक्षः-शु. १ चन्द्र को सोना, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, जौ, चना आदि में तेजी चलेगी। शु. २ भौम को अन्न रुई में तेजी आएगी। सोना, चाँदी में घट-बढ़ होगी। देश के दक्षिण के प्रान्तों में उपद्रव होगा या राज विग्रह होगा। पशुओं में रोग वृद्धि होगी। शु. ३ बुध को सोना, चाँदी के भावों में गड़बड़ होगी। अन्न, धान्य भावों में तेजी बनेगी। फसल को नुकसान भी हो सकता है। शु. ४ भृगु को सोना, पीतल, तांबा, कांसा, हिंगुल, पारा, केसर आदि में तेजी बनेगी। अन्न में अल्प तेजी बनेगी। सफेद वस्तु मन्दी रहेगी। देश में धूल उड़े व पवन तेज चलेगी। शासक, राजनेता, वैद्य, सूत्रधार पीड़ित होंगे। शु. ५ शनि सोना, चाँदी, तांबा, पीतल आदि धातु, लाल रंग की सभी वस्तुएं अलसी, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, अरण्डी, लोहे आदि में तेजी बनेगी। शु. ६ रवि को गेहूँ, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, सूत, कपास, हल्दी, हींग, धनिया, नमक व रुई में तेजी बनेगी। शु. ९ बुध को धातु, सूत, कपड़ा, लोहा, सोना, तांबा में तेजी बराबर बनी रहेगी। शु. ११ भृगु को सफेद वस्तुओं में मन्दा, अरण्डी, सरसों, तिल, तेलों में तेजी आएगी। शु. १२ शनि को रुई, चाँदी व अन्न में घट-बढ़ होगी। विद्वानों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। शु. १३ रवि को रुई, चाँदी में मन्दा; अन्न, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना में घट-बढ़ होगी। प्रजा पीड़ा अनुभव करेगी। शु. १५ चन्द्र को विशेष भावों में उतार चढ़ाव नहीं होगा।

अथ कार्तिक मास फल विचार—कार्तिक मास में पाँच मंगल व पाँच बुधवार हैं। संक्रान्ति तुला शनिवारी, अमावस भौमवारी, चन्द्रदर्शन बृहस्पतिवारा, पूर्णिमा बुधवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि घटकर वृद्धि को प्राप्त हुई है। सूर्य-बुध-भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। इस मास में पाँच भौमवार नेष्ट फलकारी होंगे। देश में प्रधान या मुखिया का अभाव प्रजा को सहन करना पड़ेगा। देश के किन्हीं हिस्सों में भूकम्प एवं उपद्रव से हानि होगी। श्रमिक वर्ग व नाविकों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। गेहूँ, जौ व सभी रसायनों में तेजी बनेगी। भौमवारी अमावस देश में अग्निकाण्ड को दर्शा रही है। सं. तुला शनिवारी कष्ट को देनेवाली है। शुक्ल पक्ष में तीन बुधवार अन्नवृद्धि में तेजी को बढ़ावा देंगे। पूर्णिमा का नक्षत्र भी आगे को दर्शा रहा है। आने वाले समय में उपद्रव, दुर्भिक्ष व तेजी को बता रहा है अतः कार्तिक आगे के मास शुभ नहीं।

कृष्ण पक्षः-कृ. १ भौम को गेहूँ, चना, अफीम, अलसी में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, आलू आदि में मन्दा रहेगा। कृ. ३ गुरु को सरसों, अलसी, तेल, अरण्डी में तेजी आएगी। कृ. ४ भृगु को गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अफीम, बारदाना, श्रीफल में तेजी बनेगी। चाँदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, मिर्च में मन्दा आएगा। देश में लड़ाई-झगड़ों के कारण प्रजा व शासक को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। कृ. ५ शनि को गेहूँ, चना, कपास, रुई व अन्न के भावों में मन्दा बनेगा तथा विद्वान व गणमान्य पुरुषों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। कृ. १० बुध को रुई, कपास, चाँदी में आगे के १५ दिन मन्दे के रहेंगे। घी, तेल, अरण्डी, सरसों व अन्न भावों में तेजी चलेगी। देश के किन्हीं भागों में भूकम्प के झटकों से नुकसान होगा या झगड़े वगैरह से प्रजा को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। कृ. ११ गुरु को धातु मार्किटों में तेजी रहेगी। कृ. १२ शनि को गेहूँ, जौ, चना, अनाज, सोना, नारियल, सुपारी, लाल चन्दन, मजीठ में साधारण तेजी रहेगी। हाथियों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। कृ. १४ चन्द्र को सरसों, तेल, गुड़, खाण्ड, नमक, लोहा, मूंगफली, अरण्डी, घी, में तेजी आएगी। कृ. ३ भौम को देश के किन्हीं हिस्सों में प्रजा में आपसी झगड़े होंगे।

शुक्ल पक्षः-शु. १ बुध को सोना, चाँदी, रुई, सूत, गेहूँ, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग आदि में तेजी बनेगी। शु. ४ शनि को सोना, चाँदी, रुई, सूत, कपड़ा, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सरसों, अलसी, हींग आदि में तेजी आएगी। शु. ५ रवि को अन्न में मन्दा, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों तेल में तेजी रहेगी। देश के किन्हीं हिस्सों में उपद्रव व चोरियों की घटनाओं से शासक व प्रजा परेशान होंगे। शु. ७ भौम को अन्न, चाँदी, पशु में तेजी; अफीम, घी, तेल, सरसों में मन्दा रहेगा। शु. ९ गुरु को सफेद वस्तुओं में मन्दा; तिलहन, बाजार तेज रहेगा। शु. १० भृगु को रुई, सूत, सन, सोना, चाँदी में मन्दा रहेगा। शु. १२ को सफेद वस्तुओं व बिनौला में मन्दा रहेगा। शु. १४ भौम को अन्न गेहूँ, जौ, चना, अफीम, अलसी में तेजी बनेगी। शु. १५ बुध को अन्न जौ, गेहूँ, चना, मटर, अरहर, मूंग, सूत, कपास, रुई आदि में भारी उथल-पुथल से व्यापारी वर्ग परेशान रहेगा।

अथ मार्गशिर मास फल विचार—इस मास में पांच बृहस्पतिवार हैं। संक्रान्ति वृश्चिक चन्द्रवारी, अमावस पूर्णिमा बृहस्पतिवार की और चन्द्रदर्शन भृगुवार का है। इस मास में सूर्य-भौम ने राशि परिवर्तन किया है। भृगु पूर्व में उदय, बृहस्पति मार्गी, बुध वक्री और अस्त पश्चिम में हुआ है। कृष्ण पक्ष में तिथि घटकर बढ़ी और शुक्ल में तिथि का ह्रास हुआ है। इस मास में पांच बृहस्पति धान्यादि के भावों में समता रखेंगे। ईख, शालि, घी, तेल सभी रसायन व घोड़ों के मूल्य में वृद्धि होगी। क्षत्रियों में परस्पर युद्ध होगा। किसी प्रधान क्षत्रिय की हानि भी हो सकती है। सभी प्रकार की धातुओं में तेजी रहेगी कृष्ण एकादशी शनिवारी अनावृष्टि एवं प्रजा में उपद्रव कारक योग को जन्म दे रही है। राजनीति में विग्रह होगा, पश्चिम दिशा में अल्प उपद्रव होगा।

कृष्ण पक्षः-कृ. २ गुरु को चाँदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, गेहूँ, जौ, चना, सरसों, तिल आदि में तेजी बनेगी। देश के पूर्व दक्षिण के हिस्सों में उपद्रवों की संभावना बनी है। कृ. ६ चन्द्र को प्रत्येक वस्तुओं में मन्दी की धारणा है पर गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, ज्वार, चावल आदि में तेजी चलेगी। कृ. ७ भौम को गुड़, खाण्ड, सरसों, शक्कर आदि में तेजी बनेगी। देश के विभिन्न हिस्सों में उत्पात होने की प्रबल संभावना है। कृ. ८ बुध को धातु सोना, चाँदी, तेलादि पदार्थों में तेजी बनेगी। कृ. ९ गुरु को ज्वार,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाजरा, गेहूँ, जौ, चना में मन्दा; चाँदी तेज होकर मन्दी रहेगी। अलसी, कपास, शेयरों में घटा-बढ़ी चलेगी। कृ. १० भृगु को लौंग, मजीठ, सरसों, तेल तिल, राई, जीरा, सोने में तेजी; चाँदी, रुई में मन्दा आएगा। कृ. १२ रवि को रुई में तेजी; गुड़, खाण्ड, चावल, नमक व क्षार पदार्थों में मन्दा रहेगा। देश के किन्हीं हिस्सों में उपद्रव हों, बीमारी फैले व भूकम्प के झटके महसूस होंगे। कृ. १३ चन्द्र को तीन चार दिन रुई में मन्दी रहकर तेज होगी। चाँदी, अलसी, गेहूँ, चना, उड़द, मूँग, मसूर, अरहर, सरसों, ऊनी वस्त्र, तेल तिल, मजीठ, काली मिर्च, केसर, कपूर, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। तम्बाकू में मन्दा आएगा। कृ. १४ बुध को सोना, रुई, चाँदी, कपड़ा में मन्दा; तेलादि पदार्थों में तेजी चलेगी। कृ. ३० गुरु को गेहूँ, जौ, चना आदि अनाजों में तेजी; सोना, चाँदी में मन्दा रहेगा। भक्ति भाव करने वालों को दुःख उठाना पड़ेगा।

शुक्ल पक्षः-शु. १ भृगु को गुड़, खाण्ड में घटा-बढ़ी चलेगी, अन्न में मन्दा रहेगा। शु. २ शनि को प्रत्येक वस्तु में मन्दा रहेगा। शु. ४ चन्द्र को रुई तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी में तेजी रहेगी। तिल, तेल, अरण्डी, शेयर, बिनौला में मन्दा बनेगा। शु. ७ गुरु को रुई, चाँदी में तेजी आकर मन्दी रहेगी। शेयर, हैसियन, बारदाना, चावल, चाँदी, घी, तेल में मन्दा और अन्न व धातु में तेजी बनेगी। शु. ९ शनि को सफेद वस्तुओं में मन्दा रहेगा। शु. ११ चन्द्र को अन्न गेहूँ, जौ, चना, अफीम, अलसी व धातुओं में मन्दा रहेगा। शु. १२ भौम को अन्न, रुई, सूत, सण, कपड़ा, सोना, चाँदी में तेजी आयेगी। आगे आने वाले समय में प्रजा के सुख में कमी आयेगी। शु. १४ बुध को सरसों, अलसी, तेल, अरण्डी में तेजी बनेगी। अन्न भाव सामान्य रहेगा। सोना, चाँदी, गेहूँ, जौ, चना, चावल, सरसों, गुड़, शक्कर, अलसी, घास, हींग, अरण्डी, गुग्गल में तेजी चलेगी। रुई में मन्दी आकर तेज बिकेगी।

अथ पौष मास फल विचार—पौष मास में पाँच भृगु व पाँच शनिवार हैं। संक्रांति धन भौमवारी, अमावस भृगुवारी, चन्द्रदर्शन रविवार का व पूर्णिमा शनिवारी है। शुक्ल पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है। सूर्य-भृगु-बुध ने राशि परिवर्तन किया है। बुध पूर्व में उदय, बुध शनि मार्गी हुए हैं। इस मास में पाँच भृगु शुभ, पाँच शनि प्रजा को पीड़ा देनेवाले हैं। किसी बड़े डाक्टर की सेवाओं से प्रजा को हाथ धोना पड़ेगा। इस मास में जल में उत्पन्न जीव प्रभावित होंगे। देश में बीमारी फैलेगी। गायों की संख्या में कमी होगी। कृ. ९ शनिवारी धान्यादि भावों में मन्दा लाएगी। धनु संक्रांति भौमवारी रक्त वर्ण वाली सभी वस्तुओं में तेजी करेगी। देश में कहीं-कहीं अग्निकाण्ड व उपद्रवों से प्रजा भारी नुकसान उठाएगी। गुड़, नमक के भावों में तेजी बनेगी। मावस को ज्येष्ठा नक्षत्र का होना भी देशहित में ठीक नहीं। राज्यद्वार में भृगु उदय देश की राजनीति में भारी उथल-पुथल करवाएगा। छत्र भंग व किसी बड़े नेता का मृत्यु योग भी बन रहा है। इस मास में प्रजा दुःख ही दुःख उठाएगी।

कृष्ण पक्षः-कृ. १ भृगु को अन्न गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक आदि में तेजी आएगी। तुष धान्य, घी, गुड़, नमक भी महंगे बिकेंगे। कृ. २ शनि को रुई, सूत, कपास, सोना, चाँदी, अन्न में मन्दा; प्रजा के लिये समय कष्टकारी रहेगा। सिन्ध में विग्रह होगा व देश में राज दुर्भिक्ष, छत्रपति का नाश या छत्र भंग का योग भी बन रहा है। कृ. ३ रवि को रुई में आने वाले २५ दिनों में अच्छी तेजी बनेगी। चाँदी में घट-बढ़ होकर तेज व सोना मन्दा रहेगा। जौ, चना, अलसी, अरण्डी में तेजी बनेगी व प्रजा के लिये राज भय का योग भी बन रहा है। कृ. ५ भौम को रुई में घट-बढ़ होकर तेजी रहेगी तथा सन, काठ, रसादि गुड़, शक्कर, बिनौला, अरण्डी में तेजी बनेगी। अगर-तगर, कपूर, तिल तेल, सरसों में मन्दा बनेगा। कृ. ८ भृगु को लौंग, मजीठ, सरसों, तेल तिल, राई, जीरा में तेजी रहेगी। चाँदी मन्दी बिकेगी। कृ. १० रवि को प्रत्येक वस्तु में मन्दा रहेगा। कृ. १२ भौम को सोना, चाँदी, रुई, कपास, सूत, अलसी, तिल तेल में तेजी चलेगी। मालवा प्रदेश में कोई घटना घट सकती है। कृ. १३ बुध को सण, सूत, सोना, रुई, चाँदी, कपड़ा में मन्दा, गुड़, तेल, सरसों में तेजी बनेगी। कृ. १४ गुरु को उड़द, मूंग, तेल तिल, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक में मन्दी आएगी। कृ. ३० भृगु को आगे आने वाले समय में अन्न में तेजी बनेगी।

शुक्ल पक्षः-शु. २ रवि को धान्य कपास, चाँदी, चावल, सूती वस्त्र, नमक, गेहूँ, जौ, चना आदि अन्न, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। रुई में घट-बढ़ होगी। शु. ३ चन्द्र को धातु, रुई, सूत, कपड़ा, लोहा, सोना, तांबा में तेजी बनेगी। पशुओं में बीमारी फैलेगी। शु. ७ भृगु को धातु, सफेद वस्तु, बिनौला में मन्दा बनेगा। शु. ९ शनि को अन्न गेहूँ, जौ, चना, अफीम, अलसी में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, आलू में मन्दा रहेगा। शु. १० चन्द्र को देश में बीमारी फैले। अलसी, सरसों, अरण्डी, रसकस, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा रहेगा। अनाजों में घटा-बढ़ी से तेजी बनेगी। शु. ११ भौम को तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गल, चाँदी, कपूर, ऊनी वस्त्र, सभी अनाजों और चाँदी में तेजी बनेगी। देश में बीमारी फैले व बहुत से लोगों को पीड़ा का सामना करना पड़ेगा। शु. १२ बुध को भयंकर मन्दी दो मास तक चलेगी। अलसी, सरसों, तिल, खोपरा, हींग, मिर्च, रुई में अच्छी मन्दी बनेगी। अरब व खाड़ी के देशों में भयंकर हाहाकार मचेगा। शु. १३ गुरु को सभी तरह के बाजारों में मन्दा आएगा। शु. १५ शनि को चाँदी में मन्दा, सूत, कपास, कपड़ा तेज बिकेगा शासक व प्रजा में विरोध देखने को मिलेगा। बालकों को पीड़ा का सामना करना पड़ेगा।

अथ माघ मास फल विचार—माघ मास में पाँच रवि हैं। संक्रांति मकर बृहस्पतिवार की है। अमावस व पूर्णिमा रविवार की, चन्द्र दर्शन भौमवार का है। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास होकर वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में तिथि का ह्रास हुआ है। सूर्य, भौम, बुध, गुरु, भृगु व राहु-केतु ने राशि परिवर्तन किया है। बुधास्त पूर्व में हुआ है। इस मास के पाँच रविवार नेष्ट फलकारी हैं। पशु-पक्षी व बालकों को पीड़ा होगी। व्यापारी, नाविक, जल जीव विशेष कर प्रभावित होंगे। कान की पीड़ा से प्रजा को परेशान होना पड़ेगा। देश में काला बाजारी करने वालों की वृद्धि होगी। सोना, चाँदी, कांसी, तांबे के भावों में तेजी बनेगी। धान्य भाव मन्दा रहेगा। राजनेताओं के लिये समय सन्तोषजनक नहीं है। फसल को ओले गिरने से नुकसान होगा। शु. ७ रविवार का योग दुर्भिक्षकारी है। पीले रंग की वस्तुओं में तेजी बनेगी।

कृष्ण पक्षः-कृ. ४ भौम को धातु सोना, चाँदी, तेलादि पदार्थों में तेजी आयेगी। कृ. ६ गुरु को चाँदी, सोना, गोला, खाण्ड, शक्कर, गुड़, उड़द, मूंग आदि में मन्दा बनेगा। तेल अलसी, अरण्डी आदि में तेजी बनेगी। रुई मन्दी होकर तेज बिकेगी। कृ. ७ शनि को प्रत्येक वस्तु में मन्दा रहेगा। कृ. ९ चन्द्र को देश में बीमारी फैल सकती है और प्रजा में भय होगा। सोना, चाँदी, तांबा, जस्ता, लोहा, पीतल आदि में मन्दा आएगा। देश के शासक के लिये समय खराब है। विशेष सावधानी रखनी चाहिये। कृ. १० भौम प्रजा को नाना प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ेगा। आज से आने वाले ५ मास तेजी के रहेंगे। पीछे मन्दा बनेगा। घी, तेल, सरसों में मन्दा आएगा। मारवाड़ के इलाके में अग्नि की वारदात होगी। दक्षिण के प्रदेशों में अन्न की पैदावार कम होगी। और बहुत सी वस्तुओं में तेजी की लम्बी लाइन चलेगी। कृ. १२ को गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल, रुई आदि में तेजी आएगी। सोना, चाँदी, बारदाना व धान्य पदार्थों में मन्दी आएगी। कृ. ३० रवि को देश के शासक व गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। रुई, चाँदी में घटा-बढ़ी से मन्दा; सोना, गेहूँ व अलसी में तेजी बनेगी।

शुक्ल पक्षः-शु. १ चन्द्र को मसीन, मूंग, मोंठ, सोना, चाँदी, रुई, कपास, चावल, उड़द में तेजी बनेगी। अन्न में घट-बढ़ होगी। शु. २ भौम को सोना, चाँदी आदि धातुओं में तेजी आएगी। रुई में मन्दा बनेगा। समय प्रजा के लिये अच्छा रहेगा। शु. ४ गुरु को चाँदी, रुई, सुवर्ण, सूत, सन आदि में मन्दा बनेगा। बालकों के लिये समय पीड़ाकारी रहेगा। शु. ६ शनि को अन्न गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, मोंठ, बाजरा, ज्वार, सफेद वस्तु, गुड़, शक्कर, खाण्ड, तेलादि रस पदार्थों में मन्दी आएगी। शेयर तेज बिकेंगे। प्रजा पीड़ा से व्याकुल होगी। शु. ७ रवि को सोना, चाँदी, रुई, चावल, जौ, गेहूँ, सूत, सन, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी बनेगी। शु. ९ भौम को उड़द, तिल, मूंगफली तेल, सोना, चाँदी, रुई आदि पदार्थों में तेजी बनेगी। शु. १० बुध को रुई, कपास, कपड़ा, धातु, तांबा, पीतल आदि, गुड़, शक्कर, गेहूँ, जौ, चना में तेजी बनेगी। सोना, सूत, सन में मन्दा आएगा। चाँदी में घटा-बढ़ी चलेगी। शु. १२ गुरु को गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूँ में तेजी बनेगी। फसलों को ओले आदि से नुकसान होगा। शु. १३ भृगु को घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोना, चाँदी, पशुओं में तेजी आएगी। शु. १४ शनि को सोना आदि तथा अन्न में तेजी; रुई, चाँदी, चावल में मन्दा व प्रजा को कष्ट होगा।

अथ फाल्गुन मास फल विचार—फाल्गुन मास में पाँच चन्द्रवार व पाँच भौमवार हैं। संक्रांति कुंभ भृगुवारी, अमावस व पूर्णिमा भौमवारी और चन्द्रदर्शन बुधवार का है। कृष्ण पक्ष में तिथि की वृद्धि और शुक्ल पक्ष में तिथि का ह्रास हुआ है। सूर्य-बुध-भृगु ने राशि परिवर्तन किया है और बुध पश्चिम में उदय हुआ है। अतः मरु देश में धान्य महंगा रहेगा। कन्दमूल के भावों में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी के भावों में उतार-चढ़ाव होगा। जुआरी मनुष्य कष्ट पावेंगे। राज नेताओं में आपसी विरोध बढ़ेगा। कृ. ६ को चित्रा नक्षत्र शुभ है। पूर्णिमा को पू.फा. नक्षत्र भी धरा पर सुख देनेवाला है। गुरु-शुक्र का एक राशि पर संयोग अन्न की तेजी को बढ़ायेगा।

कृष्ण पक्षः-कृ. १ चन्द्र को गेहूँ, मूंग, चाँदी, सोना में तेजी रहेगी। कृ. ३ बुध को सोना, चाँदी, रुई, रंग आदि मन्दा बनेगा। मजीठ, माल किराना तेज बिकेगा। कृ. ५ बुध को पशुओं में रोग फैले; रुई में घट-बढ़ हो; सोना, चाँदी, तांबा, पीतल, जस्ता में मन्दा रहेगा। कृ. ६ शनि को सोना, चाँदी, रुई में घट-बढ़ से तेजी बनेगी। कृ. ८ चन्द्र को रुई तेज बिकेगी; अन्न गेहूँ, जौ, चनादि में मन्दा रहेगा। कृ. ८ भौम को घी, तेल, रसकस, गुड़, शक्कर में घट-बढ़ से मन्दा रहेगा। चाँदी, तांबा, पीतल मन्दे रहकर तेज बिकेंगे। अलसी, सरसों में घट-बढ़ होगी। कृ. १० गुरु को रुई, सूत, सण, सरसों, सुवर्ण, चाँदी में मन्दा रहेगा। कृ. ११ भृगु को अन्न, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा; नमक, तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई में तेजी रहेगी। कृ. १२ शनि को लोहा, सोना, चाँदी, रुई की मार्किट तेज रहेगी। कृ. १४ चन्द्र को चाँदी, सोना, रुई, राई में मन्दा; तिल, मूंगफली, तेलादि में तेजी बनेगी। कृ. ३० भौम को बिनौला, कपास, सरसों, अरण्डी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अन्न गेहूँ, जौ, मटर आदि में मन्दा रहेगा। नोटः- रुई व चाँदी में अवश्य तेजी बनेगी।

शुक्ल पक्षः-शु. १ बुध को उड़द, मूंग, मोंठ, चना, अरहर, मसूर, घी, अन्न तेज; सफेद वस्तु रुई, खाण्ड, शक्कर में मन्दा रहेगा। शु. २ गुरु को रुई, चाँदी, सुवर्ण, सूत, सन में मन्दा रहेगा। शु. ३ भृगु को मूल पदार्थ तेज; चाँदी, रुई, कपास में १५ दिन मन्दे के होंगे। सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, अलसी में तेजी रहेगी। शु. ५ शनि को देश में झगड़े-फिसाद आदि से प्रजा परेशान होगी। अन्न व लोहा में मन्दा; रुई, सूत में घट-बढ़ और अन्न तेज होगा। शु. ७ चन्द्र को उड़द, तिल, मूंगफली तेल, चाँदी, सोना, रुई में तेजी बनेगी। शु. ९ बुध को कपास, सूत व धान्य पदार्थों में तेजी बनेगी। शु. १० बुध को रुई, कपास, बिनौला, तेज; गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर में मन्दा; सोना, चाँदी में घट-बढ़ से मन्दा बनेगा। शासक व प्रजा में अनबन होगी। शु. १२ शनि को सोना, चाँदी, रुई तेज रहेगा। पशु-पक्षियों में सुख बढ़े, राजा व प्रजा में द्वेष फैलेगा। शु. १३ रवि को गुड़, गेहूँ, मूंग, सोना, चाँदी तेज बिकेगा। शु. १५ भौम को रुई, कपास, चन्दन व सूत, सण, जवाहरात, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा रहेगा।

अथ चैत्र कृष्ण पक्ष फल विचार—यह पक्ष बुधवार से प्रारम्भ हो रहा है। अमावस बुधवारी, संक्रांति मीन रविवार की है। सूर्य-भृगु ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री, बुधास्त पश्चिम व गुरु अस्त हुआ है। अतः रसायन पदार्थों में समता रहेगी। धान्यादि के भावों में घटा-बढ़ी होगी। किसी बड़े वाहन की दुर्घटना का योग भी इस पक्ष में बन रहा है। देश में कहीं-कहीं उपद्रव भी होंगे। अनावृष्टि से फसल प्रभावित होगी।

चैत्र कृष्ण पक्षः-चाँदी, सोना, रुई, रंग में मन्दा बनेगा। मजीठ, राई, माल किराना तेज रहेगा। कृ. २ गुरु को रुई, कपास, सूत, सोना, चाँदी, गेहूँ, चना, सरसों, तिल तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, चावल, जुवार, बाजरा आदि वस्तुओं में तेजी बनेगी। कृ. ३ भृगु को रुई, चाँदी, सोना, कपास, मूंगफली में मन्दा रहेगा। कृ. ६ चन्द्र को चाँदी, सोना, रुई, रंग में मन्दा आएगा। कृ. ८ बुध को रुई तेज होकर मन्दी रहेगी। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तिल तेल, अरण्डी, शेयर, बिनौला में तेजी बनेगी। घी, शक्कर आदि के भावों में घटा-बढ़ी होगी। कृ. १० भृगु को रुई, चाँदी में पहले तेजी फिर मन्दा बनेगा। शेयर, हैसियन, बारदाना मन्दा आयेगा। प्रजा में लड़ाई-झगड़े व शासक वर्ग में आपसी विवाद से प्रजा को कष्ट होगा। फसल की हानि के योग भी बन रहे हैं। कृ. ११ शनि को कपास, अन्न में मन्दा रहेगा। सोना, चाँदी, जौ, गेहूँ, चना आदि में तेजी बनेगी। तेल, तिल, सरसों, अरण्डी में घटा-बढ़ी होगी। कृ. १२ रवि को कपास, रुई, चाँदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, तिल तेल, सरसों में तेजी चलेगी। अन्न तेज रहकर मन्दा बिकेगा। कृ. १३ चन्द्र को चाँदी, सुवर्ण, रुई, राई में मन्दा; तिल, मूंगफली, तेल आदि में तेजी बनेगी। कृ. ३० बुध को तेजी का समय है। गुड़, शक्कर, खाण्ड में तेजी बनेगी। भ्रष्टाचार तथा व्यभिचार की अधिकता से प्रजा दुःखी व हाहाकार करेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संवत् २०५५ सन् १९९८ ई. में चन्द्र दर्शन का व्यापार पर प्रभाव

ले.- डा. बसन्तलाल व्यास (स्वर्ण रजत पदक प्राप्त), राया, मथुरा (उ. प्र.) दूरभाष: 0565-833353

२९ जनवरी १९९८ को माघ मास का नवीन चन्द्रमा महेन्द्र मण्डल में उदय हो रहा है। गेहूँ, जौ, चना, मटर के भावों में तेजी होगी। समुद्र में पैदा होने वाली वस्तु मछली, सीप, मूंगा, मोती के भावों में वृद्धि होगी। चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती है। भावों में स्थिरता के साथ तेजी का मान होगा। उदयकाल में चन्द्रमा का वर्ण श्याम होगा तथा दोनों सींग समान उच्च होंगे। प्रत्येक जिन्स उतार-चढ़ाव के बाद भाव समता में मजबूत रहेंगे। रुई, सूत, सन, कपास, शेयर, पाट, बारदाना, जूट, हैसियन के भावों में तेजी। रेशम, ऊन, ऊनी वस्त्र, घी, तेल तिल, सरसों, अलसी, अरण्डी, सींगदाना, खोपरा, डालडा के भावों में वृद्धि होगी। गुड़, शक्कर, चीनी, चावल के भाव गिर जावें। सोना, सीसा, कलई में मन्दी का मान हो। उड़द, मूंग, मसूर, अरहर के भावों में तेजी। मिर्च, हल्दी, जीरा, हींग, लौंग, गूगल, इलायची के भावों में सुधार होगा।

२८ फरवरी १९९८ को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रमा वरुण मण्डल में उदय हो रहा है। यह चन्द्र दर्शन ४५ मुहूर्ती है। प्रत्येक जिन्स में मन्दी का झटका देगा। जुआर, बाजरा, मक्का, मोंठ के भाव गिर जावें। गोला, बेलगिरी, नारियल के भावों में वृद्धि हो। उत्तर भारत में हिमपात, शीत, ओला, पाला से परेशानी होगी। उदयकाल में चन्द्रमा का वर्ण पीत होगा, दक्षिण सींग उच्च होगा, चलते भाव पलट जावें। सोना, चांदी, सीसा, पीतल, स्टील के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। रुई, सूत, शेयर, कपास, सूती वस्त्रों में महंगाई को बल प्राप्त होगा। जुआर, गुआर, बाजरा, खलों के भाव गिर जावें। किराना धनिया, मिर्च, हींग, जीरा के भाव टूट जावें। जायफल, लौंग, इलायची, तेजपात, दालचीनी के भावों में सुधार होगा। सरसों, मूंगफली, अरण्डी, अलसी, सींगदाना के भाव टूटकर तेजी का मान करें। पीत रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी हो। खोपरा, मैनफल, सुगन्धित पदार्थों के भावों में वृद्धि होगी।

चैत्र मास का चन्द्रमा २९ मार्च ९८ को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन वायु मण्डल में हो रहा है। वायु की अधिकता, जनता में उपद्रव व प्रदर्शनों का आयोजन होगा। सोना, ताम्बा, पीतल, सीसा, कांसी के भावों में तेजी होगी। उदय काल में दक्षिण सींग उच्च होगा, प्रत्येक जिन्स में मन्दी का झटका लगेगा। उदय काल में इसका रंग लाल वर्ण का होगा, प्रजा कष्ट, तेजी को बल प्राप्त होगा। दक्षिण प्रदेश तामिलनाडू, कर्नाटक, श्रीलंका आदि में उपद्रव होंगे। अरहर, मटर, मूँग, मोंठ, मसूर, उड़द के भाव मन्दे सुने जायेंगे। रस, रसायन, औषधि, कैमिकल, दवाओं तथा जीवनोपयोगी वस्तुओं में तेजी बने।

वैशाख मास का चन्द्रमा २९ अप्रैल को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन महेन्द्र मण्डल में होगा। असमय वर्षा से परेशानी; अन्न, जौ, गेहूँ, चना आदि के भाव गिर जावें। उदय काल में इसका दक्षिण सींग उच्च होगा, प्रत्येक जिन्स में मन्दी का झटका लगकर भावों में उठान होगा। उदय काल में इसका वर्ण लाल होगा, इससे हानि, रस पदार्थों में तेजी, जनता में रोग तथा उग्र प्रदर्शनों से परेशानी होगी। चन्द्र दर्शन ४५ मु. है। अन्न के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। कैमीकल, रंग के भावों में तेजी। राज विग्रह, मन्त्रिपरिषदों में मतभेद, विभाग परिवर्तन, प्रकृति में परिवर्तन से जन मानस में परेशानी होगी। उड़द, मूंग, मोंठ, अरहर, मटर के भावों में वृद्धि। तिल, सरसों, सोयाबीन, अलसी, सींगदाना, खोपरा, वैजिटेबिल के भावों में वृद्धि होगी। रोगों में वृद्धि, दवाओं के भावों में तेजी; अफीम, पोस्त, नशीली वस्तु, तम्बाकू के भावों में वृद्धि होगी। मध्य प्रदेश में उपद्रव, शासन तन्त्र में परिवर्तन होगा। विशेष लाभ को मासिक चान्स ५१/- रु. प्रति वस्तु के हिसाब से मंगावें।

ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रमा का उदय २७ मई ९८ को होगा। चन्द्रदर्शन वायु मण्डल में हो रहा है। वायु, आंधी की अधिकता रहेगी। पीतल, सीसा, कांसी, सोना, चांदी, कलई, जस्ता, रांगा के भावों में वृद्धि होगी। उदय काल में चन्द्रमा शूल के समान सींगवाला होगा। इससे प्रत्येक जिन्स में तेजी को बल प्राप्त होगा तथा इसका रंग पीत वर्ण होगा। जनता में रोग, बालकों में रोग की वृद्धि होगी। अलसी, सरसों, सींगदाना, कपासिया, गोला तेल, तिलहन के भावों में तेजी का मान होगा। रुई, सूत, पाट, शेयर, बारदाना, हैसियन में १०/-, २०/- रु. की तेजी, चाँदी में ३/-, ५/- रु. की तेजी होगी। सोना में ५/- से १०/-रु. तक तेजी का मान होगा। गुड़, चीनी, शक्कर के भाव गिरकर तेजी को बल देंगे। गेहूँ, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, मसूर, अरहर, दालवाना के भावों में तेजी का मान होगा। गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, गुआर, बाजरा, मक्का, मोंठ के भावों में तेजी रंग देगी। हल्दी, जीरा, सोंठ, मिर्च, पीपल, तम्बाकू के भाव भी उठ जावें।

आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रमा २५ जून को उदय होगा, चन्द्रोदय वायुमण्डल में हो रहा है। वायु के वेग के साथ वर्षा, आँधी, तूफान से परेशानी होगी। जनता में विवाद, झगड़े, बन्द, प्रदर्शन तथा आन्दोलन होंगे। चन्द्रदर्शन गुरुवार को है, अत: सभी जिन्सों में तेजी का मान होगा। चन्द्र दर्शन ४५ मु. है सभी जिन्सों में मन्दी का झटका व्यापारी को चक्कर में डाल देगा। इसके दोनों सींग समान रूप से उच्च होंगे। सभी जिन्सों में तेजी मन्दी का मान होगा। चन्द्रमा स्वर्ण वर्ण का होगा। जनता में भय, शोक, गर्मी से परेशानी होगी। रुई, सूत, सन, पाट, शेयर, बारदाना, कपासिया, हैसियन के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। शेयर भी तेजी को बल देंगे। रेशम, कपड़ा, सरसों, तिल तेल, अलसी, मूंगफली, सोयाबीन में तेजी का मान होगा। सोना, चांदी, पारा, सीसा, कलई के बर्तन में मन्दा; गुड़, चीनी, शक्कर, खाण्ड के भाव गिर जावें। वर्षा के अवरोध से परेशानी होगी। धनिया, सोंठ, हींग, मिर्च, जीरा, पीपल, लौंग, इलायची के भावों में तेजी रुक जावे। गेहूँ, जौ, चना, मटर, चावल, उड़द, मूंग, मोंठ, अरहर के बढ़े भाव भी गिर जाना चाहते हैं।

श्रावण मास का चन्द्रमा २५ जुलाई को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन अग्निमण्डल में हो रहा है। खण्ड और वर्षा की खेंच से परेशानी होगी। गेहूँ, जौ, चना, जुआर, बाजरा, मक्का के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। अग्निकाण्ड, जल, वायु, रेल दुर्घटना से जन-धन की हानि होगी। दोनों शृंग उच्च शूलवत् होंगे, उदयकाल में इसका वर्ण श्वेत होगा। चावल, धान, उड़द, मूंग, मोंठ, मसूर, अरहर, दालवाना के भाव गिर जावें। तिल तेल, सरसों, अलसी, सोयाबीन, सूर्यमुखी, अरण्डी के भाव गिरकर तेजी का मान करेंगे। असमय और अनियंत्रित वर्षा से परेशानी तथा हानि होगी। कुछ प्रदेशों में वर्षा की खेंच भी हानि दे सकती है। सोना, चांदी, पीतल, कांसी, सीसा, लोहा, जस्ता, रांगा के भाव गिर जाना चाहते हैं। मिर्च, काली मिर्च, जीरा, पारा, हल्दी, सोंठ, लौंग, तेजपत्ता, पीपल, इलायची, देवदारु, चपड़ा, तम्बाकू, जीवनदायनी दवायें और वस्तुओं के भावों में वृद्धि का मान होगा।

भाद्रपद मास का चन्द्रमा २३ अगस्त ९८ को उदय हो रहा है। यह चन्द्र उदय अग्निमण्डल में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मु. है। भावों में समता के साथ तेजी को बल प्राप्त होगा। दोनों सींग समान रूप से उच्च होंगे। भावों में घटबढ़ होकर बाजारों में समता के साथ तेजी को बल मिलता है। उदय काल में चन्द्रमा का वर्ण लाल होगा। मनुष्यों में रोग, बालकों में रोग से जनता को कष्ट होगा। रुई, सूत, शेयर, पाट, बारदाना, कपासिया, हैसियन के भावों में घटाबढ़ी होकर भाव तेजी का मान करने लग जावें। सोना, पारा, सीसा, कांसी, चांदी, पीतल,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

परिवर्तन होगा। विशेष लाभ को मासिक चान्स ५१/- रु. प्रति वस्तु के हिसाब से मंगावें।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

ताम्बा, लोहा, स्टील, खनिज पदार्थों के भावों में वृद्धि होगी। गेहूँ, जौ, चना, मटर, जुआर, गुआर, बाजरा, मक्का, मोंठ के भावों में वृद्धि होगी। दालवाना, मूंग, अरहर, मसूर, उड़द, कांगनी, मोंठ आदि के भावों में तेजी का मान होगा। गुड़, चीनी, शक्कर, खाण्ड के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। कपास, बिनौला, सरसों, अलसी, तिल तेल, अलसी, मूंगफली, सोयाबीन, सूर्यमुखी, अरण्डी, गोला, गोला का तेल, महुआ आदि के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। विशेष जानकारी के लिए मासिक रिपोर्ट मंगाकर लाभ उठावें।

आश्विन मास का चन्द्रमा २२ सितम्बर ९८ को उदय होगा। चन्द्रदर्शन वायुमण्डल में हो रहा है। वायु वेग के साथ वर्षा होगी, खेती में हानि, जनता में रोग, शोक, बन्द, आन्दोलनों से परेशानी होगी। चन्द्रदर्शन तथा पूर्णिमा सोमवार को है अतः बाजारों में तेजी का मान होगा। चन्द्रदर्शन ३० मु. है। बाजार सर्पमुखी चाल में तेजी का मान करेंगे। शृंग शूल के समान उच्च होंगे, बाजारों में गर्मी को बल प्राप्त होगा। उदय काल में इसका रंग पीतवर्ण का होगा, जनता में रोग वृद्धि करने जा रहा है। राजविग्रह, मन्त्रिपरिषदों में परिवर्तन होगा। रुई, सूत, शेयर, पाट, पटसन, जूट, बारदाना, हैसियन, सूती वस्त्र, टेरीकॉट, टेरालीन के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। सोना, चांदी, ताम्बा में तेजी; चांदी, सीसा, स्टील, पारा, कांसी, जस्ता के भावों में घटबढ़ के बाद समता के साथ तेजी को बल देंगे। गेहूँ, जौ, चना, मटर के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा, पशुओं में रोग; दूध, दही, घी के भाव गिरकर तेजी का मान करें। जुआर, गुआर, बाजरा, मक्का का स्टाक किया जावे तो आगे पौष माघ में लाभ उठाया जा सकता है। मूंग, अरहर, मसूर, मोंठ, उड़द, दालवाना के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। गुड़, शक्कर, चीनी के भाव में तेजी का मान करना चाहते हैं।

कार्तिक मास का चन्द्रमा २२ अक्टूबर ९८ को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन अग्नि मण्डल में हो रहा है। वर्षा का अभाव, असमय वर्षा से परेशानी तथा अन्न के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। चन्द्रदर्शन ४५ मु. है। सभी जिन्सों के भावों में मन्दी का झटका लगेगा। चन्द्रदर्शन टेढ़ा अर्थात् इसका उत्तर का सींग उच्च होगा जो प्रत्येक जिन्स में तेजी का मान कर देगा। उदयकाल में इसका रंग श्वेत वर्ण का होगा। रुई, शेयर, सूत, सूती वस्त्र, जूट, पाट, बारदाना, कपासिया, रेशम, रेशमी वस्त्र, ऊन, ऊनी वस्त्रों के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। घी, तेल तिल, सरसों, अरण्डी, करण्डी, सोयाबीन, मूंगफली, बिनौला, खोपरा, वेजीटेबिल के भावों में तेजी होगी। गुड़, चीनी, शक्कर, खाण्ड, मिश्री के भाव टूट जावें। सोना, चांदी, सीसा, पारा, जस्ता, पीतल, कांसी, लोहा, स्टील के भाव भी मन्दी का मान कर जावें। जुआर, गुआर, बाजरा, मक्का, मोंठ, उड़द, मूंग, अरहर, मसूर के भाव भी गिर जावें। साथ ही एक सप्ताह में तेजी का मान करना चाहते हैं।

मार्गशीर्ष मास का चन्द्रमा २० नवम्बर ९८ को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन महेन्द्र मण्डल में हो रहा है। रत्न, हीरा, मोती, मूंगा के भावों में वृद्धि होगी। चन्द्रदर्शन १५ मु. है। सभी वस्तुओं में तेजी का मान होगा। चन्द्रदर्शन टेढ़ा और उत्तर का सींग ऊंचा होगा। इसका वर्ण श्वेत होगा। शेयर, रुई, सूत, कपास, सूती वस्त्र, रेशम, ऊन, ऊनी वस्त्रों के भावों में वृद्धि होगी। चावल, जुआर, बाजरा, मक्का, मोंठ, उड़द, मूंग के भाव गिर जावें। सोना में २/-, ५/- रु. चाँदी में ५/-, ७/- रु., तथा रुई, कपास में २५/-, ३०/- रु. की घटबढ़ के बाद भाव सर्पमुखी चाल में तेजी का मान करने लगें। गेहूँ, जौ, चना, मटर के भाव टूट जावें। तिल तेल, सरसों, अलसी, मूंगफली, सोयाबीन, आर.डी.करण्डी के भाव भी मन्दे का मान कर तेजी की राह बना लेना चाहते हैं। दालवाना, बिसावान के भाव भी गिर जावें, परन्तु ध्यान रखें यह मन्दी स्थायी नहीं है। गुड़, चीनी, शक्कर, मिश्री, खाण्ड के भाव भी मन्दी का मान करें। धनिया, हल्दी, सौंठ, जीरा अपनी मांग के साथ ही भावों में तेजी का मान करा दें। पीपल, लौंग, इलायची, पीपरामूल, देवदारु, तम्बाकू के भावों में तेजी का मान करें। पीतल, सीसा, ताम्बा, रांग, पारा, जस्ता, लोहा भी भावों में वृद्धि बनावें।

पौष मास का चन्द्रमा २० दिसम्बर ९८ को उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन वरुण मण्डल में हो रहा है। वर्षा सामान्य रूप से सर्वत्र होगी, खेती की पैदावर में सुधार होगा। गोला, रस, सरसों, तिल तेल के भावों में सुधार होगा। चन्द्रदर्शन ३० मु. है। सभी जिन्सों में समता के साथ तेजी का मान होगा। चन्द्रमा का उत्तर का सींग उच्च होगा और उदय काल में इसका रंग पीत वर्ण होगा। प्रजा में रोग और शोक की वृद्धि होगी। प्रत्येक जिन्स में तेजी का मान होगा। सोना, चांदी के भावों में वृद्धि होगी। रुई, सूत, सन, पाट, बारदाना, शेयर, हैसियन, सर्पमुखी चाल में तेजी को बल प्राप्त होगा। पीतल, ताम्बा, सीसा, पारा, स्टील, लोहा, जस्ता, रांगा के भावों में वृद्धि होगी। कपास, बिनौला, कपासिया के भावों में तेजी होगी। चावल, धान्य जुआर, गुआर, बाजरा, मक्का के भाव गिर जावें। गेहूँ, जौ, चना, मटर के भाव गिरकर तेजी को बल देंगे। नमक, मिर्च, धनिया, ज्वार के भाव गिर जावें। फसल में सुधार के साथ मन्दी का मान करें।

विशेष-आप अपने नगर, गाँव में द्वितीया का चन्द्रमा उदयकाल में स्वयं देखें और ज्योतिष की देन का लाभ उठाकर औरों को लाभ दें। उदयकाल में चन्द्रमा का शृंग उच्च हो, चन्द्रमा नाव के समान हो तो नाविकों को पीड़ा, समुद्री दुर्घटनायें हों। चन्द्रमा का सींग आधा उठा हो तो किसानों को कष्ट, फसलों में हानि; भ्रष्टाचारी, चोर, शासनकर्त्ताओं को सुख प्राप्त हो। दक्षिण शृंग आधा ऊंचा हो तो पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, कश्मीर में उत्पात; पुलिस द्वारा जनता को कष्ट हो। चन्द्रमा समान भाव में उदय हो तो सुभिक्ष, अच्छी वर्षा, सुख प्राप्त हो। चन्द्रमा दण्ड के समान उदय हो तो गाय, बैल, पशुओं को रोग; शासन द्वारा जनहित की उपेक्षा, स्वार्थ को बल मिले। धनुष के आकार का चन्द्रमा उदय हो तो जनता को कष्ट, ग्रह भय हो। सींग यदि दक्षिण को फैला हो तो ऐसे चन्द्रमा से भूचाल, प्राकृतिक प्रकोप से हानि; यदि सींग दक्षिण को ऊँचा हो तो व्यापारियों को कष्ट, वर्षा का अभाव हो जाता है। चन्द्रमा का सींग नीचे को मुँह वाला हो तो उपज कम, पशुचारा का विनाश एवं पशुओं को कष्ट या रोग हो। चन्द्रमा के चारों ओर गोलाकार रेखा हो तो शासन में परेशानी, मंत्रियों में परिवर्तन, राष्ट्रपति शासन हो। यदि उत्तर सींग ऊँचा हो तो प्रजा को सुख, चन्द्रमा एक सींग वाला या चीते के रंग वाला अथवा सींग रहित हो तो महान पुरुष की मृत्यु या पद त्याग होता है। चन्द्रमा छोटा हो तो दुर्भिक्ष, मध्यम हो तो प्राणियों को कष्ट, बड़ा चन्द्रमा हो तो सुभिक्ष; मुद्रक (ढोलक) के समान हो तो सुभिक्ष

कारक, अत्यन्त विशाल हो तो शासन से जनता को सुख, सुन्दर चन्द्रमा उदय हो तो धन-धान्य की उत्तम पैदावार, भावों में मन्दी बने।

नोट-व्यापार भविष्य चन्द्रोदयगत है, पर्व में प्रत्येक वस्तु का स्टाक, तेजी, मन्दी, व्यापार रुख, अंक जाल से लाटरी अंक, ग्रह दशा, व्यापार भविष्य ८१/- रु., प्रत्येक वस्तु के मासिक चांस ५१/- रु., एक वस्तु तीन मास अथवा तीन वस्तु एक मास १५१/- रु., छः मास २५१/- रु., वर्ष के लिए ५०१/- रु., अंक जाल से सप्ताह के भाग्योदय अंक ३०/- रु., एक मास ५०/- रु., तेजी-मन्दी दीपिका ५१/- रु., आपके परिवार के सभी व्यक्तियों के वर्ष का राशिफल ३१/- रु., राशि का यंत्र अथवा राशि मंत्र अथवा राशि यंत्र की अंगूठी ४१/- रु., गोमेद, नीलम, मूंगा, नीलम, मूंगा की अंगूठी रत्न भाग २०६/- रु., दक्षिणी शंख लक्ष्मी साधना २५५/- रु., छः इंच ७००/- रु., एकमुखी तथा सभी मुखी रुद्राक्ष प्राप्त कर धन, यश मान तथा सुख प्राप्त करें। सूची पत्र आज ही मुफ्त मंगायें। रकम पेशगी भेजें।

पता-श्री अम्बा व्यापार भविष्य कार्यालय, राया, मथुरा (उ.प्र.)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ज्योतिष : वैज्ञानिक वरदान

पं. गोपाल शर्मा (बी.ई.), बी.सी.-4, मेनवाली नगर, रोहतक रोड, दिल्ली-41

ज्योतिष विद्या गणितीय पक्ष एवं प्रज्ञा चेतना से मिल कर निर्मित हुई विद्या विशेष ही है। जीवन की किशोर अवस्था में शिक्षा की चिन्ता, कुछ वयस्क हो जाने पर कारोबार के सम्भालने की या कारोबार के चुनने की चिन्ता अथवा नौकरी प्राप्त करने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाना, विवाह की उत्कंठा, योग्य जीबनसाथी का चुनाव, संतान सुख के लिए लालायित होना, संतानों का स्वस्थ्य। जीवन का चक्र निरंतर और तीव्रता से गतिशील रहते हुए व्यक्ति, इन सभी की न तो उपेक्षा ही की जा सकती है और न कोई आसान पगडण्डी पकड़ कर छोटा मार्ग ही ढूंढ़ा जा सकता है। एक प्रकार से देखा जाए तो व्यक्ति इन चक्रों के मध्य निरंतर उलझते रहने के कारण जीवन के प्रति वह आस्था व विश्वास खो देता है जो कि अन्यथा गति और आनन्द का आधार होता है। व्यक्ति को जब तक जीवन में स्थायित्व और निश्चिंतता प्राप्त नहीं होती तब उसकी उचित प्रगति नहीं हो पाती और पूर्ण चैतन्यता भी विकसित नहीं हो सकती।

हम सब उस परमपिता परमेश्वर की संतान हैं जो इस संसार का मालिक है। तथा कोई भी पिता अपने बच्चों को देने में कभी कंजूसी नहीं कर सकता। न उसके पास किसी चीज की कमी है और न वह चाहता है कि मनुष्य, उसकी सर्वश्रेष्ठ संतान किसी अभाव में रहे। या तो हम जानते ही नहीं कि हम त्रिलोकी के स्वामी की संतान हैं तथा जीवन की हर वस्तु पर हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है या हमारे पास पात्र छोटा है, या हमारे तथा सर्वशक्तिमान के बीच कोई पर्दा, रुकावट है जो उसकी कृपा हम तक पूरी तरह पहुँचने नहीं देती है।

ज्योतिष शास्त्र का व्यावहारिक पक्ष व्यक्ति की इसी दिशा में सहायता करता है और उसे उसके जीवनचक्र की असीमित ऊंचाइयों से परिचित कराता है। ठीक जन्म समय, स्थान आदि के द्वारा कुण्डली बनाकर विद्वान ज्योतिषी द्वारा विवेचन से लगन की राशि व विभिन्न ग्रहों की स्थिति के द्वारा ही, उनका शुभ व अशुभ कारकत्व बताया जा सकता है।

उदाहरण के लिए किस ग्रह के द्वारा क्या देखा जाये इसका सूक्ष्म विवरण दिया जाता है।

सूर्य : पिता, आत्मा, धन, शत्रु, पद, धार्मिक प्रवृत्तियां, रक्त, आखें।

चन्द्रमा : मां, मन, धन, वस्त्र, तरल पदार्थ, संतोष।

मंगल : भूमि, रोग, जख्म, फुन्सी-फोड़े, पराक्रम, स्वाभिमान, अग्नि, भाई, उच्च ज्ञान, मित्र, तांबा, मंगा, साहस।

बुध : गणित, परिश्रम, ज्योतिषी, माया, बुद्धिमानी।

वृहस्पति : ख्याति, सोना, संतान, मंत्री का पद, योजना बनाने की क्षमता, सूद, आदर, सम्मान, सफलता, शिक्षक, दान।

शुक्र : पत्नी, सुख, शिक्षा, आभूषण, वाहन, कवि, भोजन।

शनि : दुख, आयु, यात्रा, जेल, नौकरी, गठिया विघ्नबाधाएं, जुआ, मद्यपान, तेल, लोहा, काले वस्त्र, कंबल, पराजय, जूता, मृत्यु।

राहु : दाता, हानि, पराक्रम, दण्ड, सांप, दुस्साहस, शमशानभूमि, ज्वर, चेचक, मूर्छा, वनवास।

केतु : निद्रा, स्वप्न, ज्ञान, मोक्ष, सन्यास, तीर्थ यात्रा, धोखेबाजी, पागलपन।

दान, पुण्य, मंत्र, यंत्र, पूजा-पाठ, रत्नोपचार व ज्योतिष के उपाय आदि साधनात्मक प्रयास से जातक अपने जीवन की सम्भावनाओं को बढ़ा सकता है तथा क्रूर ग्रहों के फल को घटा अथवा समाप्त भी कर सकता है।

रत्नोपचार— जो ग्रह मनुष्य को लाभदायक हो परन्तु जन्म कुण्डली में कमजोर अथवा शत्रु स्थान में हो उससे सम्बन्धित रत्न व धातु को धारण करने से उस ग्रह से अधीष्ठित भाव के शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। रत्नों में दैविक शक्ति निहित है तथा रोग निवारण में रत्नों का उपचार प्राचीन काल से प्रचलित है। भारत में जौहरियों ने ८४ रत्नों की मान्यता दी है। जिसमें माणिक्य, मोती, मूंगा, पन्ना, पुखराज, हीरा, नीलम, गोमेद और लहसुनियां नवरत्न की श्रेणी में प्रतिष्ठित हैं। इनके अलावा कुछ उपरत्न जैसे फिरौजा, पेरिडाट कटैला, तांगड़ा, नीली, सुलेमानी, कसौटी, हकीक, जिरकान, टोपाज आदि भी ग्रहजनित दुष्प्रभाव को तत्काल शान्त करने में समर्थ हैं। यदि किसी जिज्ञासु के पास जन्मपत्री भी न हो, ठीक जन्म समय न हो, तो भी हस्तरेखा, अंकविज्ञान लिखावट, माथे की बनावट व रेखाएं, रमल, प्रश्नकुण्डली आदि के द्वारा भी विद्वानों की कृपा से जीवन की विभिन्न परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

मंत्र—मंत्र विशेष ध्वनियों का समूह है। प्रत्येक देवी-देवता वस्तुतः मंत्र स्वरूप होते हैं। और इस पूरे शब्द समूह में चार क्रियाओं का समावेश किया जाता है। ये चारों क्रियायें हैं भन, विज्ञान, अध्ययन और भाव। जब इन चारों का सही रूप में मिलन होता है एवं उससे जिस ध्वनि शक्ति का जागरण होता है वही मंत्र शक्ति है। मन में जब शब्द स्वरूप की बीज रूप में उत्पत्ति होकर मस्तिष्क अर्थात् क्रमबद्धता आ जाती हैं।

जैसे भगवान शंकर का

१. **पंचाक्षरी मंत्र**—'ओ३म् नमः शिवाय' मनोकामना पूर्ति के लिए।
२. **महामृत्युञ्जय मंत्र**—'त्र्यंबकम् यजामहे सुगन्धिं पुष्टि' आरोग्य प्राप्ति के लिए।
३. **भगवान् विष्णु का अष्टाक्षरी मंत्र**— 'ओ३म् क्लीं कृष्णाय' नमः मोक्षदायक।
४. **भगवान् कृष्णा का मंत्र**—'ओ३म् नमोभगवते वासुदेवाय' धन/ ऐश्वर्य वृद्धि के लिए।
५. **श्री बगला मुखी मंत्र**—'ओ३म् ह्रीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां, वाचं मुखं पदं स्तम्भय, जिह्वां कीलय कीलय, बुद्धि विनाशय ह्रीं ओ३म् स्वाहा॥' शत्रु नाश, मुकद्दमे में में विजय के लिए।

यंत्र—भोजपत्र/चांदी/सोना/तांबे पर विभिन्न देवी-देवता को प्रसन्न करने के लिए विशेष प्रकार के शब्दों व आकृतियों से यंत्र बनाकर विशेष समय में उनको सिद्ध किया जाता है।

श्री गणेश यंत्र : कार्य की निर्विघ्न पूर्ति के लिए। **श्री गायत्री यंत्र** : सुबुद्धि/ विद्या प्राप्ति के लिए।
श्री मंत्र : व्यापार की वृद्धि के लिए। **श्री कुबेर यंत्र** : दरिद्र्य नाश के लिए।
श्री कनकधारा यंत्र: अटूट लक्ष्मी की स्थापना।

इसी प्रकार अन्य विभिन्न यंत्रों के उपयोग से धन, यश, मान, पद, प्रतिष्ठा, ऋणमुक्ति, रोग निवृत्ति, स्वास्थ्य लाभ, पारस्परिक सौजन्य इत्यादि प्राप्त किया जा सकता है।

लेखक स्वयं इन्जीनियर होते हुए भी ज्योतिष के गूढ़ रहस्यों का पिछले २५ वर्षों से निरंतर अध्ययन, मनन, प्रयोग तथा देश-विदेश में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

पिछले कई वर्षों से वास्तु विज्ञान का विशेष तौर से अध्ययन, ग्रहण तथा प्रयोग किया जा रहा है। इस प्राचीन धरोहर को जानने व सीखने के लिए लेखक ने अनेकों सम्मेलनों में भाग लिया तथा देश-विदेश में इस विषय के विद्वानों के श्रीचरणों में रहकर पूर्ण निष्ठापूर्वक सिद्धान्तिक व व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया है।

जिस तरह स्वयं को ब्रह्मांड के साथ जोडने के लिए व्यक्ति योग के जरिये ध्यान करता है, उसी तरह मकान को ब्रह्मांड के साथ जोडने की कला है वास्तु विज्ञान। ध्यान से व्यक्ति स्वयं को सृष्टि संतुलन के साथ जोड़ता है। उसे ऊर्जा की धाराओं में मिल जाना भी कहते हैं। इसे आत्मा से परमात्मा का मिलन भी कह सकते हैं पर अगर भवन वास्तुशास्त्र के हिसाब से नहीं बनाया गया है तो इस मिलन में बाधा आती है। इमारत संतुलित है तो व्यक्ति संतुलित रहेगा, अच्छा सोचेगा, अच्छी योजनाएं बनायेगा। योजनाएं सही होंगी तो सफल भी होंगी।

दूसरे शब्दों में जो व्यक्ति ब्रह्माण्ड के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ जाता है, उसके गुणों के द्वार खुल जाते हैं। अधिक जानकारी के लिये लेखक की निम्नलिखित पुस्तकें पढ़ें।

1. Compre Hensive Vaastu, 2. सुगम वास्तुशास्त्र, 3. Vaastu & Pyramid-Pawer

कोई भी सज्जन जीवन की जटिलतम् समस्या पर परामर्श लेने के लिये सादर आमन्त्रित हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

हो उससे सम्बन्धित रत्न व धातु को धारण करने से उस ग्रह से अपेक्षित भाव के शुभ फलों की प्राप्ति हो

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रकाशकः धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

ज्योतिष महाविद्यालय का उद्देश्य

भारत को स्वतंत्र हुए पचास वर्ष पूरे हो चुके। इस स्वंतन्त्र भारत में एक मात्र ज्योतिष महाविद्यालय ने ज्योतिष विज्ञान को सम्पूर्ण भारत में शिक्षा निदेशालय से मान्यता प्राप्ति हेतु जंग छेड़ा है। हम केन्द्रीय सरकार को कई तरह से समय-समय पर ज्योतिष विज्ञान को मान्यता देने एवं ज्योतिषों को सरकारी सम्मान और मान्यता के वास्ते सम्पूर्ण प्रांतीय सरकारों को पत्र भी देते रहें हैं। जनता के अन्दर ज्योतिष के प्रति विश्वास जागृति के वास्ते निःशुल्क ज्योतिष शिक्षा एवं समस्या समाधान का शिविर आयोजन करते रहते हैं। निःशुल्क ज्योतिष पत्रिका का प्रकाशन भी करता रहता है। ज्योतिष महाविद्यालय के संस्थापक के.के.मिश्र (कृष्ण कान्त मिश्रा) १९९९ में दस निःशुल्क ज्योतिष शिविर, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और कलकत्ता में लगा चुके हैं।

ज्योतिष प्रेमियों से निवेदन है कि ज्योति, महाविद्यालय के सदस्य बनकर ज्योतिष महाविद्यालय के संस्थापक के.के. मिश्रा के हाथ को मजबूत करें।

आज मैं के.के. मिश्रा धर्मसन प्रकाशन का आभारी हूँ कि ज्योतिष विज्ञान के प्रचार प्रसार में जहाँ भी ज्योतिष सम्मेलन होता है निःशुल्क पञ्चांग देकर सहयोग करते हैं।

५-१-१९९७ में ज्योतिष महाविद्यालय धर्मशन प्रकाशन के श्री प्रमोदजी को माननीय भारत सरकार के श्रम मंत्री श्री एम.अरुणाचल के उपस्थिति में ज्योतिष महाविद्यालय के संस्थान के.के. मिश्रा ने सरकारी पुरस्कार से सम्मानित किया है।

लाल किताब क्या है?

प्राचीन भारतीय ऋषियों के पास ८वीं शदी में अरबी विद्वानों ने भारत से ज्योतिषविद्या सीखी और भारतीय ज्योतिष सिद्धान्तों का "सिन्द हिन्द" नाम से अरबी में अनुवाद किया। अरबी भाषा में लिखी गयी। "आइन उल-अम्बाफित्तल कालूली अतवा" नामक पुस्तक में लिखा है कि भारतीय विद्वानों ने अरबी के अन्तर्गत बगदाद की राज्य सभा में जाकर ज्योतिष सिफारिश दी। समय के चपेट में आकर भारतीय ज्योतिष ने अपना रूप बदला जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण लाल किताब है। लाल किताब का प्रचलन प्राचीन नहीं है। इस आधुनिक युग में गणित से बचने का सरल एवं सहज उपाय लाल किताब में अंकित है। दूसरा श्री का सम्बन्ध हस्त रेखा के साथ है। आज के मशीनरी युग में मनुष्य धैर्य रहित हो चुका। वह जल्द से जल्द परिणाम चाहता है। लाल किताब में एक विशेषता यह है कि सभी ग्रह से अपना मनचाहा फल पा सकते है। किसी भी ग्रह को किसी भी घर में उन ग्रह वस्तु को स्थापित कर उस ग्रह से लाभ उठा सकते हैं। हाँ इस बात का ध्यान रखें कि कहीं वह ग्रह पक्के घर का स्वामी तो नहीं है। यदि पक्के घर का स्वामी नहीं है तो अवश्य फल देगा। आज के युग में लाल किताब बहुत ही महत्वपूर्ण है।

परीक्षा करके देखें!

-के.के. मिश्रा

ज्योतिष विज्ञान मानव को मानवता का मार्ग दिखाता है। आप यदि ज्योतिष विज्ञान के मार्ग पर चलेंगे तो मुझे आत्म-विश्वास है कि आप सुखी रह सकते हैं। यहां पर कुछ विशेष कार्य के वास्ते कुछ विशेष नियम का उल्लेख कर रहा हूँ। पालन करके देखें कि आपको कितनी आत्म-शान्ति मिलती है। हम तो केवल मार्ग दिखा सकते हैं। सर्वप्रथम विवाहित व्यक्तियों के विषय में कुछ महत्वपूर्ण नियमों का उल्लेख कर रहा हूँ। मैं दिल्ली में रहता हूँ तो यह नियम दिल्ली एवं दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रीय में ही लागू करें।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का कुछ क्षेत्र, लखनऊ से पहले के क्षेत्रों में प्रायः व्यक्तियों का दाम्पत्य जीवन किसी न किसी रूप में कलहपूर्ण और स्वार्थपूर्ण होने का योग बनता है। वे स्त्री-पुरुष अपने जीवन में हमारी इस खोज की परीक्षा करके देखें कि उनके दाम्पत्य जीवन में कितने प्रतिशत सुधार हुआ है।

अमावस्या तिथि को किसी भी रूप में पति-पत्नी एकत्र न हों। इस दिन एकत्र होने से दोनों के अन्दर तनाव बना रहता है, प्रेम में मधुरता न होकर कड़वाहट होती है। पति-पत्नी दोनों का स्वास्थ्य प्रायः खराब रहता है। एक दूसरे को शंकापूर्ण दृष्टि से देखते हैं।

इस समय गर्भ धारण से होने वाली सन्तान अवश्य ही राष्ट्रद्रोही अथवा कुकर्म करने वाली होती है। माता-पिता और अपने खानदान के नाम को अवश्य ही कलंकित करता है। मदिरा का सेवन करते हैं। यदि कन्या होती है तो अवश्य ही उसमें चरित्र दोष होता है, स्वास्थ्य प्रायः खराब रहता है। कभी-कभी तो घर छोड़कर भाग जाती है। विवाहित जीवन भी दुःखी होता है।

निम्नलिखित नक्षत्र में मिलने से दाम्पत्य जीवन सुखी बना रहता है। हमारी राय से यदि आप अपने दाम्पत्य जीवन का संचालन करेंगे तो कई फायदे होंगे। एक तो प्रकृति का आशीर्वाद प्राप्त होगा। दूसरा बिना पैसा खर्च किये परिवार-नियोजन का पालन हो जायेगा, तीसरे होने वाली सन्तान माता-पिता की भक्त भी होगी, उसका स्वास्थ्य भी सुन्दर होगा, देश और समाज में आदर की दृष्टि से देखा जायेगा।

नक्षत्रः-हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित, उपरोक्त नक्षत्र को दैनिक पंचांग में देख लें। द्वितीय श्रेणी के नक्षत्र मृगशिरा, रेवती, चित्रा और अनुराधा। नक्षत्रों का चार्ट भी दिया जा रहा है। नक्षत्र चन्द्रमा के अनुसार परिवर्तित होते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी एकत्र हों रात्रि १०.४५ से १२.१५ तक। यदि दिन गुरुवार और शुक्रवार हो और उपरोक्त हो तो सोने पे सुहागा का कार्य करेगा।

नोटः-सूर्य उदय के समय जो नक्षत्र हो और यदि वही नक्षत्र २४ घण्टे हो तो बहुत ही उत्तम होता है।

निम्नलिखित कार्य निम्नलिखित नक्षत्र में करें तो पूर्ण लाभदायक होगा।

१. अश्विनी—किसी भी कार्य का आरम्भ करना, जेवर बनाना।
२. भरणी—गिरवी रखना (किसी का सामान, जगह जमीन आदि), उग्र कार्य, बावली बनना।
३. कृत्तिका—मित्रता करना, औषध करना।
४. रोहिणी—विवाह करना, नवीन वस्त्र, आभूषण, गृह प्रवेश या किराये के मकान में जाना।
५. मृगशिरा—यात्रा, जमीन खरीदना।
६. आर्द्रा—युद्ध करना (केस, मुकद्दमा)।
७. पुनर्वसु—नवीन वस्त्र बनाना, सवारी खरीदना।
८. पुष्य—विवाह करना या किसी भी तरह के शुभ कार्य को करना।
९. अश्लेषा—व्यापार करना, औषध सेवन करना।
१०. मघा—नृत्य, गीत, सीखना, प्रेम आरम्भ करना।
११. पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपद—केस दायर करना, मांस विक्रय।
१२. उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद—गृह प्रवेश, नवीन कार्य, स्थापना करना, जमीन लेना।
१३. हस्त—प्रेम आरम्भ करना, सवारी खरीदना, जमीन लेना।
१४. चित्रा—विद्या अध्ययन आरम्भ करना, गृह प्रवेश।
१५. स्वाति—प्रेम, विवाह, आभूषण आदि।
१६. विशाखा—व्यापार, पत्र लेखन या किसी भी तरह के लेखन कार्य, नृत्य गीत, धन-संग्रह।
१७. अनुराधा—गृह-प्रवेश, स्थापना, वस्त्र, आभूषण खरीदना।
१८. ज्येष्ठा—नृत्य, पत्थर का काम, लोहे का कार्य आदि।
१९. मूल—विवाह, नृत्य, औषधि, लेखन।
२०. श्रवण—यात्रा, औषधि, नृत्य, गृह-प्रवेश।
२१. धनिष्ठा—सवारी खरीदना, गृह प्रवेश, किरायादारी जाना।
२२. शतभिषा—स्थापना, गृह प्रवेश आदि।
२३. रेवती—विवाह, सवारी, गृह-प्रवेश।

उपरोक्त नक्षत्र में यदि उपरोक्त कार्य को आरम्भ करेंगे तो मुझे आत्म-विश्वास है कि सफलता आपके कदम चूमेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वास्तु-विज्ञान

पं. गोपाल शर्मा (बी.ई.), बी.सी.-4, मेनवाली नगर, रोहतक रोड, दिल्ली-41

देवी और दानवी शक्तियों की चर्चा हमारे प्राचीन साहित्य में बहुत बार आती है। वस्तुतः पर्यावरण की वे प्राकृतिक शक्तियाँ जो मानव के लिए लाभकारी थीं उन्हें देव अथवा दैवी शक्तियों के रूप में पूजा गया और जो हानिकारक थीं उनको दानव शक्ति के रूप में निंदा की गई। जिन ऋषियों और मनीषियों ने तपस्या की-अर्थात् निःस्वार्थ समर्पण भाव से लोक कल्याण के लिए पीढ़ियाँ शोध और अनुसंधान प्रयोगों पर खपा दीं उन्होंने देवभाषा संस्कृत में उन ज्ञानराशियों को सूत्र रूप में संजो दिया। ऐसा ही है हमारा एक विशिष्ट विज्ञान का क्षेत्र-वास्तुविज्ञान। इसका मुख्य उद्देश्य रहा है कि पर्यावरण की दुष्ट शक्तियों द्वारा उत्पन्न होने वाली जैव-रासायनिक क्रिया के प्रभाव से कैसे बचा जाये। प्राचीन काल में जटिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं और सिद्धान्तों को समझाना सम्भव नहीं था, इसलिए आध्यात्मिक धरातल पर उनका नामकरण करके उन्हें आस्था के स्तर पर समझाया गया जिससे लोग सहज ही विश्वास करलें और उसके अनुसार अपनी जीवन शैली बना लें। इसलिए दिव्य कथाओं के रूप में इस ज्ञान को पुराणों में लिखा गया।

यह निर्विवाद सत्य है कि प्राकृतिक परिवर्तन जाने-अनजाने मानवी जीवन को प्रभावित करते हैं। मनुष्य के शरीर में चलने वाली जैव-रासायनिक क्रियाओं को सूर्य और ग्रह तथा उपग्रहों के विकिरण प्रभावित करते हैं जिनमें समय और ऋतुओं के साथ परिवर्तन भी होता रहता है। पर्यावरण में सर्वव्यापी धनायन और ऋणायन समान बलों वाले होते हैं जिनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मानव जीवन को प्रभावित करता है। धनायन यानि अच्छे प्रभाव तथा ऋणायन यानि बुरे प्रभाव।

उदाहरण के लिए लें कि यदि हम किसी अस्पताल में जाते हैं तो वहां के पर्यावरण में व्याप्त बहुप्रकार के ऋणायन हमें वहां अधिक समय तक टिकने ही नहीं देते किन्तु हम किसी मन्दिर में जाते हैं तो वहां व्याप्त धनायन प्रभाव हमें अधिक से अधिक समय रहने के लिए प्रेरित करते हैं। हम अस्पताल की अपेक्षा मंदिर में अधिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। जैव-रासायनिक क्रिया में वृद्धि श्वासोच्छ्वास की गति भी बढ़ा देती है।

यदि किसी भवन में प्रवेश के समय हमारे श्वासोच्छ्वास की गति बढ़ जाये तो निश्चय ही उसमें वास्तुदोष जानना चाहिए। गति सामान्य अथवा सहज और आरामदायक हो तो उत्तम वास्तु रचना समझना चाहिए।

सूर्य धरती पर ऊर्जा के अप्रतिम स्रोत हैं। सूर्य प्रकाश में परा बैंगनी और अवरक्त दो प्रकार की विशेष किरणें होती हैं। श्वेत प्रकाश में सात रंग-लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, आसमानी एवं बैंगनी होते हैं। जब इन्द्र धनुष बनता है तब लाल और बैंगनी दोनों दो छोर बनाते हैं। लाल में अधिकांश अवरक्त और बैंगनी में पराबैंगनी किरणें प्रचुर होती हैं।

अलग-अलग महीनों में सूर्य किरणों का प्रभाव अलग-अलग दिशाओं से पृथ्वी और वास्तुरचना पर पड़ता है। २२ दिसम्बर से २० जून तक पूर्व से उगने वाला सूर्य उत्तरायण होता है जबकि २१ जून से २१ दिसम्बर तक दक्षिणायन। इस प्रकार सूर्योदय की दिशा कुछ अंशों में परिवर्तित होती है।

पश्चिमी वैज्ञानिक फ्रिज्यॉफ काप्रॉ, अलबर्ट आइंस्टीन, एरविन जॉडिंगर, बर्नर हाइजनबर्ग पॉली जार्ज वाल्ड और सर आर्थर एडिंगृन जैसे नोबल सम्मान प्राप्त विचारकों ने भी स्वीकार किया है कि मानवी वैज्ञानिक शक्तियों और क्षमता के भी ऊपर एक क्षमता और सत्ता है जो वैज्ञानिक नियमों और काल के भी परे है। भारत में हिन्दू जीवन पद्धति का मूलाधार धर्म है। यह धर्म ही सबको धारण करता है। धर्म ईश्वर स्वरूप है। परम अथवा समग्र चेतना ही ईश्वर है जिसके नियमों को धर्म बताता है।

वह कालातीत है, नित्यनूतन है और पुरातन है; स्थिर भी है और परिवर्तनशील भी है। दृश्य और अदृश्य सबका भूत, भविष्य और वर्तमान वही एक है। धरती, जल, वायु, सूर्य, आकाश, अग्नि, घर, द्वार, अंदर, बाहर, पेड़, पशु, पक्षी, पत्थर, लकड़ी यानि सर्वत्र सब में वही अपने प्रतिरूप देवता की तरह चैतन्य और व्याप्त है; इसलिए अपने जीवन काल में इन सब की कहीं न कहीं, कभी न कभी हर मनुष्य पूजा अवश्य करता है अपने-अपने तरीके से।

धरती के पटल पर ईश्वर-स्वरूप वास्तुपुरुष की कल्पना एक पौराणिक कथा पर आधारित है। जब धरती पर सृष्टि-रचना का क्रम प्रारंभ हुआ तब एक विशाल देव पुरुष को धरती की सतह से ऊपर उठते देवों ने देखा। वह सबको घेरकर निगल जाने को उद्यत हुआ। उससे घबराकर देवों ने सृष्टिकर्ता ब्रह्माजी से उससे बचने का उपाय पूछा! ब्रह्माजी ने कहा कि देवगण संगठित होकर उसे उसके प्रत्येक अंग से पकड़ लें और औंधे मुँह पृथ्वी के पटल पर बिछा दें।

देवों ने वैसा ही किया और जो देवता जिस अंग को पकड़े हुए था उसी पर आसन जमाकर बैठ गया। यही विशाल देवपुरुष वास्तुपुरुष कहलाया जिसे ब्रह्माजी ने वरदान दिया कि गृह-नगर बस्ती रचना करने वाले मनुष्य तुम्हारे अंगों के अनुकूल पदविन्यास के साथ निर्माण करेंगे। तुम्हारी पूजा करेंगे तब वे सुखी-सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन जी सकेंगे। अन्यथा उन्हें कष्ट, अशांति तथा भय का सामना करना पड़ेगा।

यह वास्तुपुरुष पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति और उसकी विभिन्न बलधाराओं का उठता स्वरूप होगा जिसे संतुलित करने के लिए विभिन्न ग्रह-नक्षत्रों, सूर्य-चंद, वायु, जल, ताप आदि की प्राकृतिक शक्तियों ने प्रभावित किया होगा। परन्तु यह एक चेतना का स्वरूप है जो बुद्धि से नहीं भावना से देखा जाता है। पृथ्वी सतह की चेतना को हमारे पूर्वजों ने चैतन्य वास्तुपुरुष के रूप में देखा, समझा, पूजा और तदनुकुल भवन नगर रचना की।

चूँकि पृथ्वी स्वयं एक चुम्बक है जिसका उत्तर और दक्षिण ध्रुव हैं। इसी प्रकार सूर्य की जीवनदायी उर्जा हमें पूर्व से उगने वाले सूर्य से मिलती है जो पश्चिम में डूबता है। अब यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि सूर्य उगता और डूबता नहीं बल्कि पृथ्वी अपनी दैनिक और वार्षिक गति से घूमती है जिसके कारण सूर्य का उगना और डूबना प्रतीत होता है तथा ऋतुओं में परिवर्तन होते हैं। इस प्रकार चुम्बकीय और ऊर्जा प्रभावों का विचार चार दिशाओं से होता है। चार दिशाओं के बीच-बीच में चार कोण होते हैं उनका भी वास्तुरचना में विचार होता है। वास्तुपुरुष का भी मुख साल में चार बार घूम जाने की बात पृथ्वी की वार्षिक गति से समझना चाहिए। प्रत्येक भूखंड में वास्तु देवता पदविन्यास का विचार भी इसी प्रकार किया गया है। जिस अंग का जो स्वभाव है उसका उपयोग वहां स्थित देवता के अनुसार किया जाता है। वास्तुपुरुष, वास्तुरचना, हमारा शरीर, ज्योतिष प्रभाव सबके बीच एकात्मकता का भाव वास्तुशास्त्र के विकसित विभिन्न आयामों में परिलक्षित होता है। सहस्त्रों वर्षों में यह शास्त्र विकसित हुआ जिनके उपदेष्टा हमारे प्राचीन अठारह मनीषी माने गए हैं।

इस विषय पर विश्व की नवीनतम खोजों व प्रयोगों के सार को जानने के लिये लेखक की डायमंड पाकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित पुस्तकें पढ़ने का कष्ट करें।

1. Comprehensive Vaastv, 2. सुगम वास्तु-शास्त्र, 3. Vaastu & Pyramid-Power

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

वास्तुपुरुष के अनुसार गृह निर्माण

डॉ. भोजराज द्विवेदी- एम.ए. (संस्कृत) दर्शन, पी-एच.डी. ज्योतिष, अध्यक्ष इन्टरनेशनल वास्तु एसोशियेशन

दैवज्ञ शिरोमणि डॉ. भोजराज द्विवेदी राजस्थान के सर्वप्रथम अधिकारी विद्वान हैं, जिन्होंने एम.ए. संस्कृत दर्शन में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जोधपुर विश्वविद्यालय से ज्योतिष विषय को लेकर पी-एच.डी. की उपाधि विधिवित् प्राप्त की। उनकी यशस्वी लेखनी से अब तक 70 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिनमें अकेले वास्तुशास्त्र को लेकर उन्होंने 12 पुस्तकों का सेट लिखा है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन्हें स्वर्णपदक, अंगवस्त्र एवं मुकुट पहनाया जा चुका है। देश-विदेश के अनेक सम्मेलनों की अध्यक्षता कर, व्याख्यान-मालाओं, रेडियो व टी.वी. वार्ताओं के माध्यम से ज्योतिष, तन्त्र-मंत्र एवं वास्तुशास्त्र के वैज्ञानिक स्वरूप को डॉ. द्विवेदी ने जन-जन तक पहुँचाया है। अज्ञातदर्शन (पाक्षिक) एवं श्रीचण्डमार्तण्ड पंचांग के सम्पादक डॉ. द्विवेदी का यह रोचक लेख हमारे प्रबुद्ध पाठकों के लिये यहाँ प्रस्तुत है।

-सम्पादक

प्राचीन शास्त्रों के अनुसार सोलह कमरों वाला गृह उत्तम माना गया है। यदि सोलह कमरे वाले भवन का निर्माण न कर सके तो ग्यारह, नव, सात, पांच व तीन कमरे वाले भवन का निर्माण उपरोक्त नियम के अनुसार करे तो व्यक्ति सुखी व संपन्न होता है।

ईशान्यं देवतागेहम्, पूर्वस्यं स्नान मन्दिरम्। आग्नेयं पाकसदनम्, भाण्डागारं उत्तरे ॥
आग्नेय पूर्वयोर्मध्ये, विद्यास्यासस्य मन्दिरम्। यमस्य नैऋत्योर्मध्ये, पुरीष त्यागमन्दिरम् ॥
नैऋत्यंबूपयोर्मध्ये, विद्याभ्यासस्य मन्दिरम्। पश्चिम निलयोर्मध्ये, रोदनार्थं गृह स्मृतम् ॥

ईशान्यदिशा में वास्तुपुरुष का सिर होता है वहां पूजागृह, देवमन्दिर, ध्यानकक्ष, मेडिटेशन रूम बनाना चाहिये। पूर्व दिशा में स्नानघर (Bath-room) जलसंग्रह स्थान बनावे। अग्निकोण में रसोई, बिजली घर एवं विद्युत कक्ष बनावे। उत्तर दिशा में भण्डार (Store-room), संग्रह शील वस्तुओं का स्थान होना चाहिये। अग्निकोण एवं पूर्व दिशा के मध्य घृत, तेल, दधिमन्थन-कक्ष (Mixing-Room) उत्तम रहता है।

पश्चिम में भोजनशाला (Dinning-Hall), पश्चिम और नैऋत्य के मध्य टॉयलेट हो सकता है। पश्चिम व नैऋत्य के मध्य विद्याध्ययन कक्ष, लाइब्रेरी (Study-room) अतिथिगृह बनाना चाहिये। वायव्य दिशा में भारी सामान, गाड़ी, रथ-वाहन, पशुशाला बनावे। पश्चिम और उत्तर के मध्य रोदन गृह बना सकते हैं। वायव्य व उत्तर के मध्य रतिगृह (Master bed-room), बनाना चाहिये। जूते खोलने का स्थान (Boot-house) नैऋत्य दिशा एवं नैऋत्य व पश्चिम के मध्य शौचालय (Toilet) बनना चाहिये। पश्चिम दिशा में द्वितीय शयन कक्ष (बच्चों के लिये) बना सकते हैं। जबकि वायव्य दिशा में कंवारी कन्या का शयन कक्ष हो, तो उसका विवाह शीघ्र हो जाता है।

आदर्श भवन की कसौटी है धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। यदि भवन निवासी आधिभौतिक, आधिदैविक व आध्यात्मिक तापों से मुक्त हैं तो आत्मिक सुख लाभ लेते हैं। गृह प्रवेश के साथ गृहस्थी में धन बढ़ना शुरू हो जाता है, बाजार मूल्य, साख सब बढ़े, वंश वृद्धि हो, परिवार में मुखिया व बड़ों का सम्मान हो, सद्गृहस्थ की सद्व्यवहार के कारण सद्गति हो और भोजन कक्ष में भूख की अनुभूति, बैठक में सामूहिकता की भावना, अध्ययन कक्ष में जागरूकता, पूजा स्थल में एकाग्रता व शयन कक्ष में विश्राम की अनुभूति हो तब उस भवन को स्थापत्य व वास्तु की कसौटी पर खरा समझना चाहिए।

आज जनसंख्या बेलगाम गति से बढ़ रही है। महानगरों व बड़े शहरों की ओर लोगों के पलायन के कारण भूखंडों की कमी हो रही है। इसीलिए बहुमंजिले भवन व फ्लैट प्रणाली लोकप्रिय हो रही है। वास्तु के नियमों व दिशाज्ञान को ताक पर रखकर ताबडतोड़ उल्टे सीधे तरीके से भवन बना रहे हैं। उनके निवासी जिन्दगी की ऊहापोह में फंसे, दुःखी, संतृप्त व उदासीन हैं। इन हाउसिंग बोर्ड के मकानों में मूल परिवर्तन तो सम्भव है नहीं फिर भी कोर्णात्मक दिशा शोधन करके जल स्थान, अग्नि स्थान, पूजास्थल, शयनकक्ष में पलंग इत्यादि की दिशा बदल कर, सीढ़ियों व खिड़कियों दरवाजों की संख्या में परिवर्तन करके कई दोषों को कम करके दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदला जा सकता है। वास्तुशास्त्र की मूलभूत बातों को जानने से पहले हमें दिशा का ज्ञान होना जरूरी है।



वायव्य (उत्तर-पश्चिम) NW, ईशान्य (उत्तर-पूर्व) NE, नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) SW, अग्नि कौण (दक्षिण-पूर्व) SE.

ईशान्य महत्वपूर्ण कोण— अष्ट दिशाओं में ईशान्य (NE) अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इमारत कोई भी हो ईशान्य कोण की रक्षा बड़ी सावधानी से करनी होती है। सब कुछ ठीक होने पर भी यदि ईशान्य दिशा में दोष रहे तब वहाँ विकास कभी नहीं होगा। फैक्ट्री आदि की सारी आय खर्च हो जाएगी। नतीजा ठन-ठन गोपाल। व्यापारिक स्थलों में ईशान कोण कभी भी अन्य दीवारों से ऊंचा नहीं होना चाहिए। ईशान्य में कोई दरार या गड्ढा हो तब उस उद्योगपति की संतान विकलांग होगी। ईशान्य में पखाना हो तब गृह कलह, फैक्ट्री में मज़दूर, कर्मचारियों की लड़ाई होगी, स्वामी दुश्चरित्र व्याधिग्रस्त होगा। ईशान्य में रसोईघर हो तब निरंतर गृहकलह व धन क्षय होगा। ईशान्य से सटाकर मच्छरदानी, छड़ियां, बेकार सामान, झाड़ू रखने से दरिद्रता का वास होता है।

फैक्ट्री के बारे में वास्तु के बहुमूल्य सूत्र-

- फैक्ट्री, कारखाने, विद्यालय का मुख्य द्वार कभी भी कोण में नहीं होना चाहिए, वहां कोई भी द्वार बाधा न हो।
- प्रशासकीय कमरे, बैठक, परामर्श कक्ष सब मकान के उत्तर या पूर्व दिशा में होने चाहिए।
- वाहन हमेशा उत्तर-पश्चिम कोण में रखना चाहिए।
- शौचालय, मूत्रालय , गटर, गंदी नाली घर के उत्तर-पश्चिम का दक्षिण-पूर्व कोण में होनी चाहिए।

पाट के नीचे गाटर व बीम के नीचे नहीं बैठना चाहिए। यहां आफिस, कार्यालय, रिवाल्विंग चेयर, गद्दी आसन नहीं होना चाहिए।

भूमि परीक्षा— यदि नया प्लाट खरीदना है तो वास्तुशास्त्री द्वारा भूमि परीक्षा करवानी चाहिए। भूमि शुभ है या अशुभ इसके लिए गृहकर्त्ता के हाथ से गृह के मध्य में एक हाथ चौड़ा और एक हाथ गहरा गड्ढा खोदें फिर इस गड्ढे को उसी मिट्टी से भरें, यदि गड्ढा भरने पर मिट्टी बढ़ जाए तो शुभ समझें।

अशुभ संकेत— इसी प्रकार नींव खुदाई में यदि दीमक, अजगर दिखे तो वहां निवास न करें। भूसा, सर्प, अण्डा दिखे तो मरणप्रद कष्ट होता है, कौड़ी दुःख व कलह देती है, फटे कपड़े-विशेष दुःख देते हैं, कोयला रोग देता है, लोह से गृह स्वामी की मृत्यु; हड्डी, कपाल भी स्वामी के आयुनाशक हैं।

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुभ संकेत—गोश्रृंग, शंख, कछुआ मिले तो शुभ समझें। भूमि खोदने पर पत्थर मिले तो स्वर्ण लाभ, ईंट मिले तो समृद्धि, द्रव्य मिले तो सुख, धातु मिले तो ऐश्वर्य मिलता है।

भूखंड आकृति—आयाताकार भूमि पर वास करने से सर्व सिद्धि, वर्गाकार भूमि पर धनागम, वृताकार भूमि पर बुद्धि की वृद्धि, भद्रा सन भूमि पर रहने में कल्याण, चक्राकार पृथ्वी पर दरिद्रता, विषम भूमि पर शोक, त्रिकोणाकार भूमि पर राजभय, शकटाकार भूमि पर वास करने से धन नाश होता है।

शिलान्यास—सबसे पहले उत्तर-पूर्व के कोण (ईशान्य) में पूजा करके शिलान्यास करें, बाद में प्रदक्षिण क्रम में शेष शिलाओं का न्यास करें। इसी क्रम से स्तंभों का उत्थापन करना चाहिए तथा छत्र, माला, वस्त्र, धूप व चंदन से विभूषित करके स्तंभ को खड़ा करें।

नींव—जब गुरु, शुक्र, सूर्य तथा चन्द्रमा अपने उच्च स्थान में हों, बलवान हों, तब गुरु, सूर्य व चन्द्रमा का बल लेकर गृहारंभ करना चाहिए।

निषेध—रवि व मंगल को गृहारंभ न करें। मेष, कर्क, तुला व मकर लग्न में गृहारम्भ न करें। रिक्तातिथि ४, ९, १४ को भी गृहारंभ न करें।

गृह प्रवेश—माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ मास में प्रवेश उत्तम है और कार्तिक, मार्गशीर्ष तिथि तक एवं शुक्ल पक्ष में चन्द्रोदयांतर ही प्रवेश करना चाहिए।

द्वारवेध—द्वारवेध से अर्थ है प्रकाश व वायु के मार्ग में रुकावट डालना। किसी भी भवन के मुख्य द्वार के सामने रथमार्ग, चौराहा, कुआं, तालाब, गटर, दूसरे मकान का कोना, बड़ा वृक्ष, खंभा, जानवर बांधने की खूंटी, गैरेज नहीं होना चाहिए।

दरवाजे के सामने कीचड़ या बहता पानी नहीं होना चाहिए। ना ही प्रवेश द्वार के सामने गाय आदि बांधने की खूंटी होनी चाहिए। दरवाजे को बंद व खोलते समय अगर आवाज़ होती है या दरवाजा अपने आप बंद हो जाता है तब वह भी अशुभ है। मकान की यदि अन्य मंजिलें न हों तब मकान के पीछे दरवाजा न बनाएं। किसी भी भवन पर किसी भी वृक्ष के एक पहर से अधिक छाया पड़ना शुभ नहीं है। घर के समीप कांटेदार वृक्ष कष्ट देते हैं। दो मकानों में जाने का एक ही रास्ता हो तो यह दोनों मकानों के वासियों के लिए संतापजनक है।

द्वार—दरवाजे की चौड़ाई से दो गुनी ऊँचाई होनी चाहिए। चौड़ाई चार फुट या साढ़े तीन फुट से कम न हो। दरवाजे को चित्र द्वारा सजाया भी जाना चाहिए। बहुमंजिल वाले मकान को नीचे की मंजिल के दरवाजे के ऊपर ही ऊपर की मंजिल का दरवाजा होना चाहिए। सीढ़ी के द्वार हर मंजिल पर एक ही जगह होने चाहिए। सीढ़ियां हमेशा पश्चिम या उत्तर के भाग की ओर होनी चाहिए। चढ़ते समय सीढ़ियां हमेशा दाईं ओर मुड़नी चाहिए। छत की ढलान उत्तर की ओर हो, दक्षिण-पश्चिम की ओर उठान हो, उत्तर एवं पूर्व की दीवार छोटी होनी चाहिए। नीचे की मंजिल में मुख्य द्वार व पिछवाड़े के दरवाजे आमने-सामने नहीं होने चाहिए। पश्चिम व दक्षिण मुख्य द्वार वाले गृहस्थ सही पथ पंक्ति से आगे निर्माण न करें। उन्हें यातनाएं होंगी। दरवाजे कभी बाहर नहीं खुलने चाहिए हमेशा अंदर खुलने चाहिए।

आपके गृह के खाली स्थान पश्चिम में, उत्तर-पूर्व की अपेक्षा अधिक हों तो उनको घटा कर दीवार या बाड़ा लगाकर उस खाली स्थल में नैऋत्य दिशा की ओर सड़क निर्माण करना चाहिए या उसे बेच दें।

जल स्थान—जलीय (वरुण) स्थान ईशान्य, उत्तर पूर्व, पश्चिम में हो सकता है पर दक्षिण में नहीं होना चाहिए। यदि जल स्थान आग्नेय कोण में हो तब पुत्रनाश, शत्रुभय की बाधा देता है, नैऋत्य में पुत्रहानि, दक्षिण में पत्नी का नाश, वायव्य में शत्रु पीड़ा, घर के मध्य में हो तब संग्रहीत धन का नाश करता है।

रसोई चूल्हा—रसोई व चूल्हा आग्नेय कोण दक्षिण-पूर्व में होना चाहिए। पूर्वोत्तर में नहीं। डाइनिंग टेबल गोल या अंडाकार होगी तब झगड़े होंगे और बिना भोजन किए लोग उठेंगे।

स्नानघर व शौचालय—दक्षिण पश्चिम में ही हों।

तिजोरी—तिजोरी, गल्ला, कैश बक्स उत्तर दिशा में रखें। धन में बरकत होगी।

गोदाम माल रखने का स्थान—गोदाम हमेशा वायव्य पश्चिमोत्तर में होना चाहिए।

विद्युत यंत्र—हीटर, ए.सी. कंट्रोलमीटर, अवन, गैस, चूल्हा, ड्रायर आदि अग्निकोण दक्षिण-पूर्व में होने चाहिए।

टेलीफोन—सबसे उत्तम स्थान अग्निकोण दक्षिण पूर्व है। फिर ईशान्य या पूर्व है। टेलीफोन के पास जल, फ्रूट जूस, चाय आदि रखेंगे तो सारे रांग नंबर लगेंगे।

कोर्ट फाइलें—अग्निकोण में न रखें, न दक्षिण में। झगड़े के कागज गल्ले में न रखें, उत्तर व पूर्व में खुला स्थान छोड़ने से यश व समृद्धि आती है। दक्षिण व पश्चिम में खुला स्थान होने से परिवार के पुरुष प्रभावित होंगे। व्यापार में घाटा व भागीदारों में झगड़ा होगा।

इससे अधिक विस्तार से जानकारी हेतु आप हमारी पुस्तक 'कॉमर्शियल वास्तु' एवं 'सम्पूर्ण वास्तुशास्त्र' पढ़ें।

बिना तोड़फोड़ के वास्तु दोष निवारण के उपाय

व्यवसायी के लिए आवश्यक है कि वह अपने सहज एवं मधुर व्यवहार के द्वारा व्यावसायिक प्रगति करने में सक्षम हो। व्यवहार इतना लचीला भी नहीं होना चाहिए कि सब कुछ समाप्त हो जाए और न इतना कठोर ही हो कि लोग संपर्क करते हुए भी हिचकिचाएं। व्यवहार ही व्यवसाय का मूलमंत्र है। व्यवहार से ही लक्ष्मी बढ़ती है और कीर्ति का विस्तार होता है, जिससे अभीष्ट सुख की प्राप्ति होती है।

व्यवहार ही जगत का सुख है, व्यवहार ही व्यापार का मूल है। अत: व्यवसायी का मृदुल एवं स्नेहिल व्यवहार होना चाहिए। व्यवसायी ग्राहकों को प्रतिदिन आकर्षित कर सके, ऐसा व्यवहार करना चाहिए।

व्यापारी-व्यवसायी समाज का प्रमुख अंग है, लक्ष्मीवान है, संपन्न है, सभी वर्ग के व्यक्ति इससे आशा रखते हैं, अपेक्षा करते हैं। याचक भी व्यवसायी के पास अपनी आशा लेकर जाते हैं। अत: व्यापारी को चाहिए कि याचक के साथ विनम्र व्यवहार ही करे, दुत्कारना नहीं चाहिए। यद्यपि याचकवृत्ति मानव समाज के लिए कलंक है, अभिशाप है, इसे दूर करना चाहिए। फिर भी याचक के साथ विनम्र व्यवहार करें, प्रताड़ना नहीं। कभी-कभी दुराशीष भी निर्बल समय में कुपित ग्रहों के साथ हो जाती है।

यह पनरियें की शक्ति से युक्त सिद्ध बीसा यंत्र है जिसमें जगदंबा के निर्वाण मंत्र की शक्ति भी शामिल है। इसको दुकान की चौखट या देहली के ऊपर लगाने से नजर ठोकर नहीं लगती। किसी का शाप दुराशीष या बद्दुआ भी इस पर असर नहीं करती। यह एक प्रकार से दुकान का कवच है, इसे शुद्ध धातु में प्राण प्रतिष्ठित करके दुकान में रखें।



सिद्ध बीसा यन्त्र

दुकान में श्रीगणेशजी की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। श्रीगणेशप्रतिमा दक्षिणाभिमुख न रखें। पूजन के गणेश को गल्ले में विराजमान करें।

अपनी दुकान, गद्दी व कार्यालय आदि में कुलदेवता व इष्टदेवता आदि की स्थापना करनी चाहिए तथा प्रेरणा देने वाले अपने प्रेरक गुरु का चित्र अवश्य लगाना चाहिए। व्यवसायी को चाहिए कि प्रतिदिन दुकन

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

खोलते समय प्रात:काल अपने इष्टदेवता और कुलदेवताओं को श्रद्धा सहित प्रणाम करे। दुकन में प्रतिष्ठापित देवी-देवताओं की पुष्पमाला, धूप एवं दीपादि से अर्चना करनी चाहिए।

अर्चना के समय व्यापारी को मनसा, वाचा व कर्मणा श्रद्धा प्रकट करनी चाहिए। आत्मा में विशुद्ध भाव हो, इससे व्यापार में वृद्धि होती है तथा मानस में दृढ़ संकल्पशक्ति का प्रसार होता है।

यह जीवन स्वयं के लिए ही नहीं, अपितु समस्त जगत व चराचर के लिए अर्पित है, अत: व्यापारी को चाहिए कि अपने व्यापार से जो विशुद्ध लाभ अर्जित करता है, उसमें से कुछ अंश धर्मार्थ में लगाता रहे। किसी भी सार्वजनिक कार्य अथवा मानव सेवा के लिए अपने लाभ का अंश अर्पित करता रहे। ऐसा करने से आत्मसुख, जनकल्याण, यशवृद्धि होती है और व्यापार में ऋद्धि-सिद्धि बनी रहती है।

अपने व्यापार से विशुद्धि लाभ का छठा हिस्सा अथवा दशमांश धर्मकार्य में लगाना चाहिए, जिससे लाभ में अभिवृद्धि होती रहेगी और व्यावसायिक उन्नति भी होगी। धर्मकार्य से यहां सांप्रदायिक नहीं हैं, अपितु प्राणीमात्र के कल्याण की ओर संकेत है।

दृष्टिदोषनिवारार्थं विपणेद्वारस्तम्भयो:। जम्बीरं स्थापयेत् सम्यक् मरीचीद्वयसंयुतम्॥

यदा-कदा व्यापारिक प्रगति आकस्मिक रूप से होती है तथा समृद्धि बढ़ती ही जाती है। यह विकास आम आदमी को सहन नहीं होता है। प्रतिस्पर्धा एवं ईर्ष्या की भावना रखने वाला कुंठित हो जाता है, यदा-कदा दृष्टि दोष से व्यापार की गति में जड़ता आ जाती है, इसी रुकावट को नजर लगना भी कहा जाता है। अत: प्रत्येक व्यवसायी को शनिवार के दिन अपनी दुकान, कार्यालय अथवा प्रतिष्ठान के बाहरी स्तंभों पर नींबू व सात हरी मिर्च बांध लेना चाहिए। नींबू मिर्च ऐसी जगह पर लगानी चाहिए, जहां पर सबकी नजर पड़े।

व्यापारे संभवेद् हानि: कृते यत्ने निरन्तरम्। इन्द्राणीयन्त्रमास्थाप्यं विधिवद् वास्तुविद्-धृतम्॥

व्यापार वृद्धि इंद्राणी यंत्र

यह इंद्राणी यंत्र 'बीसा यंत्र' का ही मानवीकरण है। कहा भी गया है **'जिसके पास हो बीसा, उसका क्या करे जगदीशा'।**

यदि व्यावसायिक दृष्टिकोण के सम्यक् रहने पर तथा नानाविध यत्न के बाद भी हानि होती रहती है तो व्यवसायी को चाहिए कि वास्तुविद् से परामर्श लेकर, इंद्राणी यंत्र की प्रतिष्ठा कर, स्थापित कराना चाहिए, जिससे निरंतर हानि से बचा जा सके।

चौरी संजायते भूयश्चाग्निदाहो धवा भवेत्। स्थाप्य तत् वास्तुविद्-सिद्धं भौमयंत्र विधानत:॥

यदि दुकान, कार्यालय आदि में चोरी होती है अर्थात् नौकरों द्वारा वस्तु अथवा धन की वंचना हो या ग्राहकों द्वारा बिना मूल्य दिए वस्तुएं दी जा रही हों या चोरों द्वारा हरण की स्थिति हो तो वास्तुविद् से स्थान का परामर्श करके भौमयंत्र की विधि विधान से स्थापना करनी चाहिए। यदि अग्नि की आशंका हो तो भी भूमि में भौमयंत्र स्थापित करें। यह यंत्र पूर्वोत्तर कोण अथवा पूर्व दिशा में स्थापित करें। फर्श से नीचे दो फीट गहरा गड्ढा खोदकर विधिवत् स्थापित करें।

यदि दुकान में मन नहीं लगता हो, गल्ले में बरकत न हो, रुपया-पैसा तो बराबर आ रहा है पर बचत नहीं होती हो तो दुकान की देहली अथवा मुख्य द्वार की चौखट के ऊपर आगे-पीछे गणपति की मूर्ति लगानी चाहिए। गणपति की दृष्टि में अमृत होता है पर पीठ में दरिद्रता। कई दुकानदारों के यहां केवल घर के बाहर की ओर ही गणपति लगे होते हैं। यह मूर्ति आगंतुक व्यक्ति (ग्राहक) का शुभ एवं कल्याण करती है, गृहस्वामी का नहीं क्योंकि घर के अंदर तो गणपति की दृष्टि नहीं पड़ती। अत: यह हमारा विशेष अनुभव है कि गणपति दोनों ओर लगाएं चाहे घर हो चाहे दुकान, और फिर इसका चमत्कार देखें।

यदि श्वेत गणपति के साथ चांदी का श्रीयंत्र (सिक्के साईज वाला) भी चौखट पर स्थापित कर दिया जाए या दीवार में गाढ़ दिया जाए तो शुभफल त्वरित गति से मिलता है। उस घर या दुकान में लक्ष्मी व गणेश दोनों की कृपादृष्टि रहती है। प्रबुद्ध पाठकों को यंत्रादि प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा हो तो लेखक से संपर्क कर सकते हैं।

यदि दुकान, कार्यालय अथवा गद्दी आदि पर सूर्य की क्रांति से बेध हो रहा हो अर्थात् स्थापना के समय नीच का सूर्य हो तो वह दुकान क्लेश प्रदान करने वाली है। जबकि व्यवसायी भी नीच राशि के सूर्य से प्रभावित हो तो ऐसी स्थिति में व्यापारिक लाभ होने पर भी कष्ट बना रहता है तथा आत्मिक क्लेश से जातक पीड़ित होता है।

दुकान का मुख ठीक नहीं हो अथवा सार्वजनिक उपद्रव (आंदोलन, दंगा, फसाद, असामाजिक व्यक्तियों द्वारा किया गया बलवा आदि) अथवा रौद्र स्थिति (आगजनी, लूटपाट आदि) में विनाश की स्थिति बनती है, अत: **'यमकीलक यंत्र'** की स्थापना करनी चाहिए जिससे कालदोष का निवारण हो सके।

राजकीया विपत्तिश्चेत् कदाचिद् विपणौ पतेत्। सूर्ययंत्रं तु संस्थाप्यं सर्वविघ्न-निवारकम्॥

यदि सरकारी तंत्र द्वारा बार-बार संत्रस्त किया जाता हो अथवा अन्य किसी प्रकार से राजकीय विपत्ति संक्रांत हो तो ऐसी स्थिति में सर्वविघ्न निवारक **'सूर्ययंत्र'** की स्थापना करनी चाहिए।

यदि व्यवसाय के लाभप्रद रहने पर भी अशांति बनी रहे, विवाद होता रहे अथवा भागीदारों के मध्य कलह की स्थिति बनी रहे तो ऐसी स्थिति से दुकान या प्रतिष्ठान में **'श्री लक्ष्मीसहस्रनाम'** का पाठ कराना चाहिए।

इसी प्रकार से सोलह प्रकार के गणपतियों से अनेक प्रकार के वास्तुदोषों का निवारण होता है। दिक्दोष नाशक यंत्र, सर्वमंगलकारी वास्तुयंत्र, वास्तुकृत्या निवारक यंत्रों के अचूक प्रयोगों से बहुत से लोगों को राहत मिली है। इसके लिये आप हमारी पुस्तक **'रेमेडियल वास्तु'** पढ़ें। अधिक जानकारी हेतु आप चाहें तो लेखक से सीधा सम्पर्क करके उपरोक्त यंत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा घर-व्यापार, फैक्ट्री, होटल-दुकान संबन्धी वास्तुविजिट हेतु उनसे पूर्व समय निश्चित करके अपने स्थान पर आमन्त्रित कर सकते हैं।

डॉ. भोजराज द्विवेदी प्रथम बी.डी. रोड, गोल बिल्डिंग के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)
दूरभाष : ३१८८३, फैक्स : ४९०९३ मोबाईल-९८२८०-३१८८३

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६ नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वास्तु जीवन की सर्वोच्च कसौटी है

श्री ओंकाराश्रम् ज्योतिष भवन, पो. हापुड़, गाजियाबाद (उ. प्र.) फोन : 0122-312238, फैक्स : 0122-311811

जिस प्रकार से पृथ्वी के पंचभूत तत्वों के समन्वय से जीवन की सम्भावना बनती है और इन्हीं पंचभूत तत्वों— अग्नि, पृथ्वी, जल, वायु, आकाश में से किसी एक के भी गड़बड़ा जाने से जीवन की सम्भावना क्षीण हो जाती है। ठीक उसी प्रकार वास्तु विज्ञान सम्मत घर, फैक्ट्री, नर्सिंग होम, दुकान, कोठी आदि के निर्माण से उसमें निवास करने वाले व्यक्तियों का जीवन श्रेष्ठता व सम्पन्नता को प्राप्त हो जाता है और वास्तु नियमों के विपरीत होने पर निम्नता व विपन्नता की ही प्राप्ति हो पाती है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों, पुराणों आदि में वास्तु ज्योतिष से संबंधित गूढ़ रहस्यों तथा इसके सदुपयोग सम्बन्धी ज्ञान का अथाह समुद्र व्याप्त है। जिसके सिद्धान्तों पर चलकर मनुष्य निज जीवन को सम्पन्न बनाने की क्षमता रखता है। यद्यपि उस अनन्त प्रभु की अनन्त सत्ता का भेदन करने की सामर्थ्य तो किसी में नहीं है और न ही उसकी सत्ता के रंचमात्र को पकड़ पाना भी शक्य नहीं है। तथापि उसी प्रभु की छत्रछाया में रहकर उसका गुणगान करते हुए वास्तु सम्मत निर्माण में रहकर मनुष्य निज जीवन को सम्पन्न व सुखी बना सकता है इसमें मुझे कोई संशय नहीं प्रतीत होता है।

वास्तु प्रकार यानि भेद की दृष्टि से कई भागों में बांटा जा सकता है जैसे— विश्व का वास्तु, देश का वास्तु, प्रदेश का वस्तु, देश व प्रदेश की राजधानियों का वास्तु, नगर या ग्राम का वांस्तु, कालोनी या मोहल्लों का वास्तु। मकान, फैक्ट्री, दुकान का वास्तु और उसके बाद मकान या कोठी आदि के अन्दर बने कमरे आदि का वास्तु वस्तुत: हमें जीवन की श्रेष्ठ ऊँचाइयों को प्राप्त करने की विद्या सिखाता है। वास्तु से वस्तु विशेष की क्या सही स्थिति होनी चाहिए उसका विवरण प्राप्त होता है। नि:सन्देह वास्तु ज्योतिष के आधार पर किये गये निर्माण में रहने वाला व्यक्ति सम्पन्न जीवन, सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है और वास्तु नियमों के सापेक्ष रहने वाला व्यक्ति शारीरिक रोगों से आसानी से बच सकता है और उसका मस्तिष्क भी श्रेष्ठ बन जाता है। मस्तिष्क का हमारे जीवन में सर्वोच्च स्थान है और मस्तिष्क से ही यह कार्य संचालित होते हैं। मस्तिष्क भी तभी तक सही कार्य करने की क्षमता रख पायेगा जब तक कि उस शरीर का रहन-सहन, जलवायु आदि नियमित व सही ढंग से व्यवस्थित हो। मस्तिष्क ही तमाम कार्यों की तथा तमाम शरीर की रीढ़ है। कोई व्यक्ति मंत्री, कोई प्रधानमंत्री, कोई उद्योगपति, कोई श्रमिक तथा कोई सेवक होता है यह सब क्यों है? क्योंकि उन सबके मस्तिष्क अलग-अलग शरीरों द्वारा अलग-अलग जलवायु व व्यवस्थाओं से पोषित होते हैं। अत: श्रेष्ठ मस्तिष्क की प्राप्ति हेतु श्रेष्ठ वास्तु अनुसार गृह का निर्माण व व्यवस्था अति आवश्यक है। यही कारण है कि दिखने में उत्तम घर में रहने वाला व्यक्ति भी रोगी, निर्धन व तमाम समस्याओं से ग्रस्त हो सकता है। यहां यह संकेत देना आवश्यक होगा कि एक आर्किटेक्ट नक्शानवीस उत्तम भवन तो बना सकता है लेकिन उस भवन में निवास करने वाले प्राणियों के सुखी जीवन की गारन्टी देने में सक्षम है।

वास्तु शास्त्रीय ज्ञान में यह आवश्यक नहीं है कि व्यक्ति विशेष आरम्भ से ही वस्तु परक सिद्धान्तों के आधार पर भवन आदि का निर्माण करें। यह शास्त्र विविधताओं से भरा है और कुछ विशेष परिवर्तन करने के पश्चात् भी वास्तु सम्यक् उस भवन को बनाया जा सकता है जिसमें कि कोई व्यक्ति पहले से निवास करता चला आ रहा है। इसमें उस भवन को गिराकर पुन: नये सिरे से निर्माण की कोई आवश्यकता नहीं है।

वास्तु शास्त्र के द्वारा सौ प्रतिशत वास्तु शास्त्र के द्वारा ही निर्माण हो यह भी आवश्यक नहीं है। यह अनुपात ३०:२० या ६०:४० यानि ३०:२० का अर्थ है कि अस्सी प्रतिशत वास्तु अनुसार शेष वास्तु के सिद्धान्तों के विपरीत भी हो सकता है। या ६० अनुपात चालीस को भी इसी तरफ समझा जा सकता है। यानि वास्तु ज्योतिष के ज्ञान का अनुपात कुछ अधिक भी हो तब भी श्रेष्ठ सम्पन्न व सुखी जीवन की प्राप्ति सम्भव है। एक महल में रहने वाले व्यक्ति से एक झौंपड़ी में निवास करने वाले व्यक्ति तक भी वास्तु के नियमों का पालन कर सकते हैं।

वास्तु ज्ञान वस्तुत: भूमि व दिशाओं का ज्ञान है और एक अच्छा वास्तुविद समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति को समस्या विहीन जीवन देने की सामर्थ्य रखता है।

वास्तु के कुछ नियमों का उल्लेख यहां पाठकों की ज्ञान वृद्धि के लिए अवश्य करना चाहूंगा —

१. जहां तक सम्भव हो पूर्वी व उत्तर दिशा की ओर भवन का मुख्य दरवाजा बनाना चाहिए।
२. भवन का दक्षिण व पश्चिम भाग ऊंचा होना चाहिए।
३. स्नानघर, हैण्डपाइप ईशान कोण के आसपास होना चाहिए। परन्तु जहां तक सम्भव हो ईशान कोण खाली छोड़ देना चाहिए।
४. रसोई घर का निर्माण आग्नेय कोण में होना चाहिए।
५. बैठक का स्थान उत्तर दिशा में बनाना चाहिए।
६. भोजन करने का स्थान पश्चिमी दिशा में स्थित होना चाहिए।
७. शयन कक्ष गृह के नैऋत्य कोण या दिशा में होना शुभ होता है।
८. सोते समय सिर दक्षिण की ओर तथा पैर उत्तर की ओर होने चाहिए। अगर यह लागू न हो सके तब सिर पश्चिम और पैर पूर्व की ओर रखने चाहिए।
९. ईशान कोण में रसोई घर तथा आग्नेय में हैण्डपाइप आदि नहीं होने चाहिए। ऐसा होने से संतान को मृत्युतुल्य कष्ट या मृत्यु का होना सम्भव है।
१०. घर में मुख्य द्वारा पर मांगलिक चिन्हों का निर्माण करना चाहिए।
११. जहां तक संभव हो किसी योग्य ज्योतिषी से शुभ मुहूर्त में ही नींव आदि का धरना होना चाहिए।

यदि वास्तु दोषों से युक्त भवन का निर्माण हो तब वास्तु दोषों के निवारण करने के उपाय करने चाहिए जैसे दुकान की चौखट पर सिद्ध बीसा यंत्र उस समय लगाना चाहिए जबकि किसी नजर आदि का भय हो। दुकान के अन्दर व बाहर श्री गणपतिजी की मूर्ति स्थापित करनी चाहिए। चोरी आदि का भय होने पर भौम यंत्र की स्थापना करनी चाहिए। श्रेष्ठ लक्ष्मी वृद्धि हेतु श्री यंत्र तथा कुबेर यंत्र की स्थापना घर या दुकान के पूजा घर में की जानी चाहिए। दृष्टि दोष नजर आदि से बचाव हेतु एक नींबू में सात हरी मिर्च एक धागे में बांध कर या पिरोकर दुकान के बाहर लटकाने चाहिए किन्तु दुकान बंद होते समय दुकान में ही स्थिति होनी चाहिए। रोग हो जाने पर रोग से मुक्ति हेतु सिद्ध श्री महामृत्युंजय यंत्र की पूजा करनी चाहिए। शत्रुओं से भय होने पर सिद्ध श्री बगलामुखी यंत्र की स्थापना करनी चाहिए। सिद्ध यंत्र तथा वास्तु संबंधी जानकारी हेतु हमारे पते पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मनीषी-चिंतन

मानसिक-प्रदूषण

—मौदगिल जी

आज अखिल विश्व "प्रदूषण" नाम के दानव से भयाक्रांत है कि कहीं ऐसा न हो कि यह प्रदूषण दानव समस्त जीव-समाज को लील जाये? इससे बचाव के उपाय खोजे जा रहे हैं। देश-विदेशों में संगोष्ठी तथा सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। सुरक्षा हेतु तमाम अनुसंधान एवम् उपकरणों की तलाश जारी है। आंशिक सफलता भी हाथ लगी है। यह समस्या सदी के अंतिम दशक में अति भयावह हुई है। इस समस्या का मूल कारण या हेतु केवल मानव समाज स्वयं है, न कि प्रकृति। चूंकि प्रकृति सदैव परिवर्तनशील रही है तथा वह अपने साथ किसी भी प्रकार का बल-प्रयोग तथा अतिक्रमण सहन नहीं करती है। अपने प्रगति-पथ की सर्वोच्च ऊँचाइयों की पराकाष्ठा पर ध्वजा फहराने का लोभ आधुनिक-विज्ञान त्याग नहीं सका है। इस बिन्दु पर पहुँचने तथा उसे लाँघने के प्रयास में इस मानव-विज्ञान ने अति कर दी है। सुविधा, स्वार्थ तो देखा किन्तु उसके पश्चात् निष्कर्ष पर आँख मूँद लीं। हमने अपने स्वार्थ, नाम लोभवश तथा सुरक्षा का जामा पहनकर एटम, हाइड्रोजन इत्यादि बमों का आविष्कार — क्या अपना नामोनिशां मिटाने के लिए नहीं किया है? परमाणु या जैविक-विकास में बाधक जीवाणु-बमों से मानव-समाज रोगी होकर मृत्यु नहीं पायेगा; नहीं सोचा?

हमने गंदगी या कूड़ा-करकट के लिए तो कूड़ेदान बना दिये लेकिन विचारों की गंदगी को मस्तिष्क से बाहर करने का उपाय ढूंढना केवल व्यर्थ समय-बर्बादी समझ लिया। जबकि "विद्या ददाति विनयं" का तिरस्कार कर दिया और उसके स्थान पर "विद्या ददाति अर्थं" कर दिया है। यह निदान रहित विडम्बना नहीं तो क्या है? अभी भी समय है कि हम अपनी शिक्षा-पद्धति में आमूलचूल बदलाव लाकर उसमें मौलिकता लायें जिससे कि सद्चरित्र व्यवहार-शास्त्र सीख जायें।

जब प्रभु एक है तो उसकी संतान (मानव) को परस्पर भिन्नता से क्यों आंका जाता है? मैं इंडियन हूँ और वह साउथ इंडियन है, कैसे, कब हो गया केवल इस सोचने पर समय नष्ट करना है? धर्म, जाति, सम्प्रदाय या पंथ में विभाजित नहीं होना चाहिए। मानव एक है, उसका धर्म भी एक ही है-सेवा करना। अंग्रेजी में Man Must be gentle इसी आशय से कहा जाता है। वैदिक साहित्य में गायत्री मंत्र (धी महि धियो नः प्रचोदयात्) की चर्चा आती है जिसका मूल उद्देश्य हमारी बुद्धियों की शुद्धि करना है। इस हेतु हमें बुद्धि सुधार करना तथा अपनाना आना चाहिए। इसका अभ्यास, प्रयोग आपातकाल की अनिवार्यता की तरह करना अपेक्षित है।

प्रदूषण के कई प्रकार हैं जैसे वायु-प्रदूषण, जल-प्रदूषण, वाहन, प्रदूषण, चरित्र-प्रदूषण, ध्वनि-प्रदूषण, वनस्पति-प्रदूषण किन्तु मानसिक-प्रदूषण ही इन सबकी जननी है। दिमाग में नुख्श होगा तो कुछ भी सुन्दर नहीं होगा। इसी से आत्मिक सुधार कर हम प्रत्येक प्रदूषण से मुक्त हो सकते हैं। एकमात्र इसी ऊर्जा के सहारे मानव-अस्तित्व शाश्वत् बना रह सकता है। अन्यथा नहीं।

यज्ञ की हवि वायुमण्डल को पुनीत बनाती है। अपशब्द जब शब्द-कोश में नहीं मिलते हैं तब उनका उच्चारण कर हम वायु दूषित करते हैं। इसका मानव पर मनोवैज्ञानिक कुप्रभाव पड़ता है। चूँकि इससे हमारी कोमल स्पंदन-नाड़ियाँ आहत होती हैं। अस्तु-

"**मननं विश्वविज्ञानं, त्राणं संसारबन्धनात्**" सदैव स्मरण रहना चाहिए। मन पवित्र होगा तो हमारा राष्ट्र, दुनिया के भ्रष्ट देशों में सातवें नम्बर पूरे नहीं होकर, सदाचार तथा आचरण के आदर्श माननीय देशों की लिस्ट में प्रथम निर्दोष देश होगा। और हम भारतवासी इस वेद-वाक्य को सत्य प्रमाणित कर देंगे कि-"वयं अमृतस्य पुत्राः।"

प्रदूषण और ज्योतिष

आइये! इस प्रदूषण का ज्योतिष-विज्ञान से क्या सम्बन्ध तथा संचालन या प्रभावित होता है, चर्चा करें? सोलर फेमिली से हम सभी परिचित हैं। ब्रह्माण्ड में उनकी स्थिति भी जानते हैं। सूरज आदि क्रम में हमारा पृथ्वी ग्रह मंगल तथा शुक्र के मध्य है। ये सभी सन्मान्य ग्रह एक दूसरे से सम्बन्धित रहकर प्रभावित होते रहते हैं। प्रत्येक की गुरुत्वाकर्षण-शक्ति है। पृथ्वी पर जैविक-सम्पदा है। मंगल रक्त, उत्साह, धैर्य, रक्त कोशिकाओं तथा धमनियों पर स्वामित्व की ऊर्जा रखता है। शुक्र सौम्यता, सुन्दरता तथा पारिवारिक स्थिति का द्योतक है। प्रकृति-सौन्दर्य पर मंगल शुक्र का समान आधिपत्य है। मेष प्रथम लग्न का स्वामी मंगल है तो उससे १८०° पर तुला का स्वामित्व शुक्र का है तथा मध्य में चतुर्थ पृथ्वी है जिस पर इन दोनों का केन्द्रीय प्रभाव है। चतुर्थ कर्क पृथ्वी मंगल की कमजोर राशि तथा समक्ष १८०° पर आकाश भाव स्थित मकर बलवान राशि है। विवेक मेष यानि सिर में वास करता है तथा समस्त मानसिक-तंतु यानि रक्त-शिरायें मंगल से संचालित हैं। जिस प्रकार केन्द्र से राष्ट्र तथा राष्ट्र से केन्द्र प्रभावित होता है, वही फार्मूला ग्रह-संसद का लागू होना पृथ्वी वासियों के लिए है।

पिछले पचास वर्ष के इतिहास में मंगल-ग्रह का कर्क तथा सिंह, (जल तथा अग्नि तत्व) राशियों में अत्यधिक भ्रमण रहा। फलस्वरूप बौद्धिक (शैक्षिक) उन्माद चरमसीमा पर रहा। धार्मिक दंगे-फसाद हुए चूंकि ज्ञान-तत्व के स्वामी ग्रह गुरु की दोनों राशियाँ इन भावों या लग्नों से त्रिषडाय, द्विद्वादश, षडाष्टक नाता जोड़ती हैं। एतदर्थ ईराक ने युद्ध में अपना डीजल तथा तेल समुद्र में बहा दिया। जल-प्रदूषण हुआ। जल वाष्पित होकर वर्षा करता है। इसलिए वर्षा का असंयमित हो जाना स्वाभाविक रहा। जंगलों में भयंकर अग्निकाण्ड, भूकम्प, अन्य प्रकोप तथा दुर्घटनाएं घटीं। वन्य-जन्तु मरे या मारे गये। मंगल के करीब शुक्र का रहना मौसम की भविष्यवाणियों को असत्य कर देता है। राष्ट्रों में युद्ध तथा नायकों को मौत के घाट उतार दिया गया। नारियों का अपमान "संसद" की गूँज बन गया। फिल्मों ने कामुक तथा हिंसक दृश्य चित्रित कर मस्तिष्क-विकार को नया आयाम दिया। छात्र-आचार्य आन्दोलन सुर्खियों में रहे। कृषक-समाज की अवहेलना हुई। देश रक्षकों तथा सेनानायकों ने मनमानी की।

इस त्रासदी से मुक्ति का एकमात्र उपाय यही है कि इससे पूर्व कि हमारे चरण भ्रष्ट होकर आगे बढ़ें; अपना आचरण सुधार लें। जैसे हम बाहरी शत्रु से लड़कर उसे परास्त कर देते हैं, ठीक इसी प्रकार अपने आन्तरिक-शत्रुओं — स्वार्थ, लोभ, फैशन दौड़, ईर्ष्या को शत्रु समझकर समाप्त कर दें। यह तब होगा, जब हम अपने विचारों में निदोर्षता, सरलता लाएं। मात्र इसी भावना से हम मानसिक-प्रदूषण का नाश कर सकते हैं। समाज के उत्थान हेतु समता-भाव का पालन करें। मैं मानता हूँ कि "Man is born with free will" किन्तु इस WILL को EVIL WILL नहीं बनने दें, तभी सभी सम्भव होगा। ग्रहों के औचित्यपूर्ण अस्तित्व को मानें। उनकी पूजा-अर्चना करते रहें। उपासना बल सकल दोषों के बल का मूल-नाश करता है। पूजा-ईश्वर की सत्ता को पहचानना तथा मानना है। इससे चरित्र निर्मल सद्चरित्र बनता है। शुभम्।

(संपादक-दि एस्ट्रोटाइम्स)
ए/52/2 गली-4, जगतपुरी, दिल्ली-110051

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जब हमारी घड़ियां १२ बजाती हैं

भिन्न-भिन्न देशों का समय

संसार के हर एक देश में दिन तो २४ घण्टे का माना जाता है परन्तु हर देश का स्टैंडर्ड टाईम अर्थात् समय भिन्न है। उदाहरण के रूप में जब भारत में दिन के १२ बजते हैं तो लन्दन में प्रात: के साढ़े छ: बजे होते हैं। भिन्न-भिन्न देशों की राजधानियों के समय और भारत के समय में अन्तर स्पष्ट किये जाते हैं:-

नगर	देश	समय
लन्दन	ब्रिटेन	६.३० प्रात:
बैंकाक	थाइलैंड	९.३० रात
मक्का	सऊदी अरब	९.३० प्रात:
कुआलाम्पुर	मलेशिया	२.०० प्रात:
पेरिस	फ्रांस	७.३० प्रात:
नेरोबी	कीनिया	१०.०० प्रात:
तेहरान	ईरान	१०.०० प्रात:
काबुल	अफगान	११.०० प्रात:
बुडापेस्ट	हंगरी	७.३० प्रात:
कराची	पाकिस्तान	११.३० दोपहर
मास्को	रूस	९.३० प्रात:
पेइचिंग	चीन	२.३० दोपहर
बगदाद	इराक	९.३० प्रात:
न्यूयार्क	अमेरिका	२.३० प्रात:
टोकियो	जापान	३.३० सायं

नगर	देश	समय
बर्लिन	पू. जर्मनी	७.३० प्रात:
काहिरा	मिश्र	८.३० प्रात:
जेनैवा	स्वि. लैण्ड	७.३० प्रात:
कनाडा	कैनेडा	११.०० रात्रि

मन्त्रों को सिद्ध करने की विधि

कर्म छ: प्रकार के होते हैं। १. शान्ति कर्म। २. वशीकरण। ३. स्तम्भन। ४. वैर। ५. उच्चाटन। ६. मारण।

कर्मो के लक्षण

१. रोग और ग्रहादि के निवारण को शंत कर्म कहते हैं।
२. सब वस्तुओं को वश में करने को वशीकरण कहते हैं।
३. चलते हुओं को रोकने को स्तम्भन कहते हैं।
४. दो मित्रों में वैर कहते हैं।
५. स्वदेश से निकल कर दूसरे देश में चले जाने को उच्चाटन कहते हैं।
६. जीव को मार देना मारण कहते हैं।

कर्मो की दिशा

शान्ति कर्म ईशान दिशा में करना चाहिए, वशीकरण उत्तर दिशा में करना चाहिए, स्तम्भन पूर्व दिशा में करना चाहिए, विदेश नेऋत्य दिशा में, उच्चाटन वायव्य दिशा में और मारण अग्नि दिशा में करना चाहिए।

खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में खोई हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा को जाती है और उसकी पुन: प्राप्ति शीघ्र हो जाती है। **२. सुलोचन नक्षत्रों** में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है। **३. मध्याक्ष नक्षत्र** में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। इस बात का पता भी चल जाता है परन्तु प्राप्त (हस्तगत) नहीं होती। **४. मन्दाक्ष नक्षत्र** में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है।

अन्धादि नक्षत्र निम्नलिखित है:-

नक्षत्र संख्या	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
१. अन्धाक्ष	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	पू.फा.	विशा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
२. सुलोचन	कृकि.	पुन.	पू.फा.	स्वा.	मूला.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
३. मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा	मघा	पू.भा.	चित्रा	ज्ये.	अभि.	पता लगने पर भी नहीं मिलेगी।
४. मन्दाक्ष	अश्वि.	मृग.	आश्ले	हस्त	अनु.	उ.षा.	शत.	बहुत यत्न करने पर मिलेगी।

कैलेण्डर १८०१-१९९९

(अ) वर्ष

१८०१-१९००				१९०१-१९९९			
०१	२९	५७	८५		२५	५३	८१
०२	३०	५८	८६		२६	५४	८२
०३	३१	५९	८७		२७	५५	८३
०४	३२	६०	८८		२८	५६	८४
०५	३३	६१	८९	०१	२९	५७	८५
०६	३४	६२	९०	०२	३०	५८	८६
०७	३५	६३	९१	०३	३१	५९	८७
०८	३६	६४	९२	०४	३२	६०	८८
०९	३७	६५	९३	०५	३३	६१	८९
१०	३८	६६	९४	०६	३४	६२	९०
११	३९	६७	९५	०७	३५	६३	९१
१२	४०	६८	९६	०८	३६	६४	९२
१३	४१	६९	९७	०९	३७	६५	९३
१४	४२	७०	९८	१०	३८	६६	९४
१५	४३	७१	९९	११	३९	६७	९५
१६	४४	७२		१२	४०	६८	९६
१७	४५	७३		१३	४१	६९	९७
१८	४६	७४		१४	४२	७०	९८
१९	४७	७५		१५	४३	७१	९९
२०	४८	७६		१६	४४	७२	
२१	४९	७७	००	१७	४५	७३	
२२	५०	७८		१८	४६	७४	
२३	५१	७९		१९	४७	७५	
२४	५२	८०		२०	४८	७६	
२५	५३	८१		२१	४९	७७	
२६	५४	८२		२२	५०	७८	
२७	५५	८३		२३	५१	७९	
२८	५६	८४		२४	५२	८०	

(ब) महीने

जन.	फर.	मार्च	अप्रै.	मई	जून	जुला.	अग.	सितं.	अक्टू.	नवं.	दिसं.
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	२	६	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
६	२	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१

(स) साप्ताहिक दिन

रवि	१	८	१५	२२	२९	३६
सोम	२	९	१६	२३	३०	३७
मंगल	३	१०	१७	२४	३१	
बुध	४	११	१८	२५	३२	
गुरु	५	१२	१९	२६	३३	
शुक्र	६	१३	२०	२७	३४	
शनि	७	१४	२१	२८	३५	

कलैण्डर को प्रयोग में लाने की विधि

अगर हमें मालूम करना है कि किस तारीख को कौन सा दिन पड़ता है। जैसे १ मई १८८६ को कौन सा दिन था।? पहले वर्ष वाले कॉलम (अ) में (१८०१ से १९०० तक) सन् १८८६ पर अंगुली रखें उसकी सीध में अंगुली महीने वाले कॉलम (ब) में मई मास पर लें जाएं। जो अंक प्राप्त हो (६) उसे उस तारीख में जोड़ दें (१) जिस तारीख का हमें वार मालूम करना है। (६+१=७) अब आप कॉलम (स) में ७ के सामने शनिवार पाएंगे तो पहली मई १८८६ को शनिवार था।

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लाभकारी नवग्रह मंत्र

अथ नव ग्रह-शान्ति स्तोत्रम्

जगद्गुरुं नमस्कृत्य, श्रुत्वा सद्गुरु भाषितम्। ग्रह शांति प्रवक्ष्यामि लोकानां सुखहेतवे॥
जिनेन्द्राः खेचरा ज्ञेया, पूजनीया विधिक्रमात्। पुष्पैर्विलेपनैर्धूपैर्नैवेद्यैस्तुष्टिहेतवे॥
पद्मप्रभस्य मार्तण्डश्चन्द्रप्रभस्य च। वासुपूज्यस्य भूपुत्रो, बुधश्चाष्टजिनेशिनां॥
विमलानन्त धर्मेश, शांति कुन्थुनमेस्तथा। वर्धमानजिनेन्द्रस्य, पादपद्मंबुधोनमेत्॥
ऋषभाजितसुपार्श्वाः साभिनन्दनशीतलौ। सुमतिः सम्भवस्वामी, श्रेयांसेषु बृहस्पतिः॥
सुविधिः कथितः शुक्रे, सुव्रतश्च शनिश्चरे। नेमनाथो भवेद्राहोः केतुः श्रीमल्लिपार्श्वयोः।
जन्म लग्नं च राशि च, यदि पीडयति खेचराः। तदा संपूजयेत् धीमान्, खेचरान् सह तान्जिनान्॥
आदित्य सोममंगल, बुधगुरु शुक्रे शनिः (?) राहु केतु मेरवाग्रे या जिन पूजाविधायकः।
जिनान नमोग्न तपोहिं, ग्रहाणां तुष्टिहेतवे। नमस्कारशतं भक्तया जपेद्दष्टोत्तरशतं॥
भद्रबाहुगुरुर्वाग्मी, पंचमः श्रुत केवली। विद्याप्रसादतः पूर्व, ग्रह शांति विधिः कृता॥
यः पठेत् प्रातरुत्थाय, शुचिर्भूत्वा समाहितः। विपत्तितो भवेच्छांतिः, क्षेमं तस्य पदे पदे॥

नवग्रहों के जाप्य

१. सूर्य महाग्रह मन्त्र

१. ॐ नमो ऽर्हतेभगवते श्रीमते पद्मप्रभु तीर्थ कराय कुसुलयक्ष मनोवेगा यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः आदित्यमहाग्रह (मम कुटुंब वर्ग) सर्व दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं कुरु कुरु सर्व शांति कुरु कुरु सर्व समृद्धिं कुरु-कुरु इष्ट संपदा कुरु कुरु अनिष्ट निवारणं कुरु कुरु धन धान्य समृद्धिं कुरु कुरु काम मांगल्योत्सवं कुरु कुरु हूं फट्॥७००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं सूर्यग्रहारिष्टनिवारक श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ जाप्य ७०००॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं॥ १०००० जाप्य॥

२. सोम महाग्रह मन्त्र

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते चन्द्रप्रभु तीर्थंकराय विजय यक्ष ज्वालामालिनी यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः सोम महाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु हूं फट्॥ ११००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ ह्रीं क्रों श्रीं क्लीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ ११००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं॥ जाप्य १००००॥

३. मंगल महाग्रह मन्त्र

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते वासुपूज्य तीर्थंकराय षण्मुखयक्ष गांधारीयक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः मंगल कुज महाग्रह ममदुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांतिं च कुरु कुरु हूं फट्॥ १०००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ आँ क्रौं ह्रीं श्रीं क्लीं भौमारिष्ट निवारक श्री वासुपूज्यजिनेन्द्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ १०००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं॥ १०००० जाप्य॥

४. बुध महाग्रह मंत्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते मल्ली तीर्थंकराय कुबेरयक्ष अपराजिता यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः बुधमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांतिं च कुरु कुरु हूं फट्॥ १४००० जाप्य॥

२. मध्यम मन्त्रः-ॐ ह्रीं क्रौं आँ श्रीं बुधग्रहारिष्ट निवारक श्री विमल अनंतधर्म शांति कुन्थअरह नमिवर्धमान अष्टजिनेंद्रेभ्यो नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ ८००० जाप्य॥

३. लघु मन्त्रः-ॐ ह्रीं णमो उवज्झायाणं॥ १०००० जाप्य॥

५. गुरु महाग्रह मन्त्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते वर्धमान तीर्थंकराय मातंगयक्ष सिद्धायिनीयक्षी सहिताय ॐ क्रों ह्रीं ह्रः गुरु महाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांतिं च कुरु कुरु हूं फट्॥ १९००० जाप्य॥

२. मध्यम मन्त्रः-ॐ आँ क्रौं ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं गुरु अरिष्ट निवारक ऋषभ अजितसंभवअभिनंदन सुमति सुपार्श्वशीतल श्रेयांस अष्टजिनेंद्रेभ्यो नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ १९००० जाप्य॥

३. लघु मन्त्रः-ॐ ह्रीं णमो उवज्झायाणं॥ १०००० जाप्य॥

६. शुक्र महाग्रह मन्त्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पुष्पदंत तीर्थंकराय अजितयक्ष महाकालीयक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः शुक्र महाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांतिं च कुरु कुरु हूं, फट्॥१६००० जाप्य॥

२. मध्यम मन्त्रः-ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रीं शुक्र अरिष्ट निवारक श्रीपुष्पदन्त जिनेन्द्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ ११००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं॥ १०००० जाप्य॥

७. शनि महाग्रह मन्त्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते मुनि सुव्रततीर्थंकराय वरुण यक्ष बहुरूपिणीयक्षी सहिताय ॐ आं क्रों ह्रीं ह्रः शनिमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारण सर्व शांतिं च कुरु कुरु हूं फट्॥ २३००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ ह्रीं क्रौं ह्रः श्रीं शनिग्रहारिष्ट निवारक श्री मुनि सुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ २३००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं॥ १०००० जाप्य॥

८. राहु महाग्रह मंत्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते नेमितीर्थ कराय सर्वाण्हयक्ष कुष्मांडीयक्षी सहिताय ॐ आँ क्रौं ह्रीं ह्रः राहुमहाग्रह मम दुष्ट ग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरू कुरू हूं फट्॥ १८००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं हूं राहुग्रहारिष्ट निवारक श्री नेमिनाथ जिनेंद्राय नमः शांति कुरू कुरू स्वाहा॥ १८००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं॥ १०००० जाप्य॥

९. केतु महाग्रह मन्त्रः

१. ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पार्श्वतीर्थंकराय धरणेंद्रयक्ष पद्मावतीयक्षी सहिताय ॐ आँ क्रौं ह्रीं ह्रः केतुमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांतिं च कुरु कुरु फट्॥ ७००० जाप्य॥

२. मध्यम मंत्रः-ॐ ह्रीं क्लीं ऐं केतु अरिष्ट निवारक श्री मल्लिनाथ जिनेंद्राय नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा॥ ७००० जाप्य॥

३. लघु मंत्रः-ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं॥ १०००० जाप्य॥

नोटः- जो सज्जन समय अभाव के कारण जप आदि में समर्थ नहीं, वे हमारे कार्यालय से ग्रह शान्ति के अलग-अलग ताम्र यंत्र मंगवा कर लाभ उठावें। जिन सज्जनों ने इन यंत्रों को मंगवाया उनके प्रशंसा पत्र हमें समय-समय पर प्राप्त हुए और यंत्र धारकों ने इसे भविष्य में देते रहने का अनुरोध भी किया। अपने पाठकों की रुचि व अनुरोध को ध्यान में रखते हुए हम कुछ सीमित यंत्रों को दीपावली व होली के पवित्र पर्वों पर तैयार करते हैं। आप जल्द ही समय के रहते इन यंत्रों को मंगवाने के लिये जवाबी पत्र द्वारा सम्पर्क करें अन्यथा साल भर इन्तजार करना पड़ेगा।

कीमत तांबे के सिद्ध यन्त्र

सिद्ध यन्त्र	५५१/-	छोटे सिद्ध यन्त्र	३५१/-
शनि साढ़सती यन्त्र	५५१/-	छोटा शनि साढ़सती यन्त्र	३५१/-
अति स्पेशल	७५१/-	डाक खर्च अलग	

पताः—ज्योतिष रत्न पवित्र कार्यालय,
पोस्ट फर्रुखनगर-१२३५०६, गुड़गावां
फोन नं. 75218 STD 0124

शास्त्रीय विधि-विधान द्वारा शुभ मुहूर्त्त में निर्मित ताम्र यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र

शास्त्रीय विधि-विधान द्वारा शुभ मुहूर्त में निर्मित ताम्र यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र की साधना मानव जीवन में बहुत ही चमत्कारी व अमूल्य परिवर्तनकारी होती है। पूर्व कर्मों के अशुभ फल, अभिशाप, संकटों का समाधान, अशुभ ग्रहों की शान्ति एवं सुख-सौभाग्य की वृद्धि कर जीवन में सुख-समृद्धि को देने वाले ये सिद्ध चमत्कारी यंत्र होते हैं। यंत्रों की प्राण प्रतिष्ठा और जप आदि विधिवत् करने पर ही ये पूर्ण फलकारी होते हैं। अन्यथा नहीं। आजकल भोली-भाली जनता को बगैर सिद्ध किये हुये यंत्रों को सिद्ध यंत्र बताकर धोखा दे रहे हैं। मेरे विद्या गुरु महाराज ने मुझे ज्योतिष विद्या के साथ-साथ मंत्रों का ज्ञान भी दिया और मेरे पूज्य बाबा व पिता जी (पं. जैनी जीयालाल शिखरचन्द जी) ने भी मुझे इनका अभ्यास कराया। अब मैं और मेरा पुत्र चि. गजेन्द्र जैन इस कार्य को कर रहे हैं। साधकों की सुविधा हेतु हम उत्तम मुहूर्तों में शास्त्रीय विधि-विधान से ताम्र पत्रों पर इन अमूल्य यंत्रों का निर्माण करते हैं और आर्डर मिलने पर सप्लाई करते हैं। हम इस कार्य को पिछले १२० वर्षों से कर रहे हैं। इन ताम्र यंत्रों का मूल्य ३५१/- (३"×३" आकार) तथा ५५१/- (७" × ७" आकार), डाकखर्च १५ रु. सहित अग्रिम भेजें।

नोटः इन यंत्रों की वी.पी.पी. नहीं भेजी जाती। जिन सज्जनों को आध्यात्मिक शक्ति एवं यंत्रों पर विश्वास हो वे ही सज्जन यंत्रों को मंगवाकर लाभ उठा सकते हैं।

यंत्र सूची

१. श्री सूर्य यन्त्र	१०. श्री लाभ यन्त्र	१९. श्री कार्य सिद्धि यन्त्र
२. श्री चन्द्र यन्त्र	११. श्री महालक्ष्मी यन्त्र	२०. श्री कुबेर यन्त्र
३. श्री मंगल यंत्र	१२. श्री दुर्गा बीसा यन्त्र	२१. श्री सरस्वती यन्त्र
४. श्री बुध यन्त्र	१३. श्री नव दुर्गा यन्त्र	२२. श्री व्यापार वृद्धि यन्त्र
५. श्री बृहस्पति यन्त्र	१४. श्री नवग्रह यन्त्र	२३. श्री गुरु प्रसाद यन्त्र ताबीज में
६. श्री शुक्र यन्त्र	१५. श्री महामृत्युंजय यन्त्र	२४. श्री नवग्रह युक्त बीसा यन्त्र
७. श्री शनि यन्त्र	१६. श्री सुख-समृद्धि यन्त्र	२५. श्री पंद्रहिया यन्त्र
८. श्री राहु यन्त्र	१७. श्री कनकधारा यन्त्र	२६. श्री गोपाल यन्त्र
९. श्री केतु यन्त्र	१८. श्री भैरों यन्त्र	२७. श्री मनोकामना पूर्ण यन्त्र

एक यन्त्र का मूल्य इस प्रकार है, सिद्ध यन्त्र=३५१/-, पावरफुल स्पेशल ७५१/-, डाक खर्च अलग।
पताः धर्मसन प्रकाशन, नई सड़क, दिल्ली-110006 दूरभाष : 3285234, 3264986

प्रकाशकः धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हमारे कार्यालय से अपनी शुद्ध जन्म-पत्रिका बनवाकर लाभ उठाएं

हमारे यहाँ जन्म — पत्रिकाएं एवं वर्षफल शुद्ध गणित से बनाये जाते हैं। जिसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जाता है। जैसे — शिक्षा, सरकारी नौकरी, निजी व्यवसाय, विदेश यात्रा का योग, भाग्योदय तथा दाम्पत्य जीवन कैसा रहेगा? इत्यादि प्रश्नों के उत्तर सरल भाषा में विस्तार से लिखे होते हैं।

जन्म — पत्रिकाओं के विभिन्न प्रकार व उनकी फीस

1. **टेवा (टिपड़ा)** — जिसमें जन्म विवरण (तिथि, नक्षत्र, योग इत्यादि) राशि चक्र, लग्न कुण्डली व चन्द्र कुण्डली का विस्तार से वर्णन होता है। रु० 51/-
2. **वर-वधू जन्म पत्रिका (कुण्डली)** — मिलान शास्त्रोक्त विधि से किया जाता है। रु० 51/-
३. **जन्माक्षर पत्रिका** — जिसमें जन्म विवरण (तिथि, नक्षत्र, योग इत्यादि) राशिचक्र, लग्न कुण्डली, चन्द्र-कुण्डली के साथ विंशोत्तरी महादशा व अति संक्षिप्त फल का वर्णन होता है। रु० 101/-
4. **जन्माङ्क पत्रिका** — जिसमें जन्म विवरण राशि चक्र, लग्नकुण्डली, चन्द्र कुण्डली के साथ सूर्यादि स्पष्ट ग्रह, विंशोत्तरी महादशा के साथ-साथ अन्तर्दशा और साधारण भविष्य फल का विस्तार से वर्णन होता है। रु० 201/-
5. **षड्वर्गीय जन्म-पत्रिका** — जिसमें जन्म विवरण राशिचक्र, घातचक्र, लग्न चन्द्र व चलित कुण्डलियाँ, तत्कालीन ग्रह स्पष्ट, होरा, द्रेष्काण आदि षट्वर्ग, विंशोत्तरी महादशा तथा अन्तर्दशा एवं विस्तार से भविष्यफल का वर्णन होता है। रु० 351/-
6. **सप्तवर्गीय जन्म-पत्रिका** — जिसमें जन्म विवरण, राशिचक्र, घातचक्र, लग्न चन्द्र व चलित कुण्डलियाँ, तत्कालीन ग्रहस्पष्ट, होरा, द्रेष्काण आदि कुण्डलियाँ, पंचधामैत्रि कोष्टक आदि विंशोत्तरी महादशा, अन्तर्दशा, योगिनी दशा तथा अधिक विस्तार से भविष्यफल लिखा जाता है। रु० 551/-
7. **वर्षफल** — हमारे यहां वर्षफल विस्तार से बनाए जाते हैं। जिसमें महीनों के क्रम से फलादेश लिखा होता है। वर्षफल की फीस रु० 251/-

परेशानियों से छुटकारा पाइये

साढ़ेसाती नाशक यन्त्र:- जिन बन्धुओं पर शनि को साढ़ेसाति अथवा ढैया चल रही हो वे हमारे कार्यालय द्वारा विधि पूर्वक तैयार किये इस यंत्र को धारण करें। अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। चालीस दिन में शनि के कुप्रभाव से राहत मिलेगी।

नवग्रह शान्ति यन्त्र:- यह यन्त्र नवग्रहों को शान्ति के लिए तत्काल प्रभावी सिद्ध होगा। इसको धारण करने से सब परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। इस यन्त्र की दक्षिणा है — 151/-

सर्वकार्य सिद्धि यंत्र:- इसके धारण करने से मुकद्मा, परीक्षा, व्यापार, नौकरी आदि सब कार्यों में आशातीत सफलता प्राप्त होती है। दक्षिणा है — 501/-

लक्ष्मी सिद्धि यंत्र:- इस यंत्र के धारण करने से व्यापार में सफलता, नौकरी में उन्नति तथा धन की कमी दूर होती है। दक्षिणा है — 151/-

नोट:- कृपया यन्त्र मंगवाने वालों से अनुरोध है कि वे हमें पूरी राशि अग्रिम भेजें अन्यथा उत्तर नहीं दिया जावेगा।

धर्मसन प्रकाशन

2596, नई सड़क, दिल्ली-110 006 दूरभाष : 3285234, 3264986

यन्त्र-मन्त्रों द्वारा इष्टसिद्धि

६०	६७	२	७
६	३	६४	६३
३३	६१	८	१
४	५	६२	६५

सट्टा, लाटरी जीतने का विजय लग्नम् — अनार की कलम से रक्त चंदन द्वारा भोजपत्र पर लिखना चाहिए। त्रष्ट धातु के यन्त्र में रखकर गुगुल की धूनी देकर दक्षिण भुजा पर धारण करना चाहिए। लिखने का क्रम क्रमिक ढंग पर है। चक्र लिखते समय उठने न पाये।

२४२	२४१	२४०	२३९
२३८	२३७	२३६	२३५
२३४	२३३	२३२	२३१
श्रीं	ह्रीं	लं	छिं

गर्भ रक्षा यन्त्रम्-अनार की लेखनी से अष्टगन्ध द्वारा भोजपत्र पर लिखे तांबे यन्त्र में रविवार को धूप बत्ती की धूनी देकर कमर में बांधें उसी दिन रविवार को पुष्य नक्षत्र में लाई हुई काले धतूरे की जड़ को कुंआरी छोटी कन्या के हाथ से काले सूत से कमर में बांधे गर्भ न गिरेगा।

८	२	१०
९	७	४
३	११	६

बीसा यन्त्र विघ्न नाश के लिए-जब नया चन्द्र शुरू हो तो उसके बाद पहला रविवार हो तो उस दिन १२ बजे दिन के केसर के साथ लिखें, सफलता, तरक्की गुरु चन्द्र में ५।९ दृष्टि हो लिख लें इसको पास रखने से लाभ हो।

२४९	२५४	२५७	२४२
२५६	२४३	२४८	२५३
२४४	२५६	२५०	२४७
२५१	२४६	२४५	२५५

परदेश गये लौटने के लिए-जब किसी का लड़का या नौकर या संबन्धी घर से चला जाये और उसका पता न लगे तो नक्शा चर्खे से बांध कर चर्खे को उलटा चलाएं चर्खे का सूत कन्या के हाथ का हो।

८०५	८१८	८१५	८१२
८१६	८११	८०६	८१७
८१०	८१३	८२०	८०७
८१९	८०८	८०९	८१४

सन्तान के लिए-यदि किसी के सन्तान न होती हो या लड़कियाँ अधिक होती हों या संतान होकर मर जाती हो तो वे यन्त्र को पूर्णमासी के दिन अष्ट गन्ध से लिखकर पास रखें।

६	१	८
७	५	३
२	९	४

रोग नाश के लिए-यदि किसी का रोग दूर न होता हो तो उसको चाहिए कि इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष में रविवार के दिन अष्ट गन्ध से लिखकर चांदी में रखकर गले में डाल लेवें रोग दूर होगा।

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

सर्व सिद्धि के लिए-इस यन्त्र को ग्रहण या गुरुवार पूर्णमासी के दिन अष्टगन्ध से लिखकर पास रखें या गले में डाल लेवें सब कार्यों में सफलता होगी और विघ्न नाश होंगे।

१२	५	१०
७	९	११
८	१३	६

विद्या प्राप्ति के लिए-यदि किसी की स्मरण शक्ति निर्बल हो या विद्या प्राप्ति में दल न लगता हो तो उसको चाहिए कि यन्त्र को लिखकर बालक के गले में डाल देवें गुरुवार अष्ट गन्ध से लिखें।

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥दुर्लभ प्राचीन भृगु संहिता॥

प्राचीन भारतीय ज्योतिष विज्ञान का ग्रंथरत्न-

जिसकी प्रति किसी-किसी विद्वान के पास ही उपलब्ध होती थी, उसे लगभग २५० वर्ष पहले-जब भारत में मुद्रण कला का प्रारंभ हुआ तब कुछ खोजी विद्वानों ने संग्रह करके प्रकाशित किया। परन्तु पिछले प्राय: १५० वर्षों से वह भी अनुपलब्ध हो चुकी है। हमने बहुत परिश्रम और व्यय करके, अनेक विद्वानों के सहयोग से उसकी एक प्रति लगभग पूर्ण रूप में प्राप्त की है, जोकि गुणग्राहक सज्जनों को यथावत् फोटो-प्रिंट के रूप में उपलब्ध हो सकती है।

फुल स्केप आकार के लगभग १२०० पृष्ठों की इलेक्ट्रोस्टेट प्रति का लागत मूल्य मात्र १७५०/-रूपये देकर आप इसे प्राप्त कर सकते हैं। डाक व्यय + रजिस्ट्री आदि देय होगा।

अपना आदेश भेजें।

पता: धर्मयान प्रकाशन

२५९६-९७, नई सड़क, दिल्ली-110006

☎ 3285234, 3264986

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र की अनुपम एवं उत्कृष्ट भेंट-
सन् १९०० ई से २००० तक का सम्पूर्ण पंचांग

शतक मार्तण्ड

गत कई वर्षों से भारत के प्रमुख ज्योतिविदों द्वारा कड़े परिश्रम से तैयार किया गया उपरोक्त ग्रंथ ज्योतिष प्रेमियों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इसका सम्पादन कई ज्योतिष सम्बन्धी पुस्तकों के रचियता पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा, बी. ए., प्रभाकर साहित्य-रत्न, ज्योतिष वाचस्पति ने अपनी देखरेख में बड़े सुन्दर और सुचारु ढंग से किया है।

विशेषताएं:– शतक मार्तण्ड में सन् १९०० ई. से २००० तक के सूर्य, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि का साप्ताहिक स्पष्ट, राहु, हर्षल, नेपच्यून, प्लूटो का मासिक स्पष्ट, वक्री-मार्गी, चन्द्रग्रहण, सूर्य ग्रहण, संक्रांति, पूर्णिमा, अमावस्या, लघुरिक्थ गणित, ०° से ६३° उत्तर, ०° से २५° दक्षिण अक्षांश पर प्रति ६ दिन का सूर्योदय, सूर्यास्त का समय, भारत के प्रमुख नगरों का सूर्योदय, सूर्यास्त का समय, चन्द्रमा के राशि अंशों से विंशोत्तरी दशा का भोग्य निकालना, २९, ३०, ३१ अक्षांशों की लग्न-सारणी, भारतीय पद्धति से तिथि, योग, वार, करण, सन्, संवत्, मास पक्ष, नक्षत्र का ज्ञान व मान निकालना सूर्य व चन्द्र स्पष्ट करने की सारणियां हैं।

इस अमूल्य ज्योतिष ग्रन्थ की सहायता से विश्व के किसी भी स्थान का लग्न सरलता से स्पष्ट किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जन्म-कुण्डली बनाने के लिए ज्योतिषियों को जिन बातों की आवश्यकता होती है, वे सभी इसमें उपलब्ध हैं।

इस ग्रन्थ में कुछ और विषय बढ़ा कर बहुत उपयोगी बना दिया है। इसके तीसरे संस्करण को बढ़िया कागज पर अति सुन्दर और सुचारु रूप से छापा गया है।

आवश्यक नोट– ३५१/- रु. की राशि अग्रिम भेजने पर डाक व्यय नहीं लगेगा जोकि लगभग २५/- रु. होता है। अतः लगभग २५/- रु. की छूट रहेगी।

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन** २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ दूरभाष : ३२६४९८६, ३२८५२३४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection